तालिका क्र. -1 :महिलाओं की विभिन्न अंन्धविश्वास के प्रति जागरूकता का अध्ययन

क्र.	अंन्धविश्वास	महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हां	18	18%
2	नहीं	73	73%
3	कुछ-कुछ	9	9%
4	कुल	100	100 %



ग्राफ 1

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है 100 महिलाए में से 73 महिलाएं अन्धविश्वासी नहीं है एवं 18 महिलाएं भोजन से जुडी बातों में अन्धविश्वासी है एवं 9 महिलाये आंशिक रूप से अन्धविश्वासी है। प्राय: यह देखने में आता हे कि महिलाये पूर्व ग्रसित मानसिकता के कारण कुछ रूडीवादी हो जाती व विशेष कर भोजन के चुनाव, पकाने के तरीके व ग्राम्यविधि में अंन्धविश्वास पाल लेती है जो पोषण प्रबंधन पर विपरीत प्रभाव डालता है। हमने महिलाये अंन्धविश्वास है या नहीं इसका पता लगाने के लिए महिलाओ से कुछ प्रश्न पूछे क्या दूध पीने से कब्ज होता है। क्या फल व सब्जियों की अपेक्षा बादाम व घी फायदेमंद है क्या केला खाने से सर्दी होती है। क्या छाछ पीने से गला खराब होता है इन प्रश्न के महिलायों ने जो दिये उसके अनुसार हमने पता किया कि महिलाये अंन्धविश्वासी है या नहीं।

तालिका क्र.2 : महिलाओं के नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता का अध्ययन

क्र.	अंन्धविश्वास	महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हां	54	54%
2	नहीं	45	4 %
3	जरूरत नहीं	1	1%
4	कभी-कभी	-	-
	कुल	100	-



उपरावेत तालिका में स्पष्ट है कि 100 महिलाओं में से 54 महिलाए नियमित व्यायाम करती है एवं 45 महिलाए नियमित व्यायाम नहीं करती है। 1 महिलाए को लगता है की व्यायाम की आवश्यकता नहीं है। अवलोकन के समय एक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है की महिलाए को ज्ञात है कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना चाहिए। परन्तु फिर भी महिलाए नियमित व्यायाम नहीं करती है।

तालिका क्र.3 महिलाओं के मौसमी फलो के सेवन के प्रति जागरूकता का अध्ययन

क्र	अंन्धविश्वास	महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हां	73	73%
2	नहीं	24	24%
3	कभी-कभी	03	3%
	कुल	100	-



ग्राफ 3

उपरोक्त तालिका में स्पष्ट है कि 100 महिलाओ में से 73 महिलाए मौसमी फलो का सेवन करती है एवं 24 महिलाए मौसमी फलो का सेवन नहीं करती एवं 3 महिलाए मौसमी फलो के सेवन आंशिक रूप से करती है अवलोकन के समय एक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है कि महिलाए मौसमी फलो के सेवन के प्रति जागरूक है महिलाओ को जानकारी है कि मौसमी फलो का सेवन करना चाहिये। जिन फलो का सीजन नहीं है उन्हें नहीं लेना चाहिए।

तालिका क्र.4 : महिलाओं की अंकुरित अनाज से होने वाले लाभ के प्रति जागरूकता की अध्ययन

क्र	अंकुरित अनाज से होने वाले लाभ	महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	पोषक तत्व प्राप्त होते है	22	22%
2	ताकत	19	19%
3	रोगों से लडने की शक्ति	06	06%
4	सभी	53	53%
	कुल	100	



उपरोक्त तालिका में स्पष्ट है कि 100 महिलाओं में से 22 महिलाओ को लगता है कि अंकुरित अनाज का सेवन करने से पोषक तत्व प्राप्त होते है जबकि 19 महिलाहओ को लगता है की अंकुरित अनाज से सेवन करने से ताकत मिलती है एवं 6 महिलाओ को लगता है अंकुरित अनाज का सेवन करने से लडने की शक्ति प्राप्त होती है 53 महिलाओ को लगता है अंकुरित अनाज का सेवन करने से सभी लाभ होते है। पोषक तत्व प्राप्त होते है और ताकत भी मिलती है साथ ही रोगो से लडने की शक्ति मिलती है। अवलोकन के समय हमने ये महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्तहुई की अंकुरित अनाज अपने भोजन में शामिल करना चाहिये अंकुरित अनाज से लाभ होता है परन्तु क्या लाभ होता है इसमें जानकारी का अभाव था।

तालिका क्र–5 : महिलाओ द्वारा परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूकता का अध्ययन

क्र	स्वास्थ्य परीक्षण	महिलाओं की सखंया	प्रतिशत
1.	हां	80	80%
2	नहीं	15	13%
3	पता नहीं	08	07%
	कुल	100	



ग्राफ 5

उपरोक्त तालिका में स्पष्ट है कि 100 महिलाओं में से 80 महिलाओ समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाती है 13 महिलाए समय पर स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करवाती है एवं 7 महिलायों को स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जानकारी नहीं है।

तालिका क्र.6 : महिलाओंद्वारा आहार में विशेष शक्तिदायक भोज्य पदार्थ शामिल करने की जागरूकता अध्ययन

क्र	विशेष सम्मिलित भोज्य पदार्थ	महिलाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	अनाज,दाले, सब्जिया, फल	81	81%
2	बादाम घी	17	17%
3	पता नहीं	02	02%
	कुल	100	



ग्राफ 6

उपरोक्त तालिका में स्पष्ट है कि 100 महिलाओं में से 81 महिलाऐं अपने भाजे न में विशेष सम्मिलित भोज्य पदार्थ के रूप में अनाज, दाले, सब्जिया,फल को शामिल करती है एवं 17 महिलाए अपने भोजन में विशेष सम्मिलित भोज्य पदार्थ के रूप में बादाम व घी को शामिल करती है और 2 महिलाओ को पता ही नहीं है की विशेष सम्मिलित भोज्य पदार्थ में उन्हें अपने भोजन में क्या शामिल करना चाहिए। अत: स्पष्ट है कि महिलाये अच्छी तरह से जानती है कि किन विशेष भोज्य पदार्थो को शामिल करने से परिवार के सदस्य स्वस्थ होगें। परिवार के सदस्यों की पौषणिक आवश्यकता का आकलन करके ही वो विशेष आहार का चयन करती है व उनके चयन को महत्व देती है।

तालिका क्र.7 : महिलाओ की जागरूकता का उनके बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव के अध्ययन

महिलाओ की जागरूकता	बच्चा बीमार है	बच्चा स्वस्थ है	कुल
हां	11	75	86
पर्याप्त	3	11	14
नहीं	–	–	–
कुल	14	86	100

उपरावेत तालिका में हमने महिलाओ की जागरूकता का स्वयं के बच्चों के स्वास्थ पर प्रभाव का अध्ययन किया है। इसमें हमने महिलाओ से जागरूकता के सम्बन्ध में 15 प्रश्न पूछे उदाहरण आप नियमित व्यायाम करती है आपके घरो में मौसमी फलो का सेवन होता है, अंकुरित अनाज से क्या फायदे हाते है, आप अपने घर में खाने की वस्तुओं को किस तरह रखती है अपने अपने परिवार के सदस्यों को समय–समय पर स्वास्थ परीक्षण करवाती है आप समय–समय पर बच्चों का स्वास्थ परीक्षण करवाती है आप अपने बच्चो को स्वास्थ शिक्षा देती है इन प्रश्नों के जबाव के आधार पर हम महिलाओं की जागरूकता निकाली फिर हमने देखा कि जो महिलाये जागरूक है उनका बच्चा बीमार पडता है या नहीं इस आधार पर हमने टेबिल बनाई जिसमें हमे जानकारी प्राप्त हुई 86 महिलाये जागरूक है जिसमें 75 महिलाओ के बच्चे स्वस्थ है एवं 11 के बीमार रहते है एवं 14 महिलाये पर्याप्त जागरूक है जिसमें 11 के बच्चे स्वस्थ है व 3 के बीमार है बच्चों की बीमारी एवं महिलाओं कली जागरूकता के मध्य संबंध ज्ञात करने पर कोई वर्ग परीक्षण द्वारा

ज्ञात हुआ है कि जागरूकता की बेहतर स्थिति होने पर बीमारी की स्थिति कम थी। कई परीक्षण मूल्य 0.263 सारणी अनुसार 1 डिग्री फ्रीडम पर कोई मूल्य 0455 है अत: उपलक्लपना 2 (जो माताये बच्चों के स्वास्थ के प्रति जागरूकता होगी उनके बच्चे स्वस्थ हागे) सत्य सिद्द हुई।

निष्कर्ष – किसी भी कार्य को करने से पहले कई प्रक्रियाओं से गुजरना पडता है अत: शोध कार्य भी एसी प्रक्रिया है। जिसमें किसी कार्य को करने के बाद अंत में निष्कर्ष पर पहुचते है अत: शोधार्थी द्धारा किये गये अध्ययन के ढोरान किसी भी शोध को सुव्यवस्थित रूप से पर्णू करने के लिए अध्ययनकर्ता का यह कर्तव्य होता है कि जो भी जानकारी एकत्रित की जाये उसमें विषय वस्तु के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए इनकी उपलब्धता व अनउपलब्धता तथा संतुष्टता व असतुंष्टता की जानकारी होनी चाहिए। क्षेत्रीय अध्ययन पूर्ण करने के बाद जो जानकारी प्राप्त होती है उसे निष्कर्ष के रूप में व्यक्त करना होता है अत: अध्ययन के जुडे महत्वपूर्ण निष्कर्षो को निम्न बिन्दुओ द्धारा बताया गया है

1. महिलाओ में अंधविश्वास के प्रति जागरूक पायी गई। अत: उपकल्पना 1 (महिलाओं में अंधविश्वास नहीं पाया जायेगा) सत्य सिद्द हुई।
2. महिलाये स्वयं के स्वास्थ्य के लिए जागरूक पाई गई महिलाए स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करती है। अत: उपकल्पना 2 (महिलाओं की स्वास्थ के प्रति जागरूकता पाई जाएगी) सत्य सिद्द हुई।
3. महिलाये मौसमी फलो के सेवन के प्रति जागरूक है महिलाओ को जानकारी है कि मौसमी फलो का ही सेवन करना चाहिए। जिन फलो का सीजन नहीं है उन्हें नहीं लेना चाहिए अत: उपलकल्पना 3 सत्य सिद्द हुई।
4. महिलाये अंकुरित अनाज से होने वाले लाभ के प्रति जागरूक पाई गई अत: उपकल्पना 4 सत्य सिद्द हुई।
5. जागरूक महिलाये परिवार के सदस्यों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाती है। अत: उपकल्पना 5 सत्य सिद्द हुई।
6. महिलाये अच्छी तरह जानती है कि किन विशेष भोज्य पदार्थो को शामिल करने से परिवार के सदस्य स्वस्थ होगें परिवार के सदस्यों की पोषणिक आवश्यकता का आकलन करके ही वो विशेष आहार का चयन करती है व उनके चयन को महत्व देती है अत: उपकल्पना 6 सत्य सिद्द हुई।
7. शोधार्थी द्धारा शोध में महिलाओ से कुछ प्रश्न पूछ कर उनके द्धारा दिये गये जवाब के आधार पर जागरूक महिलाओं के बच्चे स्वस्थ है या बीमार अत: यह पाया कि जागरूक महिलाओ के स्वस्थ पाये गये। अत: उपलकल्पना 7 सत्य सिद्द हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वर्मा निर्मल स्वास्थ्य शिक्षा पेज नं 13,42 ओमेशा पब्लिकेशन 2006
2. स्वस्थ बच्चे भारत का भविष्य अध्याय 1, अध्याय 4, पेज नं 3,61 पब्लिकेशन 2010
3. भारतीय महिला स्वास्थ पोषण आगंनवाडी कार्यकर्ता मार्गदर्शिका 2 महिला एवं बाल विकास विभाग 23 जुलाई 2010
4. डॉ.सिंह बृन्दा, आहार विज्ञान पेज नं 26, अध्याय 3, श्याम अध्याय 1, पेज नं 6, श्याम प्रकाशन 2009
5. डॉ.पलटा अरूणा, आहार एवं पोषण, अध्याय 1, पेज नं 5, शिवा प्रकाशन 200988
6. कानगो मंगला, पोषण एवं पोषहार,अध्याय 1, पेज नं 6, पंचशील प्रकाशन 2005
7. स्वर्णकार केशन कम्युनिटी हेल्थ नर्सिग,अध्याय 1, पेज नं 18, पेज नं 1,पेज नं 3, एन आर ब्रदर्स 2010
8. भटिया सुदर्शन, कैसे रहें नीरोग, अध्याय 3, पेज नं 24,ग्रामोद्दय प्रकाशन 2004
9. डॉ. महाजन धर्मवीर सामाजिक अनुसन्धान का प्रणाली विज्ञान अध्याय 3, पेज नं 139, विवेक प्रकाशन 2004
10. एच.के.क़पिल अनुसन्धानविधियाँ अध्याय 4, पेज नं 37, बारहवॉ संस्करण 2006

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

अनुसूचित जनजाति की ग्रामीण एवं शहरी किशोंरी बालिकाओं की रूचियों का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. सीमा कदम* निर्मला वर्मा **

प्रस्तावना – किशोर बालक किसी भी राष्ट्र के आधार स्तम्भ है। जिस प्रकार एक बालक किसी राष्ट्र के जीवन में महत्वपूर्ण होता है। उसी प्रकार किशोर भी राष्ट्र के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। इसी अवस्था में व्यवसाय चयन में रुचि, जीवन साथी का चुनावब परिवार निर्माण का निर्णय लिया जाता है।

किसी वस्तु,व्यक्ति,प्रकिया,तथ्य,कार्य आदि को पसन्द करने या उसके प्रति आकर्षित होने,उस पर ध्यान केन्द्रितकरने या उससे संतुष्टि पाने कि प्रवृति को रूचि कहते हैं। रूचि हो व्यक्ति की योग्यताओं से सीधा सम्बन्ध नही होता हैं परन्तु जिन कार्या में व्यक्ति की रूचि होती है वह उसमें अधिक सफलता प्राप्त करता हैं। व्यक्ति में रूचियों जन्मजात भी हो सकती है तथा अर्जित भी हो सकती है।

विभिन्न शिक्षाशास्त्री रूचि को सीखने का एक महत्वपूर्ण कारक मानते हैं। किशोंरो की किसी विषय में रूचि उसकी शैक्षिक उपलब्धि की तीव्रता को प्रभावित करती है। सफलतापूर्वक अधिगम के लिए सम्बन्धित विषय में उच्च कोटी की रूचि का होना आवश्यक हैं। क्योंकि एक अध्यापक अपने अध्यापन कोशल की सहायता से विषय वस्तु को छात्रों के सम्मुख चाहे कितने ही सशक्त रूप में प्रस्तुत करें किन्तु यदि छात्र में उस विषय के प्रति रूचि नही है तो न तो छात्र उस विषय वस्तु को आत्मसात् कर पायेगा और न शिक्षक अपने प्रयास में सफल होगा। इसलिए उच्च कोठी के परिणाम के लिए आवश्यक है। कि छात्रों को उनकी रूचियों के अनुसार ही विषयों का चुनाव करने के अवसर प्राप्त हो नही तो उन्हे असफलताओं का सामना करना पढ़ सकता हैं। तथा यह आवश्यक है की किशोंर अपनी रूचियों को ठीक प्रकार से समझे इसके लिए उन्हे एक अच्छे निर्देशक तथा परामर्शदाता की राय लेना आवश्यक है।

माध्यमिक स्तर के किशोंरो पर शैक्षिक क्षेत्र का अधिक दबाव होता है इसके अतिरिक्त उन्हे अनेक किशोरावस्था की समस्याओ का सामना करना पड़ता है इस समय बालक अपनी रूचियों के अनुसार पढ़ना चाहते है किन्तु इस अवस्था में वे पूर्णरूप से परिपक्व न होने के कारण उन्हे इस विषय का ज्ञान नही हो पाता की वो क्या पढे ओर किसे न पढे प्रत्येक अभिभावक अपने बालको की क्षमताओं को ध्यान में न रखकर मात्र अपनी महत्वाकांक्षाओं को वरीयता देते है और उन्हे डाक्टर इंजीनियर वकील या सैन्य अधिकारी बनाना चाहते है। अत: उन्हे समझाना चाहिए की उनके बालको की रूचि क्या है। रूचियों और क्षमताओं के अनुसार ही विषयों का चुनाव किया जाना चाहिए,ताकि किशोर उस क्षेत्र में उन्नति प्राप्त कर सके जब किशोंरो को उनकी रूचियो के अनुसार विषय पढ़ने को मिलेगे तो उनकी शैक्षिक उपलब्धि श्रेष्ट होगी।

डॉ. सरिता पाण्डेय (2014)ने इस अध्ययन मेंग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के इण्टरमीडिएट तथा जुनियर हाईस्कुल के किशोंरो की शैक्षिक अभिरूचि की जानकारी प्राप्त करने के लिए किया गया तथा निष्कर्ष में पाया गया की हाईस्कुल के किशोंरो की विज्ञान विषय में अधिक रूचि थी। प्रतिमा वर्मा (2008) ने अपने अध्ययन में पाया की विघार्थियों में गणितीय योग्यता का रसायन विज्ञान में शैक्षिक उपलब्धि से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सार्थक सम्बन्ध नही पाया गया।अनिल कुमार दुबे एवं रेखा प्रति एवं अन्य (2008) ने अपने अध्ययन से निष्कर्ष निकाला कि योगाभ्यास करने वाले विघार्थियों की स्मृति तथा विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि योगाभ्यास न करने वाले विघार्थियों में अधिक पायी गई। टी.जे.विघापति एण्ड रॉव (2003) ने पाया कि विघार्थियों की अधिकांश श्रेणियों में सृजनात्मक योग्यता थी विज्ञान विषय में अच्छी उपलब्धता पायी गई।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. अनुसूचित जनजाति की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की किशोर बालिकाओं की विभिन्न शैक्षिक रुचियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध कार्य उपकल्पना :

1. अनुसूचित जनजाति की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की किशोर बालिकाओं की विभिन्न शैक्षिक रूचियों में सार्थक अंतर होगा।

निदर्शन का क्षेत्र – निदर्शन का चयन उद्देश्यपूर्ण दैव निदर्शन विधि के द्धार 300 बालकोंका चयन किया गया जिसके अन्तर्गत म.प्र. का खरगोन शहर तथा खरगोन जिले का ग्राम मोहना को चुना गया है।

उपकरण का चुनाव – शहरी किशोर बालिकाओं तथा ग्रामीण किशोर बालिकाओं की शैक्षिक रुचियों को ज्ञात करने के लिए डॉ. एस.पी. कुलश्रेष्ठ का शैक्षिक रुचि प्रपत्र का उपयोग किया गया। द्धितीयक स्त्रोत के रूप में शोध अध्ययन से सबंधित पुराना शोध जनरल पुस्तके, मासिक पत्रिकाओं, इंटरनेट का उपयोग किया गया है प्रस्तुत अध्ययन में हमारे द्धारा प्रतिशत एवं टी टेस्ट का प्रयोग किया गया!

अध्ययन की सीमाएँ :

1. अध्ययन की अवधि अधिक नहीं थी। सीमित समय के कारण बड़ी संख्या के निदर्शन का सर्वेक्षण नहीं हो सका।
2. समय सीमितता के कारण खरगोन शहर के दो ही कॉलेज की किशोर बालिकाओं को चुना जा सका।
3. समय एवं साधन सीमितता के कारण किशोर बालको को इस अध्ययन में सामिल नही किया गया।

* सह प्राध्यापक (गृहविज्ञान) माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (गृहविज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र) भारत

परिणाम एवं विवेचना–

तलिका क्र.1,2 (निचे देखे)

तलिका क्र. 3,4,5 (देखे अगले पृष्ठ पर)

निष्कर्ष :

1. कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण बालिकाओं की रूचि शहरी बालिकाओं की तुलना में अधिक देखी गई क्योंकि ग्रामीण बालिकाएँ बचपन से ही कृषि से जुड़ी होती है। उन्हें कृषि के कार्य देखने तथा सीखने को मिलते हैं।इस कारण ग्रामीण बालिकाए कृषि में अधिक रूचि लेती हैं।
2. वाणिज्य के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की रूचि में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अर्थात ग्रामीण बालिकाएँ भी ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी उनमें वाणिज्य जैसे विषय में रूचि देखी गयी हैं।
3. कला के क्षेत्र में शहरी बालिकाओं की रूचि ग्रामीण बालिकाओं की तुलना में अधिक देखी गई क्योंकि शहरी बालिकाओं को शहर में कला से संबन्धित अनेक साधन उपलब्ध होते है जो कि ग्रामीण बालिकाओं को उपलब्ध नहीं हो पाते । इसलिए शहरी बालिकाएँ कला के क्षेत्र में अधिक रूचि लेती है।
4. गृह विज्ञान के क्षेत्र में ग्रामीण बालिकाओं की रूचि शहरी बालिकाओं की तुलना में अधिक दिखाई दी गई क्योंकि ग्रामीण बालिकाओं को माताएँ शुरू से ही घर के छोटे-छोटे कार्य करना सिखाती है। इसलिए वे गृह विज्ञान जैसे विषयों में अधिक रूचि लती हैं।
5. विज्ञान के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की रूचि में का कोई सार्थक अंतर नही पाया गया क्योंकि ग्रामीण बालिकाएँ भी शहरी बालिकाओं की तरह विज्ञान विषय में रूचि लेती हैं!

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एलिजाबेथ बी. हरलोंक, 1967 विकास मनोविज्ञान -प्रकाशन यू.जी.सी. भवन, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली,पेज नं. 405,4095
2. कपिल डॉ. एच.के. 2003, सांख्यिकी के मूल तत्व- प्रकाशन विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा-45-46
3. डॉ. डेजी कुमारी-बाल विकास एवं शास्त्र-लुसेन्ट पब्लिकेशन न्यू रोड़, पटना बिहार 30-31
4. डॉ, हरीचन्द-उपेती भारतीय जनजातियाँ एवं संरचना-56
5. दुबे एवं कुसुमाकर, 2014 सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी - प्रकाशन श्री गणेश मार्केट, खजूरी बाजार, इन्दौर-452002 पेज नं. 53
6. माथुर ड़ॉ. एस.एस. 1982, सामान्य मनोविज्ञान-प्रकाशन विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा पेज नं. 21,22
7. योगेश अटल 1965, आदिवासी भारत- प्रकाशन गणेश मार्केट, खजूरी बाजार- नं. 21
8. रवीन्द्र नाथ, मुकर्जी -सामाजिक शोध व सांख्यिकी - विवके प्रकाशन यू.ए. जवाहर नगर, दिल्ली, पेज नं. 120
9. विजयशंकर श्रीवास्तव- जनजातीय विकास -प्रकाशन विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा-75.76
10. गायत्री बर्मन, डॉ. शशिप्रभा जैन - 2010 किशोरावस्था-प्रकाशन श्री गणेश मार्केट, खजूरी बाजार, इन्दौर-452002 पेज नं. 62,71,175

तलिका क्र.1 : कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की शैक्षिक रूचियों का अध्ययन

क्र.	रूचि वर्ग	ग्रामीण क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	शहरी क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	टी मुल्य
1	उच्च रूचि	2	2	12.32	1	1	10.24	3.10
2	औसत से अधिक रूचि	12	16		5	6		
3	औसत रूचि	29	38		25	33		
4	औसत से कम रूचि	28	37		33	44		
5	निम्न रूचि	4	6		11	14		

सार्थक अंतर है।

तलिका क्र.2 : वाणिज्य के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की शैक्षिक रूचियों का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	रूचि वर्ग	ग्रामीण क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	शहरी क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	टी मुल्य
1	उच्च रूचि	3	4	10.67	10	13	11.44	1.96
2	औसत से अधिक रूचि	27	36		28	38		
3	औसत रूचि	23	30		25	33		
4	औसत से कम रूचि	17	22		10	13		
5	निम्न रूचि	5	6		2	1		

सार्थक अंतर नही है।

तालिका क्र.3 : कला के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की शैक्षिक रूचियों का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	रूचि वर्ग	ग्रामीण क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	शहरी क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	टी मुल्य
1	उच्च रूचि	6	8		9	12		
2	औसत से अधिक रूचि	25	33		27	36		
3	औसत रूचि	27	36	10.60	29	38	12.51	30.71
4	औसत से कम रूचि	13	17		10	13		
5	निम्न रूचि	4	5		0	0		

सार्थक अंतर है।

तालिका क्र.4 : गृह विज्ञान के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की शैक्षिक रूचियों का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	रूचि वर्ग	ग्रामीण क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	शहरी क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	टी मुल्य
1	उच्च रूचि	12	16		8	10		
2	औसत से अधिक रूचि	31	41		30	40		
3	औसत रूचि	23	30	11.76	22	29	10.58	21.7
4	औसत से कम रूचि	6	8		10	13		
5	निम्न रूचि	3	4		5	6		

सार्थक अंतर है।

तालिका क्र.5 : विज्ञान के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की व्यक्तिगत रूचियों का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.	रूचि वर्ग	ग्रामीण क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	शहरी क्षेत्र	प्रतिशत	S.D.	टी मुल्य
1	उच्च रूचि	15	20		10	13		
2	औसत से अधिक रूचि	10	13		16	21		
3	औसत रूचि	38	50	13.39	20	40	6.78	1.98
4	औसत से कम रूचि	7	9		12	16		
5	निम्न रूचि	5	6		2	2		

सार्थक अंतरनही है

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

निमाड़ के सन्त जगन्नाथ गिर - एक अध्ययन

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना - मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में मध्यकाल में हुए अनेक सन्तों में जगन्नाथ गिर का भी उल्लेखनीय स्थान है। इस शोध पत्र में उनके जीवन के विभिन्न आयामों का एक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. जन्म - सन्त जगन्नाथगीर सन्त सिंगाजी के समकालीन थे।[1] उनका जन्म विक्रम सम्वत् 1579[2] (ईसवी सन् 1522) में हुआ था।

2. पारिवारिक स्थिति - उनके माता-पिता के नामों का ज्ञान उपलब्ध स्रोतों से प्राप्त नहीं होता है। उनकी रचनाओं से यह ध्वनित होता है कि वे कृषक परिवार के सदस्य थे। कृषि भूमि अत्यल्प थी। आर्थिक दृष्टि से पारिवारिक स्थिति कामचलाऊ थी।

3. प्रारम्भिक जीवन - बाल्यकाल से ही वे पारिवारिक कृषि एवं पशुपालन सम्बन्धी कार्यों में पिता के सहयोगी के रूप में कार्य करने लगे थे। उनके भजनों के अवलोकन से विदित होता है कि उन्हें निमाड़ी बोली का अच्छा ज्ञान था। अपने परिवेश से उन्होंने निमाड़ी का ज्ञान प्राप्त किया था। वे साक्षर थे। उनमें लेखन और पठन की क्षमता थी।

4. दीक्षा - सन्त मनरंगीर के व्यक्तित्व एवं उनकी शिक्षाओं का युवा जगन्नाथ पर बहुत प्रभाव पड़ा और वे अधिक से अधिक उनकी संगत में रहने के अवसर तलाशने लगे। 'उनकी श्रद्धा का अनुभव करते हुये सन्त मनरंगीर ने उन्हें गुरु दीक्षा प्रदान की।'[3] अपने गुरु के विषय के उन्होंने स्वयं भी लिखा है-

सतगुरु से चित चेतिया। मनरंग लियो जगजीत हो।।
आद-अन्त अनुभव कथा। गावे जगन्नाथ गिर हो।।

'वे सन्त सिंगाजी के गुरु भाई थे'[4], लेकिन उन्होंने सिंगाजी से पहले दीक्षा ग्रहण की थी और उनका सन्त जीवन भी अपेक्षाकृत बहुत लम्बा था।

5. साधना - उन्होंने भक्ति की निर्गुण धारा का प्रमुखता से अनुसरण किया, किन्तु उनके भजनों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वे इस संबंध में एकनिष्ठ नहीं थे तथा सगुण साकार की प्रशस्ति एवं वन्दना से भी उन्हें परहेज नहीं था। वे सर्वप्रथम गणपति की वन्दना में आस्था रखते थे। यथा-

अहनद की झनकार। म्हारो मगन दुलीचो गगनो।।
प्रथम गणपति विनवा। जाको नवी नवी करो प्रणाम।।[5]

इस तरह वे निर्गुण एवं सगुण के समन्वय के पक्षधर प्रतीत होते हैं। आत्मोत्थान हेतु निर्गुण निराकार की साधना उनके लिये सहज थी, लेकिन सामान्य जन को भक्ति धारा से संलग्न करने के लिये उन्होंने सगुण प्रवाह का भी प्रयोग किया।'आध्यात्मिक परिपक्वता के साथ सगुण से निर्गुण में प्रवेश सुगम हो जाता है।'[6]

6. कार्यक्षेत्र - उनके सन्तत्व का अधिकतम लाभ खण्डवा और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों को प्राप्त हुआ। रामनगर, पिपल्या आदि ग्रामों में आपका प्रवास अधिक रहा है।

6. रचनाएँ - सिंगाजी की तरह आपकी प्रचूर संख्या में रचनाएँ प्रकाश में नहीं आ सकी। भजन मण्डलियों और भजन के संकलनकर्ताओं के कोश में जगन्नाथ गिर के भजन प्राप्त नहीं हो पाये हैं। डॉ. कृष्णलाल हंस को इनका एक पद प्राप्त हुआ था, वही अभी तक ज्ञात है।

इस पद की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार है-

आपा माहिन खोया हो। निरगुन किया परगास।
बारा-सोला सार मंडी। पाँच-पचीस का खेल हो।
गउ कंपन रमण कियो। जिण कियो ऊनी ठाय।
चन्द्र सूरज ढोई थकि रहया। जाकी अविचल जोत।
रेन दिवस उपजे नाहीं। जहाँ पाप पुन्न नहीं होय।
इन्द्र-चन्द्र बहु रास रच्यो। जहाँ नारद कियो परगास हो।
पाँव पलक तीन लोक में। जाको मान कियो अपमान।
सर्व देव रूसी बैठिया। देवा तैंतीस करोड़ हो।
छै सो अट्ठासी रूसि बैठिया। बैठया आसन जोड़।
मगन दुलीचो अजब बन्यो। राखु लियो निराधार हो।
बिना ही लोभ सोभा बनी। खेलन को आंगन पार।
मगन दुलीचो अजब बन्यो। जहाँ हीरा को परगास हो।
मानक मोती की झलरी। जहाँ फूले निरंजन नाथ हो।[7]

सन्त की रचना शैली सामान्य है। अन्तर्भावों को सीधे-सीधे शब्द दे दिये गये हैं।

7. उपदेश - उन्होंने अपने काव्य तथा उपदेशों में जीवन की सादगी पर बहुत बल दिया। उनकी मान्यता थी कि अत्यधिक महत्वाकांक्षा कष्ट का कारण बनती है। मानव के जीने के लिये आवश्यकताएँ बहुत सीमित होती हैं, लेकिन वह इन्द्रियों के वशीभूत होकर उनका अनावश्यक विस्तार करके सांसारिकता के जंजाल में उलझता चला जाता है। सद्गुरु की शरण में जाने पर मानव में विवेक जाग्रत होता है और भले-बुरे में अन्तर करने में सक्षम हो जाता है। उन्होंने लिखा है-

जो मोहि सुध बुध उपजे। उपाय आगम की राह। सतगुरु बुध उपजाविया।
गुरु गुण किया परगास।[8]

उन्होंने गुरु को बहुत महत्व दिया तथा अपने कायाकल्प को उनके आशीष का फल स्वीकार किया।

8. अनुयायी - जगन्नाथ गिर अन्तर्मुखी प्रवृत्ति के सन्त थे। उनके साथ चमत्कारिक घटनाएँ जुड़ी हुई नहीं हैं। वे अपने सद्गुरु मनरंगस्वामी की सेवा में अधिक संलग्न रहते थे। समाधि ग्रहण के बाद सिंगाजी के प्रति जन सामान्य की श्रद्धा में अपरिमित वृद्धि हुई। इन कारणों से जगन्नाथ गिर के

* सह प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

अनुयायियों की संख्या सीमित ही रही।

9. निर्वाण – 82 वर्ष की दीर्घायु में उन्हें 'विक्रम सम्वत् 1661'[9] (ईसवी सन् 1604) में मुक्ति की प्राप्ति हुई थी।

10. मूल्यांकन – जगन्नाथ गिर समन्वयवादी सन्त थे। उन्होंने निर्गुण और सगुण के सैद्धान्तिक विवाद में उलझकर किसी एक के साथ बँधने की अपेक्षा दोनों के प्रति सम श्रद्धा व्यक्त की। वे अपनी प्रस्थति से सदैव संतुष्ट रहे और उन्होंने अधिक से अधिक लोग द्वारा पूजे जाने की महत्वाकांक्षा कभी अपने मन में उपजने नहीं दी। वे शान्तचित्त से गुरु सेवा और गुरुकाज में संलग्न रहे। 'उनकी यह मनोवृत्ति उन्हें सन्तों की श्रृंखला में विशिष्ट बना देती है।'[10]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **निमाडी और उसका साहित्य**, लेखक- डॉ. कृष्णलाल हंस, प्रकाशक- हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, संस्करण- 1956., पृष्ठ- 291.
2. **भारत के सन्त-महात्मा**, लेखक- रामलाल, प्रकाशक- विद्या प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण- द्वितीय, 1959, पृष्ठ-486.
3. **नर्मदाचल के सन्त कवि**, लेखक- बाबूलाल सेन, प्रकाशक- इतिहास संकलन समिति, महेश्वर, संस्करण- प्रथम, 1995ई., पृष्ठ-27.
4. **सन्त श्री ब्रह्मगीरजी एवं शिष्यगण वंशावली,** संकलनकर्ता- रामशंकर गंगराड़े, प्रकाशक- श्री हरि ॐ गंगराड़े कुंकू प्रसादी भण्डार, सिंगाजी, संस्करण- 1999.
5. **निमाडी साहित्य के कलमकार-कलाकार,** लेखक- बाबूलाल सेन, प्रकाशक- माहिश्मती प्रकाश्न, महेश्वर, संस्करण- 1995, पृष्ठ-27.
6. **सन्तमत में साधना का स्वरूप**, लेखक- प्रतापसिंह चौहान, प्रकाशक- प्रत्युश प्रकाशन, कानपुर, संस्करण- 1961, पृष्ठ-112.
7. **निमाडी और उसका साहित्य**, लेखक- डॉ. कृष्णलाल हंस, प्रकाशक- हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, संस्करण- 1956., पृष्ठ- 292.
8. **वही**, पृष्ठ- 292.
9. **भारत के सन्त-महात्मा**, लेखक- रामलाल, प्रकाशक- विद्या प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण- द्वितीय, 1959, पृष्ठ-487.
10. **वही**, पृष्ठ-487.

****

जबलपुर जिले के औद्योगिक विकास में (अग्रणी बैंक) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के योगदान का समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. अनिल तौहेल *

प्रस्तावना – किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के विकास में औद्योगिक विकास की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखती है। औद्योगिक विकास का स्तर अर्थव्यवस्था के विकास का महत्वपूर्ण मापदण्ड है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान अन्य क्षोत्रों की अपेक्षा अधिक होता है।

देश का औद्योगिक विकास, विकास के अन्य तत्वों के अतिरिक्त एक बड़ी सीमा तक पूँजी अर्थात् वित्त की उपलधता पर निर्भर करता है। अत: कहा जा सकता है कि वित्त आधुनिक अर्थव्यवस्था में उद्योगों का जीवन रक्त है। सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योगों के लिये वित्त की व्यवस्था सरकार की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी है। परन्तु निजी क्षेत्रों में उद्योगों को समान्य वित्तीय संस्थाओ से ही पूँजी एकत्रित करनी पड़ती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में विभिन्न प्रकार की पूँजी की जो आपूर्तियाँ है वह बहुत ही सीमित है इससे औद्योगिक विकास की समस्या और भी जटिल हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था का पूँजी बजार विकासशील दशा में है तथा उद्योगे के लिये दीर्घकालीन वित्त की आवश्यकता अपर्याप्त रूप से ही संतुष्ट हुई है। अल्पकालीन मुद्रा बाजार अपेक्षाकृत अधिक विकसीत है, किन्तु ये भी हमारे विकासशील उद्योगों की वित्त व साख सम्बंधी आवश्यकताएँ पूर्णत: संतुष्ट करने असफल है।

औद्योगिक वित्त व्यवस्था की समस्या एक जटिल समस्या है। अल्पविकसित देशों के आर्थिक विकास में इस समस्या का समाधान अत्यन्त आवश्यक है। भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की अवधि में अनेक विशिष्ट वित्तीय संस्थाएँ विभिन्न प्रकार के उद्योगों को मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने के लिए स्थापित हुई हैं।

सरकार द्वारा स्थापित विशिष्ट वित्तीय संस्थाएँ देश में विशिष्ट प्रकार के उद्योगों को वित्तीय सुविधाएँ प्रदान करती रहीं किन्तु देश में समान्य उद्योगों, लघु तथा हस्तशिल्प उद्योगों की उपेक्षा हुई जिस कारण देश एवं राज्य में उद्योगों की स्थापना और उद्यमिता का विकास धीमा रहा। इसके परिणामस्वरूप न केवल देश व राज्य में बल्कि जबलपुर जिले में उद्योगों का अपेक्षित विकास नही हो पाया। जिले से लेकर राज्य में तथा देश में औद्योगिक विकास के लिये दीर्घकालीन वित्त के साथ ही अल्पकालीन वित्त की आवश्यकता होती है जिसकी पर्याप्त व निरंतर अपूर्ति उचित समय पर होना चाहिए।

उद्योगों को ऋण प्रदान करके रोजगार एवं आय में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। अग्रणी बैंक की विभिन्न नितियों के अंतर्गत विभिन्न वर्ग के उद्योगों को ऋण एवं सहायता प्रदान की जाती हैं। जिले में बैकों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी विकसित एवं अविकसित क्षेत्रानुसार ऋण एवं सहायता प्रदान करके उस क्षेत्र के निवासियों के आर्थिक विकास का प्रयास किया जा रहा है। वास्तव में विकास एक दीर्घकालीन एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की प्रक्रिया हमारे देश में 1950-51 से प्रारंभ की गई है। राष्ट्रीय महत्व की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में कम से कम 40 प्रतिशत ऋण देने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

वर्ष 1969 में 14 प्रमुख बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् वाणिज्य बैंकों ने अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी क्षमता से करते हुए निजी क्षेत्र के उद्योगों को ऋण प्रदान किया जिससे उद्योगों का विकास हुआ। इस प्रकार हमारे देश के आर्थिक विकास में काफी प्रगति हुई। देश के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास हो, इसे ध्यान में रखते हुए वर्ष 1989 में सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण की अवधारणा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को प्रदान की गई। इसके अंतर्गत बैंक की शाखाओं को ग्रामों का आवंटन किया गया तथा प्रत्येक जिले के लिये बैंक शाखा योजना तैयार करने की अवधारणा प्राप्त हुई इसी मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बैंक को अग्रणी बैंक की भूमिका निभाने के लिये विभिन्न जिले आवंटित किये गये। इसी श्रृंखला में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को जबलपुर जिले में अग्रणी बैंक की भूमिका के निर्वहन का दायित्व प्रदान किया गया है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक अग्रणी बैंक के रूप में जबलपुर जिले में औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बैंक ने विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से नवीन एवं कार्यरत उद्यमियों को प्रोत्साहन देकर जिले में उद्योग स्थापित करने हेतु प्रेरित किया, परियोजना तैयारी व क्रियान्वयन में सहायता की एवं वित्तिय सहायता प्रदान कर उद्योगों की स्थापना और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सारणी 1 : 21 वीं शताब्दी में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की प्रगति (रूपये करोड़ में)

वर्ष	शाखा संख्या	जमा	अग्रिम	परिणाम	लाभ
2000	3092	35872	15805	51677	151
2003	3088	51165	24848	74324	306
2005	3123	60752	29085	89837	357
2008	3308	110320	74287	184607	550
2011	3728	179356	131407	310763	1252

स्त्रोत: सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शताब्दी वर्ष प्रतिवेदन, 1911-2011

वर्ष 1969 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कुल शाखाएँ मात्र 671 थीं। वर्ष 1969 में राष्ट्रीयकरण के पश्चात् से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने

* सहायक प्रध्यापक (वाणिज्य) शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

निरंतर प्रगति की है। न केवल जमा धन तथा ऋण व अग्रिम की दृष्टि से अपितु शाखाओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति की है, जैसा कि अगामी आरेख के अवलोकन से स्पस्ट होता है:-

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं की प्रगति



उद्योग - जिले में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण उद्योगों का विकास हुआ है किन्तु संसाधनों के अनुरूप औद्योगिक विकास अभी भी अपेक्षित है। वर्तमान में जिले के उद्योगों को निम्नलिखित रूप में स्पष्ट किया जा रहा है। इन उद्योगों को दो भागों में बांटा गया है।

(अ) लघु उद्योग:- जिले में कार्यरत लघु उद्योगों में से प्रमुख हैं:-

(1) बीड़ी उद्योग (2) चूना उद्योग (3) लकड़ी उद्योग (4) बिजली का सामान (5) हाथ करघा उद्योग (6) कपड़ा छपाई उद्योग (7) आभूषण उद्योग (8) बर्तन उद्योग (9) लोहा उद्योग (10) बॉस उद्योग (11) लाख उद्योग (12) गुड़ उद्योग (13) शहद उद्योग (14) फर्नीचर उद्योग (15) फोटो फ्रेमिंग (16) आयुर्वेदिक दवाइयां (17) अगरबत्ती उद्योग (18) सुगंधित तेल

वृहद उद्योग - जबलपुर जिले में बड़े पैमाने पर उत्पादन करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर वृहद उद्योगों की स्थापना की गई है, ये उद्योग हैं-

(1) सीमेन्ट उद्योग (2) चीनी मिट्टी उद्योग (3) सुरक्षा उद्योग (4) दूरसंचार उद्योग (5) जिलेटिन फेक्ट्री इत्यादि।

सारणी 2 - (निचे देखे)

सारणी 2 में प्रदर्शित समंको सूचनाओं का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि जबलपुर जिले में अग्रणी बैंक योजनांतर्गत स्थापित उद्योगों की संख्या में निरंतर वृष्टि हो रही है वर्ष न केवल उद्योगों की नवीन इकाईयों की स्थापना में वृद्धि हुई है अपितु पूंजी निवेश एवं लोगों को प्राप्त रोजगार के अवसर में भी वृद्धि स्पष्ट दिखाई देती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **योजना -** मासिक पत्रिका-प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली
2. **कुरूक्षेत्र -** द्वैमासिक पत्रिका, - म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल
3. **उद्यम -** मासिक पत्रिका - प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई - दिल्ली
4. **रचना -** द्वैमासिक पत्रिका, - म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
5. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जबलपुर संभाग के सभी जिले (विविध वर्ष)।

वेबसाईट :-

1. wwww.centralbankofindia.co.in
2. wwww.centralbankofindia.net.in
3. wwww.cedmapindia.com

सारणी 2 : जबलपुर जिले में अग्रणी बैंक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा उद्योगिक विकास हेतु किये गये कार्यो की संख्या

क्र.	कार्य/सेवा का नाम	हितग्राही उद्योगों / उपक्रमों की संख्या (31 मार्च को)							
		2001	2003	2004	2005	2006	2008	2009	2010
1	दीर्धकालीन ऋण/पूँजी	151	278	301	361	481	596	805	1019
2	मध्यम अवधि ऋण	1208	1500	1509	1581	1704	1889	2005	2104
3	अल्पअवधि ऋण/कार्यशील पूँजी	1519	1610	1616	1700	1799	1882	2307	2989
4	परियोजना निर्माण	477	669	709	1002	1109	1303	1391	1522
5	परामर्श सेवाएँ	1009	1606	2002	2800	2991	3711	3801	4055
6	बैंक /ऋण गारंटी	882	2009	2881	3089	3970	4221	4887	5225
7	स्टॉक के विरूद्ध ऋण	1215	1816	2711	3225	3988	4671	5001	5972
8	व्यक्तिगत ऋण	2009	2298	2998	3710	3979	5011	5552	6112
9	आयात में सहायता	14	22	18	21	31	39	44	55
10	निर्यात में सहायता	08	12	19	22	55	45	49	68
11	महिला उद्यम ऋण	773	1239	1611	1891	1922	2714	3010	3800
12	अन्य सेवाएँ प्रशिक्षण इत्यादि	1201	1992	3040	4010		6972	8108	9552

स्त्रोत:- Web., leadbank statistics, Central Bank of India Regional Offices Reports

****

Marginalised Voices

Dr. Rajkumari Sudhir*

Abstract - Today, when globalisation seems to have taken over every form of art and culture everywhere in the world, there is still one form of writing that thrives on being different, driving home the idea that every country and every local community within that country has different cultures and different histories. Theses marginalized cultures which flourishes away from the mainstream were called 'subaltern' by Italian thinker Antonio Gramsci.

Introduction - In the novels of Mulk Raj Anand Indian philosophy highlighting casteism is seen.If Anand's novels, particularly *Untouchable* and *The Road* are perused, keeping the above background in mind, one wouldn't fail to note two fundamental points raised by Anand in exposing the Hindu obscurantist ideology of casteism in India. One, the philosophy and principle of Karma has been the main cause of over-whelming self-pity among the low castes about their poor lot. They have inherited the spirit of resignation down through their countless ancestors. Also, the same belief has armed the twice born castes with cruelty, aggressiveness and they have, therefore, used it to stifle every voice of protest of low ones emanating from the former's high handedness, branding the latter as wrong-doers. Secondly, with heredity determining occupations, the low castes have no option but must solely depend upon the low jobs, thus being excluded from sharing power in power structure. Eagelton and Pierce say "In this respect Anand comes close to Dickens who..." locates the problem not simply in individuals, who are corrupt or irresponsible or self seeking but in certain structures, ways of thinking, and modes of actions which are themselves anti-human" (Eagleton 41). Again, Anand, like Dickens, who dwells in detail on London slums, unsparingly exposes the outcastes' terrible and shocking living conditions in his *Untouchable*. Dickens's experiences of poverty and suffering were direct as he, at the tender age of ten, had to work at Warrens factory in London.

Voice of Dumb Millions - Anand had seen the Indian underdogs suffer at close quarter in his early years spent in out-castes' lane in the British Cantonment in India. Their sufferings left such impact on his young sensibility that he had determined to work for them all his life. Anand voices his resolvein Morning Face:

"I could sense that though I had grown up to be unconventional and accepted the low caste and out caste people as my equals, our elders still kept the untouchable at a distance for the fear of pollution of their person and spoilation of their status. The anger against the snobbery of the twice-born in despising the good Bakha had already gone deep into my elusive spirit and got buried in my being as a kind of resentment against all those who stop the human flow, erupting at any manifestation of the old Hindu prejudice. At any rate, I vowed in myself, never to accept in my life, and go wherever the slaves were cleaning, washing and scrubbing, to become poor for Bakha's sake to mix with the perfumes with bad smells, melt all my senses into diffused personality"(Anand, *Morning* 132).

In fact, by projecting the social oppression, moral degradation .and economic agonies of the outcastes in his creative writings, Anand has advanced their cause. How close Anand is to the outcastes in artistically rendering their suffering is indicative by the fact his friends of childhood Bakha, the sweeper's son, Ram Charan, the washerman's son and Chota, the leather worker's son, figure in his first novel *Untouchable*. By selecting Bakha as a protagonist of *Untouchable*Anand articulated to the international audience the voice of dumb millions who had never before figured in the world of Indian writing in English.

Stark Realist - As a stark realist like Prem Chand and Dickens, Anand unravels how the low-castes' thousands of years of slavish existence has accounted for ingraining a sense of inferiority in them. The feeling that their birth among outcastes is the result of the sins of past life; a belief enunciated, propagated and forced by the high castes on the low ones has caused so debilitating: sense that they have always meekly resigned to the authority of the caste Hindus, quietly groaning under the heavy weight of' conventions, holding their actions of the previous birth responsible to be born in low castes. Bakha's father Lakha in *Untouchable* and Bhikhu's mother, Laxmi in *The Road* represent the fatalist outlook, common to low caste persons of old generation. Their notion of inherent weakness of outcastes, which is deep-rooted in their being, has emanated from their unquestioned respect to the stringent laws of caste order as well as their belief in the law of Karma. They show so much adherence to caste order that they look upon the caste Hindu as the very embodiment of

*Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA

goodness, irrespective of how cruelly they deal with the former. Lakha remains unruffled when Bakha complains against the ill-treatment he received at the hands of the high caste Hindus. Even the unfortunate incident involving Sobini's molestation by the priest Kalinath does not rouse him to anger. The belief in inferiority of outcastes and that of superiority of high castes forms the integral part of his existence. In this respect he is very close to Prem Chand's Hori in *Godan*. As Hori tries to convince his son Gobar of the superiority of the· rich, so does Lakha try to convince Bakha of the highness of the caste Hindus. Hence he does not approve of retaliatory posture of his son against the caste Hindus. Just as the observance of community mores is a sacred act for Hori, so is obedience to caste rules really a matter of pride for him. Lakha proudly; tells Bakha :

"They are masters. We must respect them and do as they tell us"(Anand, *Untouchable* 49).

Dehumanising - Aristotle's famous dictum that 'character is the resultant of' man's habitual actions' is true in Lakha's case. The oppresive caste-system, which has been sanctioned by Hinduism, has so much dehumanised him that submission to its rules has got embedded in his psyche. So much so, that he sees no wrong even in brutal ties committed by the caste Hindus on his own wards. Unable to grasp the forces behind the operation of caste rules, he upholds the sanctity of caste order. He naively persuades his son not to hold the caste Hindus responsible for ill-treatment but to blame their religion:

"We must realise that it is religion which prevents them from touching us".

Anand himself comments on fatalist outlook of Lakha after he tells his son a story of how he himself suffered indignity at the hands of the Hakim [medicine man].

"He had never throughout his narrative renounced his deep-rooted sense of inferiority and the docile acceptance of the laws of fate"(91).

Similarly, Laxmi, mother of Bhikhu in *The Road* shares Lakha's obscurantist belief in sanctity of caste order. Like Lakha, 'who depresses the retaliatory spirit of his son, Laxmi also wishes her son Bhikhu could internalise the caste rules in his person. Believing the caste order to be a divine dispensation, she feels that every member of the low caste is working out the consequences of his misdeeds of the previous birth or births. The religious merit, accruing from obedience to laws of caste, Laxami firmly believes, would liberate the outcastes from such sins. She, like Lakha, persuades her son to give up the attitude of defiance towards the caste Hindus and earn religious merit by abiding by their will. See how naively she, like Lakha, tries to convince her son of the efficacy of caste-system :

"Then through our good deeds shall we rise from our low castes and be born into high caste"(10).

Conclusion - In *The Road*, Suraj Mani, the priest at the temple in Govardhan village, exploits the myth of law of Karma to satisfy his priestly greed. He combines with Thakur Singh, the landlord, in inciting 'the Kshatriya caste against the Dalits over the issue of building the village road. He propagates the orthodox Hindu view-point among the villagers that the Untouchables by handling the stone for constructing have polluted the thorough-fare. Since it is a sinful act, it would result in evil spreading in the world. True to the style of priests who have concocted bizzare myths even about secular institutions, Suraj Mani exploits the myth of Karma even in the nineteen sixties :

"And people suffer enough for the guilts of the past. To be sure, they ought tosuffer before they can rise to a higher caste in the next life or recognise the divine. The temple teaches them Dharma"(Anand, *The Road* 41).

References :-

1. Anand, Mulkraj. *Morning Face.* Bombay: Kutub Popular, 1968.Print.
2. —. *The Road.* Bombay: Kutub Popular, 1961.Print.
3. —. *Untouchable.*Bombay: Orient Paperbacks, 1970.Print.
4. Hiriyana, M. *Outlines of Indian Philosophy.* Delhi: Blekie and Son, 1983.Print.
5. Lal, P. "Myth and Indian Writer in English: A Note". *Aspects of Indian Writings in English.* Ed. M.K. Naik, New Delhi: Macmillan, 1979.5.Print.
6. "Telling of Time Past''.*The Hindustan Times Weekly.* March15,1981. Print.
7. "Voices and views from the margin". *Times of India.* Feb22,2009. Print.

****

निमाड़ के महान सन्त सिंगाजी के उपदेश

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – निमाड़ के महानतम सन्त सिंगाजी की प्रासंगिकता सदियों उपरान्त भी यथावत् है। इसका मुख्य कारण उनके कालजयी उपदेश हैं। उनका चिंतन अत्यंत विषद् और व्यावहारिक था। उन्होंने जीवन के सभी आयामों पर विचार किया और उसे वाणी देकर जन-जन के प्रेरणास्त्रोत तथा मार्गदर्षक बन गये। उनके द्वारा सृजित भजनों में उनके उपदेशों की अनुभूति की जा सकती हैं इन भजनों की संख्या लगभग ग्यारह सौ है।

सिंगाजी के प्राप्त भजनों का सूक्ष्मता से अध्ययन करने पर सिंगाजी के विभिन्न दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विचार ज्ञात होते हैं।

1. **निर्गुण निराकार का उपदेश –** सिंगाजी निर्गुण निराकार में आस्था रखते थे। वे कबीर की परम्परा के सन्त थे। 'कबीर के राम की तरह ही सिंगाजी के राम भी निर्गुण, निराकार ब्रह्म ही है। सिंगाजी ने उसे अजन्मा, अगोचर, अपरूप ब्रह्म को सम्बोधित करने के लिये एक नाम भर दिया है और वह नाम है- राम। राम के अतिरिक्त निर्गुण, केवल ब्रह्म, साहेब, गोविन्द सोहम् आदि सम्बोधन भी दिये हैं। सिंगाजी के राम दशरथ पुत्र नहीं हैं। वह अखिल ब्रह्माण्ड में व्याप्त सूक्ष्म शक्ति है। वह सर्वोपरि और सर्वशक्तिमान हैं। वह सकल चराचर में स्थित हैं। वह सबमें हैं और सबसे अलग तथा ऊपर भी हैं।'[1]

निरगुण ब्रह्म है न्यारा, कोई समझे समझण हारा।
खोजत-खोजत सिवजी ब्रह्मा थाके, उनने पार नहीं पाया।
खोजत खोजत थाके, वो ऐसा अपरम्पारा।।
सेष सहस मुख रटें निरन्तर, रैन दिवस एक धारा।
ऋषि मुनि और सिद्ध चौरासी, तैंतीस कोटि पचिहारा।।
वेद थके कह कह मुख वाणी, सुरता करो विचारा।
काम क्रोध से निपटा नाही, झूठा सकल पसारा।।
त्रिकुट महल में अनहद बाजे, होत सबद झनकारा।
सुखमन सूरत सुन्न में झूले, सोहम् पुरुष हमारा।
एक बूँद की रचना सारी, जाका सकल पसारा।
सिंगाजी भर नजरों देखया वोही सत्य हमारा।।[2]

2. **आडम्बरों का विरोध –** सिंगाजी ने देव पूजा, तीर्थयात्रा एवं गंगा स्नान आदि को आडंबर माना है और इनका विरोध किया है। उनकी मान्यता है कि पवित्र नदियों में स्नान करने से तन का मैल तो धुल जाता है, किन्तु मन का कलुश नहीं धुलता। तीर्थयात्रा करके भवसागर से पार हो जाने की कल्पना अंधविश्वास मात्र है। इन बाहरी क्रियाओं को करने से समय अवश्य व्यर्थ जाता है, किन्तु कोई अलौकिक उपलब्धि प्राप्त नहीं होती है। यथा:-

झूठा बोलो नहीं सकुचावे। ताको जन्म सुवर को आवे।
पत्थर पूजे वो पत्थर पावे। नीरजीव की संग जन्म गंवावे।।
तीरथ वरत फेरा न कीजे। के लख जीव मरे दोस आपणा सर लीजे।।
भयरू भूत पूजो मत कोई। जीव मारे का लक्षण होई।।
तीरथ वरत जम की जाल। ताते झपे फिर फिर काल।
देव देवी की जनी करो आसा। ताते साधौ रहो निरासा।।
तीरथ गये और गाटा को खावे। बुड़की दई दई जल मुं न्हावे।
चिंता व्यापे तब घर मो आवे। ऊपर धोवे पाप नहीं जावे।
मन को पाप देह को नाही। काहा जाये धोवे जल माही।।
देह को पाप होये तो जल धोये जाये। मन का किया मन फल लै आवे।।
टीका टोला लावो मत कोई। ये सब साधु पाखंड होई।
स्हज प्रीत लगावो। ताते तुम अगाऊ जावो।
सलगराम पूजो मत कोई। अंतकाल पत्थर ते होई।
चौबीस मंत्र से मुक्त है न्यारी। अंतकाल होयगा भारी।[3]

3. **बहुदेववाद का विरोध –** सिंगाजी एकेश्वरवादी थे। उन्होंने बहुदेववाद का विरोध किया है। सिंगाजी की मान्यता थी कि एक ही बूँद की सारी रचना है। एक ही शक्ति से सम्पूर्ण संसार का सृजन हुआ है।

उनके एक भजन का अंश इस प्रकार है-

सुखमन सूरत सुन्न में झूले, सोहम् पुरुष हमारा।
एक बूँद की रचना सारी, जाका सकल पसारा।।[4]

अर्थात् वहाँ शून्य में सुखदायी सूरत झूलती रहती है, वहीं मैं हूँ और मेरा परम पुरुष (ब्रह्म) है, जिसने एक बूँद से सारे ब्रह्माण्ड की रचना की।

जीव और ब्रह्म दो नहीं एक ही हैं। यह संसार भी अन्त में उसी ब्रह्म में विलय हो जाता है। संसार माया का जाल है। इससे पार पाकर ही ईष्वर की प्राप्ति संभव है। वह ब्रह्म ही प्राणतत्व है। वह ही शक्ति तत्व है। उत्पत्ति, पालन और लय का केन्द्र वही ब्रह्म है। यथा-

दिन दरियाव अमीरस, मीठा, और नीर सब खारा।
एक बूँद का सकल पसारा, छिटक रहयो न्यारा-न्यारा।।[5]

4. **जाति-पाँति का विरोध –** सिंगाजी का जाति-पाँति, ऊँच-नीच आदि के भेदभाव में विश्वास नहीं था। उनका दृष्टिकोण था कि ऊँचे कुल या जाति में जन्म लेने मात्र से कोई ऊँचा नहीं हो जाता, बल्कि मनुष्य कर्म के आधार पर ऊँचा-नीचा माना जाता है। यथा :-

चाल हैं नीच, नीच नहिं जात। सुरता जण तुम सुणो हो बात।।
सिंगा ऊँच जात विप्र कहावे। निच घर मांगणे जावें।।
तरण तरण को गऊ बतावे। सो केउ विष्ठा खावें।।
एक वृक्ष के फल है सारे। कोई खट्टा कोई मीठा।
डाल पत्र कछू नहिं दीसै। और जाय सब दीठा।।[6]

5. **गुरु की महत्ता –** भक्ति परम्परा के अनुसार ही सिंगाजी गुरु के महत्व को स्वीकार किया है और उनके प्रति अपार श्रद्धा व्यक्त की है।

सिंगाजी के अनेक भजनों में गुरु की महिमा का वर्णन आता है, जैसे :-

गुरु बिना मारग कौन बताये।

* सह प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

नदिया गहरी जल डूबोये, नीर बहता जाये।
गुरु कृपा से पकड़ बुलावे, वोही पार लगाये।[7]

सद्गुरु की शरण में जाना आवश्यक है क्योंकि वही ब्रह्म तक जाने का मार्ग बताता है। गुरु ज्ञान का मन्त्र देकर ईश्वर तक जाने का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे जीव को पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता है।

6. आत्मा एवं जीव सम्बंधी उपदेश – सिंगाजी ने अपने उपदेशों में कहा कि आत्मा और परमात्मा में कोई अन्तर नहीं है। आत्मा ब्रह्म का अंश है, जो प्रकृति या माया जनित नाम रूप के माध्यम से व्यक्त होता है। उन्होंने आत्मा को प्राण, मन, मनुआ आदि शब्दों से इंगित किया है।

जैसी रचना बाहर है, तैसी भीतर देख।
बाहर भीतर एक है, कहन को अनेक।।[8]

7. माया सम्बंधी उपदेश – सिंगाजी के अनुसार माया ही वह कारण है, जो आत्मा यानी जीव और परमात्मा यानी ब्रह्म के मध्य आवरण का काम करती है। माया के प्रभाव से जीव अहंकार से ग्रस्त होता है और उसमें काम, क्रोध, मोह, लोभ, भय आदि का उदय होता है। सन्त ब्रह्मगीर के भजन की पंक्ति 'माया के फंद में नर आण भुलाणा' ने ही सिंगाजी के जीवन की धारा को बदला था। सिंगाजी ने कहा कि माया सकल संसार का फंदा है, जिसके वशीभूत नर अन्धा होकर कंचन–कामिनी के सेवा करता है।

सिंगाजी अपने भजन में लिखते हैं–

ये संसार असार है, भयजो मत भाई।
जयेसा मोती ओस का, पल में घुल जाई।।
झूठी कंचन–कामिनी, झूठी ये माया।
आज की रैन कसी गई, जयेसा अंधियारा।।[9]

सिंगाजी माया को एक ऐसी बाधा बताते हैं, जो मन रूपी मृग को लाख प्रयत्न करने पर भी कठिनाइयों में डाल देती है, यथा–

सींगा मन मृग, माया वाधुर आनेक लकड़ी लाव।
सीर के ऊपर काल आहड़ी, नेहश्चै फंद में आव।।[10]

8. जगत सम्बंधी उपदेश – सिंगाजी के अनुसार जगत नश्वर या क्षण भंगुर है। वे मानते थे कि ईश्वर के स्मरण के बिना यह मिथ्या जगत, जिसकी स्थिति क्षणिक है और भी अधिक दु:खदायी हो जाता है। कच्चे धागे में लटकी तलवार की भाँति काल सदैव सिर पर खड़ा रहता है। वे जगत में रहने वाले मनुष्यों के सम्बंधों को झूठा बताते हुये कहते हैं कि–

कोई कहे बेटा, कोई कहे बेटी, कोई कहे पुरूषा नारी।
संजोग कहो तो सब ही झूठे, गैली दुनिया सारी।।[11]

उनका मत था कि हमें मिला हुआ जीवन पिछले जन्म के अच्छे कर्मों का परिणाम है। इसे ईश्वर भक्ति में लगाना चाहिये और सदैव अच्छे कर्मों में निरत रहना चाहिये।

9. योग सम्बंधी उपदेश – सिंगाजी ने आत्मा को ईश्वर का अंश मानते हुये, इस अंश को ब्रह्म से जोड़ने के लिये हठयोग को माध्यम बताया।

'आत्मा जिस शारीरिक या मानसिक साधन से परमात्मा से जुड़ जाये, वही योग है। माया के प्रभाव से रहित होकर जब आत्मा सत्य का अनुभव कर समाधिस्थ हो, परमात्मा के रूप में निमग्न हो जाती है, उसी समय योग सफल माना जाता है।' हठयोग का सारतत्व तो बलपूर्वक ईश्वर से मिलना है। उसमें शारीरिक और मानसिक परिश्रम की आवश्यकता विशेष रूप से पड़ती है। शरीर को अधिकार में लाने के लिये कुछ आसनों का अभ्यास करना पड़ता है और मन को रोकने के लिये ध्यानादि की आवश्यकता पड़ती है।'[12]

'योग साधना के आठ अंग हैं– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।'[13]

सिंगाजी अपने एक पद में हठयोग सम्बंधी प्राणायाम और समाधि की अवस्था का उल्लेख निम्नवत् करते हैं–

ओहम् सोहम् दोई मूल है, म्हारो, साँई सामने झूले।
जब लगि झूला नजर नहीं आवे, लख चौरासी डोले।
राम नाम की डोर लगी है, म्हारो सतगुरु सामनड झूले।
पाँच सखी मिल मंगल गावे, मनुआताल बजावे।
कहे जन सिंगा सुनो भाई साधु, अष्ट कमल दल फूले।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सन्त सिंगाजी ने अपने उपदेशों के जरिये अपने अनुयायियों को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने संसार को मायाजाल कहा तथा इससे मुक्त होने के लिए निर्गुण निराकार की भक्ति का संदेश दिया। बिन गुरु ज्ञान नहीं के सिद्धांत में आस्था उनके भजनों में गहराई से दिखाई देती है। आत्मा–परमात्मा जैसे दार्शनिक विषय पर भी उनका चिंतन सुगमता से बोधगम्य है। उन्होंने सामाजिक विसंगतियों को रेखांकित करते हुए जातिप्रथा और पाखंडों का घोर विरोध किया। यह कहना समीचीन होगा कि उनके उपदेश एक बेहतर मानव, बेहतर समाज और बेहतर दुनिया गढ़ने में समर्थ हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **कहे जन सिंगा**, लेखक– डॉ श्रीराम परिहार, प्रकाशक– मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, संस्करण– 1996, पृष्ठ– प्रस्तावना–10–11.
2. **भजन**, रचयिता– सन्त सिंगाजी, संकलन एवं अनुवाद–डॉ. श्रीराम परिहार, प्रकाशक– आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996., पृष्ठ–36.
3. **दृढ़ उपदेस**, रचयिता– सन्त सिंगाजी, संकलन एवं अनुवाद–डॉ. श्रीराम परिहार, प्रकाशक– आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996., पृष्ठ–104–111.
4. **भजन**, रचयिता– सन्त सिंगाजी, संकलन एवं अनुवाद–डॉ. श्रीराम परिहार, प्रकाशक– आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996., पृष्ठ–36.
5. **कहे जन सिंगा**, लेखक– डॉ श्रीराम परिहार, प्रकाशक– मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, संस्करण– 1996, पृष्ठ– प्रस्तावना–12.
6. **वही**, पृष्ठ–136.
7. **आत्म ध्यान**, रचयिता– सन्त सिंगाजी, संकलन एवं अनुवाद–डॉ. श्रीराम परिहार, प्रकाशक– आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996., पृष्ठ–125.
8. **निमाड़ के सन्त कवि सिंगाजी**, लेखक– रमेशचन्द्र गंगराड़े, प्रकाशक– हिन्दी साहित्य भण्डार, लखनऊ, संस्करण– 1967, पृष्ठ–140.
9. **निमाड़ी भजन** संकलनकर्ता– कैलाश यादव, प्रकाशक– कैलाश यादव, नागलवाड़ी, संस्करण– 1987. पृष्ठ– 39.
10. **वही**, पृष्ठ–43
11. **कबीर का रहस्यवाद,** लेखक– डॉ. रामकुमार वर्मापृष्ठ– 59–60.
12. **पतंजलि योग दर्शन**, पृष्ठ– 29.
13. **भजन**, रचयिता– सन्त सिंगाजी, संकलन एवं अनुवाद–डॉ. श्रीराम परिहार, प्रकाशक– आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996., पृष्ठ–39–40.

नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रति अल्पसंख्यक शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन

डॉ. समन्दर सिंह * ब्रजेश कुमारी **

प्रस्तावना – सरस्वती के भंडार की बड़ी अपूरण बात। ज्यों खरचे त्यों ही बढ़े, बिन खरचे घट जाता।

अर्थात् मां सरस्वती के ज्ञान के जो भंडार है, उसकी एक अजीब बात है, उसे जितना खर्च किया जाता है, या दूसरों को दिया जाता है, वह उतना ही बढ़ता है तथा यदि उसे खर्च न किया जाये तो वह घटता है।

इसी प्रकार शिक्षा का धन ऐसा है, इसे जितना खर्च करें यह उतना ही बढ़ता है। अत: शिक्षा सभी के लिए अनिवार्य व आवश्यक है। शिक्षा मानव के विकास का ही नहीं अनितु श्रेष्ठ जीवन का आधार है। शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है।

अ:त शिक्षा की प्रारंभिकता व अनिवार्यता के बारे में अनुच्छेद 45 में कहा गया है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रारंभ्कि शिक्षा नि:शुल्क व अनिवार्य प्रदान की जाये।

शिक्षा जगत में पब हम शिक्षा की बात करते हैं तब प्राथमिक शिक्षा की बात पहले आती है।प्राथमिक शिक्षा ही वह आधार है, जिस पर व्यक्ति एवं समाज का विकास आधारित है। पहले बच्चों को शिक्ष प्रप्त करने में उसके भाग्य को ही निर्धारक माना जाता था, किंतु लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था के विकास तथा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की घोषणा के बाद समाज तथा राज्य का यह कर्त्तव्य निर्धारित किया गया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था करेंगे। अत: 86 वें संविधान संशाधन अधिनियम 2002 द्वारा बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा का अधिकार प्रदान किया गया। कुछ कारणों के इस व्यवस्था को कानूनी रूप नहीं दिया जा सका।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर बल दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय संसद द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा अधिनियम 2009 पारित किया गया तथा भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2010 से इस कानून को क्रियान्वित किया गया तथा प्रत्येक माता-पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध करवाना राष्ट्रीय कर्त्तव्य घोषित किया गया तथा 11वें मूल कर्त्तव्य के रूप में संविधान में शामिल किया गया।

प्रस्तुत शोध में अल्पसंख्यक शब्द को जोड़ा गया है तथा अल्पसंख्यक अध्यापकों का आर. टी. ई. एक्ट-2009 के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन किया गया है। अल्पसंख्यक से तात्पर्य उस समूह से लिया जाता है, जो धर्म, भाषा और जाति की दृष्टि से बहुसंख्यक समुदाय से भिन्न एवं कम संख्या के हो अर्थात् अल्पसंख्यक वे हैं, जो बहुमत से धर्म एवं भाषा की दृष्टि से कम संख्या में हैं। भारतीय संविधान में 'अल्पसंख्यक' शब्द का विवरण - धारा 29 से लेकर 30 तक और 350ए से लेकर 350बी तक शामिल है। भारतीय संविधान की धारा 30 में विशेष तौर पर अल्पसंख्यकों को दो श्रेणियों - धार्मिक और भाषायी का उल्लेख किया गया है।

समस्या कथन – शोध में जितना महत्वपूर्ण शोध समस्या का चयन है, उतना ही महत्वपूर्ण है समस्या कथन। समस्या कथन के आधार पर ही इस बात का स्पष्ट पता चलता है कि शोधार्थी की वास्तविक शोध समस्या क्या है? सामान्यत: शोध समस्या एक ऐसी समस्या होती है, जिसके द्वारा दो या दो से अधिक चरों के बीच एक प्रश्नात्मक सम्बन्ध की अभिव्यक्ति होती है।

करलिंगर द्वारा शोध समस्या को कुछ इस अर्थ में परिभाषित किया गया है, 'समस्या एक ऐसा प्रश्नात्मक वाक्य या कथन होता है जो प्रश्न करता है - दो या दो से अधिक चरों के बीच कैसा सम्बन्ध है?

शोध समस्या के कथन की कथन की कुछ विशेषताएँ हैं, जो निम्नलिखित है –

1. शोध समस्या के कथन स्पष्ट रूप से एक प्रश्नात्मक रूप में अभिव्यक्ति होते है।
2. शोध समस्या का कथन ऐसा होना चाहिए जिसे आनुभविक विधियों से जाँच किया जाना सम्भव है।

वर्तमान में अनुसंधानकर्त्ता ने प्रस्तुत समस्या का कथन इस प्रकार परिभाषित किया है– 'नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रति अल्पसंख्यक शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन है।'

समस्या के उद्देश्य – प्रत्येक शोधकर्त्ता जब अपना शोध कार्य आरंभ करता है तो एक लक्ष्य का निर्धारण करता है एवं उपलब्ध संसाधनों, उपकरणों एवं समय का उपयोग कर एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें शोधकर्त्ता प्राप्त निष्कर्षों के आधार उस समस्या का वैज्ञानिक समाधान प्राप्त करता है। समय एवं साधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, प्रस्तुत शोध के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं-

1. अल्पसंख्यक अध्यापको की आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति दृष्टिकोण का निम्नलिखित आयामों के अनुरूप अध्ययन करना।
   a. आर. टी. ई. का प्रारम्भिक प्रावधान
   b. सभी के लिए शिक्षा लक्ष्य
   c. सरकार स्थानीय प्राधिकरण एवं जनसहभागिता
   d. विद्यालय तथा शिक्षकों के दायित्व
   e. बच्चों के अधिकार की रक्षा एवं प्रोत्साहन
2. राजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक अध्यापक एवं अराजकीय विद्यालय

*सहायक प्राध्यापक, एम. एस. टी. टी. महाविद्यालय, भरतपुर (राज.) भारत
** लेक्चर्र, डी. पी. एम. टी. टी. महाविद्यालय, भरतपुर (राज.) भारत

अध्यापकों में आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति दृष्टिकोण की तुलना करना।

शोध की परिकल्पनाऐं – परिकल्पना शब्द का अर्थ एक उपकथन होता है, जो समस्या समाधान की अवधारणा होती है और शोधकर्त्ता उसकी पुष्टि करने का प्रयास करता है इसमें कथन का स्वरूप एक व्याख्या के रूप में होता है।

जेम्स ई. ग्रीटन के अनुसार, 'परिकल्पना संभावित माना हुआ समस्या का हल होता है, जिसकी व्याख्या उस परिस्थिति से निरीक्षण के आधार पर की जा सकती है।'

परिकल्पना के उद्देश्य –

1. शोध के लिए दिशा प्रदान करते हैं और अवांछित साहित्य समीक्षा से बचाते हैं तथा उपयोगी प्रदत्तों के संकलन को संवेदनशील बनाती है।
2. परिकल्पना शोधकर्त्ता को संवेदनशील बनाती है।
3. परिकल्पना से शोध के निष्कर्षों के प्रतिपादन में सहायता मिलती है।

परिकल्पना का महत्व –

1. यह शोध कर्त्ता को निर्देशन देती है।
2. परिकल्पना तथ्यों की सार्थकता को निर्धारित करती है।
3. परिकल्पना समस्या का सीमांकन करती है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन की निम्न परिकल्पना निर्धारित की गई है –

Ho1 कुल न्यादर्श अल्पसंख्यक अध्यापकों का आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति कुल दृष्टिकोण व निम्नलिखित आयाम पर प्राप्त मध्यमान औसत से सार्थक अधिक है।

1. आर. टी. ई. का प्रारम्भिक प्रावधान
2. सभी के लिए शिक्षा लक्ष्य
3. सरकार स्थानीय प्राधिकरण व जनसहभागिता
4. विद्यालय तथा शिक्षकों के दायित्व
5. बच्चों के अधिकार की रक्षा एवं प्रोत्साहन

Ho2 राजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक अध्यापक एवं अराजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक अध्यापकों में आर. टी. ई. एक्ट 2009 एवं इसके आयामों पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

न्यादर्श– प्रत्येक शोध कार्य में न्यादर्श का विशेष महत्व होता है, इसके बिना शोध कार्य को पूरा नहीं किया जा सकता। प्रत्येक शोध प्रबंध में जनसंख्या का निर्धारण अति आवश्यक है, क्योंकि किसी भी शोधकार्य में सभी व्यक्तियों का अध्ययन करना संभव नहीं है।

न्यादर्श, जनसंख्या में चुनी गई कुल इकाईयों का समूह होता है। जनसंख्या के आधार एवं प्रकृति को देखते हुए समस्त जनसंख्या का अध्ययन करना संभव नहीं होता। अत: केवल कम व्यक्तियों को, जो पूरी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर सके, चयन किया जाता है, जिसे जनसंख्या का न्यादर्श कहते हैं।

डब्ल्यू. जी. कोकरन के अनुसार, 'प्रत्येक विज्ञान की शाखा में हमारे साधन सीमित हैं, इसीलिए सम्पूर्ण तथ्य के एक अंश से अधिक का अध्ययन नहीं कर पाते तथा उसके बारे में ज्ञान प्रस्तुत किया जाता है।'

न्यादर्श का आकार–

कुल अल्पसंख्यक शिक्षक

राजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक शिक्षक | अराजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक शिक्षक

अध्ययन में प्रयुक्त विधि – अनुसंधान प्रक्रिया को परिभाषित करने का एक ढ़ंग होता है, जो समस्याओं की प्रकृति द्वारा निर्धारित होता है। किसी भी अनुसंधान की श्रेष्ठता उसमें प्रयुक्त विधि, उपकरण तथा प्रक्रिया पर निर्भर करती है। यद्यपि शैक्षिक अनुसंधान में विभिन्न विधियों का प्रयोग किया जाता है। परन्तु शोध की प्रकृति मौलिकता व उपयोगिता के आधार पर वर्तमान शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया जाता है। सर्वेक्षण का अर्थ है, आलोचनात्मक निरीक्षण है, जिसका उद्देश्य एक क्षेत्र की किसी एक स्थिति अथवा प्रचलन के संबंध में यथार्थ सूचना प्रदान करना होता है।

लेवस्टर कोष के अनुसार – 'वास्तविक जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से किए गए आलोचनात्मक निरीक्षण को सर्वेक्षण कहते हैं।'

शोध उपकरण – उपकरण वे आधार हैं, जिनके माध्यम से शोध कार्य के लिये आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये उपकरणों का चयन करते समय निम्नांकित तथ्यों की ओर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है–

1. उपकरण द्वारा उद्देश्य पूर्ण करना
2. उपकरण की वैद्यता
3. विभेदीकरण
4. उपकरण की वस्तनिष्ठता
5. व्यापकता

शोध में प्रयुक्त उपकरण– नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रति अल्पसंख्यक शिक्षकों के दृष्टिकोण को मापने के लिए भारतीय शोध संस्थानों में कोई स्तरीय परीक्षण उपलब्ध नहीं है। अत: शोधार्थी ने स्वयं के द्वारा निर्मित अभिवृति मापनी को तैयार किया।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त सांख्यिकी – वर्तमान में शोध के सभी क्षेत्रों में उपयोग एवं महत्व सर्वविदित है। शिक्षा के क्षेत्र में शोध में भी सांख्यिकी का प्रयोग किया जा रहा है। सांख्यिकी हमें प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण कर यथार्थ निष्कर्ष पर पँहुचाने में सहायता करती है।

इस शोध प्रबंध में आँकड़ों के विश्लेषण में निम्न सांख्यिकी विधियों का प्रयोग किया गया है–

1. मध्यमान
2. प्रमाणिक/मानक विचलन
3. टी–परीक्षण
4. एफ–परीक्षण

शोध अध्ययन में निम्नलिखित परिकल्पना जांची गई है–

परिकल्पना –

1. कुल अल्पसंख्यक शिक्षकों का आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति कुल दृष्टिकोण (सभी आयामों) पर कोई सार्थक प्रभाव होता है।प्राप्त आंकडों से ज्ञात होता है कि कुल अल्पसंख्यक शिक्षकों का मध्यमान 28.863 व मानक विचलन 6.344 है। अत: प्राप्त मध्यमान के अंतर का टी–मान स्वतंत्रता के अंश 78 पर प्राप्त हुआ है, जो कि 12.495 है तथा यह 0.05 स्तर पर सार्थक टी–मान है। अत: कुल अल्पसंख्यक शिक्षकों का आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति दृष्टिकोण पर कोई सार्थक प्रभाव होता है।

2. राजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक एवं अराजकीय विद्यालय अल्पसंख्यक अध्यापकों का आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति दृष्टिकोण पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं होता है। प्राप्त आंकड़ों से ज्ञात होता है कि राजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों का मध्यमान 28.525 व मानक विचलन 2.819 है तथा अराजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों का मध्यमान

29.200 तथा मानक विचलन 8.504 है। अत: प्राप्त मध्यमानों में से अराजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों का मध्यमान राजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अंतर का टी–मान स्वतंत्रता के अंश पर 78 पर प्राप्त हुआ है, जो कि 0.474 है तथा यह 0.05 स्तर पह सार्थक टी–मान नहीं है। अत: अराजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों का आर. टी. ई. एक्ट 2009 के प्रति दृष्टिकोण मापनी पर मध्यमान राजकीय विद्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षकों से अधिक सार्थक नहीं है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा, आर. ए. (2004) : शिक्षा अनुसंधान लाल बुक डिपो, मेरठ
2. एन. सी. एफ. (2005) : एन. सी. ई. आर. टी.
3. सिंह, अरूण कुमार (2011) : मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, प्रकाशक– मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
4. सिंह, बी.जी.(2011) : भारत में प्रारम्भिक शिक्षा एवं शिक्षा का अधिकार,शारदा पुस्तक भवन,इलाहबाद
5. जैन, अकलंक : नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009–10, अकलंक पब्लिकेशंस, मोरीगेट, दिल्ली
6. गुप्ता, एस. पी. : सांख्यिकी के मूल तत्व, शारदा पुस्तक भंडार
7. कैलाश चतुर्वेदी : नई शिक्षा, मासिक पत्रिका, नई दिल्ली
8. इंटरनेट : गूगल इनसाइक्लोपीडिया
9. Buch, M.B. (1988-92) : Fifth Survey of Research in education Delhi : NCERT
10. Sharma, R.A. : Technological Foundations of education : Meerut: surya Publication
11. Indian Journal educational Technology, New Delhi (IGNOU)
12. hhttps://en.M.wikipedia.org.com.
13. hhttps://educational123blog.word.

****

चित्रा मुद्गल के उपन्यासों में नारी के विविध रूप

डॉ. श्रद्धा हिरकने * अनिता बंजारे **

शोध सारांश – हिन्दी साहित्य में चित्रा मुद्गल आधुनिक हिन्दी कथा-साहित्य की बहुचर्चित और सम्मानित बहुमुखी संपन्न लेखिका है। चित्रा मुद्गल जी के पास अनुभवों का विपुल भंडार है। इन्होने श्रमिकों के सामाजिक, आर्थिक और मानवीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली लेखिका है। जिसमें विशेषकर श्रमिक, महिला, दलितों और वंचित व उपेक्षित बुजुर्ग प्रमुख है।

चित्रा जी का जीवन रोमांचक प्रेमकथा से कम नहीं है। उन्नाव के जमींदार परिवार में जन्मी किसी लड़की के लिए साठ के दशक में अन्तरजातीय प्रेम विवाह करना आसान काम नहीं था। पिता जी के इच्छा के विरूद्ध 'सारिका' के पूर्व संपादक 'अवध नारायण मुद्गल' से प्रेम विवाह किया। इनके कथा-साहित्य में नारी का समाज में निहित समस्याओं का यथार्थ चित्रण मिलता है। नारी के जीवन के हर पहलूओं का मार्मिक चित्रण मिलता है।

प्रस्तावना – चित्रा मुद्गल हिन्दी की वरिष्ठ कथा लेखिका है। इनकी कथा-साहित्यों में मुख्यत: नारी विमर्श के विविध रूपों का चित्रण मिलता है। चित्रा जी ने नारीयों के न्यायिक अधिकारों के लिए कार्य किया है। इनका जन्म 10 दिसम्बर 1944 को चेन्नई तमिलनाडु में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा पैतृक ग्राम उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित निहाली खेड़ा और उच्च शिक्षा मुंबई विश्वविद्यालय में हुई।

चित्रा मुद्गल कथा लेखन में जहा एक ओर मानवीय संवेदनाओं का चित्रण होता है वहीं दूसरी ओर नए जमाने की रफ्तार में फंसी नारी जीवन की मजबूरियो का चित्रण है। उच्च और निम्न वर्ग की नारी पग-पग में कैसे शोषित होती है। इसका चित्रण चित्रा जी ने अपने उपन्यासों में पूर्णत: किया है। राजनीतिक, ऐतिहासिक सामाजिक, आर्थिक स्तर पर नारी के शोषण को इन्होने अपनी लेखनी द्धारा जीवन्त चित्रण किया है। चित्रा जी कथा साहित्य की एक प्रबल लेखिका है।

चित्रा जी की प्रमुख रचनाएँ उपन्यास 'एक जमीन अपनी', 'आवां', 'गिलिगडु', 'पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा', बहुचर्चित उपन्यास है इनकी संपूर्ण कहानियाँ आदि-अनादि नाम से तीन खण्डों मे प्रकाशित है। तीन नाटक ग्यारह कहानी संग्रह, दो वैचारिक निबंध संग्रह की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। वह प्रसार भारती बोर्ड की सदस्य भी रह चुकी है। दत्ता सामंत जी उनके मार्गदर्शक एवं दार्शनिक थे।

चित्रा जी को 2000 सन् में इंदू शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय कथा सम्मान, 2003 में बिरला फाउण्डेशन द्धारा व्यास सम्मान आवां उपन्यास के लिए एवं 2018 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा उपन्यास के लिए दिया गया। 'एक जमीन अपनी' के लिए फणीश्वरनाथ रेणु साहित्य पुरस्कार एवं सामाजिक सेवाओं में योगदान के लिए विदुला सम्मान, गिलिगडु (2005) के लिए चक्रधर सम्मान एवं गोयनका सम्मान आदि।

चित्रा मुद्गल के उपन्यासों में नारी के विविध रूप देखने को मिलता है।

एक जमीन अपनी – विज्ञापन की दुनिया में जितना हिस्सा पूँजी का है शायद उतनी कम हिस्सेदारी नारी की नहीं है। इस नये सत्ता प्रतिष्ठान में नारी अपनी देह और प्रकृति के माध्यम से बाजार के संदेश को ही उपभोक्ता तक नहीं पहुँचाती बल्कि इस उद्योग में पर्दे के पीछे एक बड़ी 'वर्क फोर्स' भी स्त्रियों से ही बनती है। 'एक जमीन अपनी' विज्ञापन की दुनिया की कहानी भी है जहां समाज की इच्छाओं को पैना करने के औजार तैयार किये जाते है और स्त्री के उस संघर्ष की भी जो वह इस दुनिया में अपनी रचनात्मक क्षमता की पहचान अर्जित करने और सिर्फ देह भर न रहने के लिए करती है। निम्न और मध्यम वर्ग से आई नारी तथा उच्च वर्ग से आई नारी के संस्कारों तथा सोंच में भिन्नता तथा जल्द से जल्द आगे बढ़ने और मान, प्रतिष्ठा प्राप्त करने के संघर्ष को दर्शाती है। जहाँ नीता महत्वाकांक्षी स्त्री है वही अंकिता संस्कारी और मूल्यवान स्त्री है। फिर भी दोनों में घनिष्ठ मित्रता है ये दोनो चरित्र विपरित ध्रुव है। चित्रा जी ने इसमें नारी के छल कपट और विश्वास से भरे स्वरूप का चित्रण किया है।

आवां – यह पूर्णत: स्त्री चेतना और उनके विचार पर आधारित उपन्यास है। बंबई की मजदूर नेता मीरा ताई की बेइज्जती इस उपन्यास की आधार है। ट्रेन यात्रा की संघर्ष में नारी विचार और उसकी आर्थिक स्थिति को प्रकट करती है। इसकी मुख्य पात्र नमिता पाण्डे अपनी आर्थिक स्थिति के हाथों मजबूर संघर्षशील नारी है जो अपना आर्थिक स्तर सुधारने के लिए पूँजीपतियों के जाल में फँसती जाती है तो स्मिता महानगर में अपने परिवार द्धारा शोषित नारी अपने ही पिता की हत्या करती है। एक नारी दूसरी नारी को शोषित होने पर मजबूर करती है। नारी के प्रेम का भी मार्मिक चित्रण है इस उपन्यास में चित्रा जी की यह उपन्यास पूर्णत: नारी विमर्श पर आधारित है नारी प्रेम अत्यंन्त संघर्षो से घिरा है। अपने ही परिवार में भी नारी शोषण की शिकार है। इस उपन्यास में नारी के बहुविध शोषण का जीवन्त चित्रण है।

गिलिगडु – यह उपन्यास पुरूष प्रधान है परन्तु नारी पात्रों का भी अपना विशेष महत्व है। इसमें नारी के लालची मन का चित्रण चित्रा जी ने किया है। आज के वर्तमान समय में कामकाजी स्वरूप एवं परिवार को समय देने में असमर्थ नारी का रूप देखने को मिलता है। एक तरफ नारी परिवार का ध्यान

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

इसलिए रखती है क्योंकि उसे संपत्ति पाने का लालच है। चित्रा जी ने वर्तमान समय का बहुत ही मार्मिक चित्रण किया है।

पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा – इस उपन्यास में एक किन्नर की कहानी को दर्शाया गया है जिसमें उसकी बा (माँ) उसे सामान्य बच्चे की तरह परवरिश करती है। स्कूल भेजती है और किन्नर समाज से उसे छुपाकर रखती है। उसकी माँ यह नहीं चाहती कि वो किन्नर समाज से जुड़े वह अपना अलग अस्तित्व बनाये पर किन्नर समाज जब विनोद को जबरदस्ती अपने समाज में जोड़ लेते है तो वह अपने माँ को पत्र लिखता है उसकी माँ भी उसे पत्र द्वारा उसके जीवन की घटनाओं को जानकार व्यथित होती है उसकी माँ और किन्नर विनोद (बिन्नी) किस दशा से गुजरते है इसका जीवन्त चित्रण देखने को मिलता है एक माँ का अपने बच्चे के प्रति मोह और एक बच्चे का अपनी माँ के प्रति स्नेह का मार्मिक चित्रण है।

चित्रा मुद्गल जी की संपूर्ण रचनाओं में नारी का एक अलग ही रूप देखने को मिलता है जिसमें शोषण, संघर्ष, लालच, प्रेम, महत्वाकांक्षी एवं ममतामयी स्वरूप देखने को मिलता है। इनके रचनाओं में पूर्णत: नारी पात्रों का समाविष्ट होता है। चित्रा जी ने अपनी प्रतिभा और अनुभवों द्वारा नारी जीवन के सभी आयामों को परत–दर–परत खोलती गई है।

उपसंहार – चित्रा जी की कथा–साहित्य में नारी जीवन के हर पहलूओं का चित्रण उनके अनुभवों का विपुल भंडार है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व ऐतिहासिक क्षेत्रों में नारी की भूमिका, उनका संघर्ष, शोषण एवं प्रेम के प्रति समर्पित रूपों का चित्रण चित्रा जी ने अपने उपन्यासों में किया है। नारीगत समस्याओं का चित्रण अत्यधिक देखने को मिलता है जो आस–पास की घटनाओं से प्रेरित होता है, जो पाठक के मन में एक छाप छोड़ने का कार्य करता है। इनके उपन्यासों में नारी, शिक्षित, आत्मनिर्भर, संघर्षशील, साहसी, महत्वाकांक्षी एवं माँ के रूप में नारी का चित्रण उनके उपन्यासों को एक अलग ही महत्व लिए हुए है। चित्रा मुद्गल के उपन्यासों ने लगभग सभी प्रमुख पात्र शिक्षित तथा आत्मनिर्भर दिखाई देते है, एक जमीन अपनी की अंकिता, नीता, आवां की नमिता, स्मिता, गौतमी नाला सोपारा विनोद, आदि। जन्म से मृत्यु तक नारी संघर्ष रूपी जीवन व्यतीत करती है। नारी संस्कारी है परन्तु आधुनिक सोच लिए हुए है। नारी आज रूढ़िवादी सोच का विरोध करती है और स्वतन्त्र जीवन जीने वाली जो अपने अधिकारों के लिए लड़ना भी जानती है। नारी के विविध रूप चित्रा मुद्गल जी के उपन्यासों में पूर्णत: देखने को मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मुद्गल चित्रा, आवां, सामयिक प्रकाशन 1999
2. मुद्गल चित्रा, एक जमीन अपनी, राजकमल प्रकाशन 2001
3. शर्मा क्षमा,स्त्रीत्ववादी विमश : समाज और साहित्य,राजकमल प्रकाशन 2002
4. खेतान प्रभा, उपनिवेश में स्त्री, राजकमल प्रकाशन 2003
5. कुमार राकेश, नारीवादी विमर्श, आधार प्रकाशन 2004
6. मुद्गल चित्रा, गिलिगडु,सामयिक प्रकाशन 2005
7. चव्हाण अर्जुन, विमर्श के विविध आयाम, वाणी प्रकाशन 2008
8. थोरात डॉ. गोरक्ष, मुद्गल चित्रा के कथा साहित्य का अनुशीलन, अन्नपूर्णा प्रकाशन 2009
9. उपाध्याय करूणाशंकर,आवां विमर्श, सामयिक प्रकाशन 2010
10. के. वजना, चित्रा मुद्गल एक मूल्यांकन, सामाजिक प्रकाशन 2011
11. मुद्गल चित्रा, पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा,सामयिक प्रकाशन 2016

****

धर्मवीर भारती के उपन्यास में चित्रित सामाजिक प्रभाव

डॉ. आँचल श्रीवास्तव* सुनीता तिवारी**

शोध सारांश – धर्मवीर भारती जी एक प्रतिभाशाली कवि, कथाकार, नाटककार, उपन्यासकार है। आपके द्वारा रचित कहानियों और उपन्यासों में उन्होने सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं एवं गंभीर चित्रण को उठाते हुए बड़े ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। वे पूर्णत: सामाजिक एक विचारक थे। भारती जी एक समय की प्रख्यात साप्ताहिक पत्रिका धर्म युग के प्रधान संपादक भी थे। डॉ. भारती को 1972 में पद्म श्री से समानित किया गया। उनका उपन्यास 'गुनाहों का देवता' सदा बहार रचना मानी जाती है। 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' को कहानी कहने का अनुपम प्रयोग माना जाता है जिस पर श्याम बेनेगल इसी नाम की फिल्म बनायी। अंधायुग उनका प्रसिद्ध नाटक है।

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य जगत् में भारती जी प्रतिभा के धनी कलाकार है। उन्होने साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी लेखनी चलाकर एक अलग ही पहचान बना ली। डॉ. भारती का जन्म 25 दिसम्बर 1926 को इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में हुआ। स्कूली शिक्षा डी.ए.वी. हाई स्कूल में हुई और उच्च शिक्षा प्रयाग विश्वविद्यालय में हुई। उन्हे आर्य समाज की चिंतन शैली परिवार से विरासत के रूप में प्राप्त हुई। आपका परिवार आर्य सामाजी था। आलोचकों ने भारती जी को प्रेम और रोमांस का रचनाकार माना है। उनकी कविताओं कहानियों और उपन्यासों में प्रेम और रोमांस स्पष्ट रूप से मौजूद है परन्तु साथ-साथ इतिहास एवं पुराण की समकालीन स्थितियों पर भी उनकी पैनी दृष्टि रही है जिससे उनकी संपूर्ण कृतियों में मध्यम वर्गीय जीवन के यथार्थ चित्रण मिलते है। उनकी दृष्टि में वर्तमान को सुधारने और भविष्य को सुखमय बनाने के लिए आम जनता के दुख दर्द को समझने और उसे दूर करने की आवश्यकता है।

श्री धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व के संबंध में श्री रामनारायण उपाध्याय का कथन दृष्टव्य है :- 'सरकारी साहित्यकारों की तरह जिसके चेहरे पर दंभ पहरा नहीं देता बड़े आदमियों की तरह जो अपने आस-पास प्रसिद्धि का लबादा ओढ़े नहीं चलता, छायावादियों की तरह जिसके नाज-नखरों से डरने की कतई जरूरत नहीं है और प्रयोगवादियों की तरह जो जन साधारण के नजदीक जाने से नहीं कतराता, नई पीढ़ी के ऐसे साहित्यकार का नाम है श्री धर्मवीर भारती'

साहित्य के क्षेत्र में – साहित्य में सम्मान और लोकप्रियता के शिखर पर प्रतिष्ठित हिन्दी पत्रकारिता के महत्वपूर्ण स्तम्भ भारती से किये गये साक्षात्कारों का यह विशिष्ट कृति है। धर्मवीर भारती से साक्षात्कार। कह सकते है कि यह पुस्तक भारती जी के जीवन और कर्म का जीवन्त दस्तावेज है। इसमें खट्टी-मीठी यादों की अनुभूतियों और राग-विराग, जीवन संघर्ष तथा समस्याओं से जुड़े अनेक बेलौस प्रश्नों के बेबाक उत्तर भारती जी ने दिये है।

सामाजिक परिस्थितियाँ – समाज और व्यक्ति एक दूसरे के पूरक और सहगामी है तथा उनका सह अस्तित्व अविछिन्न है। भारती ने परतंत्रता के कष्टों को भोगने के बजाए पढ़कर जाना। भारती के सम्पूर्ण लेखन पर और उनकी पकारिता पर सामाजिक बने रहने का आग्रह और सामाजिक सरोकारों से कहने के बजाय उनसे संवाद करते रहने का प्रयास स्पष्ट परिलक्षित होता है।

साहित्यिक परिस्थितियाँ – भारती जी का बचपन जब पीछे छूट रहा तब हिन्दी साहित्य में छायावाद भी अस्ताचल की ओर अग्रसर हो रहा था। सन् 1936 में छायावादी दौर हास की ओर उन्मुख हुआ नयी कविता की शुरूआत 1958 ई. में नरेश मेहता और श्रीकान्त वर्मा के संपादकत्व में कृति के प्रकाशन से हो गयी।

धर्मवीर भारती की कृतियाँ :-

उपन्यास – 'गुनाहों के देवता' (1949), 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' (1952), 'ग्यारह सपनों का देश'

काव्य संग्रह – 'दूसरा सप्तक' (1951), 'ठंडा लोहा' (1952),'सात गीत वर्ष' (1959), 'कनुप्रिया' (1959)

कहानी संग्रह – 'मुर्दो का गाँव' (1946), 'चाँद और टूटे हुए लोग' (1955), 'बंद गली और आखरी मकान' (1969),

काव्य नाटक और एकांकी – 'अंधा युग' (1954), 'नदी प्यासी थी' (54)

भारती जी के उपन्यास में चित्रित सामाजिक प्रभाव :-

गुनाहों का देवता (1949) – हिन्दी के लोकप्रिय उपन्यासों में गुनाहों का देवता का स्थान महत्वपूर्ण है। इस उपन्यास में चन्दर और सुधा की भावुक प्रेम कहानी को बताया गया है जिसमें चन्दर अनाथ है और सुधा से निम्न जाति का है। जिसके वजह से वह उससे विवाह नहीं कर पाता। चंदर एवं सुधा के विचारों में सामाजिक भिन्नता है। इसमें आधुनिक समाज का चित्रण है। जिसमें युवावर्ग अपनी भावनाओं को समाज में रहते हुए आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। समाज अभी भी एक पूर्ण संबंध के बजाय विवाह को एक प्रकार का समझौता मानता है। श्री रामनारायण उपाध्याय 'गुनाहों के देवता' के संबंध में लिखते है कि 'मैंने जब उनकी गुनाहों के देवता नामक पुस्तक पढ़ी तो सोचता ही रह गया कि आखिर यह आदमी अपने आप में

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

स्नेह, दर्द और आंसुओं का समुंदर कहां छिपाये हुये है। लेकिन जब मैं उनसे मिला तो मैंने देखा जैसे कोई अपने दरवाजे पर चिक डाल दे, ऐसे वे अपने दर्द पर हंसी का पर्दा डाले हुये थे, जिस पर ठहाकों के बड़े-बड़े फल लदे हुये थे। अपनी झांकने की आदत से लाचार, जब मैने पर्दे के एक छोर को उठाकर अंदर झांका तो यह देखकर स्तब्ध रह गया कि वही भारती आसन जमाये बैठा था जो चन्दर की सुधा की विदाई पर अपने पाठकों को ही नही रूलाता वरन् अपनी चरम व्यथा-निराशा, अंधकार और दर्द के क्षणों में एक चोट खाये हुये बच्चे की तरह तकिये में मुँह छिपाकर रो लेने मे हल्कापन महसूस करता आया है।

सूरज का सातवाँ घोड़ा (1952) – इस उपन्यास में लेखक ने विभिन्न कारणों से एक समाज की कहानी और एक समाज के माध्यम से पूरे मध्यम वर्ग की कहानी कही है। इसमें हम सभी के भीतर घर कर गई वह भीषण सच्चाई है जिसने हमें खोखला नि:सत्व और निराश बना दिया है, एक कोढ़ और दुर्गन्ध की तरह हमें मानसिक जड़ता से भर दिया है। छ: घोड़े तो इस दुर्गन्ध और जड़ता में ही जकड़े हुए है। भविष्य के घोड़े के प्रति आस्थावान रहने के सिवा पाठक के पास कोई चारा नहीं है और इस स्थिति में लेखक रूपी बाजीगर दर्शकों को खूब उल्लू बनाकर तालियां बजवाता है। ऐसे ही इसमें मध्यम वर्गीय समाज का चित्रण है। इनकी सातों कहानियों में प्रेम परक समाज का मार्मिक चित्रण मिलता है। इस उपन्यास में सात कहानियाँ है।

पहली कहानी – 'नमक की अदायगी' – अर्थात् जमुना का नमक माणिक ने अदा किया इसमें भारती का व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा इसमें बीस वर्षीय जमुना का पन्द्रह वर्ष के माणिक ने अदा किया।

दूसरी कहानी – 'घोड़े का नाल' अर्थात् किस प्रकार घोड़े का नाल सौभाग्य का लक्षण है।

तीसरी कहानी – इसका कोई शीर्षक नहीं है। इसमें तन्ना के सुखद विवाह की कल्पनाएँ की गयी है।

चौथी कहानी – 'मालवा की युवरानी देवसेना की कहानी' इसमें माणिक और लीला के इन्द्रधनुषी रूमानी प्रेम तथा तन्ना के विवाह के कारण का वर्णन है।

पांचवी कहानी – 'काले बैंत का चाकू' नामक कहानी सुनायी इसमें सती के साथ माणिक की घनिष्ठता बतायी गयी है।

छठी कहानी – छठी कहानी में यही कहानी आगे बढ़ती है।

सातवी कहानी – इस कहानी का शीर्षक सूरज का सातवाँ घोड़ा है जो सपने भेजता है माणिक ने सात घोड़ों का तात्पर्य स्पष्ट किया है जो भविष्य के सपने दिखाता है। **नित्यानंद तिवारी** का मानना है कि 'हर उपन्यासकार अपनी दृष्टि से जीवन की समस्याओं को चीरकर उनके भीतर से इन तत्वों का संगठन करता है। ये तत्व यांत्रिक फार्मूले नहीं, इनकी भूमिका नहीं, निर्देशक है।' सूरज का सातवां घोड़ा में इन तत्वों की उपस्थिति एक संतुलित अनुपात में आता है लेकिन निजता पूरे कथा-विन्यास में अधिक सक्रिय रहती है।

'सूरज के सातवां घोड़ा' के संबंध में स्वयं श्री धर्मवीर भारती के विचार उक्त पुस्तक सार ही है – 'जो लोग भावुक होते है और सिर्फ रोते है, वे रो-धोकर रह जाते हैं, पर जो लोग हँसना सीख लेते है, वे कभी-कभी हंसते-हंसते उस जिन्दगी को बदल भी डालते है। जब पूरी व्यवस्था में बेइमानी हो तो एक व्यक्ति की ईमानदारी इसी में है कि वह उस व्यवस्था में लादी गई सारी विकृति को भी अस्वीकार करें और उसके द्वारा आरोपित सारी झूठी मर्यादाओं को भी, क्योंकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है।

लेकिन जो इस विकृति से अपने को अल रखकर भी इस तमाम व्यवस्था के खिलाफ नहीं लड़ते उनकी मर्यादाशीलता सिर्फ परिष्कृत कायरता होती है।

कोई न कोई ऐसी चीज है जिसमें हमें हमेशा अन्धेरा चीरकर आगे बढ़ने, समाज व्यवस्था को बदलने और मानवता के सहज मूल्यों को पुन: स्थापित करने की ताकत और प्रेरणा दी है। चाहे उसे आत्मा कहले चाहे कुछ और। और विश्वास साहस, सत्य के प्रति अडिग निष्ठा उस प्रकाशवाही आत्मा को उसी तरह आगे ले चलते हैं, जैसे सात घोड़े सूर्य को आगे बढ़ाते है।'

ग्यारह सपनों का देश – यह उपन्यास हिन्दी साहित्य का पहला सहयोगी उपन्यास है जो दस लेखकों के द्वारा लिखा गया है। इसे उपन्यास बनाने का पूर्णत: प्रयास किया गया परन्तु यह उपन्यास जैसा नहीं लगता है। इसमें सभी लेखकों द्वारा सामाजिक सपनों को दर्शाया गया है इन ग्यारह सपनों में भारती का सपना नि:संदेह कोमल है।

भारती जी के सभी उपन्यासों में सामाजिक स्वरूप पूर्णत: आया है वे हिन्दी साहित्य के मौलिक उपन्यासकार है समाज में रहते हुए सामाजिक वातावरण को अपने उपन्यासों में आये पात्रों के द्वारा उनकी वर्तमान सामाजिक दशाओं का पूर्णत: चित्रण किया गया है।

उपसंहार – भारती जी उपन्यासकार के साथ-साथ नाटककार एवं समाजिक विचारक है इन्होने अपनी लेखनी द्वारा अपने तीनों उपन्यास में समाज में फैले सामाजिक पहलुओं का जगह-जगह चित्रण किया है। जिसमें समाज की समस्याओं आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं परम्पराओं को हल करने का प्रयास किया है और समाज के प्रत्येक व्यक्तियों को यह उपन्यास सूचना देता है कि वे प्रत्येक परिस्थितियों से समझौता कर ले ताकि जीवन अच्छी तरह चले। भविष्य के सपने एवं वर्तमान के नवीन आंकलन को निरूपित करता है और दुख, दर्द, गरीबी, अनैतिक संबंध को दूर करने के लिए सक्षम हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साहित्य और समाजशास्त्र – डॉ. नगेन्द्र पृ. 6
2. युगकवि स्वरूप – राम मनोहर, पृ. 51
3. हिन्दी उपन्यास की रूप रेखा – डॉ. गणेशन, पृ. 87
4. मध्य वर्गीय वस्तुत्व का विकास – बच्चन सिंह, पृ. 13-38
5. हिन्दी लघु उपन्यास – पृ. 195
6. जिनकी छाया भी सुखकर है – रामनारायण उपाध्याय

****

प्रभा खेतान के उपन्यासों में नारी एक विमर्श

डॉ. श्रद्धा हिरकने * रजनी पाण्डेय **

प्रस्तावना – आधुनिक हिन्दी साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान प्रशंसनीय रहा है। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हिन्दी महिला साहित्यकारों की सूची में मैत्रेयी पुष्पा, कृष्णा सोवती, मन्नू भण्डारी, उषा प्रियंवदा, मालती जोशी, मंजुल भगत, चित्रा मुदगल, मृदुला गर्ग, ममता कालिया, सूर्यबाला इत्यादि के साथ जुड़ने वाला एक अहम् नाम है डॉ. प्रभा खेतान जी का है। डॉ. प्रभा खेतान का नाम हिन्दी साहित्य प्रेमियों के लिए चिर-परचित है। उच्चकोटि के स्त्रीवादी विमर्शकारों में प्रभा खेतान का नाम सबसे पहले आता है। हिन्दी उपन्यास साहित्य में अत्यंत गौरव पूर्ण स्थान पाने वाली प्रभा जी ने उपने साहित्य के माध्यम से विशेष रूप में स्त्री संवेदना के स्वर को मुखरित किया है।

नारी मुक्ति आंदोलन एवं स्त्री चिंतन की प्रसिद्ध लेखिका डॉ. प्रभा खेतान का जन्म 1 नवम्ब सन् 1942 ई. में दक्षिण कोलकत्ता के सबसे धनाढ्य प्रसिद्ध मारवाड़ी परिवार में हुआ था। प्रभा जी का बचपन संघर्ष से भरा हुआ मिलता है। उनके जन्म के बाद उनकी माँ बीमार रहने लगी, बचपन में अम्मा, भाई-बहनों का जो प्रेम प्रभा जी को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल सका।

सदियों से उपेक्षित वंचित नारी उसी रूप में समाज में स्थापित होती रही है, उसके जिस रूप को पुरूष ने चाहा या निर्धारित किया। अपनी निजी समस्याओं उपेक्षाओं को सीने में दबाए वह मौन रही, पर जैसे ही नारी ने अपनी चुप्पी को तोड़ा तो साहित्य एवं समाज दोनों करवटें लेने लगे। साहित्य जगत में नारी अपने भोगे हुए सच को लेकर उपस्थित होती है जिससे यह विश्व पूरी तरह से अनजान था। समय के साथ-साथ नारी चेतना एवं लेखन के तेवर बदले तथा युगान्द रूप एवं नये मूल्यों के साथ नारी की कलम चलती रही। स्त्री लेखन सुदूर परंपरा रही, स्त्री लेखन की सुदूर परंपरा प्रभा खेतान तक आते-आते लम्बी यात्रा तय कर चुकी थी।

प्रभा खेतान का लेखन स्त्री को घर परिवार की समस्याओं से बाहर निकालकर स्त्री की स्वतन्त्र अस्तित्व की खोज की ओर अग्रसर हुआ है। प्रभा खेतान का रचना संसार उनके अनुभवों का ही आइना है। कही कोई काल्पनिक आवरण उनके साहित्य में दिखाई नहीं देता, आधुनिक महिला कथाकारों में प्रभा खेतान अपना विशिष्ट स्थान रखती है या कहे स्त्री विमर्श तथा स्त्री मुक्ति के पर्याय के रूप में उन्हें जाना जा सकता है। इनका साहित्य विश्व जगत की नारी दुरावस्था तथा उससे बाहर निकलने के प्रयासों से जुड़ा हुआ है।

प्रभा जी ने एक ओर व्यवसाय जगत की बुलंदी को छुआ तो दूसरी ही ओर साहित्य जगत में खुब ख्याति अर्जित की। काव्य में अपने जीवन अनुभवों को अभिव्यक्त न कर पाने के कारण उन्होंने उपन्यास विधा का सहारा लिया। इस श्रृंखला में लगभग आठ उपन्यास आते हैं। जिनमें आओ पेपे, घर चलें, तालाबंदी, अग्निसंभवा, छिन्नमस्ता, अपने-अपने चेहरे, एड्स, पीली आँधी, स्त्री पक्ष के साथ-साथ उनकी बहुचर्चित आत्मकथा अन्या से अन्नया को शामिल किया जा सकता है।

प्रभा खेतान के उपन्यासों में नारी के विविध रूप देखने को मिलते है-

आओ पेपे, घर चले – वस्तुत: प्रभा खेतान का साहित्य उनकी ईमानदारी का निजी दस्तावेज कहा जा सकता है जो बेहद वेवाज, वर्जनाहीन और उत्तेजक है। आओ पेपे, घर चले अमेरी की पृष्ठभूमि पर लिखी उनकी सशक्त रचना है इसके माध्यम से लेखिका के सृजनात्मक एवं मानसिक सौन्दर्य का परिचय होता है। इस उपन्यास में कई समस्याओं को उजागर किया गया है। जैसे वैश्विक स्तर पर तूफानी जीवन संघर्ष, संबंधों का व्यावसायीकरण, भोगवादी मानसिकता, नस्लवादी, पारिवारिक विघटन, उच्चवर्गीय जीवन के अंर्तविरोध, भोगविलास के पीछे अंधी दौड़, पति-पत्नी की टकराहट में टूटते पिसते बच्चे आदि समस्याओं का चित्रण किया गया है।

अग्नि संभवा – यह उपन्यास प्रभा खेतान का हंस पत्रिका में मार्च सन् 1992 ई. से मई सन् 1992 ई. तक श्रृंखलाबद्ध रूप में प्रकाशित है। इसमें प्रभा जी ने आइवी, प्रभा, शिव आदि प्रभावी पात्रों को लेकर उपन्यास के कथानक को उभारना चाहा है। प्रभा जी वैसे भी इस उपन्यास को न छपवाना अपने आप में बहुत बड़ी बेवकूफी मानती है। इसके कथानक में प्रभा जी मुख्यत: दो विषयों पर प्रकाश डालना चाहती है- एक तो चीन की राजनीतिक उठापटक और दूसरा चीन के मामूली किसान की बेटी उपन्यास की नायिका आइवी के संघर्षमय जीवन से उभरकर हाँगकाँग के ब्राँच मैनेजर के पद पर नियुक्त होना।

छिन्नमस्ता – 'छिन्नमस्ता' यानि की कटा हुआ सिर। सन् 1993 ई. में प्रभा जी का यह उपन्यास प्रकाशित हुआ जो बहुचर्चित उपन्यास माना जाता है। इस उपन्यास में प्रभा जी ने प्रिया, नीना, जुड़ी, कस्तूरी देवी, दाई माँ, सरोज आदि नारी पात्रों को लेकर इस कथानक को आकार दिया है प्रभा जी ने इसमें अपनी स्वयं की कथा को विषय बनाया है जन्म से लेकर शादी तक की कथा प्रभा जी के अपने बचपन में भोगी हुई कथा है।

'छिन्नमस्ता' जिसे प्रारंभ में उनकी आत्मकथा समझ लिया गया लेकिन यह पूरी कहानी उनकी आत्मकथा नहीं है। प्रभा जी का यह उपन्यास मारवाड़ी परिवार की बहू प्रिया की यातना, विद्रोह और अस्तित्व बोध को अभिव्यक्त करने वाला है।

निष्कर्ष– निष्कर्ष रूप में देखा जाये तो लेखिका की रचना संसार बहुआयामी रहा है। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व में उनके व्यक्तित्व के अनेकानेक प्रसंगों

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

का यथांकन हुआ है। एक सम्पन्न मारवाड़ी परिवार में जन्म लेकर साज की परम्पराओं को चुनौती देती हुई प्रभा जी ने स्वतन्त्र चमड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया। प्रभा जी स्त्रीवादी अवधारणाओं की व्याख्याकार होने के साथ–साथ स्त्री संवेदनशीलता की प्रख्यात कथाकार थी। आज प्रभा जी हमारे बीच नहीं है पर उनका रचना संसार सदा के लिए हिन्दी प्रेमियों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. खेतान डॉ. प्रभा, आओ पेपे, घर चले, राजकमल प्रकाशन, 1991
2. खेतान डॉ. प्रभा, अग्निसंभवा, हंस पत्रिका, 1992
3. खेतान डॉ. प्रभा, छिन्नमस्ता, राजकमल प्रकाशन, 1993
4. सेतिया सुभाष, स्त्री अस्मिता के प्रश्न, सामयिक प्रकाशन, 2009

****

कृष्णा सोबती के उपन्यासो में भाषा एवं संवाद विधान

डॉ. श्रद्धा हिरकने * दीपिका भंडारी **

शोध सारांश – हिन्दी कथा साहित्य में जिन कुछ लेखिकाओं के अपने साहस का परिचय दिया है उनमें से एक नाम कृष्णा सोबती है। हिन्दी साहित्य के समकालीन परिदृश्य पर कृष्णा सोबती एक विशिष्ट रचनाकार के रूप में समादृत है। स्वतंत्रता के बाद के कथा साहित्य की कृष्णा सोबती का लेखकीय व्यक्तित्व जिस परिवेश में विकसित हुआ वह परिवेश बंदिश से अधिक खुलेपन का सरोकार था। यही कारण है कि उनका रचनात्मक विकास वस्तु के स्तर पर ही नहीं भाषा और शिल्प के स्तर पर होता रहा है। कृष्णा सोबती ने हिन्दी की कथा भाषा को एक विलक्षण ताजगी दी है।

कृष्णा सोबती का जन्म 18 फरवरी 1925 को गुजरात में हुआ। सोबती जी अपने साहसपूर्ण रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए जानी जाती है। उनके रचनाकर्म में निर्भिकता खुलापन और भाषागत प्रयोगशीलता स्पष्ट परिलक्षित होती है। 1950 में कहानी लामा से साहित्यिक सफर शुरू करने वाली सोबती स्त्री की आजादी और न्याय की पक्षधर है। उन्होंने समय और समाज को केन्द्र में रखकर अपनी रचनाओं में एक युग को जिया है।

प्रस्तावना – कृष्णा सोबती जी का बचपन शिमला और दिल्ली में बीता। उनकी स्कूली शिक्षा दिल्ली व शिमला में हुई। भारत पाकिस्तान विभाजन के कारण उनकी शिक्षा अधूरी रह गई। उन्होंने सिर्फ बी.ए. (दर्शनशास्त्र) तक पढ़ने का अवसर मिला। पंजाबी परिवेश में रहने के कारण उनके व्यक्तित्व में पंजाब की संस्कृति एवं परिवेश की महक मिलती है। विविधता के दर्शन उनके सामाजिक व्यक्तित्व में है और साहित्य में भी। रचना के गठन में रचनाकार का अपना चिंतन होता है। उनकी राय में 'रचना न बाहर की प्रेरणा से उपजती है न केवल रचनाकार के मानसिक दबाव और तनाव से।' अपने लेखन के संबंध में वे स्वयं कहती है– 'मैं अपने समूचे होने में रचकर, पैठकर जीने की तरह लिखती हूं उसी वक्त लिखती हूं जब लिख डालने के सिवा कोई चारा न रह जाय'।

कृष्णा सोबती जी की रचनात्मक उपलब्धियों को परखने के लिए आपकी औपन्यासिक कृतियो की चर्चा अपेक्षित है। कृष्णा सोबती सामाजिक आधुनिक तथा मनोवैज्ञानिक कथाकार है। उनके कम से कम शब्दो में ज्यादा प्रकट करना उनकी विशेषता है। कृष्णा सोबती का महत्व सिर्फ इस बात से नहीं है कि उन्होने अपने साहित्य में अपने समकालीन संदर्भो को जगह दी है बल्कि उससे अधिक इस बात में कि जिस शिल्प और संवेदना के माध्यम से मानवीय संबंधो और संवेदनाओ का चित्रण किया। वह उन्हे अन्य लेखको से अलग पहचान दिलाता है। वे हिन्दी की सबसे सहज, सबसे गंभीर, सबसे आत्मीय, सबसे यथार्थनिष्ठ, सबसे विचारवती और सबसे प्रतिबद्ध महिला कथाकार है। एक नारी होने के नाते उन्होंने नारी मन के अंतरंग को पूर्ण ईमानदारी और सच्चाई के साथ अपनी रचनाओं में अंकित करने का साहस दिखाया है।

कृष्णा सोबती ने हिन्दी की कथा भाषा को एक विलक्षण ताजगी दी है। उनके रचना संसार की गहरी, सघन, एन्द्रियता, तराश और लेखकीय अस्मिता ने एक बड़े पाठक वर्ग को अपनी ओर आकृष्ट किया है। निश्चय ही कृष्णा सोबती ने हिन्दी के आधुनिक लेखन के प्रति पाठको में नया भरोसा पैदा किया है। अपने समकालीनो और आगे की पीढ़ियो को मानवीय स्वातंत्र्य और नैतिक उन्मुक्तता के लिए प्रभावित और प्रेरित किया है। निज के प्रति सचेत और समाजके प्रति चैतन्य किया है।

साहित्य के क्षेत्र में – श्रीमति कृष्णा सोबती की प्रतिभा बहुआयामी है। यो तो लेखनारंभ कविता से हुआ बाद में कथा में लेखन में अपने पदार्पण किया। कहानी, उपन्यास, संस्मरण, निबंध और साक्षात्कार आदि साहित्यिक विधाओं में आपने बहुचर्चित सृजनात्मक कार्य किया है।

सुविख्यात हिन्दी कथाकार सोबती जी की रचनाओ में एक खासी पंजाबी लहजा और तेवर के साथ साथ एक खुलापन है। यथार्थ को लेकर चलने वाले स्वाभाविक जीवन चित्रण को आपने विशेष महत्व दिया है। नारी जीवन के अंतरंग को पहचानने और उसका चित्रण करने में सोबती जी सिद्दहस्त है। शैली की सरलता एवं अद्‌भूत आकर्षण शक्ति आपके शिल्प की खास विशेषता है।

कृष्णा सोबती जी अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद अध्ययन कार्य में संलग्न हो गई और साथ ही लिखती भी रही। अब लंबे अरसे से स्वतंत्र लेखन में व्यस्त है। कृष्णा जी कम लिखने को अपना साहित्यिक परिचय मानती है और यही उनकी विशिष्टता भी है। उनके व्यक्तित्व और रचना–धर्मिता के मूल तत्व है– लेखन के प्रति संपूर्ण निष्ठा, आत्मीयता और भावुकता कलात्मक सुधासन, बारीकी और कारीगरी, सत्य की निरंतर तलाश आदि। आपकी यात्रा कथा से गुजरते हुए ऐसा लगता है कि रचनाएं अलग अलग नहीं एक ही रचना के विभिन्न अध्याय है।

भाष शिल्प– महिला उपन्यासकारो की शैली में नवीनता और विविधता के तेवर के साथ बिंब, प्रतीक, जटिल भावबोध आदि के प्रचुर प्रयोग से उपन्यासो की कलात्मकता में वृद्धि हुई है। कृष्णा सोबती की भाषा अपने देशकाल और वातावरण से पूरी तरह संबद्ध है। इनकी भाषा ताप और त्वरा से परिपूर्ण

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

है। कश्य की अंतरंगता को उजागर करने वाले सार्थक शब्द प्रयोग है। रचना के विषय में चरित्र और वातावरण के अनुकुल भाषा पर उनका हाथ बिलकुल दक्ष है।' मित्रो मरजानी, यारो के यार, तिन पहाड़, सुरजमुखी अंधेरे के, डार से बिछुड़ी जैसे लघु उपन्यासो ने भाव का शिल्प दोनो दृष्टियों से जैनेन्ह की उपन्यास परंपरा को समृद्ध किया है। कृष्णा सोबती की भाषा शैली अपनी समकालीन लेखिकाओ से भिन्न और अभिव्यक्ति में सक्षम है। सोबती जी भाषा शैली में बेलाग, बेलौस, खरास मौजूद है। कृष्णा सोबती जी भाषा का अपना अनूठा अंदाज है। इनकी भाषा शैली में अत्यधिक विविधता व्याप्त है। कृष्णा सोबती अपनी विशिष्ट भाषा शैली को लेकर काफी चर्चित रही है।

कृष्णा सोबती की प्रमुख कृतियाँ–

उपन्यास :–

डार से बिछुड़ी (1958)
मित्रो मरजानी (1967)
यारो के यार (1968)
तिन पहाड़ (1968)
सूरजमुखी अंधेरे के (1972)
जिन्दगीनामा (1979)
ए लड़की (1991)
दिलो दानिश (1993)

कहानी संग्रह :–

बादलो के घेरे (1980)

संस्मरण :–

हम हशमत (1997)
हम हशमत–2 (1999)

निष्कर्ष– उपन्यास की सफलता में भाषा शैली का विशेष योगदान रहता है। अत: एक रचनाकार इस विषय में सदैव सजग रहता है। कृष्णा सोबती भाषा की जादूगर है और उनका हर एक उपन्यास भाषायी स्तर पर एक दूसरे से भिन्न है। 'डार से बिछुड़ी' में सरलता व्याप्त है। यारों के यार की भाषा अपने खुरदरेपन और व्यंग्यात्मकता को लेकर चर्चित रही है। वहीं 'तिन पहाड़' की भाषा कृष्णा सोबती की अन्य कृतियों से नितांत भिन्न है। इनकी भाषा रोमानी और संयत है। 'मित्रो मरजानी' की भाषा नोक झोक और दार प्रांतिय बोली की विशेषता लिए है। जिंदगीनामा में हंसी ठिठोली की मधुर अभिव्यक्ति के साथ साथ करूणा के आवेग को व्यक्त करने वाले शब्द भी है। सारे उद्गार जैसे हृदय से निकले मालूम पड़ते है। कृष्णा सोबती की गहन विचाराभिव्यक्ति ने कहीं कहीं भाषा को बोझिल भी बना दिया है।

कृष्णा सोबती के अभिव्यक्ति पक्ष में नवीन प्रभाव दृष्टिगोचर हुआ है। उपन्यास पढ़ने पर न केवल विचारों की गंभीरता प्रकट होती है वरन् पात्रो के मन में उमड़ते विचार सचित्र एलबम सा प्रस्तुत करते चले जाते है। अंत में कहा जा सकता है कि कृष्णा सोबती ने भावानुरूप तथा विचारनुकुल शैलियों के प्रयोग से कथानक में उद्देश्य प्राप्ति को सुगम बना दिया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सोबती कृष्णा, डार से बिछुड़ी, राजकमल प्रकाशन (2005)
2. सोबती कृष्णा, मित्रो मरजानी, राजकमल प्रकाशन (1992)
3. सोबती कृष्णा, तीन पहाड़, राजकमल प्रकाशन (2004)
4. जैन निर्मला, तीन हमसफर, राजकमल प्रकाशन
5. सोबती कृष्णा, हम हरामत (संस्मरण), राजकमल प्रकाशन (1999)
6. कुमार राकेश, नारीवादी विमर्श, आधार प्रकाशन (2004)
7. शर्मा क्षमा, स्त्रीत्ववादी विमर्श : समाज और साहित्य, राजकमल प्रकाशन (1992)

****

अमृता प्रीतम के उपन्यास पिंजर में नारी चित्रण एक अध्ययन

डॉ. आँचल श्रीवास्तव* सीता कुमारी**

शोध सारांश – भारतीय साहित्य में अमृता प्रीतम का नाम बडे आदर से लिया जाता है। अमृता जी एक ऐसी लेखिका है जिनकी कृतियों का अनुवाद विश्व की 36 भाषाओं में हुआ है, साथ ही अनेक भारतीय भाषाओं में भी अनुवाद किया गया है।

अमृता प्रीतम का जन्म 31 अगस्त 1919 में हुआ था उनकी माता का नाम 'राजबीबी' तथा पिता का नाम 'नंदसाधु' था, बचपन में माता का मृत्यु और पिता का संसार से विरक्त हो जाने से उनका विश्वास भगवान से ही उठ गया। उनका पालन पोषण नानी ने किया कम उम्र में शादी हुई बच्चे न होने से समाज के अनेक दशं झेले। एक बच्ची को गोद भी लिया, बाद में एक बच्चे को जन्म दिया जीवन यापन के लिए नौकरी की उस पर भी समाज को ऐतराज हुई। हर इच्छा को मारकर जीती रही परंतु लिखना नही छोड़ा, समाज की कड़वी सच्चाई सबके सामने खोलकर रख दी। जिससे उन्हे बहुत कुछ सहना पड़ा परंतु पिछे मुड़कर नही देखा, उनको लेखनी में अनेक पुरूस्कार भी प्राप्त हुए। भारत की दुसरी सबसे बड़ी सम्मान पद्यविभूषण से भी नवाजा गया और विदेशी पुरूस्कार भी मिला।

प्रस्तावना – साहित्य मानव जगत की भवनाओं की पूर्ण अभिव्यक्ति को पाठको से आत्मसात करवाता है। साहित्य शब्द में सहत्व अथवा सहचरत्व की भावना निहीत है जो साथ ले चले वही साहित्य है। अमृता प्रीतम का जन्म ऐसी युग में हुआ जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और इन बेड़ियों को काट फेकने की क्रांति देश के हर भाग में जागृत हो चुकी थी। उन्होंने अपने दौर में सबसे स्याह घटना का बयान अपने उपन्यास 'पिंजर' में किया है पिंजर उपन्यास को पढ़ने के बाद यह महसूस हुआ कि अमृता प्रीतम के साहित्य में मानव जीवन की अनुभूतियॉ, संवेदना, दर्द, दु:ख की दास्तान तो है ही साथ ही अपने समय से बहुत आगे की सोच है 'पिंजर' की नायिका 'पुरों' एक ऐसी स्त्री है जो अपनी मुक्ति किसी और में देखती है। मेरे शाध की प्रेरणा भूमि मूल्यत: अमृता प्रीतम के 'पिंजर' उपन्यास के अध्ययन की ओर गई और मेरा विषय अमृता प्रीतम के उपन्यास 'पिंजर' में नारी चरित्र एक अध्ययन'।

मानव इतिहास का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि आदिम मानव से लेकर आज तक के आधुनिक सभ्य समाज के निर्माण की प्रक्रिया में संघर्ष ही विकास की कुंजी रही है। जीवन का दुसरा नाम ही संघर्ष है। बिना संघर्ष के विकास के गुंजाइश ही नही है, हर नयी पीढ़ी प्रचलित मान्यताओं, विश्वासों, परिस्थितयों, जिन्दगी के उबड़-खाबड़ राह, भय, विषाद, आतंक, प्राकृतिक आपदा, समाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक समस्याओं आदि से संघर्ष करती हुई आज विकास के शिखर पर खड़ी है। जिसे स्पष्ट तौर पर 'पिंजर' उपन्यास में भी देखा जा सकता है।

'पिंजर' उपन्यास में नारी चित्रण को प्रस्तुत करते समय अमृता प्रीतम जी ने बहुत ही दयनीय स्थिति को दिखाया है। उन्होंने नारी की स्थिति, पीड़ा, विडम्बना और विसंगतियों को मुखर किया है। भारतीय नारी का चित्रण सृष्टि के उषा काल से अब तक परिस्थितियों के अनुकूल होता रहा है। कभी उसे देवी कहकर पूजा गया कभी माया कहकर उसके अस्तित्व को ही नकारा गया है। आधुनिक काल में अनेक आंदोलनों के साथ-साथ नारी मुक्ति आंदोलन को भी चलाया गया और परिणाम आपके सामने है।

अमृता प्रीतम जी ने नारी को न्याय दिलाने की पूर जोर कोशिश की और सफल भी रही। विशिष्ट प्रतिभा की धनी अमृता प्रीतम जी को अपने समाज और समाज की प्रत्येक समस्या की सच्ची परख थी इसलिए तो उन्होंने अपने समाज को जिस यथार्थ रूप में देखा, उसी का चित्रण अपने उपन्यास में किया।

'पिंजर' उपन्यास की कथा वस्तु स्त्री की पीड़ा, वेदना, संताप, त्याग और ममत्व का उदाहरण है प्रीतम जी ने मर्दो की मानसिकता और विचारों को स्पष्ट करते हुए उनके अंदर की संवेदना, आत्मग्लानी, दया,प्यार जो 'पिंजर' के नायक रशिद के अंदर कूट-कूटकर भरी पड़ी है। जातिगत भवना जो समाज द्वारा बनायी गयी है जिसमे वह बह गया है नायक बाद में पछताता है और अपने अंदर के दर्द को बंया नही कर पाता परंतु अंदर ही अंदर घुटता और मौके की तलास करता है। और उसे वह मौका भारत-पाकिस्तान के विभाजन के बाद मिलता है जिसे वह बखूबी उसे पूरा करता है। विभाजन के दंश में स्त्रियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुॅचता है, दोनों तरफ के लोग उसे भोग की वस्तु समझते है और अपने -अपने घर में बंधक बनाकर रखतें है। जिसमें से कुछ को 'पिंजर' का नायक रशिद आजाद कर उनके घर पहुॅचाता है उसमें से एक स्त्री नायिका की भाभी 'लाजो' रहती है जिसे नायक और नायिका दानों मिलकर उसे आजाद कराते है और उसके परिवार से मिलाते है। नायिका अपने भाई को कहती है ध्यान रखना इसका कभी किसी की वासना भरी दृष्टि इस पर न पड़े और कभी इसे कोई घृणित दृष्टि से न देखे। इसे पूरा सम्मान देना तभी 'पूरो' की आत्मा खुश होगी। वह कहती है- 'लाजो मेरी भाभी अपने घर लौट रही है। समझ लेना इसी में पूरो भी गई। मेरे लिए तो अब यही जगह रह गयी है........... चाहे कोई लड़की हिन्दू हो या मुसलमान, जो भी लड़की लौटकर अपने ठिकाने पहुचती है, समझो की उसी के साथ

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

पूरो की आत्मा भी ठिकाने पहुच गई'।

पूरो के इस चरित्र विशलेषण से यह स्पष्ट होता है कि उसमें बहन का प्यार, पत्नी का प्रेम, माता का वात्सल्य और सर्वोपरि नारी वर्ग की प्रति दया, करूणा,सहानभूति और आदर के भाव विद्यमान है यही से पूरो के जिन्दगी में बदलाव आता है और वह मानती है कि वर्तमान के यथार्थ को कबूल कर सबके गुनाह माफ करने होंगे और फिर से आगे बढ़ना होगा एक जिन्दगी के लिए, भविष्य के अनंत संभावनाओं के साथ।

यही 'पिंजर' उपन्यास की सार्थकता है कि अतित को खूले दिल से उसकी सम्पूर्णता को स्वीकार किए बगैर वर्तमान सुधारा नही जा सकता। वर्तमान सुधारे बगैर भविष्य उजला नही होगा मतलब अगर उजले भविष्य की रचना करनी है तो इतिहास के गुनाह माफ करना और सुधारना ही होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'पिंजर' – उपन्यास 1935 अमृता प्रीतम, ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. रसीदी टिकट – आत्मकथा 1996 अमृता प्रीतम, प्रकाशक हिन्द पॉकेट बुक्स दिल्ली।
3. एक थी सारा – संस्मरण 1996 अमृता प्रीतम, प्रकाशक हिन्द पॉकेट बुक्स दिल्ली।

****

नाला सोपारा किन्नर समाज की आवाज

डॉ. रेखा दुबे* स्मृति उरांव **

शोध सारांश – लैंगिक दृष्टि से विवादित समाज के जो लोग प्राय: किन्नर या हिजड़ा कहकर बुलाये जाते है वे जीवन जीने के कश्मकश, दर्दनाक पर विवश हो जाते है। इसी सामाजिक पहलुओं को बताने के लिये बहुचर्चित लेखिका चित्रा मुद्गल किन्नर विषय में चचर्लित उपन्यास पोस्ट बॉक्स नं. 203 नारा सोपारा है।

10 सितम्बर 1944 को जन्मी चित्रा मुद्गल की प्रारम्भिग शिक्षा पैतृक ग्राम निहाली खेड़ा जिला उन्नाव उ.प्र. से लगे ग्राम भरतीपुर के कन्या पाठशाला में हुआ। हायर सेकेंडरी पूना बोर्ड से की और शेष पढ़ाई मुम्बई विश्वविद्यालय से की।

सामाजिक आर्थिक और मानवीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले विविध समुदायों लिये उनके न्याय के लिये काम किया है। उनका उपन्यास 'आवा' के लिये व्यास सम्मान 'एक जमीन अपनी' के लिये फणीश्वरनाथ रेणु सम्मान और 'पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा' के लिए साहित्य अकादमी सम्मान 5 दिसम्बर 2018 को मिला। अब तक नौ कहानी संकलन तीन उपन्यास एक लेख संकलन चार बालकथा संग्रह छ: संपादित पुस्तकें आदि।

आजाद भारत में हमने अपनी तमाम रूढ़ियों जैसे सती प्रथा, बाल विवाह, अस्पृश्यों से भेदभाव दलित पीड़ा आदि को तोड़ने का सफल प्रयास किया है लेकिन किन्नरों की जिंदगी अमूमन वैसी की वैसी ही रही। यह हमारे समाज के उस खास किन्नर तबके को आधार बनाकर रची-बुनी गई कृति है, जो किन्नर होने पर किस प्रकार से उसे सामाजिक तिरस्कार और परिवारिक तिरस्कार मानसिक दर्द झेलना पड़ा है।

प्रस्तावना – हमारा समाज स्त्रीकोष पर आधारित है स्त्री और पुरूष से हम अपना प्रथम समाज निर्मित करते है लेकिन इसके बाद भी कोई व्यक्ति और समाज है जो कि किन्नरों का समाज यानी 'हिजड़ा'।

ये किन्नर जीवन न तो स्त्री है न पुरूष है कार्डवेल का कथन है कि 'साहित्य का मोती समाज की सीपी में जन्म लेता है।'

अत: समाज में जो कुछ भी घटित होता है उसकी अभिव्यक्ति साहित्य के माध्यम से होती है। संसार मे दो ही लिंगों को मान्यता मिली है, इन दो विपरित लिंगों को ही सृष्टि का आधार माना गया है किन्तु समाज में और एक वर्ग उपस्थित है जिसे कई नामों से अभिभूत करते है जैसे उभयलिंगि, तृतीय लिंग, किन्नर, हिजड़ा आदि।

इस वर्ग को हमेशा ही समाज के द्वारा उपेक्षित रूप मे देखा जाता है वास्तव में यह वर्ग अपने आप में संघर्ष करते हुये जीवन व्यतीत करते चला आ रहा है। किन्नर हिन्दी के दो शब्दों से मिल कर बना है कि 'नर' जिसका तात्पर्य वर्ग से है जो पूर्ण रूपेण न स्त्री है ना पुरूष वस्तुत: जन सामान्य की भाषा में हिजड़ा किन्नर।

सन् 2016 में प्रकाशित चित्रा मुद्गल के उपन्यास पोस्ट बॉक्स नं. 203 नारा सोपारा यह एक उपन्यास ही नहीं बल्कि उस समाज की पीड़ा को दर्शाती है जिसे हम देखना नहीं चाहते और सभ्य समाज उसे नजर अंदाज कर पुन: जीवन के अंधेरे खाई में फेंकने का प्रयत्न करते है।

चित्रा मुद्गल अपने कलम के माध्यम से नयी सोच को जन्म देने का अथक प्रयास किया ताकि उस वर्ग को जो हम सबसे भिन्न है उसे स्थान दिया जा सके क्योंकि यह प्रकृति द्वारा निर्मित है। इसे नजर अंदाज करना इसका मतलब हुआ प्रकृति को नजर अंदाज करना है। बस अड्डे, रेल के डिब्बे, चौक चौराहों पर अजीब सी हरकत करते हुये दिखाई देते है किन्नरों के इस व्यवहार से त्रस्त व्यक्ति इनसे दूर भागते है नारा सोपारा में इस पीड़ा को चित्रा जी ने अपने उपन्यास के माध्यम से समाज के समस्त प्रस्तुत किया है किन्नरों की पीड़ा इनके उपन्यास में परिलक्षित होती है।

नारा सोपारा के प्रमुख पात्र विनोद उर्फ बिन्नी उर्फ बिमली के द्वारा किन्नर समाज के अंधेरे में छुपी हुयी कड़वाहट और उस कड़वाहट में छुपी हुयी सम्पूर्ण जीवन का बयान उकेरती है। मुम्बई महानगर के नारासोपारा नामक स्थान की आवाज है जहां हर वक्त रेल गाड़ियों की आवाज उठकर अपने मूल स्थान में पहुंच जाती है परन्तु कुछ एसी आवाजें जरूर गुंजती है जो रेल की आवाज में मिलकर महानगर के चकाचौंध में विलुप्त हो जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि वह अपने मूल स्थान तक पहुंचने में असमर्थ हो जाती है।

यह आवाज सभ्य समाज के लिये कठिन प्रश्न है आखिर क्यों उनकी आवाजें सूनकर भी अनसूनी कर देते है? क्या हमें यह नही जानना चाहिये कि किन्नर शब्द के प्रयोग से उस समाज को क्या एहसास होता है? और यह भी है कि कौन अपनी पहचान जाहिर करना चाहता है।

क्या वे पुरूष वाले वेशभूषा त्याग कर महिलाओं जैसे वेशभूषा धारण करना चाहते है। चित्रा मुद्गल जी ने नाला सोपारा के पात्र विनोद की स्थिति पूर्व में सामान्य लड़कों की तरह बताया है उसकी परवरिश अन्य लड़कों की तरह ही होती है उसकी कुछ बनने कुछ करने कि ख्वाहिश है परन्तु परिवार और समाज के भय की वजह से सब कुछ ओझल हो जाता है एक तरफ

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

परिवार के अनिक्षा को जन्म देता और हमारा समाज का उस परिवार के प्रति कड़वाहट घोलकर विनोद के सपने एक मुट्ठी में कैद होकर रह जाते है। एक तरफ विनोद और उसका परिवार दूसरी तरफ किन्नर समुदाय का बलपूर्वक मजबुरन विनोद को अपने समुदायों में ले जाने के लिये खड़ा है। इस अंतरद्वंद की घड़ी में विनोद की पीड़ा, मां और परिवार से बिछड़ने का दर्द, बरसात की उस मेघ की भांती है जो उसे भिंगों देता है। विनोद की आकांक्षा गणितज्ञ बनने की है परन्तु किन्नर समुदाय उसे साथ ले जाने के लिये खड़ा ताक रहा है।

वह अपने परिचय का मोहताज शिक्षा के प्रति लगाओं उसकी सोच उसे अन्य किन्नरों से अलग छवि देती थी। सभी उसका आदर करते थे, परन्तु समुदाय का जो मुखिया था वह विनोद की समक्ष से बाहर था।

विनोद अपने शिक्षा के बल पर एक राजनेता के पास काम पाने में सफल हो जाता है। यह काम अपने आत्मस्वाभिमान को पा सके उसकी लड़ाई थी। विनोद को यह अवगत् नहीं था कि उसके साथ राजनीकिरण किया जा रहा है। सभी राजनेताओं की तरह वह राजनेता किन्नर समाज को राजनैतिक फायदे के लिये एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रहा है। परन्तु विनोद इस राजनीतिकरण को नकारते हुये किन्नर समाज के मूल अधिकार, शिक्षा और स्वाभिमान प्राप्त करने पर बल देता है।

इसी मध्य विनोद का साथी पूनम के साथ दुर्व्यवहार किया गया जिससे उसके मन को बहुत आगाध पहुँचता है।

न्याय की इस लड़ाई के लिये अथक प्रयास करने के पश्चात् भी उसे कोई समाधान प्राप्त नहीं होता है। राजनीतिकरण के चपेट में आकर मृत्यु की शैया पर पहुँच जाता है।

एक तरफ विनोद की माँ पोस्ट बॉक्स वाले पते से पत्र आने का इंतजार करती है, विनोद की मां के प्रति तड़प पिता के प्रति ख्याल भाई सिद्धार्थ, भाभी सेजल की नोकझोंक, मंजूल के प्रति स्नेह इसी पत्र के माध्यम से पूर्ण होता था, परन्तु मां के अंतिम पत्र का इंतजार एक लम्बी इंतजार में बदल गया, जिसमें माता पिता ने विनोद के प्रति क्षमा याचना मांगी और बेटे को देर से ही सही सम्मान देने कि इच्छा जाहिर किया परन्तु यह अंतिम पत्र व्यवहार विनोद तक नहीं पहुंच सका और न ही विनोद का पत्र के माध्यम से जो प्रतिउत्तर था वह उसके परिवार तक नहीं पहुंच सका।

निष्कर्षत: चित्रा मुद्गल जी ने किन्नर समाज की उकेरती दशा को अपने इस उपन्यास के माध्यम से दर्शाया है और समाज के समक्ष एक प्रश्न चिन्ह भी छोड़ा है कि विनोद, उर्फ बिन्नी उर्फ बिमली के बहाने हमारे समाज में लम्बे समय से चले आ रहे उस मानसिकता का विरोध है, जो अमीर-गरीब का पुराना टोटका नहीं महज शारीरिक कमी के चलते किसी इंसान को असामाजिक बना देने कि क्रूर विडम्बना है।

वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक किन्नरो की सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक जो लड़ाई है वह सतत् गतिमान है, जिससे उसका जीवन शैली रसहीन जीवन को रसमय करना अपने से अलग ना समझना हर व्यक्ति परिवार का दायित्व है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चित्रा मुद्गल 2017 के उपन्यास पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा दरियागंज, नई दिल्ली।
2. इण्डिया टुडे।
3. प्रतिनिधि हिन्दी उपन्यासो में चित्रित किन्नर विमर्श संवेदना शिल्प-गीतांजली (दयालबाग आगरा)।
4. समसमायकी हिन्दी साहित्य किन्नर विमर्श साहित्य और समाज विश्नोई मिलन (2018) कानपुर विधा प्रकाशन।

****

वयं रक्षाम: की प्रासंगिकता

डॉ. रेखा दुबे* आकाँक्षा गोपाल **

शोध सारांश – आचार्य चतुरसेन शास्त्री का जन्म अनुपशहर तहसील के निकट चंदोख ग्राम में रविवार दिनांक 26 अगस्त 1891 में हुआ। आचार्य जी ने जयपुर के संस्कृत महाविद्यालय से साहित्य और आयुर्वेद चिकित्सा शास्त्र का विधिवत अध्ययन कर वहीं से आचार्य की उपाधि प्राप्त की।

सेवा, श्रम, त्याग और साहस को जीवन का मूलमंत्र मानने वाले आचार्य चतुरसेन शास्त्री जी स्वभाव से अचल, निर्भिक, साहसी, अहंकारी, स्वाभिमानी, महत्वाकांक्षी तथा स्पष्ट वक्ता थे।

डी.ए.वी. महाविद्यालय लाहौर से आचार्य जी वरिष्ठ आयुर्वेद प्राध्यापक का पद त्याग देने के पश्चात् साहित्य साधना प्रारंभ कर अनेक साहित्य ग्रंथों की रचना की। आचार्य जी के सुप्रसिद्ध रचनाओं में 'वैशाली की नगर वधू', 'सोमनाथ', 'सोना और खून', तथा 'वयं रक्षाम:', जैसे अनेक साहित्य मिलते है।

आचार्य जी के इन्ही उपन्यासों में से 'वयं रक्षाम:' एक प्रागैतिहासिक और रामायण कालीन उपन्यास है। हिन्दी साहित्य में ऐतिहासिक उपन्यासों की परंपरा जब से प्रारंभ हुई है तब से आज तक यह पाठकों के समक्ष लोकप्रिय होती चली आई है। 'ऐतिहासिक उपन्यासों में अतीत के संदर्भ में वर्तमान का ऐसा अध्ययन है जिसमें अतीत वर्तमान संदर्भ में पर्याप्त संकेतों सहित प्रकट होता है।'[1]

ऐतिहासिक उपन्यास में आख्यान की प्राचीन निकटता और नवीनता के प्रति समन्वय की अभिव्यक्ति दृष्टिगोचर होती है जिसके पिछे युगों–युगों के अतीत से जुड़े संस्कार निहित है। आचार्य चतुरसेन शास्त्री ने ऐतिहासिक उपन्यासों की परंपरा को गतिमान देते हुए वयं रक्षाम: की रचना की है जो कि पुरातन संस्कृति से परिचित होने और उन्हें समझने का हमें अवसर प्रदान करती है। रामायण के आधार पर उसके पात्रों से आज हम परिचित है, परन्तु 'वयं रक्षाम:' में उस युग की भौगोलिक स्थिति से लेकर सभी प्रकार की छोटी बड़ी चीजों को दर्शाया गया है। आचार्य जी के इस उपन्यास का मुख्य पात्र राम न होकर रावण है अर्थात् इसमें रावण से संबंधित प्रसंगों का उल्लेख किया गया है।

विश्रवा मुनि और कैकसी के पुत्र रावण ने पितृकुल की अपेक्षा मातृकुल के धर्म को अपनाते हुए अपने नाना सुमाली के पथ प्रदर्शक में चलना स्वीकार किया। उसने अपनी संस्कृति को 'रक्ष संस्कृति' का नाम दिया जिसका नारा 'वयं रक्षाम:' था। देवों और आर्यो के विरूद्ध जाकर रावण ने अपनी 'रक्ष संस्कृति' को संपूर्ण विश्व में फैलाना चाहा जिसके लिए उसने अपने अथक प्रयासों से अनेक द्वीपों को जीतकर उन्हें अपनी रक्ष संस्कृति के अधीन किया तथा स्वयं को उन द्वीपों का राजा घोषित किया। रावण ने अपने बल और बौद्धिक प्रतिभा से देवाधिदेव रूद्र को प्रसन्न किया और सदैव विजयीभव: का आशीर्वाद ले सम्पूर्ण उत्तर भारत में भी रक्ष संस्कृति के विस्तार के लिए प्रयत्न करने लगा। उसने अपनी राक्षस सेना उत्तर भारत के दण्डकारण्य और नैमिषारण्य में सफलतापूर्वक भेज दिया। यही दण्डकारण्य के पंचवटी में रावण ने राम से छन्द वेश में भेंट कर सीता का हरण किया। जिसके परिणामस्वरूप राम ने वानर सेना के साथ मिलकर रावण का युद्ध में वध किया और सीता समेत चौदह वर्ष की समाप्ति के पश्चात् अयोध्या वापस आये।

प्रस्तावना – 'वयं रक्षाम:' एक ऐतिहासिक उपन्यास है। 'ऐतिहासिक उपन्यास का संबंध अतीत– विशेष और वातावरण– विशेष से रहता है। ये समस्त तत्व समाज के विशिष्ट अंगों का प्रतिनिधित्व करते है। ऐतिहासिक उपन्यास समाजिक उपन्यास की भांति मनुष्यों के पारस्परिक संबंधों और उनकी समस्याओं की कहानी है।'[2]

ऐतिहासिक उपन्यास का उद्देश्य वयिष्ट में समिष्ट के दर्शन कराना है। युग विशेष के जीवन को साकार बनाकर प्रस्तुत करना और अतीत को वर्तमान से श्रेष्ठ समझकर उसके पुनर्स्थापना की कल्पना होती है। उसमें अतीत के गौरवगाथा, राज्यप्रेम, वीर पूजा के भाव भरे होते है। 'ऐतिहासिक उपन्यास यदि एक ओर ऐतिहासिक चरित्र से बंधा है तो दूसरी ओर कलात्मक सार्वभौमिकता के कारण सार्वकालिक तथा सार्वदेशिक भी है। उपन्साय जो आधुनिक समाज की ही देन है जो समाज और व्यक्ति के बीच नष्ट संतुलन के प्रतीक रूप में विकसित हुआ है। अत: ऐतिहासिक उपन्यास मानव के शास्वत जीवन की धारा और समाज के अनुभवों को संचित करता है।' [3]

'वयं रक्षाम:' मे मुख्यत: उस काल की विचारधारा, जीवन पद्धति आदि का समायोजन हुआ है जिसके माध्यम में हम युगीन यथार्थ और अतीत कालीन इतिहास से परिचित हो सकते है। 'वयं रक्षाम:' का अर्थ है हम रक्षा करते है। रावण का यह नारा उन लोगों पर सार्थक सिद्ध होता था जो उसके द्वारा बनायी हुई रक्ष संस्कृति के अधीन होते थे। हजारों सालों से कई पीढ़ीयों द्वारा सुनाई जा चुकी किवंद्तियाँ जिसमें विश्वास और आस्था की पकड़ है उसके ज्ञात के बिना ही इस उपन्यास को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से अध्ययन कर इसकी वास्तविकता को जानना ही इस उपन्यास का मूल उद्देश्य है।

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

'वयं रक्षामः' के प्रमुख पात्रों में रावण, सुमाली, मंदोदरी, चित्रांगदा, मेघनाद, रूद्र (शंकर), राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, ताड़का, सूर्पनखा, विभीषण तथा कुम्भकरण है। जो कि अपने-अपने किरदार को निभाये है, जिनकी छवी समाज में व्याप्त है।

इस उपन्यास के मुख्य पात्र रावण में आर्यकुल में जन्म लेने के कारण साहसी, मेधावी, प्रकण्ड विद्धान जैसे गुण विद्यमान थे परन्तु मातृकुल दैत्यवंश का उसमें प्रभाव ज्यादा होने के कारण वह अत्यंत खुरापाती अहंकारी, महत्वाकांक्षी तथा राक्षस प्रविृत्ति का था। सभी द्धीपों और लंकापुरी में विजय हांसिल करने के बाद वह स्वयं को तीनों लोकों का स्वामी समझने लगा था।

वयं रक्षामः का एक प्रमुख पात्र सुमाली है जो रावण का नाना है। दैत्यवंश में उत्पन्न हुए सुमाली ने अपने दोनों भाईयों माल्यवान और माली के साथ लंकापुरी बसाई थी। युद्ध में देवताओं से पराजित होने के बाद वह स्वर्णपुरी लंका को छोड़कर चला गया था जहां बाद में रावण का सौतेला भाई धनेश कुबेर राज करने लगा। इसी लंकापुरी को वापस पाने के लिए उसने अपनी पुत्री कैकसी का विवाह कुबेर के पिता विश्रवा मुनि से करवा दिया। रावण के पैदा होने के बाद वह रावण को लंका वापस हांसिल करने के लिए उकसाने लगा। अपनी चतुर और चालाक बुद्धि से रावण के सलाहकार के रूप में लंका में पुनः राज ठाठ के साथ रहने लगा।

इस उपन्यास के एक और मुख्य पात्र धर के पुत्र रूद्र थे। रूद्र के दादा यम थे। रूद्र का वाद्य डमरू तथा शस्त्र त्रिशूल था। रूद्र पल में क्रोधित तथा पल में प्रसन्न होने वाले उदार प्रवृत्ति के थे। सारे देव-दैत्य उनसे भय भी खाते थे और संकट में उनके शरण भी जाते थे। इसलिए उन्हें देवाधिदेव रूद्र भी कहा जाता था। इन्हीं देवाधिदेव रूद्र से रावण को देवों से सदा विजयी रहने का आशीर्वाद प्राप्त था।

विश्रवा मुनि के पुत्र और रावण के छोटे भाई विभीषण में दैत्य प्रवृत्ती की अपेक्षा आर्य प्रवित्ती ज्यादा थी। अपनी सेना और मंत्री मंडल में विभीषण जैसे बलिष्ठ भाई तथा योद्धा को प्राप्त कर रावण खुद को बलशाली राजा समझता था। विभीषण के सदाचरण देखकर रावण द्धारा उसकी सेना से निकाले जाने के बाद विभीषण राम की शरण में आ गये। रावण की मृत्यु के बाद विभीषण को लंका का राजा घोषित किया गया।

उपन्यास के इन पात्रों के अतिरिक्त पात्रों में राम का आदर्श स्वरूप मर्यादा पुरूषोत्तम के रूप में व्याप्त है तो सीता को पतिव्रता के रूप में पूजा जाता है। अनूज लक्ष्मण का भ्राता प्रेम है तो हनुमान की दास भक्ति भी है। इन सभी पात्रों का अध्ययन करने पर हमारी आंखों के समक्ष इनका रूप चित्रित होने लगता है क्योंकि प्रारंभ से ही यही सूना जा रहा है तथा इन पात्रों का ये रूप ही हमारे हृदय में विराजमान है। इन सब से भिन्न दूसरी ओर हम रक्ष संस्कृति में पले बढ़े रावण के रूप को देखते है जिसकी प्रकृति शैतान, अन्याय और अभिमानी प्रकृति की मानी गई है। उसके इसी अभिमान ने उसके पांडित्य, विद्धता को धूमिल कर दिया था। प्रागैतिहासिक काल के नर, नाग, देव, दैत्य, दानव, आर्य, अनार्य आदि को सारे संसार ने धर्म के रंगीन शीशे में देखकर देवता मान लिया था जिसका अनुसरण आज तक चला आ रहा है।

रावण के सौतेले भाई तथा यक्ष संस्कृति को अपनाने वाले धनेश कुबेर की शानोशौकत को देखकर रावण उससे भी बड़ा बनना चाहता था। बचपन से ही तेज, तर्रार और चतुर रावण तीनों लोकों में बलशाली योद्धा था। वयस्क अवस्था में अपने नाना सुमाली और समस्त मामाओं के साथ रहते समय उसे ज्ञात हुआ कि स्वर्णपुरी लंका उसके नाना की थी फिर वह अपने नाना के साथ विजय यात्रा में निकल गया। एक तरफ नाना सुमाली की कुशाग्र बुद्धि तो दूसरी तरफ रावण के पराक्रमी बल ने मिलकर सभी द्धीपों में विजय हांसिल करना प्रारंभ कर दिया था। रावण अपने मामा प्रहस्त को कुबेर के पास लंका में राज करने का प्रस्ताव देकर भेजता है और संदेश में लिखता है :- 'लंकापुरी और लंका साम्राज्य हम दैत्यों का है। इसलिए इसे आप हमें लौटा दे तो ठिक है। यह एक धर्म की बात है। इससे हमारा और आपका प्रेम भी बना रहेगा।'[4] मातुल प्रहस्त द्धारा लाये हुए रावण के संदेश को सुनकर कुबेर ने इस संदेश के साथ प्रहस्त को रावण के पास लौटा दिया कि लंका जैसी मेरी है वैसी ही तुम्हारी भी है। तुम भी यहां आकर अधिकार पूर्वक राज करो। यह सून रावण लंका पहुंचकर वहां आतंक फैलाना शुरू कर देता है। जिससे परेशान होकर कुबेर अपने पिता की आज्ञा से लंका रावण को सौंप देता है। इस प्रकार रावण लंका का राजा बन जाता है।

उपन्यास का उद्देश्य था कि 'वयं रक्षामः' नारा के साथ रावण की रक्ष संस्कृति सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हो सके। आज हम वर्तमान में देखते है कि रक्ष संस्कृति जैसी ही व्यक्तिवादी संस्कृति विश्व में व्याप्त है तथा अहंकार, क्रूरता ने लोगों के बौद्धिक धरातल को धूमिल कर दिया है। मानवता की भावना शून्य में सिमटकर रह गई है। राम के स्वरूप, उनका व्यक्तित्व तथा उनकी पारदर्शिता की जरूरत सम्पूर्ण राष्ट्र और समाज को है। वयं रक्षामः रक्ष संस्कृति का द्योतक है तो एक तरफ राम का आदर्श स्वरूप हम सबके लिए अनुकरणीय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ऐतिहासिक उपन्यासो में इतिहास एवं कल्पना की भूमिका- डॉ. टी.पी. शाजू।
2. आचार्य चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासो में चित्रित बैद्धकालीन समाज- डॉ. सरोज नागायज पृ. 57
3. आचार्य चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासो में चित्रित बैद्धकालीन समाज- डॉ. सरोज नागायज पृ. 58
4. वयं रक्षामः, आचार्य चतुरसेन शास्त्री पृ. 43

****

पंडित लोचनप्रसाद पाण्डेय का साहित्यक परिचय

डॉ. आँचल श्रीवास्तव* राधा शर्मा **

शोध सारांश – पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी बहुमुखी प्रतिभा के स्वामी थे। उन्होंने साहित्य की अनेक विधाओं का प्रवर्तन किया। छत्तीसगढ़ के प्रथम उपन्यासकार होने का गौरव भी उन्हें प्राप्त है। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी द्विवेदी युगीन रचनाकार, थे और यही कारण है कि उनके साहित्य रचना में उस समय की विशेषता प्रकट होती है।पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी का नाम हिंदी साहित्य जगत में सदैव अमर रहेगा। साहित्यकार जीवन में न रहे परन्तु उनका साहित्य समाज के लिए दर्पण की भांति होता है जिसमें एक साहित्यकार के रचना को उनके विचारों को, मनोभावों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

पाण्डेय जी उत्कृष्ट कवि, नाटककार, उपन्यासकार, जीवनी लेखक सुविख्यात पुरातत्वविद एवं अनुवादक थे। उन्होंने समाज को, समाज के युवा पीढ़ी को स्वाभिमान राष्ट्र प्रेम और स्वातंत्र्य चेतना की तरफ उन्मुख करने वाले कालजयी साहित्य का सृजन किया। पंडित लोचनप्रसाद पाण्डेय के लेखन में असाधारण विविधता है जो उनके बहुआयामी व्यक्तिव का परिणाम है।

प्रस्तावना – छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर संभाग में जांजगीर-चॉपा जिले के महानदी के तट पर बालपुर नाम का एक छोटा सा ग्राम है। इसी ग्राम में सन् 1887 पोष शुक्ल 10, 4 जनवरी दिन मंगलवार को पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का जन्म हुआ सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री सतीश जायसवाल जी ने पांडेय़ जी के ग्ग्राम बालपुर का वर्णन इस प्रकार किया है 'बिलासपुर जिले का नक्शा कछुए के आकार का है। जहॉ कछुआ का सिर होना चाहिए वह तो हुई चन्द्रपुर तहसील और जिसे कछुए की ऑख मान सकते हैं बस ठीक वहॉ बालपुर है। बालपुर बिलासपुर जिले का आखिरी गॉव है। जमीन का आखिरी टुकडा भी। इसके बाद महानदी का सागर , विस्तार। यहॉ महानदी का पार क्रम से कम तीन किलोमीटर चौड़ा है बालपुर पार करते ही महानदी ओड़िसा प्रान्त में बहने लगती है।'

आपके पिता का नाम पंडित चिंतामणि पांडेय था पंडित लोचन प्रसाद पांडेय आठ भाई और चार बहन थे। उनके नाम क्रमश: पुरूषोत्तम प्रसाद, पद्मलोचन प्रसाद चन्द्रशेखर, लोचन प्रसाद, विद्याधर , बंशीधर, मुरलीधर और मुकुटधर तथा बहनों में चंदनकुमारी, यशकुमारी, सूर्यकुमारी और आनंदकुमारी थी भाईयों में आप चौथे क्रम पर थे। आपके पितामह श्री शालिग्ग्राम पांडेय साहित्यानुरागी, धर्मप्रेमी, अतिथि सेवक तथा प्रतिष्ठित ब्राम्हण थे। आप बालपुर के जमीदार एवं लोकल बोर्ड डिस्ट्रिक काउंसिल के सदस्य थे आपके पिता श्री पंडित चिंतामणी पांडेय साहित्य प्रेमी, आध्यात्मिक अभिरूचि सम्पन्न व्यक्ति थे। माता देवहुति देवी ममता की साक्षात प्रतिमूर्ति थी। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ व्रत आदि उनके जीवन के आवश्यक अंग थे। घर परिवार में सर्वत्र साहित्यिक एवं धार्मिक वातापरण था आपके पितामह ने घर पर ही एक पुस्तकालय की स्थापना की थी जिसका नाम पार्वती पुस्तकालय था।

इस पुस्तकालय में रामचरित मानस ब्रज विलासकृत, चौरासी ब्राम्हणों की वार्ता, सबल सिंह चौहान कृत महाभारत का हिन्दी पद्यानुवाद, उड़िया रामायण, श्रीमद्भागवत महापुराण, वैदेही वनवास जैसे अनेक धार्मिक और साहिहत्यक ग्रंथ थे इस साहित्य, संस्कार और धार्मिक वातावरण में पांडेय जी का लालन-पालन हुआ। उनके पिता पंडित चिंतामणि पांडेय ने सन् 1887 में गांव में ही एक निजी पाठशाला की स्थापना की थी जिसमें इस अंचल के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस पाठशाला में भारतेन्दु युग के कवि पंडित अनन्तराम पांडेय ने भी शिक्षा ग्रहण की थी। वे पांडेय जी के मामा थे। इसके अलावा पांडेय जी सहित उनके सभी भाई-बहनों की शिक्षा-दीक्षा भी इसी पाठशाला में हुई थी। आधुनिक शिक्षा के प्रबल पक्षधर होने के कारण पांडेय जी के पिता जी ने पाठशाला में अंग्रजी शिक्षा के लिये एक मद्रासी संत श्री रामदास मंत्रमूर्ति को नियुक्त किया था।

पुरातत्वविद के रूप में छत्तीसगढ़ के लिए जो कार्य उन्होंने किया, उतना आज तक किसी ने भी नहीं किया छत्तीसगढ़ के प्राचीन गौरव को लुप्त और नष्ट होने से बचाने के लिए पाण्डेय जी ने 'छत्तीसगढ़ गौरव प्रचार मंडली' की स्थापना की। श्री सतीश जायसवाल के कथानानुसार पंडित लोचन प्रसाद पांडेय का नाम अनकी कविताओं और साहित्य से अधिक उनके पुराशोधो के कारण हुआ छत्तीसगढ़ का किरारीस्तम्भ और ओडिशा का विक्रम खोल का ऐतिहासिक शिलालेख उनकी उल्लेखनीय खोज हैं।

पाण्डेय जी ने अपने जीवन काल में बहुत अधिक सुयश और सम्मान अर्जित किया। पाण्डेय जी को यह सम्मान साहित्य, इतिहास तथा पुरातत्व के क्षेत्र में प्राप्त हुआ। सन् 1912 में वामंडा नरेश द्वारा 'काव्य विनोद' की उपाधि से, सन् 1948 में अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा साहित्य वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किया गया।

पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का साहित्यक परिचय – साहित्य की विविध विधाओं में महारत हासिल करने वाले पाण्डेय जी हिंदी के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ी अंग्रेजी, संस्कृत, उड़िया भाषा भी जानते थे और इन पर रचनाएँ भी लिखी हैं। सन् 1920 तक उनकी लगभग 40 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

हो चुकी थी और हिंदी साहित्य के प्रमुख साहित्कारों में उनका नाम आदर के साथ लिया जाने लगा।

पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने अपने साहित्यिक जीवन का शुभारंभ काव्य लेखन से किया। उनकी पहली रचना सन् 1904 में बालकृष्ण भट्ट के हिंदी प्रदीप में प्रकाशित हुई। उनकी प्रथम काव्य कृति 'प्रवासी' का प्रकाशन सन् 1907 में राजपूत, एग्लों इंडियन प्रेस आगरा से हुआ। सन् 1909 में 'नीति कविता', 'महानदी' और 'कविता कुसुम' (उड़िया काव्य) उनकी काव्य कृतियाँ एक-एक कर प्रकाशित होती चली गई।पाण्डेय जी ने सन् 1910 में ब्रज और खड़ी बोली के नए, पुराने कवियों की रचनाओं का संकलन संपादन कर 'कविता कुसुम माला' का प्रकाशन किया। इस प्रकाशन से पाण्डेय जी को हिंदी जगत में शिखर प्रतिष्ठा मिली, उनके साहित्य नेतृत्व को व्यापक समर्थन मिला और द्विवेदी युगीन शीर्षस्थ रचनाकारों में उनकी गिनती होने लगी। तदन्तर उनकी 'भक्ति-उपहार', 'पुष्पांजलि' और 'बाल विनोद जैसी शिक्षाप्रद रचनाएँ प्रकाश में आई। फिर आया उनकी रचनाशीलता का उत्कर्ष काल जिसमें सन् 1914 में 'माधव-मंजरी', 'मेवाड़ गाथा' और 'चरित माला' तथा सन् 1915 में 'पुष्पांजलि' और 'पद्य पुष्पांजलि' जैसी महत्वपूर्ण रचनाएँ प्रकाशित हुई। ये वर्ष उनकी सृजनशीलता के शिखर वर्ष हैं। साहित्य जगत में उनका स्थान कवि मनीषी के रूप में बन चुका था। डॉ. विनय मोहन शर्मा ने एक स्थान पर अपने संस्मरण में लिखा है कि 'पांडेय परिवार केवल साहित्य लिखता ही नहीं साहित्य जीता है। उनमें सहृदयता है और अपनी भावनाओं को किस तरह से कहॉ प्रस्तुत किया जाय यह स बवह जानता है।'

द्विवेदीयुगीन साहित्य में पाण्डेय जी का का योगदान – द्विवेदी युग में ही पाण्डेय जी ने अपनी काव्य साधना का श्रीगणेश किया। पाण्डेय जी 1904 से 1920 तक सतत रूप से साहित्य साधना की जो कि उनकी हिंदी साहित्य को अनुपम देन है। इस युग के कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से खड़ी बोली की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। द्विवेदी युग में उस आन्दोलन को निश्चित रूप प्रदान किया जिसे भारतेंदु ने प्रारंभ किया था। पाण्डेय जी पर समकालीन रचनाकारों का विशेष प्रभाव पड़ा। द्विवेदी युग में राष्ट्रीय भावना विषयक कविताएँ बहु संख्या में लिखी गयी। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी की रचनाओं में इस भावना को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

पाण्डेय जी ने बाल विवाह आदि कुप्रथाओं का विरोध किया और विधवा विवाह पर बल दिया। द्विवेदी युग में नारी विषयक दृष्टिकोण में पर्याप्त परिवर्तन हुआ। नारी को अबला के बदले शक्ति स्वरूप समझा गया जिसे इस युग की एक उपलब्धि कहा जा सकता है। इस युग में नारी को पूर्ण रूप से गौरव मंडित करके काव्य में प्रस्तुत किया गया। नारी की अस्मिता को उजागर करना इस युग का एक उद्देश्य था। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने अपने काव्य संग्रह 'माधव मंजरी' में अनेक अनुवाद प्रस्तुत किये जो इस प्रकार हैं 'थैंकफुलनेस' का 'निहोरा' 'दी चाइल्ड एंड दी बर्ड' का 'बालक और चिड़िया', 'द थ्री रूल्स' का 'नियमत्रय', दी वैस्प एंड बी का 'मधुमक्खी और बरैया', 'होम' का 'घर', और 'ट्रेवलर रिटर्न' का 'घर का प्रभाव' नाम से अनुवाद किया। द्विवेदी युग की बहुत सारी विशेषताऍ हैं जिनमें से प्रमुख है खड़ी बोली का प्रयोग। भारतेंदु युग के पश्चात् जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने का आन्दोलन हुआ तब पाण्डेय जी ने इस आन्दोलन में सक्रिय हिस्सेदारी निभाई। खड़ी बोली के प्रारम्भिक गद्य पद्य लेखन का दायित्व पाण्डेय जी ने निभाया। पाण्डेय जी का जन्म गाँव में हुआ था और उनका लालन पालन भी, ऐसी स्थिति में पाण्डेय जी रचनाओं में ग्रामीण परिवेश को आत्मसात करती हुई उनकी रचनाएँ मन को छू जाती है जो उनेकी रचनाओं को पढ़ता है। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय खड़ी बोली के समर्थ उन्नायक थे। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने अपना स्थान न केवल द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि के रूप में बनाया, प्रत्युत उन्होंने एक गद्यकार के रूप में भी अपनी मौलिक प्रतिभा का परिचय दिया।

पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का रचनात्मक विवेचन – पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय की 'दो मित्र' उपन्यास :- यह पाण्डेय जी पहली पुस्तक है। यह उनके द्वारा लिखा गया पहला उपन्यास भी है। इस पुस्तक का प्रकाशन 1906 के मुरादाबाद के लक्ष्मी नारायण प्रेस से हुआ था। इस ग्रंथ का परिचय सरस्वती में इस प्रकार छपा है 'पुस्तक पांडेय जी की पहली रचना होने पर भी शिक्षापूर्ण है।' कलिका प्रसाद दीक्षित ने इस उपन्यास का मूल्यांकन करते हुए लिखा है 'प्रान्त के द्विवेदी लेखकों द्वारा उपन्यास अधिक संख्या में नहीं लिखे गए, फिर भी उस समय के कुछ उपन्यासों की गणना अच्छे उपन्यासों में हो सकती है और कुछ में उपन्यास कला का विकास क्रम मिलता है। लोचन प्रसाद पाण्डेय का दो मित्र उपन्यास संभवत: इस प्रान्त के साहित्यकारों द्वारा लिखित उपन्यासों में सर्वप्रथम है। पांडेयजी ने इस उपन्यास में शराब सेवन से होने वाली बुराइयों का मार्मिक चित्र किया है।

पाण्डेय जी ने इसे काल्पनिक उपन्यास कहा है। उपन्यास में दो समानांतर कथाऍ हैं। एक मुख्य कथा है दूसरी गौण। एक राजकुमार की कथा है तो दूसरी रामलाल और श्यामलाल की कथा है। दोनों कथाऍ अपने अपने युग एवं काल का प्रतिनिधित्व करते हैं। उस समय उच्चवर्गीय शिक्षित समाज में पाश्चात्य सभ्यता का अधांनुकरण हो रहा था। इस विषय को भी उन्होंने लिया है। पाण्डेय जी ने यह बताया है कि हमें किसे अपना मित्र चुनना चाहिए, एक सच्चे मित्र का क्या कर्तव्य है। कठिन दुख के समय एक मित्र को किस प्रकार का आचरण करना चाहिए यह इस उपन्यास से प्रेरणा मिलती है।

प्रवासी – यह एक प्रबंध काव्य है इस पुस्तक का सृजन भी पांडेय जी ने 1907 में किया था इस पुस्तक में उन्होंने देश दशा, ग्राम्य-जीवन तथा गृह जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला है उल्लेखनीय है कि उपयुक्त दोनों ग्रंथो की रचना के समय पाण्डेय जी की आयु 19 वर्ष की थी तथा वे सेंट्रल हिन्दू कालेज काशी के छात्र थे।

साहित्य सेवा – यह प्रहसन है। इस पुस्तक में गंभीर प्रवृत्ति के पांडेय जी का हास्य-व्यंग्य उजागर हुआ है। इसमें साहित्य सेवियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला गया हैं। अपनी आकर्षक एवं चुभती हुई संवाद योजना के कारण यह प्रहसन उस समय काफी लोकप्रिय हुआ था। साहित्य सेवा की दुर्दशा पर यह एक व्यंगात्मक रचना है। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय सच्चे अर्थों में साहित्य सेवी थे। इस रचना में प्रत्यक्ष में तो हास्य व्यंग्य की छटा है किन्तु इस हास्य के पीछे रुदन का स्वर छिपा है, जो कठोर मेहनती और आत्म सम्मानी साहित्यकार होते हैं, उन्हें अनेक प्रकार के प्रकाशकों के ताने सुनने पड़ते हैं। पाण्डेय जी ने अपनी इस रचना में साहित्य के महत्त्व को प्रतिपादित करने का प्रयास किया है। साहित्य सेवा का मार्ग अत्यंत दुष्कर है। इसमें अनेक कठिनाइयाँ है। साहित्य प्रेमी अपने कार्य से मानसिक रूप से ही संतुष्ट रह सकता है क्यों कि अन्य सुविधाएँ उसे नसीब नहीं होती।

साहित्यकारों को अपनी साहित्य साधना जारी रखने के लिए किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, इसका उदाहरण भी पाण्डेय जी ने दिया है। कितने दु:ख की बात है कि जो साहित्य की सेवा करता है, और साहित्य सेवा के माध्यम से जन सेवा करता है, समाज उसकी उपेक्षा करता

है, उसे हीन दृष्टि से देखता है। वास्तव में पाण्डेय जी ने बहुत ही सूक्ष्म दृष्टि से इस बात का अवलोकन किया है और किस प्रकार एक साहित्यकार समाज में रहते हुए कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने अस्तित्व को बनाए रखता है इसके बारे में पाण्डेय जी ने बताया है। सन् 1914 में पाण्डेय जी ने इसकी रचना की।

निष्कर्ष – पाण्डेय जी ने अपनी लेखनी विविध क्षेत्रों में चलाई है उनके व्दारा लिखी गई रचनाएँ, कवितायें, लेख नाटक, कोई भी भाषा में हो पर उनका बहुत महत्तव है। बीसवीं सदी में लिखी गई उनकी रचनाएँ आज भी पढ़ने में रोचक और ज्ञानवर्धक लगती है। उनकी अधिकांश रचनाएँ शिक्षा प्रद हैं जो हमें दिशा निर्देश देती हैं और जो हमें प्रेरित करती है चरित्र वान बनने के लिए उन्होंने ऐसी अनेक पुस्तकें लिखीं हैं जो पढ़ने में आज भी प्रासंगिक लगती है।

पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी ने लिखा है कि हमें कभी अभिमान नहीं करना चाहिए क्योंकि ये जीवन क्षणभंगुर है जो व्यक्ति ज्ञानी होता है वो इसका अभिमान नहीं करता और जो अभिमान करते हैं उनका कोई सत्कार नहीं करता है। हिंदी साहित्य में बाल साहित्य की रचना करने वाले कम रहे हैं और पाण्डेय जी उन गिने चुने कवियों में से एक हैं। बालकों के लिए उपादेय काव्य पुस्तक निकालने वाले पाण्डेय जी प्रथम कवि हैं। पाण्डेय जी के काव्य का उनके रचना जगत का समस्त पक्ष देखते हुए हम यह कह सकते हैं कि पाण्डेय जी ने परंपरा से हटकर अपने जीवन में साहित्य की अनमोल सेवा की। उन्होंने परम्परागत प्रचलित छंदों से हटकर नए छंदों में कवितायें लिखीं और उन छंदों को हिंदी में लोकप्रिय बनाया। अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण वे हिंदी कालीन कवियों की अंग्रिम पंक्ति में परिगणित रहे। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने साहित्य की नयी परम्पराओं को जन्म दिया। उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी छंद सानेट लिखकर छंदों की दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन का सूत्रपात किया। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने कविता के क्षेत्र में नयी शैली और भाषा के महत्व को अपनाया और उसे अपनी रचनाओं में स्थान दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तिवारी, राम चन्द्र (1972) – 'द्विवेदी युगीन काव्य' प्रथम संस्करण
2. द्विवेदी, महावीर प्रसाद – 'द्विवेदी काव्य माला'
3. पाण्डेय, ईश्वर शरण (2006) – 'बालपुर के पाण्डेय बंधु प्रथम संस्करण युगबोध डिजिटल प्रिंटर्स, रायपुर
4. पाण्डेय, ईश्वर शरण (2009) – 'पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय चयनिका' प्रथम संस्करण, छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रायपुर
5. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1910) – 'कविता कुसुम माला' इंडियन प्रेस, प्रयाग
6. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1915)– 'कृषक बाल सखा' जगन्नाथ प्रेस, बिलासपुर,
7. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1909)– 'नीति कविता', हरिदास एण्ड कम्पनी' कलकत्ता
8. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1997) – 'समय की शिला पर' (गुरूघासी दास विश्वविद्यालय का प्रकाशन, बिलासपुर) पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय जी की अंग्रेजी भाषा में लिखी आत्मकथा का हिंदी अनुवाद
9. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1920) – 'जीवन ज्योति'
10. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1914) – 'मेवाड़ गाथा' नरसिंह प्रेस कलकत्ता
11. पाण्डेय, लोचन प्रसाद (1912) – 'केदार गौरी', सरस्वती
12. छायावाद पुनर्मूल्यांकन(पंडित मुकुटधर पांडेय के संदर्भ में) (1995) – गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

मंगत रवीन्द्र के महाकाव्य प्रभात सागर का अध्ययन (संत गुरु घासीदास के विशेष संदर्भ में)

डॉ. रेखा दुबे* गणेश राम जांगडे **

शोध सारांश – सरिता की प्रवाहित धारा, समीर की निरंतरता, उदित रवि किरण, शशि की मनोहारी पुंज, इंद्रधनुष की अनुपम छटा, पुष्प की पावन परिमल, को कोई रोक नही सकता ऐसा ही एक साहित्यकार की साहित्यक प्रतिभा, कलाकार की कला पुष्प की तरह विकसित होती है। मंगत रवीन्द्र की प्रतिभा कला को इसी श्रेणी में प्रभात महासागर महाकाव्य का अध्ययन संत गुरु घासीदास के संदर्भ में रखा गया है। इन्होने अपने महाकाव्य में घासीदास के विविध सामाजिक अराजकता की स्थिति एवं उनसे किस तरह से छुटकारा पाने की प्रवृत्ति का वर्णन अपने महाकाव्य प्रभात सागर के माध्यम से किया है। जिसमें उसने उनकी सत्यता को सही एवं उचित ढंग से बखान कर उसका वर्णन किया है। इनकी प्रमुख कृतियॉ रतनजोत, छत्तीसगढ़ी भाषा व्याकरण, काव्य उर्मिला, कंचन पान, सतनाम सुधा, गुड़ ढिंढा, गीत गंगार, सुगंध धारा, दोहा मंजूषा, माता सेवा, मंगत रवीन्द्र बचपन से प्रतिभावान रहे। माता पिता भूमिहिन मजदूर थे। माता पिता की कृपा एवं स्वयं की मेहनत के बलबूतो पर इन्होने अपने मार्ग पर चले और सफलता की ओर अग्रसर भी हुए। इनका जन्म 04 अप्रैल सन् 1959 ग्राम गिधौरी कोरबा में हुआ। संघर्षो का सामना करते हुए उन्होने अपना अध्ययन किया और सफलता प्राप्त की।

प्रस्तावना – मंगत रवीन्द्र जी ने अपने महाकाव्य प्रभात सागर के माध्यम से संत गुरु घासीदास के बारे में जन्म से लेकर अंतिम क्षण तक का वर्णन विस्तार पुर्वक किया है। गुरु घासीदा द्वारा किया गया कार्य मानव जगत में व्याप्त वैमनस्य के तात्विक चिंतन से पूरित है। और इन्ही तात्विक चिंतन को पूर्ण करने के लिए संत गुरुघासी दास ने अपने सुविचारों के माध्यमों से सरलता और भाई चारा को विशेष महत्व प्रदान किया है। वास्तव में ज्ञान की प्राप्ति संतो की वाणी से आम जन मानस के लिए सहज एवं उचित होगा की उस मार्ग पर किस तरह से चल सकता है। और यही काम संत गुरु घासीदास ने आम जन मानस के लिए एक सच्चे पथ प्रदर्शक साबित हुए है। वह अपने विचारों का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए अपने वाणी को अभिब्यक्त किया है। संत गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर सन् 1756 को गिरौदपुरी में हुआ।

'वैचारिक क्रांति के जन्म दाता थे सद् गुरु घासीदास।
सतनाम ज्ञान के ज्योति जला के, मिटाया अंधविश्वास।।'

मंगत रवीन्द्र जी के कृतियों मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक परिवेश की कौतु हल स्थिति की रोचक साफ झलकती है। उसका सारा श्रेय मंगत रवीन्द्र के अनोखे और अप्रतिम बुद्धि बल का ही है। इन्होने सामाजिक समस्याओं को अपना क्षेत्र बनाकर नई क्रांति की जमीन तैयार की जहाँ तक रवीन्द्र जी के महाकाव्य प्रभात सागर की बात की जावे तो इसमें उन्होने संत गुरु घासीदास के सत्यता एवं समाज में व्याप्त कुसंगति को किस तरह से दूर किया है। इसके बारे में वर्णन किया है। साथ ही पशु के प्रति भी स्नेह की भावना का वर्णन है। मंगत रवीन्द्र का विचार है कि यह सृष्टि अपने आप में ही एक विचार है। और इनको जानना अत्यंत कठिन है। मंगत रवीन्द्र जी के महाकाव्य की सफलता का राज उनके अनुभव का होना है। प्रभात सागर ऐसा महाकाव्य है जो कि सतनाम समाज के लिए बहु उपयोगी और मार्ग दर्शक के रुप में है। इसकी भाषा शैली सरल सुबोध और बोधगम्य है। छंद, मात्रा, लय और ध्वनि एवं भाव के मोह वश पर्यायिक शब्दो का प्रयोग किया गया है। यह महाकाव्य ज्ञान विवेक और ऊर्जा का स्त्रोत है, जो कि समाज में व्याप्त कुरितियो को नि:सन्देह दूर करने में बहुत बड़ी भुमिका को निभा रहा है। गुरु घासीदास जी ने सत्य अहिंसा का मार्ग अपनाकर स्वान्त् सुखाय के साथ मानव समाज को नई दिशा एवं मानवीय गुणो से युक्त एक नयी किरण जगायी है। महाकाव्य प्रभात सागर में कुल सात प्रभात है। जिसमें प्रथम प्रभात में आरती से लेकर नारि धर्म का वर्णन है। द्वितीय प्रभात में सत्पुरुष अवतार पूर्व घटना, तृतीय प्रभात में गुरु घासीदास जी का जन्म और बाल लीलाएँ, चतुर्थ प्रभात में किशोर लीलाएँ, पंचम प्रभात श्री घासीदास की तपस्या एवं सिध्दि का वर्णन, षष्टम प्रभात गुरु घासीदास जी की कर्म भूमि की लीलाएँ एवं सप्तम प्रभात में सतनाम यात्राओं का क्रमश: वर्णन किया गया है।

'सत्यं धर्म: सत्यम् व्रत: सत्यहि यस्य जीवनम् ' (मनोहर दास नरसिंह)

अर्थात् सत्य ही धर्म है, सत्य ही व्रत है, तथा सत्य ही जीवन है। प्रभात सागर में विश्व को प्रकाशित करने वाले गुरु की महत्ता को दर्शाया गया है। गुरु की महिमा अलौकिक होती है, बिना गुरु के भव सागर से पार करना असम्भव है। जिस प्रकार भीषण गर्मी से धरती नदी, नाले वनस्पतियाँ सुख जाती है, और वर्षा की बुंदो से धरती हरी भरी हो जाती है। पशु पक्षी प्रफुल्लित हो जाते है, वन और बागों में नई कोपलें फुटने लगती है। ठीक उसी प्रकार गुरु का सानिध्य प्राप्त होने से व्यक्ति अपनी दुर्बुद्धि खो देता है। और सत् बुद्धि को प्राप्त करने लगता है। वाणी की मधुरता उतनी ही जरुरी है, जितना स्वाद में मीठा अर्थात् हमें ऐसी वाणी का प्रयोग करनी चाहिये जो सुनने में सुखदायक हो इस प्रकार गुरु घासीदास जी ने अपने विभिन्न उपदेशों के

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

माध्यम से समाज को दिशा प्रदान की और उन्हे सत्गति प्राप्त करने के के लिए मार्ग दर्शन प्रदान किया।

निष्कर्ष – मंगत रवीन्द्र के महाकाव्य प्रभात सागर में जो संतो की वाणी सत्यता भरी योगदान आम जन मानस के लिए उत्सुकता भरी योगदान रहा है। अपनी युवा अवस्था से लेकर गरीबी परिवेश पर इस महाकाव्य की रचना कर पाना बहुत ही कठिन काम रहा है। लेकिन उन्होने उस समाजिक वैमनस्य की स्थिति को सहकर प्रभात सागर महाकाव्य के माध्यमों से उन्होने संत गुरु घासीदास के सम्पूर्ण लीलाओं का बखान किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खरे गणेश, 1983 सतनाम सुनील साहित्य सदन रायपुर
2. जोशी दादू दयाल, 2001 सत्य ध्वज पत्रिका
3. जांगड़े पं. मोती चरण 2001, गुरु घासीदास देव अमर ग्रंथ
4. नृसिंह श्री मनोहर सिंह 2002, सतनाम मणीमाला
5. मनहर राज राजमहंत मुन्नू राम 2003 गुरु घासीदास जीवन परिचय
6. मिश्र सुभाष 2000 छ.ग. में सामाजिक जागृति के प्रणेता

****

ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य का अध्ययन (दलितो के विशेष संदर्भ में)

डॉ. रेखा दुबे* सरोजनी सोनी **

शोध सारांश – पिछले दशक के हिन्दी साहित्य की एक महत्वपूर्ण घटना है, दलित साहित्य का उभार यद्यति आज के दलित साहित्य के लेखन में अनेक पीढ़ीयो के रचनाकार सक्रिय है, लेकिन उनमें से अधिकांश का साहित्य सन्1990 के बाद ही प्रकाशित हुआ है। दलित साहित्य में कविता, उपन्यास, नाटका, कहानी, जीवनी और आलोचना का लगातार प्रकाशन हुआ है, विभिन्न पत्रिकाओ के दलित साहित्य विशेषांक भी निकले है। दलित साहित्य का आलोचना केवल हिन्दी तक सीमित नही है बल्कि यह एक अखिल भारतीय आन्दोलन है और इस अखिल भारतीय आन्दोलन में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओमप्रकाश वाल्मीकि जी का विशेष रूप में अग्रणी स्थान है। ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित साहित्य जगत के लिए सुपरिचित हस्ताक्षर है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि जी का जन्म 30 जून 1950 बरला, मुजफ्फरनगर, उतरप्रदेश भारत में हुआ उनका शिक्षा एम.ए.हिन्दी था, प्रकाशित कृतियाँ : कविता संग्रह – सदियो का संताम, बस्स, बहुत हो चुका, आत्म कथा –जुठन, कहानी संग्रह – सलाम, घुसपैठिए, आलोचना, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, डॉ.अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार, साहित्य भूषण पुरस्कार से सम्मानित हुए है।

प्रस्तावना – वाल्मीकि जी के दलित चेतना के प्रति तीव्र उत्सुकता और सतर्क संवेदनशीलता है, इसलिए वाल्मीकि अपनी रचनाशीलता के सामने खड़ी चुनौतियो का सामना करने मे सक्षम है। उनमें मनुष्य की प्रतिष्ठा है, जाति की पीड़ा है, वर्ण व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह है। समनावादी समाज की परिकल्पना है, मुक्ति संग्राम है, स्वतंत्रता की आकांक्षा है, भातृत्व है, लोकतांत्रिक आस्थाएं है। चुनौतियो से मुकाबला करने का साहस है, संघर्ष है। स्वाभिमान का बोध है और समाजिक परिवर्तन का लक्ष्य है।

साहित्य के क्षेत्र में – ओमप्रकाश वाल्मीकि का हिन्दी साहित्य में प्रतिष्ठित स्थान है। जीवन की अनुभूतियो एवं हृदय की पीड़ा उन्हे साहित्य के क्षेत्र में शब्द विद्यान करने के लिए प्रेरित करती है। उनका साहित्य उनके द्धारा भोगे हुए यथार्थ का प्रतिनिधि है। वाल्मीकि जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार है। उन्होने कविता,कहानी,आत्मकथा आदि विद्याओ पर अपनी लेखनी चलाई है। साथ – साथ उन्होने आलोचना ,अनुसंधान ,अनुवाद सम्पादन आदि क्षेत्रो में भी अपना बहुमूल्यवान योगदान दिया है।

कविता संग्रह – सदियो का संनाप, बस्स ! बहुत हो चुका अब और नही

कहानी संग्रह – सलाम, घुसपैठिये, सलाम दलित जीवन का आईना है, इस कहानी संग्रह में कुल चौदह कहानियां हैं ।सलाम, बिरमबहु पच्चीस, चौका डेढ़ सौ इस संग्रह की चर्चित कहानियां है। सभी कहानियो में उपेक्षित और वचित दलित जीवन के विविध पक्षो को प्रस्तुत किया गया है। उन्होने दलित जीवन के पीड़ा संत्रास और छटपटाहट, जीवन की विवश्ता को रचनात्मक रूप प्रदान किया। उन्होने शोषित जन समूह के अस्मिता को उभारा और समाज की विसंगतियो पर प्रहार किया।

घुसपैठिए एक ऐसी कहानी है जो मेडिकल कॉलेज के दलितो छात्रो पर लिखी गई है। जो वाल्मीकि जी ने इस कहानी द्धारा समाज में फैली जाति व्यवस्था को प्रकाश में लाने का प्रयास किया है। मेडिकल कॉलेज के एक–एक दलित छात्र कैसे बली की वेदी पर चढ़ता है। क्या दलित डॉक्टर या इंजिनियर नही बन सकते ? उनके दलित होने के कारण उन्हे आरक्षण मिलता है ,तो इनमें उनका क्या दोष ? कहानी में इन्ही सवालो को उढ़ाने का प्रयास हुआ है।

आत्मकथा – जुठन – जुठन समाजिक सडांघ को उजागर करने वाले दलित लेखन ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा है। लेखक के शब्दो में – दलित जीवन की पीड़ाए असहनीय और अनुभव –दग्ध है। ऐसे अनुभव जो साहित्य अभिव्यक्तियो में स्थान नही पा सके। एक ऐसी समाज व्यवस्था में हमनें सासे ली है जो बहद क्रुर और अमानवीय है। दलितो के प्रति असंवदेनशील भी।

आलोचनात्मक साहित्य – दलितो साहित्य का संदर्भशास्त्र सफाई देवता,मुख्य धारा और दलित साहित्य, नाटक, अनुवाद, पत्रपत्रिकाएं, सम्पादन इत्यादि क्षेत्रो में, ओमप्रकाश वाल्मीकि जीने योगदान दिये है।

निष्कर्ष – ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित साहित्य लेखन के अग्रणी कवि है, उन्होने दलित साहित्य के कवि के रूप में ही नही बल्कि कहनी, आलोचना के क्षेत्र में भी अपनी समर्थ पहचान बनाई है। उन्होने नाटक तथा आत्मकथा लिखकर दलित साहित्य लेखन में अपनी विशिष्टता का परिचय दिया है। दलित समाज में जन्मे, पले और बडे हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपने साहित्य में 'दलित' भावना को प्रस्थापित किया है,जिसको समाज देखकर भी अनदेखा कर रहा था। वाल्मीकि जी ने दलित समाज की पीड़ा और आक्रोश को अपने साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्लाम ओमप्रकाश वाल्मीकि

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

2. दलित समाज दशा और दिशा –डॉ. राजवीर सिंह
3. घुसपैठिये – ओमप्रकाश वाल्मीकि
4. ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियो में समाजिक लोकतांत्रिक चेतना – सं. हरपाल सिंह ,अरूष
5. जुठन – ओमप्रकाश वाल्मीकि

****

चीन में बौद्ध आचार्य और दार्शनिक

डॉ. पूर्णिमा शर्मा *

शोध सारांश – छठी शताब्दी ई.पू. को धार्मिक क्रांति का युग मानने में हमें जो प्रेरणा बौद्ध धर्म के अभ्युदय से होती है, उतनी अन्य किसी धर्म से नहीं इसका प्रमुख कारण यह है कि इस धर्म ने विश्व के अधिकांश भागों को प्रभावित किया था और इसके अमर संदेश से सम्पूर्ण विश्व को शांति स्थापना की प्रेरणा मिली थी। धम्म के प्रचार के लिए महात्मा बुद्ध ने देश के कोने-कोने में पदयात्राएँ की। उनके शिष्यों ने भी इस प्रचार कार्य को आगे बढाया।

शब्द-कुंजी – बौद्ध आचार्य, चीनी, ग्रंथ, संस्कृत, प्रतिभा, कीर्ति।

प्रस्तावना – गुप्त युग में अनेक बौद्ध आचार्य और भिक्षुगण भारत से बाहर हिमालय की उंची श्रेणियों और शिखरों को तथा अगाध समुद्र को पार कर अन्य देशों में बौद्ध धर्म के प्रचार तथा भारतीय संस्कृति के प्रसार हेतु अदम्य उत्साह से गए। चीन में भी ऐसे बौद्ध भिक्षु, आचार्य और दार्शनिक भारत से पहुँचें और बौद्ध धर्म के संस्कृत और पाली ग्रंथों के प्रामाणिक अनुवाद चीनी भाषा में प्रस्तुत किए। इन बौद्ध आचार्यों और विद्धानों में गौतम संघदेव, कुमारजीव, बुद्धभद्र, बुद्धयश, धर्मरक्ष, गुणवर्मन, गुणभद्र, बौधिधर्म, संघपाल आदि अधिक प्रसिद्ध हैं। जिन मूल संस्कृत के ग्रंथों का इन्होंने चीनी भाषा में अनुवाद किया था, वे ग्रन्थ आज भारत में उपलब्ध नहीं है, परन्तु उनमें से कई ग्रंथों के चीनी अनुवाद आज प्राप्त है।

प्रमुख बौद्ध दार्शनिक निम्नलिखित हैं :

1. **गौतम संघ देव :** चीनी विद्धानों ने गौतम संघदेव की गणना बौद्ध धर्म के महान आचार्यों में की है। बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु वह भारत से चीन गया और सन् 381 में वह दक्षिण चीन पहुँचा और बाद में चंगमान और नानकिंग भी गया। उसकी विद्धता, प्रतिभा और धर्म निष्ठा से प्रभावित होकर उसके निवास और अध्ययन-अध्यापन के लिए बौद्ध मठ का निर्माण किया गया। वह संस्कृत और चीनी भाषा का प्रकाण्ड विद्धान था। उसने कुछ महत्वशाली बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में स्वयं अनुवाद किया और कुछ बौद्ध ग्रंथों का अनुवाद अपने विद्यार्थियों की सहायता से सम्पन्न किया।

2. **बुद्धयश :** इसका जन्म काश्मीर के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। विदेशों के बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु वह काशगर पहुँचा। वहाँ 10 वर्ष तक धर्म का प्रचार करने के बाद वह काशगर से कूचा होता हुआ चीन पहुँचा। वहाँ वह कुमारजीव के सम्पर्क में आया और उसके साथ रहकर बुद्धयश ने कई बौद्धग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। कुमारजीव के देहावसान के बाद वह चीन से काश्मीर लौट आया था। मध्य एशिया एवं चीन में बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु एवं बौद्ध ग्रंथों का चीनी अनुवाद हेतु बुद्धयश सदा चिरस्मरणीय रहेगा।

3. **गुणवर्मा :** यह काश्मीर के राजवंश से संबंधित था। बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु वह काश्मीर से लंका और वहाँ से जावा चला गया। यहाँ जावा के राजवंश के सभी सदस्यों ने बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। जब उसकी विद्धता और प्रतिभा की कीर्ति चीन पहुँची तब नानकिंग के बौद्ध संघ ने चीनी सम्राट से निवेदन किया कि वह गुणवर्मा को चीन आमंत्रित करे। फलत: चीनी सम्राट के अनुरोध पर गुणवर्मा सन् 431 में नानकिंग पहुँचा, जहाँ राज्य की ओर से उसके निवास के लिए एक विशिष्ठ मठ निर्मित किया गया। उसने ग्यारह बौद्ध ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया।

4. **धर्मक्षेम :** बौद्ध धर्म में दीक्षित होने के बाद वह बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु काश्मीर, कुचा होता हुआ चीन पहुँचा। बौद्ध धर्म के प्रचार के साथ साथ उसने सन् 414 से 432 तक कई बौद्ध ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। सन् 432 में उसने चीन के स्थानीय शासक से भारत लौटकर कुछ प्रसिद्ध बौद्ध ग्रन्थों की पांडुलिपियाँ लेकर पुन: चीन आने की अनुमति मांगी किन्तु चीनी शासक ने उसे अनुमति नहीं दी। इसकी उपेक्षा करके धर्मक्षेम सन् 434 मे भारत के लिए चल पड़ा। नाराज होकर चीनी सम्राट ने उसका वध करवा दिया।

5. **कुमारजीव :** कुमारजीव के पिता कुमारायण बौद्ध भिक्षु होकर भारत से बाहर चीनी तुर्किस्तान में कूचा चले गए। कूचा नरेश ने इनकी विद्धता से प्रभावित होकर इनको राजगुरू के पद पर नियुक्त किया और कालांतर में अपनी पुत्री जीवा का विवाह इनसे कर दिया। कुमारायण और जीवा के पुत्र थे – कुमारजीव। सात वर्ष की आयु में कुमारजीव बौद्ध भिक्षु बन गए। कश्मीर में बौद्ध धर्म की शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत कूचा लौट आए और तीस वर्ष तक वहीं रहें। 383 ई. में चीनी सेनापति ने कूचा पर आक्रमण करके वहाँ के अन्य कई व्यक्तियों के साथ कुमारजीव को भी बंदी बना लिया। कुमारजीव को चीनी सम्राट के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। चूँकि कुमारजीव की कीर्ति चीन पहुँच चुकी थी इसलिए चीनी सम्राट ने उसे बंदीगृह से मुक्त कर राजधानी में रखकर उन्हें उच्च गुरू के पद पर नियुक्त किया। उन्होंने चीन में बौद्ध धर्म का उपदेश दिया और बौद्ध धर्म के अनेक ग्रन्थों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। विभिन्न ग्रंथों के अनुवाद कार्य के लिए कुमारजीव की सहायता के लिए 800 बौद्ध भिक्षु नियुक्त किए गए और कुमारजीव के द्वारा कई भारतीय बौद्ध विद्धान चीन में आमंत्रित किए गए। कुमारजीव के अनुरोध पर पुण्यजात, संघभूति, बुद्धयश, गौतम संघदेव, धर्मयश, विमलाक्ष, बुद्धजीत, गुणवर्मन, गुणभद्र और बुद्धवर्मन विशेष उल्लेखनीय हैं। कुमारजीव के पर्यविक्षण में 106 संस्कृत के प्रामाणिक बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया गया। चीन में ही सन् 413 ई. में कुमारजीव का देहावसान हुआ। चीन में आए हुए बौद्ध आचार्य और प्रचारकों में कुमारजीव सबसे अधिक प्रसिद्ध माने जाते हैं।

6. **परमार्थ :** परमार्थ मालवा के उज्जैन के निवासी थे। अपनी शिक्षा

* सह-प्राध्यापक (इतिहास) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

समाप्त करने के बाद परमार्थ पाटलिपुत्र चले गए। वहाँ बौद्ध धर्म के प्रकाण्ड विद्धान के रूप में इनकी प्रसिद्धि फैल चुकी थी। सन् 538 में चीन के धर्मप्रेमी सम्राट उटी ने विद्धानों का एक दल भारत से बौद्ध धर्म के संस्कृत ग्रंथों को लाने के लिए भेजा। वह परमार्थ की कीर्ति सुनकर चीनी विद्धानों ने पाटलीपुत्र नरेश से परमार्थ को चीन भेजने का निवेदन किया। फलत: परमार्थ इस दल के साथ चीन चले गए। सन् 548 ई. में वे नानकिंग चले गए। वह 20 वर्ष तक रहकर उन्होंने लगभग 70 ग्रंथो का अनुवाद चीनी भाषा में किया। उनके द्धारा अनुवादित मूल संस्कृत ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है, किन्तु चीनी भाषा में अनुवादित ग्रंथ आज भी विद्यमान है। महत्वपूर्ण ग्रंथ इस प्रकार है – महायान, श्रद्धोत्पाद शास्त्र, संधिनिर्मोचन सूत्र, छेदिका प्रज्ञा पारमिता सूत्र, विज्ञप्ति मातृतासिद्धी, अभिधर्म कोष व्याख्या, लक्षणानुसार शास्त्र आदि। इसके अतिरिक्त इन्होंने ईश्वर कृष्ण के ग्रंथ सांख्यकारिका और संभवत: माठराचार्य की वृत्ति के साथ चीनी भाषा 'सुवर्णसप्तति शास्त्र' के नाम से अनुवाद किया। इन्होंने वसुबंधु का जीवन चरित्र भी लिखा। लगभग बीस वर्षो तक अनुवाद का और साहित्यिक ग्रंथों की रचना का कार्य करते रहने के बाद सन् 518 में चीन में कैण्टन मे इनका देहावसान हुआ।

7. **जिनगुप्त :** इनका जन्म कंधार और शिक्षा पुरूष पर में हुई थी। सत्ताईस वर्ष की उम्र में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए वह कपिशा, ताशकुर्धान, खोतान होता हुआ 557 ई. में चीन पहुँचा। यहाँ उसके निवास और अध्ययन के लिए राज्य की ओर से एक बौद्ध विहार निर्मित किया गया। यहाँ रहकर जिनगुप्त ने कुछ बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। कुछ समय तुर्की रहने के बाद चीनी सम्राट के आमंत्रण पर वह पुन: चीन लौट आया। सन् 585 तक उसने चीन में रहकर अनुवाद कार्य किया।

8. **धर्मगुप्त :** यह गुजरात का निवासी था। कन्नौज में रहकर बौद्ध धर्म ग्रंथों का अध्ययन कर वह बौद्ध भिक्षु बन गया। बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए कपिशा, तुखार, बदक्शा, बखान, ताशकुर्धान, काशगर होते हुए कूचा चले गए। सन् 590 में वे चंगगन पहुँचे। यहाँ कई वर्षो तक बौद्ध धर्म का प्रचार और प्रसार करते रहे और इसके बाद वह लो-यंग चले गए जहाँ सन् 610 में उनका देहावसान हो गया। अनेक बौद्ध ग्रंथों का उन्होंने चीनी भाषा में अनुवाद किया।

निष्कर्ष – उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि भारत की आध्यात्मिक धन संपदा के प्रसार में धर्म गुरुओं की महती भूमिका रही है। यद्यपि इन बौद्ध विद्धानों, आचार्यो और भिक्षुओं की कीर्ति भारत में लुप्त हो गयी है, परंतु चीन में आज भी वह विद्यमान हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रबोधचन्द्र बागची – इंडिया एण्ड चायना
2. प्रभात कुमार मुकर्जी – इंडियन लिटरेचर अब्राड
3. बी.एन. लूणिया – गुप्त साम्राज्य का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास
4. रमेषचन्द्र मजूमदार – क्लासिकल एज
5. बुद्धप्रकाश – स्टडीज इन इंडिया हिस्ट्री एण्ड सिविलाईजेशन
6. परमेश्वरीलाल गुप्त – गुप्त साम्राज्य
7. यू.एन.घोशाल – स्टडीज इन इंडियन हिस्ट्री एण्ड कल्चर

****

Indian Naval Forces : Making nations sea power formidable and future alert - A Naval Build-up

Santosh Ambhore* **Ashok Sharma****

Abstract - The Indian Navy has been focusing on developing indigenous platforms, systems, sensors and weapons as part of the nation's modernisation and expansion of its maritime forces. As of 2014 the Indian Navy has 41 vessels of various types under construction, including an aircraft carrier; destroyers; frigates; corvettes; and conventional-powered and nuclear-powered submarines. In 2013 a senior naval official, Rear Admiral Atul Kumar Jain, outlined the Indian Navy's intention to build a 200 ship navy over a 10-year period. According to Chief of Naval Staff, India has transformed from a buyer's navy to a builder's navy. All 41 ships under construction are being produced in Indian shipyards, both publicly and privately owned. However some projects have suffered from long delays and cost overruns. Among the many factors influencing the need for modernization of our naval forces, the looming threat of nations with their own political agendas is especially significant. The freedom of access offered by seas to every nation of the world makes it imperative for us to have a ready, capable force at all times. Ideally, the Indian naval force is expected to become a strong maritime power by 2030. While there have been delays in projects, the country is gradually inching towards that goal and stands ready to face potential threats.
Key Words - Indian Ocean, Indian Navy, Modernization, Defence, two-front war.

Introduction - The Indian Navy's Foray into indigenisation began over five decades ago with the design and construction of warships in the country. Today, forty eight of its state-of-the-art ships and submarines are under construction in Indian shipyards, both public and private, a clear reflection of the Indian Navy's enduring support to India's indigenous warship building endeavour. While much has been achieved in our pursuit of indigenisation over the past decades, the time is now ripe for launching into a new phase of self-reliance by manufacturing technologically advanced equipment within India, in pursuance of the Government of India's vision of 'Make in India'. Recognising this, the Indian Navy has embarked upon an initiative to evolve a guideline document, the "Indian Naval Indigenisation Plan (INIP) 2015-2030", to enunciate the need for developing various advanced systems for its platforms. This document supersedes the Indigenisation Plan published in 2008 for the period 2008-2022. This document is aimed to enable indigenous development of equipment and systems over the next 15 years. It attempts to formulate the requirements of Indian Navy and lists out the equipment which can be taken up for indigenisation in the coming years. It is expected that release of this plan would further synergise Indian Navy's relationship with the industry and encourage all sectors of industry to come forward and participate in indigenous development of weapons, sensors and other high end equipment for the Indian Navy, thereby making the nation self-reliant in this vital domain of defence technology

The Indian Navy is the naval branch of the Indian Armed Forces. The President of India is the Supreme Commander of the Indian Navy. The Chief of Naval Staff, a four-star admiral, commands the navy. The Indian Navy traces its origins back to the *East India Company's Marine* which was founded in 1612 to protect British merchant shipping in the region. In 1793, the East India Company established its rule over eastern part of the Indian subcontinent i.e. Bengal, but it was not until 1830 that the colonial navy was titled as *His Majesty's Indian Navy*. When India became a republic in 1950, the *Royal Indian Navy* as it had been named since 1934 was renamed to *Indian Navy*. The primary objective of the navy is to safeguard the nation's maritime borders, and in conjunction with other Armed Forces of the union, act to deter or defeat any threats or aggression against the territory, people or maritime interests of India, both in war and peace. Through joint exercises, goodwill visits and humanitarian missions, including disaster relief, Indian Navy promotes bilateral relations between nations. As of 1 July 2017, 67,228 personnel are in service with the Navy As of March 2018, the operational fleet consists of one aircraft carrier, one amphibious transport dock, eight landing ship tanks, 11 destroyers,13 frigates, one nuclear-powered attack submarine, one ballistic missile submarine, 14

*Department of Chemistry, Government Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA
** Department of Military Science, Government Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA

conventionally-powered attack submarines, 22 corvettes, one mine countermeasure vessel, four fleet tankers and various other auxiliary vessels.

The Indian Navy has been focusing on developing indigenous platforms, systems, sensors and weapons as part of the nation's modernisation and expansion of its maritime forces. As of 2014 the Indian Navy has 41 vessels of various types under construction, including an aircraft carrier; destroyers; frigates; corvettes; and conventional-powered and nuclear-powered submarines. In 2013 a senior naval official, Rear Admiral Atul Kumar Jain, outlined the Indian Navy's intention to build a 200 ship navy over a 10-year period.[1] According to Chief of Naval Staff Admiral RK Dhawan, India has transformed from a buyer's navy to a builder's navy. All 41 ships under construction are being produced in Indian shipyards, both publicly and privately owned. However some projects have suffered from long delays and cost overruns. Increasing Chinese People's Liberation Army Navy interest in the Indian Ocean region has led the Indian Navy to invest more in anti-submarine ships, such as the *Kamorta*-class corvette, long-range maritime reconnaissance aircraft, and ships such as the *Saryu*-class patrol vessel and unmanned aerial vehicles such as the IAI Heron-1. However the lack of a strong submarine fleet has diminished its capabilities to some extent.

Modernization of Indian Naval Forces - The maritime environment of the 21st century is highly complex, influenced by constantly varying political and socio-economic currents. Technology plays an indivisible role in determining the strength of the maritime forces today making it evident that modernization is the way forward if a nation aims to establish and maintain supremacy over the waters. When it comes to shipping, modernization is not limited to the huge frigates or stealth submarines. It encompasses all relevant spheres, from smaller boats, infrastructure, logistics and operations, to ports and service centres. Modernization entails a whole change in the basic approach towards boat building, right down to the basics. As one of the leading maritime nations in the world, India has embraced modernization as well, with the intention of becoming a technically strong adversary along its complete coastline. Seeing these intense preparations for a modern, technologically advanced navy, one wonders what the reason is, for all these efforts – or in other words, what is the need for modernization. Add to that the fact that modernization of varying levels is implemented across all the different naval powers functioning in India, such as the Indian navy, the Indian Coast Guards (ICG), the Border Security Force (BSF), and the merchant navy to name a few.

Among the many factors influencing the need for modernization of our naval forces, the looming threat of nations with their own political agendas is especially significant. The freedom of access offered by seas to every nation of the world makes it imperative for us to have a ready, capable force at all times. Maritime terrorism and piracy have increased over the years as well, which threaten the social integrity of our civilization. The rampage of these activities at sea causes great loss of life and property to the detriment of the economy. To combat these activities, a modern naval force is a must. The third reason is maritime diplomacy and regional expansion for safeguarding trade at sea. We know that 90% of India's trade by volume is carried out by sea. The security of these goods and their efficient transportation depends to a great extent on the efficiency of the ship. Consequently, this requires modernization. Last, but not the least, environmental considerations are a major factor influencing modernisation. Green is the new blue is gradually becoming the new mantra, as the fleet of the future is expected to be much more fuel-efficient and non-polluting than the ones we see currently. The Indian Navy is chiefly responsible for handling the military activities in our ocean territories. Consequently, the drive towards modernization has been from a military perspective, aimed at making India a strong maritime military power by 2030. According to the Maritime Security Strategy published in 2016, the Indian Navy has evolved over the years to become a multi-dimensional force, with a combination of ships, boats, submarines, and aircraft having strong satellite communication systems. Indigenization for self-reliance and self-sufficiency is one of the primary approaches under this modernization effort, as is maritime domain awareness, power projection, and sea control. To this end, some of the projects that are on the naval horizon are:

- **Indigenous Aircraft Carrier –** The INS Vikrant is under construction at the Cochin Shipyard, expected to be complete by 2023. The feasibility study for IAC-2 is also underway
- **Projects 15A and 15B –** These ships are follow-ons to the *Delhi* class destroyers, under development at Mazgaon Docks Limited, Mumbai.
- **Project 17A –** Seven stealth frigates of the *Shivalik* class are under construction at government and private docks.
- **Project 75 and 75(I) –** The projects helms the development of 6 Scorpene submarines, some in collaboration with international manufacturers, under construction at Mumbai. The first of these, the INS Kalvari was launched in 2015.
- **Immediate Support Vessel –** These are rescue boats equipped with modern life-saving equipment and made of sustainable material. An order for 14 ISVs was placed at SHM Shipcare, out of which 11 have been commissioned.
- **Training Ship –** Three new training ships are under construction at ABG Shipyard, Surat. It is evident that the Indian Navy is implementing a multi-pronged plan in developing national capabilities and simultaneously improving the supporting infrastructure for a holistic approach towards surface combat modernization.

Challenges for Modernization - The road for overcoming

challenges for naval modernization is far from smooth. The modernization of coastal protection forces is hampered by a lot of factors, some of which are discussed here.

1. **Project Delays due to Limited Capital Allocation -** The capital allocation for naval modernization has been sluggish over the years, with budget constraints leading to slashed quotas. As a result, several projects are being stalled or delayed indefinitely, till the projected expenses fall in place. This includes the postponing of several high-profile ships of the Indian fleet, which are expected to play an important role in bolstering the naval military strength.

2. **Shortcomings of Existing Coast Protection -** Despite the current three-tier structure of coastal protection, there have been glaring slips through the levels of the defence. There are many instances in the recent past where small boats and rouge ships have travelled close to coastline before being detected by fishermen or locals. These incidents expose the glaring shortcomings of the coastline protection forces, which does not seem to have improved although the number of boats and patrols is supposed to have increased.

3. **Inadequate Training -** The lack of training of coastal personnel in the new technology being implemented on boats is also one of the reasons why modernization is hampered. For efficient operation, training is a must. However, as the number of people available to train personnel is less, advanced technology cannot be used on the boat, which in turn leads to aversion towards technology.

Making India's sea power formidable and future-ready - China's growing interests, ambitions and military capabilities pose challenges for India. This paper examines China's maritime interests and the dynamics of Indian responses at the maritime operational levels. The paper examines opportunities to counter China in the IOR, as well as options for the Indian Navy in the South China Sea. At operational levels, the Navy may need to think differently about ASW, carrier operations and power projection, expeditionary capabilities as well as in space and cyber-warfare. In order to become formidable and future-ready, The Navy may have to think afresh about opportunity costs for force-structures that would be needed for greater effectiveness in likely future operational and tactical environments. The Indian Navy has been nurtured well and, when combined with agile force structuring, greater jointness, leveraging statecraft and maritime geography, it could become even more formidable and future-ready.

India and China will both observe their centennials in 2047 and 2049, respectively. In China's case, much of the world is already aware of the upcoming landmark year and the determined way in which Chinese leadership has steered the ship of state towards great power, especially in the last three decades. India, meanwhile, is on the slower track, steering steadily, but with less vigour. Indeed, there are far fewer "Project 2047" watchers in the scholarly world as there are for "China 2049". In the next two decades, China is certain to be even more deeply involved as a geopolitical and geo economic player in the entire IOR, as well as beyond the littoral into the African continent and deeper into West Asia. Neither the colonial period of competing empires, nor the American spread of influence during the Cold War provides much that is comparable. The Belt and Road Initiative (BRI) and its flagship, the China Pakistan Economic Corridor (CPEC), would be two major conduits for commerce and strategic influence. Never before has a synthesis of Mackinder Mahan and Spy man enabled any nation or empire to potentially straddle such a vast multi-continental expanse. This is not to say that the political and social dimensions of influence could be akin to what European empires had within their colonies. Neither would it be more biased towards the type of politico- military influence that the US had upon many regimes in the decades after World War II. Shah's Iran, some other West Asian countries, Pakistan, and the Philippines are some examples. It may be said that eventually the Chinese would be in a position to call the shots and pull strings in several countries in the IOR/ Indian Ocean Rim Association for Regional Cooperation (IOR-ARC). This would be an amalgam of some of the colonial as well as American influences that have been mentioned. There is, however, an important consequence for the world in general. It is that China's ambitious grand strategy will inevitably have to be underwritten by military power. For India, for other democracies or indeed for nations within Asia-Indo-Pacific, to pretend or hope that it would not be so could be an egregious "postponement of precaution."

The sobering arithmetic of a two-front war - As India's relations with both China and Pakistan continue to deteriorate, the country's policy-makers must contemplate the unpleasant possibility of a 'two-front' war with both countries. Whether or not such a war would be overtly collusive between China and Pakistan – that is, whether they would pre-plan a joint attack on India or it would be a case of strategic opportunism – it is clear to many in positions of authority that the Indian military remains fundamentally unprepared for such a challenge. But it can also be argued that a two-front force ratio (ratio of Pakistani and fraction of Chinese inventories to India's) has evolved and varied considerably over time, as China continues to rapidly modernise and numerically increase its military (through significant increases in defence spending) while Indian military preparedness flounders. In this report, such an evolution and variation of a two-front force ratio is quantitatively examined using time-series data constructed from ten IISS *Military Balance* volumes, from 2008 to 2017, with the assumption that the data are accurate and consistent across years. The key finding of the report is that this force ratio – never in India's favour to begin with – is currently shifting in favour of the adversary both for the Indian Army as well as – more strikingly – for the Indian Air Force, even after considering smaller fractions of the Chinese military involved in a two-front conflict. The naval picture, when it comes to the time-series trends, is

marginally better than that of the other two services, though the force ratios themselves remain problematic for India. The report also includes the overall nuclear balance between India, Pakistan, and China, for the sake of completeness (using *Bulletin of Atomic Scientists* data). A caveat is in order. The report works with only 11 (conventional) equipment variables and a simple quantitative assessment. Therefore, a much more granular study is necessary for a firm establishment of the results. It is also quite likely that should India face a two-front threat, other powers will step in on its behalf; therefore, the effective forces available to India may be much higher than just Indian forces. Having said that, the results that do appear are disturbing enough and portend ill for India in the event of a collusive threat from Pakistan and China. It also points to an urgent need to make qualitative and quantitative improvements in the Indian military.

A two-front war could start against India in three different ways. Firstly, Pakistan takes advantage of an India-China conflict. Secondly, China engages in strategic opportunism in an India-Pakistan conventional military engagement. Finally, China and Pakistan collude to launch a surprise-coordinated attack from both India's east and west. Of these scenarios, the first is the most probable given that China would be hesitant to be seen as being either opportunistic or overtly aggressive at a time when Beijing is engaging in a hard sell of its global aspirations throughout Asia. This also seems the case because of the simple fact that if China was to take on India directly, it could very well do so without Pakistani assistance. The likely possibility is a border war between India and China which Pakistan exploits to open a front across Kashmir to compensate for its inferior force ratio vis-à-vis India.

Naval Modernization Reflects India's 'Ambition to Project Power' - The Indian government recently approved more than 16 billion USD to build advanced naval warships as well as nuclear-powered submarines. A major spender on defense, India is the world's largest weapons importer. The South Asian nation depends on foreign countries, particularly Russia and the US, for most of its military gear. The reliance on imports reflects the inability of the country's armaments manufacturers to make state-of-art equipment that meets the requirements of the nation's armed forces. But since taking over in May last year, India's Prime Minister Narendra Modi has barely hidden his desire to change the state of affairs. In a bid to kick start the moribund domestic defense industry, the Modi administration has raised the foreign investment cap to 49 percent, and encouraged multinational arms companies to set shop and "Make in India." The decision to build naval vessels and submarines in India is seen as part of the administration's plan to ramp up the nation's domestic defense industrial base. Furthermore, the move is also viewed as an attempt by India to bolster its naval defenses, as the country's leaders seem increasingly concerned about China's expanding naval presence in the Indian Ocean region.

References :-

1. See distinctions on brown, green and blue waters navies, Paul Pryce, "The Brazilian Navy: Green Water or Blue?" Centre for International Maritime Security (CIMSEC), 27 January 2015.
2. James R. Holmes and Toshi Yoshihara, "China's Naval Ambitions in the Indian Ocean," *The Journal of Strategic Studies* 31, no.3 (June 2008): 372.
3. See S. Paul Kapur and William C. McQuilkin, "Preparing for the future Indian Ocean Security Environment," *Defence Primer 2017,* Observer Research Foundation, New Delhi, 23 February, 2017.
4. *Ensuring Secure Seas: Indian Maritime Security Strategy,* Integrated Headquarters (Ministry of Defence, New Delhi 2015), 55 *Navy Maritime Domain Awareness Concept,* Department of the Navy, Chief of Naval Operations, Washington D.C., 2007,
5. http://www.navy.mil/navydata/cno/Navy_Maritime_Domain_Awareness_Concept_FINAL_2007.pdf.
6. Darshana M. Baruah, "Expanding India's Maritime Domain Awareness in the Indian Ocean," *Asia Policy* 22, July 2016, 49–55.
7. Andrew S. Erickson and Michael S. Chase, "Informatization and the Chinese People's Liberation Army Navy," in *The Chinese Navy: Expanding Capabilities, Evolving Roles*, eds. Phillip C. Saunders, Christopher Yung, Michael Swaine and Andrew Nien-dzu Yang (Washington D.C.:enter for the Study of Chinese Military Affairs, Institute for National Strategic Studies, National Defense University, 2011), 256.
8. http://www.navy.mil/navydata/cno/Navy_Maritime_Domain_Awareness_Concept_FINAL_2007.pdf.
9. Friedman, "Shaping Naval Power: Implications of the naval build-up in Asia," 132 Interview with former Senior Indian Naval Officer.
10. "What is GSAT-7 Rukmini?" *The Indian Express,* 5 July2017, http://indianexpress.com/article/what-is/india-rukmini-gsat-7-satellite-china-indian-ocean-region-sikkim-standoff-4736318/.
11. Tapan Mishra, S.S. Rana, N.M. Desai, D.B. Dave. Rajeevjyoti, R.K. Arora, C.V.N. Rao, B.V. Bakori, R. Neelakantan and J.G. Vachchani, "Synthetic Aperture Radar Payload on-board RISAT-1: configuration, technology and performance," *Current Science* 104, no. 4 (25 February 2013): 447–448.
12. Cited in Ajai Shukla, "Pentagon Report: Indian Navy's new submarine hunter is ineffective," *Business Standard,* 5 February 2018, http://www.business-standard.com/article/economy-policy/pentagon-report-indian-navy-s-new-submarine-hunter-is-ineffective-114012500673_1.html.

****

हिन्दी उपन्यास एवं सिनेमा में अंतर्सम्बन्ध

डॉ. आँचल श्रीवास्तव* विजेन्द्र कुमार साहू**

शोध सारांश – हिंदी सिनेमा ने सदैव समाज को नई दिशा प्रदान की है। भारत में ऐसी कितनी ही फिल्में हैं जो हिंदी साहित्य पर बनाई गई हैं और दर्शकों ने उन्हें काफी सराहा भी है। हिन्दी उपन्यास पर बनी फिल्में सबसे अधिक दर्शकों के मन को भाया है। क्योंकि यह उपन्यास इतने रोचक ढ़ंग से लिखे गये थे कि पाठकों के हृदय को झकझोर कर रख दिया। यदि इस प्रकार के उपन्यास पर कोई फिल्मांकन करते है और उस फिल्म का अभिनय उतना ही अच्छा होता है तो यह उपन्यास एवं सिनेमा जगत की बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। सिनेमा हिंदी साहित्य एवं उपन्यास से कभी भी अनभिज्ञ नहीं रह पाया है। हिंदी सिनेमा केवल मनोरंजन का पात्र नहीं बना किंतु उसने ऐसी कई भावनाओं को जन्म दिया जिसने एक नए भारत का भविष्य निर्धारित किया। हिंदी साहित्य के धरातल पर उतरी फिल्म न केवल एक फिल्म मात्र होती है अपितु वह एक वासना रहित सरल हृदय की कहानी होती है।

प्रस्तावना – हिन्दी उपन्यास और सिनेमा का मूल स्वभाव एक-दूसरे से काफी अलग है और यही अलगाव इस रूपान्तरण में बाधा पैदा करता है। उपन्यास/कहानी/नाटक को पटकथा के ढाँचे में फिट करना सबसे बड़े व्यवधान के रूप में सामने आता है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए निर्देशक कभी साहित्य में कुछ जोड़ता तो कभी घटाता है। फिल्मांकन के दौरान उपन्यासों में आये उन परिवर्तनों के कई परिप्रेक्ष्य हो सकते है। स्त्री-परिप्रेक्ष्य से इन परिवर्तनों को देखते हुए यदि हम प्रेमचंद के 'गोदान' पर बनी त्रिलोक जेटली की फिल्म 'गोदान' की बात करें तो पाते हैं कि, 'गोदान' उपन्यास को यदि हम फिल्म में ढूँढते हैं तो हमें निराशा ही हाथ लगेगी। सिनेमा की सीमाओं के कारण 'गोदान' के फलक को निर्देशक ने छोटा कर दिया है। 'गोदान' की प्रतिनिधि स्त्री पात्र है – धनिया। उपन्यास की ही तरह फिल्म में भी धनिया एक स्पष्टवादी, स्वाभिमानी और पितृसत्तात्मक समाज को चुनौती देने वाला चरित्र है। गलत बात के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए उसे ज़रा भी संकोच नहीं होता। धनिया के चरित्र की सुदृढ़ता और अक्खड़ता भले ही तत्कालीन समाज के अनुरूप न हो लेकिन उसकी यह विशेषता अनायास ही नहीं है। प्रेमचंद्र की अग्रचेता दृष्टि आने वाले समय में स्त्री-पुरुष समानता के महत्व को पहचानती है। यही कारण है कि वे अपने उपन्यास की नायिका को एक विशेष सामर्थ्य देते हुए उसे सशक्त बनाते हैं। फिल्म प्रेमचंद्र की ही स्त्री-दृष्टि को पुख्ता करती है। ज़ाहिर है कि त्रिलोक जेटली भी उस पर अपनी फिल्म के द्वारा स्वीकृति की मुहर लगाते हैं।

परन्तु चर्चित उपन्यास और कालजयी रचनाओं पर आधारित फिल्में हर दौर में पसंद की जाती रही है यही वजह है कि निर्देशक और निर्माता उपन्यासों को टटोलना और उन पर फिल्म बनाना प्रारंभ कर दिए है। यह सही भी है इससे वे दर्शक जो उपन्यासों को पढ़ना पसंद करते है वे बड़े परदे पर उस पर आधारित फिल्में देखकर गौरवान्वित होते है इसके अलावा वे दर्शक जिन्हें साहित्य की रचनाओं का ज्ञान नहीं है उनमें साहित्य की समझ बढ़ती है।

हमारे यहाँ ज्यादा बड़ी संख्या में हिन्दी उपन्यासों पर फिल्मांकन नहीं हो पाया। सिनेमा की इन सौ सालों में हिन्दी में पॉच हजार से ज्यादा फिल्में बनी परंतु हिन्दी साहित्य कृतियों पर मात्र इकतालिस पर ही फिल्में निर्मित हो सकी जिसमें उपन्यास पर 18, कहानी पर 20 और नाटक पर 03 फिल्में बनी है। हिन्दी उपन्यास पर आधारित जिन फिल्मों का सफल फिल्मांकन हुआ वे फिल्में है ग़बन, डाकबंगला, ऑधी, मौसम, बदनाम बस्ती, सारा आकाश, सत्ताईस डाउन, तमस, सूरज का सॉतवॉ घोड़ा और नौकर की कमीज। इसी प्रकार जो असफल रही वे फिल्में हैं गोदान, सेवासदन, रंगभूमि, आपका बंटी, चित्रलेखा, धर्मपुत्र, त्यागपत्र।

हिन्दी उपन्यास पर बनीं कुछ चर्चित फिल्मों की सूची निम्न है:-

- **देवदास** – मूलरूप से बांग्ला में लिखित शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास को आधार बनाकर हिन्दी में प्रमथेश बरूआ (1936), विमल राय (1955) और बाद में संजय लीला भंसाली (2002) द्वारा फिल्म देवदास का निर्माण हुआ।
- **धर्मपुत्र (1961)** – आचार्य चतुरसेन के उपन्यास को आधार बनाकर यश चोपड़ा ने धर्मपुत्र नाम से फिल्प का रूपांतरण किया।
- **साहेब बीबी और गुलाम (1962)** – बांग्ला उपन्यासकार विमल मित्र के उपन्यास पर इसी नाम से गुरूदत्त ने फिल्म बनायी, जिसको अबरार अल्वी ने निर्देशित किया।
- **गोदान (1963)** – उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की अमर कृति पर आधारित फिल्म का निर्देशन त्रिलोक जेटली ने किया।
- **गाइड (1965)**– मूलरूप से अंग्रेजी में लिखे गये आर.के. नारायण के उपन्यास 'दि गाइड' पर देव आनंद ने हिन्दी में फिल्म का निर्माण किया, जिसे विजय आनंद ने निर्देशित किया था।
- **गबन (1966)**– मुंशी प्रेमचन्द्र के उपन्यास पर केंद्रित फिल्म का निर्माण ऋषिकेश मुखर्जी ने किया।
- **सारा आकाश (1969)**– हाल में ही दिवंगत कथाकार राजेन्द्र यादव के उपन्यास 'प्रेत बोलते हैं' के आधार बनाकर निर्देशक बासु चटर्जी ने फिल्म बनायी।

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

- **रजनीगंधा (1974)**- निर्माता-निर्देशक बासु चटर्जी ने कथा लेखिका मन्नू भण्डारी की कहानी 'यही सच है' को आधार बनाकर फिल्म बनायी।
- **आंधी (1975)**- कमलेश्वर के ही एक अन्य उपन्यास 'काली आंधी' को केन्द्र में रखकर गुलजार ने फिल्म बनायी।
- **सूरज का सातवां घोड़ा (1992)**- धर्मवीर भारती के उपन्यास पर निर्देशक श्याम बेनेगल ने उसी नाम से फिल्म बनायी।
- **थ्री इडियट्स (2009)**- निर्देशक राजकुमार हिरानी ने चर्चित लेखक चेतन भगत के उपन्यास 'फाइव प्वाइंट समवन' पर आधारित फिल्म का निर्माण किया।

निष्कर्ष- सिनेमा और साहित्य का धरातल अलग-अलग है। सिनेमा शुद्ध मनोरंजन प्रधान होता है जिसमें दर्शकों के मांग का ख्याल रखा जाता है, दर्शक को जो चाहिए फिल्म उद्योग वहीं परोसता है जिसका सीधा संबंध व्यवसाय से होता है, जबकि साहित्य, संवेदना और अनुभूति प्रधान होता है, साहित्य दर्शकों के मांग पर नहीं बल्कि साहित्यकार अपनी निजी संवेदना और अनुभूति को केंद्र में रखकर समाज के यथार्थ रूप को सामने लाने का प्रयास करता है। कुछ मौलिक आधुनिक हिंदी उपन्यासों पर फिल्मांकन हुआ है। लेकिन साहित्य कृतियों पर हुए फिल्मांकन, संख्या में बहुत ही कम है। आज उत्कृष्ट हिंदी साहित्यिक कृतियों का अधिकाधिक रूप से फिल्मांकन करने की आवश्यकता है। यह इसलिए जरूरी है कि साहित्य में हमारी सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक विरासतें छिपी होती हैं, जिन्हें निर्देशक बेहतर फिल्मों के माध्यम से आगामी पीढ़ियों तक पहुँचा सकते हैं।

हिन्दी उपन्यास और सिनेमा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कलारूपों पर शोधकार्य हिन्दी में अभी भी विरल ही हैं हिन्दी में इस प्रकार के शोधकार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर हिन्दी उपन्यास और सिनेमा के स्वरूप एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए फिल्मांकन में आनेवाली समस्याएँ और उन समस्याओं का फिल्म निर्देशकों द्वारा उचित समाधान का अध्ययन इस शोधकार्य के अंतर्गत किया जायेगा। हमारे अधिकांश फिल्मकारों का यह मानना रहा है कि चूँकि सिनेमा का मूल उद्देश्य जनता का मनोरंजन करना है। अतैव साहित्यिक कृतियों के जरिये दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करना कठिन हो जाता है। इसके बावजूद भी अनेक प्रबुद्ध और सजग फिल्मकारों ने समय-समय पर नामी लेखकों की साहित्यिक कृतियों व रचनाओं को आधार बनाकर सफल फिल्मों का निर्माण किया।

चूँकि फिल्म एक ऐसा माध्यम है जो जन-जन से जुड़ा है, इसलिए फिल्मकारों साहित्यिक कृतियों को फिल्माने में थोड़ी-बहुत छूट भी ली है। कई बार लेखकों ने अपनी कृतियों के साथ खिलवाड़ करने के आरोप भी लगाया है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि फिल्म के माध्यम से साहित्यिक रचनाओं को बड़े पैमाने पर पहचान भी मिलती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तोंडे, रामदास नारायण (2014) 'आधुनिक हिन्दी साहित्य और फिलमांकन : स्वरूप एवं समस्याएँ' डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठावाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद।
2. तिवारी, सचिन (2017), **'साहित्य और सिनेमा : अंतर्संबंध'**, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय उ.प्र.
3. डेविड मैमेट, थियेटर, फेबर एंड फेबर, 2010।
4. सैमुएल बैकेट, वेटिंग फॉर गोडो।
5. होमर, ओडिसियस, रैंडम हाउस, द मॉडर्न लाइब्रेरी, 1950, यू.एस.ए., अनुवाद- एच. एस. बुचर और ऐंड्रयू लैंग।
6. डेबोराह कार्टमेल और इमेल्डा ह्वेलेहान, सं. एडैप्टेशंस : फ्रॉम टेक्स्ट टू स्क्रीन, स्क्रीन टू टेक्स्ट, 1999, लंदन रटलेज।
7. घई, सुमन कुमार (2017), 'अन्तरजाल पर साहित्य-प्रेमियों की विश्राम स्थली' ISSN 2292-9754
8. क्षीरसागर, डॉ. गोकुल, 'सिनेमा और फिल्मांतरित हिन्दी साहित्य'

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

सुदामा पाण्डेय धूमिल के काव्यों में राजनैतिकता का समाजिक जीवन पर प्रभाव

डॉ. स्नेह लता निर्मलकर* वंदना वाधवानी **

शोध सारांश – नई कविता के समर्थ और सफल कवियों में सुदामा पाण्डेय 'धुमिल' का नाम महत्वपूर्ण है। धूमिल की काव्य कला, संवेदना तथा सामाजिक पक्षधरता को समझने के लिए उनकी कविता, पर कथा बहुत आवश्यक हैं। यहां का धूमिल का संपूर्ण साहित्य उनकी जनवादी चेतना का सबल प्रमाण हैं। धूमिल जी ने समकालीन कविता के दौर में एक ताकतवर आवाज के नाते इनकी पहचान रही है। इनकी कविताओं में संवादालनुता है, प्रवाह लकता है प्रश्नार्थकर्ता है।

प्रस्तावना – धूमिल के काव्य के उद्देश्य मानव समाज में विघटित होते मूल्यों को बचाये रखना है। सुदामा पाण्डे धूमिल ने उस समय के समय को समझा और अपने काव्य का आधार बनाया है, उन्होने समाज में मूल्यों के ज्ञात होने पर दु:ख व्यक्त किया है साथ ही उन्होंने नये मूल्यों की स्थापना की है वे चाहते है जो मूल्य जनता को बताना चाहते है उन मूल्यों की समाज की सोच धरातल पर स्थापना हो। ताकि समाज के विघटित होते मूल्यों को बचाया जा सके।

1. आधुनिकता बोध एवं नये मानव मूल्यो का निर्मित – सुदामा पाण्डे धूमिल के रचना संसार में आधुनिकता बोध का स्पष्ट स्वर गुँजता हुआ सुनाई देता है। धूमिल मे सामाजिक गंदगी और विसंगति को सर्जना के स्तर पर भोगे हुए यथार्थ के रूप में ईमानी शैली में व्यक्त किया है। आधुनिकता बोध के विशय में य मान्यता रही कि सर्जन के क्षेत्र में कैसा भी क्यों न भोग गया हो वह सौंदर्य की सृष्टि करता है।

हर तरफ उटब थी
संशय था
नफरत थी

मगर हर आदमी अपनी जरूरतो के ओर असहाय था। उसमें सारी चीजों को नये सिरे से बदलने की

बेचैनी थी शेष था
लेकिन उसका गुस्सा
एक तथ्यहीन मिश्रव था।
आग और ऑसू हाथ का

धूमिल के आधुनिकता बोध में मानव के अकेलेपन असमर्थता बोध अजनबीपन और जीवनत्यापी विसंगतियों को भी स्थान प्राप्त है।

2. समकालीन अनुभव और मानव मूल्य दृष्टि – कवि लिखता है। तो उसके लिए उसे आधार अपने आस पास के वातावरण समाज और अपने समय के अनुभवो से प्राप्त होता है। कवि तभी कुछ लिख पाता है ज बवह अनुभव करें उसस प्रभावित हो। धूमिल ने भी अपने काव्य में अपने अनुभव को जगह दी है जो उन्होंने अपने समाज परिस्थितियों से लिए है। धूमिल ने अपने काव्य का विषय व्यक्ति और उसके आस पास के वातावरण को बनाया है। समाज में आज के समय की मानव मूल्य ही नाम को उजागर किया है। संसद से सड़क तक मे तत्कालीन युग की समस्याओं का विषेश वर्णन किया है। इनमे भूख (रोटी,कपड़ा मकान) के साथ में बेरोजगारी शिक्षा, अकाल, साम्प्रदायिकता, छूआछूत, प्रांतीयता एवं भावा, विवाद सरीखे उनके विषय समस्या रूप में इनकी रचना में संयोजित है।

3. मानव मूल्य हीनता और मूल्य संकल्प – धूमिल ने समाज में विघटित होते हुए राजनीतिक, सामाजिक, पारिवारिक वैयक्तिक मूल्यो का उल्लेख किया है साथ ही साथ नये मूल्यों को स्थापित करने संकल्प लिया है। देश की प्रत्येक समस्या का उनहोंने अनुभव करना चाहा है कुछ से उन्हे स्वयं गुजरना भी पड़ा है 'पतझड' कविता में धूमिल ने बेकरि समस्या पर गहरा 'आघात' किया है। देश प्रेम की वास्तविकता धूमिल ने जानी है।

4. वर्तमान से प्रासंगिकता – अनेक प्रसंगों में वह व्यवस्था के पक्षधरों पर तीक्ष्ण व्यंग्य प्रहार करते है। धूमिल अपने युग का एक समर्थ कवि है। जिसका कविता युग में एकाएक बदलाव की सूचना देती है। समस्याओं को बाह्य या उपरी धरातल से देखने पर आम स्थिति का प्रस्तुतीकरण प्रतीत हो सकता है। सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र में संकलित कुछ कविताएं तो राजनीतिक व्यवस्था की यथार्थ स्थिति की व्यंजक है।

कवि पेट तथा प्रजातंत्र के बीच के संबंध की तलाश करता है। आम आदमी (सड़क) से वह संसद में पहुँच व्यवस्था की नब्ज देखता है। तभी उसकी दृष्टि अपने देश की शसन व्यवस्था पर पढ़ी है प्रजातंत्र।पत्रकथा में इस व्यवस्था के प्रति कवि की सही द्रुष्टि स्पष्ट प्रतीत होती है।

ऐसा जनतंत्र है जिसमें
जिंदा रहने के लिए
घोडे और घास को
एक जैसी छूट है
कैसी विडम्बना
कैसा झूठ है। दरअसल अपने यहां जनतंत्र
एक ऐसा तमाश है, जिनकी जान

* सहायक प्राध्यापक, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

मदारी की भाषा है।

इससे बढंकर किसी जनतांत्रिक व्यवस्था की दूर्दशा क्या हो सकती है जिसका नाम लेना स्वयं मे किया हो। भेंड़िया शब्द मार्क्सी चिंतन का प्रमा है। धूमिल की कविता बुनियादी तौर पर केवल व्यवस्था से नही सुझती व्यवस्था की अमानवीय परिस्थिति से जूझती रही। धूमिल ने समाज तथा राजनीति के दिगंत तक गूँज उपजाने वाली तंकार भी है। धूमिल ने समाज तथा राजनीति के व्यापक संदर्भी के प्रस्तुत किया है।

निष्कर्ष (उपसंहार) – धूमिल के काव्यों में आज के समाजिक में विघटित होते मूल्यों को दर्शाया है। उन्होंने अपने समय में महसूस किया जो उन्हें मिली उसी के आधार पर अपने काव्य में राजनैतिक दृष्टिकोण को सही रूप में दर्शाया है। वे चाहते है कि आज का आदमी मूल्यों को समझे और सहेजे तभी संस्कृति को बचाकर रखा सकता है। उन्होने अपने काव्य के माध्यम से नवीन मूल्यों की भी स्थापना की है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पटकथा संसद से सड़क तक धूमिल प्र.सं 10
2. संसद से सड़क तक धूमिल पृ. सं.121,
3. सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र धूमिल पृ.सं. 53
4. समकालीन बोध और धूमिल का काव्य, डॉ हुकुमचंद
5. राजवाल पृ. सं. 80
6. संसद से सड़क तक धूमिल पृ.सं. 64
7. कल सुनना मुझे, धूमिल पृ.सं. 76

****

हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला का एक अध्ययन

डॉ. श्रद्धा हिरकने * अमजद खान **

प्रस्तावना – छायावादोत्तर काव्यधारा के प्रवर्तक डॉ. हरिवंश राय बच्चन जी का कृतित्व काल सुदीर्घ कालावधि में फैला हुआ है। उन्होंने काव्य के इतिहास में 'सृष्टा' के रूप में अपना नाम अंकित किया है। भारतीय साहित्य की भूमि पर बच्चन जी द्वारा चलाई गई काव्य की अलख सदा जलती रहेगी। छायावादी दौर में उन्होंने जितनी सरल और सुन्दर भाषा में काव्य रचा, जिसने हिन्दी साहित्य को आलोकित किया है।

वे प्रोफेसर तो अंग्रेजी के थे, लेकिन लिखा हिन्दी भाषा में, वो भी जन-सामान्य की हिन्दी भाषा में बच्चन जी पहले भारतीय थे जिन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रजी साहित्य में पी.एच.डी. की, लेकिन अपने पांव हिन्दी क्षेत्र की भूमि पर जमाए। हिन्दी और अंग्रेजी भाषा पर उनकी पकड़ के बारे में उनका साहित्य बोलता है। एक तरफ अंग्रेजी साहित्य में डब्ल्यू बी. यीट्स पर किया गया शोध, शेक्सपीयर की रचनाओं का किया गया अनुवाद, तो दूसरी तरफ भारतीय साहित्य में खैयाम की मधुशाला, रामायण शैली में लिखी गयी 'जनगीत' इसका सटीक उदाहरण है। बच्चन जी ने जितनी निष्ठा और कर्मठता से अपनी अनुभूतियों को शब्द दिए, उतने ही भावपूर्ण तरीके से अनुवाद कार्य किया। निस्संदेह बच्चन जी ने साहित्य की नई धारा का सूत्रपात किया।

बच्चन जी का व्यक्तित्व हिन्दी काव्य में अपनी अद्भुत विशेषता एवं महत्ता रखता है। वह मानव हृदय मर्मज्ञ, रससिद्ध गायक, भाव-धनी एवं युग प्रबुद्ध संदेश वाहक हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा की झलक उनके रचना-संसार से तो मिलती ही हैं, उनकी जिन्दगी से भी मिलती हैं। बच्चन जी के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के लिये उनके युग, उनकी शिक्षा-संस्था, स्थानीय वातावरण, परिवार-पड़ोस और गुरूजनों का विशेष सहयोग रहा है। बच्चन जी को अपने परिवार से उदान्त धार्मिक संस्कार मिले। उनका कृष्ण के प्रति विशेष अनुराग है।

बच्चन जी की प्रतिभा लाजवाब थी। उनके अध्यापन के समय का किस्सा है – विद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर होने के बावजूद, डीन उन्हें हिन्दी पढ़ाने के लिए कह देते थे, और बच्चन बड़ी सहजता से हिन्दी कक्षा भी लेते थे। बच्चन जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य के अलावा उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो और विदेश मंत्रालय में भी काम किया, फिर राज्य सभा के सदस्य मनोनीत किए गए। अपनी प्रतिबद्धता, कर्मठता और विशेष रूप से मौलिकता का परिचय बच्चन जी ने हर पद पर दिया है। बच्चन ने राजभाषा समिति के अध्यक्ष पद पर रहते हुए सौराष्ट्र मंत्रालय को गृह मंत्रालय और पर राष्ट्र मंत्रालय को विदेश मंत्रालय का नाम देने में योगदान किया। बच्चन जी के समकालीन साहित्यकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, रामधारी सिंह दिनकर, भगवती चरण वर्मा, डॉ. धर्मवीर भारती, शिवमंगल सिंह सुमन उनके जबरदस्त प्रशंसक थे। सभी ने बच्चन जी पर, उनके साहित्य पर खुले दिल से अपनी-अपनी राय व्यक्त की है।

मधुशाला बच्चन जी की एक ऐसी कृति है, जिसने लोगों को उनका दीवाना बना दिया था। सन् 1935 ई. में 'मधुशाला' का प्रकाशन हुआ था। इसमें 135 रूबाईयां हैं। मंच पर जब बच्चन जी के नाम की घोषणा की जाती थी, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता था। उनके प्रशंसकों की भारी-भीड़ जुटी रहती थी। लोग उनके ऑटोग्राफ लेने के लिए बेताब रहते थे, जैसे कि हरिवंश राय बच्चन अमिताभ बच्चन हों। शहरों और गांव की गली-गली में 'मधुशाला' की रूबाईयां गाई जाती थीं वो भी बच्चन के स्टाइल में, क्योंकि बच्चन जी का कविता-पाठ करने का अन्दाज मधुशाला की प्रसिद्धि का दूसरा स्तम्भ था। आधुनिक हिन्दी काव्य में 'मधुशाला' का प्रकाशन ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि जितनी लोकप्रियता इस ग्रन्थ को मिली उतनी किसी भी तात्कालीन कृतियों को नहीं मिल सकी। बच्चन जी की 'मधुशाला' 'मधुबाला' और 'मधुकलश' रचनाएँ मधुकाव्य के अंतर्गत आती है।

'मधुशाला' का मूल स्वर समाज, धर्म और राजनीति की खोखली मान्यताओं का खंडन है। सामाजिक रूढ़ियाँ और वैमनस्य की भावना फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध बच्चन जी ने इसमें अपनी आवाज उठाई हैं। हिन्दु-मुसलमानों को आपसी ईर्ष्या द्वेष दूर करने की सलाह दी है। यदि हम युगीन परिस्थितियों की ओर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि 'मधुशाला' उस युग की कवि है जब समस्त भारत देश परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा था, युवक वर्ग बेकार, थकित, निराश और किकर्तव्यविमूढ़ की सी मानसिक स्थिति में था। चारो ओर निराशा का साम्राज्य था। तब उल्लास और उन्माद कि मनोरम वातावरण का निर्माण करती हुई, 'मधुशाला' क्रांतिकारी कृति के रूप में अवतरित हुई बच्चन जी ने देशवासियों को स्वतंत्रता के लिये बलिदान करने की प्रेरणा दी- स्वतंत्रता है तृषित कालिका बलिदेवी है मधुशाला।

मधुशाला काव्य में बच्चन जी ने प्रियतम का परमात्मा से मिलन के लिये, एकाकार होने के लिये एक ही पथ पर अग्रसर होने के लिये उत्प्रेरित किया है। उनका मानना है कि एक राह पकड़ने से ही परमात्मा से मिलन होगा। बच्चन जी की आत्मीयता का कोई छोर नहीं था। उनके पास जाने वाला हर शख्स उनका अपना हो जाता था। संस्कार और अनुशासन तो उनके व्यक्तित्व के दो आयाम थे। जितनी सादगी से बच्चन जी रहते थे, उतनी ही सरलता और सहजता से उन्होने अपनी आत्मकथा लिखी। जिसके लिए बच्चन जी को 'सरस्वती' सम्मान से पुरस्कृत भी किया गया। आचार्य

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

द्विवेदी ने इनकी आत्मकथा को उम्र और परिवेश का लेखा-जोखा बताया तो डॉ. भारती ने इसे बहादुरी और पूरी ईमानदारी से अपने जीवन को कहने की कोशिश बताया।

अपनी इसी सादगी और बेबाकी की बूते ही बच्चन जी ने लोगों के दिलों पर राज किया। लोगों के बीच बच्चन जी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे जमीन से जुड़े नेता अपने आंदोलन की अलाव इनकी कविता से जलाते थे, वहीं गांधी जी भी मधुशाला की रूबाईयां सुनकर प्रसन्न हो गये थे। सुमित्रानन्दन पन्त जी ने लिखा है :

'बच्चन की मदिरा चैतन्य की ज्वाला है, जिसे पीकर मृत्यु भी जी उठती है। उसका सौन्दर्य -बोध, देश-काल की क्षण भंगुरता को अतिक्रम कर शाष्वत के स्पर्श से अम्लान एवं अनन्त यौवन है। यह निस्संदेह बच्चन के अन्तरतम का भारतीय संस्कार है, जो उसके मधु-काव्य में अज्ञात रूप से अभिव्यक्त हुआ है। बच्चन की मदिरा गम गलत करने या दुख को भुलाने के लिये नहीं है, यह शाश्वत जीवन-सौंदर्य एवं शाश्वत प्राणचेतना-शक्ति की सजीव प्रतीक है।'[1]

मधुशाला से लिये गए उद्धरण देखिए :

'पहले भोग लगा लूं तेरा, फिर प्रसाद जग पाएगा,
सबसे पहले तेरा स्वागत करती मेरी मधुशाला,
प्रियतम, तू मेरी हाला है, मैं तेरा प्यासा प्याला,
अपने को मुझमें भर कर तू बनता है पीनेवाला,'[2]

बच्चन जी की 'मधुशाला' की सभी रूबाईयां प्रतीकात्मक है। जिनमें कवि ने शराब, सुराही, प्याला, साकी और मीना को प्रतीक बनाया है।

बच्चन और उनके कृतित्व पर साहित्यकारों की राय :-

'बच्चन मुख्यत: मानव -भावना, अनुभूति, प्राणों की ज्वाला तथा जीवन-संघर्ष का आत्म-निष्ठ कवि हैं। मैंने कभी उसके लिए ठीक ही लिखा था -

'अमृत हृदय में, गरल कंठ में, मधु अधरों में,
आस तुम वीणा धर कर में जन-मन-मादन।'[3]

— सुमित्रानन्दन पन्त —

'ऐसी अभिव्यक्तियां नई पीढ़ी के लिये पाथेय बन सकेंगी, इसी में उनकी सार्थकता भी हैं।'[4]

— डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन —

'(बच्चन की रचनाओं में) समूचा काल और क्षेत्र भी अधिक गहरे रंगों में उभरा है।'[5]

— डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी —

अगर बच्चन जी की कृतियां अनुदित होकर विश्व के अन्य देशों में पहुंचती, तो हाला, प्याला और मधुबाला के रसिक काव्य पर वहां के लोग भी झूमते और उसकी मस्ती नोबल पुरस्कार वालों तक पहुंचती। हालांकि जो सम्मान और आदर बच्चन जी को भारतीय लोगों ने दिया, वह नोबल से कई गुना अधिक है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008।
2. हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008, पृ. क्र. 1 व 3
3. हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008।
4. हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008।
5. हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008।

- हरिवंश राय बच्चन : हलाहल : बच्चन प्रकाशन - राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली प्र.सं. 1970।
- हरिवंश राय बच्चन : उमर खैयाम की रूबाइयां : बच्चन प्रकाशन - पॉकेट बुक दिल्ली सांतवा सं. 1981।
- हरिवंश राय बच्चन : मधुबाला : बच्चन प्रकाशन - राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली, 16 वॉ सं. 1983।
- हरिवंश राय बच्चन : क्या भूॅलू क्या याद करूं भाग - 1 बच्चन प्रकाशन राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली सं. 2006।
- हरिवंश राय बच्चन : मधुशाला : बच्चन प्रकाशन - हिन्द पॉकेट बुक्स नई दिल्ली सं. मार्च 2008।
- हरिवंशराय बच्चन : के साहित्य मुख्य समाज चेतना :- शोध प्रबंध, मीना भगवान सहाय वाणस्थली एकतत्व विश्वविद्यालय 2013।

****

Musicality in Fiction

Dr. Rajkumari Sudhir*

Abstract - When we think of art-history and literary criticism, we naturally start with the problem of interchangeability of critical terms. When we use terms freely like a 'baroque' style of novel or the 'timbre' of a poem, or the "architectonics" of a play, and the Rasa in music, or the Dhwani in dance, what are we trying to suggest? As all fine arts employ different media-very different from words-are we only trying to catch what is ephemeral, or push the frontiers of language, or attempt to give a sound-sight picture to a deaf and blind?

Introduction - When we think of art-history and literary criticism, we naturally start with the problem of interchangeability of critical terms. When we use terms freely like a 'baroque' style of novel or the 'timbre' of a poem, or the "architectonics" of a play, and the Rasa in music, or the Dhwani in dance, what are we trying to suggest? As all fine arts employ different media-very different from words-are we only trying to catch what is ephemeral, or push the frontiers of language, or attempt to give a sound-sight picture to a deaf and blind? All senses and sensibility are constantly seeking some balance in imbalance.

Inter-relationship of literature and fine arts - What was called the quest for beauty and the discovery of bliss in classical poetics in the East and the West is no more mere "imitation of nature" or 'the best words in the best order'. The Brahman created world as play (Leela) and was a spectator and an outsider (Sakshin). A stroke of brush or a plucking of strings or a careful chiselling may achieve a world of its own which is beyond words. Art is the universal language, in this particular sense.

The "Folklorist Musicality" - Readers of the novel are attracted to Roy's use of language. She em-ploys her language which allows her readers an access to an Indian consciousness, reinventing itself on its own terms. She evokes Indian ambience. Her nature descriptions reveal her involvement with the place, she was born in and nurtured. She describes 'the June Rain' thus :

> Heaven opened and the water hammered down, reviving the reluctant old well, greenmossing the pigless pigsty, carpet bombing still, teacoloured puddles the way memory bombs still, teacol-oured minds, The grass looked wetgreen and pleased. Happy earth-worms frolicked purple in the slush. Green nettles nodded. Trees bent. Further away, in the wind and rain, on the banks of the river, in the suddun thunderdarkness of the day, Estha was walking (Roy 10).

The use of gripping metaphors, similes and comparisons makes the narrative arresting. The foregoing description of nature has certain amount of violence in it because of the words like "hammered," "bombing" and "thunderdarkness." On the other hand Roy describes Estha's mental state :

> Once the quiteness arrived, it stayed and spread in Estha. It reached out of his head and enfolded him in its swampy arms, It rocked him to the rhythm of an ancient, foetal heartbeart…. Slowly, over the years, Estha withdrew from the world. He grew accustomed to the uneasy octopus that lived inside him and squirted its inky tranquillizer on his past (11-12).

Linguistic Inventiveness - The nature descriptions also have allegorical significance. Roy rivets together human feelings and external nature, she has a style of her own. Though it conventionally means the use of language but it is a way of perceiving the world—it is a way of *seeing.* She possesses extraordi-nary linguistic inventiveness. Paranjape points out, -"Indeed, what distinguishes Roy's style is that there is something fevered, desperate, even excessive about her imagination" (Paranjape 4). She regards English language having a tremendous potential in portraying us Indians to ourselves and to the world, because it transcends all barriers, the transnational and the cross-cultural. But it is most fascinating in its innovative language use, with metaphors, alliterations, [folklorist] musically.

A Wake
A Live
A Lert (227)

Is she, the writer, recording a likely pronunciation of the words or requiring a humorous response? But she has used the language the way she likes, with rule-bending creativity.

Arundhati Roy, offers occasionally some specimens of inappropriate English, with a bit of Malayalam at times, as direct or indirect speech. We also come across the reversed spelling of words, something like 'itahdnurA yoR. She follows the standard use of English and then suddenly,

*Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA

every now and then, from beginning to end, we are faced with, say, unexpected combinations or constructs of words, or a sentence without a verb as half a line or a paragraph. A number of incomplete sentences also appear together as a series of paragraphs. A few lines of poetry and music have occasionally been cited, but there is plenty of alliteration, rhyme, rhythm, reiteration as impressive of song and music.

Radical Metaphoric Approach - Let us cite a few examples. The title of the first chapter "Paradise Pickles & Preserves" refers to 'paradise' [as prayer and worship to begin the narrative?] and offers a specimen of alliteration, a rhetorical device which is also an aspect of modem advertisements but frequently appears in literary works, prose or poetry. At times we encounter parallel words with similar sound in the beginning, in the middle, and at the end. To go on, in the list of chapters, we come across,

Big Man the Laltain,
Small Man the Mombatti

Arundhati Roy had been trained as an architect once. The two lines as presented here, whether her own contribution or the publisher's/printer's, manifest an architect's talent, followed in the list of chapters as a whole. But it is particularly the connotational use in the chapter heading cited above that sounds interesting. Analogy is a significant aspect of everyday conversation, and in India we use mixed forms like 'cinedak,' for example. So, 'laltain' for 'lantern,' 'mombatti' for "candle,' exemplify a radical metaphoric approach.

Language for Entertainment - An alarm clock. A red car with a musical horn. A red mug for the bathroom. A wife with a diamond. A briefcase with important papers. A coming home from the office. An *I'm sorry, Colonel Sabhapathy, but I'm afraid I've said my say.* And crisp banana chips for the children.

He watched the trains come and go. He counted his keys.
He watched governments rise and fall. He counted his keys.
He watched cloudy children at car windows with yearning marshmallow noses.
The homeless, the helpless, the sick, the small and lost, all filed past his window. Still he counted his keys (61).

"His mind was full of cupboards." In the paragraph after that, we have phrasal nouns, each one of them as an independent sentence, with capital letters initially and full stops at the end. Then "He watched. ... He counted." A couple of times, followed by alliterative 'homeless, helpless,' 'sick, small,' Whatever the semantic properties, the quotation is fascinating in itself as inspirational, rhetorically instrumental. To cite another example of what we frequently come across,

There were so many stains on the road.
Squashed Miss Mitten-shaped stains in the Universe.
Squashed frog-shaped stains in the Universe.
Squashed crows that had tried to eat the squashed frog-shaped stains in the Universe.
Squashed dogs that ate the squashed crow-shaped stains in the Universe.
Feathers. Mangoes. Spit.
All the way to Cochin (79).

"Squashed, Squashed, . . . shaped, stains," four lines, each of them ending with 'Universe' [a rhyming property?]. We have then a line/paragraph of three single words. Obviously the language is to be read in a special way, with physical dancing movements.

A writer interested in the kind of language use we come across in the book is most unlikely to be concerned with politics or philosophy. But a non-ideological literary work may still have a certain appeal. It can be enjoyable like music and dancing. Roy's novel appears to be more interesting in this respect than in its material or technique. It implies welcome acceptance of everything in life, with whatever perspective, point of view or significance we may or may not assign it. But it goes beyond this into the folklorist use, so to say, of language for entertainment.

Conclusion - Because of the specific properties of language in the book, we feel every now and then while reading it that we are watching musicians in a huge gathering—Arundhati Roy we know has worked for films. After a few serious things, at times, we suddenly come across a theatrical performance, as if it were, with the humorous and the comic. Arundhati Roy's 'folklorist musicality' is that artistic pillar on which the mansion of fictional art in their respective works stands. Reading the writer is synonymous of being transported in the world where literature goes hand in hand with fine arts.

References :-

1. Lagerroth, Ulla Britta, Hansland, Erik. *Helding Interart. Poetics: Essays on the Interrelations of the arts and media*. Google Books, 1077. 13-15. Web. 30 July 2011.
2. Lubbock, Percy. *The Craft of Fiction.* New Delhi: B.I. Publication, 1954. Print.
3. Mardhekar, B. S. "Rhythm in Literature." *Critical Thought*. Ed. S. K. Desai and G. N. Devy. New Delhi : Sterling Publishers Pvt. Ltd.,1987. 58-59. Print.
4. *Art and Man : Lectures and Essays*. Bombay: Popualr Prakashan, 1966. Print.
5. Mawche, Prabhakar. "Interrelationship of literature and fine arts." *Triveni*. yabaluri.org (Oct. 2006) : n.pag. Web. 25 July 2011.
6. Roy, Arundhati. *The God of Small Things.* New Delhi: India Ink, 1977. Print.

****

आदिवासी बहुल्य क्षेत्र का विकासात्मक परिवर्तन (खरगोन जिले के विशेष सन्दर्भ में एक भौगोलिक अध्ययन)

प्रो.सुरेश अवारे *

प्रस्तावना – पश्चिम निमाड़ (खरगोन) जिलें का गठन 1 नवम्बर सन् 1956 को मध्यप्रदेश के गठन के साथ गठित किया गया खरगोन जिले का इतिहास उतना ही प्राचीन है, जितना की भारत में मध्यप्रदेश का है। यह सतपुड़ा एवं विन्ध्याचंल पर्वत के भाग के दक्षिण उत्तरी भाग में स्थित है। खरगोन जिला इन्दौर संभाग के अर्न्तगत आता है। जिले के उत्तर में धार् इन्दौर व देवास, दक्षिण में महाराष्ट्र पूर्व में खण्डवा, बुराहनपुर तथा पश्चिम में जिला बड़वानी स्थित है। खरगोन जिला म.प्र. राज्य की दक्षिणी-पश्चिमी सीमा में 21°22 से 22°25 उत्तरी आक्षांश तथा 74°25 से 76°14 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इस जिले की पूर्व से पश्चिम की चौड़ाई लगभग 186 कि.मी. एवं उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 263 कि.मी. है। जो समुद्र सतह से 300 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है एवं क्षेत्रफल 6541.870 वर्ग किलो मीटर है।

उद्देश्य :

1. आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में विकासात्माक परिवर्तन प्रतिरूप का विश्लेषण करना
2. आदिवासीयों का सामाजिक परिदृष्य

जनकल्याणकारी योजनाऐं :

1. आदिवासियों के विकास एवं परिवर्तन में शासन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज के माध्यम से कई योजनाओं एवं उपयोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पेंशन योजना से निराश्रितों को सम्मानजनक जीवन निर्वाह करने का आधार मिला है, वही जिन आदिवासियों के पास रहने के लिए छत नहीं थी उन्हें आवास कुटीर प्रदान की जा रही है। आर्थिक रुप से सक्षम बनाने हेतु कई ऋण सुविधाएँ प्रदान की जा रही है, सहकारिता की भावना विकसित की जा रही है संबंधित साहित्य अवलोकन से भी शोध क्षेत्र की प्रकृति, जनजातियों की सामाजिक परम्पराओं नई तकनीक के प्रति आदिवासियों के दृष्टिकोण को समझने में काफी मददगार साबित हुआ। आर्थिक विकास, अर्थव्यवस्था, निम्न जीवन स्तर, यातायात सेवाऐं, संचार सेवाऐं, स्वास्थ्य सेवाओं का प्रसार, शैक्षणिक सेवाओं का प्रसार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की लागत, व्यापार आदि स्थानिक वितरण को प्रभावित करते है।
2. सामाजिक एवं आर्थिक दोनों एक-दूसरे के पूरक है। अत: दोनों से धनिष्ट सम्बन्ध है।
3. खरगोन जिले में कृषि सम्बन्धी योजनाओं के अन्तर्गत जिलें में आदिवासियों को नि:शुल्क कृषि यन्त्र, उचित मूल्य पर खाद-बीज, न्यूनतम दर पर ऋण तथा बागाती कृषि को प्रोत्साहन देने हेतु शासन प्रयासरत है।
4. अध्ययन क्षेत्र जिला खरगोन में नि:शुल्क कृषि उपकरण के रूप में केवल हल एवं बक्खर, हार्वेस्टर ट्रैक्टर थ्रेसर तथा ड्रिप सिंचाई पाईप बड़े कृषकों को 80 प्रतिशत सब्सिडी पर प्रदान किये जाते है। जिले के 35.92 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी नि:शुल्क कृषि उपकरण प्राप्त करते है। इस योजना के अन्तर्गत सबसे अधिक कसरावद तहसील के 50 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी सेगाँव, महेश्वर तथ बड़वाह के कुछ ही सर्वेक्षित आदिवासी लाभ ले सकें है।
5. खरगोन जिले में उत्तम बीज वितरण योजना के अन्तर्गत 52.59 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी नि:शुल्क उत्तम बीज प्राप्त करते है। तहसील स्तर पर सबसे अधिक खरगोन तहसील के 61.66 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी तथा सबसे कम कसरावद तहसील के 40 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी उत्तम बीज प्राप्त करते है।
6. कृषक क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत जिले के 48.88 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी कृषक क्रेडिट कार्ड धारी है तहसील स्तर पर सबसे अधिक कसरावद तहसील के 61.66 प्रतिशत तथा सबसे कम बड़वाह तहसील के 41.66 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी लाभ ले रहें।
7. आदिवासियों का आर्थिक विकास हेतु शासन ने जीवनधारा योजना प्रारम्भ की जिसमें सिंचाई के साधनों में वृद्धि हो तथा सिंचाई के क्षेत्रफल में वृद्धि हो परन्तु जिले के केवल 35.37 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी इस योजना से लाभान्वित हो सकें है। तहसील स्तर पर सबसे अधिक सेगाँव तहसील के 51.66 प्रतिशत तथा सबसे कम महेश्वर तहसील के 25 प्रतिशत सर्वेक्षित आदिवासी इस योजना का लाभ उठा रहें है।

तालिका क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

विकासत्माक परिर्वतन – खरगोन जिले के आदिवासी बहुल्य क्षेत्र में आदिवासियों की जीवन शैली को पद और शिक्षा ने काफी हद तक बदल डाला है। पैदल और बैलगाड़ी पर सफर करने वाला इस वर्ग का एक बड़ा तबका अब दोपहिया वाहन पर सवार होकर सफर करने लगा है। मुँह में सिगरेट तो हाथों में मोबाइल है। घर में टी0वी0 तो आँगन में ट्रैक्टर खड़ा है। पद और शिक्षा में आदिवासी वर्ग के 25 से 30 प्रतिशत लोगों को आधुनिकता की ओर तेजी से धकेला है। बावजूद इसके आदिवासियों का एक बड़ा वर्ग अब भी ब्याज और शराब के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाया है। आजादी के बाद से इस वर्ग के लोगों का जिले में मुख्य व्यवसाय कृषि और खेतीकार मजदूर रहा है।

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तर महाविधालय, खरगोन (म.प्र.) भारत

शनैः शनैः इस वर्ग ने 'कर' लिए और गाँव से बाहर निकालकर शहर की ओर कुछ किया है और वे शहरी क्षेत्र, में होने वाले भवन निर्माणों के मजदूर बने और नगरीय क्षेत्र के सम्पन्न वर्ग के कृषको के खेतों में हिस्सेदारी शुरू की पंचायतीराज लागू होने एवं आदिवासी बाहुल्य छोटे-छोटे गाँव और फालियों में भी स्कूल खुलने से इस वर्ग का विकास हुआ है।

पद और शिक्षा ने इस समुदाय के 25 से 30 प्रतिशत लोगों की जीवन शैली को बदल डाला है। पंचायतीराज में मिले पंच, सरपंच, जनपद अध्यक्ष, जनपद प्रतिनिधि, जिला पंचायत प्रतिनिधि जैसे पदों और शिक्षा में पैदल चलने वाले और बैलगाड़ी में सफर करने वाले आदिवासी को आधुनिकता की ओर ले जाने में योगदान दिया है।

पद और शिक्षा की बदौलत ही वर्तमान में 30 प्रतिशत आदिवासी मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं। 25 प्रतिशत के पास दुपहिया वाहन है। पद और शिक्षा से जब आर्थिक स्थिति में बदलाव आया तो पहनावे और रहन-सहन में बदलाव आना ही था। लंगोटी, लहँगा और धोती के स्थान पर पेंट-शर्ट, सलवार-सूट और साड़ी ने स्थान लिया है। यह वर्ग फलियों, मजरो एवं टोलों में अब भी निवासरत है। शासन एवं जनप्रतिनिधियों के साझा प्रयासों से इन फालियों, मजरों, टोलों में पानी के लिए हैंडपंप, सिंचाई के लिये तालाब एवं स्टॉपडेम बनाए जाने लगे है, और फालियो तक बिजली पहुँचाने से इस वर्ग को अपना विकास करने में सहायता मिली है। वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के पहुँचने से भी टोने-टोटके और ओझाओं से नजदीकियाँ घटी है। सड़कों की सुविधा ने भी इन्हें लाभान्वित किया है। पद, शिक्षा और सुविधा ने फालियों में निवासरत् आदिवासियों को शहरी से जोड़ा है। इस जुड़ाव से कृषि में भी आधुनिकता का समावेश हुआ है।

फालियों में पहुँचे टेलीविजन ने अंधविश्वास और बहु पत्नी प्रथा के साथ ही बच्चों की अधिक संख्या को नियंत्रित किया है। आजादी के समय तक यह वर्ग अशिक्षित और रुढ़ीवादी था। न शिक्षा थी न सुविधा थी और न ही कोई पद था। पंचायतीराज में मिले आरक्षण में इस वर्ग के एक बड़े तबके की काया पलटने में अहम भूमिका निभाई है। घर पर जुवार की रोटी और मूँग की दाल खाने वाला आदिवासी पद पर आने के बाद शहर की बेहतरीन होटलों में अपने खाने पर अच्छी खासी रकम व्यय करने लगा है।

आजादी के बाद शनैः-शनैः हुए बदलाव, शिक्षा पद और सुविधा की बदौलत हुए परिवर्तन के लाभ से इस वर्ग का एक बड़ा तबका अब भी वंचित है। ब्याज पर राशि जुटाकर कृषि करने वाले आदिवासियों की संख्या 25 प्रतिशत की कमी आई है 75 प्रतिशत दो से पाँच एकड़ की भूमि वाले कृषक वर्तमान में भी ब्याज पर पैसा लेकर कृषि करने में जुटे हुए हैं।

प्रकृति ने साथ दिया तो कर्ज चुकाने में कोई दिक्कत नहीं है। प्रकृति के साथ नहीं देने पर फिर वही बदहाली का आलम। आजादी के बाद आदिवासी बहुल्य खरगोन जिले में इस वर्ग में काफी बदलाव देखा जा रहा है। इस बदलाव के बावजूद शराब ने इनका घर नहीं छोड़ा है। शिक्षा और पद के बावजूद इस वर्ग के 40 से 50 प्रतिशत लोग इस बुराई से दूर नहीं हो पाए हैं। हुआ यह है कि पद और शिक्षा ने हाथ की बनी शराब के स्थान पर विदेशी शराब को करीब ला दिया है। इस वर्ग के शत्-प्रतिशत शिक्षित होने शराब से दूर रहने और ब्याज से मुक्त होने के बाद ही आना सम्भव लग रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कौशिक, एस.डी.: मानव भूगोल रस्तोगी पब्लिकेशन मेरठ पृष्ठ संख्या -14,16
2. मिश्र, उमाशंकर (1975): भारतीय आदिवासी संस्करण - पृष्ठ संख्या-123
3. डॉ. कुमार ,प्रमिला (1995): मध्यप्रदेश एक भोगौलिक अध्ययन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी ,भोपाल (म.प्र.) पृष्ठ संख्या -147
4. डॉ. मामोरिया ,चतुर्भुज : मानव भूगोल साहित्य भवन पब्लिकेशन, नई दिल्ली पृष्ठ संख्या-177,195
5. मुकर्जी ,रविन्द्रनाथ :सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी -2001 विवेक प्रकाशन ,जवाहर नगर ,नई दिल्ली -7 पृष्ठ संख्या
6. डॉ. नदीम हसनैन (2000): जनजातीय भारत जवाहर पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली -16 पृष्ठ संख्या- 34, 56

तालिका क्रमांक 1 : उत्तम बीज वितरण सर्वेक्षित ग्रामों में तहसील एवं जिला स्तर

तहसील	सर्वेक्षित ग्राम	सर्वेक्षित कृषक परिवार	सन्तुष्ट है	प्रतिशत	सन्तुष्ट नही है	प्रतिशत
महेश्वर	निमसर	20	9	45	11	55
	बबलाई	20	14	70	6	30
	केरियाखेड़ी	20	8	40	12	60
योग		**60**	**31**	**51.66**	**29**	**48.33**
कसरावद	पानवा	20	4	20	16	80
	बाजटपुरा	20	9	45	11	55
	झिरन्या	20	11	55	9	45
योग		**60**	**24**	**40**	**36**	**60**
बड़वाह	सुलगाँव	20	14	70	6	30
	आक्या	20	11	55	9	45
	अम्बा	20	13	65	7	35
योग		**60**	**38**	**63.33**	**22**	**36.66**
सेगाँव	सांगवी	20	13	65	7	35
	बिरला	20	15	75	5	25
	सिलोटिया	20	5	25	15	75
योग		**60**	**33**	**55**	**27**	**45**
भगवानपुरा	देजला	20	9	45	11	55
	मोहना	20	12	60	8	40
	पिपलझोपा	20	14	70	6	30
योग		**60**	**35**	**58.33**	**25**	**41.66**
झिरन्या	कोटड़ा	20	12	60	8	40
	धुपा-बुजुर्ग	20	11	55	9	45
	नरवट	20	7	35	13	65
योग		**60**	**30**	**50**	**30**	**50**
भीकनगाँव	मुहाली	20	12	60	8	40
	निमोनी	20	9	45	11	55
	भोपाड़ा	20	5	25	15	75
योग		**60**	**26**	**43.33**	**34**	**56.66**
खरगोन	डोंगर चिचली	20	17	85	3	15
	सिनखेड़ा	20	12	60	8	40
	घुघरी	20	8	40	12	60
योग		**60**	**37**	**61.66**	**23**	**38.33**
गोगाँवा	लिमड़ी	20	12	60	8	40
	दशनावल	20	9	45	11	55
	रूपखेड़ा	20	9	45	11	55
योग		**60**	**30**	**50**	**30**	**50**
जिले का योग	**योग**	**540**	**284**	**52.59**	**256**	**47.40**

****

शाजापुर जिले में शासकीय योजनाएँ एवं महिला उद्यमिता विकास

डॉ. जगदीश प्रसाद कुल्मी *

प्रस्तावना – आर्थिक विकास के नवीन विकास मॉडल में महिलाओं के लिये विकास सूचकांक तथा सशक्तिकरण माप की व्यवस्था की गई है। ये दोनो प्राचल महिलाओ के विकास से संबंधित है। महिला विकास का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उनका आर्थिक सशक्तिकरण है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के कार्यो को उचित सम्मान नहीं मिलता है। भारत सरकार ने विकास गतिविधियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भुमिका को पहचाना है और उनके लिए कई कार्यक्रमों और योजनाओं के रूप मे सकारात्मक कदम उठाए है, ताकि उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। विकसित एवं विकासोन्मुखी,समाजवादी एवं पूँजीवादी राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में स्वरोजगार योजनाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

प्रस्तुत अध्ययन मे विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे दीनदयाल स्वरोजगार योजना(**1-8-2004**), रानी दुर्गावती अनु.जाति/जनजाति स्वरोजगार योजना (**1-4-2003**) एवं प्रधानमंत्री रोजगार योजना(**2-10-1993**) जो वर्तमान मे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हो गई है, का विवरण दिया गया है। स्वरोजगार योजनाओ के अतिरिक्त गैर सरकारी संगठन भी महिला उद्यमिता के लिए कार्य कर रहे है। उनका योगदान भी महिला उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण है। अत: शासन की मंशानुसार उद्यमिता के विकास के लिए संचालित स्वरोजगार योजनाओं का सफलता-पूर्वक संचालन आवश्यक है। संचालन कार्य के लिए विभिन्न शासकीय विभागों और गैर सरकारी संगठनों का सहयोग आवश्यक है। इस प्रकार समस्त तथ्यो को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत शोध-पत्र के द्वारा महिला उद्यमिता से संबधित समस्याओं को समझने एवं उन समस्याओं को किस प्रकार दूर किया जा सकता है, यह जानने का प्रयास किया गया है। यदि शोध-पत्र द्वारा प्रस्तुत सुझावों को अमल में लाया जाता है तो महिला उद्यमिता में सुधार आने की पूर्ण संभावना है।

उद्देश्य – यह शोध-पत्र निम्न उद्देश्यो को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है :

1. शाजापुर जिले में संचालित शासकीय योजना का महिला उद्यमिता विकास में योगदान का अध्ययन करना।
2. शाजापुर जिले में महिला उद्यमिता का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ – प्रस्तुत शोध-पत्र में निम्न परिकल्पना की गई है :

1. शाजापुर जिले में संचालित शासकीय योजनाएँ एवं गैर सरकारी संगठनो द्वारा महिला उद्यमियो को पर्याप्त साख एवं प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हुई है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध -पत्र द्वितीयक समंको पर आधारित हैं।

द्वितीयक समंक – द्वितीयक समंक वे समंक होते है जो अनुसंधानकर्ता को प्रकाशित एवं अप्रकाशित शासकीय एवं अर्द्धशासकीय प्रलेखों, रिपोर्ट, सांख्यिकी, पत्र-पत्रिकाओं, डायरी आदि से प्राप्त होते है।

शाजापुर जिले में महिला उद्यमिता विकास में संस्थागत वित्त-एवं प्रशिक्षण – सरकार के द्वारा उद्यमिता विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का निर्माण किया गया। शाजापुर जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं संचालन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शाजापुर द्वारा बैंको के सहयोग से हो रहा हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार योजना (2-10-1993), दीनदयाल स्वरोजगार योजना (1-8-2004), रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति जनजाति स्वरोजगार योजना (1-4-2003) आदि प्रमुख हैं। स्वरोजगार योजनाएँ बैंकों के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं हो सकती हैं। इस प्रकार विभिन्न स्वरोजगार योजनाएँ शाजापुर जिले में स्थित विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से संचालित की जाती हैं। जिले के आर्थिक विकास में स्वरोजगार योजनाओं का योगदान जिले के विकास को प्रदर्शित करता हैं। स्वरोजगार योजनाओं के संचालन में बैंको की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में प्रधानमंत्री रोजगार योजना (2-10-1993) , दीनदयाल स्वरोजगार योजना (1-8-2004), रानी दुर्गावती स्वरोजगार योजना (1-4-2003), स्वर्ण जंयति रोजगार योजना (1-12-1997) के योगदान का अध्ययन किया जाएगा। यह अध्ययन वर्ष 2007-08 से 2011-12 तक किया जावेगा। प्रधानमंत्री रोजगार योजना की जगह 01.04.2008 से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लागु किया गया हैं।

ऋण की राशि का वितरण – शाजापुर जिले में शासकीय योजनाओं के माध्यम से सर्वेक्षित महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में जो ऋण प्राप्त हुआ हैं। उसमें महिला उद्यमियों ने वर्तमान स्थिति तक ऋण की राशि कितने प्रतिशत चुकाई हैं। यह तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 1 – **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका 1 में शाजापुर जिले में सर्वेक्षित 200 महिला उद्यमियों के ऋण की राशि संबंधी विवरण को विकासखण्डवार ज्ञात किया गया हैं। जिले में विकासखण्डवार सर्वाधिक शाजापुर तहसील में 14, मो. बड़ोदिया में 13, शुजालपुर में 11, कालापीपल में 9, आगर में 14, बड़ौद में 6, सुसनेर में 11 तथा नलखेड़ा में 12 महिला उद्यमियों ने अपने ऋण की 60 प्रतिशत से अधिक राशि वर्तमान स्थिति तक चुकाई हैं। जिले में कुल 200 महिला उद्यमियों में से 90 महिला उद्यमियों ने अपने ऋण की राशि 60 प्रतिशत से अधिक राशि वर्तमान स्थिति तक चुकाई हैं।

इस प्रकार शाजापुर जिले में 1 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 20 प्रतिशत से कम, 17 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 20 से 40 प्रतिशत, 37 प्रतिशत

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, नलखेड़ा, जिला आगर मालवा (म.प्र.) भारत

महिला उद्यमियों ने 40 से 60 प्रतिशत तथा 45 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 60 प्रतिशत से अधिक राशि का भुगतान वर्तमान स्थिति तक किया हैं।

रेखाचित्र : स्थापित उद्योगों में ऋण की राशि का विवरण



शाजापुर जिले में महिला उद्यमिता विकास का आर्थिक

आर्थिक स्थिति – शाजापुर जिले में शासकीय योजनाओं के माध्यम से उद्योग स्थापित करने के बाद सर्वेक्षित महिला उद्यमियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ या नहीं उसका विवरण तालिका में दर्शाया गया हैं।

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 से ज्ञात होता हैं कि शाजापुर जिले में 76 प्रतिशत महिला उद्यमियों की आर्थिक स्थिति में उद्योग स्थापित करने के बाद सुधार हुअ हैं तथा शेष 24 प्रतिशत महिला उद्यमी ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति में अपेक्षाकृत कोई सुधार नहीं हुआ हैं। अत: तालिका से स्पष्ट हैं कि योजना का लाभ लेने से अधिकांश महिला उद्यमियों की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत सुदृढ़ हुई हैं।

रेखाचित्र : आर्थिक स्थिति संबंधी विवरण



निर्वचन – शाजापुर जिले में उद्यमिता विकास के तहत चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का महिला उद्यमियों की पारिवारिक, सामाजिक, जनांकिकीय तथा आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन प्राथमिक सर्वेक्षण के माध्यम से किया गया हैं –

सर्वेक्षित विभिन्न व्यवसायों में घरेलू उद्योग तथा पारिवारिक उद्योग में महिलाओं की संलग्नता 50-50 प्रतिशत हैं।

शाजापुर जिले में चयनित कुल 200 महिला उद्यमियों का सर्वेक्षण किया गया जिससे ज्ञात हुआ कि जिले में सर्वाधिक 55 प्रतिशत महिला उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा स्वयं से, 25 प्रतिशत महिला उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा मित्रों से, 8 प्रतिशत महिला उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा रिश्तेदारों से तथा 12 प्रतिशत महिला उद्यमी ऐसे हैं जिन्होनें उद्यमिता से संबन्धित शासकीय योजनाओं के प्रचार – प्रसार के माध्यम से उद्योग स्थापित करने की प्रेरणा मिली हैं।

सर्वेक्षण से ज्ञात होता हैं कि शाजापुर जिले में शासकीय योजनाओं के माध्यम से महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए जो ऋण प्राप्त हुआ हैं उनमें से 1 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 20% से कम, 17 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 40 से 60% तथा 45 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने 60% से अधिक राशि का भूगतान वर्तमान स्थिति तक किया हैं।

सर्वेक्षण से स्पष्ट होता हैं कि कुल 200 महिला उद्यमियों में से प्रति महिला उद्यमी औसतन ऋण **PMEGP** में सर्वाधिक 84800 रू. प्राप्त हुआ हैं। इसके अतिरिक्त **DDRY** में 48000 रू., **RDSY** में 24444 रू. **SJGSY** में 81851 रू., **SJSSY** में 50,000 प्रति महिला उद्यमी औसतन ऋण प्राप्त हुआ हैं।

इसी प्रकार कुल 200 महिला उद्यमियों में से प्रति महिला उद्यमी औसतन अनुदान भी **PMEGP** में सर्वाधिक 17400 रू. तथा इसके अतिरिक्त **DDRY** में 8888 रू., **RDSY** में 3500 रू. **SJGSY** में 8185 रू., **SJSSY** में 10000, अत: स्पष्ट हैं कि **PMEGP** योजनान्तर्गत सर्वाधिक प्रति महिला उद्यमी औसतन ऋण तथा प्रति महिला उद्यमी औसतन अनुदान महिला उद्यमियों को प्राप्त हुआ हैं, जो योजना के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता हैं।

परिकल्पना :

1. शाजापुर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं द्वारा महिला उद्यमियो को पर्याप्त साख एवं प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हुई हैं।

शाजापुर जिले में महिला उद्यमिता से संबन्धित शासकीय योजनाओं का कुल व्यय

Year	SD PC income (in hund.)	Total Exp. (in lac.)
2007-08	693.91	2257.55
2008-09	783.6	2481.59
2009-10	854.65	2628.58
2010-11	924.5	3051.30
2011-12	612.71	2051.28

परिकल्पना परीक्षण – इस परिकल्पना परीक्षण में शाजापुर जिले में महिला उद्यमिता विकास से संबन्धित विभिन्न शासकीय योजनाओं में होने वाले व्यय (स्वतंत्र चर) एवं शाजापुर जिले की प्रति व्यक्ति आय (आश्रित चर) के मध्य प्रतीपगमन मॉडल को तालिका में दर्शाया गया हैं।

-Coefficients

Model	Unstandard-ized coef.		Stadard-ized coef.	t	Sig.
	B	Std. error	Beta		
(constant)	-2.408	70.697	.922	-.0346	.974
Total exp. In shaja-pur dist.	0.312	.050		.286	.000

तालिका के आधार पर प्रतीपगमन समीकरण निम्न प्रकार से बनेगा –

$$\hat{p}\,c = \hat{a} + \beta, TE + e$$

समीकरण में तालिका मूल्य रखने पर

$$\hat{p}\,c = (-2.408) + 0.312(TE) + e$$

विश्लेषण – तालिका में शाजापुर जिले के संबंध में बनाये गये मॉडल से स्पष्ट हैं कि प्रति व्यक्ति आय के सापेक्ष β_1 0.312 तथा इसका t मूल्य 6.286 (.000 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर) हैं, जो यह स्पष्ट करता हैं कि

β_1 में यदि 1% परिवर्तन होगा तो प्रति व्यक्ति आय 6.28 सार्थक एवं धनात्मक रूप से बढ़ेगी।

मॉडल में r = 0.84 तथा F का मूल्य 39.51 (.000 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर) हैं, अर्थात सम्पूर्ण मॉडल में 84% परिवर्तन लिये गये स्वतंत्र चर के कारण हो रहे हैं जबकि 16% परिवर्तन अन्य कारणों से हो रहे हैं जो हमारे अध्ययन की विषयवस्तु नहीं रहे हैं।

निर्वचन – परिकल्पना के परीक्षण से स्पष्ट होता हैं कि महिला उद्यमिता से संबन्धित शासकीय योजनाओं का शाजापुर जिले की प्रति व्यक्ति आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं। अत: परिकल्पना स्वीकार योग्य हैं।

निष्कर्ष – उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट हैं कि महिला उद्यमियों को अपने परिवार व उद्योग स्थल पर अनेक प्रकार की समस्याओं के बीच सामंजस्य बिठाते हुए कार्य करना होता हैं। अत: यदि इस अध्ययन में प्रयुक्त किये गए मौखिक तथा व्यवसायिक सुझावों को अमल में लाया जाता हैं तो निश्चित रूप से महिलाएँ अपनी समस्याओं का धीर – धीरे समाधान कर सकेगी एवं शासकीय योजनाएँ भी वास्तविकताओं के धरातल पर फलीभूत हो सकेगी।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता हैं कि महिलाएँ अपने अधिकारों व हितों के प्रति जागरूक हो, उनमें आत्मविश्वास और आत्मचेतना की प्रवृति विकसित हो ताकि वे उचित आय प्राप्त कर पारिवारिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सके। इस हेतु निचले स्तर से उपरी स्तर तक बेहतर प्रबंधन एवं क्रियात्मकता के स्तर पर गुणात्मक सुधार की आवश्यकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल अंजु एंड अरोडा डी. आर (1989), वूमेन इन रुरल सोसाइटी,वोहरा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्युटर्स, इलाहाबाद
2. आनंद सुचित्रा (1986), वूमेन एट वर्क इन इंडिया:ए बिब्लियोग्राफी, सेज पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
3. आर्य साधना (2000), वूमेन जेण्डर इक्वेलिटी एंड द स्टेट, दीप एंड दीप पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
4. अवस्थी आभा, ए.के.श्रीवास्तव (2001), मॉडर्निटी, फेमिलिज्म एंड वूमेन इम्पावरमेंट, रावत पब्लिकेशन्स,जयपुर
5. जी.एस. सुधा,2008, उद्यमिता विकास,रमेश बुक डिपो, जयपुर
6. पाठक अभय, 2009, उद्यमिता विकास, रामप्रसाद एण्ड संस, आगरा, 11-12
7. उद्यमिता मार्गदर्शिका,2009, उद्यमिता विकास केंद्र,मध्यप्रदेश (सेडमेप),भोपाल
8. जिला सांख्यिकी पुस्तिका,2009, जिला सांख्यिकीय कार्यालय, शाजापुर।
9. मानव विकास प्रतिवेदन,मध्य प्रदेश शासन, 2014।
10. जिला चिकित्सा पुस्तिका,2010, जिला चिकित्सालय,शाजापुर।
11. जिला सांख्यिकी संक्षेप,2012, मध्यप्रदेश शासन भोपाल।
12. जनसंख्या नीति पुस्तिका,2012, जिला साक्षरता समिति, शाजापुर।
13. वार्षिक प्रपत्र, 2014, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला शाजापुर।
14. उद्यम मार्गदर्शिका,2010, उद्यमिता विकास केंद्र म.प्र सेडमेप भोपाल
15. जिला पंचायत ग्रामीण विकास कार्यालय, शाजापुर
16. जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, शाजापुर
17. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत, शाजापुर
18. महिला एवं बाल विकास कार्यालय, शाजापुर
19. बैंक ऑफ इंडिया, अग्रणी बैंक, जिला शाजापुर
20. जिला परियोजनाधिकारी समस्त विकासखण्ड, जिला शाजपुर
21. जिला सांख्यिकीय कार्यालय,जिला शाजापुर

तालिका 1 : स्थापित उद्योगों में ऋण की राशि का विवरण

विवरण	विकास खण्डवार सर्वेक्षित महिला उद्यमी								जिला शाजापुर	प्रतिशत
	शाजापुर	मो. बड़ोदिया	शुजालपुर	कालापीपल	आगर	बड़ौद	सुसनेर	नलखेड़ा		
20 प्रतिशत से कम	-	-	-	2	-	-	-	-	2	1
20 से 40 प्रतिशत	-	2	3	8	3	10	5	3	34	17
40 से 60 प्रतिशत	11	10	11	6	8	9	9	10	74	37
60 प्रतिशत से अधिक	14	13	11	9	14	6	11	12	90	45
कुल	25	25	25	25	25	25	25	25	200	100

स्रोत :- प्रत्यक्ष सर्वेक्षण के आधार पर

तालिका 2 : आर्थिक स्थिति संबंधी विवरण

विवरण	विकासखण्डवार सर्वेक्षित महिला उद्यमी								जिला शाजापुर	प्रतिशत
	शाजापुर	मो. बड़ोदिया	शुजालपुर	कालापीपल	आगर	बड़ौद	सुसनेर	नलखेड़ा		
सुधार	21	19	24	17	16	17	18	20	152	76
यथावत	4	6	1	8	9	8	7	5	48	24
कुल	25	25	25	25	25	25	25	25	200	100

स्रोत :- प्रत्यक्ष सर्वेक्षण के आधार पर

A Comparative Study of Job Satisfaction among Physical Education Teachers of Government and Private Schools: With Reference to Bilaspur Division of Chhattisgarh

Mahendra Patel* Dr. Jaishankar Yadav**

Abstract - Job satisfaction of physical education teachers working in various government and private schools from Bilaspur division of Chhattisgarh was compared in this study. To conduct the study 50 physical education teachers working government schools (Average age 34.02 yrs) and 50 physical education teachers working in private schools (Average age 30.27 yrs) were selected as sample. To assess job satisfaction of selected subjects, Job Satisfaction Scale prepared by Singh and Sharma (2006) was used. Results revealed that job satisfaction in physical education teachers working in government school was significantly higher as compared to their counterparts working in private schools. It was concluded that type of school i.e. government and private schools do influence job satisfaction in physical education teachers.

Keywords : Physical education teachers.

Introduction - In modern time's good health, nutrition and physical fitness are key markers of nation's prosperity. It is important that school children possess good health and fitness so as to become future torch bearer of our nation. The overall development both in terms of physical and mental wellbeing is essential so as to generate strong human resources. This is where role of physical education teacher is significant because physical education teachers help students to know about the utility of physical activity and educate them about its long term benefits. Physical education teachers use holistic approach to educate and nurture students about health, nutrition, fitness apart from psychological benefits of physical fitness. In this sense physical education teachers are integral part in school education in India. Hence it is vital that physical education teachers are satisfied with job. Job satisfaction is associated with self motivation and person's satisfaction towards his/ her work. Job satisfaction is meant by fulfilling the expectation of an individual both professionally and personally. Job satisfaction is of great psychological relevance because it is believed that an individual can contribute when he/she is satisfied with their job. Studies have been conducted by researchers namely Deshmukh (2004), Tajnia et al. (2014), Ahmadian et al. (2015), Rajasekaran and Selvan (2018) in which factors associated with job satisfaction of physical education teachers were identified. So far no study has been conducted in which job satisfaction of physical education teachers working in government and private schools of Bilaspur Division of Chhattisgarh has been compared. Hence the present study was planned.

Objectives - The objective of the present study was to compare job satisfaction of physical education teachers working government and private schools.

Hypothesis - It was hypothesized that job satisfaction in physical education teachers of government schools would be significantly higher as compared to job satisfaction in physical education teachers working in private schools.

Methodology -

The following methodological steps were taken in order to conduct the present study.

Sample - To conduct the study 50 physical education teachers working government schools (Average age 34.02 yrs) and 50 physical education teachers working in private schools (Average age 30.27 yrs) were selected as sample. To assess job satisfaction of selected subjects, Purposive sampling was used for selection of sample.

Tools:

Job Satisfaction Scale - To assess job satisfaction of selected subjects, Job Satisfaction Scale prepared by Singh and Sharma (2006) was used. This scale consists of 30 statements with 04 possible responses. This scale is highly reliable and valid.

Procedure - 50 physical education teachers working in government schools and 50 physical education teachers working in private schools were selected purposively. Job Satisfaction Scale (JSS) was administered to each subjects as per directions given in manual provided by authors of

***Advanced Postgraduate Student (Physical Education) Dr. CV Raman University, Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA**

**** Asso. Professor (Physical Education) Dr. CV Raman University, Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA**

this scale. After evaluation of responses data was tabulated in respective study groups. Independent sample 't' test was used as statistical tool for comparative purpose. The analysis of data is shown in table 1

Result & Discussion

Table 1 (see below)

Comparison of job satisfaction between two study groups revealed that physical education teachers working in government schools were significantly more satisfied with their jobs as compared to physical education teachers working in private schools. The calculated t=2.79 also confirms this finding at .01 level of statistical significance. The results points to a fact that there is a huge difference in salaries and other facilities given to government and private schools. Mariano (1999) also reported the similar findings.

Conclusion - On the basis of results, it may be concluded that type of educational institution in the form of government/ private management influence job satisfaction in physical education teachers.

References :-

1. Ahmadian, R., Farshbaf, M. and Vafaeian, M. (2015). The relationship between burnout and job satisfaction of physical education teachers in Shabestar city. Indian Journal of Fundamental and Applied Life Sciences, Vol. 5 (S2), pp. 1235-1241.
2. Deshmukh, D.S. (2004). Job Satisfaction of Physical Education Teachers in Marthwada Region of Maharastra. Hanuman Vyayam Vidnyan, Vol. 34, May 2004.
3. Mariano, P. and Baker P. (1999). Job satisfaction among American Teachers : Effect of work place conditions, background characteristics and teacher compensation. Statistical Analysis Report, p. 2.
4. Rajasekaran, D. and Selvan M.D. (2018). Job satisfaction of physical education teachers in Coimbatore district. International Journal of Scientific Research and Review, Vol. 7, Issue 12, pp. 367-372.
5. Tajnia, J., Honari, H., Ranjdust, S. and Ebadi, N. (2014). Job Satisfaction of Physical Education Teachers in East Azerbaijan Province, Iran. Bulletin of Environment, Pharmacology and Life Sciences, Vol 3 (Spl issue II) 2014: 57-62.

Table 1 : Comparison of Job Satisfaction among Physical Education Teachers Working in Government and Private Schools

Variable	Type of Educational Institution				t	Level of Significance
	Government (N=50)		Private (N=50)			
	M	S.D.	M	S.D.		
Job Satisfaction	64.50	15.06	56.80	12.35	2.79	.01

****

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का अध्ययन (बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा के संदर्भ में)

डॉ. रीना तिवारी* सुमन शर्मा **

प्रस्तावना - स्वस्थ शरीर प्रत्येक जीव के लिए एक वरदान है।

'पहला सुख निरोगी काया'

देश में कार्यबल की कुल संख्या में लगभग 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगार हैं। निर्धन व्यक्ति बीमा के लागत के कारण स्वास्थ्य बीमा लेने के लिए अनिच्छुक होते हैं या सक्षम नहीं होते हैं। स्वास्थ्य बीमा करना और इसे लागू करना, खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कठिन है। केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य बीमा की जरूरत को पहचानते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (आरएसबीवाय) आरंभ की है। 25 मार्च 2013 तक, योजना में 34,285,737 स्मार्ट कार्ड और 5,097,128 अस्पताल में भर्ती होने के मामले हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को 01 अप्रैल 2008 को लागू किया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ :

1. असंगठित क्षेत्र के कामगार और उनके परिवार (पांच की इकाई) शामिल किए जाएंगे।
2. प्रति परिवार प्रति वर्ष पारिवारिक फ्लोटर आधार पर कुल बीमा राशि 50,000/- रूपये होगी।
3. सभी शामिल बीमारियों के लिए नगद रहित उपस्थिति।
4. अस्पताल के व्यय, सभी सामान्य बीमारियों की देखभाल सहित कुछ निष्कासन संभव है।
5. सभी पूर्व-मौजूद रोग शामिल किए जाए।
6. परिवहन लागत (प्रति विजिट अधिकतम 100 रूपए के साथ वास्तविक) के साथ 1000 रू0 की समग्र सीमा।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि निर्धन परिवारों हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एक उपयोगी योजना है।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय - प्रस्तुत अध्ययन छ0ग0 राज्य के बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत किया गया है।

कोटा विकासखण्ड के अंतर्गत 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 09 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 47 उप स्वास्थ्य केन्द्र आते हैं।

इन स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी निम्नानुसार है:-

तालिका क्र 0 1

क्र.	गांव का नाम	स्वास्थ्य केन्द्र
1	कोटा	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
2	रतनपुर	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
3	टेंगनमाड़ा	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
4	करगीकला	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
5	बेलगहना	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
6	शिवतराई	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
7	सल्का नवागांव	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
8	आमागोहन	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
9	पोंड़ी	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

इन अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा है। यहां के मरीजों को कुत्ते काटने से लेकर डिलीवरी एवं अनेक बीमारियों हेतु स्मार्ट कार्ड का उपयोग करके चिकित्सकीय सुविधाऐ प्रदान की जाती है।

तालिका क्र0 2

क्र.	गांव का नाम	जनसंख्या	स्मार्ट कार्ड धारी परिवार की संख्या	प्रतिशत
1	कोटा	31945	7986	25.00
2	रतनपुर	29989	7497	25.00
3	टेंगनमाड़ा	25506	6377	25.00
4	करगीकला	27119	6780	25.00
5	बेलगहना	26588	6647	25.00
6	शिवतराई	21900	5475	25.00
7	सल्का नवागांव	23832	5958	25.00
8	आमागोहन	22821	5705	25.00
9	पोंड़ी	21106	5277	25.00
10	चपोरा	22800	5700	25.00
11	केंदा	19976	4994	25.00
	योग	**273582**	**68396**	**25.00**

इस बीमा योजना के द्वारा 772 प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जाता है। सन् 2009 में स्मार्ट कार्ड द्वारा 30000/- का बीमा किया जाता था जिसकी राशि वर्ष 2012 में बढ़ाकर 50000/- कर दी गई।

वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को संशोधित करते हुए आयुष्मान भारत योजना लागू किया गया है। जिसमें बीमा की राशि बढ़ाकर 1 लाख रू0 कर दी गई है एवं बीमारियों की संख्या भी बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की मुख्य विशेषताएं :

* निर्देशिका (समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (समाज कार्य) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

1. **बेहतर मेडिकल इलाज**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार गरीबों को पहले की अपेक्षा बेहतर मेडिकल ट्रीटमेंट देने की कोशिश करेगी। इस योजना के अंतर्गत लगभग सभी सरकारी एवं निजी मेडिकल शाखा समाहित की जाएगी।

2. **स्टेकहोल्डर्स को लाभ**:-इस योजना के अंतर्गत ऐसी संरचना बनायी गई है जिससे कि यहाँ एक तरफ गरीबों को लाभ होगा, वहीं दूसरी तरफ सरकारी अस्पताल, प्राइवेट अस्पताल और इंश्योरेंस कंपनी को भी काफी लाभ प्राप्त हो सकेगा।

3. **इंश्योरेंस**:- इस योजना के अंतर्गत इंश्योरेंस कंपनी बीपीएल लोगों को लाभ देगी। इसके अंतर्गत ये इंश्योरेंस, कंपनी केन्द्र और राज्य सरकार को प्रदान करेगी। इस तरह से गरीबी रेखा के लोग इस पॉलिसी की तरफ आकर्षित होंगे।

4. **अस्पताल को लाभ**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार अथवा प्राइवेट अस्पतालों को इस बात का भय नहीं होगा कि उनके मेडिकल बिल कौन भरेगा। इस कारण निजी अस्पताल भी बिना किसी संशय के गरीबों को ट्रीटमेंट दे सकेगी।

5. **प्राइवेट और पब्लिक मेडिकल के बीच स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार ने निजी और सरकारी अस्पताल को एक पंक्ति में लाने की कोशिश की है। इस वजह से दोनों मेडिकल सेक्टर में एक स्वास्थ प्रतिस्पर्धा आ रही है, जिसका लाभ लोगों को अच्छे उपचार के रूप में प्राप्त हो सकेगा।

6. **कई मध्यस्थ संस्थानों को लाभ**:-इस योजना के अंतर्गत कई एनजीओ और एमएफआई को भी लाभ प्राप्त हो सकेगा। कई ऐसे संस्थान जो केन्द्र और राज्य सरकार स सहायता लेकर गरीबों के लिए अच्छी दवा मुहैया कराने का कार्य करते हैं, उन्हें काफी सहायता प्राप्त होगी और वे बेहतर कार्य कर पाएंगे।

7. **आईटी सेक्टर का प्रयोग**:- केन्द्र सरकार अपने लगभग सभी योजनाओं में आईटी सेक्टर का प्रयोग कर रही है। सरकार अपनी इस योजना के लिए भी आईटी तथा आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर रही है, ताकि योजना का संचालन बेहतर तरीके से हो सके। इससे योजना संबंधित समस्त डाटा सरकारी सर्वर में सुरक्षित रहेगा।

8. **ट्रांसपोर्ट के भाडे.का लाभ**:- सरकार ने इस योजना के अंतर्गत दवाओं का लाभ देने के साथ ही, एम्बुलेंस खर्च देने का भी ऐलान किया है, इसके अनुसार सरकार रोगी को किसी ग्रामीण या पिछडे स़्थान से हॉस्पिटल ले जाने का भी खर्च देगी। यद्यपि सरकार इसके लिए रू. 1000 से अधिक खर्च नहीं देगी।

9. **कैशलेस प्रक्रिया** :- इस योजना का लाभ उठा रहे लोगों को किसी भी तरह से पैसे जमा करने की चिंता नहीं होगी। इसके साथ ही लाभार्थी को किसी तरह के बिल का भुगतान करने की भी आवश्यकता नही है। भुगतान संबंधित सभी कार्य स्मार्ट कार्ड द्वारा किया जा सकेगा।

10. **भारत के हर कोने में होगा मान्य** :- स्मार्ट कार्ड इस बात से परे कार्य करेगा कि वह देश के कौन से हिस्से में बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति जिसने देश के किसी भी हिस्से से स्मार्ट कार्ड बनवाया है, उसे देश के किसी भी स्थान पर इसका प्रयोग करने की आजादी होगी।

11. इस योजना के अंतर्गत समस्त कार्य सरकार आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कर रही है। इस योजना के लिए आवेदक को अपने समस्त बायोमेट्रिक डिटेल होने की वजह से किसी भी तरह की गलती होने की आशा नहीं होगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ हेतु क्लेम कैसे करें:-

1. इस योजना के अंतर्गत लाभ क्लेम करने की प्रक्रिया तेज और सरल है कार्ड धारक यदि अस्पताल में भर्ती कराया जाता तो सर्वप्रथम यह कार्ड अस्पताल में दिखाने की आवश्यकता होती है।
2. अस्पताल के अथॉरिटी द्वारा स्मार्ट कार्ड लेकर स्कैन किया जाता है यदि सभी जानकारियाँ औपचारिक रूप से सही हुई तो इलाज में कोई समस्या नहीं आती।
3. अस्पताल स्वयं ही रोगी के संबंधित दस्तावेजों को इंश्योरेंश कंपनी भेज देते है। इंश्योरेंस कंपनी के अफसर दस्तावेजों के जांच के बाद तुरंत ही अस्पताल को पैसे भेज देते हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आवश्यक योग्यताएं - इस योजना के अंतर्गत सरकार ने कुछ विशेष शर्तें जारी की हैं, जिसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि योजना का लाभ सही लोगों को प्राप्त हो रहा है।

1. **गरीबी रेखा के नीचे**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार ने केवल उन लोगों को लाभ देने की योजना बनायी है जो गरीबी रेखा से नीचे हैं।

2. **विभिन्न अव्यवस्थित सेक्टर के श्रमिक**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार ने यह तय किया है कि जो भी व्यक्ति किसी ऐसे स्थान पर कार्य कर रहे है जहां पर वह अधिक पैसे नहीं कमा पाते हों वह भी स्मार्ट कार्ड से अपना इलाज करा सकते हैं।

3. **स्मार्ट कार्ड की आवश्यकता**:- यदि इंश्योरेंस प्राप्त लाभार्थी को इस योजना के तहत् कैशलेश सुविधा प्राप्त करना हो तो उसके पास स्मार्ट कार्ड का होना अनिवार्य है।

4. **पांच सदस्यों के लिए**:- इस योजना के अंतर्गत सरकार किसी भी परिवार के पांच लोगों को योजना का लाभ प्रदान करेगी।

5. **राशन कार्ड की आवश्यकता**:- आवेदकों के पास राशन कार्ड का होना अनिवार्य है, जिन लोगों के पास राशन कार्ड होगा इस योजना का लाभ वही ले पाएंगे क्योंकि राशन कार्ड से ही गरीबी रेखा के अंदर आने वाले लोगों की पहचान की जा सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. द इकोनॉमिक टाइम्स, ग्रामीण डेलिगेशन विजिटिंग इंडिया टू टेक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (2012)
2. मिश्रा, रमेन्द्रनाथ एवं अन्य, ने 'संदर्भ छत्तीसगढ', संशोधित संस्करण 2008 अनुसंधान पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स
3. एन.जी.ओ. 2016 द्वारा प्राप्त पुस्तिका
4. आरबीएवाय : नेशनल समरी 2011
5. संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें बिलासपुर की पत्रिका (2018)
6. संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें की पत्रिका (2018)
7. टूटेजा, अनिल, 'प्रतियोगिता सारांश' 2008 अमन प्रकाशन रायपुर

****

बाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड में शकुन विचार

डॉ. वेदप्रकाश मिश्र* गणेश प्रसाद तिवारी**

प्रस्तावना – आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की यह पावन कृति रामायण जहां एक ओर मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम के लोकवन्दित विक्रम की गौरवमयी गाथा है, वहीं दूसरी ओर इसे विविध शास्त्रों के आधारभूत सिद्धांतों का अनवद्य आकर भी माना जाता है। स्कन्द महापुराण के रामायण माहात्म्य में व्यासदेव का यह कथन सर्वथा अवधेय है, रामायण के संदर्भ में –

रामायणेन तर्तन्ते सुतसं ये जगडिगता:।
त एव कृतकृत्याश्च सर्वशास्त्रार्थको विदा:॥
धर्मार्थकाममोक्षणां साधनं च द्विजोत्तमा:।
श्रोतव्यं च सदा भक्त्या रामायणपतमृतम्॥[1]

यह काव्य धर्मादि पुरूषार्थ चतुष्टय की उपलब्धि का श्रेष्ठ साधन है तथा शाश्वत चिन्तन का उद्यावक-प्रस्तावक होने के कारण अमृत स्वरूप भी है। इस ग्रन्थ का आधार लेकर अपनी लोक यात्रा सम्पन्न करने वाले सर्वसृहद् मनुष्य सभी शास्त्रों के परगामी विद्वान् हो जाते हैं।

'कार्य सर्वदा कारणका ज्ञापक होता है।' इस न्यायसे यह 'सर्दशास्त्रार्थकोविद' विशेषण रामायणीय विषयवस्तु के निशद फलक की व्यापकता को इंगित करता है। यह बतलाता है कि रामकाव्य केवल साधारण काव्य नहीं है अपितु इसमें काव्योंचित वर्णना के अतिरिक्त अन्य विषय भी समाविष्ट हुए है। पर मेरा शोध पत्र शकुन विचार पर केन्द्रित होगा।

शकुन विचार, रामायण में नानाविध शास्त्रीय तथ्य बीजरूप में विद्यमान हैं। इस शोध पत्र में रामायण काव्य के बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड में प्राप्त होने वाली शकुन सम्बन्धी मान्यताओं का समालोचन करणीय है। इन दोनों ही काण्डों में विभिन्न प्रसंगों के अन्तर्गत शकुन शास्त्रीय विचार उपलब्ध होते हैं, उनके क्रमिक उप स्थापन से पूर्व शकुन के स्वरूपादि को स्पष्ट करना आवश्यक है। रामायण मुख्यत: भौम, आन्तरिक्ष तथा दिव्य निमित्तों को शकुन के रूप में ग्रहण करता है।

शकुन शब्द प्राकृष्ट सामर्थ्ये धातु में शकेरूनोनतोन्तुनय:॥[2]

इस उणादिसूत्र से 'उन' प्रत्यय का विधान करने पर निष्पन्न हुआ है, शक्नोति शुभाशुभं विज्ञातुभनेन इत्यादित व्युत्पत्ति के आधार पर जो साधन व्यक्ति को शुभ और अशुभ भावी परिणामों को जानने में समर्थ बनाये, उसे शकुन कहते हैं' यह तात्पर्य ज्ञात होता है। शकुनविज्ञान ज्योतिषशास्त्र का अन्तर्वर्ती विज्ञान है। यह मुख्यत: ज्योतिष के संहिता नामक स्कन्ध से सम्बन्ध रखता है। परम्परांगत मान्यता है और शास्त्रीय उल्लेख भी है कि अन्य शास्त्रों की भाँति इसे भी भगवान् सदाशिव ने लोकहितार्थ प्रकट किया था। जैसा कि – 'स्वयं त्रिनत्रो भगवान् गणानामुपादिशत् शाकुन मुत्तमं च मत्। शकुन का एक अर्थ पक्षी भी होता हैं इस शास्त्र के अधिकांश निमित्त पक्षियों पर अवलम्बित हैं, अत: इसे पक्षियों की प्रवृत्ति, स्वर आदि के आधार पर फल को सूचित करने वाला शास्त्र कहने में कोई अनौचित्य नहीं है।

विभिन्न फलज्ञापक ग्रन्थों में पक्षियों की अस्वाभाविक चेष्टाओं के आधार पर इष्ट, अविष्ट फल शास्त्रकारों ने बताये भी है। शुकन विज्ञान एक व्यवहारोपयोगी विज्ञान है, जिसकी सूचनाओं का समुचित उपयोग करके मनुष्य प्रतिकूलताओं की दिशा को अवश्य ही परिवर्तित कर सकता है।

भारतवर्ष के सर्वदर्शी मनीषी ऋषियों ने पशु-पक्षी, विभिन्न जीव-जन्तुओं की चेष्टा, भाव, आकृति, प्रकृति, विकृति, आदि का गहन अध्ययन करके, उनके व्यवहारों का सूक्ष्म निरीक्षण करके सदसत् परिणामों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया और उन निष्कर्षों को लोकहितार्थ लिपिबद्ध भी किया। इस प्रकार यह विज्ञान लोकमानस की श्रद्धा का पात्र और आवश्यकता का प्रामाणिक उपाय भी बन सका।

महर्षि बाल्मीकि परावरतंता त्रिकालदर्शी ऋषि हैं, अत: उनके महनीय प्रबन्ध में कालदर्शक तत्तवों का होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, अपितु ऐसा होना तो सर्वथा स्वाभाविक ही है। आदिकवि के द्वारा मानित कतिपय मुख्य ज्ञापक निमितों को यहां संक्षेप में मीमांसा की जा रही है, जो लोकमानस का कल्याण करने में समर्थ होगी। रामायणकार ने तीन प्रकार के शकुनों अथवा निमित्तों को अपने वर्ण्य विषय बनाया है, वे हैं इष्टानिष्टार्थ ज्ञापन शकुन। यहाँ उनकी संक्षेप में यथाक्रम चर्चा की जा रही है।

रामायण में विभिन्न स्थलों पर ऐसे शकुनों की चर्चा की गयी है, जो कालान्तर में किसी विशेष अभीष्ट परिणाम की सूचना देने वाले हैं। जिस समय महाराज दशरथ ने पुत्र प्राप्ति की कामना में अश्वमेघ यज्ञ करने का प्रस्ताव वसिष्ठ आदि मुनियों के समक्ष किया था, तब महर्षियों ने उनकी ऐसी धार्मिक बुद्धि को अभीष्ट की सूचमित्री प्रतिपादित किया। जैसा कि रामायण में –

सरखाश्चोत्तरे तीरे यज्ञभूमिर्विधीयताम्।
सर्वथा प्राप्स्येसे पुत्रानभिप्रेतांश्च पार्थिव॥
यस्य वे धार्मिकी बुद्धिरियं पुत्रार्थ मागता।
ततस्तुष्टोऽभवद् राजा श्रुत्वैतद् द्विजभाषितम्॥[3]

किसी भी अभीष्ट की प्राप्ति हेतु लालायित चित्त में धर्म बुद्धि का उदय शकुन की ही परिधि में आता है। जहाँ दौर्मनस्यादि भाव उदित होते हैं, वहां कार्य की सिद्धि सन्दिग्ध हो जाती है- ऐसा पारम्परिक शकुनवेत्तओं का विश्वास है।

जब श्रीराम और लक्ष्मण को साथ लेकर महर्षि विश्वामित्र अयोध्या से चलते हैं, उस समय के शकुन भविष्य में होने वाले तीनों के ही अभीष्ट को

* प्रोफेसर कला संकायध्यक्ष (संस्कृत) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (संस्कृत) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

ज्ञापित करते हैं। जैसा कि –

ततो वायु: सुखस्पर्शो नीरजस्को ववौ तदा।
विश्वामित्रगतं रामं दृष्ट्वा राजीवलोचनम्।।
पुष्पवृष्टिर्महव्यासीत् देवदुन्दुभिनि: स्वनै:।
शंखदुदुभिनिर्घोष: प्रयातेतु महात्मनि।।[4]

इन श्लोकों में अनेक शकुन गूढ रूप से स्थित हैं। वे क्रमश: अवगन्तव्य हैं–

(क) सुखस्पर्शी वायु का बहना। रामायण के ही विभिन्न प्रसंगों में सदस्पर्शी वायु के बहने की बात आयी है, जिसने अभिष्टों को ही सूचित किया है।

(ख) वायु का नीरजस्क होना। रजोयुक्त वायु जहां स्वाभाविक होने पर ऋतु परिवर्तन को सूचित करती है, वहीं अकस्मात् बहने पर अविष्टों को। ये शकुन भी रामायण के विभिन्न काण्डों में उल्लेखित तत् स्थलों पर किया गया है।

(ग) पुष्पवृष्टि का होना।

(घ) प्रयाणकाल में शंख, दुन्दुभि आदि मंगलवाद्यों का सहसा बज उठना, कल्याणकारी, अभीष्ट साधक शकुन माना जाता है। बसन्त राज शाकुन, बृहत्संहिता आदि में स्पष्टत: इनका मांगलिक शकुन के रूप में निरूपण किया गया है।

(ड़) यात्राकाल में सवत्सा गौ का दर्शन।

(च) वेदवंता , ब्राह्मण का दर्शन।

(छ) प्रज्वलित अग्नि का दर्शन।

(ज) दधि, दूर्वा, शंख, चामर, मणि आदि का दर्शन।

ये सभी शकुन इष्टसिद्धि को ज्ञापित करने वाले बताये गये हैं। शब्दकल्पद्रुम के अन्तिम खण्ड में बसन्तराज शाकुन का एक शकुन सम्बन्धी उदाहरण अवधेय है।

कीर्तनात् श्रवणतो विलोकनात्।
सपर्शनात् समधिकं समोत्तरम्।।
मंगलाय दधिचन्दनादिकं,
स्यात् प्रवास भवन प्रवेशयो:।।[5]

इस प्रकार के शकुनों की चर्चा रामायण में अनेक बार की गयी है।

अनिष्टार्थ ज्ञापन शकुन –रामायण में महाराज दशरथ और राजकुमार भरत के मुख से भी आदिकवि ने विभिन्न अपशकुनों का कथन करवाया है। मरण से पूर्व दशरथ को परिलक्षित होने वाले शकुन रामायण में इस प्रकार श्लोक में वर्णित हैं –

चद्युर्भ्यो त्वां न पश्यामि कौसल्ये त्वं हि मां स्पृश।
यमक्षयमनु प्राप्ता द्रक्ष्यन्ति न हि मानवा:।।
चक्षुषा त्वां न पश्यामि स्मृतिर्मम विलुप्यते।
दूता वैवस्वत स्मेते कौसल्ये त्वरमन्ति माम्।।[6]

क– मुमूर्षु व्यक्ति का मुखकान्ति का नष्ट होना।
ख– बिना कारण के भय का अनुभव करना।
ग– अपने प्रति घृणा या दमनीयता का भाव होना।
घ– वाणी में रूक्षता का आ जाना।
ड.– मन का सतत चलायमान रहना।
च– स्मणशक्ति का क्षीण हो जाना।

ऐसे ही भरत को भी राम के वनगमन एवं दशरथ मरण के पूर्व अपशकुनों का अनुभव हुआ था। जैसा कि रामायण में वर्णित है –

शुष्यहीन च में कण्डो न स्वस्थ मित्र में मन:।
न पश्यामि भयस्थानं भयं चैवोयधारये।।
भ्रष्टश्च स्वरयोगो ने छाया चापमता मम्।
जुगुपत इस चात्मानं न च पश्यामि कारणम्।।[7]

इस प्रकार के विविध अपशकुनों की चर्चा रामायण काव्य में प्राप्त होती है।

बाल्मीकि रामायण में जिस समय दशरथ अपने परिणीत पुत्रों के साथ अयोध्या की ओर प्रस्थान करते हैं, उसी समय शिवधनुष के भंग होने से कुपित परशुराम जी से राम का विवाद होता है। परशुराम के आने से पूर्व जो शुभाशुभ शकुन अनुभूत हुए थे, उन्हें कवि ने इस प्रकार वर्णित किया है –

धोरास्तु पक्षिणों वाचं व्यहरन्ति समन्तत:।
भौमाश्चैव मृगा: सर्वे गच्छन्ति स्म प्रदक्षिणम्।।[8]

क– क्रूर पक्षियों (गृध, काक, उलूक आदि) का धूलि से आच्छन्न होना अर्थात धूल स्नान करना।व।
ख– मृगों का प्रदक्षिण क्रम से गमन करना।पङ्म।
ग– सूर्य का तमसावृत हो जानां वातावरण का धूलि से आच्छन्न होना||।
घ– भयानक आँधी का एकाएक चलना।[9]

इस प्रकार से रामायणकार ने विविध प्रसंगों में तद्धरूप विषयवस्तु वाले शुकन विज्ञान को संश्लिष्ट कर अपने काव्य को नितान्त व्यावहारिक बनाने का सत्पयन्त किया है। सूक्ष्म एवं व्यापक दृष्टि से देखने पर प्रतीत होता है कि समस्त पर्यावरण ही मानव के इष्ट तथा अनिष्ट को सूचित करने में समर्थ है। यह भारत का निजस्वत्व है कि उसने परोक्ष तथ्यों को भी अपनी विशद बुद्धि के माध्यम से अधिगत किया है। इस तथ्य की उपस्थापना में संशय निरवकाश है कि महर्षियों की ऋतम्भरा प्रज्ञा के लिये समग्र मानव जाति सर्वदा उनकी अधमर्ण रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्कन्द. उत्तर. रामायणमाहात्म 1/23:241
2. उणादिसूत्रम् 3/49
3. बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड 8/12,13
4. बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड 22/4,5
5. शब्दकल्पडुम, खण्ड पाँच में बसन्तराज शाकुन का सन्दर्भ
6. बाल्मीकि रामायण अयोध्याकाण्ड 64/61, 65
7. बाल्मीकि रामायण अयोध्याकाण्ड 69/19,20
8. बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड 74/9
9. बाल्मीकि रामायण बालकाण्ड 74/13,14

****

A Comparative Study Of Eye Hand Coordination And Reaction Time Among Various Ball Game Players

Asif Hussain Mir* Dr.Ganesh Khandekar**

Abstract - The main purpose of the study was to investigate the eye hand coordination and reaction time among various ball game players. For the present study, the data were collected from the inter-collegiate players of various ball games viz. Volleyball, Basketball, handball and cricket players of different affiliated colleges of Kashmir University. The data pertaining to eye hand coordination and reaction time was collected from 80 subjects and 20 subjects were selected from each game. I.e. (20) from Volley ball, (20) from Basketball, (20) from Handball and (20) from Cricket through simple random sampling for testing the hypothesis. The statistical analysis and interpretation was done on the basis of data collection. The data was analysed and interpreted by using' 'f' test. The finding of the study shows that there was found significant difference in the eye hand coordination and reaction time among various ball game players.
Keywords: Eye hand coordination, reaction time and ball game players.

Introduction - The researcher was very much interested to study the comparison of eye hand coordination and reaction time among different ball game players of various affiliated colleges of Amravati University because the main reason for this seems to be that the eye hand coordination and reaction time plays a very important role in the life of a sports person and being a sportsman is not general in nature; it varies from man to man. This has been done within the sport context and the results are encouraging. For the study, measure tested was used to know and compare the eye hand coordination and reaction time of the Volleyball, Basketball, Handball and Cricket players of affiliated colleges of Amravati University. The eye hand coordination and reaction time that was included in study was two sub-test Visual, auditory. Reaction time is the time that elapses between the movement a stimulus is detected by the brain and the movement of response starts. Tests have confirmed that nobody can react in less that 0.110 of seconds. Reaction time is quickest for young adults and gradually slows down with age. It can be improved with practice, up to a point, up to a point, and it declines under conditions of fatigue and distraction. Reaction time relating to, but is different from reflex time, movement time and response time. It is the interval between a stimulus and initiation of movement. Reaction time is time taken to process information and to initiate a movement after receiving a stimulus. Reaction times its role on the performance level of the players in various sports and games.

"Co-ordination is the ability to integrate muscles movements into an efficient pattern of movement". Co-ordination makes the difference between good performance and poor performance. The efficiency of skill patterns depends upon the interrelation of speed, agility, balance and muscle movements into as well co-ordinate pattern. It is the good advice to the performer and is necessary for judging such variables factor as speed, distance, direction, and size. Countless skills involve co-ordination of the eyes with hands. The players in Cricket, Volleyball, Basketball and handball do require eye- hand co-ordination when they exhibit their skills for successful performance. As there is lack of research available on important of eye-hand co-ordination for games. Where accuracy is more needed, the research worker was interested to conduct the study on Cricket, volleyball, Basketball and Handball players. The Nero-muscular co-ordination of the individual which includes his ability to learn new skill and finally achieve competency in physical activities as essential to all phase of physical education. Activities for developing such co-ordination, therefore, should be considered.

Methodology:

Source of Data - For the present study the researcher had taken the male subjects from affiliated colleges of Kashmir University, and these subjects were taken as sources of data.

Selection of Subject - The researcher selected 80 subjects for this study, 20 Volleyball players, 20 Cricket players, 20 Basketball players and 20 Handball players of inter

*Research Scholar (M. Phil) (Physical Education) Dr. CV Raman University, Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA
** Asso. Professor (Physical Education) Dr. CV Raman University, Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA

collegiate level from affiliated colleges of Kashmir University.

Sampling method - The 80 subjects were selected by the simple random sampling method.

Equipment used for collection of data - Following equipment and tests were used for collection of data.

Eye hand coordination: To find out the eye-hand coordination ability of the student.

Reaction time: This is a laboratory test used to measures the motor reaction to auditory and Visual stimulus.

Collection of data - The data will collected from the selected subjects by administering the appropriate test. The researcher explained the purpose of the study to the subject; so that they put their best.

Analysis And Interpretation Of Data - The statistical analysis and interpretation was done on the basis of data collection. The data was analysed and interpreted by using' 'f' test.

Table No-1 : Mean Of Reaction time in Audio of Different Ball Game Players.

Players	Mean
Handball	0.66
Basketball	0.60
Cricket	0.49
Volleyball	0.42

Table-1 reveals the eye hand coordination among the players of different ball games. The data collected from the different ball game players through 'f' test is shown in the above given table and the mean value of all the four ball game is as fallows Handball (0.66) , Basketball (0.60), Cricket (0.49) and Volleyball (0.42) .This data indicates that Handball players have better eye hand coordination because the mean value of Handball players is greater than all other three ball game players. The difference in the eye hand coordination of different ball game players is shown below graphically.

There is Mean difference in eye hand coordination among the players of different ball game players. Whether it is significant or not it can be shown by using special statistical technique 'F' test (ANOVA).

Graph-1 : Graphical Representation of Reaction time in Audio among the Players of Different Ball Games



Table No-2 (see in last page)

Table-2 reveals that 'F' at degree of freedom between groups (df_b) is shown by the formula **K-1** where 'K' is number of groups which are 4 so it becomes 4-1=3.

'F' at degree of freedom within groups (df_w) is shown by the formula '**N-K'** where 'N' is total number of subjects in all groups and 'K' is number of groups which becomes 80 - 4 = 76 .So 'F' test at 3 and 76 is 2.79 which is called Tabulated 'F'.

In the given table the value of Calculated 'F' is 3.27 which is greater than Tabulated 'F' is 2.79 at 0.05 level of significance so it is said that there is significant difference in eye hand coordination of various ball game players and the groups were as under Volleyball, Basketball, Handball and Cricket players of different affiliated colleges of Kashmir university), hence the researchers hypothesis is accepted.

Table No-3 : Mean Of Reaction time in Visual of Different Ball Game Players

Players	Mean
Handball	0.32
Basketball	0.40
Cricket	0.34
Volleyball	0.48

Table-3 reveals the reaction time in audio among the players of different ball games. The data collected from the different ball game players through 'f' test is shown in the above given table and the mean value of all the four ball game is as fallows Handball (0.32) ,Basketball (0.40), Cricket (0.34) and Volleyball (0.48). This data indicates that Cricket players have better reaction time in audio because the mean value of Cricket players is greater than all other three ball game players. The difference in the reaction time in audio of different ball game players is shown below graphically.

There is Mean difference in reaction time in audio among the players of different ball game players. Whether it is significant or not it can be shown by using special statistical technique 'F' test (ANOVA).

Graph-2 : Graphical Representation Of Reaction time in Visual Among The Players Of Different Ball Games



Table No-4 (see in last page)

Table-4 reveals that 'F' at degree of freedom between groups (df_b) is shown by the formula **K-1** where 'K' is number of groups which are 4 so it becomes 4-1=3.

'F' at degree of freedom within groups (df_w) is shown by the formula '**N-K'** where 'N' is total number of subjects in all groups and 'K' is number of groups which becomes 80 - 4 = 76 .So 'F' test at 3 and 76 is 2.79 which is called Tabulated 'F'.

In the given table the of Calculated 'F' is 1.66 which is less than tabulated 'F' is 2.79 at 0.05 level of significance, so it is said that there is no significant difference in reaction time in audio of various ball game players and the groups were as under Volleyball, Basketball, Handball and Cricket players of different affiliated colleges of Kashmir university), hence the researchers hypothesis is rejected.

Table No-5 : Mean Value of Eye hand coordination Among Different Ball Game Players.

Players	Mean
Handball	28.70
Basketball	27.55
Cricket	27.60
Volleyball	29.15

Table-5 reveals the reaction time in visual among the players of different ball games. The data collected from the different ball game players through 'f' test is shown in the above given table and the mean value of all the four ball game is as fallows Handball (28.70) , Basketball (27.55), Cricket (27.60) and Volleyball (29.15). This data indicates that Volleyball players have better reaction time in visual because the mean value of Volleyball players is greater than all other three ball game players. The difference in the reaction time in visual of different ball game players is shown below graphically.

There is Mean difference in reaction time in visual among the players of different ball game players. Whether it is significant or not it can be shown by using special statistical technique 'F' test (ANOVA).

Graph-3 : Graphical Representation Of Eye hand coordination Among The Players Of Different Ball Games.



Table No-6 (see in next page)

Table-6 reveals that 'F' at degree of freedom between groups (df_b) is shown by the formula **K-1** where 'K' is number of groups which are 4 so it becomes 4-1=3.

'F' at degree of freedom within groups (df_w) is shown by the formula '**N-K'** where 'N' is total number of subjects in all groups and 'K' is number of groups which becomes 80 - 4 = 76 .So 'F' test at 3 and 76 is 2.79 which is called Tabulated 'F'.

In the given table the value of Calculated 'F' is 5.40 which is greater than than that of Tabulated 'F' is 2.79 at 0.05 level of significance so it is said that there is no significant difference in reaction time in visual of various ball game players and the groups were as under Volleyball, Basketball, Handball and Cricket players of different affiliated colleges of Kashmir university), hence the researchers hypothesis is accepted.

Conclusion - The finding of the study shows that there was found significant difference in the eye hand coordination and reaction time among various ball game players viz. Volleyball, Basketball, handball and cricket players of different affiliated colleges of Kashmir University, hence the researcher's hypothesis is partially accepted.

References :-

1. Ahlawat, Neetu, Principles Of Psychology, (New Delhi: Vishvabharti Publications, 2009).
2. Alderman, G. I., Psychological Behaviour In Sports, (Philadelphia: W.B. Saunders Company, Editing-1, 1974).
3. Bucher, C. A., Foundation of Physical Education and Sports, (Saint Louis: The C.V. Mosby Company), 1960.
4. Clarke, H. Harrison, Application of Measurement to Health and Physical Education , (Englewood Cliffs, New Jersey, Prentice Hall Inc), 1967.
5. Kamlesh, M. L., Education Sports Psychology, (New Delhi: Friends Publication, 2009).
6. Kundra, Sanjay, Text Book of Physical Education, (New Delhi: Evergreen Publications, 2010).
7. Bagheri, H., et al. **"**The Effect of Eye - Hand Coordination Activities on Hand Skills of Educable Mental Retarded Students (7-10 Years)**",** Modern Rehabilitation, Volume: 1, Issue: 3, 2007.
8. Bahman Aalizadeh and Fatemeh-Sadat Hosseini, "The Effect of a Long-Term Artistic Gymnastic Training on Reaction Time of Male Gymnasts", Annals of Applied Sport Science, Volume: 2, Issue: 4, 2014.
9. Bauermeister, S., et al. "Aerobic Fitness and Intra-individual Reaction Time Variability in Middle and OldAge", Revista de Artes Marciales Asiáticas, Volume: 6, Issue: 1, 2013.
10. Bhtano, Pankaj, et al. "A Comparative Study Of Agility And Eye-Hand Coordination Between Guard And Forward Players In Basketball", Indian Streams Research Journal, Volume: 5, Issue: 3, 2015.
11. Brito, António Vences**,** et al."Attention and Reaction Time in Shotokan Athletes", Revista de Artes Marciales Asiáticas,Volume: 6, Issue: 1, 2012.
12. Carnegie, E., et al. "Determining Eye-Hand Coordination Using The Sport Vision Trainer: An Evaluation Of Test-Retest Reliability", Research Sportys Medicine, Volume: 10, Issue: 1, 2014.
13. Cojocariu, A., et al. "Measurement Of Reaction Time In Qwan Ki Do", Biology of Sport, Volume: 28, Issue: 2, 2011.

Table No-2 : Showing One Way Analysis Of Variance (ANOVA) In Reaction time in Audio Among Different Ball Game Players

Source of variance	Df	Sum of squares	Mean Variance	FCalculated	FTabulated
Between Groups	K-1 4-1=3	0.66	0.22	3.27	2.79
Within Groups	N-K 80-4=76	5.15	0.06		

लार्ड लेक अपनी पुरानी आदतों के अनुसार यशवन्तराव के विरूद्ध गुप्त साजिशों में लगा हुआ था। उसने यशवन्तराव के विश्वस्त सहायक और पिण्डारी नेता अमीर खां को भी अपने पक्ष में फोड़ लेने के भरसक प्रयास किये। उक्त अवसर पर जनरल वेलेजली ने 2 मार्च, ई.1804 को पूना से सर जॉन मालकम को लिखा-'मानसन अमीर खां के साथ समझौते का प्रयास कर रहा है और यदि उसने अमीर खां को यशवन्तराव होलकर से फोड़ लिया तो यशवन्तराव का खात्मा हो जावेगा।'[8]

उस समय तक ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी का यशवन्तराव होलकर के साथ गंभीर रूप से युद्ध आरम्भ हो चुका था। फिरंगियों ने तीन ओर से तीन सुदृढ़ सेनाएं होलकर पर हमला करने के लिए तैयार थी। सबसे प्रबल एवं विशाल सेना लार्ड लेक के अधीन, दूसरी सेना दक्षिण में कर्नल वेलेस के अधीन और तीसरी सेना गुजरात में कर्नल मरे के अधीन नियुक्त की गई। 24 अगस्त को बनास नदी के तट पर भयानक युद्ध हुआ। होलकर के शौर्य के सम्मुख मॉनसन टिक न सका और उसे पलायन का सहारा लेना पड़ा। मानसन के विपत्तिपूर्ण समाचारों से ब्रिटेन में रोष और खलबली मच गई।[9]

इन सब बातों ने मिलकर वेलेजली को अपने ही देश में बदनाम करना आरम्भ कर दिया। इंग्लैण्ड में इसकी प्रतिक्रिया बहुत तेज हुई और 66 वर्षीय लार्ड कार्नवालिस को लार्ड वेलेजली से शासन भार लेने के लिए भारत भेजा गया।[10]

लार्ड कार्नवालिस भी वेलेजली के समान ही साम्राज्य पिपासु व्यक्ति था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री पिट को उसकी प्रतिभा व दक्षता पर पूर्ण विश्वास था। कार्नवालिस भी स-सम्मान एवं शांतिपूर्ण प्रयासों से होलकर के विरूद्ध चल रहे युद्ध को समाप्त कर देना चाहता था।

इसी मध्य यशवन्तराव होलकर ने अंग्रेजों के विरूद्ध भारतीय तथा एशियाई नरेशों को अपने पक्ष में करने के सक्रिय प्रयास किये थे। पंजाब के महाराजा रणजीतसिंह तथा उसके चाचा बाघसिंह, अफगानिस्तान के शाह, बेगम समरू से भी उसे अंग्रेजों के विरूद्ध मैत्रीपूर्ण संदेश मिले थे, किन्तु भविष्य में ये सब संदेश कोरे आश्वासन ही सिद्ध हुए। ब्रिटिश कूटनीति ने यशवन्तराव के समस्त मन्सूबों पर पानी फेर दिया था। ये सभी शासक राष्ट्रीय भावनाओं को तिलांजलि देकर अंग्रेजों के हाथ बिक चुके थे।

व्यक्तिगत वीरता चाहे जितनी उच्च क्यों न हो, किन्तु अपरिमित ब्रिटिश शक्ति की तुलना में वह नहीं ठहर सकती थी। यही स्थिति यशवन्तराव होलकर के साथ भी घटित हुई। 13 दिसम्बर, 1805 ई. को डींग में यशवन्तराव होलकर को ब्रिटिश सैन्य शक्ति ने परास्त कर दिया।

अन्तत: अपने समर्थकों के प्रबल परामर्श से तथा साथ ही अत्यन्त दु:खी और निराश होकर यशवन्तराव होलकर ने 24 दिसम्बर, 1805 ई. में ब्रिटिश सरकार से 'राजपुर घाट' की सन्धि करके आत्म समर्पण कर दिया।[11]

राजपुर घाट की यह सन्धि होलकर के लिए अत्यधिक बन्धनकारक और अपमानजनक थी, जिसकी पीड़ा उसको जीवन पर्यन्त सालती रही तथापि उस स्वाभमानी सिंह ने ब्रिटिश सत्ता की चौखट पर नाक रगड़ना स्वीकार नहीं किया। उसके चिर प्रतिशोध का अभी अन्त नहीं हुआ था। उसका यह दृढ़ विश्वास था कि शक्तिशाली तोपखाने से फिरंगियों को परास्त किया जा सकता है। अत: अटूट विश्वास के साथ उसने अपनी सामरिक राजधानी भानपुरा में तोपों की एक निर्माण शाला स्थापित की, जहां शोभाराम नामक निपुण तोपची के नेतृत्व में तोपें ढ़लवाई जाती थी। उड़ती हुई चिनगारियों एवं पिघली हुई धातुओं के मध्य वह स्वयं कई घण्टों खड़ा रहकर भीषण गर्मी में भी तोपों के निर्माण की प्रक्रिया का निरीक्षण करता रहता था। गहन शारीरिक परिश्रम तथा अत्यधिक मदिरापान का व्यसन तथा ब्रिटिश प्रतिशोध की तीव्र उत्कण्ठा ने उसके मस्तिष्क में विकृति उत्पन्न कर दी।[12]

अन्तत: 28 अक्टूबर, 1811 ई. को 30 वर्ष की अल्पायु में वह महान पराक्रमी योद्धा अपने प्रतिशोध की अग्नि को अपने सीने में दफन किये हुए ही इस संसार से विदा हो गया। भानपुरा में बना उसका स्मारक (छत्री) आज भी निरन्तर संघर्ष का संदेश लिए हुए उस पराक्रमी पुरूष की स्मृति को ताजा कर रही है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यदुनाथ सरकार : मुगल साम्राज्य का पतन, जिल्द 4, हिन्दी अनुवादक-डॉ.मथुरालाल शर्मा, पृ.154
2. सुन्दरलाल : भारत में अंग्रेजी राज, जिल्द-1, पृ.320
3. सर ए ल्याल : ब्रिटिश डोमिनियन इन इण्डिया (भारत में ब्रिटिश अधिराज्य), पृ. 246
4. सुन्दरलाल : भारत में अंग्रेजी राज्य, जिल्द-1, पृ.325
5. ग्राण्ड डफ : हिस्ट्री ऑफ दि मराठाज, पृ.773-745 तथा जे.टेलबॉयज व्हीलर : समरी ऑफ अफेयर्स ऑफ दि मराठा स्टेट्स, पृ.120-21
6. सर जी.एस.देसाई : मराठों का नवीन इतिहास, जिल्द-3, पृ.455
7. मार्टिन : वेलेजली डिस्पेचेस, जिल्द 4, पृ.46-47
8. सुन्दरलाल : भारत में अंग्रेजी राज, जिल्द-1, पृ.474
9. डब्ल्यू. एच.हटन : मार्क्विस वेलेजली, पृ.77
10. पी.ई.राबर्टस:ब्रिटिश कालीन भारत का इतिहास, तृतीय संस्करण,अनुवादक-रामकृष्ण शर्मा कंवल, पृ.196
11. न.र.फाटक : यशवन्तराव होलकर थोरले, पृ.112
12. सर जॉन मालकम : ए मेमॉयर ऑफ सेन्ट्रल इण्डिया, जिल्द 1, पृ.246-47

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

होलकर राजवंशीय महिलाएं और 'महानुभाव पंथ'

डॉ. कैलाश राय *

प्रस्तावना – होलकर राजवंश के इतिहास में 'महानुभाव पंथ' का विशेष स्थान रहा है। धार्मिक दृष्टि से होलकर राजवंश की महिलाएं 'महानुभाव पंथ' की उपासिकाऐं थी। कुल की परम्परानुसार यद्यपि राजवंश में 'मल्हारी मार्तण्ड' अर्थात शिव की उपासना की जाती थी तथापि राजवंश की राज महिलाओं ने धार्मिक संकीर्णता को कभी नहीं अपनाया और वे शिव, विष्णु (गोपाल कृष्ण) तथा महानुभाव पंथ की अनुयायी बनी रही। होलकर राजवंश की नारियों में धार्मिक परम्परा की दृष्टि से सूबेदार मल्हारराव होलकर (प्रथम) की उप-पत्नी हरकूबाई का अति विशिष्ट योगदान रहा है। हरकूबाई के माध्यम से ही होलकर राजवंश में हिन्दू धर्म की एक विशिष्ट शाखा 'महानुभाव पंथ' का आगमन हुआ। हरकूबाई एक महानुभाव पंथी थी और वह इस पंथ के संतों के प्रति अपार श्रृद्धा-भक्ति एवं निष्ठा रखती थी। हरकूबाई की आध्यात्मिक प्रेरणा एवं प्रभाव से इस पंथ का राजवंश में आगमन हुआ। हरकूबाई की प्रेरणा से ही महाराजा यशवन्तराव (प्रथम) की प्रेयसी एवं उप-पत्नी तुलसाबाई होलकर का रूझान भी इस पंथ के प्रति हुआ और वह महानुभाव पंथ में दीक्षित हो गई। महानुभाव पंथी अन्याबा (आजीबा) की प्रिय शिष्याओं में हरकूबाई, तुलसाबाई तथा मीनाबाई का विशिष्ठ स्थान रहा है।

महानुभाव पंथ का अभ्युदय 12 वीं, 13 वीं शताब्दी के मध्य हुआ। गुजरात प्रदेश के नगर भृगुकच्छ (भड़ौंच) के नरेश हरपालदेव जो कालान्तर में श्री चक्रधर स्वामी (1194-1273 ई) के नाम से विख्यात हुए थे, ने शक संवत 1190 में पैठण (प्रतिष्ठानपुर) में सन्यास ग्रहण करने के उपरान्त ऋद्धिपुर नामक स्थान पर 'महानुभाव पंथ' की स्थापना की।[1] यह पंथ 'महात्मा पंथ', 'जय श्रीकृष्णीय पंथ' तथा 'अच्युत पंथ' आदि नामों से विख्यात है।[2]

इस पंथ के धार्मिक मत के अनुसार आद्य शंकराचार्य ने जैन, बौद्ध आदि धर्मों का खण्ड़न करके जिस ब्राहम्ण धर्म का पुनरूद्धार किया, वही परिष्कृत सिद्धांत इस पंथ के मुख्य सिद्धांत है। श्रीमद भागवत गीता महानुभाव पंथ का मुख्य धर्मग्रन्थ है।[3] इस पंथ के अन्तर्गत हिन्दू देवी-देवताओं में से श्रीकृष्ण एवं श्री दत्तात्रय का पूजन किया जाता है। इस पंथ के मतानुसार इन दोनों को ही भगवान का पूर्ण अवतार माना जाता है तथा अन्य देवी-देवताओं को अंशावतार।

महानुभाव पंथ पूर्ण सात्विक पंथ है। इस पंथ में अहिंसा को सर्वाधिक महत्व देकर मूर्तिपूजा का निषेध किया गया है किन्तु श्रीकृष्ण एवं श्री दत्तात्रय के पवित्र पूजा स्थल (ओटले) बना कर इनकी आराधना का विधान है। अत: ये विशिष्ठ प्रकार के मूर्तिपूजक हिन्दु श्रेणी में आते हैं किन्तु मुस्लिम शासकों ने इन्हें मूर्तिपूजक न मानते हुए एक विशिष्ठ प्रकार का हिन्दु माना था। इसलिए औरंगजेब जैसे कट्टर शासक ने भी इस पंथ को जजिया कर से मुक्त रखा और उन्हें ईमान की सनदे प्रदान की थी।[4]

श्रीकृष्ण एवं श्री दत्तात्रय के पश्चात् क्रमश: - श्री चांगदेव उर्फ चक्रपाणी तीसरे, श्री गोविन्द प्रभु महानुभाव (1188-1285 ई.) चौथे तथा चमत्कारिक व्यक्तित्व के धनी श्री चक्रधर स्वामी इस पंथ के पांचवे तथा अंतिम अवतार माने गये है। श्री चक्रधर स्वामी ने अनेक चमत्कारिक कार्य किये है, जिसकी कथा 'लीला चरित्र' नामक ग्रन्थ में पाई जाती है।

श्री चक्रधर स्वामी के पंथ प्रचार के 500 शिष्यों में से श्री नागदेवाचार्य (1236-1302 ई), श्री जर्नादन स्वामी (1504-1575 ई.), श्री दामोदर पण्डित, श्री महिन्द्र भट्ट एवं श्री भाण्डारेकर को महानुभाव सम्प्रदाय में मुख्य स्थान प्राप्त है।[5]

होलकर राजवंश की राज महिलाओं का उदार संरक्षण पाकर यह पंथ राज्य के विभिन्न भागों में प्रसारित होता चला गया। हरकूबाई होलकर ने इस पंथ को चिरस्थायी बनाने की कामना से इन्दौर में राजबाड़े के निकट एक मंदिर का निर्माण कराया था, जो 'श्री बांके बिहारी महानुभाव मंदिर' के नाम से जाना जाता है। यद्यपि सर्जेराव घाटगे (दौलतराव सिन्धिया का ससुर) ने जब इन्दौर के राजबाड़े को भस्मीभूत किया था तथापि वह इस मंदिर को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचा सका था और इस पंथ तथा मंदिर के प्रति श्रृद्धानवत हो उठा था।[6]

होलकर राजवंश की राजमाता कृष्णाबाई होलकर (1817-1849 ई.) भी इस पंथ से अछूती नहीं रही। वे कृष्ण भक्ति से औतप्रोत थी। अत: इस पंथ के मुख्य देवता के प्रति अपनी श्रृद्धा अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने इन्दौर के राजबाड़े के निकट 'श्री गोपाल मंदिर' की स्थापना की। इन मंदिरों को राजवंश की परवर्ती महिलाओं ने भी पर्याप्त संरक्षण प्रदान किया था। खासगी से होने वाली मद से इन मंदिरों की सहायता की जाती थी। भागीरथीबाई होलकर ने अपने कार्यकाल में इन मंदिरों को सनद प्रदान की थी।

इस प्रकार होलकर राजवंश की हरकूबाई होलकर तथा तुलसाबाई होलकर का उदार, संरक्षण पाकर यह महानुभाव पंथ न केवल इन्दौर राज्य में अपितु अपनी धार्मिक उदारता के कारण गुजरात, संयुक्त प्रांत (उत्तरप्रदेश), पंजाब, लाहौर, अमृतसर तत्पश्चात् काश्मीर, पेशावर, काबुल-कन्धार और गजनी के मुस्लिम प्रसारित भू-भाग तक प्रसारित होता चला गया।[7]

इस पंथ के विषय में परम्परागत रूप से कुछ बातें विद्धेषपूर्ण कही गई है तथापि सत्य कुछ भी रहा हो, इस पंथ की विशेषताएं, कार्य एवं सिद्धांत स्पृहरणीय है।

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन एवं अध्यक्ष-इतिहास अध्ययन मण्डल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) (म.प्र.) भारत

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. य.र.दाते तथा चि.ग.कर्वे : सुलभ विश्व कोष, भाग-5, पृ.1924-25; व्यंकटेश केतकर : महाराष्ट्रीय ज्ञानकोश, जिल्द-18, पृ.76-79
2. के.विनायक लक्ष्मण भावे तथा शा.गो तुलपुले : महाराष्ट्र सारस्वत, पृ. 656-673
3. दाते एवं कर्वे : सुलभ विश्वकोष, भाग-5, पृ. 1924-25
4. दाते एवं कर्वे : सुलभ विश्वकोष, भाग-5, पृ. 1924-25; महाराष्ट्र सारस्वत, पृ. 59
5. चित्रावशास्त्री : भारतवर्षीय मध्युगीन चरित्र कोष, पृ. 391, 480, 350, 354;दाते एवं कर्वे : सुलभ विश्वकोष, भाग-5, पृ. 1924-25
6. मालव साहित्य - इन्दूर विशेषांक, पृ. 36
7. दाते एवं कर्वे : सुलभ विश्वकोष, भाग-5, पृ. 1924-25

****

Comparative Analysis of Mental Toughness Between Judo, Taekwondo and Boxing National Players

Dr. YuwrajShrivastava* Prasun Kumar Singh**

Abstract - The main purpose of the study was to compare the mental toughness between Judo, Taekwondo, and Boxing national players. In this study, the questionnaire of Mental Toughness was distributed among the national players. The study was conducted on forty(40) taekwondo, forty(40) judo, and forty (40) boxing national players. For this study, the standard questionnaire of Mental Toughness was used and the data was collected through standard questionnaire prepared by (Dr. Alan Goldberg contains 30 items). The subjects were selected by simple random sampling method. After the collection of data from the National players of Judo, Taekwondo, and Boxing the raw data were converted into standard one by using a statistical technique 'F'test for testing of hypothesis. The finding of the study shows that there was no significant difference in the mental toughness between Judo, Taekwondo, and Boxing national players.
Keywords - Mental Toughness, Taekwondo, Judo, boxing.

Introduction - Mental toughness may be an assortment of attributes that permit someone to preserve through troublesome circumstances (such as troublesome coaching or troublesome competitive things in games) and emerge while not losing confidence. In recent decades, the term has been normally utilized by coaches, sports psychologists, sports commentators, and business leaders.

Mental toughness could be a disputed term; therein many of us use the term generously to discuss with any set of positive attributes that helps someone to address troublesome things. Coaches and sports commentators freely use the term mental toughness to explain the psychological state of athletes World Health Organization hold on through troublesome sport circumstances to succeed. For example, it's usually merely applied as a default rationalization for any end, which is extremely problematic as AN attribution. Only among the past 10 years has research project tried a proper definition of mental toughness as a psychological construct and criticisms concerning the shortage of specificity of this umbrella term abound. For example, Moran (2012) states that sizable caution is needed in trying to draw conclusions concerning the character, characteristics, determinants, and development of mental toughness in sport because of the theoretical nature of the definitions, that owe a lot of to anecdotal believability than to inquiry.

Dr. Jim Loehr of the Human Performance Institute, in his book The New Toughness coaching for Sports, outlined mental toughness as "the ability to systematically perform towards the higher vary of your talent and talent notwithstanding competitive circumstances.

Methodology:

Source of Data - The national players of Judo, Taekwondo, and Boxing were selected as a subject.

Selection of subject - 120 subjects were selected for this study, 40 Judo, 40 Taekwondo and 40 Boxing players.

Sampling Method - The subjects were selected by simple random sampling method.

Equipment's used for collection of data - The data pertaining to the mental toughness of Judo, Taekwondo, and Boxing national players were collected through standard questionnaire prepared by (Dr. Alan Goldberg contains 30 items).

Analysis And Interpretation of Data - After the collection of data from the National players of Judo, Taekwondo, and Boxing the raw data were converted into standard one by using a statistical technique 'f 'test for testing of hypothesis

Finding of the study - The data for the mentioned study was collected from the National players of Judo, Taekwondo, and Boxing.

Table No. 1 : Showing One Way Analysis Of Variance (ANOVA) In Mental Toughness between Taekwondo, Judo and Boxing Players

Source of variance	Df	Sum of squares	Mean Variance	F Calculated	FTabulated
Between Groups	K-1 3-1=2	15.517	7.758	0.884	3.07
Within Groups	N-K 120-3 =117	1027.275	8.780		

Table-1 reveals that 'F' at degree of freedom between groups ($df_{between}$) is shown by the formula K-1 where 'K' is

*Assistant Professor (Physical Education) Dr C. V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA
** Research Scholar (M. Phil) (Physical Education) Dr C. V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA

number of groups which are 3 so it becomes 3-1=2.

'F' at degree of freedom within groups (df_{within}) is shown by the formula 'N-K' where 'N' is total number of subjects in all groups and 'K' is number of groups which becomes 120 - 3 = 117 .So 'F' test at 2 and 117 is 3.07 which is called Tabulated 'F'.

In the given table the value of Tabulated 'F' is 3.07 and the value of Calculated 'F' is 0.884 which is less than tabulated 'F' at 0.05 level of significance so it is said that there is no significant difference in mental toughness of Taekwondo, Judo and Boxing players, hence the researchers hypothesis is rejected

Graph 1 : Graphical Representation of the Mean of Mental Toughness Between Taekwondo, Judo And Boxing Players



Discussion on Hypothesis - In the earlier the researcher was hypothesized that there will be a significant difference in the mental toughness between Judo, Taekwondo, and Boxing national players.

The finding of the present study has revealed that there is no significant difference in mental toughness between Judo, Taekwondo, and Boxing national players. Hence the hypothesis given by the researcher is rejected.

References :-

1. Afshari, et al. "The Comparison Of Mental Toughness In Athlete Men And Women At Different Levels Of Skill", Electronic Physician, Volume: 3, Issue: 3, 2011, p. 226.
2. Ahlawat, NeetuPrinciples Of Psychology, (New Delhi: Vishvabharti Publications, 2009).
3. Fontana, David, Psychology For Teachers, (The British Psychological Society In Association With Macmillan Publisher Ltd., 1988).
4. Gangopadhyay, S. R., Sports Psychology, (New Delhi: Sports Publication), 2008.
5. Kanwar, Chand Ramesh, Educational And Sports Psychology, (Nagpur. Amit Brothers Publication, 2007).
6. Kundra, Sanjay.,Text Book Of Physical Education, (New Delhi: Evergreen Publications), 2010.
7. Pillsbury, W. B., The Fundamentals Of Psychology, (New Delhi: Deep and Deep Publications), 1990.
8. Robert, S. Late and Worth Wood, Basic Facts In Psychology, (Delhi: Sports Publication, 2001).
9. Shyam, Anand, UPKAR'S UGC NET/JRF/SLET PHYSICAL EDUCATION, (Agra: UpkarPrakashan, 2007).
10. Singh Ajmer, et al. Essentials Of Physical Education, (New Delhi: Kalyani Publishers), 2012.

****

Comparative Study Of Selected Motor Fitness Components Between Volleyball and Badminton National Players

Dr. YuwrajShrivastava* Devraj Diwakar**

Abstract - The main purpose of the study was to find out the selected motor fitness components among national volleyball and badminton players. In this study four different types of motor fitness test were conducted. The study was conducted on Forty (40)Volleyball, and Forty (40)Badminton national players. For this study four different types of test were taken these are Cardio vascular endurance, Speed, Agility, and Explosive strength test.The subjects were selected by simple random sampling method. After the collection of data from the volleyball and badminton national players the raw data were converted into standard one by using a statistical technique 't 'test for testing of hypothesis. The finding of the study shows that there was significant difference in selected motor fitness components among badminton and volleyball players.
Keywords - Volleyball, Badminton, Cardio vascular endurance, Agility, Speed, and Explosive strength.

Introduction - Physical fitness is the positive state of well-being allowing you enough strength and energy to participate in a full, active lifestyle of your choice. Physical fitness is the general capacity to adapt favorably to physical effort. Individuals are physically fit when they are able to meet both the usual and unusual demands of daily life, safely and effectively with undue stress or exhaustion. Physical fitness is the capability to hold out moderately well-varied kinds of physical activities while not being unduly tired and includes qualities necessary to the individual's health and well-being. The fit person is one who is free of limiting and debilitating ailments, who has the stamina and skill to do the day's work and who has sufficient reserve of energy not only to meet emergencies but also to participate in leisure time activities. Physical fitness is one phase of total fitness, and it may be used interchangeably with motor fitness. Other phases of total fitness include social fitness, emotional fitness, mental fitness, etc.

Methodology:

Source of Data - The national player of Volleyball and badminton were selected as a subject.

Selection of subject - Eighty (80) subjects were selected for this study. Forty (40) subjects were taken from Volleyball while the remaining Forty (40) were taken from badminton players.

Sampling Method - The subjects were selected by simple random sampling method.

Equipment's used for collection of data - equipment would be used for collection of data:

See table in last page

Analysis and Interpretation of Data - After the collection of data from the national players of volleyball and badminton the raw data were converted into standard one by using a statistical technique 't 'test for testing of hypothesis.

Finding of the study - The data for the mentioned study was collected from Volleyball and Badminton national players.

Table No. 1 : Comparison in Agility of Inter Badminton and Volleyball Players

Game	Mean	S.D.	M.D.	S.E.	D.F.	O.T.	T.T.
Volleyball	9.31	0.37	0.87	0.13	78	6.90	1.99
Badminton	10.18	0.71					

Level of significance = 0.05

Table no. 1 reveals that there is significant difference between the mean of national Badminton and Volleyball Players because mean of Badminton game = 10.18 which is greater than the mean of Volleyball game = 9.31 so the mean difference where found as 0.87 and the standard error where found as 0.13. To check the significant difference between Badminton and Volleyball players the data is again analysed by applying 't' test. Before applying 't' test, standard deviation is calculated between Badminton and Volleyball players which is 0.71 and 0.37 respectively and the calculated value of 't' is found as 6.90, is greater than the tabulated 't' which is 1.99 at 0.05 level of significance. This shows that the Volleyball players are having the more agility than the Badminton players. Hence the hypothesis which was given by the researcher is accepted.

Graph No. 1 : Graphical Representation of Mean Difference between Agility of National Badminton and Volleyball Players

*Assistant Professor (Physical Education) Dr C. V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA
** Research Scholar (M. Phil) (Physical Education) Dr C. V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA



Table No. 2 : Comparison in Cardiovascular Endurance of National Badminton and Volleyball Players

Game	Mean	S.D.	M.D.	S.E.	D.F.	O.T.	T.T.
Volleyball	78.28	3.16	2.43	0.79	78	3.10	1.99
Badminton	75.85	3.83					

Level of significance = 0.05

Table no. 2 reveals that there is significant difference between the mean of National Badminton and Volleyball Players because mean of Badminton players = 75.85 which is less than the mean of Volleyball players = 78.28 so the mean difference where found as 2.43 and the standard error where found as 0.79. To check the significant difference between Badminton and Volleyball players the data is again analysed by applying 't' test. Before applying 't' test, standard deviation is calculated between Badminton and Volleyball players which is 3.83 and 3.16 respectively and the calculated value of 't' is found as 3.10, is greater than the tabulated 't' which is 1.99 at 0.05 level of significance. This shows that the Volleyball players are having the more cardiovascular endurance than the Badminton players. Hence the hypothesis which was given by the researcher is accepted.

Graph No. 2 : Graphical Representation of Mean Difference between Cardiovascular Endurance of National Badminton and Volleyball Players



Table No. 3 : Comparison in Speed of National Badminton and Volleyball Players

Game	Mean	S.D.	M.D.	S.E.	D.F.	O.T.	T.T.
Volleyball	7.51	0.27	0.31	0.06	78	4.97	1.99
Badminton	7.82	0.28					

Level of significance = 0.05

Table no. 3 reveals that there is significant difference between the mean of National Badminton and Volleyball Players because mean of Badminton players = 7.82 which is greater than the mean of Volleyball players = 7.51 so the mean difference where found as 0.31 and the standard error where found as 0.06. To check the significant difference between Badminton and Volleyball players the data is again analysed by applying 't' test. Before applying 't' test, standard deviation is calculated between Badminton and Volleyballplayers which is 0.28 and 0.27 respectively and the calculated value of 't' is found as 4.97, is greater than the tabulated 't' which is 1.99 at 0.05 level of significance. This shows that the Volleyball players are having the more speed than the Badminton players. Hence the hypothesis which was given by the researcher is accepted.

Graph No. 3 : Graphical Representation of Mean Difference between Speed of National Badminton and Volleyball Players



Table No. 4 : Comparison in Explosive Strength of National Badminton and Volleyball Players

Game	Mean	S.D.	M.D.	S.E.	D.F.	O.T.	T.T.
Volleyball	2.36	0.11	0.12	0.02	78	5.98	1.99
Badminton	2.24	0.07					

Level of significance = 0.05

Table no. 4 reveals that there is significant difference between the mean of National Badminton and Volleyball Players because mean of Badminton players = 2.24 which is less than the mean of Volleyball players = 2.36 so the mean difference where found as 0.12 and the standard error where found as 0.02. To check the significant difference between Badminton and Volleyball players the data is again analysed by applying 't' test. Before applying 't' test, standard deviation is calculated between Badminton and Volleyball players which is 0.07 and 0.11 respectively and the calculated value of 't' is found as 5.98, is greater than the tabulated 't' which is 1.99 at 0.05 level of significance. This shows that the Volleyball players are having the more explosive strength than the Badminton players. Hence the hypothesis which was given by the researcher is accepted.

Graph No. 4 : Graphical Representation of Mean Difference between Explosive Strength of National Badminton and Volleyball Players



Discussion on Hypothesis - In the beginning of this study it was hypothesized that there might be significant difference in selected motor fitness components among badmintons and Volleyball players. In overall numerical and statistical analysis the comparison of selected motor fitness components among badminton and Volleyball players, it is found that there is significant difference in selected motor fitness components among badminton and Volleyball players. Therefore the hypothesis which the researcher has given is accepted.

References :-

1. Anna, Mihailova, et.al., " Physical Activity And Its Relation To Health-Related Physical Fitness In Students", Series Physical Education and Sport/ Science, Movement and Health, Volume: XII, Issue: 2, June, 2012, ISSN(s): 1224-7359.
2. Arnolds, Peter, Education, Physical Education and Personality Development, London: HeinermAnd Educational book Ltd., 1972.
3. Balakrishnan, Annida, et.al., "A Study Of Selective Motor Fitness Components Empowers On Playing Ability Among Low And High Performers Of State Level Volleyball Players", International Multidisciplinary Research Journal, Volume: 2, Issue: 3.
4. Barbosa, T.M., et.al., "The Power Output And Sprinting Performance Of Young Badmintons", Journal of Strength Condition Research, July, 2014.
5. Biswas, Ashoke Kumar, et.al., "Comparison of Motor Fitness between 6 to 9 years of Boys and Girls", Asian Journal of Physical Education and Computer Science in Sports, Volume: 4, Issue: 1, February, 2011.
6. Bucher, C.A., Foundation Of Physical Education, St. Louis: The C.V. Mosby Corporation, 1960.
7. Cristina, et.al., "Inter limb Coordination, Strength, And Power In Soccer Players Across The Lifespan", Journal of Strength and Conditioning Research23.9, Dec., 2009.
8. Dhokrat, G.K., "Comparative Study Of Selected Motor Fitness Components Of Volleyball And Kho–Kho Players", International Journal Of Physical Education, Sports And Yogic Sciences, Volume: 1, Issue: 2, February, 2012.
9. Gaurav, Vishaw, et.al.,"Comparison Of Physical Fitness Variables Between Individual Games And Team Games Athletes", Indian Journal of Science and Technology, Volume: 4, Issue: 5, ISSN: 0974- 6846.
10. Gill, Manmeet, et.al.,"Comparative Study Of Physical Fitness Components Of Rural And Urban Female Students Of Punjabi University, Patiala", Anthropologist, Volume: 12, No. 1, 2010.

Equipment's used for collection of data

S.	Motor fitness components	Methods	Equipment/ Test items	Unit/Measures
1.	Cardio-vascular endurance	Harvard step test	Stopwatch, 20 inch high bench, metronome or tape recorder (optional), stethoscope.	Minutes
2.	Speed	50 meters run	Electronic stopwatch, starting Clapper.	Seconds
3.	Agility	Shuttle run	Playfield area, measuring tape, stopwatch, whistle and two wooden blocks.	Seconds
4.	Explosive strength	Standing broad jump	Measuring tape and marking powder.	Meters

****

अमर टापू धाम का ऐतिहासिक महत्व

डॉ. अंजू तिवारी* मनीषा कोसले**

शोध सारांश – गुरू अमरदास जी ने मोतिमपुर अमर टापू धाम में मनुष्य जाति को सदैव सतनाम के मार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया है उन्होने यह संदेश दिया है कि मानव –मानव एक समान है कोई बड़ा छोटा नही है अत: सभी मानव जाति को प्रेम व भाई चारे के साथ जीवन निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया है। गुरू अमरदास जी ने जब अपने प्रवास के दौरान ग्राम मोतिमपुर में सत्संग व प्रवचन कहते थे तो उन्होनें यह संदेश दिया कि सभी धर्मो में विद्या धन सर्वश्रेष्ठ है, धीरज ही विपत्ति क सबसे बड़ा मित्र है, संयम से मनुष्य की आयु बढ़ जाती है तथा सतकर्म ही मानव को श्रेष्ठ बनाती है।

शब्द कुंजी – मुंगेली, घासीदास, अवतरण, टापू, अहिंसा, अंधकार, कंतेली।

प्रस्तावना – छत्तीसगढ़ राज्य के जिला मुंगेली के ग्राम मोतिमपुर का महत्व अपने प्राकृतिक संरचना एवं सामाजिक, धार्मिक विश्वास और श्रद्धा का केन्द्र के रूप में निरंतर प्रगति पर है। यह एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। अमरटापू धाम मुंगेली से लोरमी मुख्य मार्ग पर जमकोर कंतेली से पश्चिम दिशा में 4 कि.मी. तथा मुंगेली से पंडरिया मुख्य मार्ग पर ग्राम बांघामुड़ा से उत्तर दिशा में 5 कि.मी. दूरी पर स्थित है।

लोकमान्यता के आधार पर छत्तीसगढ़ में सतनाम धर्म के प्रवर्तक सद्गुरू घासीदास बाबा जी के ज्येष्ठ पुत्र परमज्ञानी, तपस्वी और परमसाधक सतगुरू बाबा अमरदास जी इसी टापू पर अपने प्रवास के दौरान एकाधिक बार यहॉ पड़ाव डालकर सत्संग करके लोगो को सतनाम का संदेश दिये थे इसलिए इस टापू का नाम अमरटापू पड़ गया।

संत शिरोमणी गुरूबाबा घासीदास जी व सफूरा माता की गोद में ज्येष्ठ पुत्र अमरदास जी का अवतरण जुलाई 1794 को पूर्णिमा के दिन पावन गॉव गिरौदपुरी में हुआ था। गुरू अमरदास जी बचपन से ही निर्गुण लक्षण तथा प्रभाव गुणों के धनी थे। वे अपने पिता के समान ही तन मन व वचन से परोपकारी सतधारी जीवन व कार्यो से समुचे संसार को सतनाम का बोध कराया। गुरू अमरदास जी अचेतन समाज में चेतना जगाकर मानवता को समानता के अधिकार व अहिंसा पूर्वक कर्त्तव्यों का पालन करना सिखाया। गुरू अमरदास जी ने अपने ज्ञान उपदेशों में सतनाम पंथ उच–नीच, छुत–अछुत, अमीर–गरीब, काले–गोरे के भेद भाव से परे सभी मानव जाति को प्रत्यक्ष और प्रमाणित संदेश से मोहग्रस्त जीवों का अंधकार दूर किया करते थे।

गुरू अमरदास जी के वैराग्य रूप के लक्षण बाल्यकाल में संतजनो को मिल गया। गुरू अमरदास जी 7 वर्ष की अवस्था में सतपुरूष का ध्यान कर अनुभवी ज्ञान के उपदेश को देखकर उसके तपस्या, प्रभाव, निर्भरता से संत जनों को ज्ञान हो गया था। कि गुरू अमरदास जी अपने सिद्धांत विचार एवं उद्देश्य को लेकर अपने पिता के सत मार्ग को आगे कि ओर ले जाने कि संकल्प ले लिया है। वे मात्र 7 साल की आयु में समझदार व आत्मनिर्भर हो गया था।

बाल ब्रम्हचारी गुरू अमरदास जी द्वारा 12 वर्ष तक कठोर तपस्या किया। तब सतपुरूष साक्षात दर्शन देकर अपने अंश अवतार को उनके मानव जीवन की उद्येश्य से अवगत कराते हुए। कहा कि आपका अवतरण जगत के संतो को जन्म–मरण, सुख–दुख:, लाभ–हानि, संयोग–वियोग, शुभ–अशुभ, गुण–अवगुण, प्रकाश–अंधेरा, के भ्रमजाल से मुक्त कराकर उन्हे सतनाम कि शक्ति जो संसार के कण–कण व सभी सजीव–निर्जीव में समान रूप से समाहित है। संत से कोई भिन्न नही हो सकता, संसार का मूल कारण सतनाम है और संत से भी जगत का सृजन हुआ है।

जब गुरू अमरदास जी को सत् का ज्ञान हुआ तब उन्होने पूरे संसार में इसका प्रचार करने के उद्येश्य से निकल पड़े और ग्राम मोतिमपुर में भी गुरू अमरदास जी ने प्रवास के दौरान इस टापू का निर्माण किया है।

अमरटापू धाम ग्राम पंडरिया के भुरकुण्ड पहाड़ से निकलने वाली आगर नदी के दो धाराओं के बीच एक टापू में स्थित है यह क्षेत्र लगभग 2 एकड़ के क्षेत्र में फैला है। यह प्राकृतिक रूप से निर्मित टापू है जिसके चारो ओर नदी की कल–कल, छल–छल, करती हुई बहती जल धाराएॅ है। नदी के निचले छोर में दोनो जल धाराओं का मिलन दर्शको को बेहद मनोहक और सुहावना लगता है। नदी के निर्मल जल के मध्य एक द्वीप जैसा स्थान विकसित है जिसमे अमरटापू के प्राकृतिक सौन्दर्य अद्धितीय, अनुपम और अविस्मरणिय हो जाता है।

पवित्र अमरटापू धाम पहुंचने के लिए चारो तरफ सड़क निर्माण हो चुका है। धाम में स्थित सतनाम धाम जाने के लिए नदी के दोनो तरफ आकर्षक पुलिया का निर्माण कराया गया है।

यहा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। यहॉ मुख्य गेट के पास पानी की सुविधा के लिए सौर उर्जा की व्यवस्था की गई है। तथा बीजली की भी व्यवस्था है। टापू के चारो तरफ पेड़ पौधो का रोपण किया गया है। जिसमें महालीम, गुलमोहर, अशोक पेड़, मधुकामिनी, गहिमन आदि पेड़ लगाये गये है। इनमें सबसे ज्यादा विशेषता यहा लगे चंदन पेड़ की है। क्योकि चंदन के पेड़ से ही सारे भक्तजनो के माथे पर इसी की टिका लगाया जाता है।

अमरटापू धाम के ठीक नीचे 100 मीटर आगर नदी में 45 मीटर लंबा

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (इतिहास) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

तथा 2 मीटर ऊंचा स्टापडेम का निर्माण कराया गया है। ताकि श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए तथा टापूओं के सुन्दरता के लिए पानी की कमी न हो यहॉ श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों तथा पर्यटकों के विश्राम के लिए सतनाम भवन तथा एक मंगलम भवन का निर्माण किया गया है।

अमरटापू धाम में गुरू घासीदास बाबा जी के जयंती पर्व पर 18 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस दिन मोतिमपुर में बाबा व विशाल मेला लगता है। यहॉ मेला प्राय: एक दिवसीय होता है। इस मेला में देश और प्रदेश के अति महत्तवपूर्ण लोग उपस्थिति देकर सतनाम धाम और जैतखाम में माथा टेककर अपने को धन्य करते है। मोतिमपुर में मेला का प्रारंभ 18 दिसम्बर 1996 के जैतखाम की स्थापना के साथ हुआ था। मेला में लाखों की संख्या में सभी समाज के श्रद्धालु अपनी उपस्थित दर्ज कराते है। यहॉ जयंती कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायको, कलाकारो और पंथी नृत्य दलो द्धारा मंगल भजन और प्रवचन के साथ आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। सतनामी सामज का प्रमुख नृत्य पंथी नृत्य है। यह नृत्य महिला एवं पुरूष दोनो के द्धारा किया जाता है। इस नृत्य में जैतखाम के चारो तरफ गोलाकार बनाकर यह नृत्य किया जाता है। प्रतिवर्ष मोतिमपुर में पंथी नृत्य प्रदर्शन करने वाले पार्टी के लिए ईनाम भी रखा जाता है। और यह ईनाम मेला में उपस्थित मंत्री तथा विशिष्ट लोगों के द्धारा दिया जाता है।

महासंत गुरूघासी दास जी के स्मरण को जीवित बनाये रखने के लिए यहॉ एक सुन्दर मंदिर का निर्माण किया गया है। जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष श्रद्धा का केन्द्र है।

अमरटापू धाम में दो जैतखाम स्थापित है। जिसमें पहला 1996 में स्थपित किया गया तथा दूसरा 1997 व मंदिर का शिलान्यास खाद्य मंत्री पून्नूलाल मोहले के द्धार किया गया था। सन् 2000 में मंदिर का निर्माण पूर्ण किया गया यहॉ 1996 से ही मेला का आयोजन किया जाने लगा था। यहॉ के मुख्य मंदिर में चटुवाधाम से गुरू अमरदास जी के समाधि स्थल से इस मंदिर के लिए आसन, सिहासन, गद्दी, चरणपादूका तथा खडाहू लाकर समस्त ग्रामवासी तथा दुर्गादास बघेल के द्धारा स्थापना किया गया था। यह पुरे मंदिर का क्षेत्र लगभग 2 एकड़ के आस–पास बताया गया है।

अमरटापू धाम में दो जैतखाम स्थापित है। जिसकी ऊंचाई लगभग 25 फीट की होगी इन दोनो जैतखाम के बीच में यहॉ की मुख्य मंदिर स्थापित है। जिसकी ऊंचाई लगभग 40 फीट के आस–पास की बतायी गयी है। मुख्य मंदिर के अंदर जाने के लिए 3 गेट का निर्माण किया गया है। जो उड़ीसा के मिस्त्री के द्धारा बनवाया गया है। मंदिर परिसर में चारों तरफ काला पत्थर लगा हुआ है। मंदिर परिसर के चारों तरफ हरा–भरा पेड़ पौधे लगाया गया है। गुरू अमरदास जी के इस धाम में आने से सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। यहॉ गिरौदपूरी जैसे जमीन मापने की परंपरा है। जब मनोकामना पूर्ण हो जाती है तो ऐसा किया जाता है।

अमरटापू धाम के मंदिर में 12 महिने दिन और रात ज्योति कलश जलता रहता है। यहॉ कि मुख्य मंदिर के ऊपर जाने के लिए सीढ़िया बनी हुई है। जिसमें मंदिर के ऊपर जाने के लिए 30 सीढ़ी तथा मंदिर से नीचे उतरने के लिए 25 सीढ़ी बनी हुई है मंदिर के अंदर में 3 बड़ा घण्टा लगा हुआ है मंदिर में गुरू ज्योतिकलश, अमरदास जी की गद्दी, दो चरणपादूका, खड़ाहू, आसन स्थापित है। यहॉ सादा कपड़ा, नारियल, लौग, इलायची, पंचमेवा चीला, खीर आदि चढ़ाया जाता है।

अमरटापू धाम की प्रमुख विशेषता यह है कि यहॉ पर लोग जति, धर्म, संप्रदाय मान्यता के बंधनों से उपर उठकर आते है, तथा अपनी सक्रिय भागीदारी गुरू अमरदास जी के अध्यात्म शक्ति पर दिखाते है। यहॉ मेला और कार्यक्रम दलगत राजनीति से उपर उठकर किया जाता है। जो इस मोतिमपुर धाम को और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यहॉ के मेला मे कोई जाति बंधन, भेदभाव, ऊंच–नीच, छोटा–बड़ा, काला–गोरा, नही होता है। सभी मेला में उपस्थित देकर मेला का आनंद उठाते है। यहॉ कभी भी कोई भेद भाव नही रहा है। सभी भाईचारा, सौहाद्र तथा प्रेम व्यवहार के साथ मेला का आनंद लेते है।

तपस्वी गुरू अमर दास जी ने ग्राम मोतिमपुर में प्रवास के दौरान सतनाम संदेश दिए संतशिरोमणी गुरू बाबा घासीदास जी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अमरदास जी को समाज को सही रस्ता सतनाम के मार्ग बतलाने धर्मनीति मानव जीवन का बोध कराने की जिम्मेदारी देकर क्रमश: भण्डारपुरी, तेलासीपुरी, गिरौदपुरी, चटुवापुरी धाम, कुआॅ, बोड़सरा, बारादेरा, खपरीपुरी धाम, चक्रवाय तथा मोतिमपुर अमरटापू धाम सहित मध्य प्रांत के अनेको स्थलों पर ज्ञान उपदेश से पथ, धर्म, दर्शन, प्रेम, चेतना, विचार, कर्म से सतनाम की व्याख्या कर मानव जीवन की सार्थकता को समझाया।

तपस्वी गुरू अमरदास जी ने अपने प्रवचन व सतसंग के दौरान निम्न लिखित अनमोल वाणी बोले जो अग्र लिखित है–

1. अपने सभी कार्य समय पर कर लेना चाहिए।
2. धीरज ही विपत्ति का सबसे बड़ा मित्र है।
3. सदैव सतनाम को याद कर हमें सच बोलना चाहिए।
4. जन्म है तो मरण भी है, दुख: है तो सुख भी है।
5. सत्य अहिंसा श्रेष्ठ मानव धर्म है।
6. गुरू व माता पिता का सदैव सम्मान करों।
7. सभी धनों में विद्या धन सर्वश्रेष्ठ धन है।
8. संयम से मनुष्य की आयु बढ़ जाती है।
9. सतकर्म ही मानव को श्रेष्ठ बनाती है।
10. मित्र और शत्रु, पुत्र, रिश्तेदारो किसी के प्रति आश्रित मत रहो।
11. सतनाम का जपन करते हुए शासस्त नियमों का यथाशक्ति पालन करों।
12. सत्य का अर्थ है मन, वचन व कर्म में कपट आचरण का आभाव।
13. सतनाम ही श्रेष्ठ मानव धर्म है।
14. सत्य ही सतपुरूष व सतपुरूष ही सत्य है।
15. अपने आप पर विश्वास होना सबसे बड़ा सहायक है।
16. शिष्टाचार व सतचरित्र गुणों से युक्त मनुष्य का समग्र सफलता प्राप्त करता है।
17. काम, क्रोध, लोभ व मोह का परित्याग कर मानव सतनाम के पथ पर चलों।
18. सत्त अभ्यास से जीवन में निश्चित सफलता मिलती है।
19. साधुता हमारा जीवन व सतनाम संस्कारों दिव्य मंजूरा है।
20. प्राणियों पर दया लेकिन उनके ज्ञान, ज्ञान व सतकर्म उन्हें अमर बनायें रखता है।
21. मानव मरता है लेकिन उनके ज्ञान, ज्ञान व सतकर्म उन्हे अमर बनाये रखता है।
22. कोई भी जीवन सफल नही होता क्योकि जीवन,मुत्यु, सुख:, दुख: में सतपुरूष समान रूप से संसार के कण कण में विराजमान है।

तपस्वी गुरू अमरदास जी ने अपने सत्संग व प्रवचन के द्धारा संतों को बतलाया कि अध्यात्मिक का अर्थ उस चेतना पर विश्वास करना जो

जीवधारियों को एक दूसरे से जोड़ते है। इसमें मानव सहित अन्य जीव जंतु का जीवन प्रकृति के पदार्थो पर निर्भर है। हम प्रकृति चक्र के अनुरूप जीवन शैली से शरीरगत प्रवरता और चेतना क्षेत्र की पवित्रता बढ़ती है। तथा जीवों के गुण कर्म व स्वभाव में समानता की लक्षण स्वमेव दिखाई देते है। आध्यात्मिक जीवन से सुख के संवर्धन तथा दुख के निवारण की स्वभाविक आकांक्षा केवल नीज शरीर, परिवार से कही अधिक व्यापक बनाती है।

गुरू अमरदास जी ने अपने प्रवचन के द्वारा आम लोगो को सतनाम का संदेश दिया है। अध्यात्मक से आंतरिक जीवन में आत्म सुधार, आत्मनिर्माण, आत्म संयम, इद्रियों पर नियंत्रण, मर्यादा का पालन, सादगी, नम्रता, चरित्र निर्माण, कर्तव्य बोध, धैर्य, आकांक्षाओं तथा अभिरूचियों में परिवर्तन होता है। तथा बाहरी जीवन में सत्व्यवहार, ईमानदारी, शालीनता, न्यायशीलता, परोपकारिता, जनसेवा व श्रमशिलता आदि आवरणों में परिवर्तन होता है। आध्यात्मिकता सत्पुरूष पिता सतनाम की ज्ञान है। जिसके बोध से होने पर प्राणियों का विवेक जागृत हो जाता है तथा मानव के लिए अमरत्व का रास्ता मिल जाता है।

गुरू अमरदास जी का विवाह सन् 1822 के प्रतापपुर के अवतारी देव कन्या अंगारमती उर्फ देवकी उर्फ रूखमणी उर्फ प्रतापपुराहिन माता के साथ हुआ था। गुरू अमरदास जी की वैवाहिक स्थित को जीवित रखने के लिए मोतिमपूर में भी विवाह करवाया जाता है।

ग्राम मोतिमपुर अमरटापू धाम में सन् 2008 से विवाह कार्यक्रम किया जाता है। यह विवाह यहॉ के अमरटापू विकास समिति के द्वारा सम्पन्न कराया जाता है। जिसके अध्यक्ष डॉ. दुर्गादास बघेल जी है। इस मंदिर में अभी तक 700 से 800 जोडों के आस–पास विवाह हो गया है। शादी के फेरे विवाहित जोड़ो के द्वारा मंदिर व दोनो जैतखाम के चारो तरफ घुमकर फेरे लिए जाते है। यहॉ कि एक प्रमुख विशेषता है कि यहॉ मांघ भरने के लिए दुल्हा को सिंदुर का उपयोग नही करने देते बल्कि सादा का चंदन के द्वारा मांघ भरा जाता है। तथा सभी शादी पूरी रीति रिवाज के साथ होती है। यहॉ शादी करवाने के लिए लड़के व लड़की दोनो का आधार कार्ड या अंकसूची देखा जाता है। ताकि दानो पूर्ण रूप से बालिक हो यहॉ नाबालिकों की शादी नही करायीं जाती। शादी पूर्ण होने पर एक रशीद वहॉ के सेवको के द्वारा दिया जाता है। जो रशीद कानून को भी मान्य है। दोनो पक्षों के 5 –5 सदस्यो की विवाहित जोडों सहित रजिस्टर में हस्ताक्षर लिया जाता है जो गवाह के रूप मे मान्य है। यहॉ शादी के लिए कोई निश्चित समय नही किया गया है। यहॉ पूरे साल भर शादी का कार्यक्रम होता है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सालभर लगी रहती है। यहॉ का दृश्य अति मनोहारी है। प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण होने के कारण यहॉ पूरे क्षेत्र के लोग सालभर आते रहते है। यह एक पर्यटन का अच्छा केन्द्र है।

मोतिमपुर की अपनी स्थित इतिहास, प्राकृतिक सौन्दर्य, सुविधाऍ, मेला आयोजन और कार्यक्रमों का स्वरूप तथा सर्व समाज के श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा, विश्वास और अधिक जनसंख्या में जनमानस की उपस्थिति के कारण अमरटापू धाम का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

अमरटापू धाम का स्थापना विकास और कार्यक्रम आयोजनों में मेला समीति के उत्साही और ऊर्जावान अध्यक्ष डॉ. दुर्गादास बघेल जी का प्रमुख योगदान रहा है, जो बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी योग्य, मिलनसार तथा कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता रहे है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण अमरटापू धाम आगे भी राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर अपना विशिष्ट स्थान बना पायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पटेल, हरिराम, छत्तीसगढ़ प्राकृतिक भाग–1 व सांस्कृतिक भाग–2
2. शर्मा, रामगोपाल, छत्तीसगढ़ दर्पण,
3. शुक्ल, प्रदीप एवं अन्य, छत्तीसगढ़ में पर्यटन,
4. सुरजन, ललित, संदर्भ छत्तीसगढ़,
5. वर्मा, भगवान सिंह, छत्तीसगढ़ का इतिहास,
6. यद्गू, हेमू, छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास,
7. मुंगेली दर्पण
8. स्मारिका, जिला प्रशासन मुंगेली
9. साक्षात्कार
10. अवलोकन

****

म.प्र. में नगरपालिकाओ की प्रशासनिक स्थिति (धार जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. रसिक दवे* सन्तोष बर्डे **

शोध सारांश – भारत में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की भांति स्थानीय सरकार भी संविधान का अंग बन गयी है। अत: धार जिले की नगरपालिकाओ – धार, मनावर, पीथमपुर की प्रशासनिक स्थिति का विश्लेषण किया जाकर नगरपालिकाओ की प्रशासनिक संरचना, वार्डो की संख्या, विस्तार पर प्रकाश डाला गया है। नगरपालिकाओ की प्रशासनिक संरचना से आशय ऐसे व्यक्तियो, समितियो की नियुक्ति एवं गठन से है जो कि म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 के अनुसार नगरपालिका के गठन के लिए आवश्यक है।

नगरपालिकाओ की कार्यपालिक संरचना का निर्माण मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों से मिलकर होता है, जो कि परिषद एवं सलाहकार समितियों के द्वारा लिये गये निर्णयो को क्रियान्वित करते है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद की नियुक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचन पद्धति द्वारा नियुक्त किये जाते है। नगरपालिका की विमर्शकारी निकाय 'परिषद' इस प्रणाली की प्रमुख संस्था होती है।

शब्द कुंजी – परिषद, प्रशासनिक, निर्वाचन निकाय।

प्रस्तावना – भारत में स्थानीय स्वशासन का प्रशासनिक ढाँचा समय-समय पर परिवर्तित होता दिखाई देता है। नगरपालिकाओ में प्रशासनिक व्यवस्था म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 द्वारा अधिशासित है। धार जिले की नगरपालिकाओ- धार, मनावर, पीथमपुर के कार्य संचालन में संस्था की प्रशासनिक एवं कार्यपालिका संरचना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। धार जिले के जिला मुख्यालय धार में स्थापित धार नगरपालिका शहर के वर्तमान परिदृष्य और विकास की आवश्यकताओ जैसे शुद्ध जल आपूर्ति, पक्की सडके, सीवरेज, निकास, शहर का सौन्दर्यीकरण आदि को ध्यान में रखकर विकास हेत प्रयत्नरत है, जबकि पीथमपुर नगरपालिका पीथमपुर औधोगिक क्षेत्र के चहुमुखी विकास में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है वही मनावर नगरपालिका परिषद के सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है। कि मनावर को पहचान दिलाने वाली यह संस्था शीघ्र मनावर तहसील को अपने विकास कार्यो से जिले की श्रेणी में खडा कर देगी, इसका श्रेय वास्तव में इसकी संरचना और कार्यप्रणाली को जाता है।

शोध का उद्देश्य :

1. नगरपालिका के कार्यो की कार्यशैली जानना।
2. नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्था जानना।
3. नगरपालिका से जनता की अपेक्षाओं को जानना।
4. परिषद की कार्यप्रणाली को जानना।

नगरपालिकाओं में प्रशासनिक नेतृत्व – नगर पालिका परिषद् की नीति निर्धारक संरचना द्वारा बनाई गई योजनाओं, प्रस्तावों, नीतियों को कार्य रूप में परिणित करने का दायित्व कार्यपालिका संरचना का है जो कि वास्तविक रूप से सार्वजनिक कल्याण हेतु अधिनियमानुसार कार्यो को संपादित करती है। राज्य सरकार परिषद् के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये राज्य नगरपालिका सेवा का गठन करती है जिनमें कार्यपालक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग तथा अन्य कर्मचारी सेवा में सम्मिलित होते है। इस प्रकार नगरपालिका सेवा में कार्यरत सभी श्रेणियों के अधिकारी/कर्मचारी नगरपालिका के कार्यो को मिलकर सम्पन्न करते है। जिन्हें सेवा शर्तो के अनुसार राज्य सरकार से वतेन, भत्तों आदि भुगतान प्राप्त होते है। राज्य सरकार राज्य नगरपालिका सेवा के किसी भी सदस्य को परिषद् से दूसरी परिषद् में स्थानान्तरण कर सकती है। स्थानांतरण के सम्बन्ध में राज्य शासन ने कर्मचारी में स्थानान्तरण करने के अधिकार सम्भाग में आयुक्त व जिले में जिलाधीश को प्रदान कर दिये है।

नगरपालिका परिषद् में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी की नियुक्ति की जाती है तथा उसके अधिन अन्य कर्मचारीयों की नियुक्ति की जाती है जो कि विभागानुसार एवं क्षेत्रानुसार दायित्वों का निर्वहन करते है।

किसी भी संस्था के लिए प्रबंधक का महत्व सर्वविदित है। एक कुषल प्रबन्धक तमाम बुराईयों को जड़ से समाप्त कर देता है, अत: यह जरूरी है कि अधिकारों एवं दायित्वों का भारार्पण सैंद्धांतिक है। संस्था अपने उद्देश्यों को तभी प्राप्त कर सकती है जब अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रशिक्षित, अभिप्रेरित एवं अनुशासित हो।

धार जिले की नगरपालिका परिषद् में प्रशासनिक नेतृत्व हेतु निम्नलिखित को शामिल किया जाता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) – नगरपालिका सेवा में मुख्य अधिकारी नगरपालिका मुख्य अधिकारी होता है। यह प्रत्येक नगरपालिका का परिषद् का प्रधान कार्यपालक अधिकारी होता है और परिषद् के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उसके अधीन होते है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति को कार्यान्वित करने के लियं उत्तरदायी होता है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज्य नगर पालिका सेवा का सदस्य होता है परंतु उस पर परिषद् का अनुशासनात्मक नियन्त्रण नही होता है। परिषद् उसे निलम्बित नही कर सकती। वह केवल राज्य शासन को

* प्राध्यापक, श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, मण्डलेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

वापस बुलाने के लिये अनुरोध कर सकती है, जिस पर निर्णय लेना राज्य सरकार के विवके पर है। इस प्रकार परिषद् को मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निलम्बित करेन का संकल्प उसके अधिकार की सीमा के बाहर है। धारा 323 के अन्तर्गत निलम्बन का अधिकार जिलाधीष को प्राप्त है।

नगरपालिका परिषदों में नियुक्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्राय: नगर निगम में आयुक्त की भाँति की सरकारी कार्यो का सम्पादन करता है, किन्तु नगर निगम से इसकी स्थिति किंचित भिन्न है। नगर निगम में जहाँ आयुक्त को प्रशासनिक निकाय सर्वेसर्वा बनाया गया है और इसके कार्यो में मेयर की कोई भूमिका या नियन्त्रण नही होता है वहीं नगरपालिकाओं में नियुक्ति यह अधिकारी प्रशासनिक शक्तियों का उपयोग नगरपालिका के अध्यक्ष के साथ संयुक्त रूप से करता है। मुंख्य नगरपालिका अधिकारी को कर्मचारीयों की नियुक्ति तथा पदच्युक्ति करने की शक्ति प्राप्त नहीं होती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्य – अधिनियम के द्धारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्य निम्नलिखित हैं :

1. अध्यक्ष के साधारण नियन्त्रण में रहते हुए, परिषद् के वित्तीय तथा कार्यपालक प्रशासन पर नियन्त्रण रखना।
2. अधिनियम द्धारा प्राप्त शक्तियों या प्रत्योजित शक्तियों का प्रयोग करना।
3. परिषद् द्धारा पारित नियमों व उपनियमों तथा अधिनियम के अधीन बताये गये नियमों के अनुसार कार्य करना।
4. कार्यो की प्रगति की रिपोर्ट परिषद् को प्रस्तुत करना।
5. अधीनस्थ अधिकारों को समय–समय सही तथा शीघ्र कार्य करने के लिये कार्यो को प्रदत्त करना।
6. दण्डाधिकारी प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करना।
7. परिषद् की मांग पर अभिलेख, पत्र–व्यवहार तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करना। तथा
8. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों की नियुक्ति करना – आदेश क्र. 155–4697 अठारह –एक–79 दिनांक 5.2.1980 द्धारा नियुक्ति की शक्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रत्यायोजित कर दी गई है।

नगर पालिका में नियुक्त अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच कार्यो का आंवटन – स्थानीय निकाय के सामान्य कार्य संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कई अधिकारी एवं कर्मचारी सहायता करते है। इनके अभाव में सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रकाश व्यवस्था, जलपूर्ति, सड़क निर्माण, जल एवं मल निवारण की कल्पना भी असम्भव प्रतित होती है। नगर पालिका के कार्यो को उचित ढंग से सम्पन्न करने के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य एवं इंजिनियर की नियुक्ति करती है। स्वास्थ्य अधिकारी एवं इंजिनियर राज्य नगरपालिका सेवा क्रमश: स्वास्थ्य तथा इंजिनियर के सदस्य होते है। इन अधिकारीयों की नियुक्ति केवल 5 लाख या अधिक आय वाली नगरपालिकाओं मे ही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त अपने कर्तव्यों को दक्षतापूर्वक निर्वहन करने के लिए जिन परिषदो की आय 5 लाख रूपये से अधिक है, राज्य शासन की पूर्ण अनुमति से राजस्व अधिकारी, लेखा अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, सब इंजिनियर तथा लेखापाल की नियुक्ति कर सकती है। नियुक्ति के पश्चात् कार्यसम्बन्ध इस तरह से स्थापित किये जाते हैं कि मुख्य अधिकारी के प्रति अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी दायी हों तथा उचित आदेश एवं निर्देश सही समय पर प्राप्त होते रहें जिससे की सामान्य उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके।

मध्यप्रदेश नगर पालिका सेवा नियमों में सेवीवर्ग की वरिष्ठता सूची, परीविक्षा अवधि, स्थायीकरण, सेवामुक्ति, सेवाविकृत आयु, स्थायीकरण, वेतन, भत्तो पदोन्नति, पेन्शन आदि का प्रावधान किया गया है। इन नियमों में किये जाने वाले संशोधनों को राज्य सरकार द्धारा केबिनेट में मंजुरी के उपरांत म.प्र. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया जाता है। इस प्रकार नये नियम म.प्र. अधिनियम में अन्त: स्थापित हो जाते है और प्रदेश की नगरपालिकाओं द्धारा उन्हें लागू करना होता है।

नगरपालिका प्रशासनिक संरचना :

1. परिषद (निर्वाचित/निकाय/पार्षद)
2. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अन्य अधिकारी, व कर्मचारीगण।

(1) संवैधारिक समितियाँ :

1. **स्थायी समिति:–** अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, धारा 71 के अधीन गठित विभागीय समितियो के सभापति अध्यक्ष द्धारा मनोनित दो निर्वाचित पार्षद।
2. **विभागीय समितियाँ:–** लोक निर्माण समिति, जल कार्य, स्वास्थ्य, राजस्व, बाजार, खाध व नागरिक आपूर्ति, शिक्षा, महिला व बालकल्याण, विधि व सामान्य प्रशासन।
3. **कार्यपालन समितियाँ:–** अधिनियम की धारा 71 (2) कार्यपालन समितियों के गठन का उल्लेख किया गया है।

(2) गैर संवैधानिक समितियाँ – परामर्श समितियाँ, संयुक्त समितियाँ।

समस्याएँ :

1. नगरपालिका की समस्याऐ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शासन नीतियों की उपज है।
2. नगरपालिकाओ में व्यय की अधिकता विद्यमान है।
3. जनता द्धारा नगरपालिका कर का समय पर भुगतान न करने से घाटे की स्थिति निर्मित होती है।
4. नगरपालिकाओ में प्रशिक्षित लेखापाल का अभाव।

सुझाव :

1. शासकीय नीति में परिवर्तन से ही नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है।
2. नगरपालिकाओ में आय अर्जन क्षमता में वृद्धि कर आत्म निर्भर बना जा सकता है।
3. नगरपालिका में प्रशिक्षण के माध्यम से लेखापाल प्रशिक्षित किये जा सकते है।
4. नगरपालिकाओ मे पारदर्शिता द्धारा प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ की जा सकती है।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध पत्र द्धितीय समंको एवं धार, मनावर, एवं पीथमपुर नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में स्थानीय नागरिको के अभिमत को शोधार्थी ने शोध सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक नगरपालिका से 100 कुल 300 नागरिको से नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्थ की जानकारी ली गई।

निष्कर्ष – म.प्र. में नगरपालिकाओ में प्रशासनिक व्यवस्था धार जिले के विशेष सन्दर्भ में पाया गया कि नगरपालिका की समस्याऐ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शासन नीतियों की उपज है, जो कि नीतियों में परिवर्तन से समस्याओ का हल सम्भव है, नगरपालिकाओ में प्रशिक्षण आयोजित कर लेखापाल प्रशिक्षित किये जा सकते है। इसके साथ ही नगरपालिका द्धारा दुकाने निर्माण करके आय अर्जन क्षमता में वृद्धि की जा सकती है। जिससे

नगरपालिकाऐे आत्मनिर्भर बन सकें तथा नगरपालिकाओं में पारदर्शिता द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. में स्थानीय स्वशासन लेखक आनंद प्रकाश अवस्थी पृष्ठ 52।
2. शहर विकास योजना मनावर मई 2010 पृष्ठ 93।
3. शहर विकास योजना धार/मनावर मई 2010 पृष्ठ 53/47।
4. शहर विकास योजना धार/मनावर मई 2010 पृष्ठ 54/48।
5. म.प्र. में स्थानीय स्वशासन लेखक आनंद प्रकाश अवस्थी पृष्ठ 309/311।

****

Pattern Of Population Distribution And Density Of Bilaspur City

Dr. Kajal Moitra* Dr. Ratnesh Kumar Khanna Sandip Mondal*****

Numerous patent solutions are useless as well as hurtful. Comparative notices for makeup and contaminated nourishment are likewise far reaching practically speaking which are damaging to open helth[1]. These people may not infringe upon the letter of the law but rather, by abusing its soul, they perpetrate wrongdoings which are hostile to social as well as damaging to general wellbeing .

Engineering - In the designing calling, underhand dealings with temporary workers and providers, going of sub-standard works and materials and support of sham records of work-charged work are a portion of the regular cases of clerical wrongdoing. Outrages of this kind are accounted for in daily papers and magazines relatively consistently. Development of structures, streets, trenches, dams and extensions with sub-standard material imperils open wellbeing as well as results into gigantic misfortune to open exchequer . "it is presented that numerous ventures of ward amusements couldn't be finished in time on account of outrages of this sorts."

Legal Profession - In India, the attorneys calling isn't looked with much regard nowadays. There are two clear explanations behind this. The crumbling guidelines of lawful training and exploitative practices turned to by the individuals from lawful calling to get clientage are for the most part in charge of the corruption of this calling which was once thought to be one of the noblest jobs.

Educational Institutions - However another field where desk lawbreakers work with exemption are secretly run instructive establishments in this nation. The overseeing assemblages of these organizations figure out how to secure extensive aggregates by method for government awards or money related guide by submitting invented and counterfeit insights about their establishments. The instructors and other staff working in these organizations get a pitiful pay far not as much as what they really sign for, in this manner enabling an edge for the brilliant to snatch tremendous sum in this illicit way.

White Collar Crimes in Business Deals - The expression "office violations" was begat by Sutherland primarily for the business world and it is as yet wild. There have dependably been examples of infringement of trust. Sutherland made cautious investigation of various vast partnerships and business houses in United States and found that they were associated with unlawful contracts, blends and tricks in restriction of exchange, deception in publicizing, encroachment against copyrights and exchange marks, out of line work works on, influencing open authorities et cetera. The general population scarcely knows the craftiness of business culprits as they regard it as not very vital for their motivation. Sutherland credited the most astounding level of guiltiness to business world which incorporate exchange, agents and industrialists.

Criticism of Sutherland's Views on White Collar Crimes - Sutherland's meaning of cushy wrongdoing has evoked feedback from specific quarters. Coleman and Moynihan called attention to that absence of positive criteria for figuring out who are 'people of respectability and status' has made Sutherland's meaning of professional wrongdoing generally controvercial. It appears to be likely that what Sutherland implied by this is nonattendance from feelings for wrongdoings other than cushy violations. The component of 'high societal position's as utilized as a part of the definition additionally prompts disarray: unmistakably it has far smaller significance than is given to that term in regular utilization. Sutherland himself did not adhere to this significance and included robberies and cheats conferred by center or even lower white collar class laborers in course of their business or work. A few pundits have recommended that a few wrongdoings ought to have been called as 'word related violations' as opposed to being named as 'clerical violations'. It is further contended that in actuality the vital "component in the meaning of office wrongdoing isn't the financial status of the individual, but instead the sort of wrongdoing and the conditions of its bonus. These ordinarily incorporate appropriating, false bookkeeping, pay off; misappropriation and so on tax-avoidance isn't a valid office wrongdoing, at any rate regarding Sutherland's definition in light of the fact that in spite of the fact that related with work, it isn't submitted over the span of an occupation. A few commentators additionally assert that such infringement come surprisingly close to the Special Commition, Tribunals and Boards rather than typical criminal equity chairmen. In this manner, entirely, they can't come about into conviction of the guilty party and thus he can't be called 'criminal' in genuine sence of the term. Remarking on this part of the issue, tappan watches that treating individual carrying out office wrongdoing as criminal would mean veering off from lawful meaning of wrongdoing while individual esteem thought of the head would increase essential set up of accuracy and clearness of legitimate arrangements in choosing such cases. Sutherland, in any case, legitimizes the extraordinary technique of trial for desk hoodlums by regulatory organizations on the ground that it would shield the guilty party from the disgrace of criminal indictment[2] .

Another feedback regularly progressed against Sutherland's meaning of clerical wrongdoing is that incorporate even those infringement of law which are not dedicated in course of occupation or calling and these infringement don't really have a place with upper strata of society or the purported 'renowned gatherings'. For instance, tax-avoidance isn't conferred just by individual of high status yet it can be submitted by people having a place with center or even lower strata of society.

However another protest against the meaning of clerical wrongdoing is that it doesn't really require mens rea which is a fundamental element of a wrongdoing. The

precept of mens rea in view of custom-based law has no application to statutory offenses in India and the necessity of blameworthy personality might be prohibited either explicitly or by suggestion in such cases [3].

Conclusion - Sutherland has given another measurement to the comprehension of criminology. It was he, who began the efficient investigation of the violations carried out by high society individuals, to be specific financial wrongdoings. These violations by and large go unheated and unpunished. Regardless of whether these crooks are rebuffed, still the discipline is light. This class of hoodlums appreciates the sensitivity of judges in the courts.

Mindfulness should be spread quick against the financial wrongdoings, for example, defilement. Quickly developing media can assume an essential part in spreading mindfulness against the hazard of financial violations. It is critical to advance an extraordinary system to bargain independently with these violations. Those organizations managing the financial violations, require extraordinary preparing to manage the risk.. These offices ought to be avoided the political impact. Laws ought to be made more stringent to manage these wrongdoings. It is imperative and in light of a legitimate concern for the general public to manage this class of violations as viably as could be expected under the circumstances. It is difficult to battle with the hazard without the more extensive open cooperation. Political will must be extremely solid in the event that we need to accomplish the objective in speedy time.

References :-

1. V. N. Paranjape, *Criminology and Penology*, 14th Ed. Central Law Publication, 2010, pp. 122-125
2. Walter Reckless : The Crime Problem, p. 345
3. Coleman & Moynihan : Understanding Criminal Data (1996) pp. 8-10

****

ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. संगीता अग्रवाल* पारूल शर्मा **

प्रस्तावना – भारत में महिलाओं की स्थिति ने पिछली कुछ सदियों में कई बड़े बदलावों का सामना किया है, प्राचीन काल में पुरूषों के साथ बराबरी की स्थिति से लेकर मध्य युगीन काल में निम्न स्तरीय जीवन और साथ ही कई सुधारकों द्वारा समान अधिकारों को बढ़ावा दिए जाने तक, भारत में महिलाओं का इतिहास काफी गतिशील रहा है। आधुनिक भारत में महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, प्रतिपक्ष की नेता आदि जैसे शीर्ष पदो पर आसीन हुई है।

'पता रक्षति कौमारे, भर्ता रक्षति भौवन।
पुत्रो रक्षति वार्हक्ये, न स्त्री स्वातंत्र्य भर्हति।'

नर तथा नारी सृष्टि विकास में एक दूसरे के पूरक है, नर के साथ नारी का सृष्टि में आरम्भिक काल से संबंध रहा है लेकिन प्राचीन भारतीय संस्कृति में वर्तमान की अपेक्षा नारी की स्थिति अति गौरवपूर्ण थी। रामायण काल तक यज्ञो आदि के समायोजन तथा सामाजिक अनुष्ठानों के पवित्र अवसरों पर नारी की उपस्थिति अति अनिवार्य समझी गई।

पतंजलि और कात्यायन जैसे प्राचीन भारतीय व्याकरणविदो का कहना है कि प्रारम्भिक वैदिक काल में महिलाओं को शिक्षा दी जाती थी। ऋगवैदिक ऋचाए यह बताती है कि महिलाओं की शादी एक परिपक्व उम्र में होती थी और संभवत: उन्हें अपना पति चुनने की भी आजादी थी। ऋगवैदिक और उपनिषद जैसे ग्रन्थ कई महिला और साध्वियों और संतो के बारे में बताते है जिनमें गार्गी और मैत्रेयी के नाम उल्लेखनीय है।

भारतीय स्मृतिकार मनु ने कहा है कि –

'यत्र नार्यस्तु रमन्ते तत्र देवता'

अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ पर देवता वास करते है और जहाँ नारी का आदर नहीं होता है वहाँ पर ग्रहस्थ असफल रहता है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में नारी को गायत्री सावित्री, सरस्वती, लक्ष्मी आदि के रूप में पूजा जाता था। भूतकाल में नारी को जब भी अवसर मिला वह पुरूषों से कभी भी पीछे नहीं रही। पुरातन काल में मनु की पुत्री इला ने अपने पिता को पुरोहित बनकर धर्म क्षेत्र में प्रवेश कर उसे आगे बढाया।

समस्या कथन – समस्या कथन से तात्पर्य होता है –समस्या को शीर्षक देने से। शीर्षक जो प्रस्तावित अनुसंधान की लिखित रूपरेखा के आरम्भ में लिखा जाता है प्रस्तुत शोध की समस्या कथन निम्न है :–

'ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का तुलनात्मक अध्ययन'

शोध के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध के निम्न उद्देश्य निर्धारित किये गये है :–

1. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतन्त्रता का अध्ययन करना।
2. शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतन्त्रता का अध्ययन करना।
3. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :

1. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का स्तर सामान्य।
2. शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में तुलनात्मक कोई सार्थक अन्तर नही है।

शोध निष्कर्ष :

1. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का स्तर सामान्य।

निष्कर्ष :

1. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता का स्तर सामान्य पाया गया। अत: परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है।
2. शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया। अत: परिकल्पना 2 को स्वीकृत किया जाता है।
4. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में तुलनात्मक कोई सार्थक अन्तर नही है।

निष्कर्ष – ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्वतंत्रता में तुलनात्मक कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया। अत: परिकल्पना 3 को स्वीकृत किया जाता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. पाठक, पी.डी. (2010) : 'शिक्षा मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
2. जायसवाल, सीताराम (2012) : 'व्यक्तित्व का मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
3. उपाध्याय, विनोद कुमार (2009) : 'अधिगम का मनोसामाजिक आधार एवं शिक्षण', अरिहन्त शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
4. कपिल, एच.के. (2008) : 'सांख्यिकी के मूल तत्व', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा–2
5. अग्रवाल विपिन (2010) : 'मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा–2

* अस्सिटेन्ट प्रोफेसर, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** एम.एड. छात्रा, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

उच्च माध्यमिक स्तर के किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. संगीता अग्रवाल* विजय प्रताप सिंह **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में उच्च माध्यमिक स्तर के किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। न्यादर्श के रूप में 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें 50 बालकों एवं 50 बालिकाओं का चयन किया गया है। शोध विधि के लिए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए Mental Health Battery (MHB) Test एवं Dimentional Personality Inventory (DPI) Test का प्रयोग किया गया है। आँकड़ों के विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों के रूप में मध्यमान, मानक विचलन तथा टी-मूल्य का प्रयोग किया गया है। विश्लेषण में पाया गया कि उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के किशोर बालक-बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई अन्तर नहीं पाया जाता है एवं गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक- बालिकाओं में भी मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई अन्तर नहीं पाया जाता है।

प्रस्तावना – शिक्षा एक मानवीय प्रक्रिया है, जो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक अर्थात् जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। इसे सीमित शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता है। समय के साथ अच्छा जीवन गुजारने के लिए शिक्षा मनुष्य के लिए आवश्यक गुण बन गया है। जो व्यक्ति के सदाचारी जीवन और जीवन की नागरिकता के नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तविक अर्थों में शिक्षा मनुष्य को पूर्ण बनाती है, जो न केवल अपने लिए अपितु देश एवं समाज के लिए लाभदायक सिद्ध होता है।

शिक्षा किशोर बालक-बालिकाओं की योग्यताओं व क्षमताओं का अधिकतम प्रयोग करते हुए उसके व्यक्तित्व का विकास करती है। शिक्षा के द्वारा ही किशोर बालक अपने उत्तारदायित्वों का निर्वाह सफलतापूर्वक कर पाता है। किशोर बालक के समस्त गुण उसके व्यवहार का दर्पण है। शिक्षा सम्पूर्ण रूप में बालक के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में अपना प्रयोजन रखती है। व्यक्तित्व में मानव को सम्पूर्ण बनाने से सम्बन्धित सभी पक्ष समाहित होते हैं। व्यक्तित्व समूचे व्यवहार को प्रभावित करता है। व्यक्तित्व व्यक्ति के सामाजिक, शारीरिक, मानसिक तथा संवेगात्मक संरचना का योग है, जो इच्छाओं, रूचियों, आदर्शो, व्यवहारों, तौर-तरीकों, ढंगों, आदतों, स्वभावों और लक्षणों में प्रकट किया जाता है। शिक्षा का सीधा सम्बन्ध विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से भी है। यदि बालक का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी वह समुचित रूप से वांछित शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अरस्तु के शब्दों में 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है' अर्थात् कहने का तात्पर्य है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों को शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ होना अति आवश्यक है। अगर बालक इन दोनों रूप में स्वस्थ नहीं है तो उसे शिक्षा प्राप्त करने में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मन और मस्तिष्क का स्वस्थ रहकर कार्य करने की क्षमता बनाये रखना ही मानसिक स्वास्थ्य कहलाता है। अत: मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति वातावरण से सामंजस्य स्थापित करता हुआ अपने परिवार व समाज की उन्नति में योगदान दे सकता है।

शोध की आवश्यकता एवं महत्व – राष्ट्र की भावी पीढ़ियों के वांछित विकास हेतु शिक्षा अपरिहार्य है। विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर छात्र-छात्राओं के अध्ययन स्तर का सीधा सम्बन्ध देश की प्रगति से है। यदि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को स्वच्छ एवं पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था कर दी जाए तो देश के विकास में वांछित सहयोग दिया जा सकता है। किशोर अवस्था तक बालक के व्यक्तित्व में स्थायित्व आने लगता है। किशोर अवस्था में बालक समाज के लोगों के साथ सामंजस्यपूर्ण निर्वाह करना सीख लेता है। इसके लिए विद्यार्थियों का स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए। न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ होना चाहिए। तभी वह अपने व्यक्तित्व का सन्तुलित विकास कर सकता है। वह पूर्णतया समायोजित, आत्मविश्वासी, आत्मनियंत्रित, संवेगात्मकता से पूर्ण होना चाहिए, परन्तु यदि बालकों में इन गुणों का अभाव है तो वह मानसिक रूप से अस्वस्थ व अधूरे व्यक्तित्व वाला व्यक्ति माना जाएगा।

अत: इस लघु शोध में उच्च माध्यमिक कक्षाओं के किशोर बालक-बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य का उनके व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया है, जो कि शोध की महत्वपूर्ण एवं विशेष आवश्यकता है। अत: इस प्रकार व्यक्तित्व का मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में अध्ययन एक आवश्यक विषय है।

समस्या कथन – प्रस्तुत शोध का समस्या कथन निम्न प्रकार से है –

'उच्च माध्यमिक स्तर के किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन।'

प्रस्तुत शोध के उद्देश्य – शोधकर्त्ता ने अपने शोध में निम्नलिखित उद्देश्य सम्मिलित निर्धारित किए हैं –

1. सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।

* अस्सिटेन्ट प्रोफेसर, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** एम.एड. छात्र, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

3. सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व के आधाार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध की परिकल्पनाएँ – शोधकर्त्ता ने अपने शोध में निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्धारित की हैं :

1. सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधाार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोध में प्रयुक्त विधि – प्रस्तुत शोध में शोधकर्त्ता द्धारा **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया है।

शोध में प्रयुक्त न्यादर्श :

1. प्रस्तुत शोध में श्रीगंगानगर जिले के उच्च माध्यमिक स्तर के 100 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध में 50 किशोर बालकों एवं 50 किशोर बालिकाओं को चयनित किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध में 50 किशोर बालकों में से 25 किशोर बालक सरकारी विद्यालयों से एवं 25 किशोर बालक गैर-सरकारी विद्यालयों से एवं 50 किशोर बालिकाओं में से 25 किशोर बालिकाएँ सरकारी विद्यालयों से एवं 25 किशोर बालिकाएँ गैर-सरकारी विद्यालयों से चयनित की गई हैं।

शोध में प्रयुक्त उपकरण – प्रस्तुत शोध में शोधकर्त्ता ने तथ्यों के संकलन हेतु निम्नलिखित उपकरणों का प्रयोग किया है :-

1. Mental Health Battery - Dr. Arun Kumar Singh, (MHB) Test Dr. Alpana Sen Gupta (Patna)
2. Dimentional Personality - Dr. Mahesh Bhargava Inventory (DPI) Test

शोध में प्रयुक्त साँख्यिकी :

(1) मध्यमान
(2) प्रमाणिक विचलन
(3) सी/टी-मूल्य

तथ्यों का विष्लेषण :-

सारणी 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 1 द्धारा सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य के आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी आंकड़ों का मध्यमान 83.70 एवं 82.56 तथा मानक विचलन क्रमश: 9.30 एवं 9.24 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 2.62 के आधार पर सी-मूल्य 0.43 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी-तालिका के स्तर 0.01 के मान 2.68 और 0.05 के मान 2.01 से कम है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि सरकारी विद्यालय के किशोर बालक-बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई अन्तर नहीं है। इस आधार पर परिकल्पना संख्या 1 'सरकारी विद्यालय के किशोर बालक एवं बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है', स्वीकृत होती है।

सारणी 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 2 द्धारा गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य के आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी आंकड़ों का मध्यमान 85.50 एवं 83.50 तथा मानक विचलन क्रमश: 17.40 एवं 16.00 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 4.73 के आधार पर सी-मूल्य 0.42 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी-तालिका के स्तर 0.01 के मान 2.68 और 0.05 के मान 2.01 से कम है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक-बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई अन्तर नहीं है। इस आधार पर परिकल्पना सं. 2 'गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक एवं बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है', स्वीकृत होती है।

सारणी 3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 3 द्धारा सरकारी विद्यालयों के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व के आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व सम्बन्धी आंकड़ों का मधयमान 70.50 एवं 80.10 तथा मानक विचलन क्रमश: 14.10 एवं 14.70 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 4.07 के आधार पर सी-मूल्य 2.36 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी-तालिका के स्तर 0.01 के मान 2.68 और 0.05 के मान 2.01 से अधिाक है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि सरकारी विद्यालय के किशोर बालक-बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर सार्थक अन्तर है। इस आधार पर परिकल्पना सं. 3 'सरकारी विद्यालय के किशोर बालक एवं बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है', अस्वीकृत होती है।

सारणी 4 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 4 द्धारा गैर-सरकारी विद्यालयों के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व के आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व सम्बन्धी आंकड़ों का मधयमान 84.88 एवं 79.00 तथा मानक विचलन क्रमश: 7.32 एवं 10.99 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 2.64 के आधार पर टी-मूल्य 2.23 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी-तालिका के स्तर 0.01 के मान 2.68 और 0.05 के मान 2.01 से अधिाक है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक-बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर सार्थक अन्तर है। इस आधाार पर परिकल्पना सं. 4 'गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक एवं बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है', अस्वीकृत होती है।

शोध निष्कर्ष – सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धी आँकड़ों का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि किशोर बालक – बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य में

कोई सार्थक अन्तर नहीं है क्योंकि वर्तमान समय में परिवार, विद्यालयों एवं सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में किशोर बालक व बालिकाओं पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य में कोई विशेष अन्तर नहीं आता है।

सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में किशोर बालक व बालिकाओं में व्यक्तित्व के आधार पर भी कोई सार्थक अन्तर नहीं है क्योंकि सरकारी विद्यालय में ही नहीं वरन् गैर-सरकारी विद्यालयों में भी बालकों के साथ-साथ बालिकाओं की किशोरावस्था में व्यक्तित्व से सम्बन्धित समस्याओं का पर्याप्त ध्यान रखा जाता है और उनके समाधान के लिए उन्हें पर्याप्त अपनत्व का अनुभव करवाया जाता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. पाठक, पी.डी. (2010) : 'शिक्षा मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
2. जायसवाल, सीताराम (2012) : 'व्यक्तित्व का मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
3. उपाध्याय, विनोद कुमार (2009) : 'अधिगम का मनोसामाजिक आधार एवं शिक्षण', अरिहन्त शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
4. कपिल, एच.के. (2008) : 'सांख्यिकी के मूल तत्व', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2
5. अग्रवाल विपिन (2010) : 'मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2

सारणी 1 : सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को दर्शाती हुई सारणी

क्रं.	विद्यार्थी	विद्यार्थियों की संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	सरकारी विद्यालय के किशोर बालक	25	83.70	9.30	2.62	0.43	स्वीकृत
2.	सरकारी विद्यालय की किशोर बालिकाएँ	25	82.56	9.24			

सारणी 2 : गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को दर्शाती हुई सारणी

क्रं.	विद्यार्थी	विद्यार्थियों की संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक	25	85.50	17.40	4.73	0.42	स्वीकृत
2.	गैर सरकारी विद्यालय की किशोर बालिकाएँ	25	83.50	16.00			

सारणी 3 : सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व को दर्शाती हुई सारणी

क्रं.	विद्यार्थी	विद्यार्थियों की संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	सरकारी विद्यालय के किशोर बालक	25	70.50	14.10	4.07	2.36	स्वीकृत
2.	सरकारी विद्यालय की किशोर बालिकाएँ	25	80.10	14.70			

सारणी 4 : गैर-सरकारी विद्यालय के किशोर बालक व बालिकाओं के व्यक्तित्व को दर्शाती हुई सारणी

क्रं.	विद्यार्थी	विद्यार्थियों की संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	गैर सरकारी विद्यालय के किशोर बालक	25	84.88	7.32	2.64	2.23	स्वीकृत
2.	गैर सरकारी विद्यालय की किशोर बालिकाएँ	25	79.00	10.99			

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

जयपुर जिले के उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन

डॉ. संगीता अग्रवाल* रीता कुमारी**

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में जयपुर जिले के उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन किया गया है। न्यादर्श के रूप में 100 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें 50 शिक्षकों एवं 50 छात्रों का चयन किया गया है। शोध विधि के लिए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए अध्यापकों हेतु अभिमतावली (प्रश्नावली) – स्वनिर्मित एवं विद्यार्थियों हेतु अभिमतावली (प्रश्नावली) – स्वनिर्मित का प्रयोग किया गया है। आँकड़ों के विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों के रूप में मध्यमान, मानक विचलन तथा टी–मूल्य का प्रयोग किया गया है। विश्लेषण में पाया गया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के प्रति महिला व पुरुष अध्यापकों एवं छात्र व छात्राओं के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

प्रस्तावना – प्राचीन समय में शिक्षक की भूमिका ईश्वर के रूप में थी। शिक्षक मोक्ष मार्ग का दाता था तथा शिक्षा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग थी। प्राचीनकालीन शिक्षा में आध्यात्मिकता पर विशेष बल दिया जाता था, लेकिन अब यह भौतिकता पर केन्द्रित हो गई है। शिक्षार्थियों का सर्वांगीण विकास सुयोग्य, सच्चरित्र, सात्विक वृत्ति के शिक्षकों के माध्यम से ही सम्भव था। उन शिक्षकों के मूल में सांस्कृतिक आध्यात्मिक चेतना का दीपक प्रज्वलित था, फलस्वरूप समाज में शिक्षक का चयन, उसके व्यवहार की प्रभावशीलता तथा समाज के विकास में उसके कार्यों की भूमिका विशिष्ट मिशाल के रूप में होती थी। शिक्षक वृत्ति को आराध्य एवं पवित्र माना जाता था तथा शिक्षक की सामाजिक प्रतिबद्धताएँ उच्च स्तर पर पाई जाती थी।

अध्यापक एक प्रकाशमान आदित्य के सदृश है, जो अपने ज्ञान एवं शिक्षा की स्वर्णिम रश्मियों से अपने शिष्य को अज्ञान एवं अशिक्षा के तिमिर से मुक्त करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत की गौरवमयी गुरू परम्परा के फलस्वरूप ही द्रोणाचार्य ने अर्जुन एवं चाणक्य ने चन्द्रगुप्त जैसे दो महान पुरूष इस भारत को प्रदान किये। गुरू का महत्व सर्वकालिक है। इसे नकारना, परमात्मा के अस्तित्व को नकारने के समान है। एक कुशल अध्यापक ही एक विद्वान, धीर, वीर, तेजस्वी, राष्ट्रभक्त धैर्यशील, क्षमाशील व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।

मूल्य – वर्तमान मानव की कुण्ठा का एक मात्र कारण मूल्यों का अभाव है। मूल्यों के अभाव में हम घोर स्वार्थी हो गए हैं। प्राचीन मूल्यों प्रेम, दया, सहयोग, परोपकार पर घोर संकट उत्पन्न हो गया है। आए दिन समाचार पत्रों में चोरी, लूट–पाट, बलात्कार, पुत्र द्वारा पिता की हत्या, पिता द्वारा पुत्री की हत्या, कर्मचारियों द्वारा काम के बदले रिश्वत लेते पकड़े जाना, बम विस्फोट, मन्दिरों, मस्जिदों, गुरूद्वारों पर हमले, अफीम, स्मैक, इत्यादी के अवैध व्यापार करते पकड़े जाना, स्त्रियों एवं बच्चों की खरीद–बिक्री, भ्रुण हत्या, दहेज हत्या, सांसदों द्वारा प्रश्न पूछने के बदले रिश्वत लेना, स्टाम्प घोटाला, चारा घोटाला, तेल घोटाला, इत्यादि समाचार भारत में मूल्यहीनता के संजीव उदाहरण हैं।

बालकों की शिक्षा एवं संस्कारों का गुरूतर दायित्व शिक्षा संस्थानों का है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बालक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है, जो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं भावात्मक पक्षों से मिल कर बनता है।

कहानी –हिन्दी साहित्य का सबसे अधिक मनोरंजन अंग कहानी है। आदिकाव्य से ही कहानी मनोरंजन तथा उपदेश का साधन रही है। कहानी मानव–मन में विद्यमान 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' को उभारकर उसे आचरण में ढालने के लिए प्रेरित करती है। जो कार्य ढेरों साहित्य नहीं कर सकता वह अकेली कहानी कर दिखाती है। कहानी 'गागर में सागर' होती है उसके माध्यम से जीवन की जटिलताओं एवं व्यापक प्रभावशाली घटनाओं को कल्पनाओं के सहारे कथानक में पिरोकर भाषा के धरातल पर उपस्थित किया जाता है उपन्यास की भांति उसमें मानव जीवन का सम्पूर्ण तथा वृहत रूप दिखाने का प्रयास नहीं किया जाता, न उसमें उपन्यास की भांति सभी रसों का समावेश होता है। कहानी एक लघु गद्य रचना है जिसमें मानव जीवन एवं चरित्र का वर्णन बड़े ही हृदयस्पर्शी, कलात्मक एवं आकर्षक रूप में होता है।

शोध की आवश्यकता एवं महत्व – आज मानव मूल्य एवं सामाजिक दायित्व का बोध दिनो–दिन क्षीण हो रहा है। प्रत्येक जगह स्वार्थलोलुप, स्वकेन्द्रित संहारक एवं विघटनकारी प्रवृत्तियों का बोलबाला है। मानव प्रेम, आस्था एवं विश्वास के अभाव में लुप्त होता जा रहा है। आत्मिक विकास से उसका कोई सरोकार नहीं रहा है। इसी के अभाव में आज देश में चारों ओर अराजकता, भ्रष्टाचार एवं हिंसा फैली है। भ्रष्टाचार व अपराधों के ग्राफ में भारत का स्थान प्रमुख श्रेणी में आ गया है। इन सब सामाजिक दुर्गुणों के उन्नमूलन हेतु मूल्य परक शिक्षा की आवश्यकता है और इन सब समस्याओं

* अस्सिटेन्ट प्रोफेसर, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** एम.एड. छात्रा, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

का मूलभूत कारण बालकों में मूल्यों का ह्रास है। वर्तमान समय में नवीन पीढ़ी में मूल्यों में गिरावट नजर आ रही है। अत: समस्या की ज्वलन्तता को देखते हुए शोधकर्त्री को इस अध्ययन की आवश्यकता महसूस हुई।

मूल्यों के आधार पर ही समाज में एक आदर्श स्थिति या व्यवस्था बनाये रखना संभव होगा। मूल्यों के संगठन द्वारा ही समाज अपनी मान्यताओं की रक्षा करता है तथा यह मूल्य ही समाज को वे नैतिक सूत्र प्रदान करते हैं, जो कि समाज के विभिन्न व्यक्तियों को परस्पर, एक साथ बांधते हैं। व्यक्ति के व्यवहारों को नियंत्रित एवं सही मार्ग की ओर निर्देशित करने में मूल्य महत्वपूर्ण योग देते हैं। मानवीय मूल्य व्यक्ति के तनावों एवं संघर्षों को सुलझाते हुए आन्तरिक सुसंगठन एवं सम्बद्धता उत्पन्न करते हैं।

अत: इन्हीं समस्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्त्री द्वारा प्रस्तुत विषय पर शोध कार्य करने का निर्णय लिया गया।

समस्या कथन – प्रस्तुत शोध का समस्या कथन निम्न प्रकार से है –

'जयपुर जिले के उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण का अध्ययन।'

प्रस्तुत शोध के उद्देश्य – शोधकर्त्री ने अपने शोध में निम्नलिखित उद्देश्य सम्मिलित निर्धारित किए हैं :

1. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति शिक्षकों व छात्रों के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
2. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति महिला व पुरुष अध्यापकों के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
3. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्र व छात्राओं के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध की परिकल्पनाएँ – शोधकर्त्री ने अपने शोध में निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्धारित की हैं :

1. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति शिक्षकों व छात्रों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति महिला व पुरुष अध्यापकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है।
3. उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्र व छात्राओं के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है।

प्रस्तुत शोध की परिसीमाएँ – शोधकर्त्री ने अपने शोध में निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्धारित की हैं :

1. प्रस्तुत शोध कार्य जयपुर जिले तक ही सीमित रखा गया है।
2. प्रस्तुत शोध उच्च प्राथमिक विद्यालयों तक ही सीमित रखा गया है।
3. प्रस्तुत शोध हिन्दी के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं तक सीमित रखा गया है।
4. प्रस्तुत शोध गैर-सरकारी विद्यालयों तक ही सीमित रखा गया है।

शोध में प्रयुक्त चर – प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित चरों पर अध्ययन किया गया है :-

(1) स्वतन्त्र चर :-		कहानियों में निहित मूल्य
(2) आश्रित चर :-		
(1) शिक्षक	1.	अध्यापक-अध्यापिकाएँ
(2) विद्यार्थी	2.	छात्र-छात्राएँ

शोध में प्रयुक्त विधि – प्रस्तुत शोध में शोधकर्त्री द्वारा **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया है।

शोध में प्रयुक्त न्यादर्श :

1. प्रस्तुत शोध हेतु कुल 100 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को चयनित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध हेतु 50 शिक्षकों एवं 50 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध हेतु 50 शिक्षकों में से 25 महिला अध्यापिकाओं एवं 25 पुरूष अध्यापकों को चयनित किया गया है।
4. प्रस्तुत शोध हेतु 50 विद्यार्थियों में से 25 छात्राओं एवं 25 छात्रों को चयनित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण – प्रस्तुत शोध में शोधकर्त्री ने तथ्यों के संकलन हेतु निम्नलिखित उपकरणों का प्रयोग किया है :

1. अध्यापकों हेतु अभिमतावली (प्रश्नावली) – स्वनिर्मित
2. विद्यार्थियों हेतु अभिमतावली (प्रश्नावली) – स्वनिर्मित

शोध में प्रयुक्त साँख्यिकी :

1. मध्यमान
2. प्रमाप विचलन
3. टी परीक्षण

तथ्यों का विश्लेषण :-

सारणी 1 – (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 1 द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवम् शिक्षकों का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों का मध्यमान 17.02 एवं 20.04 तथा मानक विचलन क्रमश: 3.02 एवं 2.50 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 0.56 के आधार पर सी-मूल्य 0.56 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 98 के आधार पर टी-तालिका के स्तर के मान 2.63 और 1.98 से कम है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है। इस आधार पर यह शून्य परिकल्पना संख्या 1 'उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है', स्वीकृत होती है।

सारणी 2 – (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 2 द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति महिला व पुरुष अध्यापकों का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति महिला एवं पुरुष अध्यापकों का मध्यमान क्रमश: 18.36 व 19.20 तथा मानक विचलन क्रमश: 3.43 व 3.39 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 2.89 के आधार पर सी-मूल्य 0.29 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी-तालिका के स्तर के मान 2.65 और 2.01 से कम है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के प्रति महिला एवं पुरुष अध्यापकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है। इस आधार पर यह शून्य परिकल्पना संख्या 2 'उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में

उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति महिला एवं पुरुष अध्यापकों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है', स्वीकृत होती है।

सारणी 3 – (निचे पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या – सारणी 3 द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्र व छात्राओं का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। सारणी का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि उच्च प्राथमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्र एवं छात्राओं का मध्यमान क्रमशः 18.24 व 18.96 तथा मानक विचलन क्रमशः 2.67 व 2.51 प्राप्त हुआ है तथा मानक त्रुटि 0.73 के आधार पर सी–मूल्य 0.99 प्राप्त हुआ है, जो स्वतन्त्रता की कोटि 48 के आधार पर टी–तालिका के स्तर के मान 2.65 और 2.01 से कम है, जिससे निष्कर्ष निकलता है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के प्रति छात्र एवं छात्राओं के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है। इस आधार पर यह शून्य परिकल्पना संख्या 3 'उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्र एवं छात्राओं के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर नहीं है', स्वीकृत होती है।

शोध निष्कर्ष – उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों का दृष्टिकोण से सम्बन्धित आँकड़ों का विश्लेषण, मध्यमान, मानक विचलन एवं टी परीक्षण के आधार पर किया गया है। प्राप्त परिणामों से परिकल्पनाओं की सार्थकता की जाँच की गई है तथा परिणाम में पाया गया कि उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानियों में निहित मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. आर.पी. भटनागर एवं डॉ. मीनाक्षी भटनागर (2007) : 'शिक्षा अनुसंधान', इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ
2. डॉ. शशिकला सरीन एवं डॉ. अंजली सरीन (2010) : 'शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ', अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा–2
3. चौधरी, रेणु (2008) : 'मूल्य एवं नैतिक शिक्षण', श्री कविता प्रकाशन, जयपुर
4. शर्मा, श्रीमती राजकुमारी (2005) : हिन्दी शिक्षण', राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा
5. शर्मा, डॉ. राजेन्द्र (2007) : 'नैतिक मूल्य शिक्षा', विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा
6. उपाध्याय, विनोद कुमार (2009) : 'अधिगम का मनोसामाजिक आधार एवं शिक्षण', अरिहन्त शिक्षा प्रकाशन, जयपुर

सारणी 1 : उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण को दर्शाती सारणी

क्रं.	चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	छात्र	50	17.02	3.02	0.56	0.56	स्वीकृत
2.	शिक्षक	50	20.04	2.50			

सारणी 2 : उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति महिला व पुरुष अध्यापकों के दृष्टिकोण को दर्शाती सारणी

क्रं.	चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	अध्यापिकाएँ	25	18.36	3.43	2.89	0.29	स्वीकृत
2.	अध्यापक	25	19.20	3.39			

सारणी 3 : उच्च प्राथमिक विद्यालय के हिन्दी पाठ्यक्रम में उपस्थित कहानियों के मूल्यों के प्रति छात्र–छात्राओं के दृष्टिकोण को दर्शाती सारणी

क्रं.	चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात	परिणाम
1.	छात्र	25	18.24	2.67	0.73	0.99	स्वीकृत
2.	छात्राएँ	25	18.96	2.51			

****

योग शिक्षा के प्रति ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में अभिवृति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. संगीता अग्रवाल* सुमित कुमारी**

प्रस्तावना – जीवन का प्रत्येक अनुभव शिक्षा है। जीवन के अनुभव ज्ञान की परिधि को विस्तृत करते है। अन्तर्दृष्टि को गहरा करते है, भावनाओं व क्रियाओं को उत्तोजित करते है। सभी मिलकर शिक्षा बनते है। शिक्षाशास्त्री मनुष्य की आंतरिक शक्तियों के सर्वागीण विकास को ही शिक्षा मानते है। शिक्षा का ध्येय ज्ञान प्राप्ति है। ज्ञान आत्मा का प्रकाश है। मनुष्य को बाहर से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। आत्मा के अनावरण से ज्ञान प्राप्त होता है। स्वामी विवेकानन्द जी के शब्दों में – **'मनुष्य में अन्तर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है।'** इस प्रकार शिक्षा का लक्ष्य नये सिरे से कुछ निर्माण करना नहीं पर मनुष्य में पहले से जो सुप्त रहता है, उसका अनावरण करना ही उसका विकास करना है।

अन्त:करण आत्मा की अभिव्यक्ति का माध्यम – अन्त:करण के माध्यम से ही आत्मा की अभिव्यक्ति होती है। अन्त:करण के चार रूप है :-

मन :- मन तर्क-वितर्क और संशय करता है।
बुद्धि :- बुद्धि निश्चय करती है।
अंहकार :- ये गर्व की अभिव्यक्ति है।
चित्त :- स्मरण का कार्य करता है।

अन्त:करण जड़ तत्व है। आत्मा के प्रकार्य से ही अन्त:करण द्धारा ज्ञान प्रक्रिया सम्पन्न होती है। चारों तत्व शुद्धि बनकर मन एकाग्र होता है तब ज्ञान की प्रक्रिया होती है। इसीलिए शिक्षा का कार्य है – मन की एकाग्रता का अभ्यास करना। भारत के प्राचीन ऋषि मुनियों ने जगत के रहस्यों को समझने के लिए जीवन, मन, बुद्धि, स्मृति व चेतना के रहस्यों को स्पष्ट किया था। परन्तु आधुनिक युग में से सब बातें पीछे छूट गयी है।

शिक्षार्थी के चतुर्मुखी व्यक्तित्व विकास के प्रति भी पूर्णतया सजग थी। अत: विद्यार्थी के मानसिक पक्ष की सम्पुष्टता के साथ-साथ अनेक पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएँ भी चला करती थी, जिसमें विविध प्रकार के शारीरिक व्यायाम तथा युद्ध कौशल से जुड़ी हुई अनेक कलाएँ भी थी। गुरूकुल अथवा प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में शिक्षार्थियों की दिनचर्या ही जिन शारीरिक क्रियाओं अथवा व्यायामों से प्रारम्भ होती थी, उन्हें आज भी योग के नाम से जाना जाता है।

समस्या कथन – योग शिक्षा के प्रति ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में अभिवृति का तुलनात्मक अध्ययन।

अध्ययन के उद्देश्य – यह शाश्वत् सत्य है कि कोई भी कार्य बिना उद्देश्य उपयोगी नहीं हो सकता, अत: प्रत्यन की दिशा तय करने व सही परिणाम प्राप्ति करने हेतु यह आवश्यक है कि शोध समस्या के उद्देश्य स्पष्ट हो। इस दृष्टि से शोध समस्या के निम्नांकित उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं :-

1. शहरी व ग्रामीण विद्यार्थियों की योग शिक्षा के प्रति अभिवृति का अध्ययन करना।
2. शहरी विद्यार्थियों की योग शिक्षा के प्रति अभिवृति का अध्ययन करना।
3. ग्रामीण विद्यार्थियों की योग शिक्ष्ज्ञा के प्रति अभिवृति का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :

1 शहरी व ग्रामीण विद्यालय के विद्यार्थियों की योग शिक्षा के प्रति अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2 शहरी विद्यार्थियों की योग शिक्षा के प्रति अभिवृति में कोई सार्थक नहीं है।
3 ग्रामीण विद्यार्थियों की योग शिक्षा के प्रति अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध निष्कर्ष :

परिकल्पना 1 :- योग शिक्षा के प्रति शहरी विद्यार्थियों की अभित्ति सामान्य स्तर की हैं।

निष्कर्ष -योग शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षिक क्षेत्र के प्रति शहरी विद्यार्थियों की अभिवृति सकारात्मक है।

परिकल्पना 2 :-योग शिक्षा के प्रति ग्रामीण विद्यार्थियों की अभिवृति सामान्य स्तर की है।

निष्कर्ष – योग शिक्षा के अन्तरगत शैक्षिक क्षेत्र के प्रति ग्रामीण विद्यार्थियों की अभिवृति उच्च सकारात्मक है।

परिकल्पना 3 :- योग शिक्षा के प्रति शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों की अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

निष्कर्ष – योग शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षिक क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की अभिवृति सार्थक रूप से एक दूसरे से भिन्न है। एवं शैक्षिक क्षेत्र के प्रति ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की अभिवृति ज्यादा सकारात्मक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची : -

1. उपाध्याय, विनोद कुमार (2009) : 'अधिगम का मनोसामाजिक आधार एवं शिक्षण', अरिहन्त शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
2. कपिल, एच.के. (2008) : 'सांख्यिकी के मूल तत्व', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2
3. अग्रवाल विपिन (2010) : 'मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2
4. पाठक, पी.डी. (2010) : 'शिक्षा मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
5. जायसवाल, सीताराम (2012) : 'व्यक्तित्व का मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा

* अस्सिटेन्ट प्रोफेसर, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** एम.एड. छात्रा, श्रीगंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

जशपुर जिले में कृषि भूमि उपयोग का परिवर्तनशील स्वरूप : एक भौगोलिक अध्ययन (जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील के विशेष संदर्भ में)

दमयन्ती लकड़ा* डॉ. रत्नेश कुमार खन्ना**

शोध सारांश – कृषि भूमि उपयोग खेती के लिए ही न करके तथा उसका इस्तेमाल गैर–कृषि कार्यों के लिए भी होता है और इसे विकास का नाम दिया जाता है। कृषि के लिए भूमि की प्रासंगिकता इसी प्रकार समझाया जा सकते है। पहला होता है, कृषि एक गहन जमीन क्रियाकलाप है इसका अर्थ होता है जो उत्पादन के सापेक्ष कृषि के लिए गैर कृषि कार्य अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। दूसरा कृषि में भूमि की गुण शक्ति का प्रति इकाई क्षेत्रफल को पैदावार से बहुत कम प्रभाव पड़ता है।

जबकि गैर कृषि करने में जो उत्पादन पर जिसमें सीमित प्रभाव पड़ता है, तीसरा ग्रामीण इलाके में भूमि की मिलकियत विशत दुनिया के ऐसे फसल परिवर्तन की प्रथा मानव के द्वारा हजारों लाखों से सभ्यता की शुरूआत से ही अपनायी गयी है।

शब्द कुंजी – क्रियाशील जशपुर जिले में कृषि भूमि उपयोग का परिवर्तनशील।

प्रस्तावना – कृषि भूमि विभिन्न मानवीय तथा आर्थिक क्रियाकलापों हेतु भूमि के प्राकृतिक लक्षणों के आधार पर उसका उपयोग किया जाता है। जिससे उपलब्ध भूमि प्रतिरूप मानवीय सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक लक्षणों का निर्माण करता है तथा परिवर्तनशील प्रवृत्तियॉ को भी व्यक्त करता है। भूमि उपयोग पृथ्वी के किसी क्षेत्र का मनुष्य द्वारा उपयोग को सूचित करता है। सामान्यत: जमीन के हिस्से पर होने वाले आर्थिक क्रिया–कलाप को सूचित करते हुए उसे वन भूमि, कृषि, पर्वतों , चारागाह इत्यादि वर्गो में बॉटा जाता है।

कृषि खेती और वानिकी के माध्यम से खाद्य और अन्य सामान के उत्पादन से संबंधित है। कृषि एक मुख्य विकास था जो समास्याओं के उदय का कारण बना इसमें पालतू जानवरों का पालन किया गया और पौधों (फसलों) को उगाया गया जिससे खाद्य का उत्पादन हुआ। इसमें अधिक घनी अबादी और स्तरीकृत समाज के विकास को सक्षम बनाया। कृषि का अध्ययन कृषि विज्ञान के रूप में जाना जाता है तथा इसी संबंधी विषय बागवानी का अध्ययन बागवानी में किया जाता है।

तकनीकों और विशेषताओं को बहुत सी किस्मे कृषि के अन्तर्गत आती है, इसमें वे तरीके शामिल है। जिनसे पौधे उगाने के लिए उपयुक्त भूमि का विस्तार किया जाता है। इसके लिए पानी के चैनल खोदे जाते है और सिचाई के अन्य रूपों का उपयोग किया जाता है कृषि योग्य भूमि पर फसलों को उगाना और चारागाहों और रेंजलैड पर पशुधन को नागरिक के द्वारा चराया जाना, मुख्यत: कृषि से संबंधित रहा है।

कृषि भूमि देश का कुल क्षेत्रफल उस सीमा को निर्धारित करता है, जहां तक विकास प्रक्रिया के दौरान उत्पत्ति के साधन के रूप में भूमि का समतल विस्तार संभव होता है। जैसे जैसे विकास प्रक्रिया आगे बढ़ती है और नये मोढ़ लेती है समतल भूमि की मांग बढ़ती है नये कामों और उद्योगों के लिए भूमि की आवश्यकता होती है व परम्परागत उपयोग के लिए भूमि की आवश्यकता होती है। व परम्परागत उपयोगों में अधिक मात्रा में भूमि की मांग की जाती है। सामान्यत: इन नये उपयोगों व परम्परागत उपयोग में बढ़ती हुई भूमि की मांग की आपूर्ति के लिये कृषि के अंतर्गत की मांग की आपूर्ति के लिये कृषि के अंतर्गत भूमि को काटना पड़ता है इस प्रकार भूमि कृषि उपयोग से गैर कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने लगती है । एक विकासशील अर्थव्यवस्था के लिये जिसकी मुख्य विशेषताएं श्रम अतिरिक्त व कृषि उत्पादों के अभाव की स्थिति का बना रहना है। कृषि उपयोग से गैर कृषि उपयोगों में भूमि का चला जाना गंभीर समस्यों का रूप धारण कृषक के निर्वाह श्रोत का विनाष होता है। कृषि पदार्थों को आपूर्ति में अर्थव्यवस्था में अनेक अन्य गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसलिये यह आवश्यक समझा जाता है कि विकास प्रक्रिया के दौरान जैसे जैसे समतल भूमि का मांग बढ़ती है उसी के साथ ही बंजर परती तथा बेकार पड़ी भूमि को कृषि अथवा गैर कृषि कार्यों के योग्य बनाने के लिये प्रयास करना चाहिए प्रयास यह होना चाहिये कि खेती बाड़ी के लिये उपलब्ध भूमि के क्षेत्र में किसी प्रकार की कमी न आये वरन जहॉ तक संभव हो कृषि योग्य परती प्रकार भूमि में सुधार करें। कृषि कार्यों के लिये उपलब्ध में वृद्धि की जानी चाहिए।

पूर्व साहित्य की समीक्षा – पूर्व साहित्य की समीक्षा करे तो विभिन्न शोधकर्ताओं ने उच्च द्वितीयक शिक्षा को लेकर शोध कार्य किया है। कृषि के संबंध में काफी कार्य हुए है लेकिन अध्ययन होने में कृषि भूमि उपयोग पर कम कार्य हुए है। भारत में सर्वप्रथम प्रो. शफी ने (1960) में कृषि भूमि उपयोग गहनता, भूमि की निर्वहन क्षमता का अध्ययन किया है।

उत्तर प्रदेश के वृहद क्षेत्र के भूमि उपयोग के सर्वेक्षण का श्रेय प्रो. मोहम्मद शफी को जाता है। उनके अध्यक्ष द्वारा भूमि उपयोग को मानचित्रों में प्रदर्शित किया गया । 1960 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के भूमि उपयोगिता प्रो शफी का एक महत्वपूर्ण प्रयास था जिसके द्वारा भूमि उपयोग की वहन क्षमता का आंकलन करना संभव हो पाया। इसके द्वारा प्रति हेक्टेयर उत्पादन

* एम.फिल. शोधार्थी (भूगोल) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

को कुल क्षेत्रीय उत्पादन के सह संबंध उस स्थान विशेष की जनसंख्या जो कि उस भूमि उपयोग पर निर्भर थी किया गया। ग्राहित कैलोरी का आंकलन कर पोषण तत्व न्यूनतम कुपाषण क्षेत्र कर निर्धारण किया गया तथा यह बताया गया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए नियोजन अत्यंत आवश्यक है ।दक्षिण भारत में प्रो. व्ही. एल. राव के द्वारा भूमि उपयोग पर महत्वपूर्ण कार्य किया गया। प्रो. ओ.पी. भारद्वाज ने (1961) में जलंधर जिले के विल्ट ढोआव के अंतर्गत मोहिया और अकीकुंज ग्राम के भूमि उपोग का अध्ययन किया।

स्थानीय स्तर पर भी भूमि उपयोग पर महत्वपूर्ण कार्य हुए है। विभिन्न अध्ययनों के द्वारा शोधकर्ताओं ने खाद्य उत्पादन व पोषण स्तर में सहसंबंध स्थापित करने का प्रयास किया गया है हालांकि एक भूगोल देता खाद्य का रासायनिक विश्लेषण कर शरीर पर उसका क्या प्रभाव पड़ता जानने में पूर्णता सक्षम नहीं है। परंतु फिर भी वह वातावरण 'भौतिक एवं मानवीय कर प्रभाव पड़ता है।' जो कि पोषण स्तर को निर्धारित करता है। जानने में कुछ हद तक सक्षम है।

पोषण के संबंध में मोहम्मद शफी का किया गया कार्य सराहनीय है। इस अध्ययन में प्रो मोहम्मद शफी द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारह इन गावों का चयन किया गया जिनकी मिट्टी अलग-अलग प्रकार की थी एवं व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर उन्होंने 'भोजन संतुलन तालिका' का निर्माण किया जिसके द्वारा व्यक्ति प्रतिदिन कैलोरी का आकलन किया गया इन्हीं के समक्ष प्रो. साजिद व पोषण स्तर में रोचक एव संबंध स्थापित किया।

अन्य शोधकर्ताओं के द्वारा भी पोषण और उससे संबंधितम समस्याओं पर कार्य किये गये। इस संदर्भ में प्रो एन. पी अय्यर प्रो. जौहर अली खान है भाटिया (1976) तथा सिंह (1972) ने अपने अध्ययनों में साख्यिकीय विधियों का प्रचर उपयोग किया। प्रो. जसवीर सिंह का (1974) दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य है। प्रो. अली मोहम्मद ने अपनी पुस्तक (1977) में भूमि उपयोग शास्य संयोजन प्रदेश पोषण एवं अल्प पोषण जन्य रोगों का अध्ययन किया प्रो. माजिद हुसैन ने (1982) में फसलों की श्रेणी-शास्य संयोजन में परिवर्तन तथा प्रस्तावित शास्य संयोजन प्रस्तुत किया।

पटेल व्ही.के. (1886) अपर महानदी बेसिन में भूमि उपयोग का बदलता स्वरूप मानो ग्राम भूमि मानचित्र नेंटमो कलकत्ता । राजपूत बी. एस एवं सिंह ए. एन (1983) दक्षिण पूर्वी बुन्देलखण्ड में भूमि उपयोग क्षमता शान्द तीब्रता विविधता।

डॉ एस.के. गुप्ता ने अपने लेरत (1986) जोत के आकार को कृषि क्षमता निर्धारित करने वाला कारक माना तथा इसमें मध्यप्रदेश जोत आकार के वितरण एवं असमानता का अध्ययन किया। प्रो. वर्षा वैध एवं व्ही. एस. दाते के लेख (1989) में कुल निवेश एवं निर्गत अनुपात पर प्रकाश डाला है कृषि भूगोल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संदर्भ पुस्तक। जिसका संपादन प्रो. मूर मोहम्मद ने 1992 में किया है।

पाठक डॉ. गणेश कुमार यादव हरेंद्र नाथ (2002) निचले घाघरा दोबार में कृषि विकास प्रतिरूप एक भौगोलिक अध्ययन पेज नं. 151-155 सिंह अजीत कुमार (2009) मिनीपुर जनपद (उत्तरप्रदेश) का भूमिगत जल संसाधन एवं उसका कृषि गत उपयोग एक भौगोलिक अध्ययन बी.एच.यू. थीसिस।

भारत में कृषि क्षमता, शस्य स्वरूप एंव कृषि गहनता से संबंधित अनेक कार्य किये गये इनमें मो. शफी. भाटिया, बी.बी. सिंह , जसवीर सिंह, त्यागी बी.एन. सिंह, आर. सी. तिवारी माजिद हुसैन आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है। सामान्य भूमि उपयोग करूणेश प्रताप सिंह 2000, जिला दुर्ग (छ.ग.) का भूमि उपयोग एवं शस्य गहनता का कालिक एंव स्थानिक स्वरूप उमा गोले-2011।

शस्य गहनता एवं कृषि प्रतापगढ़ का एक प्रतीक अध्ययन-डॉ सरिता सिह एवं डॉ अनुप सिंह- 2016 दौसा जिले के कृषि भूमि उपयोग में परिवर्तन श्रवण कुमार मीना -2018

अध्ययन क्षेत्र - जशपुर जिला छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पूर्वी भाग से स्थित हैं जो सरगुजा संभाग के अन्तर्गत आता है। इसका विस्तार छत्तीसगढ़ का पूर्वी भाग से $22^0 17'$ से $23^0\ 15'$ उत्तरी अक्षांश $83^0\ 30'$ से $84^0\ 24'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य विस्तृत है। और यहॉ की औसत तापमान अधिकतम 38^0 और न्यूनतम 50 वर्षा 215 आसपास होता है।

जशपुर जिला का स्थापना 1 नवम्बर 1956 में हुआ जशपुर जिला का क्षेत्रफल 645741 वर्ग किलोमीटर 16वॉ है, 2011 की जनगणना के अनुसार जशपुर जिला की जनसंख्या 851669 लाख है जिसमें 192570 परिवारों की संख्या है। वनक्षेत्र 998 वर्ग किलोमीटर और यहॉ की जलवायु समान्यत: एक होता है।

Data presentation and analyses - The organization strictly use application form(s) for selection, 40 respondents representing 36% strongly agreed, 36 (32%) agreed, 2 (2%) undecided, 19 (19%) disagreed and 14 respondents (13%) strongly disagreed. On whether interview is used for their selection, 48 respondents (43%) strongly agreed, 30 (27%) agreed, 24 (22%) disagreed and 9 respondents (8%) strongly disagreed. On whether the organization's selection process is based on skills and abilities of the applicants, 29 respondents (26%) strongly agreed, 43 (39%) agreed, 8(7%) undecided, 4 (4%) disagreed and 27 respondents (24%) strongly agreed. On the issue of selection based on personality test, 13 respondents representing 12% strongly agreed, 51 (46%) agreed, 3(3%) undecided, 26 (23%) disagreed and 18 respondents (16%) strongly disagreed. On whether all the selection processes mentioned above are used for their selection, 22 respondents (20%) strongly agreed, 36 (32%) agreed, 29 (26%) disagreed and 24 respondents (22%) strongly disagreed. On whether the organization strictly uses application form(s) for their selection, 4 respondents representing 4% strongly agreed, 21(20%) agreed, 11 (10%) undecided, 44 (42%) disagreed and 25 respondents (24%) strongly disagreed. On whether interview is used for their selection, 15 respondents (14%) strongly agreed, 18 (17%) agreed, 1(1%) undecided, 50 (48%) disagreed and 21 respondents (20%) strongly disagreed. On whether the organization's selection process is based on skills and abilities of the applicants, 9 respondents (9%) strongly agreed, 19 (18%) agreed, 4(4%) undecided, 55 (52%) disagreed and 18 respondents (17%) strongly agreed. On the issue of selection based on personality test, 4 respondents representing 4% strongly agreed, 19 respondents (18%) agreed, 3 respondents (3%) undecided, 58 respondents (55%) disagreed and 21 respondents (20%) strongly disagreed. On whether all the selection processes mentioned above are used for their employee selection, 23 respondents (22%) strongly agreed, 22 (21%) agreed, 7 (6%) undecided, 29 (28%) disagreed and 24 respondents (23%) strongly disagreed. From the whether the output of selected employees equal input, 20 respondents representing 18% strongly agreed, 56(51%) agreed, 6 (5%) undecided, 16 (14%) disagreed and 13 respondents (12%) strongly disagreed. On whether the selected employees produce up to the minimum standard set by the organization, 12 respondents (11%) strongly agreed, 18 (16%) agreed, 59 (53%) disagreed and 22 respondents (20%) strongly disagreed. On whether the organization's sales volume increase after selecting new employees, 16 respondents (14%) strongly agreed, 67 (61%) agreed, 4(4%) undecided, 7 (6%) disagreed and 17 respondents (15%) strongly agreed. On whether the organizational sales exceed cost of sale after selecting employees, 22 respondents representing 20% strongly agreed, 54 (50%) agreed, 2(2%) undecided, 24 (22%) disagreed and 9 respondents (8%) strongly disagreed. On whether the organization's market share increased after selecting new employees, 10 respondents (10%) strongly agreed, 30 (27%) agreed, 34(30%) undecided, 23 (20%) disagreed and 14respondents (13%) strongly disagreed. On whether the output of selected employees equal input, 7 respondents representing 7% strongly agreed, 40 (38%) agreed, 15 (14%) undecided, 21 (20%) disagreed and 22 respondents (21%) strongly disagreed. On whether the selected employees produce up to the minimum standard set by the organization, 16 respondents (15%) strongly agreed, 21 (20%) agreed, 4 (4%) undecided, 41 (39%) disagreed and 23 respondents (22%) strongly disagreed. On whether the organization's sales volume increase after selecting new employees, 14 respondents (13%) strongly agreed, 39 (38%) agreed, 11 (10%) undecided, 26 (25%) disagreed and 15 respondents (14%) strongly agreed. On whether the organizational sales exceed cost of sale after selecting employees, 21 respondents representing 20% strongly agreed, 40 (38%) agreed, 5 (5%) undecided, 22 (21%) disagreed and 17 respondents (16%) strongly disagreed. On whether the organization's market share increased after selecting new employees, 15 respondents (14%) strongly agreed, 18(17%) agreed, 10 (10%) undecided, 35 (33%) disagreed and 27 respondents (26%) strongly disagreed (Table 5). From the whether educational achievement affects organization's selection process, 29 respondents representing 26% strongly agreed, 43 (39%) agreed, 2 (2%) undecided, 21 (19%) disagreed and 16 respondents (14%) strongly disagreed. On whether experience is also a criterion for their pre-employment process, 44 respondents (39%) strongly agreed, 35 (32%) agreed, 6 (5%) undecided, 14 (13%) disagreed and 12 respondents (11%) strongly disagreed. On whether location is considered in their selection process, 23 respondents (21%) strongly agreed, 52 (47%) agreed, 19 (17%) disagreed and 17 respondents (15%) strongly agreed. On whether the selection process in their organization is characterized with discrimination and favoritism, 34 respondents representing 31% strongly agreed, 42 (38%) agreed, 3(3%) undecided, 21 (18%) disagreed and 11 respondents (10%) strongly disagreed. On whether sex (gender) difference form part of their selection process, 32 respondents (29%) strongly agreed, 56 (27%) agreed, 14 (13%) disagreed and 9 respondents (8%) strongly disagreed. On whether educational achievement affects organization's selection process, 36 respondents representing 34% strongly agreed, 44 (42%) agreed, 6 (6%) undecided, 14 (13%) disagreed and 5respondents (5%) strongly disagreed. On whether experience is also a criterion for their pre-employment process, 11 respondents (10%) strongly agreed, 14 (13%) agreed, 15 (14%) undecided, 39(38%) disagreed and 26 respondents (25%) strongly disagreed. On whether location is considered in their

selection process, 22 respondents (21%) strongly agreed, 47(45%) agreed, 12 (11%) undecided, 17(16%) disagreed and 7 respondents (7%) strongly disagreed. On whether the selection process in their organization is not characterized with discrimination and favoritism, 5 respondents representing 5% strongly agreed, 14(13%) agreed, 1 (1%) undecided, 60 (57%) disagreed and 25 respondents (24%) strongly disagreed. On whether sex (gender) difference form part of their selection process, 7 respondents (7%) strongly agreed, 41(39%) agreed, 4 (4%) undecided, 36(34%) disagreed and 17 respondents (16%) strongly disagreed.

Test of hypothesis one

H0: There is no significant difference between the selection processes employed by the private and public sectors. Result showed that t (201.926)=-2.959, p=0.003. Since the p- value (0.003) is less than 0.05 (0.003 < 0.05), the null hypothesis is rejected and the alternative hypothesis accepted.

Testing hypothesis two

H0: The selection process employed by the private and public sectors do not help them to achieve productivity. Result showed that t (212.658)=6.129, p=0.001. The null hypothesis is rejected because the p-value (0.001) is less than 0.05 (0.001 < 0.05). This implies that the alternative hypothesis is accepted. Result showed that t (203.773)=0.308, p=0.758. The result for the above analysis fails to support the rejection of the null hypothesis because the p-value (0.758) is greater than 0.05 (0.758 > 0.05). Therefore, the null hypothesis is accepted and alternative hypothesis rejected.

Discussions of Findings - In the test of Hypothesis one, the SPSS analysis gave a p-value of 0.003 which is less than the minimum value of 0.05 null hypothesis acceptance levels. Therefore, the null hypothesis is rejected and the alternative hypothesis which states that there is a significant difference between the selection process employed by the private and public sectors is accepted. In the test of Hypothesis two, the SPSS analysis gave a p-value of 0.001 which is less than the minimum value of 0.05 null hypothesis acceptance levels. Therefore, the null hypothesis is rejected and the alternative hypothesis which states that the selection process employed by the private and public sectors helps them to achieve productivity is accepted. Hypothesis three was tested and the SPSS analysis gives a p-value of 0.758 which is greater than the minimum value of 0.05 null hypothesis acceptance levels. In this case, the null hypothesis is accepted and the alternative hypothesis is rejected. This implies that there is no variability or difference between the factors influencing selection process in both private and public sectors. This is in confirmation of the views of John et al. [15], who said that employee selection mechanisms such as academic qualifications, background checks, work experience and personal characteristics affects pre-employment process of organizations.

Conclusion :

1. There is a significant difference between the selection process employed by the private and public sectors.
2. The selection processes employed by both the private and public sectors do help them to achieve productivity but the extents to which they achieve productivity vary from each other.
3. There is no significant difference between the factors influencing selection process in both the private and public sectors.

Recommendations - Based on the findings, the following recommendations were made: For both the private and public sector organizations to have healthy and suitable employees capable of achieving high productivity, they should devise a formal and logical selection process and consistently adhere to it without deviations. Also, they should always consider factors such as experience, educational qualification, location, etc., with no iota of bias, discrimination or favoritism during their selection process.

References :-

1. Nankervis AR, Compton RL, McCarthy WJ (1999) Effective Recruitment and Selection Practices, (3rdedn) Australia; Pty Press Ltd.
2. Barrick M, Feild HS, Gatewood RD (2011) Selection in Human Resource Management. (7thedn) South-Western: Canada.
3. Mamah A, Ulo F (2009) Competitive Edge by Employee outsourcing. The Nigeria Journal of Management Research: University of Nigeria, Enugu Campus; Enugu State, Nigeria.
4. Grobler PA, Wamich S, Carrell MR, Elbert NF, Hatfield RD (2005) Human Resource Management in South Africa (3rdedn) London: Thomson Leaning.

Questionnaire (see in next page)

Questionnaire

Employee Selection Process in the Public and Private Sectors In MP

Name of the Research Scholar…………………………......

Public /Private Organization …………………………......

Date ……………..

Sr.	Statement	agree	some times	Undecided	Disagreed
1	Do you feel proud of your organization ?				
2	Do you feel enjoy in the work of yourorganization ?				
3	Are you satisfied with the generalworking condition of your organization ?				
4	Do you feel that your department iscompletely safe from your future ?				
5	Do you feel that the government organization is batter than working witha private organization ?				
6	Do you feel that the salary of government organization is batter thanthen private organization ?				
7	Do you feel that the government organization has batter facilities provided to employs than the privateorganization?				
8	Do you feel that the government organization's employs opportunities for promotions is batter than private organization's employs ?				
9	Do you feel that there is moreexploitation then private organization in government organization ?				
10	Do you feel that the governmentorganization's employs collaborate with each other?				
11	Do you feel that the privateorganization's employs collaborate with each other?				
12	Do you feel that the governmentorganization's employs are disciplined like the private organization's employs?				
13	Do you feel that the government organization's employs work on time totime like the organization's employs?				
14	DO you feel that there are more opportunities for transfer to the private organization's then the governmentorganization's?				
15	DO you feel that it is easy to work in agovernment organization's then a private organization's?				

****

लोक जीवन और लोक चेतना के वाहक भारत के लोकनाटक

अमित रंजन *

प्रस्तावना – लोकगीत, लोक कला, लोक नाट्य आदि लोक जीवन के वाहक होते हैं। अत: किसी भी भाषा के किसी भी कला रुप में उस भाषा– भाषी समाज अथवा जनसमुदाय की सभ्यता– संस्कृति को पहचाना और ढूँढ़ा जा सकता है।

शास्त्रीय नियमों से इतर जनसाधारण द्वारा जनसाधारण के रंजन के उद्देश्य से लोकनाटकों की सृजना होती है जो लोक जीवन के वाहक होते हैं। लोकनाटकों का लोकजीवन से अत्यंत घनिष्ठ संबंध है तभी तो लोक उत्सवों, अवसरों तथा मांगलिक कार्यों के समय इनका अभिनय किया जाता है। विवाह के अवसर पर अनेक जातियों की स्त्रियाँ बारात विदा हो जाने पर किसी 'स्वाँग' करती हैं जिसे 'भोजपुरी' प्रदेश में 'डोमकछ' कहते हैं। सीधी सादी सरल आसानी से बोधगम्य भाषा, अत्यंत संक्षिप्त और छोटे संवाद, लंबे कथोपकथन का अभाव, ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक या सामाजिक कथानक, प्राय: पुरुष पात्र, स्वाभाविक चरित्र– चित्रण, सहज रंग योजना, खुला रंगमंच आदि लोकनाटक को लोकजीवन से सीधा जोड़ते हैं।

लोक नाटक लोक और नाटक दो शब्दों से मिलकर बना है अत: लोकनाटक के विवेचन के पूर्व इन दोनों शब्दों की मूल अवधारणा को समझना आवश्यक है। हिन्दी का लोक और अँग्रेजी का फोक प्राचीन और विकासशील शब्द है जिसकी परंपरा आदि ग्रंथ ऋग्वेद से आरंभ होती है, हिन्दी के लोक और अंग्रेजी के फोक को भारतीय और पाश्चात्य विद्वानों ने अनेक ढंग से व्याख्यायित किया है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की परिभाषा सर्वसार है– लोक शब्द का अर्थ जनपद या ग्राम्य नहीं है बल्कि नगरों और ग्रामों में फैली हुई वह समूची जनता है जिनके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं है। ये लोग नगर में परिष्कृत, रुचि सम्पन्न तथा सुसंस्कृत समझे जाने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक सरल और अकृत्रिम जीवन के अभ्यस्त होते हैं और परिष्कृत रुचि वाले लोगों की समूचित विलासिता और सुकुमारता को जीवित रखने के लिए जितनी वस्तुओं की आवश्यकता होती है उन्हें उत्पन्न करतेहैं।[1] अत: स्पष्ट है कि अपने आप में पूर्णता का बोध लिये अभिजात्य शिक्षा एवं संस्कृति से विलग प्रकृतिक परिवेश में परंपरा प्रवाही जीवन व्यतीत करने वाले लोग ही लोक हैं जिनके ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं बल्कि अनुभव है जो ये व्यवहार से सीखते हैं।

नाटक दृश्य काव्य है, जिसमें रमणीयता और सम्प्रेषणीयता श्रव्य काव्य की अपेक्षा काफी अधिक होती है। फलत: यह लोक चेतना से अपेक्षाकृत अधिक घनिष्ठ रूप से संबद्ध है। भरतमुनि के नाट्य शास्त्र में लोक चेतना को नाटक के लेखन और मंचन की मूल प्रेरणा माना गया है। नाटक में अभिनय, रंगमंच, कथानक, पात्र, संवाद, वेश विन्यास द्वारा जन– मन– रंजन का कार्य संपादित होता है। [2]

नाटक की उत्पत्ति के संबंध में कहा जाता है कि इन्द्रादि देवताओं ने ब्रह्मा से एक ऐसे मनोविनोद का साधन उत्पन्न करने प्रार्थना की जो दृष्य और श्रव्य दोनों हो और जिसमें सभी वर्णों के लोग समान रूप से भाग ले सकें। [3] चूँकि वेदों का पठन– पाठन शुद्रों के लिए निषिद्ध था इसलिए सभी वर्गो के मनोरंजन के लिए पंचम वेद नाट्य शास्त्र की रचना ऋगवेद से पाठ, सामवेद से गान, यदुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस लेकर की गई।

जग्राह पाठ्यं ऋगवेदात्सामभ्योगीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसमाथर्वणादपि।।[4]

नाटक की अपील सार्वजनीन होती है और यह साधारण जनता के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन है। आदिकवि कालिदास कहते हैं– नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम् ।

भारत में नाटक का इतिहास काफी प्राचीन है, सिन्धुघाटी के ध्वंसावशेषों और ईसा पूर्व सरजुगा रियासत की पहाड़ी में सीताबैंगा और जोगीमारा की गुफाओं में पुराना प्रेक्षागृह मिलता है।[5]

संस्कृत नाटकों की सुदीर्घ परंपरा इस देश में रही है, भास, अश्वघोष और कालिदास के नाटकों के पश्चात तो संस्कत साहित्य में नाटकों की रचना अबाध गति से होने लगी जिसकी परंपरा बाद में हजारों वर्षो तक अक्षुण्ण रही।[6]

नाटक की व्यापकता और प्रभवोत्पादकता को ले कर भरतमुनि कहते हैं कि न कोई ऐसा वेद है, न शिल्प, न विद्या, न कला, न योग और न कर्म जो इस नाट्यवेद में नहीं दिखाया जा सकता।[7]

हिन्दी नाटकों का आरंभ भारतेन्दु हरिश्चंद्र करते हैं। भारतेन्दु से शुरु हुई हिन्दी नाटकों की यह यात्रा उनके युगीन नाटककारों, जयशंकर प्रसाद, मोहन राकेश, भीष्म साहनी आदि सैकड़ों नाट्य लेखकों के साथ चलती रही और आज तक जारी है।

लोक के लिए लिखे और मंचित किए जाने वाले नाटक लोकनाटक हैं पाश्चात्य साहित्य में इन्हें आदिमनाटक भी कहा जाता है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ग्रीक, चीन, जापान में आदिम नाटकों की बड़ी सुदीर्घ परंपरा है। शास्त्रीय नाटकों से भिन्न वे नाटक जिन्हें जनसाधारण बिना नाट्यकला सीखे रच कर प्रस्तुत करते हैं, लोकनाटक हैं। मौखिक परंपरा, रचनाकार के व्यक्तित्व का अभाव आदि लोक साहित्य की सर्वमान्य विशेषताएं लोक नाटकों में भी मौजूद हैं।

देश में मुगल शासन की प्रतिष्ठा के पश्चात्य राजनीतिक एकसूत्रता के समापन, शासकों की नाट्यकला के प्रति उदासीनता, राजाश्रय के अभाव में संस्कृत साहित्य में हजारों वर्षो से अबाध गति से चली आ रही नाट्यपरंपरा सदा के लिए नष्ट हो गई। तो वहीं भक्ति आंदोलनों ने लोकनाटकों के विविध रूपों को जन्म दिया।

* शोधार्थी (हिन्दी) जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

गोस्वामी वल्लभाचार्य के अनुयायियों ने भागवत के दशम स्कंध की कथा को अभिनय के माध्यम से प्रचारित किया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अभिनय मंदिरों, मठों तथा अन्य स्थानों में होने लगा, इसी लीला मंचनों ने 'रासलीला' का रूप धारण किया जो आज भी मथुरा तथा वृंदावन में जीवंत परंपरा है। गोस्वामी तुलसीदास ने सर्वप्रथम काशी में रामलीला करानी प्रांरभ की। इस प्रकार भक्ति आंदोलन के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में दो लोकधर्मी नाट्य परंपराओं रासलीला और रामलीला का जन्म हुआ, आज भी जगह पर नाट्य मंडलियाँ इनकी प्रस्तुतियाँ करती हैं।

इसी समय बंगाल में चैतन्य महाप्रभु ने कृष्णभक्ति का प्रचुर प्रचार किया। ये श्रीकृष्ण की स्तुति का गान करते समय आत्मविभोर हो कीर्तन भी किया करते थे। उन्होंने अनुयायियों समेत अनेक तीर्थों की यात्रा की। इन यात्राओं तथा कीर्तनों ने लोकनाट्य का रूप धारण कर लिया, जिसमें श्रीकृष्ण की लीलाएँ अभिनय के माध्यम से दिखलाई जाने लगीं। आज बंगाल में यात्रा या जात्रा तथा कीर्तन का प्रचुर प्रचार है। इसी प्रकार उत्तरी भारत में अनेक लोकनाट्यों का विकास हुआ जिनकी पृष्ठभूमि धार्मिक है।

लोकनाटकों की भाषा बड़ी सरल तथा सीधी सादी होती है जिसे कोई अनपढ़ व्यक्ति भी बड़ी आसानी से समझ सकता है। लोकनाटक का अभिनय जहाँ किया जाता है, कलाकार वहाँ की स्थानीय बोली का ही प्रयोग करते हैं। लोकनाटकों में प्राय: गद्य का ही प्रयोग होता है परंतु बीच-बीच में गीत भी आ जाते हैं।

लोक नाटकों के संवाद बहुत छोटे तथा सरस होते हैं। लंबे कथोपकथनों का इनमें नितांत अभाव होता है। लंबे संवादों को सुनने के लिए ग्रामीण दर्शकों में धैर्य नहीं होता। लोक नाटकों के पात्र संक्षिप्त संवादों का ही प्रयोग करते हैं।

लोकनाटक का कथानक प्राय: ऐतिहासिक, पौराणिक, या सामाजिक होता है। धार्मिक कथावस्तु को लेकर भी अनेक नाटक खेले जाते हैं। लोकनाटक में प्राय: पुरुष ही स्त्री पात्रों का कार्य किया करते हैं।

लोकनाटक के अभिनेता वेशभूषा, किसी विशेष प्रकार के प्रसाधन, अलंकार या बहुमूल्य वस्त्र आदि की अपेक्षा अभिनय द्वारा ही लोगों को आकृष्ट करते हैं। कोयला, काजल, खड़िया आदि देशी प्रसाधनों से मुख को प्रसाधित कर तथा उपयुक्त वेशभूषा धारण कर पात्र रंगमंच पर आते हैं।

लोकनाटक खुले हुए रंगमंच पर खेले जाते हैं। दर्शकगण मैदान में आकाश के नीचे बैठकर अभिनय देखते हैं। किसी मंदिर के सामने का ऊँचा चबूतरा या ऊँचा टीला ही रंगमंच के लिए प्रयुक्त किया जाता है। कहीं काठ के ऊँचे तख्तों का बिछाकर मंच तैयार किया जाता है। इन रंगमंचों पर परदे-नेपथ्य नहीं होते। अभिनेता किसी पेड़ या दीवाल की आड़ में बैठकर प्रसाधन करते हैं।

लोकनाटकों के लिए पर्दे या नेपथ्य की आवश्यकता नहीं होती। संस्कृत नाटकों की भांति यहाँ अंक और दृश्य नहीं होते अभिनेता एक साथ मंच पर आते हैं और मंगलाचरण कर पूरा नाटक प्रस्तुत कर ही मंच से उतरते हैं। लोक नर्तक - नाटकों में सामगान और नर्त्तक के नृत्य से ही दृश्य बदल जाते हैं, कथानक आगे बढ़ता है। अभिनेता मंच का एक गोल घेरा लगा कर धरती से चाँद की यात्रा कर लेता है।

संस्कृत नाटकों की तरह मंच पर उपकरणों (प्रोपर्टीज) की जरुरत लोकनाटकों में नहीं होती। अभिनेता एक लाठी का ही उपयोग कभी बंदूक तो कभी हल तो कभी लाठी तो कभी डोली के रुप में कर लेता है।

उत्तर प्रदेश का ही लोकप्रिय लोक नाटक नौटंकी है, हाथरस की नौटंकी काफी प्रसिद्ध है। इसका विषय सामाजिक होता है, नगाड़े की थाप पर अभिनेता गीतों और गेय संवादों का ज्यादा उपयोग करते हैं। इसे भगत या स्वाँग भी कहते हैं।

मध्य भारत मालवा में माच संगीत प्रधान प्रसिद्ध लोकनाट्य है, मंच चारो ओर से खुला रहने से दर्शक कहीं से भी नाटक देख सकते हैं। राजस्थान में माच ख्याल के रुप में प्रचलित है।

गुजरात में प्रसिद्ध भवाई में अभिनय करने के लिए किसी भी ऊंची भूमि, मंदिर अथवा छत के चबूतरे पर रंगमंच अस्थायी रुप से तैयार किया जाता है। संस्कृत नाटकों की भांति न तो ये अंकबद्ध होता है और न ही इसमें कथावस्तु का व्यवस्थित रुप से तारतम्य ही पाया जाता है। भवाई की प्रसिद्धि इसकी वेशभूषा, दैनिक जीवन से संबंधिक घटनाओं के अभिनय और धार्मिक कथाओं के विश्वास पर आश्रित है। दो तीन व्यक्ति कपड़ा फैला (तानकर खड़े) हो जाते हैं तथा तबले, नगाड़े एवं अन्य तेज आवाज लाले वाद्यों के साथ कभी सम्मिलित रूप में, कभी स्वतंतत्र रुप से अभिनेता गा कर अभिनय करते हैं। इसमें स्त्रियों का अभिनय पुरुष ही करते हैं।[8]

बंगाल की जात्रा के साथ ही गभीरा खासा प्रसिद्ध है जिसमें शिव की लीलाओं की प्रस्तुति की जाती है। इसमें अभिनेता विभिन्न प्रकार के मुखौटे लगा कर मंच पर आते हैं और शिव की वेश भूषा में अभिनेता जनता को प्रणाम कर ढाक (एक तरह का वाद्ययंत्र) के थाप पर नृत्य करता है, गायक मंडली उसके पीछे गाती है। नृत्य का लय क्रमश: ठाह से आरंभ हो कर अंत में अति द्रूत हो जाता है।

महाराष्ट्र में तमाशा, ललित, गोंधल, बहुरुपिया और दशावतार मराठी लोक रंगमंच के आधार हैं। तमाशा महाराष्ट्र का प्राचीन नाट्य है। तमाशा करने वाली मंडली फड़ का मुखिया सरदार कहलाता है। इस फड़ में ढ़ोलकिया, सोंगरड़िया (विदूषक), नचिया, नर्तकी और सुरतिया (स्वर भरने वाला) आदि होते हैं। नर्तकी तमाशा का प्राण होती है जो अपनी भावभंगिमों और मधुर गीत से ग्रामीण जनता के हृदय को आकृष्ट कर लेती है।[9]

ललित मध्युगीन धार्मिक नाटक है वस्तुत: यह नवरात्र संबंधी विशिष्ट कीर्तन है जिसें भक्तों के स्वाँग दिखलाये जाते हैं। आनुष्ठानिक महत्त्व का गोंधल धर्ममूलक लोकनाट्य है। विवाहादि अवसरों पर प्रस्तुत गोंधल में मंडप के नीचे वस्त्र बिछाकर आम के पत्तों तथा कलश सहित अम्बा की प्रतिष्ठा कर गोंधल का आरंभ किया जाता है। इसमें ग्रामीण वाद्यों के साथ पवाड़े गाए जाते हैं।[10]

दक्षिण भारत के तमिल, तेलुगु, कन्नड भाषायी क्षेत्र में यक्षगान प्रसिद्ध लोकनाटक है। इसे विथि या विथिभागवतम भी कहते हैं इस नृत्य नाट्य में गीतिबद्ध संवादों का प्रयोग होता है। इसकी कथावस्तु प्राय: रामायण, महाभारत और भागवत से ली जाती है, यह वर्णन प्रधान होता है तथा लंबे बोल अभिनेताओं को कंठस्थ होते हैं।[11]

बिहार में जट जटिन, सामा चकेवा, बिहुला विषहरी, विदेशिया लोकनाटक प्रचलित हैं। विदेशिया का कथानक सामाजिक होता है तथा संगीत इसका प्राणतत्व है। विदेशिया करने वाली मंडली को समाजी कहते हैं जिसमें मुख्य गायक और गायकों के दल के अलावा ढ़ोलकिया, क्लारनेट, बैंजो वादक, नर्तकी, लबार मुख्य होते हैं। देश के तमाम प्रख्यात निर्देशकों की लोकनाटक के रुप में पहली पसंद भिखारी ठाकुर की विदेशिया, गबरघिचोर और बेटी वियोग हैं जिनकी प्रस्तुति देश विदेश में की जा रही है। अत: स्पष्ट है कि लोक नाटक लोक के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक जीवन के सच्चे वाहक हैं। बिडम्बना है कि आज रंगकर्मियों की सभ्रांतता

जनित उपेक्षा, सरकारी सहयोग के अभाव जनित आर्थिक विपन्नता, मनोरंजन के डिजिटल साधनों की प्रचूरता के कारण लोकनाटकों के अस्तित्व पर खतरे मंडरा रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, जनपद वर्ष 1 अंक 1
2. भरत मुनि, नाट्यशास्त्र
3. भरत मुनि, नाट्यशास्त्र, 1/17
4. भरत मुनि, नाट्यशास्त्र 1/17/18
5. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 144
6. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 144
7. भरत मुनि, नाट्यशास्त्र 1/ 82
8. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 148
9. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 148
10. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 149
11. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय, लोकसाहित्य की भूमिका, पृष्ठ 149

****

समावेशी शिक्षा के संदर्भ में प्रयुक्त शिक्षण रणनीतियों का अध्ययन : दिव्यांग विद्यार्थियो के उच्चतर शिक्षा के संदर्भ में

सरिता बाजपेई * डॉ. मृत्युन्जय मिश्रा **

प्रस्तावना – शिक्षण रणनीतियों से तात्पर्य शिक्षण विधियों, शिक्षण परिस्थितियों, शिक्षण उपकरणों आदि के कक्षा में उचित प्रयोग से है। इसको इस प्रकार समझा जा सकता है, जैसे श्रीमान भट्टाचार्य जी समावेशी कक्षा में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को पढ़ाने में सक्षम हैं, किन्तु उन्हें श्रवण बधिर विद्यार्थियों को पढ़ाने में कठिनाई आती है। कुछ समय के पश्चात वह श्रवण बधिरों को पढ़ानें का प्रशिक्षण लेते हैं और कक्षा में पुन: श्रवण बधिरों को पढ़ाने का प्रयास करते हैं। इस बार वह सफल होते है क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण द्वारा यह ज्ञात हो चुका है कि श्रवण बधिरों को मौखिक विधि से नहीं बल्कि अन्य शिक्षण रणनीतियों जैसे– समस्या समाधान, योजना विधि, कोलाबोरेटिव आदि रणनीतियों का प्रयोग करके आसानी से पढ़ाया जा सकता है।

वर्तमान समय में यह सिद्ध हो चुका है कि सभी विद्यार्थियों को अधिगम का तरीका भिन्न–भिन्न होता है केवल एक ही प्रकार की शिक्षण रणनीति का कक्षा में प्रयोग करके शिक्षण को गुणात्मक नही बनाया जा सकता है।

पारम्परिक तथा आधुनिक शिक्षण रणनीतियाँ – भारत में शिक्षा का प्रारम्भ वैदिक काल से माना जाता है। वैदिक काल में ज्ञान का आधार वेदों को ही माना जाता था। भारत की उच्च शिक्षा का प्रारम्भ भी इसी शताब्दी से माना जाता है।मौखिक विधि में छात्र उच्चारण अनुकरण करके कंठस्थ करते थे। तत्पश्चात् उसका चिंतन मनन करते थे। इनके अलावा व्याकरण, प्रश्नोत्तर विधि, वाद विवाद आदि शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग किया जाता था। प्राचीन समय में उच्च शिक्षा के मुख्य केन्द्र के रूप में तक्षशिला, पाटलीपुत्र, मिथिला, कन्नौज को जाना जाता था।

बौद्ध काल में उच्च शिक्षा विहारों तथा मठों में दी जाती थी। बौद्ध काल में लौकिक तथा धार्मिक दोनों प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाती थी। शिक्षक सर्वप्रथम विषय वस्तु को सामान्य अर्थ में स्पष्ट करते थे। तत्पश्चात् सूक्ष्म विवेचन करके पढ़ाते थे अर्थात आगमन तथा निगमन शिक्षण रणनीति का प्रयोग करते थे। बौद्ध काल में भी शैक्षिक रणनीतियों की सफलता के लिए पाठ्यक्रम को विभिन्न समयान्तराल में बांट दिया जाता था। बौद्धकाल के मुख्य शिक्षा के स्थान बौद्धमठ, वल्लभी, विक्रमशिला आदि थे।

मध्यकालीन समय में उच्च शिक्षा का सम्बन्ध मदरसों से होता था जो प्राय: किसी मस्जिद से जुड़े होते थे। मदरसों में भाषण विधि से शिक्षा प्रदान की जाती थी। मध्यकालीन शिक्षण रणनीतियों में मौखिक विधि तथा रटने पर विशेष जोर दिया जाता था।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से वैदिक कालीन शैक्षिक रणनीतियों से लेकर मध्यकालीन शैक्षिक रणनीतियों की जानकारी प्राप्त की, जिससे यह ज्ञात हुआ कि पारम्परिक शिक्षण विधियों के रूप में भाषण विधि, व्याख्यान विधि, आगमन तथा निगमन विधियों का ही मुख्य रूप से प्रयोग किया जाता था।

समय के साथ जैसे–जैसे मनुष्य के जीवन में बदलाव आया वैसे–वैसे ही शिक्षा के उद्देश्यों में भी परिवर्तन होता गया। प्राचीन समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल मोक्ष प्राप्ति या ज्ञान प्राप्ति था किन्तु वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति कर धन कमाने से तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि से है उच्च शिक्षण में शैक्षिक रणनीतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षण रणनीतियाँ शिक्षक की सबसे अधिक सहायक होती हैं। वर्तमान समय में पढ़ने की अपेक्षा सीखने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। समय के साथ जिस प्रकार विज्ञान एवं तकनीकी का विकास हुआ है उसी के फलस्वरूप आज शिक्षण को उच्चतम व्यवसायिक क्रिया समझा जाने लगा है।

उच्च शिक्षा में समावेशी शिक्षा – उच्च शिक्षा में समावेशन से तात्पर्य है कि महाविद्यालय या विश्वविद्यालयों की कक्षाओं में सभी विद्यार्थियों की शिक्षा एक ही साथ, एक ही कक्षा में हो। मानव विकास संसाधन मंत्रालय के समावेशित शिक्षा स्कीम 2003 के अनुसार – 'समावेशी शिक्षा से तात्पर्य सभी सीखने वाले दिव्यांग तथा गैर दिव्यांग नवयुवक/नवयुवतियों पूर्व विद्यालय प्रावधानों, विद्यालय और सामुदायिक शैक्षिक स्थानों पर उपयुक्त तंत्र एवं सहायक सुविधाओं के साथ एक साथ सीख (पढ़) सकें।'

कक्षा में सभी विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता भिन्न–भिन्न होती है। शिक्षण का मुख्य उद्देश्य एक ही प्रकार के पाठ्यक्रम को कक्षा के सभी विद्यार्थियों को समान रूप से समझाना है और इस कार्य को सम्पूर्ण करने में शिक्षण रणनीतियाँ सबसे बड़ी सहायक सिद्ध होती हैं। शिक्षण रणनीतियों का उद्देश्य शिक्षण को प्रभावशाली तथा विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को लाभकारी बनाना होता है। विद्यार्थी किसी भी पाठ्य वस्तु को तभी प्रभावशाली ढंग से सीख सकते हैं, जब विद्यार्थियों को सीखने के उद्देश्य भली भांति ज्ञात हों। विद्यार्थियों को यह ज्ञात हो कि क्या और कैसे सीखना है। शिक्षक स्वयं द्वारा निर्धारित किये गये उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षण रणनीतियों का कक्षा में प्रयोग करता है।

बी. ओ. स्मिथ के अनुसार 'शिक्षण रणनीतियों का अर्थ कार्य के उन रूपों से है जो कुछ उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए किये जाते हैं तथा कुछ अन्य कार्यों से रक्षा करते हैं।'

वैश्विक परिदर्श्य में दिव्यांगो की शिक्षा – जनगणना 2011 के अनुसार भारत में लगभग 26 मिलियन दिव्यां्ग हैं जोकि कुल जनसंख्या का 2–3 भाग हैं। समय–समय पर दिव्यांग शिक्षा सशक्तिकरण के लिए कई नीतिया

* शोधार्थी (विशेष शिक्षाशास्त्र विभाग) डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफेसर (श्रवण बाधितार्थ) डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

तथा कानून लागू किए गए हैं जिससे दिव्यांगो के शिक्षण कार्य को सही से चलाया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बताया गया कि दिव्यांग विद्यार्थी सभी स्तर की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

पी. डबल्यू. डी एक्ट भारतीय संसद द्वारा 2005 में पारित किया गया। इस अधिनियम से भारत में दिव्यांगो की शिक्षा के लिए नए युग का आरंभ हुआ।

सलामांका स्टेटमेंट और फ्रेमवर्क फॉर एक्शन ऑन स्पेशल नीड्स फॉर एडुकेशन 1994 मे भारत द्वारा अंगीकार किया गया। इस सम्मेलन में समेकित शिक्षा पर सर्वाधिक जोर दिया गया। विद्यालय मे बिना भेद-भाव के शिक्षा को सभी प्रकार के विद्यार्थियो के लिए आवश्यक बनाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते भारत मे समवेशी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए इसके लिए कई नीतिया तथा कानून बनाए गये। दिव्यांग विद्यार्थियों के अधिकारों की बात यू.एन. सी. आर. पी. डी. 2008 में की गयी। इस अधिवेशन मे दिव्यांगो की पूर्ण सहभागिता तथा उनकी शिक्षा मे पहुच पर अधिक ध्यान दिया गया। सभी के लिए अवसरों की समानता पर बात की गयी।

समवेशी शिक्षा के बाद शिक्षण रणनीतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की गयी। इसके लिए 'इंचेओन रणनीति' बनाई। इस रणनीति के अंतर्गत 10 लक्ष्य तथा 10 उद्देश्य बनाए गये और समवेशी कक्षा में शिक्षको द्वारा सभी विद्यार्थियो के अधिगम के आवशयकतानुसार शिक्षण रणनीतिया प्रयोग करने की सलाह दी गयी।

नागार्जुन 2010 कि रिपोर्ट मे दिखाया गया कि जहा चाइना के 22% दिव्यांग विद्यार्थी तथा यू. एस. के 28% विद्यार्थी उच्च शिक्षा मे भागीदारी लेते है, वहा भारत के केवल10% दिव्यांग विद्यार्थी ही उच्च शिक्षा मे भाग ले पाते हैं । जिसमे 22 से 35 वर्ष के विद्यार्थी में 15% उत्तार भारत के तथा 13% दक्षिण भारत के विद्यार्थी होते हैं।

पीडबल्यूडी 1995 मे कहा गया है कि दिव्यांग विद्यार्थी सभी स्तर की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालय को दिव्यांग विद्यार्थियो की शिक्षा में सशक्तिकरण के लिए स्कीम टीईपीएसई तथा एचईपीएसएन की शुरुवात की । एमएचआरडी की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि उच्च शिक्षा में दिव्यांग विद्यार्थियों का नामांकन औसत से कम है । लारेन सेवेज के द्वारा 2017 को प्रकाशित एक आर्टिकल मे विभिन्न प्रकार की दिवयांगताओ वाले जैसे -अधिगम अक्षमता, स्वलीन, वाणी और भाषा बाधित, शारीरिक दिव्यांग विद्यार्थियो के लिए प्रोवेन शिक्षा रणनीति की बात की। सेवेज ने कहा कि शिक्षण रणनीति ऐसी होनी चाहिए जो समावेशी वातावरण मे अधिगम को दिव्यांग विद्यार्थियो के लिए आरामदायक बनाये।

उच्च शिक्षा में समावेशी शिक्षण रणनीतियों के उद्देश्य – उच्च शिक्षा में समावेशी शिक्षण रणनीतियों का मुख्य उद्देश्य समावेशी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को आसान बनाना तथा उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुगम्यता को बढ़ावा देना है। इसके कुछ उद्देश्य निम्न प्रकार हैं

1. उच्च शिक्षा में भिन्न भिन्न प्रकार के विद्यार्थियों की पहुंच को बढ़ाना।
2. अच्छी तथा लाभकारी शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग करके विद्यार्थियों की रूचि कक्षा में बनाये रखना।
3. समावेशी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए समावेशन में नई नई तकनीकियों का प्रयोग।
4. समावेशी कक्षा के सभी प्रकार के विद्यार्थियों को सभी प्रकार की तकनीकियों से अवगत कराना तथा उनका प्रयोग करना सिखाना।
5. कक्षा में विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता के अनुसार शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग करना।
6. शिक्षकों को शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग करना बेहतर ढंग से सिखाना ताकि वह सभी प्रकार के विद्यार्थियों की आवश्यकता को समझकर उचित शिक्षण विधि का प्रयोग कर सकें।

उच्च शिक्षा में शिक्षण रणनीतियां – प्राचीन समय में केवल मौखिक रूप से शिक्षा प्रदान की जाती थी किन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थियों के अधिगम के तरीकों को ध्यान में रखकर कक्षा में शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग किया जाने लगा है। इस आधार पर शिक्षण रणनीतियों को तीन भागों में बांटा गया है :

(अ) परम्परागत शिक्षण रणनीतियाँ – परम्परागत शिक्षण रणनीतियों में प्राचीन समय में प्रयोग की जाने वाली शिक्षण रणनीतियों को स्थान दिया गया है। इसमें प्राय: अरस्तू की आगमन निगमन विधि तथा सुकरात की प्रश्नोत्तर विधि को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पाठ्यपुस्तक विधि भी परम्परागत शिक्षण रणनीति का एक महत्वपूर्ण भाग है।

(ब) शिक्षक प्रधान रणनीतियाँ – शिक्षक प्रधान रणनीतियों में शिक्षक केन्द्र बिन्दु होता है। कक्षा में शिक्षक सक्रिय भूमिका अदा करता है जैसे - व्याख्यान शिक्षण रणनीति, कहानी शिक्षण रणनीति आदि। व्याख्यान शिक्षण रणनीति को प्रभुत्ववादी शिक्षण रणनीति के नाम से भी जाना जाता है इसका प्रयोग अधिकतर सामाजिक विषयों को पढ़ाने में किया जाता है।

(स) विद्यार्थी प्रधान शिक्षण रणनीतियाँ – इस प्रकार की शिक्षण रणनीतियों में शिक्षा का केन्द्र विद्यार्थी होते हैं। विद्यार्थी प्रधान रणनीतियों में शिक्षक केवल मार्गदर्शक एवं वातावरण के निर्माता के रूप में कार्य करते हैं जैसे योजना शिक्षण रणनीति, समस्या समाधान शिक्षण रणनीति, प्रयोगशाला शिक्षण रणनीति, विचार-विमर्श शिक्षण रणनीति, निरीक्षण-शिक्षण रणनीति आदि।

शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षण रणनीतियाँ एक नजर में –

योजना शिक्षण रणनीति – योजना शिक्षण रणनीति का प्रयोग प्राय: व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिए अधिक किया जाता है। यह सामाजिक वातावरण में किया जाता योजना शिक्षण रणनीति एक ऐसी शिक्षण रणनीति है जिसमें छात्रों को कार्य की योजना और सम्पन्नता के लिए उत्तरदायी बनाया जाता है।

समस्या-समाधान शिक्षण रणनीति – यह एक नवीन शिक्षण रणनीति है। इसमें शिक्षार्थियों को यह सिखाने का प्रयास किया जाता है कि किसी समस्या का वैज्ञानिक ढंग से हल किस प्रकार खोजते हैं।

प्रयोगशाला शिक्षण रणनीति – इस विधि में समस्त शिक्षण रणनीतियों के सर्वोत्तम लक्षण निहित होते हैं। यह रणनीति थार्नडाइक के यकरके सीखना पर आधारित है। इस विधि की सहायता से श्रवण बधिर विद्यार्थियों तथा सामान्य विद्यार्थियों का प्रभावशाली अधिगम किया जाता है।

वाद-विवाद शिक्षण रणनीति – इस विधि की सहायता से उच्च समावेशी कक्षा में किसी भी प्रकरण पर चर्चा की जा सकती है। यह विधि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अधिक लाभकारी है।

शिक्षार्थी केन्द्रित तकनीकियों की आवश्यकता – वर्तमान समय में समवेशी शिक्षा का प्रचलन है। इसके अंतर्गत एक ही कक्षा मे सामान्य तथा कई प्रकार की अक्षमता वाले विद्यार्थी एक साथ एक ही शिक्षक से शिक्षा प्राप्त करते हैं किन्तु सभी विद्यार्थियो की अधिगम आवश्यकता भिन्न-भिन्न

होती है इसके लिए आवश्यक है अधिगम को सभी विद्यार्थियो की आवश्यकता अनुसार गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए शिक्षक को एक से अधिक अधिक शिक्षण तकनिकियों का प्रयोग करने की आवशयकता है। जैसे- यदि शिक्षक कोई प्रकरण पढ़ा रहा है तो वह उसकी पी पी टी भी बना सकता है। कक्षा में जहा तक सम्भव हो समूह गतिविधियों पर अधिक जोर देना चाहिए।

उच्च समावेशी कक्षा में श्रवण बाधितों के लिए शिक्षण रणनीतियों में सुधार – श्रवण बधिरता एक अदृश्य दिव्यांगता है। श्रवण बधिरों को उच्च शिक्षा में शिक्षक द्वारा कक्षा में पढ़ाई गई विषय वस्तु को समझने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षक अपनी शिक्षण रणनीतियों में सुधार करें। जैसे :

1. शिक्षकों द्वारा दिए गए व्याख्यान को सांकेतिक भाषा में रिकार्ड करके सभी छात्रों को उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
2. कक्षा शिक्षण के समय कक्षा में शिक्षकों को व्याख्यान देते समय बहुत शीघ्रता से नहीं अपितु धीमी गति के साथ उचित हाव-भाव का प्रयोग करके श्रवण दिव्यांग के लिए कक्षा व्याख्यान लाभकारी बनाया जा सकता है।
3. कक्षा में शिक्षक को एक ही प्रकार की शिक्षण रणनीति न अपनाकर मिश्रित रणनीतियों का प्रयोग करना चाहिए जैसे – व्याख्यान विधि के साथ प्रश्नोत्तर विधि का प्रयोग किया जा सकता है।
4. कक्षा में जाने से पूर्व शिक्षक द्वारा पढ़ाई जाने वाली विषय वस्तु का पी.पी.टी. या माडल बनाया जा सकता है। कक्षा में प्रोजेक्टर का प्रयोग करके विषय वस्तु को चित्रों के रूप में भी दिखा सकते हैं। जैसे- यदि शिक्षक कक्षा में भूगोल का कोई प्रकरण पढ़ा रहा है तो वह उसे प्रोजेक्टर की सहायता से विद्यार्थियों के सामने वीडियो तथा चित्रों के रूप में पेश कर सकता है।
5. शिक्षक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समस्या समाधान शिक्षण रणनीति का प्रयोग सफलतापूर्वक कर सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों को छोटी-छोटी समस्याए देकर उनका हल ढूढ़कर लाने के लिए कह सकता है।
6. श्रवण बधिर छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में विषय वस्तु को चुनने में छूट की व्यवस्था भी हो सकती है। उनके पाठ्यक्रम में थ्योरी पेपर कम और प्रैक्टिकल पेपर अधिक दिये जा सकते हैं।
7. श्रवण दिव्यांगों से प्रोजेक्ट के रूप में भी कार्य कराया जा सकता है।
8. शिक्षक को श्रवण बधिर छात्रों से कक्षा में सम्प्रेषण अवश्य करना चाहिए ताकि शिक्षक समस्या का पता लगाकर शिक्षण रणनीति में सुधार कर सकें।
9. शिक्षक राइट वन्स रीड मैनी तकनीकी का प्रयोग करना श्रवण दिव्यांग विद्यार्थियों को सिखा सकते हैं इसमें विद्यार्थी स्वयं फाइल निर्मित कर ग्राफिक बिम्बों को संग्रहण कर सकते हैं।

उच्च समावेशी कक्षा में दृष्टि बाधितों के लिए शिक्षण रणनीतियों में सुधार :

1. दृष्टि बाधितों को पढ़ाये गये सभी व्याख्यानों को आडियो फार्म में रिकार्ड करके दिया जा सकता है ताकि वह विषय वस्तु को शिक्षण उपरान्त दोहरा सकें।
2. दृष्टि बाधितों के लिए अधिक से अधिक श्रव्य सामग्रियों को उपलब्ध कराया जा सकता है।
3. शिक्षक कक्षा में छोटी-छोटी सामूहिक गतिविधियाँ करवा सकता है जैसे पाठ्यक्रम में किसी विषय वस्तु का चुनाव कर उस पर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करवाना।
4. दृष्टि बाधित छात्रों को ब्रेल में लिखने के लिए व्याख्यान को धीमी गति से बोला जा सकता है।
5. शिक्षक को कक्षा में पढ़ाते समय कक्षा में बीच-बीच में प्रश्नोत्तर विधि का प्रयोग भी करना चाहिए ताकि विद्यार्थियों का ध्यान शिक्षक की ओर केन्द्रित रहे।
6. दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद शिक्षण रणनीति का प्रयोग किया जा सकता है।
7. कक्षा में दृष्टिबाधितों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर भी दिया जाना चाहिए।
8. शिक्षक कक्षा में छोटे-छोटे विद्यार्थियों के समूहों का निर्माण कर सकता है। प्रत्येक समूह में कुछ दिव्यांग विद्यार्थी तथा कुछ गैर दिव्यांग विद्यार्थियों को सम्मिलित कर शिक्षा से सम्बन्धित कार्य सफलतापूर्वक कराये जा सकते हैं।
9. शिक्षक दृष्टि बाधित छात्रों को अधिक से अधिक तकनीकियों का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर शिक्षण को उनके लिए आसान बना सकता है।
10. शिक्षक दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को नवीन एप्स की जानकारी दे सकता हैं।

उच्च समावेशी कक्षा में अस्थि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षण रणनीतियों में सुधार :

1. अस्थि दिव्यांगता में से तात्पर्य उन सभी दिव्यांगों से होता है जो हड्डियों से सम्बन्धित होती हैं जैसे -चलन क्रिया सम्बन्धी, हस्त सम्बन्धी। अस्थि दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षण रणनीतियों में बहुत अधिक सुधार की आवश्यकता नहीं होती है। यह देखकर तथा सुनकर विषय-वस्तु को समझ सकते हैं।
2. कक्षा शिक्षण के समय शिक्षक उनके बैठने की व्यवस्था का सही चुनाव करवा सकता है ताकि जो चीजें श्यामपट्ट या प्रोजेक्टर पर दिखाई जा रही है वह अस्थि दिव्यांग विद्यार्थी आसानी से देख पाये।
3. अस्थि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट शिक्षण रणनीति या वाद-विवाद शिक्षण रणनीति भी अपनायी जा सकती है।
4. शिक्षक अस्थि दिव्यांगों को जिम्मेदारी वाले कार्य देखकर उन्हें सामाजिकता की ओर अग्रसर कर सकते हैं। कार्य में सहायता के लिए अन्य विद्यार्थियों को भी जोड़ा जा सकता है।
5. सहकर्मी समूह गतिविधि में अस्थि विकलांगों के साथ सामान्य छात्रों को सम्मिलित कर सकते हैं ताकि ये अपने कार्य आसानी से कर पाये। जैसे -शिक्षक कई छोटे-छोटे समुदाय बनाकर पाठ्यचर्या की समस्याओं को समूहों में बाट सकते है और अधिन्याश के रूप में विद्यार्थियों से हल करवा सकते है।
6. अस्थि विकलांगों के लिए सभी सामान्य शिक्षण रणनीतियों का प्रयोग किया जा सकता है।
7. यदि किसी को लेखन में समस्या है तो विषय-वस्तु लिखित रूप से उपलब्ध करायी जा सकती है।
8. अस्थि दिव्यांगों के लिए मुख्यत: व्याख्यान शिक्षण-रणनीति वाद-विवाद, कोलबोरेटिव आदि रणनीतियों का प्रयोग कर उनकी शिक्षा को गुणात्मक बनाया जा सकता है।

सुझाव :

1. दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च समावेशी कक्षा में शिक्षण रणनीतियां विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार प्रयोग की जानी चाहिए। जैसे सभी विद्यार्थियों को अधिकार के तरीके के अनुसार शिक्षण रणनीति उपयोग करनी चाहिए।
2. कक्षा में अधिक से अधिक तकनीकियों का प्रयोग जैसे – प्रोजेक्टर, उचित लाइट व्यवस्था, पंखा आदि करना चाहिए।
3. शिक्षक को कक्षा में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना आना चाहिए।
4. समावेशी कक्षा में शिक्षक को पढ़ाने के लिए पूर्ण प्रशिक्षित होना चाहिए।
5. कक्षा में वीडिया के साथ अनुशीर्षक का प्रयोग किया जा सकता है।
6. श्रवण दिव्यांगों तथा अस्थि दिव्यांगों को आगे की सीटों पर बिठाना चाहिए।
7. दृष्टि बाधित छात्रों के लिए बोलने वाली किताबों की व्यवस्था करायी जा सकती है।
8. सभी कक्षाओं में sign language interpreter की व्यवस्था होनी चाहिए।
9. सफल शिक्षण रणनीति के लिए आवश्यक है कि शिक्षक शिक्षार्थी कम होना चाहिए।
10. उच्च समावेशी शिक्षा में शिक्षण रणनीतियों को सफल बनाने के लिए दिव्यांगों के लिए कई प्रकार की तकनीकियों का प्रयोग किया जा सकता है जैसे राइट–वन्स–रीड मैनी, ऑडियो कॉम्पैक्ट डिक्स, डिजिटल, ऑप्टिकल डिस्क, आप्टिकल वीडियो सिस्टम, मैग्नेटो आप्टिकल माध्यम आदि।
11. शिक्षक विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार उनके लिए उचित शिक्षण रणनीति जानने के लिए आई ई पी का प्रयोग कर सकते हैं।
12. निदानात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है।
13. समय–समय पर शिक्षक प्रशिक्षण भी किया जा सकता है।
14. शिक्षक को विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वार्तालाप करने का प्रयास करना चाहिए।
15. कक्षा का वातावरण बाधा मुक्त होना चाहिए।
16. शिक्षक को शिक्षण रणनीति को गुणात्मक बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामाग्री का प्रयाग करना चाहिए।
17. द्रश्य,श्रव्य सामाग्री का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।
18. यदि किसी छात्र को मानसिक समस्या या कुंठा है, तो परामर्श तथा निर्देशन की व्यवस्था की जा कसती है।
19. समय–समय पर विद्यार्थियों में समुदायिक गातिविधियाँ कराते रहना चाहिए।
20. छात्रों को सृजनात्मक कार्य अधिक देने चाहिए।
21. विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की तकनीकियों की जानकारी तथा उन्हें प्रयोग करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए।
22. दृष्टिबाधित दिव्यागों की सुविधा के लिए कक्षा में बोले गये नोट्स को दूसरे विद्यार्थियों द्धारा कार्बन की सहायता से तैयार कराया जा सकता है। जिससे वह विषयवस्तु को रिकार्ड करवाकर किसी भी समय कंठस्थ कर सकते है।
23. यदि कोई विषयवस्तु बार–बार समझाने के बावजूद भी विद्यार्थियों को समझ नही आ रही है तो शिक्षक को अपनी शिक्षक रणनीति एवं प्रस्तुतीकरण में बदलाव लाना चाहिए।
24. समय–समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन भी करते रहना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के कक्षा के प्रदर्शन स्तर को जाना जा सके।

अन्य सुझाव – वर्तमान समय में इंटरनेट एक ऐसा क्षेत्र हैं जिसमे कई प्रकार के कार्यक्रम केवल दिव्य्ग्गो के लिए ही चलाये जा रहे हैं। इसमे कई प्रकार के पोर्टल तथा ऐप बनाए गये है जिनसे सभी प्रकट की दिवयांगता वाले आसानी ने ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। जैसे– दिवयांग सारथी, स्वयं (कार्यक्रम भारत सरकार द्धारा), मूक (ऑनलाइन कोर्स) ।

संदर्भ सूची

1. Orlich, Donald C.2013.Teaching Strategies: A GuideTo Effect Instruction,10th ed.Belmont, CA: wordsworth
2. Savage, Lorraine March20.2017, Teaching Strategies: Student with Learning Disabilities.
3. Justeen, T.R. et al. College Student with Disabilities – ACCOMMODATING, SPECIAL LEARNINGNEEDS Retrived from http://education.stateuniversity.com/pages/1865/College-Students-with Disabilities.html on 11-05-2017 at 9:36pm
4. Rao, S.K. & Singh, and M.150 years of University Education in India: Challenges Ahead Retrived fromhttp://www.as Aggarwall, J. (2014).Principles, Method& Techniques of Teaching (second revised editioned.). Noida: Vikas Publishing House pvt ltd.
2. Agarwal, P. (2006).Higher Education in India: The Need for Change, Working paper No 180, Indian Council for Research on International Economic Relations.
3. Sharma, K. (2012).Re-Thinking Special Needs Education (First Editioned.). New Delhi: S R Publications.
4. Yadav, S. “Curriculum Development” (in hindi) (fifth edition ed.). Agra: agrawal publications.Retrived from erf.org.in/presentations/150_years_of_Hr_edu.pdf on 11-5-2017at 10:15

****

अनुवाद : अर्थ, परिभाषा और क्षेत्र

रचना शाही *

प्रस्तावना – आधुनिक युग के जिस चरण मे हम आज है, उसे वैश्वीकरण का युग, सूचना प्रौद्योगिकी का युग, उत्तर आधुनिक युग आदि कहा जाता है। इन विभिन्न प्रकार के युग कहे जाने एवं उन्हे समझने के लिये जितनी आवश्यकता अनुवाद की है या यूं कहां जाये कि अनुवाद के बिना किसी भी युग को समझ पाना आसान ही नहीं बल्कि नामुमकिन सा लगता है। क्योंकि अनुवाद के बिना किसी भी सूचना, भाषा, साहित्य, ज्ञान- विज्ञान को समझ पाना असंभव है। ऐसे में इस युग को यदि अनुवाद का युग कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। विश्वभर में फैले अपार ज्ञान संपदा का प्रचार प्रसार करने में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय दर्शन, गणित, चिकित्सा आदि शास्त्रों का ज्ञान विवेक अनेक देशों में विशेषकर पश्चिमी देशो में तथा वहां पर हुए आधुनिक आविष्कारों की जानकारी भारतीयों को होना अनुवाद के कारण ही संभव हो पाया है

अनुवाद भाषाओं के मध्य सम्प्रेषण की प्रक्रिया है। इसके लिए अंग्रेजी में 'ट्रॉस्लेशन', फ्रेंच में 'ट्रंडुक्शन', अरबी में 'तर्जुमा', तमिल में 'मोलिपेयरपु' और कन्नड़ तथा मराठी में 'अनुवाद' पंजाबी में 'उल्था', कश्मीरी में 'तरजुम', सिंधी में 'तर्जुमोय', 'अनुवाद' आदि शब्द प्रचलित है।

अनुवाद –अनुवाद संस्कृत भाषा का शब्द है जिसका उपयोग दो या दो अधिक भाषा के शब्दों के समान अर्थ लिखने के लिए किया जाता है। अनुवाद दो शब्दों से मिलकर बना है :- 'अनु' जो कि उपसर्ग है जिसका अर्थ है समान, और वाद शब्द की उत्पत्ति 'वद' धातु से हुई है जिसका अर्थ है- 'लिखना या बोलना' इस प्रकार अनुवाद का अर्थ होता है समान बोलना या लिखना।

इसे संस्कृत में इस प्रकार समझा जा सकता है -'या ज्ञातार्थतस्य प्रतिपादने' अर्थात पहले कहे गये शब्द हो फिर से कहना।

दो विभिन्न भाषाओं के व्यक्तियों के मध्य सवांद एवं विचारों के आदान प्रदान के लिए अनुवाद सबसे सशक्त माध्यम है। दो भिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिवेश में बहुभाषिक स्थिति की विडंबना से बचने के लिए दोनो के मध्य संबंध स्थापित करने में अनुवाद की मुख्य भूमिका रहती है।

सीधे सीधे शब्दों में कहा जाये तो- किसी भाषा में कही गई बात को किसी अन्य भाषा में सार्थक परिवर्तन करना अनुवाद कहलाता है।

अनुवाद को अंग्रेजी भाषा में ट्रांस्लेशन कहा जाता है। जो कि स्वयं लेटिन भाषा के शब्द ट्रांस और लेशन के संयोग से बना है जिसका अर्थ होता है- 'पार ले जाना'

अनुवाद के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए **डॉ. नगेन्द्र** लिखते है कि - अनुवाद परिभाषित शब्द में न विज्ञान है और न कला। इसके अतिरिक्त उसको निश्चित रूप से शिल्प भी कहना तर्कसंगत नहीं होगा। वास्तविक स्थिति यह है कि आधार विषय के अनुसार अनुवाद में इन तीनो ही तत्वों का यथानुपात में समावेश रहता है। साहित्यिक अनुवाद विशेष रूप से काव्यानुवाद का अंतर्भाव जहाँ कला में ही हो जाता है, वहाँ वैज्ञानिक तथा शास्त्रीय अनुवाद में विज्ञान के आधार तत्वों का प्राधान्य रहता है जबकि, शिल्प का प्रयोग प्राय: सर्वत्र ही मिलता है। इस प्रकार अनुवाद एक स्वतंत्र विधा है।

अनुवाद की अनिवार्यता को किसी भाषा की समृद्धि का शोर मचा कर टाला नहीं जा सकता और न अनुवाद की बहुकोणीय उपयोगिता से इंकार किया जा सकता है।

अनुवाद का कार्य हमारे साहित्य की तरह ही प्राचीनकाल से चला आ रहा है। पहले लोग पाण्डुलिपि में साहित्य को एकत्रित करते थे, परन्तु समय के साथ-साथ विकास हुआ और पाण्डुलिपि का स्थान किताबों ने ले लिया और वर्तमान में इंटरनेट पर ही किसी भाषा का साहित्य किसी अन्य भाषा में जिसमें पाठक पढ़ना चाहे पढ़ सकता है।

जिस प्रकार अनुवाद के लिए हिन्दी में उल्था का प्रचलन है उसी प्रकार ट्रांस्लेशन के लिए ट्रांसक्रिप्शन का प्रचलन है जिसे हिन्दी में लिप्यानतरण कहा जाता है।

अनुवाद की परिभाषा एवं क्षेत्र

अनुवाद संबंधी सिद्धान्तों व स्वतंत्र ग्रंथो का लेखन वस्तुत: बीसवी शताब्दी मे प्रारम्भ हुआ।

अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करने के लिए भारतीय व पाष्चात्य विद्धानों की परिभाषाएँ-

1) डॉ सुरेश कुमार - 'भाषा भेद के विशिष्ट पाठ को दूसरी भाषा में इस प्रकार प्रस्तुत करना अनुवाद है, जिसमें वह मूल के भाषिक अर्थ, प्रयोग के वेशिष्ट्य को यथासंभव संरक्षित करते हुए दूसरी भाषा के पाठक को स्वाभाविक रूप से ग्राह्यप्रतीत होय'।

2) डॉ. कृष्ण कुमार गोस्वामी - 'एक भाषा में व्यक्त भावों या विचारों को दूसरी भाषा में समान और सहज रूप से व्यक्त करने का प्रयास अनुवाद है।'

3) जी. गोपीनाथ- 'अनुवाद वह द्वन्द्वात्मक प्रतिक्रिया है जिसमें स्त्रोत पाठ की अर्थ संरचना (आत्मा) का लक्ष्य पाठ की शैलीगत संरचना (शरीर) द्वारा प्रतिस्थापित होता है।'

4) पट्टनायक - 'अनुवाद वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा सार्थक अनुभाव (अथपूर्ण संदेश या संदेश का अर्थ) को एक भाषा समुदाय से दूसरे भाषा समुदाय में संप्रेषित किया जाता है।'

भारतीय विद्धान विश्वनाथ अय्यर के अनुसार - अनुवाद की प्रविधि एक भाषा से दूसरी भाषा में रूपान्तरित करने तक सीमित नहीं है। एक भाषा

* शोधार्थी (हिन्दी) अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय,भोपाल (म.प्र.) भारत

के रूप के कथ्य को दूसरी भाषा में रूपान्तरित करना भी अनुवाद है, छंद में बताई गई बात को गद्य में उतारना भी अनुवाद है।

पाश्चात्य विद्वान डार्ट (DOSTRET) के अनुसार – अनुवाद अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान की वह शाखा है, जिसका संबंध विशेष रूप से अर्थान्तरण की समस्या से है, यह अर्थान्तरण एक भाषा के सुसंद्ध प्रतीको में होता है।

(Translation is that brands of applied science of language which is specially concerned with the problem or the fact of the transference of meaning from one set of patterned symbol into another of patterned.)

अनुवाद के प्रमुख क्षेत्र

शिक्षा – ज्ञान, विज्ञान, समाज, संस्कृति आदि सभी को समझने एवं जानने तथा उसके अनुसार स्वयं के ज्ञान को बढ़ाने और दूसरों तक पहुचाने के लिए शिक्षा की अहम भूमिका रहती है। विज्ञान एवं तकनीकी की उच्च शिक्षा तो अभी भी अंग्रेजी माध्यम में चल रही है किन्तु विद्यालय स्तर की शिक्षा हेतु भारतीय भाषाओ का प्रयोग हमारे देश में आरम्भ हो गया है। भारत के अलग अलग प्रान्त के अलग अलग भाषाओं का उपयोग किया जाता है जिस कारण से एक भाषा को दूसरी भाषा में अनुवाद की आवष्यकता अधिक होती है साथ ही ज्ञान–विज्ञान संबंधी पाठ्य पुस्तको के निर्माण में अंग्रेजी पुस्तको के अनुवाद अथवा रूपान्तरण का सहारा लेना पड़ता है।

धर्म – प्राचीन काल से ही विश्व स्तर पर सभी धर्मो की अपनी अपनी विशिष्ट भाषा रही है। प्रत्येक धर्म की पुस्तके एवं साहित्य को अपनी विशेष भाषा में ही लिखा गया है। किन्तु धर्म के प्रचार प्रसार के लिये एक स्थान से दूसरे स्थान तथा एक देश समुदाय विदेश से दूसरे समुदाय जाति विशेष के लोगो के मध्य जाने और अपने धर्म की बातों को बताने, समझाने के लिए भाषा का अनुवाद करना अत्यन्त आवश्यक है। इसी प्रकार प्रचार प्रसार के साथ साथ अन्य भाषा भाषी जब किसी धर्म के अनुयायी बन जाते है तो उनकी सुविधा के विशेष धर्म की पुस्तक को अन्य भाषा में अनुवाद करना अनिवार्य हो जाता है। जैसे कुरआन शरीफ के मूल पाठ का बंगाल लिपि में अंतरण या गीता का देवनगरी से इतर लिपियों में प्रकाशन और धर्म प्रचारकों को धर्म ग्रन्थो की बातों को अनुयायियों की भाषाओं में अनुवाद करके समझाना पड़ता है।

यथा हैदराबाद जैसे बहुभाषी बाहर के चर्चो में अलग अलग समय पर अंग्रेजी, मलयालम, तेलुगु, तमिल भाषाओं में प्रार्थनाए होती है। इसी कारण से बाईबिल का विश्व की आधी से अधिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

शोध – देश में और विदेश में हो रहे शोध कार्यो की जानकारी विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में उपलब्ध कराने के लिए अनुवाद ही एकमात्र माध्यम है। जिसकी सहायता से प्रत्येक प्रान्त के शोध कार्यो में समरसता लाने में बहुत मदद मिलती है। किसी शोध कार्य को करने के लिए भाषा के शोध की आवश्यकता होती है, ऐसे में अन्य भाषा के शोध को अपनी भाषा में अनुवाद के माध्यम से ही पढ़ा व समझा जा सकता है।

साहित्य – साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद का उपयोग एवं प्रयोग जग जाहीर है। क्या प्राचीन वाड्गम्य क्या समकालीन।

साहित्य के अध्ययन में अनुवाद का महत्व अत्यधिक व्यापक हो चुका है। साहित्य यदि जीवन और समाज के यर्थात् को प्रस्तुत करता है तो विभिन्न भाषाओं के साहित्य के सामूहिक अध्ययन से किसी भी समाज, देश या विश्व की चिन्तन धारा एवं संस्कृति की जानकारी मिलती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अनुवाद और भाषा विज्ञान :– डॉ. बी बालाजी
2. अनुवाद अर्थ और परिभाषा :– सागरिका
3. अनुवाद की परिभाषाएँ :– काम्बले प्रकाशन

****

राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण के प्रभाव के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण

अभिमन्यु वशिष्ठ *

प्रस्तावना – शिक्षा मानव से सम्बन्धित हर परिस्थिति को प्रभावित किया है। सभ्यता के कालक्रम में शिक्षा ने मानव को सक्षम व कुशल बनाने के लिए सशक्त माध्यम का कार्य किया है। शिक्षा व्यवस्था को पूरा समर्थन राज व्यवस्था का मिलता रहा है। भारत के सन्दर्भ में भी लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संविधान को आत्मसात करते हुए एक उचित शिक्षा पद्धति तथा व्यवस्था को अपना रखा है। 1990 के बाद उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव से भारत का हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। जिसमें राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र तथा शिक्षा भी एक अहम् क्षेत्र है। सम्बन्धित शोध साहित्य के अध्ययन के दौरान उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (LPG) का प्रभाव शिक्षा के सन्दर्भ में देखने का विचार आया। राजनीतिक दल की विचारधाराएँ, उद्देश्य व नीतियाँ घोषणा पत्र के माध्यम से जनता तक अपने दृष्टिकोण को रखती रही है। इन्हीं घोषणाओं में शिक्षा के विभिन्न आयामों के अध्ययन तथा उन आयामों पर उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (LPG) के प्रभाव के अध्ययन का प्रश्न शोधकर्ता के अन्तर्मन में आया और प्रस्तुत शोध कार्य प्रारम्भ किया गया।

शोध प्रश्न :

(i) प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के विभिन्न आयामों के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण क्या है ?

(ii) प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के विभिन्न आयामों में ङझ्रऋके प्रभाव के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण क्या है ?

(iii) प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण क्या है ?

शोध उद्देश्य

1. प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के निम्नांकित आयामों के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण ज्ञात करना :-
   (1) शिक्षा का सम्प्रत्यय, (2) शिक्षा का उद्देश्य, (3) शिक्षा का पाठ्यक्रम, (4) शिक्षण विधियाँ, (5) शिक्षा के संसाधन, (6) शिक्षा का माध्यम, (7) शिक्षा में मूल्यांकन, (8) विद्यालयी, महाविद्यालयी एवं विश्वविद्यालयी शिक्षा, (9) शिक्षा में शोध, (10) शिक्षक शिक्षा, (11) शिक्षा का बजट, (12) शिक्षा की गुणवत्ता, (13) शिक्षा और राष्ट्रीय विकास, (14) शिक्षा के प्रबन्धन।
2. प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के उपरोक्त आयामों में LPG के प्रभाव के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण ज्ञात करना।
3. प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के उपरोक्त आयामों सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण ज्ञात करना।

शून्य परिकल्पनाएं :

(i) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी आयामों के प्रति प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(ii) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी आयामों पर ङझ्रऋ के प्रभाव के प्रति प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(iii) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के प्रति प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(iv) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी आयामों के प्रति शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(v) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी आयामों पर ङझ्रऋ के प्रभाव के प्रति शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

(vi) राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के प्रति शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

समस्या कथन – ***'राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण के प्रभाव के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण'***

शोध विधि – शोधकार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत शोध अध्ययन केअन्तर्गत आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि (Normative Survey Method) एवं घटनोतर विधि (Ex Post Facto Method)का प्रयोग किया गया है।

परिसीमन –इस अध्ययन राजस्थान के सन्दर्भ में केवल पिछले पाँच चुनावों के निम्नांकित अवधि के घोषणा पत्रों को ही सम्मिलित किया गया –

(i) 1999, 2004, 2009, 2014 तथा 2019 के राजस्थान लोकसभा चुनावों में शामिल राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र।

(ii) 1998, 2003, 2008, 2013 तथा 2018 के राजस्थान विधानसभा

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

चुनावों में शामिल राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र।

(iii) उदयपुर संभाग के निम्नांकित 5 जिलों को शामिल किया गया –
(1) उदयपुर (2) चित्तौड़गढ़ (3) प्रतापगढ़ (4) बाँसवाड़ा
(5) डुंगरपूर

न्यादर्श :

1. शोधकार्य में राजस्थान के निम्नांकित प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों को न्यादर्श में सम्मिलित किया गया है :-
(1)भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (Indian National Congress/INC), (2)भारतीय जनता पार्टी (Bharatiya Janata Party/BJP), (3)भारतीय साम्यवादी दल (Communist Party of India/CPI), (4)भारतीय साम्यवादी दल मार्क्सिस्ट (Communist Party of India Marxist/CPIM), (5)समाजवादी पार्टी (Samajwadi Party/SP), (6)बहुजन समाजवादी पार्टी (Bahujan Samaj Party/BSP), (7)राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (Nationalist Congress Party/NCP), (8)आम आदमी पार्टी (Aam Aadmi Party/AAAP), (9)राष्ट्रीय जनता पार्टी (National People's Party/NPEP), (10)जमींदारा पार्टी (National Unionist Zamindara Party/NUZP)

2. प्रस्तुत अध्ययन में जिन अभिधारकों के प्रत्यक्षण का अध्ययन किया गया, उनका विवरण निम्नांकित सारणी में प्रस्तुत है –

क्र.	जिला	शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय	प्राचार्य	शिक्षक प्रशिक्षक	एम.एड. विद्यार्थी
1	उदयपुर	10	10	20	10
2	प्रतापगढ़	10	10	20	10
3	डूंगरपुर	10	10	20	10
4	बाँसवाड़ा	10	10	20	10
5	चित्तौड़गढ़	10	10	20	10
		50	50	100	50
कुल अभिधारक			**200**		

शोध में प्रयुक्त उपकरण

(i) वर्ष 1998 से 2019 तक के घोषणा पत्र (विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा निर्मित)।
(ii) प्रत्यक्षण के अध्ययन हेतु स्वनिर्मित प्रश्नावली (Questionnaire).
(iii) घोषणा पत्र के अध्ययन हेतु स्वनिर्मित जाँच प्रपत्र (Check List).

प्रदत्तों का सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या

परिकल्पना संख्या-1 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों के प्रति प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 1 -प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं के प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत		योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं			
1.	प्राचार्य (N=50)	74	26	100	1.0164	सार्थक अंतर नहीं(NS)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	80	20	100		
	कुल (N=150)	154	46	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं.1 से स्पष्ट है कि x^2 (1.0164) सारणी मान (0.05=3.84) से कम है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों/पक्षों/क्षेत्रों इत्यादि सम्बन्धी घोषणाओं/वादों के सम्बन्ध में प्राचार्यों और शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: यह परिकल्पना की 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों के प्रति शिक्षक शिक्षा के प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **स्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 1 – राजस्थान के प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

परिकल्पना संख्या-2 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों पर ड्झऋके प्रभाव के प्रति प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 2 – प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं पर LPG के प्रभाव संबंधी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत		योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं			
1.	प्राचार्य (N=50)	78	22	100	0.1129	सार्थक अंतर नहीं(NS)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	76	24	100		
	कुल (N=150)	154	46	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं.2से स्पष्ट है कि x^2(0.1129) सारणी मान (0.05=3.84) से कम है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में प्राचार्यों और शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: यह परिकल्पना कि 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों पर LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में प्राचार्यों और शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **स्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 2 – राजस्थान के प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

परिकल्पना संख्या–3 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 3 – प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का शिक्षा संबंधी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी घोषणाओं सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत			योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं	पता नहीं			
1.	प्राचार्य (N=50)	72	20	8	100	0.2731	सार्थक अंतर नहीं (NS)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	69	23	8	100		
	कुल (N=150)	141	43	16	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं.3 से स्पष्ट है कि x^2 (0.2731) सारणी मान (0.05=3.84) से कम है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

अत: यह परिकल्पना की 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धीघोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्राचार्यो एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **स्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 3 – राजस्थान के प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का शिक्षा सम्बन्धी घाषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

परिकल्पना संख्या–4 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 4 – एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं के प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत		योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं			
1.	एम.एड. विद्यार्थी (N=50)	56	44	100	13.2353	सार्थक अंतर (S)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	80	20	100		
	कुल (N=150)	136	64	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं. 4 से स्पष्ट है कि x^2(13.2353) सारणी मान (0.05=3.84) से अधिक है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों/पक्षों/क्षेत्रों इत्यादि सम्बन्धी घोषणाओं/वादों के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर है।

अत: यह परिकल्पना की 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **अस्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 4 – राजस्थान के एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

परिकल्पना संख्या–5 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों पर LPG के प्रभाव के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 5 – एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं पर ङझत्रृ के प्रभाव संबंधी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत		योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं			
1.	एम.एड. विद्यार्थी (N=50)	51	49	100	13.4829	सार्थक अंतर (S)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	76	24	100		
	कुल (N=150)	127	73	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं.5सेस्पष्ट है कि x^2(13.4829) सारणी मान (0.05=3.84) से अधिक है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में ड्ढझ्रक्के प्रभाव के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर है।

अत: यह परिकल्पना कि 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न आयामों पर LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **अस्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 5 – राजस्थान के एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

परिकल्पना संख्या–6 : प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी सं. 6 – एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का शिक्षा संबंधी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी घोषणाओं सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत एवं x^2

क्र.	अभिधारक	औसत प्रतिशत			योग	x^2	सार्थकता स्तर 0.05
		हाँ	नहीं	पता नहीं			
1.	एम.एड. विद्यार्थी (N=50)	54	25	21	100	7.7402	सार्थक अंतर(S)
2.	शिक्षक प्रशिक्षक (N=100)	69	23	8	100		
	कुल (N=150)	123	48	29	200		

df = 1 सारणीमान (0.05 = 3.84)

विश्लेषण एवं व्याख्या – उपरोक्त सारणी सं.6से स्पष्ट है कि x^2(7.7402) सारणी मान (0.05=3.84) से अधिक है। जो यह दर्शाता है कि घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर है।

अत: यह परिकल्पना की 'प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों में शिक्षा सम्बन्धीघोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' **अस्वीकार** की जाती है।



आरेख सं. 6 – राजस्थान के एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों का शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत

प्रमुख निष्कर्ष :

1. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों के प्रति प्राचार्यों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
2. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों के प्रति शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
3. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं तथा शिक्षा के सम्प्रत्यय, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, विधियों तथा संसाधन संबंधी घोषणाओं के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया तथा शिक्षा के माध्यम, मूल्यांकन, बजट, शिक्षक शिक्षा, शोध, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षा से राष्ट्रीय विकास, शैक्षिक प्रबंधन, पूर्व प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर निम्न पाया गया।
4. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति प्राचार्यों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
5. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति शिक्षकों प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
6. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति एम.एड.

विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर निम्न पाया गया।

7. प्राचार्यों के मत में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं पर ङ्झञ्ऋका प्रभाव 44 प्रतिशत प्राचार्यों के लिए 30 प्रतिशत तक रहा वहीं केवल 02 प्रतिशत प्राचार्य शिक्षा संबंधी आयामों पर 100 प्रतिशत तक LPG का प्रभाव देखते हैं।
8. शिक्षक प्रशिक्षकों के मत में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं पर LPG का प्रभाव 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए 30 प्रतिशत तक रहा वहीं केवल 05 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षक शिक्षा संबंधी आयामों पर 100 प्रतिशत तक LPG का प्रभाव देखते हैं।
9. एम.एड. विद्यार्थियों के मत में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं पर LPG का प्रभाव 32 प्रतिशत एम.एड. विद्यार्थियों के लिए 30 प्रतिशत तक रहा वहीं केवल 03 प्रतिशत एम.एड. विद्यार्थी शिक्षा संबंधी आयामों पर 100 प्रतिशत तक LPG का प्रभाव देखते हैं।
10. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति प्राचार्यों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
11. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण का स्तर उच्च पाया गया।
12. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर निम्न पाया गया।
13. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं के सम्बन्ध में प्राचार्यों, शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर (औसत प्रतिशत) उच्च पाया गया।
14. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं पर LPG के प्रभाव संबन्धी घोषणाओं के सम्बन्ध में प्राचार्यों, शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर (औसत प्रतिशत) उच्च पाया गया।
15. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी घोषणाओं के सम्बन्ध में प्राचार्यों, शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण का स्तर (औसत प्रतिशत) उच्च पाया गया।
16. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों/पक्षों/क्षेत्रों इत्यादि सम्बन्धी घोषणाओं/वादों के सम्बन्ध में प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
17. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं में LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
18. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
19. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों/पक्षों/क्षेत्रों इत्यादि सम्बन्धी घोषणाओं/वादों के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर पाया गया।
20. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं में LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में एम.एड. विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर पाया गया।
21. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण में सार्थक अन्तर पाया गया।
22. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणाओं में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में प्राचार्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रत्यक्षण सम्बन्धी शून्य परिकल्पना **स्वीकृत** हुई।
23. राजस्थान के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव के सम्बन्ध में शिक्षक प्रशिक्षकों एवं एम.एड. विद्यार्थियों के प्रत्यक्षण सम्बन्धी शून्य परिकल्पना **अस्वीकृत** हुई।

शोध के प्रमुख परिणाम एवं शैक्षिक निहितार्थ :

1. देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा के पाठ्यक्रम, संसाधन, बजट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक प्रबन्ध सम्बन्धी घोषणाएँ पर्याप्त मात्रा में हुई है लेकिन शिक्षा के माध्यम, विधियाँ, मूल्यांकन, शिक्षक शिक्षा संबंधी घोषणाएँ किए जानेकी आवश्यकता है।
2. घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति अभिधारकों के प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत उच्च है। अत: शिक्षा के जिन आयामों पर घोषणाओं की मात्रा कम है, उनमें वृद्धि किया जाना अपेक्षित है।
3. घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर उदारीकरण का प्रभाव तुलनात्मक रूप से सभी दलों में पाया गया लेकिन निजीकरण एवं वैश्वीकरण के तत्वों के प्रभाव में अन्तर है, जिन्हें तुलनात्मक रूप से संतुलित करना अपेक्षित है।
4. घोषणा पत्रों में शिक्षा के आयामों पर LPG के प्रभाव सम्बन्धी घोषणाओं के प्रति अभिधारकों के प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत उच्च है। अत: अभिधारकों के उच्च प्रत्यक्षण के आधार पर LPG सम्बन्धी घोषणाओं में वृद्धि अपेक्षित है।
5. घोषणा पत्रों में शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति के प्रति अभिधारकों के प्रत्यक्षण का औसत प्रतिशत उच्च है। अत: शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं की क्रियान्विति किया जाना आवश्यक है।

प्रस्तुत शोध के परिणामों के आधार पर शैक्षिक उन्नयन हेतु सुझाव

निर्वाचन आयोग के लिए सुझाव :

1. निर्वाचन आयोग को प्रत्येक प्रतिभागी दल के लिए घोषणा पत्र जारी करने की अनिवार्यता नियमानुसार सुनिश्चित करनी चाहिए जिससे सम्बन्धित राजनीतिक दल विशेष का शिक्षा संबंधी दृष्टिकोण स्पष्ट हो सके।
2. निर्वाचन आयोग को शिक्षा संबंधी घोषणाओं की पूर्ति करने हेतु राजनीतिक दलों को नियमानुसार बाध्य करना चाहिये।

राजनीतिक दलों के लिए सुझाव :

1. शिक्षा जैसे अहम विषय की गम्भीरता को समझकर घोषणाएँ तथा

उनके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें।

2. राजनीतिक दलों को अपने शिक्षा संबंधी विचार घोषणा पत्रों में स्पष्टतया उल्लेख करने चाहिए।
3. राजनीतिक दलों को शिक्षा संबंधी घोषणाओं को पूरी करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं कार्य योजना होनी चाहिए।
4. राजनीतिक दलों को शिक्षा संबंधी घोषणाएँ करते समय 21वीं सदी की आवश्यकतानुरूप LPG के सकारात्मक तत्वों को अपनी घोषणाओं में समाहित करना चाहिए।

शिक्षाधिकारियों के लिए सुझाव – सत्ता में आये राजनीतिक दल के घोषणा पत्रों में उल्लेखित शिक्षा सम्बन्धी घोषणाओं के क्रियान्वयन की चरणबद्ध योजना स्वीकृत कराकर उसे पूर्णत: लागू करावें।

सेवारत शिक्षाविद् एवं शिक्षकों के लिए सुझाव – सत्ता पक्ष के राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की शिक्षा संबंधी घोषणाओं के पूर्णत: क्रियान्वयन में निष्पक्षता से प्रतिभागिता प्रदर्शित करें।

विद्यार्थियों के लिए सुझाव – विद्यार्थियों को चाहिए कि वे घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपनी जागरूकता बढ़ावे तथा नियमानुसार शालीनता से अपनी वाज़िब मांगों को लोकतान्त्रिक ढ़ंग से उठावें।

अभिभावकों के लिए सुझाव – वे प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शिक्षा संबंधी घोषणाओं के प्रति जागरूकता बढ़ावें तथा प्रजातान्त्रिक तरीके से वाज़िब मांगों को पूर्ण कराने का प्रयास करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Best, J.W.,& Kahn,J.V. (2012). *'Research in Education.*(10th ed.)' New Delhi: Prentice Hall of India Learning Private Limited.
2. Good, C.V.(1959)'*Introduction to Educational Research*. (2nded.)' New York : Appleton Century Crafts Ins.
3. भटनागर, आर.पी. एवं भटनागर, ए.बी. (1995) '*शिक्षा अनुसंधान*' मेरठ : लॉयल बुक डिपो।
4. गुप्ता, एम. पी. (2008) '*भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याएँ*' आगरा : साहित्य प्रकाशन,pp. 63-69.
5. कपिल, एच.के. (2001) '*अनुसंधान विधि*' आगरा : एच.पी. भार्गव हाउस।
6. कुमारी, एन. (2010) 'लोकतंत्र में घोषणा पत्र का महत्त्व' (pp. 207-209). In डॉ. मुकेश कुमार/सुधांशु शेखर (ed.) '*लोकतंत्र नीति और नियति*', सागर (मध्य प्रदेश) : विश्वविद्यालय प्रकाशन।
7. कोठारी, आर. (2007) '*भारत में राजनीति कल और आज*' नयी दिल्ली : वाणी प्रकाशन, p.19.
8. कटारिया, एस. (2018) '*शोध प्रविधि*' जयपुर : नेशनल पब्लिशिंग हाउस।

****

A Compartive Study Of Financial Performance Of Public Sector And Private Sector Bank In India

Dr. Narendra Marwada* Dr. Divya Solanki **

Abstract - The success of every business enterprises is depends upon its leadership quality and funds management system. The aim of every business organization is to maximize the profit with minimize the cost. This paper is an attempt to analysis the financial performance of public sector bank and private sector bank and to find which sector bank performance in terms of profitability, solvency, liquidity, managerial efficiency etc. for this purpose five banks of public sector and five banks of private sector has taken. Ratio analysis and t test will be used. The study shows that the performance of private sector bank is relatively better than public sector bank during period of 2015-2019.
Keywords - Financial Performance, Public sector bank, Private sector bank, Profitability.

Introduction - The major portion of GDP of India has been contributed by service sector. In this area, banking sector plays an important role. In India, banking scenario both public and private sector acts unexplanatory role for the development of Nation. Today, every business wants fund to operate and accelerate its operations. "Finance is blood of all organization without it organization cannot take breath". Financial Performance is a picture of financial affairs of business enterprise. The aim of all organization is to increase its financial performance in terms of minimization of cost and maximization of the profit. To examine this fact we studied various ratios of finance structure of banks. For this purpose we conducted a comparative study of financial performance of public sector bank and private sector bank. For this research we prepared list of 25 review of literature. In this literature we found several work has been done in banking sector for examine financial performance on the basis of profitability, Liquidity, solvency, Managerial efficiency etc. On the basis of above research work concluded that all research outcomes are very useful and contributing good result and provide scope for further research. So on, this path our aim is to do detailed comparative study of financial performance of public sector banks (SBI, BOB, BOI, PNB, OBC) and private sector banks (AXIS, YES, ICICI, HDFC, KOTEK MAHINDRA on various parameters like Dividend payout ratio, Profitability ratio, Management efficiency ratio, Investment ratio, Leverage ratio, Cash flow Indicator ratio, Debt equity ratio, Liquidity ratio, Earning per share ratio etc.

Review of Literature - Murad Mohammed Gafil Al-Kaseasbah and Abdul karim Salim Issa Albkour(2018) In this article researcher conducted a study to measure the financial performance of banking sector. For this purpose, SBI and ICICI Bank are selected. The study is based on secondary data. The outcome of study shows SBI recorded fluctuating trend on other side ICICI failed to manage increasing trend. Nayana, N and Dr. Veena KP(2018) this research paper study Profitability position and profitability performance of SBI. On the basis of annual reports of bank it concluded that Profitability level decline due to unsecured loans and advances. Alemu Melaku, Aweke Melaku(2017) this research examine the overall performance of private commercial bank in Ethiopia using CAMEL rating approach. In this study six private sector banks have been taken and the results revels that overall performance of bank increased in the terms of profitability. Rao KP, Venu Gopala, Ibrahum Farha(2017) this study focus on comparison of financial performance of IDBI Bank with the industry average on the basis of financial ratio for the period 2011-2016. It found that Solvency position of bank and employment of assets are in similar with industry average and for increasing financial performance bank should raise deposit in order to procure funds. Srinivasan Palamalai, Britto John(2017) the aim of study to evaluate financial performance of selected Indian commercial bank, representing public sector and five firm private sector banks. The study summarize that the financial performance of private sector bank is comparatively better than the public sector banks. Sonaje vijay Hemant, Nerlekar shriram(2017) In this paper researcher analyze the performance of commercial bank in India during period of 2013-2017 using CAMEL approach. They found that financial position and soundness of commercial private sector banks are performing better than public sector banks. Nagarkar Jeevan Jayant(2015) this paper examines the performance of five major public, private and foreign bank. On the basis of financial parameters results revels that for increasing performance, bank has to reduce NPA and to do focus on deposit money and borrowed money. Gudata Abara(2015) this study evaluate the financial

*Assistant Professor (ABST) Govt. Girls College, Kherwara, Udaipur (Raj.) INDIA
** Assistant Professor (EAFM) Govt. Girls College, Kherwara, Udaipur (Raj.) INDIA

performance of Ethiopia commercial banking sector for period of 2007-2011. The results show that commercial bank have positive trend in profitability ratio but in case of efficiency, solvency and risk is average.

Research Objective

- To examine financial performance position between public sector banks and private sector banks.

Data Collection - This study is based on secondary data which is used in form-

1. Annual audited report of concerning banks
2. Money control website etc
3. Books and websites

Research Methodology - The data analysis tools is used to evaluate the performance of banks which include-

1. Descriptive Statistics (Mean, Standard Deviation, Co variance)
2. Ratio analysis technique
3. Student t- test

Hypothesis

H01: There is no significant difference between financial performance of public sector and private sector bank.

Scope of study - The research paper will help to better understand the financial performance of public sector and private sector bank. Through this study, financial performance of both sectors bank will be evaluate on the basis of various parameters and its helps both sector banks to achieve better results in financial activities.

Data Analysis & Interpretation Table-1 (see in next page)

Table no. 1 provides following results after analysis of financial performance of public sector and private sector bank on the basis of research methodology tools:

1. In the head of Investment ratio, private sector banks dividend payout ratio is high as compare to public sector bank but net operating profit margin ratio is low so because of paying high dividend private sector banks maintains low net operating profit ratio.
2. In the head of Profitability ratio, net profit ratio and interest spread ratio of private sector bank is more than as compare to public sector bank, other profitability ratios are negative in case of public sector bank.
3. In the head of Management efficiency ratio, all Managerial efficiency ratio of private bank is more than public sector bank it shows level of Managerial leadership and efficiency of making optimum utilization of resources by private sector bank
4. In the head of Profit &loss ratio, except Interest expand to interest earned ratio private sector banks are performing better than public sector bank.
5. In the head of Balance sheet ratio, Capital adequacy ratio is high in case of private sector bank which shows lower level of risk and enable the bank to meets its financial obligations.
6. In the head of Debt coverage ratio, except total debt to owners fund ratios remaining other ratios are more than public sector banks.
7. In the case of Leverage ratio, current ratio of both sector bank is less than 1 which shows current Bank is unable to meet its current obligations.
8. In the head of Cash flow Indicator ratio, except cash earning retention ratio of public sector bank remaining all ratio of private sector bank are greater than public sector bank.

Conclusion - Financial Performance is blue print of all financial activities of organization, so it is important to know the performance level of organization to evaluate the current position of business. After doing critical analysis of both sector banks financial data the result of comparative **Ratio analysis** and "**t**" test analysis revels that the overall performance of private sector bank in all areas are better than public sector bank.

References :-

1. Murad Mohammed, Gafil Al- Kaseasbah and Abdul karim Salim Issa Albkour(2018) A Financial performance of Indian banking sector(A case study of SBI and ICICI bank, Journal of basic & applied science, volume 2, Issue2, page 126-137, ISSN 2581-5059
2. Nayana, N and Dr. Veena KP(2018) A study of financial performance of SBI, International Journal of Current research, volume 10, Issue4, ISSN 0975-833X
3. Alemu Melaku, Aweke Melaku(2017) A Financial Performance analysis of private commercial banks in Ethiopia CAMEL rating approach, Journal of Scientific and research publication, volume 7, Issue10, ISSN 2280-3153
4. Rao KP, Venu Gopala, Ibrahum Farha(2017) Financial Performance analysis of Banks(A case study of IDBI Bank, International Journal of Research of IT and Management, Volume 7, Issue 1, pp 64-72, ISSN 2231-4334
5. Srinivasan Palamalai, Britto John(2017) Analysis of Financial performance of selected commercial bank in India, Journal of scientific research publishing, Theoretical economic letters 7, ISSN 2162-2086
6. Sonaje vijay Hemant, Nerlekar shriram(2017) Financial performance analysis of selected banks using CAMEL approach, Indira Management Review, volume 1,Issue 2
7. Nagarkar Jeevan Jayant(2015) Analysis of Financial performance of bank in India, Annual research Journal of symbiosis center for management studies, Volume 3, pp26-33, ISSN 2348-6661
8. Gudata Abara(2015) Research on Financial Performance analysis in Banking sector, International Journal of current research, Volume 7, Issue 10, pp 21883-21886,ISSN 0975-833X
9. Islam Md Aminol(2014) An Analysis of the financial performance of National Bank Limited using Financial ratios, Journal of Behavioural Economics, Finance, Enterpreneurship, Accounting and transport, volume 2, Issue 5, pp 121-129s

Bibliography :-

1. Bank website
2. Money control website
3. Annual Audited balance sheet
4. Books

Table-1 - *COMPARATIVE RATIO ANAYLISIS OF PUBLIC SECTOR BANK AND PRIVATE SECTOR BANK*

	Public sector bank								*Private sector bank*					
RATIO	*SBI*	*BOB*	*PNB*	*BOI*	*OBC*	*AVERAGE*		*YES*	*HDFC*	*AXIS*	*ICICI*	*KOTAK MHINDRA*	*AVERAGE*	*t test value*
Investment Valuation Ratios														
Face Value	1	2	2	10	10	5		6.8	2	2	2	5	3.56	0.5761536
Dividend Per Share	2.9	2.2	3.3	5	2	3.08		7.14	11.3	3.9	3	0.7	5.208	0.35824613
Operating Profit Per Share (Rs)	22.582	24.11	22.59	27.38	42.2	27.766		28.086	58.52	25.116	14.198	15.806	28.3452	0.95751078
Net Operating Profit Per Share (Rs)	230.944	184.43	199.75	380.5	445	288.2212		234.926	274.93	179.97	90.444	108.076	177.6692	0.264604
PROFITABLEITY RATIOS														
Interest Spread	6.346	6.082	6.402	6.184	6.46	6.2952		6.86	7.594	6.652	6.648	7.51	7.0528	0.03004547
Adjusted Cash Margin(%)	4.066	0.212	-6.7	-7.17	-5.1	-2.94		14.406	18.876	10.346	12.94	16.852	14.684	0.0009028
Net Profit Margin	3.602	-1.154	-8.8	-8.81	-7.22	-4.4772		16.598	21.11	11.63	15.384	18.442	16.6328	0.00067374
Return on Long Term Fund(%)	80.59	70.982	67.112	81.73	88.4	77.7632		82.524	64.186	60.33	45.816	51.086	60.7884	0.1065351
Return on Net Worth(%)	4.168	-1.224	-11.33	-10.5	-12	-6.1832		14.69	16.042	9.19	9.002	11.324	12.0496	0.00107508
Adjusted Return on Net Worth(%)	4.168	-1.224	-11.33	-10.5	-11.6	-6.098		14.69	16.042	9.19	9.002	11.324	12.0496	0.00100243
Management Efficiency Ratios														
Interest Income / Total Funds	7.286	6.324	7.144	6.654	7.87	7.056		8.658	8.786	7.812	7.302	9.254	8.3624	0.01680239
Net Interest Income / Total Funds	2.572	2.084	2.346	1.93	2.13	2.212		2.938	4.188	3.156	2.968	4.172	3.4844	0.02100692
Non Interest Income / Total Funds	1.27	0.82	1.114	0.834	1.01	1.0092		1.792	1.596	1.882	2.106	1.77	1.8292	0.00260671
Interest Expended / Total Funds	4.714	4.24	4.766	4.722	5.74	4.8368		5.72	4.602	4.564	4.332	5.082	4.86	0.9415663
Operating Expense / Total Funds	1.85	1.254	1.55	1.458	1.42	1.5072		1.874	2.356	2.044	1.816	2.858	2.1896	0.05632608
Net Profit / Total Funds	0.272	-0.074	-0.574	-0.57	-0.51	-0.2912		1.434	1.854	0.946	1.148	1.68	1.4124	0.00063442
Loans Turnover	0.122	0.108	0.116	0.112	0.13	0.1172		0.146	0.14	0.126	0.124	0.148	10.1916	0.00200962
Total Income / Capital Employed(%)	8.558	7.144	8.226	7.488	8.88	8.0596		10.448	10.384	9.694	9.41	11.022		
Interest Expended / Capital Employed(%)	4.714	4.24	4.766	4.722	5.74	4.8368		5.72	4.602	4.654	4.332	5.082	4.878	0.89550895
Total Assets Turnover Ratios	0.072	0.062	0.07	0.066	0.08	0.07		0.088	0.088	0.076	0.074	0.092	0.0836	0.01849963
Asset Turnover Ratio	0.076	0.064	0.075	0.068	0.08	0.0726		0.09	0.094	0.082	0.076	0.098	0.088	0.02090635

Profit And Loss Account Ratios														
Interest Expended / Interest Earned	64.69	67.086	67.144	70.93	72.9	68.5448		65.908	52.288	59.614	59.268	54.646	58.3448	0.03843377
Other Income / Total Income	14.838	11.474	13.608	11.18	11.5	12.5212		17.166	15.388	19.418	22.312	16.12	18.0808	0.02085785
Operating Expense / Total Income	21.644	17.522	18.876	19.53	16.2	18.7512		17.986	22.698	21.178	19.428	25.856	21.4292	0.30378531
Selling Distribution Cost Composition	0.164	0.215	0.1	0.075	0.11	0.1323		0.475	0.2425	0.2525	0.7	0.5475	0.4435	0.04146148
Balance Sheet Ratios														
Capital Adequacy Ratio	12.71	12.898	10.952	12.4	11.6	12.114		16.8	15.76	15.548	17.272	17.19	16.514	0.00063309
Advances / Loans Funds(%)	72.918	65.238	67.728	64.13	67.9	67.5776		79.146	82.95	77.256	75.5	86.408	80.252	0.0059497
Debt Coverage Ratios														
Credit Deposit Ratio	79.11	68.746	71.65	70.12	70.1	71.9436		91.426	84.318	90.972	98.39	87.73	90.5672	0.00225302
Investment Deposit Ratio	34.34	22.874	30.154	24.35	31.7	28.6832		42.032	32.61	35.198	40.118	35.26	37.0436	0.01731446
Cash Deposit Ratio	6.538	3.756	6.596	5.52	5.06	5.4936		5.378	7.348	6.776	6.412	4.896	6.162	0.45155626
Total Debt to Owners Fund	15.174	15.526	17.068	17.52	17.1	16.4848		10.374	7.946	9.382	7.026	6.234	8.1924	0.00172781
Financial Charges Coverage Ratio	1.424	1.392	1.398	1.278	1.3	1.3584		1.508	1.75	1.642	1.754	1.624	1.6556	0.01027831
Financial Charges Coverage Ratio Post Tax	1.076	1.004	0.886	0.884	0.91	0.9528		1.27	1.43	1.216	1.28	1.37	1.3132	0.00149826
Leverage Ratio														
Current Ratio	0.074	0.042	0.036	0.048	0.05	0.0496		0.076	0.052	0.08	0.11	0.048	0.0732	0.13086508
Quick Ratio	13.148	.20.31	27.958	32.02	32	26.2875		15.116	14.496	20.268	16.838	17.625	16.8686	0.11279668
Cash Flow Indicator Ratios														
Dividend Payout Ratio Net Profit	20.2	45.48	20.51	19.43	17.2	24.555		21.115	19.547	144.313	26.503	3.04	42.9036	0.53388445
Dividend Payout Ratio Cash Profit	17.48	37.03	18.29	16.65	11	20.096		19.2325	18.38	56.97	23.743	2.83	24.2311	0.69162396
Earning Retention Ratio	87.88	454.52	95.898	96.11	94.6	165.7972		83.108	88.326	-15.45	78.798	97.028	66.362	0.22729403
Cash Earning Retention Ratio	86.89	262.97	90.855	83.35	94.1	123.6357		84.614	88.972	54.424	81.006	97.3	81.2632	0.27642384
AdjustedCash Flow Times	283.503	958.01	250.7	266.7	526	457.054		56.844	41.952	164.242	69.862	44.856	75.5512	0.06200858

****

विकेन्द्रीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका

दशरथ मण्डलोई * डॉ. सुनील मोरे**

प्रस्तावना – उदारीकरण और वैश्विकरण के परिणाम स्वरुप जहाँ एक ओर दुनिया विश्व ग्राम में परिणत होती गई, वहीं मध्यप्रदेश में ऊपर से नीचे की ओर सत्ता के विकेन्द्रीकरण के प्रयत्न किए जाते रहे हैं। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की अवधारणा को साकार रुप प्रदान करने के उद्देश्य से सन् 1993 में पंचायत राज अपनाने वाला देश का प्रथम राज्य मध्यप्रदेश था, जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत संस्थाओं के माध्यम से सभी वर्ग के लोगों को सत्ता में भागीदारी का अवसर दिया गया। इसके अंतर्गत ग्राम, जनपद और जिला स्तर पर एक ऐसी विकेन्द्रित प्रशासनिक व्यवस्था को क्रियान्वित किया गया है, जिसमें फैसले राजधानी में न होकर ग्राम सभा की बैठक में होने लगे हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जनसंख्या के अनुपात में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के पद आरक्षित करके सत्ता में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई। जिससे गण और तंत्र के मजबूत होते रिश्तों ने मध्यप्रदेश में विकास के नये रंग भरे हैं, जिससे विकास सामाजिक न्याय के रास्ते से एक ऐसे सामाजिक परिवर्तन को जन्म दे रहा है, जो ऊपर से नीचे की ओर है। राज्य के समुचित सामाजिक आर्थिक विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार सम्पन्न तथा आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बनाया गया है, वहीं विकास नियमन तथा सामान्य प्रशासन के लिए जवाबदेही भी सुनिचित की गई हैं, जिससे यह विकेन्द्रीकृत व्यवस्था का एक मजबूत तंत्र बन गया और हितग्राही योजनाऐं जन-जन तक पहुँच रही हैं।

मध्यप्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास के लिए योजना बनाकर जन-सामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली वर्तमान की आवश्यकता हैं। संविधान के 73वें एवं 74वें संशोधन द्वारा स्थानीय स्व-शासन की इकाईयों को संवैधानिक मान्यता देते हुये विकेन्द्रीकृत नियोजन की जिम्मेदारी दी गई हैं। विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली का उद्देश्य नियोजन प्रणाली में समाज के सभी वर्गो के विशेष रुप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं दिव्यागों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनकी आवश्यकताओं का आंकलन कर योजना का निर्माण करना है। प्रक्रिया सन् 2010-11 से पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक अपनाई जा रही हैं।

जिला विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया का जिले में सुचारु रुप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। अत: निर्धारित मानक प्रक्रिया अनुसार अपने मार्गदर्शन में ग्राम सभा, ग्राम पंचायत स्तर व नगरीय वार्ड आदि नियोजन इकाईयों से योजनाऐं तैयार कराकर विभिन्न स्तरों पर एकीकृत करते हुए समेकित जिला योजना प्रारूप तैयार कर और निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूर्ण कर तथा सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर राज्य योजना आयोग का प्रेशित किया जाता है। जिलों की एकीकृत जिला योजना को राज्य योजना आयोग में चर्चा उपरांत अंतिम रुप दिया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र के त्वरित एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वर्ष 2010-11 से इस प्रणाली में ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामसभा स्तर पर योजनाऐं तैयार की जाती हैं। इन योजनाओं में कार्यो का चयन स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से किया जाता हैं एवं ग्राम पंचायत, जिला पंचायत स्तर पर योजना निर्माण एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत स्तर पर योजना निमार्ण एवं समेकन किया जाता हैं। जिला योजना समिति, ग्रामीण निकायों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं को समेकित कर जिला योजना को अंतिम रुप प्रदान करती हैं।

जिला स्तर – मध्यप्रदेश के सभी जिलो में एक जिला नियोजन समूह गठित किया गया है। जिला नियोजन समूह में ग्रामीण नियोजन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन, मूल्यांकन एवं विभिन्न विभागों तथा विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर समन्वय आदि कार्य सम्पादित किये जाते हैं। नियोजन की प्रक्रिया के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिये स्थानीय मीडिया को विज्ञापन या जनसामान्य को सूचना आदि की कार्यवाही की जाती हैं।

जिला योजना निर्माण की प्रक्रिया संस्थागत संरचना एवं भूमिका – मध्यप्रदेश में विकेन्द्रीकृत जिला योजना निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करने के लिये इस प्रकार की व्यवस्था का निर्धारण किया गया है।

जिला योजना समिति – ग्रामीण निकायों से प्राप्त योजना प्रस्तावों का समेकन करके जिला योजना समिति जिले की योजना को अंतिम रुप देती हैं। जिला योजना समिति का अनुमोदन करवाकर राज्य योजना को स्वीकृति हेतु प्रेशित करती हैं। इसमें पिछले वर्षो के अनुभवों को शामिल करते हुये पूर्व की शंति जिला स्तर पर ग्रामीण निकायों हेतु क्षेत्रवार उप समितियाँ बनायी जाती हैं। जिले में विकेन्द्रीकृत नियोजन की प्रक्रिया को जिला योजना समिति संचालित करती हैं। नियोजन की प्रक्रिया के दौरान जिले या जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से पर्यवेक्षण कराया जाता है। ग्रामीण निकायों से प्राप्त योजना प्रस्तावों का समेकन करके जिला योजना समिति, जिले की योजना को अंतिम रुप देती हैं। जिला योजना समिति के अनुमोदन उपरांत जिला योजना, राज्य योजना आयोग को स्वीकृत हेतु प्रेशित करते हैं।

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत
** प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, अंजड़, जिला बड़वानी (म. प्र.) भारत

जिला पंचायत की भूमिका – ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम योजनाओं का निर्माण विकेन्द्रीकृत नियोजना प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। जिसे संचालित करने के लिये 'जिला स्तरीय नियोजन दल' का गठन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के नेतृत्व में किया जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिले के ग्रामीण क्षेत्र की योजना बनाने के कार्य तथा विभिन्न विभागों तथा योजनांतर्गत उपलब्ध संसाधनों के मध्य समन्वय कर योजना निमार्ण में सहयोग प्रदान करते हैं। जिला स्तरीय नियोजन दल, जनपद स्तरीय नियोजन दल को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करते हैं तथा जनपद स्तरीय योजनाओं को समेकन एवं एकीकृत करके जिला योजना समिति को प्रस्तुत करते हैं।

जनपद स्तर – तकनीकी सहायता दल की गतिविधियों के लिये एक नियोजन इकाईवार कैलेण्डर विकसित किया जाता है। तकनीकी सहायता दल को जो ग्राम इकाईयां सौपी गयी हैं उनमें कम-से-कम पांच बार प्रत्येक ग्राम सभा का भ्रमण किया जाता है। जिससे समुदाय का विकेन्द्रीकृत नियोजन के बारे में पूर्ण जानकारी हो सकें तथा समुदाय का विश्वास प्रक्रिया के प्रति उत्पन्न हो एवं वे इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी लेकर नियोजन में सहयोग कर सकें। प्रथम चार दिवस का भ्रमण लगातार चार दिवस तक एक ही गांव में ही किया जाता है। जिससे कि कम से कम चार दिन के भीतर एक नियोजन इकाई के प्लान को तैयार करवाया जा सकें एवं अंतिम भ्रमण जिले द्वारा योजना को अंतिम रुप से अनुमोदन पश्चात् प्राप्त मास्टर प्लान या योजना से अवगत कराने हेतु किया जाता है।

जनपद पंचायत की ूमिका – मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत के नेतृत्व में 'जनपद स्तरीय नियोजन दल' का गठन किया जाता है। इस दल में प्रशिक्षण प्रदान में दक्ष 4-5 सदस्यों को मास्टर प्रशिक्षकों के रुप में प्रशिक्षण करने हेतु चिन्हित कर तथा उन्हें जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों में भाग लेने हेतु नामांकित करते हैं। प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक जनपद स्तर पर समस्त 'तकनीकी सहायता दल' (टी एस जी) के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ग्राम स्तरीय नियोजन प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षण कर एवं समय सीमा के भीतर कार्यवाही पूरा कराना सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही पंचायतों की योजनायें प्राप्त कर डाटा एन्ट्री की व्यवस्था एवं समेकन तथा एकीकृत कर जनपद पंचायत से अनुमोदन कराया जाता है।

ग्राम पंचायत की भूमिका – ग्राम पंचायत निर्धारित क्षेत्र में आने वाले दो या दो से अधिक ग्रामों से संबंधित प्रस्तावों को ग्राम पंचायत योजना में समाहित कर ग्राम पंचायत पर ग्राम सभाओं द्वारा अनुमोदित कार्य योजनाओं का समेकन एवं अनुमोदन करती हैं।

ग्राम पंचायतों का मुख्य कार्य ग्राम स्तरीय नियोजन के लिये आवश्यक वातावरण निमार्ण एवं ग्राम सभाओं से प्राप्त योजनाओं का समेकन करना है। ग्राम पंचायतों को नियोजन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी सहायता मार्गदर्शन एवं पर्यविक्षण के लिये तकनीकी सहायता दल का गठन किया जाता है। इस कार्य हेतु पूर्व में गठित एवं प्रशिक्षित तकनीकी सहायता दल के सदस्य, जिन्होंने पूर्व में अच्छा कार्य किया हो, उनको प्राथमिकता प्रदान की जाती हैं। दल में प्रत्येक क्षेत्रक का यथासंभव एक प्रतिनिधि रखा जाता है। इस प्रकार प्रत्येक दल में चार से छ: सदस्य हो सकते हैं। एक दल दो से तीन ग्राम पंचायतों के समूह को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराते हैं। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पंचायतों की संख्या कम से अधिक की जा सकती हैं।

तकनीकी सहायता दल में स्थानीय स्तर पर सक्रिय तेजस्वनी, जन अभियान परिषद, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर समिति, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर चिन्हांकित सर्वेक्षण सहायक, स्वयंसेवी संस्थाओं, मुख्यमंत्री कम्यूनिटी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत् पंजीकृत विद्यार्थियों आदि को भी शामिल किया जाता है। तकनीकी सहायता दल ग्राम सभा स्तर पर पंचायत पदाधिकारियों के सहयोग से नियोजन की प्रक्रिया को संपादित कराते हैं। तकनीकी सहायता दल, ग्राम सभा को नियोजन की प्रक्रिया एवं विभिन्न क्षेत्रकों के कार्यक्रमों के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हैं तथा नियोजन की प्रक्रिया को फेसिलिटेट करते हैं ताकि ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करते हैं।[1]

ग्राम विकास समिति – ग्राम सभा स्तर पर नियोजन की कार्यवाही **'ग्राम विकास समिति'** द्वारा संचालित की जाती हैं। यदि किसी ग्राम सभा में ग्राम विकास समिति सक्रिय नहीं है तो व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अस्थाई समिति के रुप में ग्राम स्तरीय नियोजन समिति का गठन कर नियोजन प्रक्रिया का संचालन किया जा सकता है।

विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली में समस्त वर्गो (महिलाऐं दिव्यांग, अतिगरीब आदि) की भागीदारी सुनिश्चित की जाती हैं। ग्राम स्तरीय समुदाय आधारित संस्थाओं जैसे स्वय सहायता समूह, वन समिति, वाटरशेड समिति, पालक शिक्षक संघ आदि को नियोजिन हेतु विचार-विमर्श में सम्मिलित किया जाता है।

जन अभियान परिषद की भूमिका – मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् का गठन, स्वयंसेवी संगठनों को सशक्त इकाई के रुप में विकसित कर प्रदेश के समग्र विकास में आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सामुदायिक नेतृत्व क्षमता में वृद्धि करने के लिए किया गया है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के अन्तर्गत संभाग स्तर पर समन्वयक जिला स्तर पर जिला समन्वयक तथा विकासखण्ड स्तर पर विकासखंड समन्वयक पदस्थ है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक स्तर पर समन्वयकों को आवश्यक सुझाव एवं सहायता उपलब्ध कराई जाती हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् अन्तर्गत 21512 स्वैच्छिक संगठन प्रस्फुटन समितियों के रुप में तथा 2660 समितियां नवांकुर संस्थाओं के रुप में चिन्हांकित एवं कार्यरत् है। परिषद् द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसमें लगभग 12189 छात्र पंजीकृत है। इस प्रकार एक वृहद् समूह समुदाय स्तर पर विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने हेतु उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर जहां एक ओर नियोजन प्रक्रिया में समुदाय की भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर तकनीक सहायता दल के रुप में फेसिलिटेषन के कार्य में सहयोग किया जा रहा है।

जन अभियान परिषद् के अन्तर्गत जिला समन्वयकों तथा विकासखंड समन्वयकों को विभिन्न स्तरों पर गठित किये जाने वाले नियोजन दलों तथा अनुश्रवण दलों में सदस्यों को रुप में सम्मिलित किया जाता है तथा उक्तानुसार क्षेत्रों में जन अभियान परिषद् के सदस्यों का उपयोग करते हुए नियोजन प्रक्रिया को ओर अधिक गुणवत्ता पूर्ण तथा सुगम बनाने हेतु प्रयास किये जाते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल
2. वार्षिक प्रतिवेदन, जिला जनपद पंचायत कार्यालय की पुस्तिका, धार
3. शुक्ल, के. के. : ग्रामीण विकास की प्रमुख योजनाएं एवं कार्यक्रम, योजना संचालक।

ग्रामीण विकेन्द्रीकृत नियोजन संरचनात्मक रेखाचित्र :



स्त्रोत : योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

****

भारत की मुद्रास्फीति से प्रवृत्ति

डॉ. स्वाति शर्मा *

शोध सारांश – किसी देश में जब वस्तुओं के मूल्य में सतत् वृद्धि हो और मुद्रा की क्रय शक्ति घटने लगे तो उसे मुद्रा स्फीति कहतें है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अर्थव्यवस्था में मुद्रा का प्रवाह बढ़ जाए परंतु उसके वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन व पूर्ति में वृद्धि या हो पाए। इस स्थिति का कुछ प्रभाव देश ही अर्थव्यवस्था पर आर्थिक विषमता, कम बचत, राजनैतिक अराजकता और अनैतिकता आदि के रूप में परिलक्षित होता है। परंतु किसी भी देश के आर्थिक विकास में इसकी में इसकी सिमित मात्रा में उपस्थिति आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था पर अनुकुल प्रभाव डालती है और देश आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसित होता है।

शब्द कुंजी – मुद्रास्फीति।

प्रस्तावना – हर विकसित देश व आर्थिक विकास की प्रक्रिया में संलग्न होता है तो उसे मुद्रा स्फीति से अक्षूता रहा है यहाँ भी लगातार मुद्रा स्फीति अर्थात् कीमतों में वृद्धि की प्रवृत्तियाँ देखी जा रही है। जिसका कारण मांग पक्ष की ओर से जन संख्या वृद्धि, मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि, सरकार की उदारवादी साखनीति, घाटे की वित्त व्यवस्था आदि तथा पूर्ति पक्ष की ओर से उत्पत्ति के साधनों जैसं मजदूरी, कच्चे पदार्थो के मूल्य अनुचित वितरण प्रणाली आदि है। कभी-कभी देश के क्षण व ब्याज का भार भी मुद्रा स्फीतिका कारण बनता है।

मुद्रास्फीति की माप – भारत में मुख्यत:, दो प्रकार से मुद्रा स्फीति की माप की जाती है – (CPI)

1. **उपभोक्ता मूल्य सूचंकांक –** यह मुख्यत: उपभोक्ताओं के लिए मुद्रास्फीति की माप करता है जिसका मापन शहरी क्षेत्र के लिए NSSO द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 448 वस्तुओं और सेंवाओं की गणना की जाती है।

2. **थोक मूल्य सूचकांक (WPI) –** भारत में WPI का प्रयोग मुद्रा स्फीति को मापने के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा किया जाता है यह उत्पादन के स्तर पर मुद्रा स्फीति की माप करता है इसमें 3 श्रेणी की वस्तुएँ प्राथमिक वस्तु, ईंधन और विनिर्मित कुल 697 वस्तु शामिल है।

भारत में CPI & WPI

वर्ष	CPI	WPI
2014-15	5.9	1.2
2015-16	4.9	(3.7)
2016-17	4.5	1.7
2017-18	3.6	2.9
2018-19	3.4	4.6



विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि भारत में विगत 5 वर्षो में CPI के घटने तथा WPI बढ़ने की प्रवृत्ति है। CPI किसी अर्थव्यवस्था के उपयोग व्यय को भी दर्शाता है। CPI बताता है कि उपयोग व्यय में निंरतर कमी आ रही है जिसका कारण लगातार होने वाली कीमत वृद्धि है। WPI में वर्ष 2015-16 के अलावा लगातार वृद्धि हुई 2015-16 में कमी का कारण खाद्यान्न पदार्थो की कीमत में कमी, मुल्य मुद्रा स्फीति तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट थी परंतु अन्य वर्षो में WPI बढ़ने का कारण अनाज मासालें व सब्जी में होने वाली तीव्र वृद्धि है।

निष्कर्ष – मूल्य नियंत्रित करने सरकार ने जो प्रयास किए है जो अत्यधिक प्रभाव नहीं है मुद्रापूर्ति व उत्पाद के बीच सामान्य बनाकर ही मुद्रास्फीति से निपटा जा सकता है अन्यथा आर्थिक वृद्धि व विकास के लिए किए गए सभी प्रवास धीरे-धीरे निष्फल हो जाएगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दत्तसुंदरम्, भारतीय अर्थव्यवस्था
2. मिश्र एवं पूरी, भारतीय अर्थव्यवस्था
3. डॉ.वी.सी. सिन्हा, व्यावसायिक पर्यावरण, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स
4. प्रतियोगिता दर्पण वार्षिकांक अर्थशास्त्र
5. रमेश सिंह, भारतीय अर्थव्यवस्था, मेक ग्रीव हील एजुकेशन
6. आर्थिक सर्वेक्षण 2018-19
7. अतिराम, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण

* सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

वर्तमान परिपक्ष्य में योग शिक्षा के संदर्भ में स्वामी रामदेव जी के विचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. प्रतिमा बनर्जी *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध 'वर्तमान परिपेक्ष्य में योग शिक्षा के संदर्भ में स्वामी रामदेव जी के विचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन' में विद्यार्थियों में योग की जागरूकता का अध्ययन किया गया है। शोध हेतु 4 विद्यालयों से 200 विद्यार्थियों को यादच्छिक न्यायदर्श विधि द्धारा चयन कियागया। प्रस्तुत शोध हेतु स्वनिर्मित, प्रश्नावली, अनुसूची व साक्षात्कार का प्रयोग किया गया है। सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु प्रतिशत विधि का प्रयोग कर निष्कर्ष निकाला गया कि विद्यार्थियों में योग शिक्षा के प्रति जागरूकता है, और ये योग शिक्षा प्राप्त करना चाहते है।

प्रस्तावना – 'योग' मानव के सर्वागीण विकास एव अंतिम लक्ष्य (मोक्ष) की प्राप्ति की अद्‌भुत विद्या है। 'योग' का आश्रय लेकर मानव जहॉ शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता प्राप्त करता है, वहीं उच्च आध्यामिक अनुभूतियों व आनंद की अनुभूति की ओर अग्रसर होता है।

योग मनुष्य को सकारात्मक चिंतन के प्रशस्त पथ पर लाने की एक अद्‌भुत विद्या है जिसे करोड़ो वर्षो पूर्व भारत देश के प्रज्ञावान ऋषि मुनियों ने अविष्कृत किया था। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग के रूप में इसे अनुशासन वृद्ध, सम्पादित एवं निष्पादित किया। इसी अष्टांग योग का उपदेश और अभ्यास, पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज अपने प्रवचन एवं योग प्रशिक्षण में कराते है। योगाचार्य स्वामी रामदेव जी ने गहन गुफाओं में छिपी योग शिक्षा को जनमानस में प्रचार कर महान कार्य किया है। अत: वे देश के ही नही अपितु विश्व के करोड़ो लोगों की श्रद्धा एवं आस्था के केन्द्र है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में आधुनिकता की अंधी दौड़ में भौतिकवादी व भोगवादी वृत्ति के परिणाम स्वरूप स्वार्थपरता पढ़ रही है तथा विभिन्न समस्याएं व्यक्ति व समाज में उत्पन्न हो रही है जैसे तनाव , कुठा, हिंसा व द्धेश की भावना, शारीरिक व मानसिक रोग व अशांति आदि। इन समस्याओं का पूर्ण निदान 'योग शिक्षा' के द्धारा ही संभव है।

आने वाली पीढ़ी शांति तथा सौहार्द्रपूर्ण जीवन यापन करे इसलिये योग शिक्षा की आवश्यकता है। योग शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार में स्वामी रामदेव जी का योगदान सर्वविदित है।

'योग शिक्षा' से तात्पर्य विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत औपचारिक अथवा अनौपचारिक रूप से शिक्षा के सैद्धान्तिक अथवा व्यवहारिक ज्ञान से है। स्वामी रामदेव जी का अभिमत है कि सच्ची शिक्षा योग की शिक्षा है। इससे मानसिक एवं शारीरिक थकान दूर होती है और तनमन व आत्मा प्रसन्न रहती है। स्वामी जी योगतंत्र के हिमायती है। वे धर्म और दर्शन, दोनों को शिक्षा से संदर्भित करना चाहते है। उनका मानना है कि आत्म साक्षात्कार तभी पूर्ण हो सकता है जबकि शिक्षार्थी का सर्वान्मुखी विकास हो गया हो। स्वामी रामदेव जी के शिक्षा-दर्शन में नैतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं बहुजनहिताय के विचारों का सामजस्य मिलता है। उनका शिक्षा दर्शन भारतीय संस्कृति के प्रति उदार दृष्टिकोण एवं विश्व बन्धुत्व की भावना से ओतप्रोत है।

व्यक्ति के विचारों को श्रेष्ठ बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा के द्धारा ही शिष्ट, चरित्रवान तथा स्वावलम्बी नागरिक तैयार किये जा सकते है। उनके शिक्षा दर्शन में भारतीय योग दर्शन की विचारधारा की पूर्ण अभिव्यक्ति मिलती है। शिक्षा का मूल्य उद्देश्य बालक का सर्वागीण विकास करना है किन्तु आज की शिक्षा प्रणाली में व्यक्ति का सर्वागीण विकास नही हो पाता हे। वर्तमान समय की तेज रफ्तार जिन्दगी से तनाव, कुंठा, असंतोष ही पनप रहा है। सर्वेक्षण बताते है कि बच्चें व किशोर इनके शिकार अधिक होते है।

इस समस्या के निदान हेतु स्वामी रामदेव जी द्धारा प्रचारित योग शिक्षा अवश्यंभावी है। अत: मैने इस समस्या का चयन किया-

'वर्तमान परिपेक्ष्य में योग शिक्षा के संदर्भ में स्वामी रामदेव जी के विचारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन'

उद्देश्य – उद्देश्य का निर्धारण किये बगैर कोई भी कार्य नही हो सकता है। वास्तव में प्रत्येक क्रिया और कार्य में कोई न कोई उद्देश्य अवश्य होता है। प्रस्तुत शोघपत्र में अध्ययन एवं आंकड़ों के संग्रहण के समय जिन उद्देश्यों को ध्यान में रखा गया, वे निम्नलिखित है:-

1. स्वामी रामदेव जी जैसे महान दार्शनिक व शिक्षाशास्त्री के जीवन से परिचित होना
2. स्वामी रामदेव जी के शैक्षणिक विचारों का अध्ययन करना।
3. स्वामी रामदेव जी द्धारा संचालित विविध सेवा प्रकल्पों से परिचित होना।
4. वर्तमान भारतीय शिक्षा व समाज के लिए स्वामी रामदेव जी के शैक्षणिक विचारा की प्रासंगिकता व उपयोगिता पर तार्किक विचार करना।
5. विद्यार्थियो में योग शिक्षा एवं स्वामी रामदेव जी के विचारों के महत्व व प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिसीमा – परिसीमा के अंतर्गत मैने सतना शहर के 4 विद्यालयों का चयन किया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय से 50 विद्यार्थियों का चयन देव निदर्शन (यादच्छिक) के आधार पर किया। इस तरह कुल 200 विद्यार्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार, अनुसूची के

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई।

शोध प्रश्न :

1. क्या योग शिक्षा के विकास में स्वामी रामदेव जी का महत्वपूर्ण योगदान है?
2. क्या योग शिक्षा के संदर्भ में स्वामी रामदेव के विचार छात्रों को उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं?
3. क्या योग शिक्षा (आसन एवं प्राणायाम) के द्वारा छात्र मानसिक रूप से स्वस्थ्य होकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण होते है?
4. क्या योग शिक्षा से स्व अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है?
5. क्या योग शिक्षा के माधम से छात्रों में उत्तम चरित्र का विकास होता है?
6. क्या योग शिक्षा के माध्यम से छात्र अपनी संस्कृति से परिचित होते है?
7. क्या योग शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों मं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है?
8. क्या योग शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में दया, प्रेम भाईचारे की भावना का विकास होता है?
9. क्या योग शिक्षा के माध्यम से छात्रों में आध्यात्मिक अभिरूचि विकसित होती है?

उपकरण – अपने शोध प्रश्नों के समाधान हेतु शोधकर्ता जिन अधारभूत साधनों का उपयोग करता है वे ही शोध के उपकरण कहलाते है।

प्रस्तुत शोध कार्य में मैने स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया।

इस उपकरण को 9 खण्डों में विभाजित कर कुल 42 प्रश्नों का प्रयोग किया गया। इसमें दो खाने बने है। सही उत्तर ही केलिए (V) का चिन्ह लगाना है। यदि उत्तर नही में है तो नही के आगे (X) का निशान लगाना है।

निष्कर्ष :

1. कुल 200 विद्यार्थियों में 93 प्रतिशत छात्रों को योग शिक्षा की जानकारी है।
2. 90 प्रतिशत विद्यार्थी इस मत को स्वीकार करते है कि योग शिक्षा के संदर्भ में स्वामी रामदेव के विचार छात्रों को उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते है।
3. 80 प्रतिशत छात्रों के अनुसार योग शिक्षा (आसन एवं प्राणायाम) के द्वारा छात्र मानसिक रूप से स्वस्थ होकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण होते है।
4. 77 प्रतिशत छात्रों के अनुसार योग शिक्षा से स्वअनुशासन की भावना उत्पन्न होती है।
5. 78 प्रतिशत छात्रों के अनुर योग शिक्षा के माधम से छात्रों में उत्तम चरित्र का विकास होता है।
6. 69 प्रतिशत छात्रों के अनुसार योग शिक्षा के माध्यम से छात्र अपनी संस्कृति से परिचित होते है।
7. 76 प्रतिशत विद्यार्थियों के मतानुसार में योग शिक्षा के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है।
8. 67 प्रतिशत विद्यार्थियों के अनुसार योग शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में दया, प्रेम व भाईचारे की भावना का विकास होता है।
9. 73 प्रतिशत छात्रों के अनुसार योग शिक्षा के माध्यम से आध्यामिक अभिरूचि विकसित होती है।

अत: स्पष्ट है कि 'योग शिक्षा' के माध्यम से भारतीय शिक्षा व्यवस्था में आमूल परिवर्तन हो सकता है। सामाजिक स्तर की समस्या में सुधार किया जा सकता है। योगासन एवं प्राणायाम तथा आयुर्वेदिक औषधियों के प्रयोग से 'स्वस्थ्य नागरिक, स्वस्थ्य भारत व स्वथ्य विश्व' का निर्माण संभव है।

आगामी अध्ययन के लिए सुझाव – प्रस्तुत लघु शोध के निष्कर्षो के परिप्रेक्ष्य में कतिपय ऐसे क्षेत्र और पहलू उभरते है, जिन पर सम्पर्क अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत होती है। इस दृष्टि से भावी अध्ययन निमित्त कतिपय सुझाव निम्नांकित है:–

1. स्वामी रामदेव जी की यौगिक विचारधारा तथा शिक्षा और समाज पर उसका प्रभाव।
2. योग, आयुर्वेद व दर्शन के क्षेत्र में स्वामी जी का योगदान।
3. स्वामी रामदेव जी का लेखन और साहित्य तथा भारतीय शिक्षा और समाज के लिए उसकी उपयोगिता।
4. स्वामी रामदेव जी के राश्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय अववोध।
5. योग शिक्षा के अध्ययन की आवश्यकता।
6. विशिष्ट आवासीय योग विज्ञान शिविर का प्रभाव।
7. विद्यार्थियों के लिये योग शिक्षा का स्वरूप।

भावी अनुसंधानकर्ताओं को उपरोक्त विषयों पर समुचित अध्ययन करना चाहिए तथा मूल्यांकन करना चाहिए कि स्वामी रामदेव जी के योग शिक्षा सम्बन्धी विचार किस हद तक लोगों के लिए कारगर सिद्ध हो रहे है। उनके द्वारा विभिन्न विषयों पर किये गये विचारों को गहराई से जानने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान सामान्य शिक्षा संस्थाओं में स्वामी रामदेव जी के विचारों को प्रयोग करके देखना चाहिए तथा उनके परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिए। इस प्रकार का शोध कार्य एक विशिष्ट विचार उदाहरणार्थ नैतिक शिक्षा को लेकर शिक्षकों द्वारा क्रियात्मक अनुसंधान भी किया जासकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. स्वामी रामदेव (2007)– योग साधना एवं योग चिकित्सा रहस्य य दिव्य प्रकाशन, दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार।
2. आचार्य बालकृष्ण (1992–93) – 'योग संदेश', दिव्य प्रकाशन, दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार
3. हरिभूमि न्यूज (सोनीपथ)– 26.10.2018
4. शुक्ल, एस0एम0 व सहाय, एस0पी0 2018 सांख्यकी के सिद्धान्त साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
5. सक्सेना , सरोज (2014)– शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार, साहित्य प्रकाशन, हास्पिटल रोड, आगरा
6. अग्रवाल, जे0सी0 (2003)– शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबंध, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा

****

भारतीय कर प्रणाली का आलोचनात्मक अध्ययन

डॉ. प्रतिमा बनर्जी *

प्रस्तावना – भारत एक विकासशील देश है। विकासशील देशों में कर प्रणाली के लक्षणों एवं ढांचे पर विचार करते समय, विनियोग को प्रोत्साहन करना तथा आर्थिक असमानताओं को दूर करना प्रमुख उद्देश्य होता है। कर प्रणाली पर किसी भी देश की लोक वित्त व्यवस्था निर्भर करती है। आदर्श कर प्रणाली वह है जो निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक हो। कर नीति का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में स्थिरिता बनाए रखना और आर्थिक उतार चढ़ाव को रोकना होना चाहिए।

सरकार की आय के साधनों में करो का महत्वपूर्ण स्थान है। सरकार के कर्तव्यों में वृद्धि होने से सार्वजनिक व्यय की मात्रा निरन्तर बढ़ती जा रही है जिसको पूरा करने के लिए सरकार द्धारा जनता पर विभिन्न प्रकार के कर लगाए जाते है। कर के सम्बन्ध में कहा जाता है –'कर लगाने की कला एक बड़ी शक्ति है जिस पर समूचे राष्ट्र का तानाबाना आधारित होता है। किसी राष्ट्र के अस्तित्व और समृद्धि के लिए यह उतना ही आवश्यक है जितना कि एक व्यक्ति के श्वास लेने के लिए वायु की आवश्यकता होती है।' प्रो0लर्नर ने कहा है कि 'करारोपण का एक मात्र उद्देश्य देशों में आर्थिक यानी उत्पादन वितरण एवं उपयोग सम्बन्धी क्रियाओं के आकार को नियमित करना ही होना चाहिए।' विकसित देशों द्धारा विकसित कर प्रणाली और ढॉचा , विकासशील देशों के लिए उपयुक्त नही होता है। राजस्व मे कर की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कर राजस्व – म0प्र0के वर्ष 2019-2020 की कुल 179353.75करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्तियों में से 129029.55 करोड़ रूपये कर राजस्व द्धारा प्राप्त होना अनुमानित है। निम्न तालिका में कर राजस्व के प्रमुख शीर्षो का योगदान दर्शाया गया है:

करोड़ रूपये में

कर राजस्व केप्रमुख शीर्ष	2017-2018 (लेखा)	2018-2019 (पुनरीक्षित अनुमान)	2019-2020 (आय-व्यय का अनुमान)
आय एवं व्यय पर करनिगम कर, होटल प्राप्ति कर, आय तथा व्यय पर अन्य कर	29058.64	33243.92	38345.16
सम्पत्ति और पूँजी गत लेनदेनों पर कर भूराजस्व, स्टैम्प तथा पंजीकरण शुल्क , धनकर, किसी भूमि से भिन्न अचल सम्पत्ति पर कर	5922.75	6449.44	8249.44
वस्तुओ और सेवाओं पर कर केन्द्रीय जीएसटी,राज्य जीएसटी, समेकित जीएसओ,सीमा तथा संघ उत्पाद शुल्क, राज्य उत्पाद शुल्क,बिक्री व्यापार आदि पर कर, सेवा कर विद्युतकर आदि	60682.53	70564.53	82429.95
कुल योग	95663.92	110257.89	29024.55

भारतीय कर प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं निम्न लिखित है:

1. भारतीय कर ढॉचा एक बहु कर प्रणाली का रूप है जिसमे प्रत्यक्ष व परोक्ष करों को समायोजित किया गया है।
2. भारतीय कर व्यवस्था निरंतर अधिकतम सामाजिक लाभ प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। यहॉ सरकार नया कर लगाने या पुराने करों में परिवर्तन करते समय इस बात को सदा ही ध्यान में रखती है कि इन करों से कोई विपरीत प्रभाव देश के उत्पादन, वितरण व आर्थिक साधनों पर न पड़े।
3. भारत मे कर प्रगतिशील है जिसका सर्वोत्तम उदाहरण आयकर है। इसके अन्तर्गत धनिक वर्ग को अधिक कर व निर्धनवर्ग को कम कर देने पड़ते है।
4. करों की वसूली में मितव्ययिता का गुण विद्यमान है।
5. निजी बचत और पूजी को प्रात्साहित करने के लिए कर नियमों को उदार बनाया गया है, इसमें कर प्रेरक सुविधायें उपलब्ध है, उदाहरणार्थ- जीवन बीमा प्रीमियम (किस्त) , सामान्य भविश्यनिधि व पब्लिक प्राविडेन्ट फण्ड (पीपीएफ) मे जमा किये गये धन पर कर में छूट का लाभ मिलता है।
6. कर प्रणाली में उत्पादकता का गुण है।
7. कर प्रणाली में निश्चितता है। कर की मात्रा, समय व स्थान निश्चित है जिसके लिए करदाता की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। आयकर, कर्मचारी के वेतन मेसे ही प्रतिमाह ले लिया जाता है।
8. भारतीय कर्ज प्रणाली लोचपूर्ण है ताकि संकट के समय यथा संभव आय की पूर्ति की जा सके।
9. भारत में प्रत्यक्षकर अमीर व गरीब की खाई को पाटने की दिशा में अग्रसर है जबकि अप्रत्यक्षकर अनुपातिक है। इस प्रकार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्षकरों का उचित समन्वयन है।
10. भारत में गैर किसी क्षेत्र में अत्यधिक कर भार है।
11. भारतीय कर प्रणाली में अप्रत्यक्षकरों पर अधिक निर्भरता है। यह मूल्य वृद्धि का प्रमुख कारण है।

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

भारतीय कर प्रणाली के दोष :

1. भारतीय कर व्यवस्था में न्यायशीलता का अभाव है । यहॉ पर अप्रत्यक्षकरों की अधिकता है तथा प्रतिवर्ष इनमें लगातार वृद्धि हो रही है इससे निर्धन व्यक्तियों पर करों का भार बढ रहा है जबकि धनियों पर भार अपेक्षाकृत कम ही पड़ रहा है।
2. भारतीय कर प्रणाली का दूसरा दोष यह है कि करों को लगाने में व उनको एकत्रित करने की सरकारी व्यवस्था अकुशल है जिससे अरबों रूपयों के करों की चोरी होती है।
3. देश की राष्ट्रीय आय मे करों का योगदान लगभग 17 प्रतिशत है जो बहुत ही कम है जबकि फ्रान्स में 39 प्रतिशत, जर्मनी में 35 प्रतिशत, स्वीडन में 41 प्रतिशत , ब्रिटेन में 35 प्रतिशत है।
4. भारतीय कर व्यवस्था में वैज्ञानिक स्वरूप का अभाव है। एक ही वस्तु या सम्पत्ति पर केन्द्र व राज्य दोनों ही कर लगाते है। कर लगाते समय उनके प्रभाव का पूर्ण अध्ययन नही किया जाता है।
5. केन्द्र व राज्यों की वित्तीय प्रणाली में समन्वय का अभाव पाया जाता है। वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्र व राज्यों के मध्य वित्तीय साधनों का बटवारा किया जाता है। राज्यों के आय के साधन बेलोचदार है तथा उन्हें अधिकाधिक मात्रा में केन्द्र पर निर्भर रहना पड़ता है।
6. भारत मे करों की चोरी वृहद् मात्रा में होती है इसका प्रमुख कारण, सरकारी कर्मचारियों मे कर्तव्यनिष्ठा का अभाव जनसाधारण में नैतिकता की कमी, ईमानदार करदाताओं में प्रोत्साहन का अभाव व कर प्रशासन की अकुशलता है।
7. हमारी कर प्रणाली का एक दोष यह है कि इसमें उत्पादकता का अभाव है क्योकि करों से प्राप्त आय का एक बहुत बड़ा अंश नागरिक सुरक्षा व प्रशासन पर व्यय हो जाता है जबकि उत्पादक कार्यो के लिए धन कम मात्रा में ही बच पाता है।
8. भारत मे करों को एकत्रित करने में भारी व्यय किया जाता है। यही नही, इस व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रत्यक्षकरों का वसूली व्यय लगभग 15 प्रतिशत है जो अन्य विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है।
9. भारत में करों की दरे काफी अधिक है जिससे विनियोग की प्रेरणा पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए यहॉ पर व्यक्तिगत आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत है जो अन्य विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है।
10. यहॉ पर सीमित व्यक्तियों द्वारा ही कर का भुगतान किया जाता है जोकि अर्थव्यवस्था के विकास में बाधक है।

भारतीय कर प्रणाली के सुधार हेतु सुझाव – भारतीय कर प्रणाली के दोषों को दूर करने के लिए निम्न सुझाव प्रस्तुत किये जाते है:–

1. कर संरचना और कर नियमों को सरल करना चाहिए।
2. सार्वजनिक व्यय का अधिकतम लाभ निर्धनों को मिलना चाहिए।
3. करों के ढॉचे में इस प्रकार परिवर्तन किया जाय कि राष्ट्रीय आय बढ़ने के साथ–साथ करों से प्राप्त आय में वृद्धि हो सके।
4. प्रेरणादायक कर प्रणाली होनी चाहिए ताकि उत्पादन व बचत दोनों को प्रेरणा मिल सके और आर्थिक योजनाए सफलतापूर्वक संचालित की जा सके।
5. कर प्रशासन की कुशलता में वृद्धि होनी चाहिए जिससे कि न केवल करों की चोरी ही रूके, बल्कि कर दाता सही मात्रा में कर देना प्रारम्भ कर दे एवं करो के एकत्रण में होने वाले व्ययों में कमी की जा सके।
6. परोक्षकरों के स्थान पर प्रत्यक्ष करों को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे कि धनिक वर्ग पर करों का अधिक भार पड़ सके।
7. कर प्रणाली में इस प्रकार फेर बदल किया जाना चाहिए कि व्ययों पर रोक लग सके, उपभोग में कमी हो सके, मुद्रास्फीति की प्रवृत्तियॉ अंकुश में रहें तथा बचत व विनियोग को प्रोत्साहन मिल सके।
8. भारत मे प्रतिगामी कर प्रणाली को समाप्त कर देना चाहिए एवं आवश्यक वस्तुओं पर कम से कम तथा विलासिता की वस्तु पर अधिक से अधिक कर लगाये जाने चाहिए। सिंचाई कर को कम से कम लगाया जाना चाहिए।
9. भारत सरकार को समय समय पर विभिन्न करों का उपभोग एवं उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना चाहिए जिससे कि यदि उन करों का प्रभाव प्रतिकूल पड़ रहा हो तो उनमें आवश्यक संशोधन किया जा सके और भारी हानि से बचा जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लोक वित्त, डॉ.डी.एन.गुर्टू, कालेज बुक डिपो, जयपुर
2. लोक वित्त, एच.एल.भाटिया
3. भारतीय अर्थशास्त्र, वी.सी.सिन्हा, एस.बी.पी.डी. पब्लिशिंग हाउस,आगरा, उ.प्र.
4. लोक वित्त, डॉ.पवन मिश्रा व डॉ.प्रभा मिश्रा म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल
5. राजस्व, आर.के.महेश्वरी

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

मध्यप्रदेश सरकार के लोक ऋणों की अनुकूलता का अध्ययन

डॉ. सी. पी. पँवार *

प्रस्तावना – सामान्यत: ऋण की प्रकृति दीर्घकालीन होती है, फलस्वरुप भविष्य में बोझ बनती है और आर्थिक संकट का कारण भी बनती हैं किंतु जब लोक-ऋणों के संदर्भ में अध्ययन किया जाये तो यह आवष्यक नही की वै सदैव बुरे हो। योजनाबद्ध व्यय और पूंजी निवेश के रुप में ऋण दीर्घकाल में फायदेमंद साबित होते है। अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिये विकासशील देश आर्थिक प्रक्रिया को तीव्र करने के लिये जहाँ ऋण का सहारा लेते है, वही विकसित देशों में सार्वजनिक ऋण आर्थिक स्थिरता लाने वाला महत्वपूर्ण साधन है। निवेशक लोक-ऋण इसलिये अधिक पसंद करते है क्योंकि इनमें विश्वसनीयता अधिक तथा जोखिम न्यूनतम होती है, भले ही ब्याज दर कम हो। सरकार जरुरत न होने पर भी लोक-ऋण प्राप्त कर सकती है, अर्थात मुद्रा स्फीति एवं मंदी के दौरान आर्थिक नीति के क्रियान्वयन में उधार ले सकती है। आमतौर पर राज्य सरकारें अपनी आय और व्यय के बीच अंतर को पूरा करने के लिये ऋण लेती है। प्राय: सरकारें योजना व्ययों को पूरा करने के लिये ऋण लेती है। योजनागत व्यय - पूँजीगत व्यय के रुप में होते है, उत्पादक होते है, राज्य के राजस्व को बढ़ाने में मदद करते है और आर्थिक विकास को गति प्रदान करते है। म.प्र. जैसे राज्य में जहाँ प्राकृतिक संसाधन, खनिज संसाधन आदि प्रचुर मात्रा में है परंतु पूंजी की कमी आर्थिक विकास में बाधक बनती है, बचतों के अभाव पूंजी निर्माण नहीं हो पाता। अत: लोक-ऋण नागरिकों में बचत की क्षमता बढ़ातें है व पूंजी निर्माण में भूमिका निभाते है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में म.प्र. सरकार के लोक ऋणों की अनुकूलता का अध्ययन कुछ विशिष्ट मापों यथा राज्य सकल घरेलु उत्पाद, पूंजीगत व्यय, लोक ऋणो की ब्याज दर व राज्य की आर्थिक विकास दर के आधार पर किया।

अध्ययन के उद्देश्य – अध्ययन के निम्नलिखित तीन उद्देश्य रहे-

1. लोक ऋणों की राज्य सकल घरेलु उत्पाद से तुलनात्मक प्रवृत्ति ज्ञात करना।
2. लोक ऋणों की पूंजीगत व्यय से तुलना करना।
3. लोक ऋणो की ब्याज दर व राज्य की आर्थिक विकास दर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन अवधि – अध्ययन अवधि वर्ष 2006-07 से 2015-16 तक कुल 10 वर्ष की रही।

लोक ऋणों की अनुकूलता का अध्ययन व विश्लेषण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में लोक ऋणों की स्थिति इनकी उपादेयता तथा इनके आर्थिक प्रभावों का अध्ययन निम्नलिखित तीन विशिष्ट मापों के आधार पर किया गया है -

1. कुल ऋण - राज्य सकल घरेलु उत्पाद अनुपात – राज्य की कुल देनदारियाँ/कुल ऋण की प्रवृत्ति को राज्य के सकल घरेलु उत्पाद अनुपात से तुलना करके ऋण साधनो की कार्यकुशलता को मापा गया है। समावेशी आर्थिक विकास की अवधारणा को पूर्ण करने हेतु सकल घरेलु उत्पाद में तीव्र वृद्धि आवश्यक है तथा यह राजकोषीय नीति का प्रमुख लक्ष्य भी होता है। सकल घरेलु उत्पाद की वृद्धि में आधारभूत संरचनात्मक पूंजीगत व्ययों के रुप में लोक-ऋणों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कुल ऋणों से सकल घरेलु अनुपात की घटती हुई प्रवृत्ति अच्छी मानी जाती है। राज्य की कुल देनदारियाँ भी राजकोषीय नीति द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर होनी चाहिये। तालिका 1 तथा ग्राफ 1 व 2 लोक-ऋण-सकल घरेलु उत्पाद अनुपात की प्रवृत्ति को प्रदर्शित करते है। तालिका 1 के अनुसार कुल ऋणों में अध्ययन अवधि में 234 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि सकल घरेलु उत्पाद में यह वृद्धि की प्रवृत्ति 473 प्रतिशत रही। इसका परिणाम यह रहा कि इस अनुपात में वर्ष 2006-07 से निरन्तर गिरावट की ओर प्रवृत्त हुई। अंतिम तीन वर्षो में गिरावट की यह प्रवृत्ति स्थिर रही। इस प्रकार इस अवधि में आधारभूत संरचनात्मक विकास में कुल ऋणों के रुप में वर्ष 2015 तक 1,13,160 करोड़ रुपये का निवेश किया गया तथा इस अवधि में राज्य सकल घरेलु उत्पाद बढ़कर 6,07,269 करोड़ रुपये हो गया। यह स्थिति लोक ऋणों की आर्थिक विकास में भूमिका को प्रदर्शित करती है। यह स्थिति प्रदर्शित करती है कि अध्ययन अवधि के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था पर ऋणों का भार 37.62 प्रतिशत से घटकर 18.63 प्रतिशत हो गया अर्थात सकल घरेलु उत्पाद के मुकाबले ऋण भार में 50 प्रतिशत कमी हुई। यह प्रवृत्ति ऋण साधनों के अनुकुलतम उपयोग को प्रदर्शित करती है। इस अनुपात को ग्राफ 1 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है। जिसमें सकल घरेलु उत्पाद की ग्राफ रेखा कुल ऋणों की ग्राफ रेखा की तुलना में ऊंची दिशा की ओर प्रवृत्त हो रही है। इस अनुपात को ग्राफ 2 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें सकल घरेलु उत्पाद अनुपात से देनदारियों का अनुपात निरन्तर कम होता हुआ प्रदर्शित हो रहा है।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

ग्राफ 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

ग्राफ 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

2. लोक ऋण -पूंजीगत व्यय अनुपात – राज्य की राजकोषीय नीति का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य राज्य में पूंजीगत व्ययों को बढ़ाना है ताकि सामाजिक विकास एवं भौतिक अधोसंरचना में विकास किया जा सके। पूंजीगत व्ययों के निवेश से राज्य की अर्थव्यवस्था की उत्पादकता को आधार तथा बढ़ावा मिलता है एवं निजी पूंजी निवेश को आकर्षित करने में भी सहायता मिलती है। विकासशील अर्थव्यवस्था में सरकारों की राजस्व

*सह-प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

प्राप्तियां इतनी नही होती है कि वे अपने चालू खर्चो को पूरा करने के बाद शेष राषि अर्थात राजस्व आधिक्य से विकास कार्य कर सके। इसलिये सरकारें विकास की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर वित्तीय संस्थाओं एवं बाजार से ऋण प्राप्त करती है। इस ऋण का उपयोग अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिये किया जाये तो विकास की गति के साथ साथ प्राप्त होने वाले अतिरिक्त राजस्व से ऋणों की अदायगी तथा उस पर देय ब्याज का भुगतान भी आसानी से किया जा सकता है। तालिका 2 एवं ग्राफ 3 द्वारा लोक ऋण- पूंजीगत व्यय अनुपात की प्रवृत्ति को प्रदर्शित किया गया है। तालिका के अनुसार वर्ष 2006-07 में लोक-ऋण पूंजीगत परिव्ययों के 55.54 प्रतिशत थे जिसमें अध्ययनकाल में उच्चावचन की प्रवृत्ति रही व वर्ष 2015-16 में इनका औसत अनुपात 80.27 प्रतिशत था। सर्वाधिक न्यूनतम अनुपात वर्ष 2011-12 में 14.55 प्रतिशत था। इसका अध्ययन करने पर पाया कि सर्वाधिक पूंजी व्यय ों की मात्रा रुपये 24919.41 करोड़ रुपये इसी अध्ययन वर्ष में दर्शाई गई थी जिसके कारण यह अनुपात सर्वाधिक न्यून रहा। इस वर्ष में सर्वाधिक पूंजीगत प्राप्तियों का कारण विद्युत वितरण कम्पनियों को दिये गये ऋण रुपये 6693 करोड़ रुपये का समायोजन होना भी रहा। निष्कर्ष रुप में लोक ऋणों की तुलना में पूंजीगत व्ययों पर यह वृद्धि राजस्व आधिक्य में परिणामस्वरुप रही जिसमें पूंजी निवेश हेतु ऋणों पर निर्भरता कम होकर पूंजीगत व्ययों में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित हुई है। पूंजीगत प्राप्तियों में ऋणों का कम अथवा संतुलित होना ऋण एवं पूंजी साधनों के अनुकुलतम उपयोग को प्रदर्शित करता है। इस अनुपात को ग्राफ 3 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें अध्ययन अवधि में इस अनुपात में उच्चावचन की स्थिति रही। वर्ष 2011-12 के पष्चात निरन्तर पूंजीगत व्यय ों से लोक ऋणों का अनुपात बढ़ता हुआ प्रदर्शित हो रहा है।

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

ग्राफ 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

3. लोक-ऋणों की ब्याज दर व राज्य विकास दर की तुलना - राज्य की राजकोषीय नीति का मूल उद्देश्य राज्य का आर्थिक विकास करना तथा राज्य के समस्त नागरिकों को विकास की प्रक्रिया से जोड़ना है। सक्रिय उद्योग नीति, निवेश नीति तथा कृषि हेतु प्रगतिशील योजना बनाकर कार्य करने से राज्य की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होती है। केंद्रीय करों में राज्यों के हिस्से से संभावित कमी की पूर्ति ऋण साधनों के उचित संयोजन द्वारा पूरी की जा सकती है। विकास दर को निरन्तर कायम रखने में वित्ता के कर एवं करेत्तार राजस्वों के अलावा ऋण साधनों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। अत: ऋण साधनों के योगदान को आर्थिक विकास दर से भी मापा जा सकता है। इस दृष्टि से यदि राज्य की आर्थिक विकास दर ऋण साधनों की लागत से अधिक है तो यह स्थिति ऋण साधनों के अनुकुलतम प्रयोग का प्रदर्शन होगा।

सरकार की ऋण प्रबंधन नीति का मुख्य उद्देश्य ऋणों के पुनर्भुगतान के साथ साथ ऋणों की लागत को भी न्यूनतम करना होता है। इस दृष्टि से वह प्रतिवर्ष अनुकुलतम ऋण पोर्टफोलियों का चयन करती है व ऋण लागत को नियंत्रित करने का प्रयास करती है। इस संबंध में सरकार की ऋण नीति राजकोषीय नीति तथा वित्त आयोग की अनुशंसाओं का भी ध्यान रखा जाता है। वर्ष 2003 में लागू ऋणों के अंतरण की योजना ब्याज लागत नियत्रंण का ही एक भाग थी। लोक-ऋणों की ब्याज दर व राज्य विकास दर की तुलनात्मक प्रवृत्ति की स्थिति तालिका 3 एवं ग्राफ 4 द्वारा प्रदर्शित की गई है। तालिका 3 दर्शाती है कि सरकार के लोक-ऋणों की ब्याज दर अध्ययन के विभिन्न वर्षो में न्यूनतम 7.64 प्रतिशत व अधिकतम 8.69 प्रतिशत रही। अध्ययन के अंतिम वर्ष में यह कम होकर 8.20 प्रतिशत प्रतिवर्ष रही। औसत ब्याज दर 8.40 प्रतिशत रही। अध्ययन के वर्षो में ब्याज दर की दीर्घकालीन प्रवृत्ति गिरावट की रही। राज्य विकास दर वर्ष 2007-08 व 2010-11 को छोड़कर शेष वर्षो में 8-10 प्रतिशत के बीच रही। वर्ष 2010-11 में व वर्ष 2011 से इसमें निरन्तर वृद्धि दर्ज हुई। औसत विकास दर 9 प्रतिशत रही। ग्राफ 4 के अनुसार राज्य की विकास दर में दीर्घकालीन वृद्धि की प्रवृत्ति प्रदर्शित हो रही है। जबकि लोक-ऋणों पर ब्याज दर की प्रवृत्ति अंशत: गिरावट की ओर दर्ज होकर एक निश्चित दायरे में स्थित हुई है। कुल मिलाकर लोक-ऋणों की ब्याज दरें विकास दर से कम है जो यह प्रदर्शित करती है कि सरकार द्वारा लिये गये ऋण संसाधनों की उपयोगिता आर्थिक विकास दर की संवृद्धि को बनाये रखने में महत्वपूर्ण साबित हुई है।

तालिका 3 : लोक-ऋणों की ब्याज दर एवं राज्य विकास दर की तुलनात्मक स्थिति

वर्ष	ऋण ब्याज दर	राज्य विकास दर
2006-07	8.35	9.23
2007-08	7.64	4.69
2008-09	8.47	12.47
2009-10	8.56	9.56
2010-11	8.58	6.31
2011-12	8.62	8.54
2012-13	8.59	8.70
2013-14	8.43	9.48
2014-15	8.69	10.19
2015-16	8.20	10.16
Average	8.40	9.00

ग्राफ 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

निष्कर्ष - शोध अध्ययन के निष्कर्ष इस प्रकार रहे।

1. सकल घरेलु उत्पाद की वृद्धि में आधारभूत संचरनात्मक पूंजीगत व्ययों के रुप में लोक ऋणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह अनुपात ऋण संसाधनों की कार्यकुषलता को मानता है। यह अनुपात घटता हुआ अच्छा माना जाता है। वर्ष 2006-07 में कुल ऋण राज्य सकल घरेलु उत्पाद के अनुपात में 37.62 प्रतिशत थे जो वर्ष 2015-16 में कम होकर 18.63 प्रतिशत रह गये अर्थात सकल घरेलु उत्पाद के मुकाबले ऋण भार मे 50 प्रतिशत की कमी हुई। इस दृष्टि से राज्य का यह अनुपात ऋण संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग को प्रदर्शित करता है।
2. लोक ऋण- पूंजीगत व्यय - यह अनुपात कुल पूंजी व्ययों में शुद्ध लोक ऋणों के अंशदान को प्रदर्शित करता है। इस दृष्टि से म.प्र. के पूंजीगत व्ययों की मात्रा लोक ऋणों से पर्याप्त अधिक रही। अध्ययन के प्रथम वर्ष में लोक ऋण पूंजीगत व्ययों के 55.54 प्रतिशत थे जिनमें अध्ययन अवधि में उच्चावचन की प्रवृत्ति रही तथा वर्ष 2015-16 की स्थिति में बढ़कर 80.27 प्रतिशत रहे। पूंजीगत व्ययों में संसाधनों का अनुपात कम होना अथवा संतुलित होना ऋण एवं पूंजी साधनों के अनुकूलतम तथा मितव्यय ता पूर्ण उपयोग को प्रदर्शित करता है।
3. राज्य की विकास दर लोक ऋणों की ब्याज दर से अधिक होने पर ऋण साधनों का प्रयोग लाभदायक माना जाता है। इस दृष्टि से लोक

ऋणों की ब्याज दर में दीर्घकालीन ब्याज दर की प्रवृत्ति रही जबकि विकास दर में उच्चावचन के साथ वृद्धि की प्रवृत्ति रही। वर्ष 2011-12 से ब्याज दरों में निरन्तर कम होना तथा विकास दर में निरन्तर वृद्धि होना यह प्रदर्शित करता है कि विकास दर बढ़ाने में ऋण साधनों की भूमिका उपयोगी रही।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. सरकार के बजट प्रतिवदेन वर्ष 2008-09 से 2015-16
2. आर्थिक समीक्षा 2012-13 से 2015-16
3. Statistical Year of Book of India, 2015
4. बारहवें वित्ता आयोग की रिपोर्ट
5. तेरहवें वित्ता आयोग की रिपोर्ट
6. चौदहवें वित्ता आयोग की रिपोर्ट
7. वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग की रिपोर्ट, 2013, वित्त मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

तालिका 1 : म.प्र. सरकार का कुल ऋण - राज्य सकल घरेलु उत्पाद अनुपात

वर्ष	कुल ऋण (करोड़ रूपये)	प्रवृत्ति प्रतिशत	राज्य सकल घरेलु उत्पाद (करोड़ रूपये)	प्रवृत्ति प्रतिशत	कुल ऋण (प्रतिशत)
2006-07	48226	100	128202	100	37.62
2007-08	50118	104	142500	111	35.17
2008-09	54912	114	162525	127	33.79
2009-10	61532	128	216958	169	28.36
2010-11	67198	139	271681	212	24.73
2011-12	71478	148	315387	246	22.66
2012-13	77414	161	361874	282	21.39
2013-14	83898	174	450900	352	18.61
2014-15	94979	197	508006	396	18.70
2015-16	113160	235	607269	474	18.63

ग्राफ 1 : कुल ऋण - राज्य सकल घरेलु उत्पाद की तुलनात्मक स्थिति



ग्राफ 2 : कुल ऋण– राज्य सकल घरेलु उत्पाद अनुपात की तुलनात्मक स्थिति (प्रतिशत में)



तालिका 2 : लोक-ऋणों का कुल पूंजीगत व्ययों से प्रतिशत

वर्ष	शुद्ध लोक-ऋण	प्रवृत्ति प्रतिशत	पूंजीगत परिव्यय	प्रवृत्ति प्रतिशत	प्रतिशत
2006-07	2871.44	100	5169.94	100	55.54
2007-08	1693.95	59	7989.64	155	21.20
2008-09	4591.96	160	8575.34	166	53.55
2009-10	6208.46	216	11744.54	227	52.86
2010-11	4928.71	172	12516.46	242	39.38
2011-12	3600.46	125	24919.41	482	14.45
2012-13	5207.22	181	16952.16	328	30.72
2013-14	5536.18	193	15892.4	307	34.84
2014-15	10148.19	353	24713.26	478	41.06
2015-16	17622.54	614	21954.06	425	80.27

ग्राफ 3 : लोक-ऋणों के पूंजीगत व्ययों से प्रतिशत की स्थिति



ग्राफ 4 : लोक–ऋणों की ब्याज दर एवं राज्य विकास दर की तुलनात्मक प्रवृत्ति



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

मध्यप्रदेश सरकार के लोक ऋणों की भुगतान प्रवृत्ति का अध्ययन

डॉ. सी. पी. पँवार *

प्रस्तावना – लोक ऋण अथवा सार्वजनिक ऋण विश्व में जनतंत्रीय सरकारों के साथ व्यवहार में आया है। वर्तमान समय में लोक ऋण बढ़ते हुये सार्वजनिक व्ययों के वित्त पोषण का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बन गया है। सरकारें निरन्तर बढ़ रहे लोक व्ययों को पूरा करने के लिये केवल करारोपण पर ही आश्रित नही हो सकती है। कई परियोजनाएं ऐसी होती है जिनका वित्त पोषण कर राजस्व की तुलना में लोक-ऋणों द्वारा किया जाना अधिक औचित्यपूर्ण होता है। अत: राज्य सरकारें अपने राजकोषीय लक्ष्यों व नियामक व्यवस्थाओं के अनुसार अपने राजकोषीय व राजस्व घाटे को नियंत्रित रखते हुए बढ़े हुए लोक व्ययों की पूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार लोक ऋण की प्राप्ति तथा उसके भुगतान का प्रबंधन करती है। सरकार को अपने द्वारा लिये गये सार्वजनिक ऋणों का निर्धारित समय में न केवल भुगतान करना पड़ता है वरन् ब्याज भी चुकाना होता है। समय पर भुगतान न होने पर बढ़ता हुआ सार्वजनिक ऋण व उसका ब्याज वित्तीय संकट का कारण बनता है। अत: ऋण उत्पादकीय कार्यो के लिये ही लिया जाना चाहिये तथा प्रतिवर्ष इसका एक निर्धारित हिस्सा नियमित भुगतान करते रहना चाहिये। प्रस्तुत शोध पत्र में म.प्र. सरकार के लोक ऋणों की भुगतान प्रवृत्ति का अध्ययन कुछ विशिष्ट मापदंडों के आधार पर किया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य – शोध अध्ययन के निम्नलिखित तीन उद्देश्य रहे –

1. लोक ऋणों तथा ब्याज की अदायगी की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
2. सरकार की राजकोषीय संवहनीयता का अध्ययन करना।
3. लोक ऋणो की प्राप्तियां एवं भुगतान की तुलनात्मक स्थिति का अध्ययन करना।

अध्ययन अवधि – अध्ययन अवधि वर्ष 2006-07 से 2015-16 तक कुल 10 वर्ष की रही।

लोक ऋणों की भुगतान प्रवृत्ति का अध्ययन व विश्लेषण – म.प्र. सरकार के लोक ऋणों के भुगतान प्रवृत्ति का अध्ययन निम्न तीन मापों के आधार पर किया गया है।

1. ऋण सेवा अनुपात – ऋण सेवा अनुपात के अंतर्गत कुल प्राप्तियों (राजस्व एवं पूंजी प्राप्तियाँ) का ऋण सेवा (ब्याज + ऋण पुर्नभुगतान) के प्रतिशत को प्रदर्शित किया गया है। राज्य के द्वारा राजकोषीय घाटे को सीमित रखने तथा ऋण के पोर्टफालियों के समुचित चयन से ब्याज भुगतान व्ययो में वृद्धि नियंत्रित रहती है। इसी प्रकार ऋणों की समय पर अदायगी ऋणो को बोझ बनने से वंचित रखती है। ऋण सेवा अनुपात तालिका 1 व ग्राफ 1 व 2 द्वारा प्रदर्शित किया गया है। तालिका 1 के अनुसार वर्ष 2006-07 में ऋण सेवा अनुपात कुल प्राप्तियों का 20.5 प्रतिशत था जिसमें निरन्तर गिरावट की प्रवृत्ति दर्ज होकर वर्ष 2015-16 में यह अनुपात कुल प्राप्तियो का 10.55 प्रतिशत रहा। उक्त अनुपात में अध्ययनकाल में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। इस गिरावट का कारण कुल प्राप्तियों में ऋण सेवा की अपेक्षा अधिक वृद्धि होना रहा। कुल प्राप्तियों में अध्ययनकाल के दौरान 471 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जबकि ऋण सेवा भुगतान में यह वृद्धि 247 प्रतिशत तक थी इसका व्युत्क्रम प्रभाव यह हुआ कि ऋण सेवा अनुपात में लगभग 50 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। बेहतर ऋण प्रबंधन के परिणामस्वरुप ऋण सेवा अनुपात में निरन्तर कमी हुई। यह अनुपात जितना कम हो उतना बेहतर माना जाता है। इस अनुपात की स्थिति को ग्राफ 1 एवं 2 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है।

ग्राफ 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

ग्राफ 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

2. राजस्व प्राप्तियाँ - ब्याज भुगतान अनुपात – राजकोषीय संवहनीयता की दृष्टि से यह अनुपात राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राजकोषीय नीति तथा राजकोषीय उत्तारदायित्व एवं प्रबंधन अधिनियम में इस अनुपात की संवहनीयता सीमा तय की जाती है। वर्ष 2015-16 के लिये इस अनुपात की लक्षित सीमा 10 प्रतिशत थी। तालिका 7.6 के अनुसार वर्ष 2006-07 में ब्याज भुगतान राजस्व प्राप्तियों का 15.68 प्रतिशत था। अध्ययनकाल में इस प्रतिशत में निरन्तर गिरावट की प्रवृत्ति दर्ज होकर वर्ष 2015-16 में 7.73 प्रतिशत तक सीमित रही। अर्थात ब्याज भुगतान में 50 प्रतिशत की स्पष्ट कमी परिलक्षित हुई। ब्याज भुगतान में इस गिरावट का कारण राजस्व प्राप्तियों की उच्च वृद्धि दर रही जो अध्ययन काल में 433 प्रतिशत तक थी। इसके मुकाबले ब्याज भुगतान की वृद्धि दर 263 प्रतिशत ही रही। परिणामस्वरुप सरकार के ब्याज दायित्व भार में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। यह स्थिति सरकार के बेहतर ऋण प्रबन्धन का परिणाम रही। राज्य के द्वारा ब्याज भुगतान व्ययों को नियंत्रित रखने का एक प्रमुख कारण ऋण पोर्टफालियों का समुचित चयन भी रहा। बारहवें वित्त आयोग की अनुषंसानुसार अध्ययन के वर्षो में ऊंची लागत वाले ऋणों का कम लागत वाले ऋणें में अंतरण भी ब्याज भुगतान की वृद्धि नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कारण रहा। सरकार की ऋण नीति का मूल उद्देश्य ऋणों की लागत व्यय को कम करना होता है। इस दृष्टि से यह अनुपात संतोषजनक स्थिति को प्रकट करता है। उक्त अनुपात की स्थिति को ग्राफ 3 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

ग्राफ 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

3. लोक-ऋणों की प्राप्तियां एवं भुगतान अनुपात – सरकार की बजट नीति अथवा राजकोषीय नीति का मूलभूत कार्य राजकोषीय

*सह-प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

सम्पोषणीयता (Fiscal sustainability) का संरक्षण करना होता है, जिसके अनुसार सरकार उसके द्धारा लिये गये ऋणों के भुगतान के प्रति सुदृढ़ होनी चाहिये। प्रतिवर्ष इसका एक निर्धारित हिस्सा नियमित भुगतान करते रहना चाहिये।

तालिका 2 ग्राफ 4 एवं 5 लोक-ऋणों की प्राप्तियों एवं भुगतान की स्थिति को प्रदर्शित करते है। तालिका 2 के अनुसार वर्ष 2006-07 में लोक-ऋणों की प्राप्तियां - भुगतान का अनुपात 37.62 प्रतिशत था जिसमें उतार-चढ़ाव के साथ अंतिम तीन वर्षो में गिरावट की प्रवृत्ति रही। ऋणों के भुगतान का सर्वाधिक 49.35 प्रतिशत अनुपात वर्ष 2007-08 में रहा, जहां लोक-ऋणों की मात्रा न्यून रही। सबसे कम अनुपात 23.40 प्रतिशत वर्ष 2015-16 में रहा जिसका प्रमुख कारण वर्ष 2015-16 में लोक-ऋणों की प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत की वृद्धि रही। जबकि भुगतान प्रवृत्ति में 9.4 प्रतिशत की गिरावट रही। ऋणों की अदायगी की दृष्टि से अंतिम दो वर्ष की स्थिति को छोड़कर शेष वर्षो में भुगतान की स्थिति संतोषजनक रही जैसा कि ग्राफ 4 में भुगतान की सीधी रेखा प्रदर्शित करती है कि सरकार द्धारा ऋणों का नियमित भुगतान किया जा रहा है। किंतु अंतिम वर्षो में ऋणों की प्राप्तियों के अनुपात में भुगतान की प्रवृत्ति में अपेक्षाकृत वृद्धि परिलक्षित नहीं होना सरकार के कमजोर रोकड़ प्रबंधन का संकेत है। इसी प्रकार ग्राफ 5 लोक ऋणों के भुगतान अनुपात में गिरावट की प्रवृत्ति को प्रदर्शित करता है।

तालिका 2 : म.प्र सरकार के लोक-ऋणों की प्राप्तियाँ एवं भुगतान की तुलनात्मक स्थिति

वर्ष	लोक-ऋण		
	प्राप्तियां	संवितरण	प्रतिशत
2006-07	4602.97	1731.53	37.62
2007-08	3370.95	1677	49.75
2008-09	6552.97	1961.02	29.93
2009-10	8602.5	2394.03	27.83
2010-11	7457.92	2529.22	33.91
2011-12	6750.25	3149.79	46.66
2012-13	8791.16	3583.94	40.77
2013-14	9540.81	4004.63	41.97
2014-15	15068.7	4920.5	32.65
2015-16	23005.71	5383.17	23.40

ग्राफ 4, 5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

निष्कर्ष - शोध अध्ययन के निष्कर्ष इस प्रकार रहे।

1) ऋण - सेवा अनुपात : राज्यों के राजकोषीय घाटे को सीमित रखने तथा ऋण पोर्टफालियों के समुचित चयन से ब्याज भुगतान में वृद्धि नियंत्रित रहती है तथा ऋणों की समय पर अदायगी ऋणों को बोझ बनने से रोकती है। इस अनुपात के अंतर्गत कुल प्राप्तियों से ऋण सेवा (ब्याज+ऋणों का पुर्नभुगतान) को प्रतिशत में प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2006-07 में यह अनुपात 20.5 प्रतिशत था जिसमें निरन्तर गिरावट दर्ज होकर 10.55 प्रतिशत रहा। इस प्रकार इस अनुपात में 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। इस गिरावट का कारण प्रदेश की कुल प्राप्तियों में ऊँची दर से वृद्धि हुई। कुल प्राप्तियों में 471 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हूई जबकि ऋण सेवा भुगतान में यह वृद्धि 247 प्रतिशत रही। इस स्थिति का व्युत्क्रम प्रभाव यह हुआ कि 50 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। यह स्थिति म.प्र. सरकार के बेहतर ऋण भुगतान प्रबंधन को दर्शाती है।
2) राजस्व प्राप्तियाँ-ब्याज भुगतान अनुपात राजकोषीय संवहनीयता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वर्ष 2006-07 में ब्याज भुगतान कुल राजस्व प्राप्तियों का 15.68 प्रतिशत था जिसमें निरन्तर गिरावट दर्ज होकर 7.73 प्रतिशत तक सीमित रहा अर्थात ब्याज भुगतान में लगभग 50 प्रतिशत की स्पष्ट कमी परिलक्षित हुई जो कि राज्य की बेहतर ऋण भुगतान प्रवृत्ति को दर्शाता है।
3) लोक ऋणों की प्राप्तियाँ भुगतान अनुपात : यह अनुपात सरकार की राजकोषीय सम्पोषणनियता का संरक्षण करता है, जिसके अनुसार सरकार उसके द्धारा लिये गये ऋणों के भुगतान में सुदृढ़ होनी चाहिये। म.प्र. सरकार के लोक ऋणों के भुगतान की एक समान प्रवृत्ति ऋणो के नियमित भुगतान को दर्शाती हैं। अंतिम दो वर्षो में लोक ऋणों की असमान वृद्धि को छोड़ते हुए यह अनुपात संतोषजनक रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. सरकार के बजट प्रतिवदेन वर्ष 2008-09 से 2015-16
2. आर्थिक समीक्षा 2012-13 से 2015-16
3. Statistical Year of Book of India, 2015
4. बारहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट
5. तेरहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट
6. चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट

ग्राफ 1 : ऋण सेवा अनुपात की तुलनात्मक स्थिति



ग्राफ 2 : कुल व्यय /ऋण सेवा भुगतान की स्थिति (प्रतिशत में)



तालिका 1 : ऋण सेवा अनुपात की स्थिति (करोड़ रु.)

प्रवर्ग/वर्ष	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
कुल प्राप्तियाँ	28102.94	32621.37	38552.1	46438.58	56863.84	80913.6	78962.72	86198.05	106813.2	132413.4
राजस्व प्राप्तियाँ	25694.28	30688.73	33577.21	41394.7	51854.19	62604.08	70427.28	75749.24	88640.79	111130.7
ऋण सेवा भुगतान (A+B)	5760.48	5867.77	6153	6848.35	7578.18	8449.56	9157.68	10395.96	11991.77	13975.12
A. ब्याज भुगतान	4028.95	4190.77	4191.99	4454.3	5048.95	5299.77	5573.74	6391.32	7071.25	8591.95
B. ऋणों का भुगतान	1731.53	1677	1961.01	2394.05	2529.23	3149.79	3583.94	4004.64	4920.52	5383.17
1. कुल प्राप्तियाँ/ ऋण सेवा भुगतान (प्रतिशत में)	20.50	17.99	15.96	14.75	13.33	10.44	11.60	12.06	11.23	10.55
2. राजस्व प्राप्तियाँ / ब्याज भुगतान (प्रतिशत में)	15.68	13.66	12.48	10.76	9.74	8.47	7.91	8.44	7.98	7.73

ग्राफ 3 : राजस्व प्राप्तियां– ब्याज भुगतान की तुलनात्मक प्रवृत्ति



ग्राफ 4 : म.प्र. सरकार के लोक–ऋणों के प्राप्तियों एवं भुगतान की तुलनात्मक प्रवृति



ग्राफ 5 : म.प्र. सरकार के लोक–ऋणों के भुगतान की प्रवृति



****

जनजाति महिलाओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरुकता : एक अध्ययन (म.प्र.के झाबुआ जिले के विशेष संर्दभ में)

डॉ. मनीषा सक्सेना* सपना मोरे**

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधपत्र जनजाति महिलाओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरुकता पर आधारित है। यह सर्वविदित है कि स्त्री–पुरुष की शारीरिक बनावट के कारण भी कुछ रोग महिलाओं को जल्द ग्रसित करते है तो कुछ पुरुष को इसलिए महिलाओं से जुडी स्वास्थ्य व स्वच्छता विषय पर शोध अध्ययन आवश्यक है। स्वच्छता हमारे सम्पूर्ण जीवन की वह मुख्य स्थिती है जो हमें शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ्य रखती है। जनजाति क्षेत्र में अस्वच्छता के कारण होने वाली बीमारियां गम्भीर समस्या के रुप में विद्यमान है। जिसमे विशेषत: हैजा, मलेरिया, टाइफाईड, डेंगू, एवं त्वचा संक्रमण है। अत: महिला स्वास्थ्य पर गम्भीर चिंतन की आवश्यकता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले की झाबुआ विकासखण्ड की जनजाति महिलाओ में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरुकता का अध्ययन ज्ञात करने की दिशा में एक प्रयास है।

शब्द कुंजी – जनजाति, महिलाएँ, स्वच्छता, स्वास्थ्य।

प्रस्तावना – किसी भी देश के विकास में महिलाओं की मुख्य भूमिका रही है। इसलिए महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्तर पर विकास अतिआवश्यक है। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य एक दुसरे के पूरक है स्वच्छता के अभाव में स्वास्थ्य की कल्पना नही की जा सकती है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए देश के वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टुबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान आरम्भ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खुले में शौच मुक्त भारत है। इस अभियान से विशेषत: ग्रामीण महिलायें लाभान्वित हुई है। स्वच्छ सुविधाओं तथा साफ –सुथरे पर्यावरण का , अच्छे पोषण एवं स्वास्थ्य की देखभाल पर प्रत्येक महिला का अधिकार है। सेम्पल रजिस्ट्रेशन हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट (2015–17) के अनुसार मध्यप्रदेश मे प्रति एक लाख गर्भवती महिलाओ व प्रसूताओ में से 188 की मौत हो जाती है। वैश्विक पोषण रिपोर्ट 2017 के अनुसार प्रजनन उम्र (15 – 49 वर्ष) की महिलाओं में करीब आधी महिलाएँ (51फीसदी) एनीमिया से पीड़ित है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनजाति महिलाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रत्येक वर्ष हजारो करोड़ रुपये खर्च किये जाते है परन्तु फिर भी जनजाति वर्ग महिलाओं में स्वास्थ्य की स्थिती चिंताजनक पाई जाती है क्योंकी गुणवत्तापुर्ण शिक्षा, स्वच्छता व स्वास्थ्य से जुडे मुख्य बिन्दु व सामाजिक व्यवहार्थ क्षेत्रो को नजर अन्दाज कर दिया जाता है। नेशनल सेम्पल सर्वे ऑर्गनाइजेशन एवं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की रिर्पोट 2011 के अनुसार आदिवासी क्षेत्र के प्रति एक लाख लोगो में टीबी के मामले 703 है जबकि पूरे देश में प्रति एक लाख पर यह संख्या 256 है। जब तक जनजाति वर्ग की महिलाओं में स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता नही होगी तब तक स्वास्थ्य के गम्भीर परिणाम सामने आते रहेंगे। महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने हेतु स्वच्छता का होना अति आवश्यक है। ग्रामीण जनजाति महिलाओ में स्वास्थ्य समस्याओं का मुख्य कारण उनकी निरक्षरता, आर्थिक स्थिती, अन्धविश्वास, रुढिवादिता है। स्वच्छता से ही महिलाओं की रोग प्रतिरोध क्षमता में वृद्धि होती है। जिसमें महिलाओ की औसत आयु में वृद्धि होती है। अत:महिला विकास से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, व शैक्षणिक आदि विषयों पर गम्भीर चिंतन की आवश्यकता है।

शोध विधि –

अध्ययन का क्षेत्र – मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के झाबुआ विकासखण्ड को अध्ययन क्षेत्र चुना गया।

अध्ययन का समग्र – झाबुआ विकासखण्ड से छ: गॉव – तलावली, बिसोली, नल्दी छोटी, नवापाड़ा, झुलवानिया,फुटिया गावो को चुना गया।

अध्ययन की इकाई – अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ अध्ययन की इकाई है।

निर्देशन का आकार – झाबुआ विकासखण्ड से छ: गॉवो को चुना गया तथा प्रत्येक गॉव से 10 जनजाति महिलाओ को चुना गया इस प्रकार कुल 60 महिलाओ को निदर्शन के रुप मे चुना गया।

शोध विधि – शोध अध्ययन में दैवनिदर्शन विधि द्धारा तथ्यों का संकलन किया गया। जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति महिलाओ का अध्ययन वर्णात्मक शोध विधि द्धारा उद्देश्यो के अनुसार तथा प्रासंगिकता के आधार पर शोध अध्ययन किया गया।

ऑकड़ों का संकलन :

प्राथमिक ऑकड़े – साक्षात्कार अनुसूची,अवलोकन व परिचर्चा, कैमरा, इन्टरनेट माध्यम।

द्धितीयक ऑकड़े – समाचार पत्र , पत्रिकाएँ , पुस्तके , जिला गजेटियर , जर्नल्स।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. अनुसूचित जनजाति महिलाओं की आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का

*अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष (शिक्षा एवं कौशल विकास अध्ययन शाला) डॉ. बी. आर अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू , इन्दौर (म.प्र.) भारत

** शोधार्थी, मानव विकास (गृहविज्ञान) डॉ. बी. आर अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू , इन्दौर (म.प्र.) भारत

अध्ययन करना।

2. अनुसूचित जनजाति महिलाओं में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की स्थिती का अध्ययन करना।

परिणाम एवं परिचर्चा – शोध विषय के उद्देश्यो एवं प्राथमिक ऑकड़ो के आधार पर परिणाम एवं परिचर्चा निम्न है –

तालिका क्र 1 : जनजाति महिला का व्यवसाय

विवरण	आवृति	प्रतिशत
गृह कार्य	5	8.33
नौकरी	9	15
खेती व मजदुरी	46	76.67
योग	60	100

उपरोक्त तालिका से जनजाति महिलाओ का व्यवसाय स्पष्ट होता है जिसमें 8.33 प्रतिशत महिलाऍं गृह कार्य करती है, 15 प्रतिशत महिलाऍं नौकरी करती है, 76.67 प्रतिशत महिलाओं का व्यवसाय खेती व मजदुरी है। अर्थात नौकरी करने वाली महिलाओं की संख्या बहुत कम है एवं खेती व मजदूरी करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है।

तालिका क्र 2 : परिवार की मासिक आय

विवरण	आवृति	प्रतिशत
6000 –12000	8	13.33
13000 –18000	12	20
19000–24000	17	28..33
25000–30000	23	38.33
योग	60	100

उपरोक्त तालिका से जनजाति महिलाओं के परिवार की मासिक आय व आर्थिक स्थिति स्पष्ट होती है। 13.33 प्रतिशत महिला के परिवार की आय केवल 6000 – 12000 रुपये है, 20 प्रतिशत महिला के परिवार की आय 13000 – 18000 रुपये है, 28.33 प्रतिशत महिला के परिवार की आय 19000–24000 रुपये है एवं 38.33 प्रतिशत महिला के परिवार की आय 25000 30000 रुपये है, इससे यह स्पष्ट होता है की अधिकांश लोग गरीबी व बेरोजगारी से जुंझ रहे है।

तालिका क्र 3 : महिला का शिक्षा स्तर

विवरण	आवृति	प्रतिशत
अशिक्षित	21	35
प्राथमिक	16	26.67
माध्यमिक	19	31.67
उच्चतर	4	6.67
योग	60	100

उपरोक्त तालिका से जनजाति महिलाओं की शैक्षणिक स्थिती स्पष्ट होती है की 35 प्रतिशत महिलाऍं अशिक्षित है तथा 26.67 प्रतिशत महिलाऍं प्राथमिक शिक्षा, 31.67 प्रतिशत महिलाऍं माध्यमिक शिक्षा एवं 6.67 प्रतिशत महिलाओ ने उच्चतर शिक्षा गृहण की है। शिक्षा का निम्न स्तर महिला विकास का बाधक तत्व है जिससे महिला स्वच्छता व स्वास्थ्य की शासकीय योजनाओ का पूर्ण लाभ नही ले पाती।

तालिका क्र. 4 :जनजाति महिलाओं में स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याऍं (बीमारी)

विवरण	आवृति	प्रतिशत
बुखार	17	28.33
सर्दी व खॉसी	9	15
त्वचा संक्रमण	34	56.67
योग	60	100

उपरोक्त तालिका से जनजाति महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिती स्पष्ट होती है 28.33 प्रतिशत महिलाओं को बुखार 15 प्रतिशत महिलाओं को सर्दी व खॉसी, 56.67 प्रतिशत महिलाओ को त्वचा संक्रमण है अर्थात अधिकांश महिलाओ को त्वचा से सम्बन्धित समस्याऍं है जिसका मुख्य कारण अस्वच्छता है परन्तु महिलाऍं इन स्वास्थ्य समस्याओ को तब तक गम्भीरता से नही लेती जब तक वह स्वास्थ्य समस्या कोई बडी बीमारी का रुप ले नही लेती।

तालिका क्र. 5 : कूडे – कचरे का निपटान

विवरण	आवृति	प्रतिशत
कूड़ादान में	31	51.67
खुले में	12	20
खाद गड्डे में	17	28.33
योग	60	100

तालिका से यह स्पष्ट होता है की 51.67 प्रतिशत महिलाऍं कचरे को कूडेदान में डालती है, 20 प्रतिशत महिलाऍं कचरे को खुले स्थान में डाल देती है जैसे – नाले के आस – पास, ऑगन में, खेत में। 28.33 प्रतिशत महिलाऍं कचरे को खाद गड्डे मे डालती है। अत: महिलाओ में स्वच्छता के प्रति जागरुकता का अभाव पाया गया है।

तालिका क्र.6 : घरेलू कार्यो में उपयोग के पश्चात् बचा पानी (गन्दे पानी) की निकासी

विवरण	आवृति	प्रतिशत
कच्ची नालियॉ	24	40
पक्की नालियॉ	27	45
खुले में	9	15
योग	60	100

निष्कर्षत: कहा जा सकता है की आज भी ग्रामीण जनजाति महिलाओं में स्वच्छता व स्वास्थ्य की स्थिती चिंताजनक है। अध्ययन से ज्ञात हुआ है की महिलाओं में शिक्षा, स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का अभाव है। शिक्षा के अभाव में महिलाऍं जागरुक नही हो पाती एवं अपने अधिकारो तथा शासकीय योजनाओ का लाभ लेने से वंचित रह जाती है। अध्ययन क्षेत्र मे पाया गया की अधिकांश महिलाऍं त्वचा संक्रमण से ग्रसित है जैसे – खाज – खुजली, फोड़े – फुन्सी त्वचा पर लाल चक्कते आदि। महिलाऍं घरेलू कार्यो के साथ–साथ खेती व मजदूरी भी करती है इसलिए महिलाओ को पर्याप्त पौष्टिक आहार ग्रहण करने की आवश्यकता है परन्तु महिलाऍं स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान नही दे पाती जिससे उनमे शारीरिक कमजोरी जैसे – थकान, चक्कर आना, खून की कमी आदी स्वास्थ्य समस्याऍं है। भारत सरकार द्वारा अधिकांश शासकीय योजनायें महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता स्तर में सुधार हेतु चलायी जा रही है, परन्तु शासकीय योजनाओं का सही रुप से क्रियान्वयन न होने के कारण महिलायें योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाती हैं। यदि महिलाऍं स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरुक होगी तो इसका सकारात्मक प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर देखने को मिलेंगे। अत: महिलाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। अस्वच्छता के कारण होने वाली शारीरिक समस्यायें तथा दूषित बाह्य वातावरण के दूष्प्रभावों के प्रति उन्हें जागरुक करने की आवश्यकता है।

सुझाव :

1. स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बेहतर रखने हेतु जनजाति महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक गावॅ में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्था होनी चाहिए।
2. स्वच्छता व स्वास्थ्य हेतु ऐसे संचार माध्यमों का प्रयोग किया जाना चाहिये जो साक्षर व निरक्षर दोनों के लिये उपयोगी हो जैसे- टेलिविजन, रेडियो, नुक्कड़ नाटक, जागरुकता शिविर आदि।
3. प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय तथा पानी की उपलब्धता होनी चाहिये।
4. कूड़े-कचरे का सही ढंग से निपटान तथा कचरे से खाद बनाने की प्रणाली को विकसित किया जाना चाहिये।
5. धूम्ररहित चूल्हे का प्रयोग किया जाना चाहिये।
6. किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ के सेवन से बचना चाहिये।
7. घर के भीतर तथा आस-पास गन्दे पानी का जमाव नहीं होने देना चाहिये। गन्दे पानी की निकासी हेतु पक्की नालियो की व्यवस्था की जानी चाहिए।
8. सभी खाद्य पदार्थो को ढककर रखना चाहिये तथा शुध्द व ताजा फल एवं सब्जियों का सेवन करना चाहिये।
9. किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर इस सम्बन्ध में घर वालों से खुलकर बात करना चाहिये।
10. अन्धविश्वास तथा रुढ़िवादिता पर ध्यान न देते हुये हमेशा प्रशिक्षित डॉक्टर से ही ईलाज कराना चाहिये।
11. महीने में एक बार स्वास्थ्य की जॉच अवश्य कराना चाहिये।
12. गॉव में चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी हेतु अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा महिने में एक बार निरीक्षण करना चाहिएं।
13. महिलाओ को शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने हेतु प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करना चाहिए। अत: प्रत्येक गावॅ में व्यायाम शाला होनी चाहिए।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश जनगणना रिपोर्ट 2011
2. जिला गजेटियर झाबुआ 2011
3. शर्मा डॉ. नीता (2014) 'महिला एवं बाल कानून' ,अर्जुन पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
4. मिश्रा विभान्शु (2015) 'प्राथमिक शिक्षा एवं महिला साक्षरता' पृष्ठ क्रमांक 135-186, अमेजिंग पब्लिकेशन्स नई दिल्ली।
5. वंदना वोहरा (2015) 'शोध प्रविधि' ओमेगा पब्लिकेशन्स दिल्ली ।
6. वर्मा दीपक कुमार (2016) 'नवयुवतियॉ स्वास्थ्य, समस्या एवं समाधान' निशा साइंटीफिक प्रकाशन दिल्ली।
7. सक्सेना डॉ. प्रीती एवं देवी अनीता (जनवरी - जून 2017) 'स्वच्छ भारत अभियान : एक परिदृश्य' ,ISSN 0974-0074,वर्ष 19 अंक 1, पृष्ठ क्रमांक 86 - 89 समाज विज्ञान विकास संस्थान बरेली (उ.प्र.)
8. महेश्वरी मुकेश (2018) 'मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान' वैष्णवी प्रकाशन इन्दौर ।
9. www.indiaspendhindi.com

****

पुलिस प्रशासन और मानवाधिकार

डॉ. भंवरलाल चौधरी*

प्रस्तावना - कानून व्यवस्था को कायम रखने और राज्य में शांति बनाये रखने वाली पुलिस व्यवस्था सदैव ही सम्मान कम और आलोचना के घेरे में ज्यादा दिखाई देती हैं यूँ कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि समाज में पुलिस की छवि सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक रूप में दिखाई जाती हैं। पुलिस का सम्पूर्ण विभाग अक्सर भ्रष्टाचार, आमजनता के साथ अमानवीय व्यवहार, अत्याचार, फिरौती, अपराधियों से सांठ-गांठ तथा फर्जी मुठभेड़ जैसे अमानवीय कृत्यों के लिए जानी जाती हैं। इस कारण समूचे पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली, कार्यशैली अपने रूखे व्यवहार के कारण पुलिस की छवि खराब है।

स्वतंत्रता के सात दशक से अधिक बीत जाने एवं लोकतांत्रिक परिवेश में काम करने के बावजूद पुलिस को लोकसेवक के रूप में जिस संवेदना, जवाबदेयिता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने कार्यो, दायित्वों तथा भूमिका का निर्वाह करना होता हैं, उन सबका निर्वाह करने में पुलिस वस्तुत: सक्षम एवं सफल नहीं हो पा रही है। लोकतांत्रिक सिद्धान्तों एवं जनअपेक्षाओं की वजह से वर्तमान पुलिस के स्वरूप, कार्यों एवं भूमिका में बदलाव लाकर एक आदर्श तथा जनता के सेवक के रूप में उसकी छवि बनाना नितांत आवश्यक है। मानवाधिकारों के संदर्भ में पुलिस की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती हैं क्योंकि मानवाधिकार का विषय नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा अत्यन्त संवेदनशील मुद्दा है। मानवाधिकार संरक्षण में पुलिस संगठन की भूमिका समझने से पूर्व हमें पुलिस संस्था की संकल्पना को समझना होगा।

पुलिस जैसी महत्वपूर्ण संस्था का अस्तित्व समाज में नया नहीं हैं अपितु पहले से चला आ रहा है। किसी न किसी रूप में जनता की सुरक्षा का दायित्व पुलिस प्रशासन पर ही रहा है। अत: पुलिस विहिन समाज की कल्पना करना ही समाज में अराजकता की व्यवस्था उत्पन्न करना है।

पुलिस का अर्थ - शब्द **'पुलिस'** अति महत्वपूर्ण होते हुए भी परिभाषा विहीन है। इस शब्द को किसी भी पुलिस नियम अथवा अधिनियम में परिभाषित नहीं किया गया है। पुलिस शब्द ग्रीक भाषा के **'पोलिस'** से बना है, जिसका अभिप्राय: **'ऐसी व्यवस्था से है जो कानून के क्रियान्वयन तथा शान्ति व्यवस्था को बनाए रखने से है।'**

वही पुलिस अधिनियम, 1861 की धारा (1) में पुलिस शब्द की परिभाषा अवश्य दी गई हैं लेकिन वस्तुत: इसे परिभाषा नहीं कहा जा सकता हैं, क्योंकि यह पुलिस के शाब्दिक अर्थ को प्रकट नहीं करती है। इसके अनुसार - **'पुलिस शब्द के अन्तर्गत वे सब व्यक्ति आते है जो इस अधिनियम के अन्तर्गत भर्ती किए गए है।'**

प्रत्येक समाज अपने स्थायित्व एवं संगठन को बनाए रखने तथा अपने सदस्यों के मध्य सहभाव स्थापित करने के लिए किसी न किसी मशीनरी का विकास अवश्य करता हैं। पुलिस लोकनियंत्रण का ऐसी ही संस्थागत संगठन है।

'पुलिस' शब्द में ही सुरक्षा और भय दोनों का ही भाव निहित होता है। सुरक्षा का भाव आमजन के हृदय में और भय का भाव अपराधियों के मन में होता हैं। पुलिस प्रशासन समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु साम, दाम, दण्ड और भेद के माध्यम से अपने दायित्व निर्वहन करते हुए तात्कालिक परिस्थितियों को नियंत्रित करता है। यही कारण है कि **'पुलिस'** शब्द का अर्थान्वियन भी इस प्रकार किया गया है -

P – Polite (विनम्र)
O – Obedient (आज्ञाकारी)
L – Loyal (विश्वासपात्र)
I – Intelligent (बुद्धिमान)
C – Courageous (साहसी)
E – Efficient (दक्ष)

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 24 से 27 तक में पुलिस शब्द का प्रयोग किया गया है, लेकिन उसे परिभाषित नहीं किया गया है। अत: स्वाभाविक है कि हमें इसका स्वाभाविक अर्थ को ही अंगीकृत करना होगा। जनसाधारण की सुरक्षा, कानूनों की क्रियान्विति तथा शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस मानवाधिकारों के संरक्षककर्ता के रूप में भी अपने दायित्व का निर्वहन करती हैं।

पुलिस प्रशासन की विशेषताएं है -

1. पुलिस प्रशासन उतना ही पुराना है, जितनी राज्य की उत्पत्ति।
2. पुलिस प्रशासन का मुख्य कार्य राज्य के कानूनों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।
3. शान्ति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, एकता तथा न्याय के लिए पुलिस संगठन आवश्यक है।
4. पुलिस प्रशासन की कुशलता न्याय व्यवस्था की सफलता को प्रभावित करती हैं।
5. भारत में पुलिस व्यवस्था आमजन के मन में भय उत्पन्न करती हैं।
6. पुलिस प्रत्येक युग में कल्याणकारी तथा अत्याचारी दोनों प्रकार की रही हैं।
7. सामाजिक न्याय, समानता तथा स्वतंत्रता के मूल संवैधानिक लक्ष्यों की प्राप्ति में पुलिस मशीनरी पूर्णत: सफल नहीं रही है।
8. मानवाधिकारों की बढ़ती मांग ने पुलिस प्रशासन को प्रभावित किया है।

उपरोक्त विशेषताओं से स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन और समाज में

* PDF (राजनीति विज्ञान) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

कानून और व्यवस्था बनाए रखने के अतिरिक्त और महत्वपूर्ण दायित्वों और जिम्मेदारी को निभाना पड़ता हैं।

मानवाधिकार – वर्तमान समय में प्रचलित संवेदनशील प्रवृत्तियों में **'मानवाधिकार'** विषय शीर्ष पर आता है। व्यक्ति का व्यक्ति द्वारा शोषण होना ही स्वयं मानव तथा मानवता के लिए प्रश्न खड़ा करता हैं। भारत जैसे विशाल राष्ट्र में मानवाधिकारों के सन्दर्भ सैद्धान्तिक परिदृश्य एवं यथार्थ दोनों ही दृष्टि में व्यापक है।

मानवाधिकार क्या है? मानवाधिकार वह प्राकृतिक अधिकार है जो व्यक्ति को जन्म लेते ही प्राप्त होते है, उसे मानवाधिकार कहते हैं। यहाँ **'मानव'** तथा **'अधिकार'** शब्द की सन्धि है। हम कह सकते है कि मनुष्य को समानता, न्याय, सम्मान तथा स्वतंत्रता के साथ जीने हेतु जो आवश्यक परिस्थितियां चाहिए वे उसके अधिकार है। प्रकृति ने मनुष्यों में कोई भेद नहीं किया है बल्कि यह भेदभाव तो समाज की देन है। अत: कहा जा सकता है कि लिंग, वशं, धर्म, जाति, कुल, स्थान तथा रंग इत्यादि के आधार पर भेद किये बिना सभी मनुष्यों को समान रूप से अधिकार या अवसर प्रदान करना मानवाधिकार है। मानवाधिकार का मुख्य लक्ष्य **'समाज में समानता, स्वतंत्रता, न्याय, भाईचारा, तथा शोषण से मुक्ति का है।'**

भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार 'मानवाधिकारों का अर्थ **जीवन, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा जैसे अधिकारों से है।'** इन अधिकारों की गारंटी संविधान में दी गई होती है जिन्हें देश के न्यायालयों में मान्यता प्राप्त होती है। **दिसंबर, 1948 को घोषित** मानवाधिकारों की अन्तर्राष्ट्रीय घोषणा का लक्ष्य है, जिसे प्राप्त किया जाना प्रत्येक राष्ट्र का कर्तव्य है।

अत: मानवाधिकार, वे मूलभूत अधिकार है जो कम से कम प्रत्येक देश के नागरिकों को मिलने चाहिए। मानवता और स्वतंत्रता के रक्षक हेतु मानवाधिकारों संकल्पना मजबूत है और इसी परिप्रेक्ष्य मे पुलिस मानवाअधिकार संरक्षणकर्त्ता के रूप में उभरी है। मानवाधिकारों संबंधी समस्याओं, जटिलताओं को हल करने में पुलिस प्रमुख केन्द्र बिन्दु है।

मानवाधिकार के रक्षक के रूप में पुलिस को क्या-क्या नहीं करना चाहिए; जिससे नागरिकों के अधिकारों का हनन ना हो –

गिरफ्तारी के समय –

1. अनावश्यक बल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
2. गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त तथा परिवारजनों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली -गलौच नहीं करना चाहिए।
3. मारपीट एवं अन्य अमानवीय व्यवहार नहीं करना चाहिए।
4. अनावश्क रोक कर नहीं रखना चाहिए।
5. गिरफ्तार व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचानें का प्रयास नहीं करना चाहिए।
6. व्यक्तिगत लाभ के लिए गिरफ्तार व्यक्ति के विरूद्ध अनावश्क कारवाही नहीं करनी चाहिए।

तलाशी के समय –

1. तलाशी के समय स्थान के मालिक या व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए।
2. सामान्य स्थितियों में रात्रि में तलाशी नहीं लेनी चाहिए।
3. किसी जगह अनाधिकृत प्रवेश नहीं करना चाहिए।
4. महिला एवं बच्चों के साथ दुर्व्यहार नहीं करना चाहिए।
5. किसी भी संदिग्ध या वांछित वस्तु के अलावा उस जगह की अन्य वस्तुओं के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

गिरफ्तारी एवं तलाशी के दौरान पुलिस को क्या-क्या करना चाहिए

गिरफ्तारी के दौरान –

1. गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी का कारण बताना चाहिए।
2. गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत संबंधी सूचना देनी चाहिए।
3. गिरफ्तारी के बाद अपराधी की डॉक्टरी जाँच (मेड़िकल) करवानी चाहिए।
4. 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश किया जाना चाहिए।
5. महिला, बच्चों, बीमार तथा वृद्ध व्यक्तियों का ध्यान रखना चाहिए।
6. गिरफ्तारी एवं विरोध के सम्बन्ध में अन्य कानूननी प्रावधानों का पालन करना चाहिए।
7. न्यायालयों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

तलाशी के दौरान –

1. कानूनी प्रावधानों का पालन करना चाहिए।
2. तलाशी के समय मकान मालिक को तलाशी का कारण बताना चाहिए।
3. जब्त किये गए सामानों की सही-सही सूची बनाकर उसकी एक प्रति मकान मालिक को देनी चाहिए।
4. घर या बन्द स्थान की तलाशी के क्रम में किसी महिला की तलाशी महिला पुलिस द्वारा ही होनी चाहिए।
5. अन्य स्थिति में महिला की शालीनता का पूर्ण ख्याल रखना चाहिए।

अत: हम कह सकते हैं कि मानवाधिकार सभी मनुष्यों को प्राप्त वे अधिकार है जो प्रत्येक व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा के साथ जीवनयापन करने का अधिकार प्रदान करता हैं और इन अधिकारों की रक्षार्थ पुलिस प्रशासन महत्ती भूमिका निभा रहा है। कभी-कभी स्वयं पुलिस द्वारा भी नागरिकों के अधिकारों का हनन किया जाता हैं अत: पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली और कार्यशैली के दौरान ऊपर वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना अपना परम् कर्तव्य समझ ईमानदारी से इसका निर्वहन करना चाहिए। जिससे देश, समाज में पुलिस की छवि आदर्श और सकारात्मक रूप में परिलक्षित हो जिससे आमजन पुलिस से भय खाने के स्थान पर सुरक्षा का भाव स्थापित कर पाए और पुलिस प्रशासन भी जनता की रक्षक बने भक्षक नही।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. सुरेन्द्र कटारिया, 'भारतीय पुलिस : व्यवस्था और विवशता', 2007
2. डॉ. बसन्तीलाल बाबेल, 'पुलिस प्रशासन अन्वेषण एवं मानवाधिकार', 2003

****

Impact of Islam on Indian Culture

Sunil Sharma*

Abstract - The religious, social, cultural and other influences of Islam on Indian culture have been discussed in the research paper.

Key words - Toleration, Orthodox, culture, Prohibitions, Downfall.

Introduction - In the beginning when the Muslims came to India, the Hindus offered resistance to them and the Muslims too adopted inimical attitude towards them. Islam and Hinduism both appeared to be rivals. As time advanced, the chasm of enmity was bridged over and both the religions came together. There was a big difference among the followers of the two religions with regard to their life style and culture. Still they adopted the culture of one another and began to live like good neighbors. Islam left a deep impact upon the religious, social and cultural aspects.

Religious Impact of Islam on Indian Culture-Due to constant living together for centuries, the religious orthodoxy began to disappear and mutual forbearance and generosity began to develop. Many Muslim rulers like Mohammad-bin-Tughlaq, Shershah Suri and Akbar treated the Hindus with toleration and friendship and attempted to crate the feeling of a national and united India. The religious men of both the communities taught their followers to wipe out the differences and worship the all powerful God. The movement of Hindus was called Bhakti movement and of Muslims was known as Sufi movement. Both of them emphasized that Hindus and Muslims both are children of one God. Hence they must ignore the differences and live like good neighbors. As Islam did not permit the caste System and differences of Varna. Many Hindus were attracted towards Islam and adopted it. Many Hindus accepted Islam under terror of Muslim rulers and to be exempted from taxes. When the Hindus came in contact with Muslims, they compared their religion with Islam and found that many socio-religious evils had crept in their religion. The roots of superstitions lied deep and the useless and money consuming Yajnas were the outcome of Brahmins selfish feelings. As a result the respectable place of Brahmins was lost. The Hindus understood that the Brahmins befooled them and they began insulting them. Muslims were against Buddhism and its policy of non-violence. Buddhism had to suffer at the hands of Muslims. Thousands of Buddhists were killed by the Muslims. Buddhism gradually met its downfall. Muslims also adopted many Hindu traditions due to constant company of more than three hundred years. The converted Hindus did not leave their social customs and the Hindu traditions were practiced by them. The Purdah system of the Muslims became the mark of aristocracy and was adopted by the Hindus.

Social impact of Islam resulted in rigidness of caste system. The orthodox among the Hindus in order to protect themselves and their religion from the Muslims on slaught, began to follow the caste system and rules very rigidly. Hinduism became all the harder and it became more powerful. The Indian Society adopted affluence and pleasure due to Muslim rule. In the beginning the Muslim aggressors led a hard life of self- restraint. But as they acquired enormous property and riches, they began to lead a life, dedicated to pleasure and many evils crept in them. Drinking, gambling and spending time with women became their routine. As they were at the top of Hindu society, other classes of society began to copy them. In Indian life, the pleasure-seeking life style developed. Before the advent of Muslims, there had been no Purda System in Hindu society. The Muslim Families observed Purda System and hence this tradition compulsorily influenced the Hindu society. The Hindus adopted it due to the changed situation though it damaged their social fabric. They adopted it to save their women from Muslims and evil people. Prevalence of child marriage was also an impact of Muslims on Hindu society. Majority of the Muslim rulers and the Nawabs were keen to marry the Hindu women. They forced the Hindu virgins to marry them or they possessed them as their keep. But they generally spared the married women. So the Hindus began to marry their daughters at an early age. Thus the child marriages were performed on a large scale. It was mostly prevalent among the Rajputs. The Muslims did not give enough freedom to their women and they were put under various social prohibitions. The Muslim Ulemas and the Maulwis assigned them a low place. Feroz Shah Tughlaq banned the going of women to the tombs of religious saints. It affected the Hindus also and they also

*Teacher, R/o Pahariwala P/o Pallanwala, The. Khour, Distt. Jammu (J&K) INDIA

laid down prohibition on their women. After the Muslims conquered India, the Indian people had to bear tremendous sorrows. The Muslims looted the Indians and gave them lot of troubles. They considered the Hindus as the enemies of the Muslim government. They did not give them any opportunity to grow and develop so that their existence could be independent and separate.

Cultural and other influences –When the Muslims came to India, their languages were Arabic and Persian. The main language of the Hindus was Sanskrit and other languages were Pali and Prakrit. The two communities did not understand the languages of one another. They realized the need of a common language. The birth of Urdu was an important outcome of the interaction between Persian and Arabic and the indigenous Indian languages and dialects in the medieval period. When written in Persian Script with the preponderant use of Persian and Arabic phraseology and syntax, it came to be known as Urdu. The Muslims constructed the buildings in their own style. But they employed the Indian soldiers to build them. It clearly reflected the influence of Hindu style in their buildings. A new style of architecture developed which included the styles of Hindus and the Muslims. The art of painting, dancing and music etc. were also mutually influenced. Along with the political downfall, the Hindu art also met its degradation. The royal patronage to Hindu art came to an end. The Muslim aggressors and rulers broke and destroyed the Hindu artifacts, palaces, forts and temples. They also prohibited the construction of new Hindu temples and repair of old temples. It led to tremendous loss of ancient Hindu art. The Muslims destroyed the Hindu education centres of Nalanda, Vikramsila, Taxila, Ujjain and Kashi. The education centres suffered a heavy loss and the Hindu system of education was ruined. The Muslim system of education based on Islamic studies did not meet the religious, socio-cultural and literary traditions of the indigenous population. But in the 13th and 14th century the Hindus were constrained to take up the study of Persian language purely out of political and economic considerations. It opened for them the avenues for employment under the Sultans. The credit for effecting willing participation of the Hindus in this system of education goes largely to Sikander Lodhi. All these shows that the Muslims badly influenced the Hindus. Yet due to contact with them some good and some bad qualities developed among the Hindus.

References : -

1. Indian history by Krishna Reddy
2. NCERT Textbook of Medieval India
3. Pratiyogita darpan
4. Indian History by Agnihotri

****

भारत में सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन

डॉ. अंजू श्रीवास्तव*

प्रस्तावना – भारत में सामाजिक एवं धार्मिक सुधार व परिवर्तन लाने में सामाजिक धार्मिक आंदोलनों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यहाँ जितने भी आंदोलन हुए हैं। उनका उद्देश्य सामाजिक और धार्मिक कुरीतियों अंधविश्वासों, रूढ़ियों, अस्प्रश्यता, बाल विवाह, विधवा-विवाह निषेध दहेज, जाति-प्रथा, सती-प्रथा, आदि बुराइयों को समाप्त कर एक स्वस्थ एवं सुदृढ़ समाज की स्थापना करना था। भारत में सुधार आंदोलन का इतिहास बहुत प्राचीन है। जैन धर्म बौद्ध धर्म एवं सिख धर्म का उदय जाति-प्रथा की बुराइयों के कारण गुरुनानक, दादू दयाल रैदास, आदि ने भारतीय समाज में व्याप्त बुराइंयों पर कठोर प्रहार किया और समाज को नयी दिशा दी। मुस्लिम काल में भक्त कवियों ने सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अंग्रेजों के समय में विवेकानंद स्वामी दमानंद सरस्वती, राजाराम मोहन राय, ईश्वर चन्द्र विद्या सागर, एनीबिसेन्ट, रामकृष्ण परमहंस, डॉ. आत्माराय केशव चन्द्र सेन, रानोड, महत्मा गाँधी, विनोबा भावें तथा जय प्रकाश नारायण, आदि न समाज सुधार के अनेक प्रयन्त किये और कई संस्थाओं की स्थापना की। हम यहाँ भारत में हुए प्रमुख सामाजिक, धार्मिक सुधार आंदोलनों का उल्लेख निम्न प्रकार से करेंगे।

गाँधीजी का सुधार आंदोलन-गाँधीजी ने भारतीय समाज में व्याप्त अंत करने के लिए आंदोलन किया। जिन्होंने 'हरिजन सेवक संघ' की स्थापना की जिसका उद्देश्य दलित वर्ग एवं हरिजनों की सेवा करना तथा उन्हें सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनीतिक अधिकार दिलाना था। गाँधी जी बाल-विवाह, वेश्यावृत्ति, नशाखोरी, दहेज प्रथा, देवदासी प्रथा, परदा प्रथा तथा विधवा विवाह निषेध के विरोधी थे। जिन्होंने हरिजनों की दशा को सुधारने के लिए कुटीर व्यवसायों को बढ़ावा देने, व्यवसायिक प्रशिक्षण देने, स्कूल, छात्रावास, चिकित्सालय आदि खोलने और हरिजनों की बस्तियों की सफाई पर जोर दिया।

सर्वोदय आंदोलन-यह आंदोलन भी-गाँधी के आदर्शो पर आधारित था। यह गरीब एवं अमीर की समानता पर जोर देता है तथा सभी के कल्याण की कामना करता है। यह आंदोलन परदा-प्रथा का विरोधी है। तथा स्त्रियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के समकक्ष दर्जा दिलाने का पक्ष-पाती है। यह आंदोलन सेवा द्वारा सामाजिक कुप्रथाओं एवं बुराइयों को समाप्त करना चाहता है। सर्वोदय के कर्मठ कपिकर्ताओं में बाबू जय प्रकाश नारायण एवं विनोबा भावें प्रमुख हैं।

जन जातीय सुधार आंदोलन-भारतीय जन जातियों की दशा सुधारने के लिए भी कई सामाजिक, धार्मिक सुधार आंदोलन हुए हैं। जिसमें विरसा आंदोलन, ताना भगत आंदोलन, बीर सिंह आंदोलन इत्यादि प्रमुख हैं। मुंडा जाति के बिरसा तथा ओरख जनजाति के ताना भगत आंदोलन का उद्देश्य धार्मिक बुराइयों तथा जादू-टोने व भूत-प्रेत के विश्वासों को समाप्त करना था। ताना भगत के शराब व माँस के प्रयोग पर रोक लगायी व खादी पहनने पर जोर दिया। बीर सिंह आंदोलन गाँधी के आदर्शों पर आधारित था। भीलों में भी भगत आंदोलन चला मोती लाल तेजावत तथा मामा बालेश्वर दयाल ने भीलों में व्यास सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का प्रयास किया। इसी प्रकार के धार्मिक व सामाजिक सुधार आंदोलन मधय प्रदेश की जनजातियों के भी भाऊसिंग राजनेगी तथा राज मोहिनी देवी के नेतृत्व में चला।

राजाराम मोहन राय आधुनिक भारत में मानव समानता का आन्दोलन चलाने वाले प्रथम व्यक्ति राजाराम मोहनराय थे। उनका जन्म 1774 ई. में पश्चिमी बंगाल के हुगली जिले राधानगर गाँव में एक सम्पन्न ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता रमाकान्त राय एक बड़े जमींदार थे। नौ वर्ष की आयु में उन्हें पढ़ने के लिये पटना भेजा गया जहाँ उन्होंने अरबी तथा फारसी भाषाओं का अध्ययन किया। इसके वाद बनारस जाकर उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई यूरोपीय भाषायें भी सीख लीं तथा साथ ही साथ हिन्दू, ईसाई, इस्लाम और सूफी धर्मों का भी पूरा अध्ययन किया। राजाराम मोहनराय एकेश्वरवाद से प्रभावित हुए तथा मूर्तिपूजा के विरोधी हो गये। 1805 ई. से लेकर 1814 ई. तक उन्होंने ईस्ट इण्डिया कम्पनी में कार्य किया। 1814 ई. में वे कलकत्ता में बस गये। हिन्दू धर्म तथा समाज कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से 1828 ई. में उन्होंने 'ब्रह्म समाज' नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था के माध्यम से उन्होंने अपने विचारों का प्रचार-प्रसार किया।

राजाराम मोहनराय के व्यक्तित्व में प्राच्य एवं पाश्चात्य संस्कृतियों का सुन्दर समन्वय दिखाई देता है। जहाँ एक ओर वे परम्परागत रूढ़ियों एवं पाखण्डों के विरोधी थे वहीं दूसरी ओर पश्चिम के अन्धानुकरण को भी उन्होंने मान्यता नहीं दी। वे हिन्दू धर्म को उसकी कुरीतियों से मुक्त करना चाहते थे ताकि वह राष्ट्र निर्माण के लिये उपयोगी हो सके। हिन्दू धर्म की पतित अवस्था का मुख्य कारण उन्होंने मूर्तिपूजा को बताया। वे प्रारम्भ से ही मूर्तिपूजा के विरुद्ध थे। उनकी मान्यता थी कि मूर्तिपूजा ही समस्त धार्मिक अन्धविश्वासों एवं कर्मकाण्डों की जड़ है। इसके अतिरिक्त राजाराम मोहनराय ने इस धर्म में प्रचलित बहुदेववाद, पुरोहितवाद आदि का खण्डन करते हुए एकेश्वरवाद पर बल दिया। उनका ईश्वर निराकार, निर्विकार तथा सर्वशक्तिमान था। वेदों तथा उपनिषदों से उदाहरण देकर उन्होंने इसे सिद्ध किया तथा इसके समर्थन में उन्होंने कई ग्रन्थ लिखे। 1815 ई. मतें उन्होंने वेदान्तसूत्र का बंगला भाषा में अनुवाद प्रकाशित करवाया। इसके वाद उन्होंने ईंश, केन, कंठ तथा मुण्डक आदि उपनिषदों का बंगला और अंग्रेजी अनुवाद किया।

* ऐसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

सभी के माध्यम से उन्होंने यह सिद्ध किया कि निराकार ईश्वर का सिद्धान्त ही हिन्दू धर्म का मुख्य आधार है। उनका कहना था कि किसी भी मत को तर्क की कसौटी पर कसने के बाद ही ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार तर्क के आधार पर धर्म की व्याख्या करने का सिद्धान्त सर्वप्रथम उन्होंने ही भारतीयों के समक्ष प्रस्तुत किया।

राजाराम मोहनराय ने धर्म सुधार से कहीं अधिक समाज सुधार पर बल दिया। वे हिन्दू समाज को उसकी कुरीतियों से मुक्त करना चाहते थे और अपनी संस्था के माध्यम से उन्होंने इसके लिये बहुत कुछ किया। वे अपने सामाजिक विचारों में अत्यन्त उदार थे। उन्होंने जाति-प्रथा, सती-प्रथा, बाल-विवाह, बहुविवाह आदि का विरोध किया। सती प्रथा पर जोरदार प्रहार करते हुए उन्होंने इसे शास्त्रों के विरुद्ध घोषित किया। स्थान-स्थान पर जाकर उन्होंने सभायें की तथा इसके समर्थकों को समझाने का प्रयास किया। यह उनके प्रयासों का ही फल था कि दिसम्बर, 1829 ई. में लार्ड विलियम बेंटिक ने कानून बनाकर सती-प्रथा को अवैद्य घोषित कर दिया। स्त्री स्वतंत्रता के वे पक्षधार थे तथा उन्होंने विधवा-विवाह एवं स्त्रियों को सम्पत्ति का अधिकार दिये जाने की जोरदार वकालत की। वे भारत में अंग्रेजी शिक्षा दिये जाने के भी पक्ष में थे। उनका विचार था कि अंग्रेजी भाषा को पअनाकर ही हम अन्तर्राष्ट्रीय विारों से परिचित हो सकते हैं तथा देश में राष्ट्रीय जागृति उत्पन्न की जा सकती है। इस उद्देश्य से उन्होंने कलकत्ता में 1827 ई. में 'हिन्दू कालेज' की स्थापना करवायी। इसके बाद 'एंग्लो-हिन्दू स्कूल' तथा 'वेदान्त कालेज' की स्थापना हुई।

1821 ई. में उन्होंने 'संवाद कौमुदी' तथा एक वर्ष पश्चात् फारसी मे 'मिरन्तुल अखबार' का प्रकाश करवाया। इन पत्रों के माध्यम से राजाराम मोहनराय ने देश में राजनीतिक एवं सामाजिक चेतना जागृत करने का कार्य किया। पाश्चात्य विचारों को निकट से देखने तथा समझने के उद्देश्य से 1830 ई. में उन्होंने यूरोपीय देशों की यात्रा प्रारम्भ की। समुद्री मार्ग में उनकी मृत्यु हुई।

राजाराम मोहनराय को सच्चे अर्थों में आधुनिक भारत का पिता कहा जा सकता है। उनकी संस्था ने जाति-पति समाप्त करने तथा स्त्रियों की दशा सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। सती जैसी अमानवीय प्रथा का अन्त भी उन्हीं के प्रयासों का फल था।

प्रार्थना समाज समाज सुधार की दिशा में ब्रह्म समाज पहला आन्दोलन था। शीघ्र ही देश में विभिन्न भागों में सुधारवादी आन्दोलनों का जन्म हुआ। 1867 ई. में बम्बई में 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की गयी जिसके प्रमुख नेता महादेव गोविन्द रानाडे (1842-1901) तथा एन.जी. चन्द्रावर्कर (1855-1923) हुए। मद्रास में भी इस संस्था की शाखा स्थापित हुई। प्रार्थना समाज ने पश्चिमी भारत में धर्म तथा समाज सुधार के क्षेत्र में कही कार्य किया जो बगाल में ब्रह्म समाज ने किया था। इसके अनुयायी भी एकेश्वरवाद में विश्वास रखते, मूर्तिपूजा का विरोधा करते, सामाजिक असमानताओं को अस्वीकार करते तथा नारी-स्वतंत्रता के महान् पक्षधार थे। रानाडे ने 1887 में 'भारतीय सामाजिक सभा' नामक संस्था की स्थापना की तथा चौदह वर्षों तक वे इससे सम्बन्धा रहे। उन्होंने कई समाज सुधार आन्दोलनों का नेतृत्व किया। रानाडे भारत को चहुमुखी उन्नति के पथ पर ले जाने के उत्सुक थे तथा उन्होंने सामाजिक सुधार के साथ-साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सुधार किये जाने पर भी बल दिया। उनके एक समकालीन नेता दादा भाइ नौराजी ने ब्रिटिश शासन के भारतीय आर्थिक जीवन पर पड़ने वाले घातक परिणामों के प्रति लोगों में जागृति उत्पन्न किया तथा अंग्रेजों द्वारा इस देश के आर्थिक शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई। इसी उद्देश्य से उन्होंने 'Poverty and Un-British Rule in India' नामक पुस्तक लिखी। उनके विचारों का भारतीय जन-जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा।

आर्य समाज भारत पर पाश्चात्य सभ्यता के प्रभावों की प्रतिक्रिया स्वरूप 'आर्य समाज' नामक संस्था का जन्म हुआ जिसके संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती (1824-1883) एक गुजराती ब्राह्मण थे। उनके वचपन का नाम मूलशंकर था। मूलशंकरे पिता शिव के अनन्य भक्त थे। किंवदन्ती है कि एक शिवरात्रि को शिव पूजा की सार्थकता को लेकर उनका अपने पिता से मतभेद हो गया तथा इक्कीस वर्ष की आयु में उन्होंने गृह त्याग कर सन्यास ग्रहण कर लिया। पन्द्रह वर्षों तक एक साधारण सन्यासी के समान ज्ञान की खोज में वे एक स्थान के दूसरे स्थान में घूमते रहे। अन्ततः वे मथुरा पहुँचे तथा वहाँ स्वामी विरजानन्द (ब्रजानन्द) को उन्होंने अपना गुरु बनाया। स्वामीजी से उन्हें वेदों की पूर्ण शिक्षा प्राप्त हुई। अपने गुरु की प्रेरणा से उन्होंन हिन्दू धर्म तथा समाज के सुधार का व्रत लिया। 1875 ई. में उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की जिसका मुख्य उद्देश्य वैदिक धर्म एवं संस्कृति का पुनरुद्धार करना था। वेदों का आश्रय लेते हुये उन्होंने यह घोषित किया कि सच्चा ज्ञान वेदों एवं उपनिषदों में ही निहित है, वाकी सब मिथ्या है। वैदिक मन्त्रों की सही व्याख्या प्रस्तुत करने के लिये उन्होंने 1879 ई. में 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक ग्रन्थ का प्रकाशन किया। कुछ समय तक के अपनी सस्था के माधयम से विभिन्न स्थानों में जाकर धर्म प्रचार करते रहे। 59 वर्ष की आयु में उनका निधान हो गया।

स्वामी जी तथा उनकी संस्था मुख्य लक्ष्य हिन्दू समाज तथा धर्म की कुरीतियों को दूर करना था। वे मूर्तिपूजा के बचपन से ही विरुद्ध थे। उन्होंने ब्राह्मणों के प्रभुत्व को स्वीकार नहीं किया तथा बहुदेववाद, अवतारवाद, पुरोहिती, पशुबलि, श्राद्ध, मिथ्या कर्मकाण्डों, अन्धाविश्वासों एवं पाखण्डों का जमकर विरोधा किया। मन्दिरों में पूजा करने, तीर्थयात्रा पर जान, व्रत-उपवास रखने आदि की भी उन्होंने आलोचना की। उन्होंने निर्गुण एवं निराकर ब्रह्म की उपासना धयान पद्धति से करने पर बल दिया।

आर्य समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। बालक-बालिकाओं की शिक्षा के निमित्ता अनेक विद्यालयों की स्थापना हुई जिनका नाम 'दयानन्द एंग्लो-वेदिक' रखा गया।

अआर्य समाज ने राष्ट्रीय पुर्नजागरण में भी महान् योगदान दिया। यह दयानन्द ही थे जिन्होंने सर्वप्रथम 'स्वराज्य' शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने ही विदेशी वस्तुओं को बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाने का उपदेश दिया तथा हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार किया। उनके प्रयत्नों से भारतीयो में आत्मविश्वास जागृत हुआ तथा हीनता की भावना समाप्त हो गयी। उनकी शिक्षाओं का प्रभाव कालान्तर में तिलक, लाला लाजपत राय, गोपाल कृष्ण गोखले जैसे राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रमुख नेताओं पर पड़ा तथा उग्रवादी आन्दोलनकारियों ने भी उनसे प्रेरणा की। इस प्रकार स्वामी दयानन्द एक महान् सामाजिक-धार्मिक सुधारक एवं सच्चे राष्ट्रवादी थे।

रामकृष्ण मिशन पाश्चात्य तथा प्राच्य संस्कृतियों का सुन्दर समन्वय हमें रामकृष्ण तथा उनके मिशन में देखने को मिलता है। रामकृष्यण परमहंस (1834-1886) उन्नसवीं शती की एक महान् विभूति थे। उनका जन्म पश्चिमी बंगाल के हुगली जिले में कमारमुकुर नामक गाँव के एक गरीब ब्राह्मण कुल में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में ही हुई। बचपन से ही उनमें भक्ति भावना विद्यमान थी। इक्कीस वर्ष की आयु में उन्होंने कलकत्ता में काली देवी के मन्दिर में एक पुजारी के रूप में अपना जीवन प्रारम्भ किया।

उन्होंने स्वयं किसी संस्था की स्थापना नहीं की। अपनी सूक्ष्म दृष्टि से उन्होंने यह अनुभव किया कि सभी धर्मों में सत्यता है तथा एक ईश्वर के ही विविधि नामरूप है-कृष्ण, राम, हरि, ईसा, अल्लाह आदि। मूर्ति पूजा ईश्वर प्राप्ति के मार्ग में एक साधान है। उनका कहना था कि मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य ईश्वर की प्राप्ति है और यह अध्यात्मवाद द्धारा संभव है। इसके लिये न तो संसार त्याग की आवश्यकता है और न ही इच्छाओं के दमन की। वे कहा करते थे कि संसार में रहकर कार्य करो तथा इच्छाओं का दमन न करके उन्हें ईश्वर की प्राप्ति में लाग दो।

स्वामी विवेकानन्द उच्चकोटि के वेदान्ती तथा महान् कर्मयोगी थे। उन्होंने हिन्दू धर्म की एक सिरे से व्याख्या की तथा उसकी समस्त उत्कृष्ट परम्पराओं को पुनरुज्जीवित करने का प्रयास किया। उन्होंने सम्पूर्ण देश का भ्रमण किया तथा लोगों में अपने मत का प्रचार किया। अपने सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से वे 1893 ई. में अमेरिका के शिकागो नगर में आयोजित 'धर्म-सभा' में भाग लेने के लिये गये जहाँ उन्होंने अत्यन्त ओजस्वी शैली में अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने यह घोषित किया कि वेदान्त न केवल हिन्दू जाति का अपितु समस्त मानवता का धर्म है।

थियोसोफिकल समाज प्राचीन भारतीय सभ्यता से प्रभावित विद्धानों ने इस संस्था की स्थापना की थी। इसका प्रारम्भ 1875 ई. में न्यूयार्क में मेडम ब्लावेट्स्की तथा कर्नल ओकाल्ट के द्धारा किया गया था। 1882 ई. में इस संस्था का कार्यालय मद्रास के समीप अड्यार में स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य आध्यात्मिकता का प्रचार करना, विश्वबन्धुत्व का प्रचार करना तथा धर्म की मूलभूत एकता पर बल देना था।

भारत में थियोसोफिकल समाज के सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार श्रीमती बेसेन्ट (1847-1933 ई.) के कार्य काल में हुआ। वे 1893 ई. में भारत आई तथा उन्होंने इस संस्था के अध्यक्ष का कार्यभार सम्हाला। वे हिन्दू धर्म तथा दर्शन से पूर्णतया इस संस्था के अधयक्ष का कार्यभार सम्हाला। वे हिन्दू धर्म तथा दर्शन से पूर्णतया प्रभावित थीं और उन्होंने हिन्दू धर्म ग्रहण कर लिया। उन्नीसवीं शर्ती के धर्म सुधार आन्दोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भाग लिया। भारत के प्राचीन धर्म में उनकी गहरी आस्था थी तथा उन्होंने अपना प्रारम्भिक समय हिन्दू धर्म तथा दर्शन, धार्मिक कर्मकाण्ड, पूजा-विधि आदि के पुनरुत्थान में लगाया। उसके प्रयासों के फलस्वरूप प्राचीन हिन्दू धर्म के लोगों की आस्था उत्पन्न हुई। 1898 ई. में उन्होंने वाराणसी में सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना की जहाँ हिन्दू धर्म एवं पाश्चात्य विज्ञान की शिक्षा का प्रबन्धा किया गया। इससे शिक्षा का प्रचार-प्रसार हुआ। कालान्तर में सही संस्था हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में परिणत हो गयी। अड्यार में भी एक प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र स्थापित हुआ जहाँ दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों को संग्रहीत करने के लिये एक पुस्तकालय की स्थापना की गयी।

एनी बेसेन्ट ने भारतीयों का मन में राष्ट्रीय भावना जागृ करने के उद्देश्य से यहाँ होमरूल लीग की स्थापना की तथा प्रथम विश्वयुद्ध के बाद भारतीयों को स्वशासन दिलाने के लिये एक आन्दोलन छेड़ दिया। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें कुछ समय के लिये बन्दी बना लिया। बाद में वे कांग्रेस की अधयक्ष भी बनी। कुछ समय के लिय पं. बाल गंगाधार तिलक जैसे लोग भी उनकी संस्था के सदस्य बने रहे। यद्यपि एनी बेसेन्ट की संस्था को जनाधार नहीं मिला तथापि भारत में राष्ट्रीय भावना जागृत करने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किये।

उउन्नीसवीं शती के आन्दोलनों का मुख्य उद्देश्य समाज एवं धर्म में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना था। इसका प्रभाव देशव्यापी रहा। इनके फलस्वरूप परम्परागत रूढ़ियों एवं पाखण्डों से लोगों का विश्वास उठ गया। जाति-पाति के बन्धान शिथिल पड़ गये। अस्पृश्यता एवं छुआ-छूत की भावनायें कम हुई तथा कई अन्धविश्वासों का अन्त हुआ। कुछ बुराइयों को समाप्त करने के लिये सरकार की ओर से कानून बनाये गये। लार्ड विलियम बेंटिग ने सती प्रथा के विरूद्ध कानून बनाया। शिशु-बध की प्रथा भी समाप्त कर दी गयी। 1856 के एक अधिनियम के तहत स्त्रियों को पुनर्विवाह करने का अधिकार प्रदान कर दिया गया। विदेश यात्रा को भी प्रोत्साहन अनेक सुधारकों ने अंग्रेजी भाषा की शिक्षा पर बल दिया था। इसके फलस्वरूप देश में आधुनिक शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ। शिक्षा के माध्यम से देशवासी पश्चिमी ज्ञान-विज्ञान से परिचित हो गये। उनके मन से दीनता एवं हीनता की भावनायें जाती रही तथा आत्मविश्वास एवं स्वदेश प्रेम की भावनायें जागृत हो गयीं। चूँकि समाज-सुधार केवल किसी जाति या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं थे, अत: इनके माध्यम से समस्त देशवासी एकता के सू. में संगठित हो गये।

सुधार आन्दोलनों का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह रहा कि लोगों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हुई जिसका प्रस्पु टन कालान्तर से स्वतंत्रता-आन्दोलन के रूप में हुआ।

उन्नीसवीं शती के सुधारकों ने अपने प्रचार-प्रसार शहरी मध्य तथा उच्च वर्गों तक ही सीमित रखा और उन्होंने कृषकों तथा अन्य गरीब जनता के विषय में कुछ भी नहीं कहा। उनकी दूसरी कमी यह भी कि उन्होंने देश के अतीत पर अत्यधिक बल दिया तथा मध्यकाल को मुख्यत: पतन का काल निरूपित किया। प्राचीन भारत के धर्म तथा दर्शन पर अत्यधिक बल दिये जाने के कारण अन्य पक्षों की उपेक्षा हो गयी। सुधार आन्दोलनों के कारण संयुक्त संस्कृति विकसित करने की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो गयी तथा साम्प्रदायिकता की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिला। अतीत की भौतिक तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों को न सभी भारतीयों ने समान रूप से गर्व से देखा और न ही उनसे समान रूप से प्रेरणा ग्रहण की। प्राचीन काल तथा धर्मों की अंधप्रशंसा निम्न जाति के लोगों को स्वीकार नहीं हो सकती थी। अतीत कुछ लोगों की ही पैतृक धारोहर बन गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय सामाजिक आन्दोलन, वी.एन. सिंह
2. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, के.एल. खुराना
3. समाज शास्त्र, शर्मा एण्ड गुप्ता
4. भारतीय सामाजिक आंदोलन, एम.एस. राव
5. भारती इतिहास में महिलायें, खुराना एवं चौहान

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

फैजाबाद मण्डल में स्वतन्त्रता पश्चात नगरीकरण की प्रवृत्ति : एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ. बृज विलास पांडे* राज कुमार यादव**

शोध सारांश – नगरीय जनसंख्या में वृद्धि को नगरीकरण कहा जाता है, इसके साथ-साथ नगरों का क्षैतिज विस्तार भी नगरीकरण का ही अन्य स्वरूप है। स्वतंत्रता पश्चात देश में नगरीकरण के स्तर में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई। इसका मुख्य कारण नगरों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि, नगरों में बेहतर जीवन स्तर की संभावनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि आदि को माना जाता है। फैजाबाद मण्डल उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में अवस्थित है। इसका अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार 26^{0} 01' 30'' उत्तरी अक्षांश से से 27^{0}19' उत्तरी अक्षांश तथा 80^{0} 58' पूर्वी देशांतर से 83^{0} 05'पूर्वी देशांतर के मध्य है। अध्ययन क्षेत्र का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 17,185 वर्ग किमी है। अध्ययन क्षेत्र के नगरों में भी स्वतंत्रता पश्चात नगरीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। जहां एक तरफ नगरीय जनसंख्या में वर्ष 1951 से 2011के मध्य 5 से लेकर 7 गुना तक वृद्धि हुई, वहीं दूसरी तरफ नगरों के क्षेत्रफल में भी लगभग दुगनी वृद्धि दर्ज की गई। अध्ययन क्षेत्र में वर्ष 1961 से 2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धि और नगरों के क्षेत्रफल के मध्य ज्ञात किए गए कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि और नगरों के क्षेत्रफल वृद्धि में सकारात्मक सह-संबंध पाया जाता है।

शब्द कुंजी – नगरीकरण, जनसंख्या वृद्धि, नगरीय जनसंख्या और नगरीय विस्तार।

प्रस्तावना – नगरीय जनसंख्या व उसके अनुपात में वृद्धि होना नगरीकरण कहलाता है। ग्रिफिथ टेलर के अनुसार 'लोगों का गांव से नगरों की ओर स्थानांतरण नगरीकरण कहलाता है।' जी. टी. ट्रिवार्था के अनुसार 'कुल जनसंख्या में नगरीय स्थानों में रहने वाली जनसंख्या के अनुपात को नगरीकरण का स्तर कहा जा सकता है।' किंग्सले डेविस के अनुसार 'कुल जनसंख्या में नगरीय बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या के अनुपात या इस अनुपात में वृद्धि को नगरीकरण कहते हैं', उन्होंने बताया कि 'नगरीकरण सामाजिक जीवन के संपूर्ण प्रारूप में क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर संकेत करता है, यह अवसर की उपलब्धता, आधारभूत अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास का परिणाम है।'

उपर्युक्त परिभाषाओं के आधार पर स्पष्ट होता है कि नगरीय जनसंख्या में वृद्धि को नगरीकरण के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है, किन्तु जब नगरों में जनसंख्या का जमाव बढ़ने लगता है, तब नगर अपनी सीमाओं को लांघ कर ग्रामीण क्षेत्रों को भी स्वयं में आत्मसात कर लेते हैं, यह भी नगरीकरण का ही एक अन्य स्वरूप है। इसमे नगरों का क्षैतिज विस्तार होता है। अध्ययन क्षेत्र में स्वतन्त्रता के पश्चात सरकार द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास को गति प्रदान करने से यहाँ नगरीकरण के स्तर में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। स्वतन्त्रता पश्चात यहाँ नगरीय जनसंख्या में वृद्धि के साथ-साथ नगरों के क्षेत्रफल में भी पर्याप्त वृद्धि हुई। इस शोधपत्र का उद्देश्य फैजाबाद मण्डल में स्वतन्त्रता पश्चात नगरीकरण की प्रवृत्ति का विश्लेषण करना है, साथ ही नगरों में जनसंख्या वृद्धि और नगरों के क्षेत्रफल में वृद्धि के मध्य सहसंबंधों को भी ज्ञात करना है।

मानचित्र : 1



* एसोसिएट प्रोफेसर, के.एस. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या, फैजाबाद (उ.प्र.) भारत
** शोधकर्ता, के.एस. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या, फैजाबाद (उ.प्र.) भारत

फैजाबाद मण्डल उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में अवस्थित है, जिसे पूर्वांचल प्रदेश भी कहा जाता है। इसका अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार 26° 01' 30'' उत्तरी अक्षांश से से 27° 19' उत्तरी अक्षांश तथा 80° 58''पूर्वी देशांतर से 83° 05'' पूर्वी देशांतर के मध्य है। अध्ययन क्षेत्र का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 17,185 वर्ग किमी है। प्रशासनिक दृष्टि से फैजाबाद मंडल में बाराबंकी, फैजाबाद, सुलतानपुर, अंबेडकर नगर और अमेठी जनपद सम्मिलित हैं।

शोध परिणाम – वर्ष 1951 में फैजाबाद नगर की जनसंख्या 82,498 थी, जो बढ़कर वर्ष 1961 में 88,296 (7.03 %), वर्ष 1971 में 1,09,806(24.36%), वर्ष 1981 में 1,431,67(30.38%), वर्ष 1991 में 1,76,922(23.58%), वर्ष 2001 में 2,08,162(17.66%) और वर्ष 2011 में 2,56,624(23.28%) हो गई। वहीं फैजाबाद नगर का क्षेत्रफल 1961 में 51.18 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर वर्ष 1971 में 51.17,वर्ष 1981 में 63.39,वर्ष 1991 में 63.39,वर्ष 2001 में 63.39 और वर्ष 2011 में 65.94 वर्ग किलोमीटर हो गया।

तालिका-1: फैजाबाद नगर में नगरीकरण की प्रवृत्ति (वर्ष1951-2011)

जनगणना वर्ष	क्षेत्रफल वर्ग (किमी में)	जनसंख्या	जनसंख्या वृद्धि	जनसंख्या वृद्धि दर (% में)
1951		82,498	24,866	43.15
1961	51.18	88,296	5,798	7.03
1971	51.17	109,806	21,510	24.36
1981	63.39	143,167	33,361	30.38
1991	63.39	176,922	33,755	23.58
2001	63.39	208,162	31,240	17.66
2011	65.94	256,624	48,462	23.28

स्रोत: भारतीय जनगणना, 2011

बाराबंकी नगर की जनसंख्या वर्ष 1951 में 28,958 थी, जो बढ़कर वर्ष 1961 में 34,334(18.56%), वर्ष 1971 में 43,385(26.36%), वर्ष 1981 में 62,216(43.40%),वर्ष 1991 में 77,234(24.14%), वर्ष 2001में 92,687(20.01%) और वर्ष 2011में 14,7550 (59.19%) हो गई। इसी प्रकार फैजाबाद नगर का क्षेत्रफल वर्ष 1961 में 8.62 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर वर्ष1971 में 8.67,वर्ष 1981 में 8.6,वर्ष 1991 में 8.67,वर्ष 2001 में 9.38 और वर्ष 2011 में 17.97 वर्ग किलोमीटर हो गया।

तालिका-2: बाराबंकी नगर में नगरीकरण की प्रवृत्ति (वर्ष 1951-2011)

जनगणना वर्ष	क्षेत्रफल वर्ग (किमी में)	जनसंख्या	जनसंख्या वृद्धि	जनसंख्या वृद्धि दर
1951		28,958	6,118	26.79
1961	8.62	34,334	5,376	18.56
1971	8.67	43,385	9,051	26.36
1981	8.67	62,216	18,831	43.40
1991	8.67	77,234	15,018	24.14
2001	9.38	92,687	15,453	20.01
2011	17.97	1,47,550	54,863	59.19

स्रोत: भारतीय जनगणना, 2011

तालिका-3:सुलतानपुर नगर में नगरीकरण की प्रवृत्ति (वर्ष 1951-2011)

जनगणना वर्ष	क्षेत्रफल वर्ग (किमी में)	जनसंख्या	जनसंख्या वृद्धि	जनसंख्या वृद्धि दर
1951		17,496	4,370	33.29
1961	6.99	26,081	8,585	49.07
1971	6.99	32,330	6,249	23.96
1981	6.99	48,782	16,452	50.89
1991	12.00	76,533	27,751	56.89
2001	12.01	1,00,065	23,532	30.75
2011	14.95	1,15,944	15,879	15.87

स्रोत: भारतीय जनगणना, 2011

सुलतानपुर नगर की जनसंख्या वर्ष 1951 में 17,496 थी, जो बढ़कर वर्ष 1961 में 26081(49.07%), वर्ष 1971में 32,330(23.96%), वर्ष 1981 में 48,782(50.89%), वर्ष 1991 में 76,533(56.89%), वर्ष 2001 में 1,00,065(30.75%) और वर्ष 2011 में 1,15,944(15.87%) हो गई। वही सुलतानपुर नगर का क्षेत्रफल वर्ष 1961 में 6.99 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर वर्ष 1991 में 12, वर्ष 2001 में 12.1 और वर्ष 2011 में 14.95 वर्ग किलोमीटर हो गया।

तालिका-4: अकबरपुर नगर में नगरीकरण की प्रवृत्ति (वर्ष 1951-2011)

जनगणना वर्ष	क्षेत्रफल वर्ग (किमी में)	जनसंख्या	जनसंख्या वृद्धि	जनसंख्या वृद्धि दर
1951		8,206	830	11.25
1961	3.26	9,563	1,357	16.54
1971	3.26	12,516	2,953	30.88
1981	5	19,469	6,953	55.55
1991	5	26,878	7,409	38.06
2001	5	33,906	7,028	26.15
2011	7.47	1,11,447	77,541	228.69

स्रोत: भारतीय जनगणना, 2011

अकबरपुर नगर की जनसंख्या वर्ष 1951 में 8206 थी, जो बढ़कर वर्ष 1961 में 9563(16.54%), वर्ष 1971 में 12,516(30.88%), वर्ष 1981 में 19,469(55.55%), वर्ष 1991में 26,878(38.06%), वर्ष 2001 में 33,906(26.15%) और वर्ष 2011 में 1,14,047 (228.69%) हो गई। इसी प्रकार अकबरपुर नगर का क्षेत्रफल वर्ष 1961में 3.26 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर 1981 में 5 वर्ग किलोमीटर और वर्ष 2011 में 7.47 वर्ग किलोमीटर हो गया।

तालिका5: अमेठी नगर में नगरीकरण की प्रवृत्ति (वर्ष 1951-2011)

जनगणना वर्ष	क्षेत्रफल वर्ग (किमी में)	जनसंख्या	जनसंख्या वृद्धि	जनसंख्या वृद्धि दर
1981	0.72	7,132	- -	
1991	0.72	10,661	3,529	49.48
2001	2.00	12,836	2,175	20.40
2011	2.00	13,849	1,013	7.89

स्रोत: भारतीय जनगणना, 2011

अमेठी नगर की जनसंख्या 1981 में 7132थी, जो बढ़कर 1991 में 10661(49.48%), वर्ष2001 में 12,836(20.40%) और वर्ष 2011में 13849(7.89%) हो गई। इसी प्रकार अमेठी नगर का क्षेत्रफल जो कि वर्ष 1981में 0.072 वर्ग किलोमीटर था, वह बढ़कर वर्ष 2001 में 2 वर्ग किलोमीटर हो गया।

उपर्युक्त तालिकाओं के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि स्वतंत्रता पश्चात अध्ययन क्षेत्र के नगरों में अत्यंत तीव्र गति से जनसंख्या वृद्धि हुई है, किंतु वर्ष 1991 के पश्चात सुलतानपुर नगर को छोड़कर सभी नगरों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी दर्ज की गई है, वहीं सुलतानपुर नगर में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी वर्ष 2001 के पश्चात देखने को मिलती है। इसके विपरीत जिस अनुपात में अध्ययन क्षेत्र में नगरीय जनसंख्या में वृद्धि हुई है, उस अनुपात में अध्ययन क्षेत्र के नगरों का क्षैतिज विस्तार नहीं हो सका है। जहां वर्ष 1951 से 2011 के बीच जनसंख्या में पांच से सात गुना तक वृद्धि हुई है, वहीं उसके सापेक्ष नगरों के क्षेत्रफल में लगभग दुगनी वृद्धि ही दर्ज हुई है। जिस कारण अध्ययन क्षेत्र के नगरों में जनसंख्या के वितरण और नगरों के क्षेत्रफल के मध्य असंतुलन निरंतर बढ़ रहा है, जिसका नकारात्मक प्रभाव नगरों में लोगों के जीवन स्तर और उनकी गुणवत्ताा पर पड़ रहा है।

जनसंख्या वृद्धि एवं नगरों के क्षैतिज विकास के मध्य सह-संबंध - शोधकर्ता द्वारा इस शोधकार्य हेतु परिकल्पना निर्धारण किया गया है कि जनसंख्या वृद्धि एवं नगरों के क्षैतिज विकास के मध्य धनात्मक सह-संबंध पाया जाता है। इस परिकल्पना की पुष्टि हेतु शोधकर्ता द्वारा वर्ष 1961 से वर्ष 2011 के मध्य अध्ययन क्षेत्र के नगरों की जनसंख्या वृद्धि एवं नगरों के क्षेत्रफल के मध्य कार्ल पियर्सन का सह-संबंध गुणांक ज्ञात किया, जिसमें पाया गया कि अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि और नगरों के क्षैतिज विस्तार के मध्य धनात्मक सह-संबंध पाया जाता है। जहां सर्वाधिक सह-संबंध 0-958328 सुलतानपुर नगर में देखने को मिलता है, क्योंकि यहाँ परिवहन सुविधाओं का पर्याप्त विकास हुआ है, वहीं न्यूनतम सह-संबंध +0-861626 फैजाबाद नगर में देखने को मिलता हैं, इसका प्रमुख कारण फैजाबाद नगर के उत्तर में प्रवाहित होने वाली घाघरा नदी द्वारा फैजाबाद नगर के क्षैतिज विस्तार को बाधित करना माना जा सकता है।

तालिका-6:जनसंख्या वृद्धि एवं नगरों के क्षैतिज विकास के मध्य सहसंबंध,(वर्ष 1961-2011)

नगर	वर्ष 1951 से 2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धि एवं नगरों के क्षैतिज विकास के मध्य कार्ल पियर्सन सह-संबंध गुणांक
फैजाबाद	+0-861626
बाराबंकी	+0-880572
सुलतानपुर	+0-958328
अकबरपुर	+0-922214
अमेठी	+0-863555

निष्कर्ष - स्वतंत्रता पश्चात जिस प्रकार सरकार द्वारा देश में नियोजित विकास हेतु प्रयास किए गए, उसका सकारात्मक प्रभाव अध्ययन क्षेत्र के नगरों पर भी पड़ा। नियोजित विकास के परिणामस्वरूप अध्ययन क्षेत्र के नगरों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई, जिस कारण व्यापक पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग नगरों में बसने लगे, जिससे नगरों की जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होने लगी। सरकार ने नगरों में आवासों की समस्या को देखते हुए बड़े पैमाने पर नगरों में नई आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया तथा वहां नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किया, इसके लिए सरकारों द्वारा नगरों के सीमांत क्षेत्रों पर स्थित गांवों को भी नगरीय क्षेत्रों में सम्मिलित कर लिया गया, जिसके फलस्वरूप नगरों का क्षैतिज विस्तार होने लगा। अध्ययन क्षेत्र में जैसे-जैसे नगरीय जनसंख्या में वृद्धि हुई वैसे-वैसे नगरों का भी पर्याप्त क्षैतिज विस्तार हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Ashish Bose (1973),"Studies in India's Urbanization 1901–1971Bombay and New Delhi": Tata McGraw-Hill Publishing Co. Ltd.
2. Kamaldeo Narain Singh (1978),"Urban Development in India", Abhinav Publications.
3. Nandy, s. N. (1988), "Urbanization in India – Past, Present and Future Consequences" National Institute of Urban Affairs. The State of India's Urbanization. New Delhi.
4. Rao, N.M.S.A. (1970),"Urbanization Community on a Metropolitan Fringes", New Delhi, Orient Longman Ltd.
5. Singh, R.L. (1971),"India-A Regional Geography", National Geographical Society of India, Varanasi.
6. Wheeler, S. M., & Beatley, T. (2014),"Sustainable Urban Development Reader", Rout ledge.

****

पुरातात्विक व सांस्कृतिक नगरी मल्हार के प्रमुख शिलालेख एवं संग्रहालय का ऐतिहासिक अध्ययन

मंजू साहू* डॉ. रामरतन साहू**

शोध सारांश – दक्षिण कोसल की प्राचीन राजधानी का परिधान लिए ऐतिहासिक स्थल मल्हार पुरातन सामग्रियों, अभिलेखों एवं मुद्राओं से भरा हुआ है। इस भू-भाग की पाषाण कला पग-पग मुखरित है, यहां की कला, संस्कृति एवं धार्मिक सहिष्णुता दूर-दूर तक फैली हुई है। इस स्थल की धार्मिक एवं पौराणिक गाथाओं से संबंधित अनेक पाषाण प्रतिमाएं सैलानियों का मन मोह लेती है। यहां के प्राचीन मंदिर, मठ, विहार एवं गढ़ आदि की शिल्पकला हमारी प्राचीन संस्कृति की गौरवगाथा को सजीवता प्रदान कर रही है।

शब्द कुंजी– ब्राम्ही, भावाभिव्यक्ति, शिलापट्टी, कलाकृतियां, चतुर्भुजी।

प्रस्तावना – किसी भी स्थल में उत्कीर्ण लेख ही अभिलेख की श्रेणी में आता है। भाषा एवं लिपि इस लेख के प्रमुख माध्यम होते हैं। स्वाभाविक है, कि भाषा एवं लिपि में से सर्वप्रथम भाषा का ही जन्म हुआ होगा, कालांतर में लिपि का जन्म हुआ होगा। भाषा मानव के भावाभिव्यक्ति का सरल माध्यम है। इसका प्रारंभिक स्वरुप क्या था, इसका स्पष्टीकरण नहीं हो पाया है। समय के साथ-साथ भाषा का भी विकास हुआ, आगे चलकर इसे भिन्न-भिन्न नाम दिया गया, यथा – पाली, प्राकृत इत्यादि। इसी प्रकार अपने भाव-रूपी भाषा को अभिव्यक्त करने के लिए लिपि का विकास हुआ एवं उसे भिन्न-भिन्न नाम दिए यथा ब्राम्ही व खरोष्ठी इत्यादि। कालांतर में लेखन कला के साथ ही अभिलेखों का आविर्भाव हुआ। अभिलेख प्राय: पत्थरों को खोद कर एवं धातु पर उत्कीर्ण कर लिखे गये। प्राचीन भारतीय इतिहास के निर्माण में इन अभिलेखों का विषेष महत्व है। उत्कीर्ण लेख पत्थर पर उत्कीर्ण हो अथवा ताम्रपत्र, भोजपत्र आदि पर उत्कीर्ण हो, इसे संग्रह करके जिस स्थान पर रखा जाता है, उस स्थान को संग्रहालय कहा जाता है। मल्हार नगर के पुरावशेषों के महत्व को देखते हुए, केन्द्रीय शासन के पुरातत्व विभाग द्वारा इन्हें संरक्षण प्रदान करने के लिए इस नगर में एक संग्रहालय की स्थापना की है। यहां स्थित संग्रहालय के प्रागंण में बहुसंख्यक प्रतिमाएं, शिलापट्टी, द्वार स्तंभ एवं कलाकृतियां संग्रहित है। इन सभी प्रतिमाओं का उल्लेख करना संभव नहीं होगा बल्कि इसके कलात्मक एवं पुरातात्विक पहलुओं को उजागर करना युक्ति संगत होगा। इस संग्रहालय में प्राचीन काल में विभिन्न प्रतिमाएं प्रतिस्थापित है। इसी के साथ मंदिरों व महलों के भग्नावषेष भी इस स्थल में व्यापक रूप से प्राप्त हुआ है। यहां से प्राप्त प्रतिमाओं से स्पष्ट होता है कि प्राचीन समय में यहां बौद्ध एवं जैन धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ था।

मल्हार के समीपस्थ भू-भाग से कुछ स्वर्ण मुद्राएं 1942 ई, में चकरबेड़ा से प्राप्त हुआ है। इसमें मात्र दो मुद्राओं का प्रकाशन वर्तमान समय तक हो पाया है।[1] इस स्थल से प्राप्त मुद्राओं का संबंध रोमन राजाओं से रहा है। वर्तमान समय में ये दोनों सिक्के रायपुर के मंहत घासीदास संग्रहालय में है।[2] पूर्व समय में चकरबेड़ा, बूढ़ीखार व जैतपुर का क्षेत्र मल्हार नगर के सीमा के अंतर्गत आता था। यहां से तांबे के बहुतायत सिक्के प्राप्त हुए हैं। स्कंदमाता की अलंकरण युक्त प्रतिमा विशेषतया महत्वपूर्ण है। यह प्रतिमा लगभग 150 सेंटीमीटर एक ऊंचे पाषाण पर अशोक वृक्ष के नीचे आकर्षक मुद्रा में खड़ी माता पार्वती, बाएं भाग में बच्चे को गोद लिए हुए प्रदर्षित किया गया है। माता का बायां हाथ बच्चे के पृष्ठ भाग से आकर उसके कटिभाग के मध्य में अवस्थित है। माता के दाएं हाथ में कमल विराजित है।जिसमें क्रमश: कमल पत्र, कली एवं पुष्प को त्रिशुलाकृति में दर्शाया गया है।[3] इनके मस्तक में केश बंध अलंकृत है। इसके साथ ही कलात्मक साड़ी का सुदंर चित्रांकन किया गया है। माता स्कंदमाता के मुख मुद्रा में मातृत्व का भाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रहा है। इस प्रतिमा में मातृत्व भाव का सजीव चित्रण किया गया है।तदनुरूप बाल स्कंद की सहज शव का सुदंर अंकन है।[4] इस प्रतिमा का शारीरिक सौष्ठव, त्रिभंग मुद्रा,अलंकृत वस्त्र विन्यास एवं अन्य विविध अलंकरणों का कलात्मक समन्वय दर्शनीय है, जो सर्वथा आकर्षक के साथ ही स्वभाविक भी है। इस प्रतिमा में बालक की सौम्यता, कलाकार की विशेष कलात्मक रूचि को परिभाषित करती है।

विवेचनों के आधार पर यह प्रतिमा अद्वितीय मानी जाती है। प्रतिमा-विज्ञान की दृष्टिकोण से इस प्रतिमा का निर्माण काल छठवीं सदी के आरंभ को माना जा सकता है। उक्त प्रतिमा के विषय में विद्वानों ने अपना मत अलग-अलग प्रस्तुत किया है- बौद्ध धर्मावलंबियों द्वारा बालक को राहुल एवं यशोधरा को माता माना गया है। एक अन्य मत के अनुसार वृक्ष के नीचे माया देवी अपने पुत्र गौतम को लिए खड़ी हुई है। इसी प्रकार जैन मतावलंबियों द्वारा इसे यक्षी अंबिका माना गया है, जो आम्रवृक्ष के नीचे बालक को गोद में लिए खड़ी हुई है।

अभिलिखित चतुर्भुजी विष्णु प्रतिमा – मल्हार संग्रहालय में चतुर्भुजी विष्णु की अभिलिखित पाषाण निर्मित प्रतिमा लगभग 160 सेंटीमीटर में

* शोधार्थी, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग) भारत

संग्रहित है। इसे चारों दिशा से उकेर कर बनाया गया है। इस प्रतिमा के अभिज्ञान के विषय में विद्धानों का मत अलग-अलग है। प्रोफेसर कृष्णदत्त बाजपेयी ने उक्त प्रतिमा को चतुर्भुजी माना है। इसके दण्ड भाग में मौर्यकालीन ब्राह्मी लिपि में लेख उत्कीर्ण है। इस प्रतिमा लेख से पता चलता है कि इस प्रतिमा की स्थापना पर्णदत्त की भार्या शरद्धाजी ने करवाया था। भारतवर्ष में अब तक प्राप्त अभिलिखित विष्णु प्रतिमाओं में यह प्रतिमा सबसे प्राचीन है। इस प्रतिमा का निर्माण काल ईसा पूर्व 200 माना गया है।[5] पूर्व समय में प्रतिमा को चारों ओर से उकेर बनाने का प्रथा थी। यक्षों की भी अन्य कई इसी प्रकार की अन्यत्र प्राप्त हुई है। प्रतिमा के चारों हाथों में क्रमश: चक्र,शंख,गदा प्रमुख है।

शैव प्रतिमाएं - भारत वर्ष के प्रचीनतम कला में शिव जी का शिल्पांकन अत्यंत प्राचीन है। मोहन जोदड़ो की एक मुहर पर विविध पशुओं से युक्त एक योग पुरुष की प्रतिमा प्राप्त हुआ है जो अनुमानत: पशुपति वाक्य की सार्थकता को प्रदर्शित करता है। शरतीय प्राचीन सिक्कों पर शिव जी के प्रतीक चिन्ह का चित्रांकन मिलता है। मल्हार से प्राप्त शिव जी के प्रतिमाओं को चार भागों में वितरित किया गया है। प्रथम भाग में मंगलकारी शांत प्रतिमाएं, द्वितीय भाग में दक्षिणापथ की प्रतिमाएं, तृतीय भाग में नृत्यरत् प्रतिमाएं तथा चतुर्थ शग में संहारक प्रतिमाएं या अमंगलकारी प्रतिमाएं है।

मंगलकारी शांत मुद्रा वाली प्रतिमा के अंतर्गत सरल, शांत एवं सौम्य अनुग्रह मूर्तियां आती है। मंगलकारी मूर्तियों के अंतर्गत नीलकंठ, महेश्वर, महादेव, वृषभ वाहन शिव, उमा- महेवर, कल्याण-सुदंर, अर्द्धनारीश्वर, हरिहर आदि मंगलकारी रुप है। रावणानुग्रह, विघ्नेश्वर अनुग्रह के संबंध में भी उल्लेख मिलता है। शरतीय कला शिव के प्रमुख स्वरुप में नटराज शिव को माना गया है। नृत्यरत नटराज काल-भैरव एवं अंधकासुर वध आदि संहार व अमंगलकारी शिव के रौद्र रुप मल्हार से प्राप्त हुआ है।[6]

नटराज की प्रतिमा - मल्हार स्थित स्थानीय संग्रहालय में शिव जी का एक रौद्र रूप वाली नटराज की प्रतिमा स्थित है। इस प्रतिमा के दाएं हाथ में त्रिशुल के साथ ही बाण, अक्षमाला, परशु इत्यादि को प्रदर्शित किया गया है। बाएं हाथ में खट्वांग, सनालपुष्प, कपाल एवं बीजपूरक, कपाल आदि धारण किए हुए हैं। इस प्रतिमा में नटराज जी के चार हाथों का प्रदर्शन किया गया है। दायां निचले हाथ को उपदेश देने के मुद्रा में बनाया गया है। प्रतिमा में शिव जी को आभूषण धारण किए हुए दिखाया गया है, इनके गले में पुष्प के माला का सुदंर अंकन किया गया है, जिसकी लंबाई गले से लेकर घुटनों तक है। इनके मस्तक पर अनेक रत्नों से युक्त मुण्डमाल है, जो जटाजूट से अलंकृत है। प्रतिमा में नटराज जी बायां पांव स्थिर मुद्रा में एवं दायां पांव थोड़ा उठा हुआ है व नृत्यरत् मुद्रा में है।

उमा-महेश्वर की प्रतिमा - मल्हार के संग्रहालय में स्थित इस प्रतिमा को हमगौरी प्रतिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रतिमा में अनेक भेद भी पाया जाता है। यह प्रतिमा चतुर्भुजी है व नंदी के ऊपर सवार है। माता उमा इस प्रतिमा में शिव जी के बाएं जंघा पर ललितासन की मुद्रा में आसीन है व शिव जी माता उमा को अपने बाएं हाथ से आलिंगन कर रहे हैं।

शिव जी के दाएं हाथ में त्रिशुल धारण किए हुए हैं एवं बाएं हाथ से माता उमा को आलिंगन किए हुए हैं। माता पार्वती गले में माणिक्य माला धारण किए हुए व इनके कमर में मणि मेखला स्थित है। माता अपने हाथों एवं पैरों में अनेक अलंकृत आभूषण धारण किए हुए हैं। माता का दाहिना हाथ शिव जी के दाएं कंधे पर है। माता का दायां पांव घुटने से मुड़ कर बाएं पांव पर रखा है व दाएं हाथ में दर्पण लिए हुए हैं। शिव जी की एक हाथ नीचे की ओर आकर लटक रहा है। माता का बायां पैर व शिव जी का दायां पैर घुटनों तक मुड़ा हुआ है। इन दोनों के पैरों के मध्य नंदी एवं नृत्यरत मृद्रा में भृंगी की प्रतिमा है। दोनों के पैरों के नीचे पाद पीठ पर कटारधारी पुरूष एवं सिंह की प्रतिमा है, इसी के साथ नीचे हाथ जोड़े भक्तगण दिखाई दे रहे हैं।

इसी शंति संग्रहालय में एक अन्य प्रतिमा है, जिसमें भी माता पार्वती के साथ ही शिव जी की प्रतिमा भी शोभायमान है। यह प्रतिमा भी चतुर्भुजी आकार में है। शिव जी के दाहिने हाथ में त्रिशुल व बाएं हाथ में नाग धारण किए हैं। इस प्रतिमा में भी माता पार्वती के हाथ दर्पण है। माता ने कानों में गोल कुण्डल, कण्ठहार, चार लड़ियों वाली हार, बाजूबंध, पैरों में पायल धारण किए हुए हैं। शिव जी की प्रतिमा में भी समान अलंकरण है, इन दोनों का मात्र केश विन्यास भिन्न-भिन्न आकृति की है।[7] माता के केश विन्यास में मुक्त गुम्फित तीन ललाटिक आभूषण सुंदरता के चित्रित किया गया है। पाद पीठिका के नीचे दोनों किनारों पर नंदी एवं सिंह की आकृतियां अंकित है। दोनों के प्रतिमाओं के पैरों के मध्य भृंगी की छोटी सी प्रतिमा है। नीचे मध्य में दो मानव व नारी की आकृतियां अंकित है।

भूमंडलीकरण की व्याख्या दो स्तरों पर की गई, एक ओर तो यह माना गया कि वैश्वीकरण व उदारीकरण से महिला को रोजगार के अवसर एवं आर्थिक स्वावलम्बन से सशक्तिकरण को बल मिलेगा, दूसरी तरफ इसी प्रक्रिया की पर्यावरणवादियों ने यह व्याख्या की कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी विकास के जरिए लाभ कमाने के चक्कर में यह वैश्वीकरण स्त्री श्रम को हासिल करके प्रकृति का विरोध कर रहा है। अर्थात् स्त्री को प्रजनन, लालन पालन करने की प्राकृतिक स्वाभाविक नारी सुलभ क्षमताओं को नष्ट कर रहा है। पर्यावरणवादी चूँकि पारम्परिक नारी व उसके दायित्व को ही प्रकृतिजन्य मानते हैं। इसलिए स्त्री स्वातन्त्रय एवं नारीवादी अभियान चलाने वालों ने इसे स्वीकृति नहीं दी क्योंकि इससे नर-नारी के प्रचलित संबन्धों में बदलाव की गुंजाइश नगण्य थी। भूमंडलीकरण ने महिलाओं को दो खेमों में बाँट दिया। एक ओर स्त्री अपनी पारम्परिक छवि के समर्थन में संघर्षरत रही, वहीं दूसरी ओर वे अधिकांश स्त्रियाँ जिन्हें प्रौद्योगिकी परिवर्तन व बाजार की प्रक्रिया ने अपने अधीन कर रखा था।

ध्यात्वय है कि नारी मुक्ति अभियानों ने एक ही तरफ ध्यान दिया और कारखानों में काम करने के बावजूद घर के कामों से छुटकारा न मिलने जैसे आवश्यक पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया गया जो स्त्रियों पर शोषण की दोहरी मार जैसे थे। इसलिए भूमंडलीकरण औरतों के श्रम व देह पर निजी नियन्त्रण को सार्वजनिक नियन्त्रण में बदल रहा था। **'बाजार ने औरत को प्राइवेट से निकालकर पब्लिक में लाकर उसका वस्तुकरण का अभियान शुरू कर दिया है।'**[5]

व्यक्ति को वस्तु बनाकर उसके मनुष्यत्व को भुला दिया जाता है। वह सिर्फ बिकाऊ माल रह जाता है। **'स्त्रीत्व और सतीत्व के बीच कहीं बिला गए स्त्री के मनुष्यत्व को ढूँढने और प्रतिष्ठित करने के प्रयास में क्रमश: एक-एक पग धरते हुये पहले वे उस समाज की शिनाख्त कर लेना चाहती है, जो औरत को माल बनाकर बाजार में परोसता है।'**[6]

जया जादवानी ने अपनी कहानी **'बाजार'** में इसी भाव को चित्रित किया है- **'उस बाजार में जहाँ देह सिर्फ जानवरों की बिकती है और स्त्री की। खाने के अंदाज अलग हैं।'**[7] भूमंडलीकरण और उदारीकरण ने भी स्त्रियों को रेवड़ की भाँति बाहर-भीतर खदेड़े जाने को बाध्य कर दिया है। बाजार, पैसा, देह, कैरियर पर आधारित रघुनन्दन त्रिवेदी की एक कहानी है-**'कैरियर'** जिसमें स्त्री ने लिजलिजी भावुकता छोड़, बाजार की भाषा सीख ली है जिसका पहला और आखिरी सबक है- पैसा। जहाँ का मतलब है चिड़िया को उतना चालाक होना चाहिए जितना जिन्दा रहने के लिए जरूरी है। जिससे यह भी पता चल जाता है कि **'जिन्दगी एक बार मिलती है, उसकी कद्र करनी चाहिए, रोना-धोना, सोचना और भावुक होना एकदम बकवास, शील और पवित्रता, परम्परा और संस्कृति फिजूल। पुरानी चीजें हैं सब, जीने का एक सूत्र कि सिर्फ अपने बाबत सोचो............... दुनिया उसकी है जिसके पास पैसा है। पहले पहल पैसा कमाना हो तो अक्ल से काम लो। अक्ल के साथ खूबसूरती हो तो रास्ता और आसान। जरुरत है आदमी एक बढ़िया सेल्समैन हो जाए फिर वह चाहे तो अपना रेत भी सोने के भाव बेच सकता है।'**[8]

और सचमुच ही नायिका कैरियर बनाती है, धीरे-धीरे शो बिजनेस का अन्तरंग हिस्सा बनती है। दन्तमंजन, शैम्पू, तेल और तौलिये का विज्ञापन फिल्मों से क्रमश: दाँत, बाल, पीठ व पिंडलियों का पर्दाफाश करती जाती है, यानि बदले में फ्लैट, लिफ्ट, वीसीआर, कूलर, वाशिंग मशीन, कपड़े, जेवर, और सबसे बड़ी बात अब किसी की मजाल नहीं जो उसे बिना मर्जी छू ले यानि देह पर बाजार की विजय या बाजार पर देह की विजय।

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को ऐसे श्रमिकों की जरुरत होती है, जिन्हें रोजगार की सुरक्षा या गारन्टी न देनी पड़े जिन्हें स्थायी न करना पड़े। जिन्हें ठेके पर भी उपलब्ध किया जा सके वे श्रमिक असंगठित मजदूर के रूप में काम करें। इस रूप में महिला श्रम सबसे बेहतर है। ज्यादातर महिलायें इस तरह के काम को आजीवन या आजीविका का कार्य नहीं मानती। उन्हें काम की हर शर्त मंजूर होती है। वे कार्य न कर घरेलू महिला के रूप में रहने को भी तैयार होती हैं। चाहे जीवनस्तर कितना भी गिए जाए। कई बार पुरुष के शक करने पर बच्चों के लालन-पालन या घर के किसी सदस्य के बीमार होने पर वे अपना कार्य छोड़ भी देती हैं।

जो भी हो, भूमंडलीकरण से भारतीय परिवार के नज़रिये में एक परिवर्तन यह हुआ है कि कम से कम कस्बा या शहरी इलाकों से मध्यवर्ग लड़कियों की रोजगारपरक शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने लगा है। शिक्षा एवं उसका उद्देश्य जीविकोपार्जन होने के कारण विवाह एवं प्रजनन की आयु में बढ़ोत्तारी हुई है फिर भी इन सामान्य परिवर्तनों के अलावा भूमंडलीकरण से महिलाओं को कोई विशेष उल्लेखनीय लाभ नहीं हुआ है। विदेश में रह रही प्रवासी स्त्री ने अपने देश की अर्थव्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए विदेशी मुद्रा कमाई किन्तु अब विश्व और ये निगम श्रमप्रधान दौर से निकल कर उच्च प्रौद्योगिकी के दौर में पहुँच गया जहाँ अब उसे महिला श्रम की आवश्यकता नहीं अतएव सभी अर्थतन्त्रों में आज के बेरोजगारों में महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. न्यूयार्क टाइम्स मैगनीज, 29 मार्च 1999 (ए मेनिफेस्टो फॉर द फास्ट वर्ल्ड)
2. दुर्गद्धार पर दस्तक - कात्यायनी, पृष्ठ 16
3. वही
4. उपनिवेश में स्त्री, प्रभा खेतान, पृष्ठ 35
5. 'हंस' मार्च 2001, (अभय दुबे के आलेख से), पृष्ठ 33
6. अन्दर के उजाले और सिर्फ सवाल (रोहिणी अग्रवाल), हंस दिसम्बर 2002
7. बाजार - जया जादवानी, पृष्ठ 92
8. कैरियर - रघुनन्दन त्रिवेदी, हंस अगस्त-सितम्बर 1997, पृष्ठ 79

साठोत्तरी कहानियों में व्यक्त हिन्दी भाषा का सामासिक, सांस्कृतिक सरोकार

डॉ. विजयलक्ष्मी पोद्दार *

प्रस्तावना – संस्कृति के चार अध्याय में दिनकर जी ने भारत की जिस सामासिक संस्कृति की चर्चा की है उसका निखरा हुआ रूप हिंदी में परिलक्षित होता है। भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण देश में विभिन्न संस्कृतियों को एक रूप में पिरोने का कार्य हिन्दी भाषा ने किया है। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा की परम्परा से लेकर मध्य भारतीय आर्य भाषाओं तक की भाषिक संपदा को समेटने का कार्य हिन्दी ने किया है। वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, प्राकृत, पालि, अपभ्रंश एवं विभिन्न लोक भाषाओं की उपलब्धियों और परम्परा का आदर्श समन्वय हिन्दी प्रस्तुत करती है। यह भाषा पूरे देश का प्रतिनिधित्व और नेतृत्व करने वाली है। नवीन समन्वयात्मक प्रयोग करने हेतु इसकी प्राणभूमि सदा अनुकूल ही दिखाई देती है। यही कारण रहा है कि भारत इतनी विभिन्न के बाद भी संपूर्ण मौलिकता के साथ गूंथा हुआ है। यही सामासिक संस्कृति हिन्दी की दुर्लभ संपत्ति है। अन्य भाषाओं की तरह इसका क्षेत्र सीमित नहीं बल्कि एक विशाल पटल पर समूचे आर्यवर्त की भाषा हिन्दी है। इसका संबंध किसी धर्म, जाति, संप्रदाय विशेष से नहीं। उसने देश के सभी धर्मो को वाणी दी है। उसने भारत की सुदीर्घ चिंतन पद्धतियों का सुन्दर समन्वय किया है। समन्वय की इस सरिता में देशी और विदेशी भाषाओं की शब्द संपदा का समाहार भी हिन्दी में दिखाई देता है। भाषा की सजीवता एवम् उदारता के कारण आज अनेक बोलियों और भाषाओं के शब्द हिन्दी में समा गए है। राष्ट्रीय एकता के संगठन में देश की अन्य भाषाओं का योगदान भी ईट के समान है और हिन्दी इन ईटों को जोड़ने के लिए सीमेंट का काम करती है।

वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाए तो हमारे नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सृजनात्मक शक्ति को पुष्ट हिन्दी भाषा ही कर रही है। हिन्दी ने भारती में ही नहीं विश्व के बड़े मंचों से भी अपनी गरीमा को उद्घाटित किया है। राष्ट्रीय मंच पर हिन्दी की स्थिति सुदृढ़ हो ये हमारे प्रयोग पर निर्भर करती है। एक ओर हिन्दी का विस्तार देश प्रेम, राष्ट्रप्रेम है तो वहीं दूसरी ओर वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी की प्रयोजनीयता को लेकर कार्य किया जा रहा है। हिन्दी की वर्तमान स्थिति हमें निराश करती है। परन्तु देश की समसामयिक स्थिति और सांस्कृतिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए उन तमाम प्रयासों को करना होगा जो हिन्दी की गरिमा को बढ़ते है।

उच्च शिक्षा में हिन्दी के स्वरूप को सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया जाना चाहिए। जब हम युवा पीढ़ी को नैतिकता व सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने की बात स्वीकार करते है तब हमारी पहल हिन्दी के स्वरूप में होते बदलाव की चिंता को व्यक्त करते है या तो हिन्दी का प्रचार-प्रसार फिल्म मीडिया के माध्यम से हो रहा है पर चिंता उस पीढ़ी को लेकर है जो तकनीकी तौर पर हिन्दी के साथ खिलवाड़ कर रही है।

यदि देश की सामासिक सांस्कृति परम्पराओं को सहेजना है, यदि हमें नैतिक मूल्यों से जुड़कर रहना है। हमारी प्राचीन व प्रभावशाली ज्ञान राशि को संचित रखनपा है। उसका लाभ आने वाली पीढ़ी को देना हे तो हमें उच्च शिक्षा में हिन्दी की गुणवत्ता और भारतीय भाषाओं की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उनके उत्थान हेतु प्रयास करते होंगो जनमानस के सहयोग के बिना हिन्दी का उसका अमिष्ट प्राप्त नहीं हो रहा है।

युगों से प्राप्त संचित ज्ञान का प्रयोग भी हम विभिन्न भाषाओं में होने से एकमत नहीं हो पा रहे। यह कार्य केवल और केवल हिन्दी भाषा ही कर सकती है जो प्रमाणिकता के संबंध में एकमत कर सके। हिन्दी महान अर्जनशील भाषा है। नई तकनीकी, नया स्वरूप, नए विषयवस्तु में नए प्रयोग करने की अद्भुत क्षमता है।

साठोत्तरी कहानियों ने हिन्दी में शिल्प और कला की दृष्टि से नये आयाम उपस्थित किए है। शब्दों की बाजीगरी के स्थान पर संवेदनशील भाषा का प्रयोग, सूक्ष्मतर संवेदनाओं को कहानी के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास इस दशक में किया गया है। साठोत्तरी कहानीकार भाषा के मूड और मूल्य को पहचानकर अपनी रचना को समाज के समक्ष लाया। कहानियों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरातल पर रखते हुए संबंधों की यथार्थ बोध को व्यक्त किया है। आम आदमी की कुंठा, निराशा और अजनबीपन को भाषा में पिरोकर समाज के सामने प्रस्तुत किया है। इसलिए कहानी आम आदमी की तकलीफों का दस्तावेज दिखाई दी है और वह आम जनता के पठन का केन्द्र भी बनी इसलिए हिन्दी भाषा 60 के दशक के बाद जनता में अधिक प्रचलन में आने लगी।

किसी देश की पहचान उसकी भाषा से, और देश का स्वतंत्र व्यक्तित्व सिर्फ उसकी भाषा से प्रक्षेपित हो सकता है। उच्च शिक्षा में हिन्दी के प्रसार से युवाओं में हिन्दी के प्रति सम्माननीय दृष्टि का उदय होगा। उनकी वैचारिक स्थिति पुष्ट होगी। आत्मबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा तभी देश का युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। हिन्दी की संस्कृति से जुड़ने हेतु हम सभी को संकल्पबद्ध होकर छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। पुस्तकों व साहित्य को स्थान देना होगा, समाचार पत्र-पत्रिकाओं की संख्या बढ़ानी होगी। इश्तेहार और शहर गांवों में नामपट्टियां हिन्दी में लिखना होगा। सरकारी व शासकीय कार्यालयों में हिन्दी को सम्मान देना होगा। देश की प्रबुद्ध जनता व प्रभावशाली लोगों को हिन्दी को मन से स्वीकार करना होगा। महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी को अनिवार्य करना होगा। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि देश में उच्च शिक्षा विज्ञान और तकनीकी विषयों में

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) एम.के.एच.एस. गुजराती गर्ल्स कॉलेज, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अंग्रेजी में ही दी जाती है। मेरी धारणा यह है कि स्नातक एवम् स्नातकोत्तर कक्षाओं तक छात्र परिपक्व मानसिकता वाला चिंतनशील हो जाता है वह लगभग 200 से 250 पुस्तकों का सहयोग प्राप्त कर अपने ज्ञान को विस्तार देता है तो फिर उन्हें अपनी भाषा को सिखाने पढ़ाने से परहेज क्यों ? ज्ञान की सभी सीमाओं को राष्ट्रीय विस्तार देने के लिए एक भाषाधार की आवश्कयता आज भी बनी हुई है। शिक्षा की एकरूपता देश में केवल हिन्दी ही ला सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

दक्षिणी राजस्थान कृषि गहनता का वितरण (2010-11 से 2012-13) - एक भौगोलिक अध्ययन

रोहित लौहार*

प्रस्तावना - कृषि भूमि मानव का आधारभूत संसाधन है। भारत प्राचीनकाल से ही कृषि प्रधान देश रहा है। कृषि ग्रामीण जीवन की आधार शिला है तथा अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि राष्ट्रीय आय का मुख्य स्त्रौत रही है। वर्ष 1960-61 में 51.3 प्रतिशत 1665-66 में 54.5, 1989-90 में 39.9 प्रतिशत तथा 2007-08 में 19.8 प्रतिशत राष्ट्रीय आय कृषि से प्राप्त हुई है।

भारत के सकल घेरलू उत्पाद में कृषि का योगदान 17.8 प्रतिशत था है वहीं भारत के विदेशी व्यापार में कुल निर्यात में 76006 करोड़ रुपये था, जो कुल निर्यात का 12.2 प्रतिशत था। भारत में कृषि भूमि क्षेत्रफल अन्य देशों के मुकाबले उच्चतम स्तर पर है। जहां भारत में कुल भूमि के 47.8 प्रतिशत भूभाग पर कृषि कार्य होता है। वहीं विश्व के अन्य देशों जैस- रूस में 10.8, संयुक्त राज्य अमेरिका में 16.3 प्रतिशत, कनाडा 4.3, जापान 14.9, चीन 11.8 व म्यांमार में 24 प्रतिशत भूमि कृषि के अन्तर्गत है।

भारत की तरह राजस्थान राज्य में भी कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य में 222.1 लाख सकल कृषि क्षेत्रफल है जो कि रिपोंटिंग क्षेत्र का 54.8 प्रतिशत भाग कृषि व सहायक क्रियाओं का है। वहीं कुल कृषि क्षेत्रफल में राज्य का प्रथम उत्तर प्रदेश व द्वितीय महाराष्ट्र के बाद तृतीय स्थान आता है। दक्षिणी राजस्थान के सन्दर्भ में अध्ययन किया जाये तो इस भाग में 2001 के अनुसार उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, डुंगरपुर, बाँसवाड़ा में कुल क्षेत्रफल 36942 वर्ग किमी है, जो राज्य के कुल क्षेत्रफल का 10.71 प्रतिशत भाग है। इस क्षेत्र की जनसंख्या 8957324 है। यह राज्य की जनसंख्या का 7.6 प्रतिशत है।

दक्षिणी राजस्थान में प्रति काश्तकार भूमि 1971 में 0.85 हेक्टर थी. जो 1991 में 0.71 हैक्टर व 2001 में घटकर 0.65 हेक्टर तक पंहुच गयी है। यह आंकड़े स्पष्ट कर रहे हैं कि निरन्तर उपलब्ध कृषि भूमि कम होती जा रही है। जनसंख्या का आकार व खाधान्न आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

यदि अध्ययन क्षेत्र में कुल सिंचित क्षेत्र का विश्लेषण किया जाये तो राज्य में 1966 में कुल सिंचित क्षेत्र 20 लाख 80 हजार हैक्टर था, जबकि अध्ययन क्षेत्र में 2 लाख 30 हजार हैक्टर भाग सिंचित था जो कुल राज्य के सिंचित क्षेत्र का 11 प्रतिशत था। वर्ष 2008 में राज्य में जहां कुल सिंचित क्षेत्र 62 लाख 45 हजार हैक्टर पंहुच गया जबकि अध्ययन क्षेत्र में यह बढ़कर मात्र 3 लाख 76 हजार हैक्टर था जो राज्य के कुल सिंचित क्षेत्र का मात्र 6 प्रतिशत था।

राज्य का दक्षिणी भाग अपना विशिष्ठ स्थान है। क्योंकि यह क्षेत्र प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है व रोजगार व उद्योग धन्धे कृषि से जुड़े हुए हैं। कृषि विकास की नई नीति बनाने व वर्तमान कृषि उत्पादकता का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इन स्थितियों का समाधान नहीं किया गया तो राजस्थान राज्य में भी पंजाब, छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ व पश्चिमी बंगाल की भांति कृषि के आर्थिक रूप से फायदेमंद न होने व कर्ज के भार में कृषक आत्महत्या का रास्ता अपनाने लगेंगे। देश के कृषि राज्यमंत्री ने संसद में बयान दिया है कि 1995 से 2011 के बीच 290470 किसानों ने आत्महत्या की है। यह संख्या औसतन 1700 प्रतिवर्ष है। देश में हर 3 घण्टे में कहीं न कहीं कोई किसान आत्महत्या कर रहा है।

प्रस्तुत शोध कार्य दक्षिणी राजस्थान के फसल प्रतिरूप को स्पष्ट करेगा वहीं क्षेत्र विशेष का कृषि भूमि उपयोग व फसल प्रारूप किस प्रकार का है? व अध्ययन क्षेत्र में कौन-कौन से कारक प्रतिरूप को प्रभावित कर रहे हैं, उनका विश्लेषण किया जायगा। प्रमुख फसलों की उत्पादकता व संयुक्तत फसल उत्पादन के स्तर के स्तर के साथ गैर जनजाति तहसीलों व जनजाति तहसीलों के मध्य तुलनात्मक अध्ययन किया जायेगा। जिसमें कृषि उत्पादन में वृद्धि कर कृषि का विकास किया जा सके। फसल उत्पादकता स्तर पर अध्ययन के फलस्वरूप दक्षिणी राजस्थान के उन क्षेत्रों का ज्ञान होगा जो आसपास के क्षेत्रों की तुलना में कम उत्पादन कर रहे हैं। इससे कम मध्यम व उच्च उत्पादकता की कोटिया निर्धारित की जायेगी है। जिससे प्रादेशिक असमानताओं को दूर करने एवं योजनाओं के निर्माण में सहायता मिलेगी।

उद्देश्य :

1. दक्षिणी राजस्थान की कृषि गहनता का तहसील स्तर पर निर्धारण करना।
2. दक्षिणी राजस्थान के कृषि गहनता के पिछड़ी तहसीलों की पहचान कर निवारण के उपाय खोजना।

अध्ययन क्षेत्र - प्रस्तुत शोध में अध्ययन क्षेत्र राजस्थान का दक्षिणी भाग है। जिसमें उदयपुर, चित्तौड़गढ़ राजसमंद, डुंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ जिले शामिल किये गये हैं। यह क्षेत्र 230 1' 11 से 260 1' 15 उत्तरी अक्षांश व 730 1' 10 से 750 43'30 पूर्वी देशान्तर तक विस्तृत है। इस क्षेत्र में 47397 वर्ग किमी. क्षेत्र तथा 38 नगर व 10038108 व्यक्ति निवास करते हैं। अध्ययन क्षेत्र की पूर्वी सीमा पर मध्यप्रदेश राज्य स्थित है। वहीं पश्चिमी सीमा पर गुजरात राज्य स्थित है तो उत्तरी भाग में पाली, अजमेर, भीलवाड़ा सीमा बनाते हैं। क्षेत्र के दक्षिणी भाग में गुजरात व मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से सीमा निर्धारित करते हैं। अध्ययन क्षेत्र में जहां अरावली पर्वतमाला का दक्षिणी भाग स्थित है जहां उच्चतम शिखर 'गुरुशिखर' स्थित है वहीं बासवाड़ा व डुंगरपुर में छप्पन का मैदान का विस्तार मिलता है। भोराठ का पठार व लसाड़िया का पठार भी इस क्षेत्र के उत्तरी भाग में अवस्थित है। तो बनास, साबरमती, माही जैसी प्रमुख नदियां इस भाग में बहती है। कृषि

* सहायक आचार्य, शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय, सीमलवाड़ा, डूंगरपुर (राज.) भारत

उपजों के रूप में मझा, मुगफली, अफीम चावल, गेहू का उत्पादन होता है।

स्पष्ट है कि शोध का अध्ययन क्षेत्र विविधताओं से युक्त है। व राजस्थान का दक्षिणी भाग में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र है। दक्षिणी राजस्थान में मुख्यत: छ: जिलों को सम्मिलित किया गया है। उदयपुर, डुंगरपुर, चित्तौडगढ़, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद भोराठ का पठार उदयपुर के उत्तर पश्चिम में कुंभलगढ़ व गोगुन्दा में फैला हुआ है तो दक्षिण में माही नदी के अपवाह तंत्र से बांसवाड़ा, डुंगरपुर, प्रतापगढ़ जिला लाभान्वित हो रहे हैं। अध्ययन क्षेत्र में 6 जिलों की 46 तहसीलें शामिल हैं।

जिला	तहसीलें
उदयपुर	मावली, गोगुन्दा, झाडोल, गिर्वा, वल्लभनगर, लसाडिया, सलुम्बर, सराड़ा, खेरवाडा, कोटड़ा, ऋषभदेव
राजसमंद	भीम, आमेट, कुम्भलगढ़, राजसमंद, रेलमगरा, नाथद्वारा, देवगढ
बांसवाड़ा	घाटोल, बांसवाड़ा, बागीदौरा, कुशलगढ़, गढ़ी।
डूंगरपुर	डुंगरपुर, आसपुर, सागवाड़ा, सीमलवाड़ा।
चित्तौड़गढ़	निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, भदेसर, गंगरार, बड़ीसादड़ी, डूंगला, बेगू, कपासन, राशमी, रावतभाता।
प्रतापगढ़	प्रतापगढ़ छोटी सादड़ी, धरियावद, अरनोद, पीपलखूंट, प्रतापगढ़

विधि तंत्र आँकड़े – प्रस्तुत शोध में 3 वर्ष 2010-13 के आँकड़ों के औसत को आधार मानकर कृषि गहनता ज्ञात की गई है जिसमें निम्न सूत्र का प्रयोग किया गया है।

कृषि गहनता = कुल फसल क्षेत्र/शुद्ध बोया गया क्षेत्र x 100

प्रस्तुत शोध में द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है जो निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त हुए है

1. जिला सांख्यिकी रूपरेखा।
2. भू-अभिलेख कार्यालय।
3. कृषि विभाग की सारणियों से।

कृषि गहनता – कृषि गहनता से आशय उस फसल क्षेत्र से है, जिस पर वर्ष में एक फसल के अतिरिक्त अन्य कई फसलें उगायी जाती है। शुद्ध कृषि क्षेत्र (Net Area Shown) तथा दुहरी या अनेक फसल क्षेत्र को मिलाकर कुल फसल क्षेत्र (Total Cropped Area) का सम्बोधन होता है। किसी भी क्षेत्र में शुद्ध बोया गया क्षेत्र की अपेक्षा कुल फसल क्षेत्र का अधिक होना, कृषि गहनता की मात्रा को प्रदर्शित करता है। कृषि गहनता वह सामयिक बिन्दु है, जहाँ भूमि, श्रम, पूंजी तथा प्रबन्ध का सम्मिश्रण सर्वाधिक लाभप्रद सिद्ध होता है। क्योंकि भूमि एक स्थायी कारक है, मानवीय श्रम की अधिकता है। तथा बेरोजगारी भी अधिक है। कृषि जीवन निर्वाह का एक माध्यम मात्र है फार्म आकार छोटा है और कृषि उद्यम का रूप धारण नहीं कर पायी है। वास्तव में यहाँ कृषि गहनता सिंचाई साधन, बीज, खाद तथा मशीनों की उपलब्धि पर आधारित रहती है। यही कारण है कि भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था में बड़े फार्मों की अपेक्षा छोटे आकार के फार्मों में कृषि गहनता अधिक होती है क्योंकि कृषक, पारिवारिक श्रम तथा अन्य लागतों का भरपूर प्रयोग करता है। इस प्रकार, कृषि गहनता संकल्पना का प्रादुर्भाव एक ही खेत में एक ही वर्ष में एक से अनेक फसलों की उत्पादन मात्रा से होता है। कृषि गहनता की गणना निम्न सूत्र के आधार पर की जाती है।

कृषि गहनता = कुल फसल क्षेत्र/शुद्ध बोया गया क्षेत्र x 100

दक्षिणी राजस्थान में कृषि गहनता का वितरण (2010-11 से 2012-13)

कृषि गहनता (प्रतिशत में)	श्रेणी	तहसीलों की संख्या
180.9-166.61	उच्चतम	7
152.32-166.61	उच्च	12
138.3-152.32	मध्यम	14
123.74-138.03	न्यूनतम	10
123.74-109.45	अतिन्यूनतम	3
	कुल	46 कुल तहसीलें

दक्षिणी राजस्थान में कुल 46 तहसीलें है, जिनमें सर्वाधिक कृषि गहनता छोटी सादड़ी 180.66 प्रतिशत रही है, जबकि न्यूनतम कृषि गहनता छोटी. सरवन तहसील 109.45 रही है। सारणी 1 द्वारा स्पष्ट है कि दक्षिणी राजस्थान में उच्चतम स्तर 180.9166.61 वर्ग के अन्तर्गत 7 तहसीलें क्रमश: छोटी सरवन निम्बाहेडा, चित्तौडगढ़, बेगू, बड़ी सादड़ी, भदेसर, आसपूर शामिल है। तो उच्च कृषि गहनता वर्ग में जो 152.32 से 166.61 तक है उसमें दक्षिणी राजस्थान की 12 तहसीले क्रमश: घाटोल, गढ़ी, देवगढ़, पीपलखूट रावतभाटा, सागवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद, गंगरार, अरनोद, कपासन, सलूम्बर, धरियावद है।

दक्षिणी राजस्थान में फसल गहनता के अन्तर्गत मध्यम श्रेणी में 138.31 से 152.32 के वर्ग में 14 तहसीलें शामिल होती है। जिसमें प्रमुख है- मावली, गोगुन्दा, रेलमगरा, नाथद्वारा, वल्लभनगर, भीम बाँसवाड़ा, डूंगला कुम्भलगढ़, बागीदौरा सराड़ा, सज्जनगढ़ एवं बड़गाँव है। वहीं निम्न गहनता वर्ग के अन्तर्गत 10 तहसीले झाडोल, लसाडिया, सीमलवाड़ा, डूंगरपुर, राशमी, गिर्वा, कुशलगढ़, आमेट, ऋषभदेव शामिल की जाती है।

अन्तिम अतिनिम्नवर्ग में मात्र 3 तहसीलें खेरवाड़ा, कोटड़ा, व छोटी सरवण है।

यदि हम मोटे रूप में कृषि गहनता के वितरण को जिला स्तर पर अध्ययन करें तो पाते है कि चित्तौड़गढ़, बाँसवाड़ा व प्रतापगढ़ की तहसीलें सर्वाधिक उच्चतम व उच्च गहनता वर्ग में स्थान बना रही है जबकि उदयपुर, डूंगरपुर जिले की तहसीले निम्न से अति निम्न वर्ग में आ रही है।

भौगोलिक दृष्टि से कृषिगहनता वितरण का अध्ययन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि दक्षिणी राजस्थान का उत्तरीपूर्वी भाग में गहनता अधिक है क्योंकि वहाँ सिंचाई के साधन, बीज, उर्वरक तथा मशीनों की उपलब्धता तथा यदि दक्षिणी राजस्थान की औसत गहनता देखें तो हम पाते है कि यह 153.55 प्रतिशत है। सम्पूर्ण अध्ययन क्षेत्र में केवल 21 तहसीलें ही अध्ययन क्षेत्र के औसत से अधिक गहनता रखती है, जबकि शेष 25 तहसीलें औसत गहनता से भी कम प्रतिशत रखती है जो एक शोचनीय प्रश्न है।

उपाय :

1. सिंचाई की उपलब्धता में वृद्धि की जाये।
2. उत्ताम बीज, मशीनीकरण, यन्त्रों का उपयोग, ऊवरकों को उपयोग बढ़ाया जाये।
3. वित्तीय सहायता व अनुदानों में वृद्धि।
4. शोध को बढ़ावा।
5. कृषकों को शिक्षित किया जाये।
6. कृषि योग्य भूमि में वृद्धि करने हेतु अन्य भूमि को भी कृषि योग्य बनाने के प्रयास किये जाये।

निष्कर्ष – उपरोक्त निष्कर्ष से स्पष्ट है कि दक्षिणी राजस्थान में कृषि गहनता का वितरण बिखरा हुआ है उस पर सिंचाई, उर्वरक, कृषकों की शिक्षा का

स्तर, वर्षा की अनिश्चिता सहित, आर्थिक, सामाजिक कारक प्रभावित कर रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'कृषि भूगोल' – माजिद हुसैन।
2. 'कृषि भूगोल' – अलका गौतम।
3. 'कृषि भूगोल' – बी.एल. शर्मा व पलक भारद्वाज।
4. 'कृषि भूगोल' – आर.सी. तिवारी।
5. 'कृषि भूगोल' – बृज भूषण सिंह।

****

प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत् प्रशिक्षित अध्यापकों की शिक्षा अभिक्षमता (अमरोहा जनपद के विशेष संदर्भ में)

डॉ. अनुराग यादव* भावना वर्मा **

प्रस्तावना – शिक्षा मानव जीवन का आधार है। मानव का विकास और उन्नयन शिक्षा पर निर्भर है। शिक्षा व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है और श्रृंगार भी करती है। जन्म के समय बालक पशुवत आचरण करता है, उस समय वह अपनी मूल प्रवृत्तियों से प्रेरित होकर कार्य करता है, शिक्षा उसकी इन प्रवृत्तियों का उचित मार्गदर्शन करके उसे परिपक्वता प्रदान करती है, उसके व्यवहार को, उसके आचरण को, उसके क्रियाकलापों को उचित और समाज उपयोगी बनाती है। शिक्षा उसमें रचनात्मक शक्ति का विकास करती है। शिक्षा के द्वारा मानव केवल अपने वातावरण से अनुकूलन करने में ही समर्थ नहीं होता, वरन् वातावरण और प्रकृति पर विजय प्राप्त करने का भी प्रयत्न करता है।

शिक्षा मनुष्य का मौलिक अधिकार है, किसी भी राष्ट्र की सम्पन्नता एवं प्रगति उसकी प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता व प्रसार पर निर्भर करती है। योग्य एवं प्रभावशाली अध्यापकों के द्वारा ही प्राथमिक शिक्षा अपने उद्देश्यों में सफल हो सकती है तथा राष्ट्र को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकती है। शिक्षा एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है जो प्राचीन काल से निर्मल धारा की तरह समाज एवं व्यक्ति के विकास हेतु प्रवाहमान है। शिक्षा व्यक्ति के जीवन को अवलोकित करती हुई उसे स्वस्थ आचरण के लिए तैयार करते हुए परिस्थितियों से समायोजन का अवसर प्रदान करती है।

प्राथमिक शिक्षा – प्रत्येक राष्ट्र के जीवन में प्राथमिक शिक्षा-प्रथम प्राथमिकता की वस्तु है। यह प्रथम सीढ़ी है जिसे पार करके ही राष्ट्र अपने अभिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकता है। यह शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है। प्राथमिक शिक्षा राष्ट्रीय विचारधारा एवं चारित्रिक निर्माण की कुंजी है। यह मानव मात्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। वैसे भी यह निर्विवाद तथ्य है कि सभी व्यक्तियों की शिक्षा में ही राष्ट्रीय प्रगति निहित है। प्राथमिक शिक्षा का पतन राष्ट्रीय पतन का संकेतक है। अत: प्रत्येक राष्ट्र के उत्थान के लिए इस पर ध्यान देना अनिवार्य है। स्वामी विवेकानन्द का उद्बोधन इस सन्दर्भ में अत्याधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है– 'मेरे विचार से जनसाधारण की अवहेलना महान राष्ट्रीय पाप है और हमारे पतन के कारणों में से एक है। एक राजनीकि उस समय तक विफल रहेगी, जब तक कि भारत में जनसाधारण को एक बार फिर भली प्रकार शिक्षित नहीं कर लिया जायेगा।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि व्यक्ति, समाज, और राष्ट्र के निर्माण में प्राथमिक शिक्षा का आधारभूत स्थान है। प्राथमिक शिक्षा की नींव पर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की प्रगति का भवन तथा बहुमंजिली इमारतों एवं अट्टालिकाओं के रूप में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं वैज्ञानिक प्रगति निर्भर करती है। इस सन्दर्भ में स्वामी विवेकानन्द के विचार है– 'राजनीति उस समय तक विफल रहेगी जब तक सभी भारतीयों को शिक्षित नहीं कर लिया जाता है।'

अध्यापक और शिक्षा – अध्यापक शिक्षा प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण अंग है। संकुचित अर्थ में एक निश्चित् स्थान पर पूर्व निर्धारित शिक्षण विधियों द्वारा, पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम का ज्ञान देने वाले व्यक्ति विशेष को अध्यापक कहा जाता है। लेकिन व्यापक अर्थ में माता-पिता, भाई-बहन, मित्र और सम्बन्धी, विद्यालय में पढ़ाने वाले अध्यापक, समाज के अन्य व्यक्ति और वे समस्त जीव और वस्तुएं जिनसे बालक ज्ञान प्राप्त करता है अध्यापक कहलाते हैं।

प्राचीन काल में अध्यापक शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण अंग था। वह समस्त शिक्षा का केन्द्र बिन्दु था। उस समय लोगों का विचार था कि अध्यापक के बिना शिक्षण प्रक्रिया नहीं चल सकती। उस समय माना जाता था कि योग्य और विद्वान अध्यापक के संरक्षण में ही बालक योग्य और ज्ञानी बन सकता है। प्राचीन भारत में अध्यापक को ईश्वर का रूप समझा जाता था।

शोध अध्ययन का शीर्षक – प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् प्रशिक्षित अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता (अमरोहा जनपद के विशेष सन्दर्भ में)

अध्ययन के उद्देश्य :

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड., विशिष्ट बी.टी.सी., उर्दू बी.टी.सी., बी.एल.एड. एवं डिप्लोमा इन एलीमेन्ट्री एजुकेशन प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन करना।
2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की शिक्षा अभिक्षमता का अध्ययन।
3. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता का लैंगिक परिपेक्ष्य में अध्ययन करना।
4. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत, ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन करना।

परिकल्पनायें :

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड, विशिष्ट बी.टी.सी एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों

* असि. प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, श्री वैंक्टेश्वर विश्वविद्यालय, रजबपुर, गजरौला, जनपद अमरोहा (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्रा, शिक्षाशास्त्र, श्री वैंक्टेश्वर विश्वविद्यालय, रजबपुर, गजरौला, जनपद अमरोहा (उ.प्र.) भारत

की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

3. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर नहीं है।
4. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण – सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण अत्यन्त आवश्यक है और यह महत्वपूर्ण कार्य है सम्बन्धित साहित्य का ज्ञान प्राप्त किये बिना कोई अध्ययन उपयुक्त और महत्वपूर्ण नहीं बन सकता। साहित्य से सम्बन्धित श्रेष्ठ परिकल्पनाओं का निर्माण भी तभी सम्भव है जब सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन कर लिया जाये। समस्या से सम्बन्धित समस्त प्रकाशित तथा अप्रकाशित सामग्री का अध्ययन करने के पश्चात् ऐसी आधारशिला मिल जाती है, जो दूसरे अध्ययन की पुनरावृत्ति को रोकने में सहायता करती है। सम्बन्धित साहित्य का मुख्य उद्देश्य परिकल्पना का निर्माण करने में अन्त:दृष्टि प्राप्त करना, और प्रविधियों के चुनाव में सहायता करना। सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन इसलिये भी आवश्यक है ताकि यह जाना जा सके कि ऐसा अध्ययन पहले नहीं किया गया है तथा यह जाना जा सके कि यह अध्ययन ऐसे अन्य अध्ययनों से किस प्रकार भिन्न या फिर उनमें क्या कमी रह गयी है जिसकी यह अध्ययन पूर्ति कर सके। शोध अध्ययनों का संक्षित विवरण निम्न प्रकार है–

सरिता (1987) ने 'शिक्षकों की अध्यापन प्रभावशीलता का उनकी अभिक्षमताओं के विभिन्न आयामों के संदर्भ में अध्ययन' में निम्न निष्कर्ष निकाले।

1. प्रभावी और अप्रभावी शिक्षकों की अभिक्षमताओं की सहयोगी, अभिरूचि, दयालुता, विस्तृत ज्ञान, उचित व्यवहार, ज्ञान की गहनता, उत्साह में सार्थक अन्तर पाया गया।
2. शहरी क्षेत्र के प्रभावी शिक्षकों और प्रभावी शिक्षकों की अभिमताओं में दयालुता, विस्तृत ज्ञान, उचित व्यववहार, नैतिक चरित्र उत्साह में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।
3. ग्रामीण क्षेत्र के प्रभावी शिक्षकों और अप्रभावी शिक्षकों की अभिक्षमताओं में सहयोग, अभिरूचि, विस्तृत ज्ञान, उचित व्यवहार, ज्ञान की गहनता, उत्साह में सार्थक अन्तर पाया गया।
4. प्रभावी स्त्री शिक्षकों और अप्रभावी शिक्षकों की अक्षमताओं में धैर्य, नैतिक चरित्र, अनुशासन, उन्मत्त में सार्थक अन्तर पाया गया।

साहू, पी.के. एवं गुप्ता, रमा (2010) भारतीय आधुनिक शिक्षा ने 'शिक्षामित्रों की शिक्षा प्रभावशीलता और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का अध्ययन' किया। इस अध्ययन के उद्देश्य निम्न थे–

1. प्राथमिक स्तर पर परिषदीय विद्यालयों में नियुक्त बी.टी.सी./डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व शिक्षामित्रों की शिक्षण प्रभावशीलता से अधिक है।
2. प्राथमिक स्तर पर परिषदीय विद्यालयों में नियुक्त महिला शिक्षामित्रों की शिक्षण प्रभावशीलता पुरूष शिक्षामित्रों की प्रभावशीलता से अधिक है।

यादव, भानु प्रताप (2010–11) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् प्रशिक्षित मूल जनपदीय एवं गैर जनपदीय अध्यापकों के समायोजन का अध्ययन में निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए–

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रशिक्षित मूल जनपदीय अध्यापकों एवं गैरजनपदीय अध्यापकों में समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् मूल जनपदीय प्रशिक्षित अध्यापकों एवं गैर जनपदीय प्रशिक्षित महिला अध्यापकों के समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।

अनुसंधान की विधि – प्रस्तुत शोध प्रकृति एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए वर्णानात्मक अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या – उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा में सभी विकासखण्डों के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् कुल प्रशिक्षित अध्यापकों की संख्या इस शोध की जनसंख्या है।

न्यादर्श – जनसंख्या का आकार बड़ा होने पर उसे सम्पूर्ण रूप में अध्ययन कर पाना कठिन होता है, इसलिए शोध की प्रकृति के अनुरूप न्यादर्श के चयन हेतु स्त्रीकृत सम्सम्भावित प्रतिचयन विधि का प्रयोग कर एक छोटे समूह को लिया गया है। जो सम्पूर्ण जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करेगा। न्यादर्श के रूप में 300 प्रशिक्षित अध्यापकों को लिया गया है। इनमें 100 बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक, 100 विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक तथा 100 उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक व अध्यापिकाएं हैं।

आंकड़ों का विश्लेषण, व्याख्या एवं निष्कर्ष – आंकड़ों के व्यवस्थापन का महत्वपूर्ण अंग उनका विश्लेषण व्याख्या करना हैं शोधार्थिनी की एक प्रमुख जिम्मेदारी संसाधित आंकड़ों से शोध संबंधी परिकल्पनाओं की तर्कसंगति के बारे में सम्भावनाओं को पता लगाना या तर्क संगत निष्कर्ष निकालना है। अत: यहां पर प्रदत्तों का विश्लेषण एवं अर्थापन किया गया है तथा परिणामों को क्रमबद्ध रूप में संक्षेपीकरण किया गया है।

प्रत्येक सामाजिक सर्वेक्षण अथवा शोध का आधार वैज्ञानिक पद्धति व प्रविधियों द्वारा संकलित तथ्य है। परन्तु तथ्यों का संकलन स्वयं कुछ नहीं कह सकता जब तक कि उनका वर्गीकरण व सारणीयन न किया जाये एवं आधार पर तथ्यों का विश्लेषण व व्याख्या करके कुछ वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों को न निकाला जाये।

इसके लिए आवश्यक है कि सम्पूर्ण सर्वेक्षण व शोध कार्य के निष्कर्षो तथा सुझावों को एक लिखित रूप दिया जाये जिससे कि वह विज्ञान की धरोहर बन सके। दूसरे वैज्ञानिक उसी विषय के सम्बन्ध में फिर से अनुसंधान कर उसके निष्कर्षो की पुन: परीक्षा कर सके तथा निष्कर्षो व सुझावों के आधार पर भावी योजनाओं की रूप रेखा तैयार कर सके। इन सब उद्देश्यों की पूर्ति हेतु शोधकर्ता ने अध्ययन सम्बन्धी निष्कर्षो को क्रमबद्ध तरीके से अंग्राक्रित बिन्दुओं में प्रस्तुत किया है।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड., विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता के

मध्य सार्थकता के संदर्भ में निष्कर्ष

1– प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी/डी.एल.एड., विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है। परिकल्पना अस्वीकृत होती है एवं निष्कर्ष निकलता है कि प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड., विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

(A) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

i. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त

अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द , संख्या क्रम , ताकिक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

ii. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है ।

iii. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iv. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

v. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

(B) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

i. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द, संख्या क्रम तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है। बी.टी.सी./डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द, संख्या क्रम, तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों से अधिक पायी गयी ।

ii. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iii. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iv. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

v. बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

(C) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत विशिष्ट बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. अध्यापकों से अधिक पायी गयी।

i. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द, संख्या कम, तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है। विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की मानसिक उपयुक्त शब्द संख्या क्रम, तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. अध्यापकों से अधिक पायी गयी।

ii. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी, प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iii. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. अध्यापकों से अधिक है।

iv. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी, प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. अध्यापकों से अधिक है।

v. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है ।

विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता उर्दू बी.टी.सी. अध्यापकों से अधिक है ।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता के मध्य सार्थकता के संदर्भ में निष्कर्ष

2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है। यह परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है , एवं निष्कर्ष निकलता है कि

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है । दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है।

i. अल्प एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द , संख्या क्रम , तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द , संख्या क्रम , तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है।

ii. अल्प अनुभवी एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है।

iii. अल्प अनुभवी एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है। अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है ।

iv. अल्प अनुभवी एवं दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है।

v. अल्प अनुभवी एवं दीर्घ अनुभवी अध्यपकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर है।

दीर्घ अनुभवी अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता अल्प अनुभवी अध्यापकों से अधिक है।

(3) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता के मध्य लैंगिक दृष्टि से सार्थकता के संदर्भ में निष्कर्ष निकलता है कि

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर नहीं है। यह परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है और निष्कर्ष निकलता है कि

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर है।

महिला अध्यापिकाओं की शिक्षण अभिक्षमता पुरुष अध्यापकों से अधिक है।

i. अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की मानसिक (उपयुक्त शब्द , संख्या

क्रम , तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर है। महिला अध्यापिकाओं की मानसिक (उपयुक्त शब्द , संख्या क्रम , तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता पुरुष अध्यापकों से अधिक है।

ii. अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्धी अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर नहीं है।

iii. अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को अनुकूलनशीलता सम्बन्धी शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iv. अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर है।

महिला अध्यापिकाओं की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता पुरुष अध्यापकों से अधिक है।

v. अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में लैंगिक दृष्टि से सार्थक अन्तर है ।

महिला अध्यापिकाओं की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता पुरुष अध्यापकों से अधिक है।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता के मध्य सार्थकता के सम्बन्ध में निष्कर्ष।

(4) प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है यह परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

i. ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की मानसिक (उपयुक्त शब्द, संख्या क्रम तार्किक हल) सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

ii. ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की छात्रों के प्रति रवैया सम्बन्ध अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iii. ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की अनुकूलनशीलता सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है।

iv. ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की व्यवसायिक सूचना सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं है ।

v. ग्रामीण एवं शहरी अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता में सार्थक अन्तर ह ।

शहरी अध्यापकों की व्यवसाय में रूचि सम्बन्धी अभिक्षमता ग्रामीण अध्यापकों से अधिक है।

निष्कर्षो का समर्थन – बी.टी.सी.,/डी.एल.एड. विशिष्ट बी.टी.सी. एवं उर्दू बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता में अन्तर के कारण इनके प्रशिक्षणों के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता व बी.टी.सी./डी.एल.एड. दोनों होने की सम्भावना है, विशिष्ट बी.टी.सी. के लिए न्यूनतम योग्यता बी.एड. है जो अन्य से उच्च है। अत: विशिष्ट बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों की शिक्षण अभिक्षमता अन्य से अधिक होना स्वभाविक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. शर्मा, आर.ए. चतुर्वेदी, शिखा : अध्यापक प्रशिक्षण तकनीकि सूर्या पब्लिकेशन (2002) मेरठ।
2. शर्मा, शशिप्रभा ;2006 : अध्यापक शिक्षा के सि(ान्त एवं अभ्याय, कृष्णा पब्लिकेशन नई दिल्ली।
3. शर्मा, आर.ए. ;2007 : अध्यापक शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिकेशन मेरठ
4. कुमार धर्मेन्द्र ;2009 : भारत में शिक्षा प्रणाली का विकास आर.लाल बुक डिपो मेरठ।
5. शर्मा, आर.ए. ;2011: अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकि आर. लाल बुक डिपो, मेरठ
6. पाण्डेय, रामशक्ल ;2012: उदयीमान भारतीय समाज में शिक्षक, अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा।
7. पचौरी, गिरीश एवं पचौरी, रितु: उभरते भारतीय समाज में शिक्षक की भूमिका ;2013 प्रकाशन विनय रखेजा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ
8. खरे, राजीव एवं मंसूरी, इम्तेयाज :भारत में शिक्षा–स्थिति समस्याएं एवं मुद्दे ;2014 राखी प्रकाशन प्रा.लि. आगरा
9. सक्सैना, पी.के. : प्रारम्भिक शिक्षा के उभरते आयाम एवं शैक्षिक मूल्यांकन, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा।
9. सरीता (1987)'शिक्षकों की अध्यापन प्रभावशीलता का उनकी अभिक्षमताओं के विभिन्न आयामों के संदर्भ में अध्ययन'
10. यादव, भानू प्रताप 2010–11, प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत् प्रशिक्षित मूल जनपदीय एवं गैर जनपदीय अध्यापकों के समायोजन का अध्ययन लघु शोध एम.जे.पी. रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली।

****

जीवन कौशल विकसित करने में शिक्षक की भूमिका

डॉ. योगेश चन्द्र जोशी*

शोध सारांश – वर्तमान समय में एक अच्छा शिक्षक वही है, जो अपने विषय–वस्तु की बेड़ियों में बंधा न होकर विषय ज्ञान एवं विषय वस्तु को विद्यार्थी के सहज उपयोग का साधन बनाता है। जब समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों पर ऐसी खबरें आती हैं कि किसी विद्यार्थी ने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली तब कहीं ना कहीं इसका जिम्मेदार समाज के साथ–साथ वह शिक्षक भी होता हैं, जो बाल्यकाल में उस विद्यार्थी की नींव मजबूत नहीं कर पाता हैं। नींव मजबूत करने से अभिप्राय शैक्षिक उपलब्धि से नहीं बल्कि सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों से है।

शिक्षक को बचपन से ही विद्यार्थियों के जीवन कौशलों को विकसित कर एक अच्छा जीवन जीने की विधाएं सिखानी चाहिए। बाल्यकाल से ही विद्यार्थी को आत्मज्ञान का बोध एवं उचित सामाजिक कौशल सिखाने चाहिए। प्रत्येक बच्चें को चाहे वह पढ़ाई में कमजोर हो या प्रतिभाशाली, गरीब हो या अमीर सभी को समान भाव से खास समझकर प्रभावशाली वार्तालाप तथा निर्णय क्षमता जैसे मूल तत्त्वों को विद्यार्थी जीवन में ढालना चाहिए। यदि प्रत्येक शिक्षक उपयुक्त जीवन कौशलों को विद्यार्थी में समावेश करवा दे तो सिर्फ विद्यार्थी ही देश एवं समाज का चरित्र निर्माता होगा तथा ख़ुशी सूचकांक में भारत का स्थान प्रमुख होगा।

शब्द कुंजी –विद्यार्थी, शिक्षक, शैक्षिक जीवन, सामाजिक, कौशल।

प्रस्तावना – शिक्षा, सस्कृति के हस्तांतरण, संरक्षण एवं संवर्धन का प्रमुख साधन है। आज शिक्षा मानव जीवन को आधार स्तम्भ प्रदान कर उसे सार्थक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र की उत्कृष्टता, उच्चता तथा विकास को सुनिश्चित करने का एक अत्यंत आवश्यक एवं शक्तिशाली साधन है।

किसी भी प्रकार के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा का स्थान प्रमुख है। शिक्षा के अभाव में कुछ भी अर्थपूर्ण प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह विद्यार्थियों के जीवन स्तर में सुधार तथा उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु क्षमताओं का निर्माण कर बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साक्षरता के स्तर में वृद्धि से उच्च उत्पादकता बढ़ती है तथा अवसरों के सृजन से स्वास्थ्य में सुधार, सामाजिक विकास और उचित निष्पक्षता को प्रोत्साहन मिलता है। शिक्षा, विद्यार्थियों को अपने बलबूते पर किसी भी प्रकार का निर्णय लेने तथा विचार करने हेतु सामर्थ्य प्रदान करता है।

महात्मा गांधी शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए कहते है कि– **'शिक्षा से मेरा तात्पर्य बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है।'**

जीवन कौशल – अनुकूली तथा सकारात्मक व्यवहार की वे योग्यताएँ हैं, जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की माँगों और चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सक्षम बनाती है। ये जीवन कौशल सीखे जा सकते हैं तथा उनमें सुधार भी किया जा सकता है,जिनसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। कुछ जीवन कौशल इस प्रकार है – आग्रहिता, समय प्रबंधन, सविवेक चिंतन, संबंधों में सुधार, स्वयं की देखभाल, पूर्णतावादी होना, विलंबन या टालना, आत्मज्ञान, तनाव संघर्ष, निर्णय क्षमता, चिंतन कौशल, समस्या निदान, रचनात्मक चिंतन, भाव प्रधान चिंतन, सृजनशील चिंतन, सामाजिक कौशल, प्रभावशाली वार्तालाप आदि।

शिक्षा में जीवन कौशल का महत्त्व – जन्म के समय बालक पूर्णरूप से असहाय होता हैं लेकिन जैसे–जैसे वह बड़ा होता है और परिवार समाज तथा विद्यालय में शिक्षक के अधिकाधिक सम्पर्क में आता है, जिससे उसका शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, संवेगात्मक एवं सामाजिक विकास होता है। वस्तुत: इनके विकास में जीवन कौशल के विभिन्न आयाम उसे एक नवीन व अविरल व्यक्तित्व प्रदान करते हैं, अन्यथा जीवन कौशलों के विकास के अभाव में वह सम्पूर्ण जीवन एक पशु ही बना रहता है।

शिक्षाविद् जगदीप सिंह मोर का कहना है कि समय के बदलते परिवेश में रूढ़ीवादी शिक्षा पद्धति ने अपना स्थान खो दिया है वरन शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का समावेश हो गया है। आज जहाँ एक ओर विद्यार्थी कहीं ज्यादा कुशल एवं बुद्धिमान है वहीं दूसरी ओर निरंतर ऐसी खबरें भी सामने आती हैं, जहाँ हम देखते है कि छोटे–छोटे बच्चें तनाव ग्रस्त हो जाते हैं। वे बताते है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के मार्गदर्शन पर शिक्षा के क्षेत्र में जीवन कौशल को अपनाया गया है। उनके अनुसार कुछ महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल इस प्रकार है – आत्मज्ञान, तनाव संघर्ष, निर्णय क्षमता चिंतन कौशल, समस्या निदान, रचनात्मक चिंतन, भाव प्रधान चिंतन, सृजनशील चिंतन, सामाजिक कौशल, प्रभावशाली वार्तालाप आदि।

शिक्षक की भूमिका – सीखने की प्रक्रिया में शिक्षक केन्द्रिय भूमिका में होता हैं। शिक्षक के सुविधा प्रदाता की भूमिका में बदलाव होने से शिक्षक द्वारा कक्षा में नेता के रूप में सेवा करने की जरूरत समाप्त नहीं हो जाती, शिक्षक के पारम्परिक नेतृत्व कौशल और उसका प्रयोग आज भी महत्त्वपूर्ण है।

शिक्षक हमारे समाज के लिए उतना ही महत्त्वपूर्ण होता है, जितना एक वृक्ष के लिए उसकी जड़ें। विद्यार्थियों में जीवन कौशल विकसित करने की

* सहायक आचार्य (शिक्षा विभाग) माधव विश्वविद्यालय, पिण्डवाड़ा, सिरोही (राज.) भारत

प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दोनों रूप से शिक्षक की जिममेदारी बनती है। जब विद्यार्थी जानकारी से अनभिज्ञ होते है तब परिवार तथा समुदाय में भी अपेक्षित परिवर्तन स्पष्ट रूप से दृष्टिगत होते है।

जीनव कौशल विकसित करने में एक शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक से अपेक्षा की जाती हे कि हमारे विद्यार्थी अपनी शिक्षा से यथासम्भव सर्वश्रेष्ठ परिणामों को प्राप्त करें। जिससे उन्हें अपने जीवन में अवसरों और अनुभवों को प्राप्त करने के लिए अंतर्दृष्टि और अवसर प्राप्त हो सके। कई बार परिवार के बच्चे जब पहली बार स्कूल जाते हैं, जो कि उनके लिए रोमांचक और चुनौतिपूर्ण दोनों होता है। अत: कक्षा का वातावरण रूचिपूर्ण और रचनात्मक होने से बच्चे स्कूल जाने के लिए और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित होते है इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में पूर्ण जिम्मेदारी एक शिक्षक की होती है। इस प्रकार वह विद्यार्थियों में जीवन कौशलों को विकसित करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एच.जी.वेल्स ने शिक्षक के महत्त्व को बताते हुए लिखा है कि– **'शिक्षक इतिहास का निर्माता है और राष्ट्र का इतिहास विद्यालयों में लिखा जाता है और विद्यालय अपने शिक्षकों की गुणवत्ता से बहुत भिन्न नहीं हो सकतें।'**

एक शिक्षक अपने जीवन काल में हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित कर उनमें आग्रहिता, समय प्रबंधन, सविवेक चिंतन, संबंधों में सुंधार, स्वयं की देखभाल, पूर्णतावादी होना, विलंबन, आत्मज्ञान, तनाव संघर्ष, निर्णय क्षमता, चिंतन कौशल, समस्या निदान, रचनात्मक चिंतन, भाव प्रधान चिंतन, सृजनशील चिंतन, सामाजिक कौशल, प्रभावशाली वार्तालाप आदि जीवन कौशलों का विकास कर महत्त्वपूर्ण भमिका निभाता है। अत: शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य का संरक्षक, निर्माता है। इसलिए शिक्षक पर ध्यान देना अर्थात् अपने भविष्य, अपनी संतति के भविष्य और समाज के भविष्य की ओर ध्यान देना है।

जीवन कौशलों के अंतर्गत अच्छा स्वास्थ्य और बेहतर जीवन बड़ी–बड़ी बातों पर नहीं बल्कि छोटी–छोटी बातों पर निर्भर करता है। ये बातें आधारित होती है हमारे जीवन कौशल और अपने परिवेश को देखने के नजरिए पर। इन्हीं छोटी बातों के महत्त्व को समझाने के लिए शिक्षकों द्वारा काफी बड़े और महत्त्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल स्वच्छता एवं शिक्षा कार्यक्रम को सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में क्रियान्वित करने की योजना है, जिसमें शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

'मानव मुक्ति की सारी आशाएं शिक्षा में निहित है' शिक्षा एक जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में शिक्षक सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाता है। जिसके अभाव में शिक्षा प्रक्रिया का आरंभ भी सम्भव नहीं। भारतीय शिक्षा व्यवस्था में इस तथ्य को सर्वप्रथम पहचानते हुए वैदिक कालीन गुरू अर्थात शिक्षक को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान स्थान दिया गया है। वर्तमान में भी शिक्षक की भूमिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी ही रही है और भविष्य में भी इसे नकारा नहीं जा सकेगा। शिक्षक ही देश के भावी नागरिकों के वास्तविक सम्पर्क में आता है। अत: राष्ट्र के भावी नागरिकों के निर्माण का उत्तारदायित्तव शिक्षक पर ही है।

शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों में उपयुक्त जीवन कौशलों का विकास एक प्रक्रिया के माध्यम सेकिया जाता है। इस रूप में विद्यार्थी–शिक्षा एक प्रक्रिया के रूप में कार्य करती है, इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के परिणामस्वरूप उत्पाद के रूप में एक कुशल एवं प्रभावी विद्यार्थी को तैयार करने का प्रयास किया जाता है, जो समाज में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इस दृष्टि से यह माना जा सकता है कि विद्यार्थी–शिक्षा एवं विद्यार्थी एक सिक्के के दो पहलू है जिसमें शिक्षक, शिक्षा कार्यक्रम को एक प्रक्रिया के रूप में तथा विद्यार्थी को उसके उत्पाद के रूप में देखा जा सकता है।

विद्यार्थियों में कौशल निर्माण हेतु शिक्षक को निम्न रूपों में देखा जाता है–

1. शिक्षक एक व्यक्ति के रूप में।
2. शिक्षक एक व्यवसायी के रूप में।
3. शिक्षक एक सामाजिक प्रणेता केरूप में।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में शिक्षकों से अन्य आकांक्षाओं की अपेक्षा की गई है जैसा कि निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किया गया है –

शिक्षककी अपेक्षित भूमिका :

1. निर्देशक के रूप में।
2. अनुदेशक के रूप में।
3. कक्षा प्रबंधक के रूप में।
4. विस्तार सेवा के रूप में।
5. नवाचारकर्ता के रूप में।
6. अनुसंधानकर्ता के रूप में।
7. सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में।
8. नेता एवं संगठनकर्ता के रूप में।
9. विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर्ता के रूप में।

विद्यार्थी–शिक्षा प्रत्येक शिक्षा व्यवस्था का अविछिन्न अंग होती है। यह समाज एवं राष्ट्र के चरित्र, उसकी संस्कृति एवं लोकाचार से घनिष्ठ रूप से जुड़ी होती है। शिक्षक, शिक्षण प्रक्रिया का सूत्रधार होता है। आज के प्रगतिशील, तकनीकी, कम्प्यूटर एवं सूचना क्रांति के दौर में शिक्षा–विद्यार्थी एवं शैक्षिक प्रक्रिया को सही और उन्नतिशील शिखर पर पहुँचाने हेतु जरूरी है जिससे विद्यार्थी में उचित संचरणीय एवं प्रभावोत्पादक जीवन कौशलों का विकास हो।

वर्तमान समय में एक अच्छा शिक्षक वही है, जो अपने विषय–वस्तु की बेड़ियों में बंधा न होकर विषय ज्ञान एवं विषय वस्तु को विद्यार्थी के सहज उपयोग का साधन बनाता है। जब समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों पर ऐसी खबरें आती हैं कि किसी विद्यार्थी ने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली तब कहीं ना कहीं इसके जिम्मेदार समाज के साथ–साथ वह शिक्षक भी होते हैं, जो बाल्यकाल में उस विद्यार्थी की नींव मजबूत नहीं कर पाते हैं। नींव मजबूत करने से अभिप्राय शैक्षिक उपलब्धि से नहीं बल्कि सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों से है।

शिक्षक के महत्त्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है कि–**'समाज में शिक्षक का महत्त्वपूर्ण स्थान है वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परम्पराएं और तकनीकी कौशल पहुँचाने का केन्द्र है और सभ्यता के प्रकाश को प्रज्ज्वलित करने में सहायता देता है।'**

एक शिक्षक के पास अपने विद्यार्थियों में जीवन कौशलों को ज्यादा रचनात्मक ढंग से उपयोग में लाने के लिए बहुत से अवसर होते हैं, जिससे उनकी रूचि को प्रेरित कर उनके अनुभवों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इन विचारों को शिक्षा के किसी विषय पर भी लागू कर सकते है। यह इकाई उदाहरण के रूप में अंकुरण के विषय का उपयोग करती है। पढ़ाई के परिवेश में वृद्धि करने के लिए कुछ संभावनाओं को उभारती है। अत: शिक्षक किसी भी विषय पर इन विचारों को लागू कर विद्यार्थियों में जीवन कौशलों को

विकसित करने में अपनी सहभागिता निभाता हैं।

महान शिक्षाशास्त्री एवं दार्शनिक अरविन्द के अनुसार–**'शिक्षक राष्ट्र की संस्कृति बनाता है शिक्षक को देश का भावी कर्णधार एवं समाज का मागदर्शक माना गया है। वह राष्ट्र का शिरोमणि निर्माता एवं कर्णधार है।'**

पृथ्वी की अद्यतन स्थिति मानवीय श्रम की ही परिणति है। जीवन की बढ़ती आवश्यकताओं के बीच, मनुष्यों में श्रम की परस्पर निर्भरता भी बढ़ती गयी। स्वतन्त्रता, समानता, न्याय और बंधुता की सहजाकांक्षा ने एक परस्पर निर्भर समाज के निर्माण को सम्भव बनाया। प्रारंभ में तो आदिम साम्यवाद कायम रहा किन्तु धीरे-धीरे उत्पादन की प्रक्रिया से अर्जित सुविधा, लाभ और निजी सम्पत्ति की अवधारणाओं के चलते कुछ लोगों ने श्रेष्ठता, वर्चस्व और विरोध के अभाव में, व्यवस्था को अपने पक्ष में लेकर, दूसरों के श्रम का अनुचित लाभ उठाया। यही से शोषण प्रारम्भ हुआ। सामाजिक-आर्थिक-धार्मिक-बौद्धिक शारीरिक सन्दर्भ, शोषण के आधार बने सैद्धान्तिक रूप से समानता जैसे मूल्य को सर्वोपरि रखने पर भी व्यावहारिक रूप 'असमानता' शोषण का प्रमुख कारक रही। मनुष्य के पैदा होते ही उसका शोषण शुरू हो जाता है।

मनुष्य जीवन का सबसे अबोध रूप बाल्य अवस्था में होता है। बच्चे शारीरिक-मानसिक रूप से अपरिपक्व होते हैं, तो आर्थिक दृष्टि से माता-पिता पर निर्भर। किन्तु, भारत में करोड़ों बच्चे आर्थिक रूप से आत्म निर्भर हैं। पढ़ाई करने की उम्र में वे खेतों में, हलवाइयों की दुकानों पर कारखानों में, और जूते पालिश करने जैसे काम करते हैं। यह विडम्बना है कि बच्चा उठकर जमीन पर चलना शुरू करते ही काम पर जाने लगता है। कवि राजेश जोशी बचपन में काम कर रहे इन बच्चों की ओर से सारे समाज से प्रश्न करते हैं। यहॉ उनकी बेचैनी, स्तब्धता और द्रवित कर देनेवाली संवेदना को अभिव्यक्ति मिली है –

'' काम पर जा रहे है बच्चे ?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदे
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने
क्या किसी भूकम्प में ढह गई है
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान सारे बगीचे और घरों के ऑगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो बचा ही क्या इस दुनिया में ?''[1]

अगर बच्चे, गेंद, खिलौने और किताबो से नहीं खेल रहे हैं, और काम पर जा रहे हैं तो निश्चित रूप से विकास के हर पैमाने पर वो राष्ट्र असफल है और राजेश जोशी का यह कहना सही है कि बचा ही क्या है इस दुनिया में ? क्यों काम पर जा रहा बच्चा शोषण की कहानी आप कह रहा है। ''हिंदी कविता में जब भी बच्चों पर लिखी जाने वाली कविताओं की बात होगी, राजेश जोशी की इस कविता का जिक्र जरूर होगा।''[2] अत्यन्त विषम परिस्थितियों में बच्चे अपनी उम्र से कहीं ज्यादा काम कर रहे हैं। ''पूरी गुलामी और चाकरी वाली स्थितियों में बिना किसी सहारे के, गाली और दुर्व्यवहार के डर के बीच जीते हुए, अपमान और तिरस्कार झेलते हुए अपने स्वास्थ्य को खतरे में डाले वे हमारी देखभाल करने के लिये देर-देर तक काम करते हैं। उनके काम के घंटे कभी खत्म नहीं होते। वास्तव में रोटी, कपड़ा और मकान जुटाने के हमारे प्रयासों में किसी न किसी स्तर पर बालश्रम का योगदान भी रहता है। उत्पादन के क्रम में भी, चाहे वह स्थानीय हो या दुनिया में अन्य कहीं, बालश्रम को नकारना मुश्किल ही है।'' [3] कवि बोधिसत्व ने भदोही में कालीन बुनने वाले मजदूर बच्चे शफीक की स्थिति पर एक अत्यन्त मार्मिक कविता 'पलामू' लिखी है-

'' तुम्हारी ॲंगुलियों से निकलता है ऊन
तुम्हारी हड्डियॉ बुजबुन की है
हरदम सूत काटती है तुम्हारी सॉस
तुम धीरे-धीरे गलीचे में
गायब हो रहे हो शफीक
X X X X X X X
एक दिन जब
कारखाने से बाहर निकलोगे तुम
एक दिन तुम्हारी आँखे
बेकार हो जायेगी जब
तुम्हे पता चलेगा उस दिन कि
अब तक छूड़ा तुम ऊन पर नहीं

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी) बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झाँसी (उ.प्र.) भारत

अपनी पुतलियों पर
अपनी अंगुलियों और कलाई की
सबसे जरूरी नस पर चला रहे थे।'' [4]

बालश्रम करवाना भविष्य की युवा-शक्ति की शारीरिक-मानसिक सक्रियता को कुंठित कर देना है। अनेकायामी स्वप्नों का गला घोंट देना है। ''अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइ एल ओ) के आंकडे बताते है कि भारत में तकरीबन पौने दो करोड़ बाल मजदूर कारखानों में सड़ रहे हैं। ऐसे ऑकड़ो से द्रवित हो कर जर्मनी और फ्रांस जैसे राष्ट्र भी भारतीय कालीनों के बहिष्कार का अभियान चला रहे हैं।'' [5] बाल मजदूरों की इतनी बड़ी संख्या भारतीय बच्चों की दुर्दशा की कहानी आप कह रही है। फिर भी उत्पीड़नकारी शक्तियाँ अपने उत्पादन और कार्यस्थल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर रही है। कम उम्र में ही बच्चे अशिक्षा और गरीबी के चलते अत्याधिक श्रम करते रोगी, अपरिपक्व और भविष्य की तमाम सुविधाओं से वंचित रह जा रहे है। श्रम की गुणवत्ता में सुधार न कर पाने के कारण बहुत थोड़े से पैसों में वे जीवन गुजारते है। शोषण की प्रक्रिया विविध आयामी है।

धर्म भी अप्रत्यक्ष रूप से शोषण का कारण बन जाता है। कभी-कभी उसमें निहित आस्थाएँ भी व्यक्ति के विकास में बाधक बन जाती हैं। और वह धार्मिक शोषण का शिकार होता है। भारत में अनेक धर्म अपनी-अपनी आस्थाओं और विश्वासों के साथ है। इनकी मान्यताओं और संस्कारों पर करोड़ों लोग चल रहे हैं। यहीं कवि धार्मिक शोषण पर भी व्यंग्य करता है। उसे पता है कि कहॉ जर्जरित आस्तिक संस्कार प्रतिरोध के स्वर को दबा देते हैं -

'' तुम समझते हो 'दीन' की भाषा
तुम्हें हिसाब-किताब नहीं आता
खटाया जाता है तुम्हें मनमानी
तमाम घड़ियाँ तुम्हारे वास्ते बेकार है
X X X X X X X
वे चाहते है शफीक,
तुम्हे 'दीन' के अलावा न आये कुछ भी।
X X X X X X X
तुम्हे मालूम है
मजदूरी करने की सरकारी उमर'' [6]

कुमार अंबुज भी व्यवस्था द्वारा अनियोजित श्रम विभाजन को आर्थिक असमानता का कारण मानते हैं किन्तु साथ-साथ पूंजीपतियों की कलई भी खोलते हैं। ये बताते हुए कि कैसे इस अनियोजित श्रम विभाजन के बड़े हिस्से को धर्म की आड़ में अपने पक्ष में ले लेते है, और अमीरी-गरीबी को अव्यवस्था के बजाय पाप-पुण्य की दृष्टि से देखते हैं -

''एक दिन कहेंगे धर्म-सभा में-
यह ईश्वर की इच्छा है कि एक गरीब आदमी बना रहे गरीब
और धनी आदमी को धनी बनाए रखने में श्रमदान करें
यही ईश्वर की इच्छा है
यही है ईश्वर की इच्छा'' [7]

धार्मिक शोषण के अलावा, देश के कई करोड़ नागरिकों का सामाजिक और आर्थिक शोषण भी हो रहा है। आज नक्सलीबहुल आदिवासी इलाके के नागरिकों का उत्पीड़न गहरा गया है। नक्सली प्रभावित इलाके बेहद पिछड़े और विकासहीन हैं, यहॉ गरीबी सर्वव्यापी है। सरकारी तंत्र, अव्यवस्था एवं उद्योगपतियों का दोहन करने वाला नजरिया भी यहाँ के पिछड़ेपन का मुख्य कारण है। सरकार की कई योजनाएँ सिर्फ शोषित और कुपोषित आदिवासियों और गरीबों के लिए है, लेकिन इनका धन बिचौलिए हजम कर जाते हैं। तब विकास इन तक कैसे पहुँचे क्योंकि नक्सली भी इन इलाकों का विकास नहीं चाहते। ये गैरआदिवासियों और गैरनक्सलियों से फिरौती वसूलते हैं। विकास विरोधी होने के कारण वे बिजली विरोधी हैं। नक्सलवाद आज करीब 180 जिलों में फैल चुका है ''नक्सलवाद 16 राज्यों की कानून व्यवस्था के लिये चुनौती बना हुआ है। ......लगभग 40000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में इन नक्सलियों की अपनी अदालतें हैं।'' [8] नक्सलवादी आंदोलन माओं की विचारधारा के अनुसार शुरू हुआ था गॉवों को अगर शोषण से और जमींदारों के जुल्मों से बचाना है तो ग्रामीण नागरिक को ग्रामीण स्तर पर संगठित होकर सशस्त्र क्रान्ति करनी होगी। इसी से प्रभावित होकर धूमिल ने 'पटकथा' कविता में एक जगह कहा है -

''एक ही संविधान के नीचे
भूख से रियाती हुई फैली हथेली का नाम
'दया' है
और भूख में
तनी हुई मुट्ठी का नाम
नक्सलवादी है'' [9]

तब धूमिल को उम्मीद थी कि एक शोषण मुक्त समाज इस क्रान्ति से सम्भव होगा क्योंकि भूखे ही सही पर अधिकारों के लिए वे प्रतिरोध के लिए तैयार थे। किन्तु आज नक्सल प्रभावित इलाकों की जनता का सामाजिक-आर्थिक और दोहरा शोषण हो रहा है। सरकार विफल है और विकास उपलब्ध नहीं करा पा रही है वहीं नक्सली इनसे वसूली कर आतंक के पर्याय बने हैं। कह सकते है कि यह शोषण की अजीब कहानी है। जहॉ शोषण दोहरा है, आदिवासियों के संरक्षण के नाम पर ये नक्सली आज आम नागरिकों का शोषण और हत्या कर रहे हैं। नक्सल बहुल क्षेत्रों का नागरिक जीवन आंतक से सहमा है।

आदिवासियों के अलावा स्त्री-पुरूष श्रमिकों का भी शोषण, आज सर्वव्याप्त है। विश्व प्रसिद्ध चंदेरी की साड़ियॉ बनाने वाले कारीगरों की दुर्दशा का एक चित्र देखिये -

''मै कई रातों से परेशान हूँ
चॅदेरी के सपने में दिखाई देते है मुझे
धागों पर लटके हुए कारीगरों के सिर'' [10]

शोषण का धागा महीन है सिर व्यक्ति की ज्ञानेन्द्रियों को धारण करता है। कारीगरों का समस्त ज्ञान कौशल बदले में बहुत कम मूल्य पाता है। कुमार अंबुज उत्पादन और वितरण के गणित को रूपायित करते हुए, इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि पूंजीपति वर्ग लाभांश का सही अनुपात में वितरण नहीं करते हैं। कारीगरों का शोषण पूरे भारत में जारी है।

शोषण का एक अत्याधुनिक रूप वर्तमान भूमण्डलीकरण की उपज से जन्मा है। सस्ते श्रम की तलाश में उदारीकरण का लाभ लेती विदेशी कम्पनियाँ आज संचार क्राति के माध्यम से भारत में फैली हैं। ''हम देख सकते हैं कि कॉल सेंटर्स में, निजीकृत इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर संबंधी इकाइयों में दस से बारह घंटों का काम लिया जा रहा है। इसके लिए कोई कानूनी क्रियान्वयन, श्रमिक आंदोलन या प्रभावी उपाय नहीं है, तो उसका बड़ा कारण यह है कि देश के विशाल मध्यवर्ग के बीच यह भ्रम फैला देने में कामयाबी मिल गयी है कि वे लोग श्रमिक नहीं हैं। वे तो 'सेवा क्षेत्र में' हैं और 'बौद्धिक' हैं या आधुनिक तकनीक के जानकार। जब यह दुष्प्रचार सफल हो

गया हो कि एक समझदार, पढ़ा-लिखा, युवक और विशाल वर्ग अपने आप को श्रमिक न मानें, तो यह होना ही है कि वे पूँजीवाद और पूंजीपतियों के सिर्फ शिकार होते चले जाये।''[11] ऐसे युवा आज की अंधी दौड में थोड़े से विश्राम और उपभोग के समय में सस्ते मनोरंजन के शिकार होते हैं। किन्तु निजीकरण और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शोषण के अमूर्त और महीन तारों को नहीं देख पा रहे है, जो विदेशों से संचालित हो रहे हैं।

सभी प्रकार के शोषणों से मुक्ति की कामना में ही कविता की प्रतिपक्ष की भूमिका है। बद्रीनारायण भी परिवर्तनकामी, शोषणमुक्त समाज की परिकल्पना करते हैं। और संविधानिक मूल्यों की वास्तविक प्रतिभूति को फलित होते देखना चाहते है -

'' न गिद्ध न गिद्ध की चोंच
न स्यार की धूर्तता, न चीते की ऑख
न जुलुमी, न जालिम, न हत्यार
सज्जनों का पूरा सम्मान होगा
X X X X X X X
लोमड़ी निपूती होगी
भेड़िया निर्वश
सॉप के फन पर प्रहार होगा
X X X X X X X
मेरे जमाने का बिल्कुल नया संविधान होगा ''[12]

यह कवि का शोषणमुक्त, परिवर्तनकारी यूटोपिया है। वैसे यहाँ द्वन्द्वात्मकता का अभाव होने से यह सुखद मनोकामना भर रह जाती है। यद्यपि शोषणकारी भावनाओं की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति में यह कविता सफल रही है।

सर्वव्यापी शोषण से भारत का आम नागरिक चाहे वो किसी भी धर्म, जाति या लिंग का हो-प्रभावित है। व्यवस्था ने उनके श्रम का सही मूल्य नहीं आंका है। उन्हें उनके श्रम का सही अनुपात में फल नहीं मिला है, जिस रोटी-पानी, स्वास्थ्य के लिए उनका दैनंदिन जीवन खट रहा है, वह भी उन्हें किस दशा में प्राप्त है, इसकी तस्वीर पवन करण की फोटो, कविता में स्पष्ट है -

'' ट्रेन के सामान्य डिब्बे में चढ़ने को
मारामारी करता हुआ
मेरा फोटो कितना बदहवास
राशन की दुकान पर लाइन में
सिर झुकाए चुपचाप खड़ा
मेरा फोटो कितना विवश
सरकारी अस्पताल में चिकित्सक की
बेसब्र प्रतीक्षा करता
मेरा फोटो कितना बीमार
पानी के इन्तजार में आधी रात को
उठकर बैठ जाता
मेरा फोटो कितना उनींदा''[13]

वोट की लाइन में खड़े नागरिक का सूरते हाल, उसकी फोटो से स्पष्ट है किन्तु उसके दिखते चेहरे के पीछे तंत्र अस्पष्ट है। दैनंदिन जीवनोपयोगी वस्तुओं को पाने का सामान्य नागरिक का यह असामान्य संघर्ष उसकी यथास्थिति का बयान है। यहॉ अन्तत: फोटो नागरिक होने की पहचान है, किन्तु उसके जीवन का सत्ता से सरोकार एकदम औपचारिक और पॉचसालाना है। यही शोषण की अनवरतता है, और नागरिक जीवन की विडम्बना। मुक्तिबोध शोषणमुक्त समाज की कल्पना और आकांक्षा में प्रतीक्षारत थे -

''समस्या एक
मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में
सभी, मानव
सुखी सुन्दर व शोषणमुक्त
कब होंगे ?''[14]

वस्तुत: पूंजीवादी अर्थतंत्र की बुनियाद ही शोषण पर टिकी है। आज यह शोषण विविध रूपों में मूर्त-अमूर्त रूप से करोड़ो लोगों के जीवन को बर्बाद कर रहा है। किन्तु समकालीन कविता की भी प्रतिबद्धता है कि वह शोषण के हर रूप को रेखांकित करेगी, नागरिकों को सचेत और सतर्क रखेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजेश जोशी - नेपथ्य में हॅसी-पृ0-23-24
2. समकालीन हिन्दी कविता यात्रा- शतानन्द क्षोत्री-पृ0-76 पर उद्धृत।
3. शान्ता सिन्हा- योजना- नवम्बर-2006-पृ0-15।
4. बोधिसत्व- सिर्फ कवि नही- पृ0-94-95।
5. संजय अभिज्ञान- मानव अधिकारों का संघर्ष-सं0 राजकिशोर-पृ0-108।
6. बोधिसत्व- सिर्फ कवि नही- पृ0-29।
7. कुमार अंबुज-क्रूरता-पृ0-100।
8. डॉ0 लक्ष्मीशंकर यादव- नक्सलवाद का बढ़ता खतरा (लेख), प्रतियोगिता दर्पण जनवरी -2010, पृ-1056।
9. धूमिल- संसद से सड़क तक पृ0-127।
10. कुमार अंबुज- क्रूरता- पृ0-24।
11. कुमार अंबुज-कथन-अक्टूबर,दिसम्बर-2004।
12. बद्रीनारायण-सच सुने कई दिन हुये-पृ0-69।
13. पवन करण- दैनिक भास्कर-30 सितम्बर 2007 ।
14. गजानन माधव मुक्तिबोध -चांद का मुँह टेढ़ा है-पृ-14।

****

प्रधानमंत्री की संवैधानिक और वास्तविक शक्तियों का मूल्यांकन

डॉ. आदित्य कुमार सिंह*

प्रस्तावना – भारत में संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाया गया है इसीलिए भारतीय संविधान में प्रधानमंत्री को शासन का प्रमुख माना गया है और राष्ट्रपति को राष्ट्र का प्रमुख माना गया है। इस प्रकार संविधान ने प्रधानमंत्री को वास्तविक शक्तियां प्रदान की हैं और राष्ट्रपति को नाम मात्र की शक्तियां प्रदान की है राष्ट्र प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति के द्वारा प्रधानमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है। संविधान के अनुच्छेद 74(1) में यह कहा गया है कि राष्ट्रपति को अपने कार्यों का संपादन करने में सहायता तथा मंत्रणा देने के लिए एक मंत्रिमंडल होगा जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होगा।[1] यहां पर दो बातें स्पष्ट हो जाती हैं। पहला यह कि एक मंत्रिपरिषद होगी जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करेंगे और दूसरा यह कि यह राष्ट्रपति की ओर सलाह देने के लिए होंगे और प्रधानमंत्री की नियुक्ति कैसे होगी इसका कोई विशेष उल्लेख संविधान में नहीं किया गया है बस अनुच्छेद 75(1) में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।[2]प्रश्न यहां पर यह है कि राष्ट्रपति किसे प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकता है यदि चुनाव के पश्चात किसी एक दल को लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता तो गठबंधन की व्यवस्था होती है जिससे मामला सुलझ जाता है मगर यदि किसी भी दल को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त ना हो तो राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री को नियुक्त करने में स्वविवेक का निर्णय लेना होता है।75(2)में कहा गया है कि मंत्रीगण राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत अपने पद पर बने रह सकते हैं 75 (3) में कहा गया है कि मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदाई होगी।इस प्रकार मंत्री नियुक्त करने हेतु अपने दल के सदस्यों के नाम राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री के द्वारा सुझाए जाएंगे और राष्ट्रपति केवल उन्हीं लोगों को मंत्री बनाएगा जिसके नाम की सिफारिश प्रधानमंत्री के द्वारा की गई है इस तरह यह निश्चित होता है किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जाएगा यह तय करना प्रधानमंत्री के स्वविवेक का काम है और प्रधानमंत्री किसी भी समय मंत्रियों के विभाग में फेरबदल करने के लिए स्वतंत्र है भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुसार प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की मंत्रिपरिषद का प्रमुख होने के साथ-साथ राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार होता है सिद्धांत रूप में संविधान भारत के राष्ट्रपति को देश का प्रमुख घोषित करता है और सैद्धांतिक रूप में शासन तंत्र की सारी शक्तियों को राष्ट्रपति में निहित करता है तथा संविधान यह भी निर्दिष्ट करता है कि राष्ट्रपति अपने इन अधिकारों का प्रयोग अपने अधीनस्थ अधिकारियों की सलाह पर करेगा संविधान द्वारा राष्ट्रपति के सारे कार्यकारी अधिकारियों का प्रयोग करने की शक्ति लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री को दे दी गई है।[3] संविधान के अनुसार मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए अपनी नियुक्ति के समय संसद का सदस्य होना आवश्यक नहीं है अनुच्छेद 75(5) के अनुसार कोई भी व्यक्ति 6 माह तक बिना संसद का सदस्य रहे हुए मंत्रिमंडल का सदस्य है सकता है संविधान के अनुसार यह भी आवश्यक नहीं है कि प्रधानमंत्री का चयन निम्न सदन में से ही किया जाए 1966 में इंदिरा गांधी को जो प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया तब और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य थी।[4] प्रधानमंत्री की स्थिति कुछ इस प्रकार की है कि वह सत्ताधारी दल का नेता तो होता है साथ ही वह केंद्र सरकार का प्रमुख प्रवक्ता भी होता है देश का प्रधान होने के नाते विभिन्न राज्यों के विभिन्न वर्गों के लोगों से मिलता है और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करता है। प्रशासन को आदेश देना हो या नीतिगत निर्णय लेना हो यह सभी कार्य प्रधानमंत्री के द्वारा किए जाते हैं मंत्रिपरिषद का प्रधान होने के नाते सत्ता पक्ष की ओर से संसद में की जाने वाली बहस का नेतृत्व प्रधानमंत्री के द्वारा किया जाता है संसद में मंत्रिपरिषद के पक्ष को रखने का काम प्रधानमंत्री करता है वह किसी भी मंत्रालय से आवश्यकतानुसार सूचना प्राप्त कर सकता है इस तरह से भारतीय संविधान में प्रधानमंत्री की संवैधानिक शक्तियां बहुत महत्वपूर्ण है।

भारत में इंग्लैंड की संसदीय परंपरा का अनुसरण किया गया है और व्यावहारिक रूप से प्रधानमंत्री के चयन में राष्ट्रपति ने अपने विवेक का प्रयोग न करके सदैव लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उसकी इच्छानुसार अन्य मंत्रियों की नियुक्ति की है इसी प्रकार मंत्रियों के निष्कासन, उनके बीच विभागों के वितरण, तथा उन्हें पद मुक्त करने में भी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से परामर्श को ही सदैव मान्यता दी है 42वें एवं 44वें संशोधन के बाद संवैधानिक स्थिति के अनुसार अब राष्ट्रपति मंत्रिमंडल (प्रधानमंत्री) के परामर्श अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य है।[5] मंत्रिपरिषद के प्रमुख के रूप में भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियां बहुत ही महत्वपूर्ण है वह मंत्री नियुक्त करने हेतु अपने दल के किसी व्यक्ति की राष्ट्रपति से सिफारिश करता है और राष्ट्रपति द्वारा केवल उन्हीं लोगों को मंत्री नियुक्त किया जाता है जिनकी सिफारिश प्रधानमंत्री के द्वारा की जाती है। मंत्रालयों का आवंटन करना हो या फिर उन में फेरबदल करना हो या मंत्रालय संबंधी किसी भी तरह का कोई निर्णय लेना हो यह सारे कार्य प्रधानमंत्री अपने स्वविवेक से करता है इसके साथ ही किसी मंत्री को त्यागपत्र देने अथवा बर्खास्त करने के लिए वह राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है। प्रधानमंत्री के द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठकों की अध्यक्षता की जाती है और उसमें लिए गए निर्णय में प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका होती है साथ ही

* एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (राजनीतिशास्त्र) स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, शाहजहांपुर (उ.प्र.) भारत

साथ वह सभी मंत्रियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने, निर्देशित करने,विभागों में समन्वय और एकता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं।[6] संसदीय शासन व्यवस्था का प्रमुख गुण सामूहिक उत्तरदायित्व का होता है तुम तो प्रधानमंत्री मंत्री परिषद का अध्यक्ष होता है इसलिए जब भी प्रधानमंत्री त्यागपत्र दे देता है थोड़ा उसकी मृत्यु हो जाती है तो मंत्रिपरिषद के विघटन होने के साथ ही सरकार का पतन हो जाता है लेकिन यदि किसी अन्य मंत्री की मृत्यु होती है या वह त्यागपत्र देकर अपने पद को रिक्त करता है तो वह सीट खाली नहीं रहती प्रधानमंत्री उस पद पर अपने पार्टी के किसी भी सदस्य को राष्ट्रपति से सिफारिश करके नियुक्त करा सकता है। इस प्रकार प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक रूप से एक गरिमामय पद है जिसमें अपार शक्तियां निहित हैं लेकिन यहां यह बात गौरतलब है यदि प्रधानमंत्री पदधारी अपना पद अपनी ही राजनैतिक शक्ति और जनता के सीधो समर्थन के बल पर प्राप्त करता है जैसे पं जवाहरलाल नेहरू ने अपने जीवन काल में तथा श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1971 में तथा 1980 में पद प्राप्त किया था तो आत्मविश्वास के साथ शासन प्रमुख के रूप में कार्य करने में समर्थ होता है लेकिन यदि वह अपना पद अन्य तत्वों के समर्थन और सहयोग के बल पर प्राप्त करता है जैसे 1964, 1966, 1967, और 1977 में यही स्थिति थी तो प्रधानमंत्री की स्थिति स्वाभाविक रूप से निर्बल हो जाती है।[7]संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में से किसी का भी सदस्य हो सकता है उदाहरण के लिए इंदिरा गांधी 1966 में, एच डी देवगौड़ा 1996 तथा डॉ. मनमोहन सिंह 2004 और 2009 में राज्यसभा के सदस्य थे वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन में प्रधानमंत्री को निम्न सदन यानी हाउस आफ कॉमनस का सदस्य होना हीचाहिए।[8]

शासन व्यवस्था में प्रधानमंत्री सारे काम राष्ट्रपति के नाम पर करते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री राष्ट्रपति एवं मंत्रिपरिषद के बीच संवाद का प्रमुख स्रोत है अत: अनुच्छेद 78 के अनुसार उसकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संघ के कार्यपालक के प्रशासन संबंधी सभी निर्णयों से मंत्रिपरिषद को सूचित करेंगें इसका तात्पर्य यह है कि मंत्रिपरिषद, प्रशासन और विधि से जुड़े हुए जितने भी निर्णय करेगी प्रधानमंत्री उन सब से राष्ट्रपति को अवगत कराएंगे और जिन विषयों की जानकारी राष्ट्रपति के द्वारा मांगी जाएगी प्रधानमंत्री वह जानकारी राष्ट्रपति को उपलब्ध कराएंगे और जिस किसी भी विषय पर किसी मंत्री ने अपना मत दिया है किंतु उस विषय पर मंत्रिमंडल में विचार नहीं किया गया है ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति द्वारा अपेक्षा किए जाने पर प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद के समक्ष उस विचार को रखेंगे।राष्ट्रपति के निर्वाचन के समय और फिर राष्ट्रपति द्वारा संविधान के विरुद्ध किए गए कार्यों के लिए उस पर महाभियोग चलाने के समय प्रधानमंत्री का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है क्योंकि प्रधानमंत्री संसद और जनता दोनों का प्रतिनिधित्व करता है और दोनों का नेता होता है[9] प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के बीच एवं प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के बीच कैसे संबंध हों इस बारे में संविधान के गठन काल से ही विवाद चला आ रहा है। गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल की तथा प्रधानमंत्री के रूप में पंजवाहरलाल नेहरू की अनुभूतियों में आकाश पाताल का अंतर रहा है इसी प्रकार प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद तथा प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बीच बुनियादी मतभेद थे।[10] प्रधानमंत्री के कार्यों पर टिप्पणी करते हुए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि यदि हमारे संविधान के अंतर्गत किसी 'कार्यकारी' की यदि अमेरिका के राष्ट्रपति से तुलना की जाये तो वह 'भारत का प्रधानमंत्री' होगा न कि 'राष्ट्रपति'। प्रधानमंत्री ने केवल राज्य के अंदर बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए संघ सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं अपनी नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री राज्यों के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल अन्य मंत्रियों को साथ लेकर चलते हैं केंद्र राज्य संबंधों को बेहतर बनाना ताकि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों मिलकर बेहतर ढंग से काम कर सके भारत में राज्यों की शासन व्यवस्था भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री में विभाजित है मुख्यमंत्री के पास वास्तविक शक्तियां होती हैं और राज्यपाल के पास नाममात्र की राष्ट्रपति के द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद की सलाह पर की जाती है क्योंकि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने में मुख्य भूमिका राज्यपाल की होती है लेकिन संवैधानिक दृष्टि से प्रधानमंत्री को ना तो मुख्यमंत्रियों की नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त है और ना ही मुख्यमंत्रियों को प्रधानमंत्री की नियुक्ति में भूमिका निभाने का कोई अधिकार है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत बनाने और विदेश नीति और सुरक्षा नीति को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने और उसे लागू करने में प्रधानमंत्री की महती भूमिका होती है प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विदेश नीति का निर्धारण किया जाता है और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को स्थापित करने का प्रयास किया जाता है शांति, व्यापार, कला, संस्कृति, शिक्षा आदि से संबंधित विभिन्न प्रकार की संधियां और समझौते करना इसमें शामिल है ।प्रधानमंत्री विदेश मंत्रालय को चाहे अपने अधीन रखें या विदेश मंत्री के अधीन लेकिन ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मसलों पर प्रधानमंत्री को लगातार संपर्क करना होता है। अंतरराष्ट्रीय जगत में देश का वास्तविक प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ही करता है उदाहरण के लिए जवाहरलाल नेहरू का पंचशील, इंद्र कुमार गुजराल का गुजराल डॉक्ट्रिन आदि विदेश नीति में मील का पत्थर कहे जाते हैं। सबसे मुश्किल घड़ी में ही असली नेता की सबसे अच्छी खूबियां सामने आती हैं वह अपने राजनीतिक कौशल और राष्ट्रहित के एहसास के साथ विपरीत परिस्थितियों में भी लाभ कमा लेता है[11]साधारणतया प्रधानमंत्री का चुनाव संसद का निम्न सदन में से होता है लेकिन उच्च सदन से प्रधानमंत्री निर्वाचित करने पर कोई वैधानिक प्रतिबंध नहीं है भारत में पहली बार 1966 में जब राज्यसभा की सदस्य श्रीमती इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री निर्वाचित किया गया तो निम्न सदन में बहुमत दल के नेता को प्रधानमंत्री होने के सिद्धांत को विराम लग गया12 प्रधानमंत्री को दल की आवश्यकताओं को तथा संपूर्ण राष्ट्र में सभी जाति, धर्म, भाषा, संप्रदाय और क्षेत्र के साथ संतुलित व्यवहार को ध्यान में रखना पड़ता है। संविधान में इस तरह का कोई उपबंध मौजूद नहीं है जो यह प्रदर्शित करता होकि प्रधानमंत्री के द्वारा मंत्रिमंडल में मंत्रियों के चयन में प्रधानमंत्री की छूट अमर्यादित हो लेकिन यह बात अवश्य है कि प्रधानमंत्री को देश के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करना होता है और सामंजस्यपूर्ण वातावरण निर्मित करना होता है भारत में जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं उन्होंने संतुलित ढंग से लोकतांत्रिक आदर्श और परंपराओं को स्वीकार किया और अपनी शक्तियों का प्रयोग संवैधानिक दायरे में रहकर किया अब धीरे धीरे मिली जुली सरकारों का दौर समाप्त होता नजर आ रहा है जहां प्रधानमंत्री कठपुतली बन कर रह जाते हैं प्रधानमंत्री का पद बहुमत दल के नेता की हैसियत से नहीं बल्कि जोड़-तोड़ की हैसियत से प्राप्त होने लगे थे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय शक्ति दल से सरकार के हाथों में हस्तांतरित की गई थी किंतु उनके बाद व्यावहारिक रूप से दली अधयक्ष का चयन प्रधानमंत्री करता रहा किंतु अब समय परिवर्तित हो रहा है अब प्रधानमंत्री के चयन में दल के अध्यक्ष की आवश्यकता हुई है।

प्रमुख रूप से भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियां कुछ इस प्रकार परिभाषित की जा सकती है-

1. मंत्रिपरिषद का गठन करना और उसके सदस्यों में विभागों का बंटवारा कर के समन्वय स्थापित करना।
2. संघ सूची के विषय पर कानून बनाने तथा संघीय विषयों पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने का कार्य संपादित करना।
3. राष्ट्रपति को प्रत्येक मामले से अवगत कराना सलाह देना सलाह लेकर उचित नीतियों को निर्धारित करना।
4. संविधान और कानून के संरक्षण का दायित्व प्रधानमंत्री का होता है।
5. केंद्र और राज्य के मध्य संबंधों को बेहतर बनाने और समझने का कार्य करना।
6. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और दुनिया को भारत के पक्ष से अवगत कराना।
7. राष्ट्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास करना।
8. विदेश नीति को निर्धारित करने और उसे क्रियान्वित करने की व्यवस्था करना।
9. राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने हेतुउचित कदम उठाना।
10. महत्वपूर्ण प्रशासनिक और राजनयिक पदों पर नियुक्ति हेतु राष्ट्रपति को सलाह देना।

प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व प्रभावशाली और चमत्कारिक होता है उचित समय पर उचित निर्णय लेने की क्षमता किसी भी प्रधानमंत्री का सबसे महत्वपूर्ण गुम है राजनीतिक सूझबूझ वाक् चातुर्य अपने सहयोगियों से संबंधा में और अपने विरोधियों से सहयोग प्राप्त करने की कला प्रधानमंत्री को आनी चाहिए इसीलिए लॉर्ड मार्लेने प्रधानमंत्री की तुलना समकक्षों में प्रथम कहकर दी है सर विलियम हर कोर्ट ने प्रधानमंत्री को नक्षत्रों के बीच चंद्रमा कहा है आईवर जेंनिंग्स ने प्रधानमंत्री को एक ऐसा सूर्य बताते हैं जिसके चारों और समस्त ग्रह घूमते रहते हैं।विलियम हरकोर्ट और आईवर जेनिंग्स का यह कथन भारत के प्रधानमंत्री के ऊपर अक्षरश: लागू होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सुभाष कश्यप, हमारा संविधान, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया नई दिल्ली, 2000,पृष्ठ-136
2. भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद,2018, पृष्ठ - 34
3. नेमाजीपी,एवं त्रिपाठी डीसी, प्रतियोगी राजनीति विज्ञान, कॉलेज बुक डिपार्टमेंट जयपुर, 2009 पृष्ठ- 321-322
4. डॉ. एस एम सईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था,सुलभ प्रकाशन लखनऊ, 2002, पृष्ठ - 118
5. सुभाष कश्यप, हमारा संविधान, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली 2000, पृष्ठ६ 136
6. एस के ओझा, भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था, बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद, 2014, पृष्ठ 121
7. डॉ. पुखराज जैन, भारतीय प्रधानमंत्री, साहित्य भवन आगरा, 1981,पृष्ठ 39-40
8. एम. लक्ष्मीकांत, भारत की राजव्यवस्था, 2011, पृष्ठ 19.1
9. किरण झा एवं अवधोश झा, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, स्पेक्ट्रम इंडिया नई दिल्ली, 1998, पृष्ठ -111
10. सुभाष कश्यप, हमारा संविधान,नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, 2000, पृष्ठ- 139
11. एस. प्रसन्न राजन,अब कहां है दमदार नेता, इंडिया टुडे, 21 जुलाई 2010, पृष्ठ -11
12. डॉ. एस एम सईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, सुलभ प्रकाशन लखनऊ, 2002, पृष्ठ -136

****

भारत में वस्त्र उद्योग: एक स्वर्णिम इतिहास

डॉ. अरविन्द प्रकाश *

शोध सारांश – वस्त्र उद्योग भारत के प्राचीनतम उद्योगों में से एक है। सूती, रेश्मी, ऊनी, कृत्रिम देशों से निर्मित वस्त्रों का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यद्यपि ब्रिटिश शासन के अधीन देश का वस्त्र उद्योग बुरी तरह नष्ट हो गया था, परन्तु यही उद्योग था जिसने ब्रिटिश शासन में सर्वप्रथम संगठित उद्योग के रूप में अपने आपको स्थापित किया। 19वीं सदी के मध्यान्तर के पश्चात इस उद्योग का निरन्तर विकास हुआ। यद्यपि आज यह उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है परन्तु फिर भी यह देश का सबसे बड़ा उद्योग है।

भारतीय वस्त्र उद्योग का इतिहास बहुत व्यापक है, एक तरफ हाथ से बुने जाने वाले हथकरघा क्षेत्र का विस्तार है और दूसरी तरफ भारी भरकम पूंजी से चलने वाला मिल क्षेत्र। विकेन्द्रित पावरलूम का वस्त्र क्षेत्र में सबसे बड़ी हि है। सदियों से भारत सूती और रेश्मी वस्तुओं का प्रमुख निर्माता और निर्यातक है। परन्तु औपनिवेश्कि दौर में ब्रिटिश नीतियों के कारण भारत के वस्त्र उद्योग को बुरे दिन देखने पड़े। आजादी के बाद वस्त्र उद्योग ग्रामीण पारिवारों के अतिरिक्त ऐसे लाखों लोगों का जीवनधार बना जो कारखानों में काम करने के लिए गावों से बड़े शहर पहुंचे। 90 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद सरकार ने वस्त्र उद्योग पर विशेष ध्यान दिया और इस क्षेत्र का विकास प्रारम्भ हुआ।

प्रस्तावना – टेक्सटाइल्स या 'वस्त्र' शब्द सुनते ही खूबसूरत कपड़ों – सूती, रेश्मी, शिफान, गोटे की छवि उभरती है। मोहनजोदड़ों से मिली मूर्ति में स्त्री पर लिपटा कपड़ा हो, क्लियोपेट्रा की भव्य ओढ़निया हो, विक्टोरिया काल के बाल डांस गाउन हो या हमारी रानियों और राजकुमारियों की खूबसूरत पोशाकें हो, कपड़े हमेशा ही लोगों के जीवन का अटूट हिस्सा रहे हैं। युगों से विभिन्न प्रकार के कपड़े पहने जाते रहे हैं। जैसे – कपास, जूट और रेशम एवं प्राकृतिक रेशों तथा रेयान शिफान और मलमल जेसे मानव निर्मित रेशे।

भारतीय कपड़े अपने खूबसूरत रंगों और डिजाइनों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। दुनिया के किसी भी अन्य देश में विविध संस्कृति तथा विभिन्न प्रकार की वस्त्र परम्पराओं में ऐसा करीबी रिश्ता नहीं रहा है, जैसा भारत में है। राजस्थान का बाजनी हो, बंगाल का कांथा हो, गुजरात का तनहुई हो या तमिलनाडु का कांजीवरम, प्रत्येक कपड़े पर क्षेत्रीय संस्कृति एवं परम्परा की स्पष्ट छाप है। बनारसी सिल्क, ओडिशा सिल्क, तसर, मूंगा और चंदंरी ऐसे ब्रांड हैं, जो दुनिया भर में सराहे जाते हैं।

सूत्री कपड़ों के उत्पादन और प्रयोग के मामले में भारत सदैव आगे रहा है। धोती, कुर्ता और साड़ी हो या लहंगा हो, सूती कपड़ा ऐतिहासिक रूप से आम आदमी का ही कपड़ा रहा है। कपास का बड़ा उत्पादक होने के कारण सूती कपड़े का उद्योग एक समय इतना महत्वपूर्ण था कि ब्रिटेन के सूती उद्योग के लिए वह खतरा बन गया। इतना बड़ा खतरा बन गया कि अपने वस्त्र उत्पादन उद्योग को बचाने के लिए अंग्रेजों को कई नीतियां लानी पड़ी ताकि भारत के सूती कपड़े को दुनिया भर में पहुंचने से रोका जा सके और भारतीय ग्राहकों को उनका ही सूती कपड़ा खरीदने के लिए मजबूर किया जा सके। राष्ट्रीय आन्दोलन खड़ा होने के पीछे ब्रिटिश सरकार की ये हरकते भी बड़ा कारण सिद्ध हुयी। इसके कारण ही खादी आजादी के दीवानों का प्रतीक बन गयी।

समय गुजरता गया और खादी बड़ी आबादी विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका का सम्मानजनक साधन मुहैय्या कराने वाली अमूल्य विरासत बन गई है। लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की खादी की क्षमता देखकर प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम की एक कड़ी में भारत के युवाओं से कम से कम एक खादी का परिधान अपनाने की अपील की थी। खादी साफ और सबसे अधिक टिकाऊ कपड़ा भी है, जो पर्यावरण के लिहाज से प्रतिकूल आधुनिक सिंथेटिक रेशें का मजबूत विकल्प मुहैय्या करा सकता है। हथकरघा एक अन्य विविधता भरा तथा पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र है, जिसमें समृद्ध प्राचीन परम्परा तथा आधुनिक नयी पद्धतियों का संगम होता है। प्रधानमंत्री के शब्दों में हमें पारम्परिक हथकरघा उत्पादों को उनका उचित स्थान प्रदान करने तथा उन्हें भारत और दुनियां भर में फैशन का केन्द्र बनने की आवश्यकता है।

भारतीय रेशम अनंत काल से दुनियां भर में प्रसिद्ध रहा है। मोती, और मसालों की ही तरह यह प्रमुख निर्यात वस्तु थी। भारतीय रेशम और मलमल की दुनियां भर में बहुत मांग थी। रेशम उत्पादन उद्योग देश के पूर्वोत्तर और दक्षिणी हिस्सों में रोजगार प्रदान करता है। रेशे के तौर पर जूट का इस्तेमाल प्रमुख रूप से मैकेजिंग सामग्री में होता है। किन्तु बाद में जूट फैशन डिजाइनरों को भी पसन्द आया है और जूट वस्त्र सामग्री की मार्केटिंग जमकर की जा रही है तथा उसे पहना भी जा रहा है। तकनीकी वस्त्र उभरते हुए वस्त्र हैं जिनका प्रयोग चिकित्सा, सिविल, इंजीनियरिंग और वाहन जैसे विभिन्न कार्यों में होता है।

दुनियां का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा उत्पादक और निर्यातक होने के साथ भारतीय वस्त्र उद्योग, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा भारतीयों के लिए प्रत्यक्ष और 6 करोड लोगों के लिए परोक्ष रोजगार सृजित कर रहा है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका 4 प्रतिशत योगदान है। शिल्पकारों के कल्याण के लिए और उन्हें इस क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति की जानकारी देने के लिए सरकार ने बुनकर सेवा केन्द्र शिल्प क्लस्टर कार्यक्रम, ई–कामर्स

* एसोशिएट प्रोफेसर, फीरोज गांधी कालेज, रायबरेली (उ.प्र.) भारत

प्लेटफार्म जैसी कई योजनाएं आरम्भ की है।

2017-18 में भारत के कुल निर्यात में वस्त्र क्षेत्र का योगदान 13 प्रतिशत था। किन्तु निर्यात के मामले में भारत चौराहे पर खड़ा है और चीन, बांग्लादेश, यूरोपीय संघ, हांगकांग, वियतननाम, इंडोनेशिया, अमेरिका तथा कंबोडिया से कड़ी टक्कर मिल रही है। किन्तु कपड़ा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति, संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना (एटीयूएफएस), तकनीकी वस्त्र प्रौद्योगिकी अभियान (टीएमटीटी), कोरस इनक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना, बाजार, विकास सहयोग, मेगा क्लस्टर विकास योजनाओं जैसी अनुकूल सरकारी नीतियों तथा योजनाओं की मदद से वस्त्र उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे आगे ही नहीं खड़ा रहेगा, बल्कि विश्व निर्यात में भी निश्चित रूप से नई ऊँचाइयां छुपएगा। इसके साथ ही इसमें आम आदमी की रोटी कपड़ा मकान की जरूरत पूरी करने की क्षमता है।

सृष्टि के प्रारम्भ से ही मनुष्य ने अपनी प्राथमिक आवश्यकता भोजन की पूर्ति के तत्काल बाद अपने शरीर को ढकने के लिए वस्त्र का आविष्कार किया। इस प्रकार ऋग्वेद में अनेक प्रकार के वस्त्रों का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद का ऋषि न केवल वस्त्र से परिचित है बल्कि वह उसे बुनना और अन्य धातुओं को तारों से सजाना भी जानता है। इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है। ऋग्वेद में पेशस् शब्द का उल्लेख हुआ है; इसका अर्थ है जरी का काम किया हुआ वस्त्र, जिसे एक नर्तकी पहनेगी। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऋग्वेद काल में न केवल साधारण कपड़े की बुनाई से ऋषि परिचित है बल्कि वह ज़री युक्त कपड़ों को बुनने की कला में भी निष्णात् है।

वर्तमान में प्रयोग होने वाला ताना-बाना ऋग्वेद में तन्तु और ओतु है। ताना में तन्तु का तन अब भी बना हुआ है और ओतु बा क्रिया से बना है जिसका अर्थ है बुनना। जिस उपकरण से बुनाई करते थे उसे तसर कहते थे। ऋग्वेद में बुनने की तुलना बार-बार सूर्य से उसकी किरणों से की जा रही है। जहाँ पर यज्ञ होता है ऋषि उसकी भी तुलना बुनने से करता है। ऋषि कहता है कि किरण बुनने के लिए साम रूपी ताने बाने को बनाती है। कवि यहाँ पर जहाँ एक ओर ताने-बाने के संयोग से श्रेष्ठ वस्त्र बुनने की बात करता है वहीं वह प्रकृति के संयोग को भी इसी परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करता है।

वैश्विक व्यापार में भारतीय वस्त्र उद्योग - प्राचीन भारत में प्रारम्भ से ही कृषि के साथ-साथ कुटीर उद्योगों को भी प्रश्रय दिया गया था। तभी भारत शेष विश्व के साथ व्यापार करके सोने की चिड़िया बन सका था। कोई भी देश कभी भी मात्र कृषि के बल पर विश्व की आर्थिक शक्ति नहीं बन सकता है। भारत जैसे देश के बारे में ये सभी बातें कि भारत कृषि प्रधान देश है भूमकारी एवं उपनिवेशिक मानसिकता को बल प्रदान करने वाली है। ऋग्वेद से लेकर अंग्रेजों के आने के पूर्व तक भारत कृषि के साथ-साथ उद्योग प्रधान व्यवस्था भी था, भारत में अनेकानेक प्रकार की जातियों का अभ्युदय और उनका विकास उनके कौशल का प्रतीक है। इन्हीं के कौशल से भारत का विश्व व्यापार में 18वीं सदी तक 34 प्रतिशत सहभागी था जो कि उस समय सर्वाधिक था। अंग्रेजों ने अपनी विस्तावादी नीति के द्वारा इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया और भारत पर कृषि प्रधान देश का तमगा लगा दिया, जो कि आज भी प्रचलित है। देश के बजट की समीक्षा के समय यह जुमला बहुतायत में प्रचलित रहता है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। ऐसा इसलिए रहता है, जिससे कि हम अंग्रेजों के प्रति कृतज्ञ बने रहे कि अपने आकर हमें उद्योग आधारित अर्थव्यवस्था का हिस्सा बना दिया, नहीं तो हम कृषि आधारित गंवार अर्थव्यवस्था का ही हिस्सा बने रहते। भारत के वस्त्र उद्योग को सबसे अधिक हानि अंग्रेजों ने पहुंचाई क्योंकि भारत के वस्त्र उद्योग को हानि पहुंचाये बिना उनका वस्त्र उद्योग पनप नहीं सकता था। मार्क्स ने इस विषय पर बहुत ही ध्यानाकर्षक बात 10 जून 1853 को लिखे लेख में लिखी है - यूरोप अपने वस्त्र आवश्यकता की पूर्ति को भारत से प्राप्त करता है, बदले में उसे अपना सोना चांदी भेजता है। भारत का वस्त्र इतना उच्च कोटि का होता था कि इसका व्यापार अपने पैसे से न होकर सोना चांदी से होता था। यही कारण था कि सम्पूर्ण यूरोप का सोना चांदी भारत खिंचकर चला आया था, और ऐसा सदियों से हो रहा था। यही बात यूरोप वासियों को भारत की ओर खींचकर लायी। मार्क्स 24 जून 1953 के लेख में पुन: लिखते हैं कि 17वीं सदी के अन्तिम चरण और 18वीं सदी के अधिकांश काल में इंग्लैण्ड के उद्योगपति कह रहे थे कि भारत के सूत्री और रेषमी वस्त्रों का आयात उन्हें तबाह कर रहा है। अत: पार्लियामेन्ट को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

भारतीय वस्त्र उद्योग व सामाजिक संरचना - भारत की समृद्धि में अन्य उद्योग के साथ कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह भूमिका भारत के समाज की एक दिन में ही नहीं बन गयी थी। यह उसकी युग-युगीन साधना का परिणाम थी। यह विशेषता कृषि करने वाले किसान में हो तो सकता है किन्तु उन्नत नहीं हो सकता। जब तक कि इस प्रकार का कार्य करने वाला कोई अलग वर्ग न हो। इस प्रकार से भारत कौशल आधारित समाज का देश था जिसे अंग्रेजों ने अपने स्वार्थ के लिए नष्ट किया। यदि ऐसा नहीं होता तो यह समाज अंग्रेजों के उद्योगों को स्थापित नहीं होने देता। मार्क्स के अनुसार कातना-बुनना इन लाखों आदमियों का धंधा गौण रूप से नहीं था। वह उनका मुख्य धन्धा था। उनके उत्पादन का उद्देश्य बिकाऊ माल तैयार करना था। यह माल भारत में और भारत के बाहर बड़े-बड़े बाज़ारों में बेचा जाता था। इस माल को तैयार करने वाले कारीगर गांवों में नहीं ढाका जैसे शहरों में रहते थे। जब अंग्रेजों ने यहां के उद्योग व्यापार को नष्ट कर दिया, तब ढाका की आबादी डेढ़ लाख से घटकर बीस हजार रह गयी। इस प्रकार अंग्रेजों ने व्यवस्थित रूप से भारत के उद्योगों को तबाह किया और शहर तथा गांव के मध्य आबादी के संतुलन को बिगाड़ा। शहर बर्बाद होने के बाद शिल्पकार गांव के बाहर की ओर रोजगार की तलाश में पलायन किए, फलत: गांवों की दशा भी बिगड़ी और अंग्रेजों ने कृषि प्रधान देश का तमगा लगा दिया और उससे मुक्ति के लिए उद्योगीकरण को आधार बनाया।

भारत के ये बुनकर विश्व का सबसे महीन सूत का कपड़ा बनाते थे जो कि लगभग 2300 काउण्ट (धागे की मोटाई नापने की इकाई) का होता था। आज विश्व की आधुनिकतम मशीनों के बावजूद भी हम इतना महीन सूत बनाने में सफल नहीं हो सके हैं। भारत के इसी कारीगरी से यूरोप के उद्योगपति प्रभावित हो रहे थे। व्यापारी भारत के कपड़े को पसन्द करते थे क्योंकि यह महंगा बिकता था और मुनाफा अधिक होता था इसलिए व्यापारियों के लिए वे लाभकारी था किन्तु यह उद्योगपति को बर्बाद कर रहा था। इसलिए उद्योगपति पार्लियामेन्ट से इसके आयात पर प्रतिबन्ध की मांग करते थे। परिणामस्वरूप इंग्लैण्ड में यह कानून बनाया गया कि जो व्यक्ति भारत के कपड़े को अपने पास रखेगा या बेचेगा उसमें 200 पौंड जुर्माना भरना होगा। विलियम तृतीय, जार्ज पंचम्, जार्ज द्वितीय, जार्ज तृतीय सहित अनेक राजाओं के जमाने में ऐसे कानून बनाये गये जिससे भारत का माल इंग्लैण्ड में बिकना बंद हो गया।

भारत में वस्त्र उद्योग आधारित पूरा एक समाज था जिसने भारत की समृद्धि में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया था लेकिन अंग्रेजों ने इसे

व्यवस्थित रूप से नष्ट किया। अंग्रेजों की यह भूमिका विश्व में अपने आप में एक अलग ही उदाहरण है। धर्मपाल जी के अनुसार सन् 1810 ई0 के आस-पास के ब्रिटिश भारतीय आंकड़ों से पता चलता है कि दक्षिण भारत के मिलों में सूती, रेशमी आदि कपडा बनाने और निवाड़ आदि तैयार करने के काम आने वाल स्त्रियों की संख्या 15 से 20 हजार तक प्रत्येक जिले में थी।

वस्त्र उद्योग यों तो सम्पूर्ण भारत में स्थापित था किन्तु इसके कुछ प्रमुख स्थल भी थे जैसे - ढाका, सिकन्दराबाद, लखनऊ, बनारस, रायबरेली में जायस, मऊ, रामापुर, अम्बेडकर नगर, आज़मगढ़, मुरादाबाद, कानपुर, प्रतापगढ़, ललितपुर, मेरठ, आगरा, दिल्ली रोहतक, ग्वालियर, चंदेरी, इंदौर, दक्षिण भारत में आर्नी, हैदराबाद, रायपुर, तंजौर, मदुरै आदि। इनमें से कुछ अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत है, कुछ आज भी प्रतिष्ठित है।

हथकरघा उद्योग भारत की पहचान थी जिसे अंग्रेजों ने समाप्त किया और बाद में स्वतंत्र भारत की सरकारों ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का माडल स्वीकार करने के कारण इसके उन्नयन के विशेष प्रयास नहीं किए। सामान्यत: यह उद्योग स्त्री और बच्चों के बल पर अधिक समृद्ध था किन्तु कालान्तर में अनेक प्रकार के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों ने भी इस उद्योग को उजाड़ने में आधुनिक अंग्रेजों की ही भूमिका का निर्वहन किया। इस प्रकार से परतन्त्रता के काल में प्रत्यक्ष रूप से और स्वतंत्रता के बाद अप्रत्यक्ष रूप से यह उद्योग अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए संघर्षत ही रहा। जिस उद्योग के बल पर भारत सोने की चिड़िया बना और जिसके वैशिष्ट्य ने सम्पूर्ण यूरोप को भयभीत कर दिया था। वही उद्योग आज अपने स्वर्णिम दिनों की वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है। यद्यपि भारत सरकार द्वारा कुछ प्रयास अवश्य किये जा रहे हैं किन्तु वैश्विक नीतियों के चलते ये सब कितने सार्थक हो पायेंगे यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रतियोगिता दर्पण, अतिरिक्तांक 2015, पेज नं0 126
2. योजना अक्टूबर, 2016, पेज 17-20, पेज नं0 7
3. भारत 2016, पेज 547
4. योजना, अप्रैल 2015, पेज 7
5. Annual Report 2017-18, Ministry of Textiles, Government of India.
6. Economic Survey 2016-17, part 2
7. http:/texmin.nic.in,Texctile resulgeree 2010-2011
8. वार्षिक रिपोर्ट 2018, पेज नं0 1, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार
9. www.epw.in
10. भारतीय अर्थव्यवस्था, सर्वेक्षण एवं विश्लेषण - डॉ0 एस0एन0 लाल, शिव पब्लिकेशन, इलाहाबाद संस्करण 2015 (अप्रैल), पेज नं0 5:11
11. Sumaiya R. Shaikh and Satish R Dularge (2013), “Atudy of Factors Affecding productivity of Powerloom Industries.” International Journal of Engineerng Research & Technology. 2(12) : 3174 – 3180.
12. यूनिक पब्लिकेशन 2009 19वां संस्करण - शंकर घोष, भारतीय अर्थव्यवस्था भाग-1, पेज नं0 116
13. Dr. T.S. Devaraja (2011). “Indian Textile and Garment Industry – An Overview.”
14. Noopur Tondon and E Eswara Reddy (2013). “A Study on Emerging Trends in Extiles Industry in India.” International Journal of Advancements in Research and Technology. 2(7) : 267-275.

****

स्त्री चेतना और आधुनिक काव्य

डॉ. ओमवती देवी *

प्रस्तावना – सृष्टि का मूलाधार निर्माण है, निर्माण की इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए ईश्वर ने प्रत्येक प्राणी को सृजन शक्ति प्रदान की है जिसकी सफल और सार्थक परिणति का आधार परस्पर विपरीत लिंगों का सहज आकर्षण है। स्त्री और पुरूष दोनों ही अपने प्रेम और विश्वास के द्वारा परिवार का निर्माण करते हैं। आदिमकाल से ही यह सहज आकर्षण दोनों को अपनी ओर खींचता रहा है। सभ्यता की ओर अग्रसर मानव ने इस आकर्षण को विवाह के रूप में बांध दिया। मानव सदैव प्रगति व आधुनिकता की ओर अग्रसर हुआ है जिससे उसके विचारो में निरन्तर प्रगतिशीलता बनी रहती है और यह प्रगतिशीलता हमें स्त्री–पुरूष संबंधों में भी दिखलाई देती है। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में स्त्री–पुरूष संबंधों का विषय आदिकाल से लेकर आज तक निरन्तर परिवर्तित होता रहा है।

हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल विविध विधाओं का काल है। इसमें आरम्भ का परिवेश ऐसा था जहॉ राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियॉ युग के बदलाव की प्रेरक थी। यह जागरण का काल था, बदलाव का काल था। इस जागृति के मूल में शिक्षा का पश्चिमीकरण बहुत उत्तरदायी सिद्ध हुआ।[1] बदलाव के इस युग में कविता के विकास के कई चरण देखने में आते हैं आधुनिक काल के आरम्भ काल की कविता भारतेन्दुयुगीन कविता है। इस युग की कविता में सामाजिकता और स्वदेश भक्ति तो थी, पर स्त्री–पुरूष संबंधों की परम्परावादी प्रवृत्ति ही देखने में आती है। यह दूसरी बात है कि बदलाव के इस युग में स्त्री की रीतिकालीन श्रृंगारमयी छवि भी दिख जाती है– ठाकुर जगमोहन सिंह के शब्दों में –

झुकी झांकती भौह चलावती हो, नकवेसर झूमि झुमावती हो।
कर में पिचकारी लिए किनको तुम रंग भिगावन आवती हो।[2]

आज के समाज में स्त्री–पुरूष संबंधों की बदलती व्याख्या नि:सन्देह चिन्तन का विषय रहा है। आज की स्त्री का कार्यक्षेत्र अत्यन्त व्यापक हो गया है, यंत्रवत् अपने इस जीवन में वह निरंतर एक 'रूटिन' में बंटती जा रही है। रसोईघर में बाबर्ची के रूप में, बच्चो मे माँ के रूप में, घर में गृहणी के रूप में, आफिस में कर्मचारी के रूप में, बस में यात्री के रूप में उसके पास पति के साथ बैठने का समय ही नहीं है। वह आज शाम को सजी–धजी पति का एक पैर पर खडी होकर इंतजार नहीं कर पाती, क्योंकि ऑफिस से आकर उसे बच्चों को होमवर्क कराना है। पति के साथ घटते समय के कारण पति भी अपनी पत्नी के प्रति वह विश्वास नहीं रख पाता जो रखना चाहिए। स्त्री ने एक ओर जहॉ समाज में अपना स्थाना बनाया है वहीं अपने घर, अपने परिवार के मध्य बहुत कुछ खोया भी है– पति का विश्वास, बच्चों का अपनापन, घर की सुख–शान्ति व चैन। उसके जीवन में बढ़ते तनाव, टूटते बंधन एवं अविश्वास दानव के समान निरंतर दांत गडा रहे है।

द्विवेदीयुगीन कविता में जो काव्य चेतना उभरी, वह अपने पूर्ववर्ती कवियों के आगे की कड़ी है, इस समय कवियों की दृष्टि कविता मे समाज सुधार, स्त्री–शिक्षा, उपदेशात्मकता को लेकर बढ़ी। द्विवेदी जी का स्वयं का कहना था – 'कविता का विषय मनोरंजक एवं उपदेशजनक होना चाहिए।'[3] उस समय की कविता में देशभक्ति, आध्यात्मिकता, हास्य व्यंग्यपूर्णता के साथ सामाजिक सरोकार बडी प्रमुखता से उभरा है।' समाज सुधार के अन्य अनेक पहलूओं के साथ स्त्री के ऊपर भी दृष्टि रखी गई है। उस समय के अनुसार चलने वाले कवियों ने अपना रास्ता बदला। मैथिलीशरण गुप्त, अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध, नाथूराम शर्मा शंकर आदि की दृष्टि बडी नवीनता लेकर आई।[4] स्त्रियों के उत्थान और उनको शिक्षा दिलाने का सराहनीय प्रयास इस युग की कविता में देखने को मिलता है और यहीं से स्त्रियों को पढ़ाने–लिखाने का जो विरोध होता, उसका एक संकेत आचार्य चतुरसेन ने अपने प्रसिद्ध साहित्येतिहास 'हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास' में दिया गया है। उसका कुछ अंश दृष्टव्य है – 'स्त्रियों को पढ़ाना पाप समझा जाता था। स्त्री शिक्षा होनी चाहिए या नहीं, इस विषय पर उन दिनों बडे जोर–शोर से शास्त्रार्थ हुआ करते थे। इन शास्त्रार्थ में स्त्री–शिक्षा के हिमातियों को बहुधा लाठियां खानी पडती थी। गाली गुफ्ता तो साधारण बात थीं।'[5]

इस काल के अनेक कवियों मे से नारी–विषयक विशेष दृष्टि रखने वाले दो कवि महत्वपूर्ण है– अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध और मैथिलीशरण गुप्त। हरिऔध ने अपने 'प्रियप्रवास' नामक ग्रन्थ मे स्त्री के गुणों को युगीन परिस्थितियों के अनुकूल प्रदर्शित किया है। कृष्ण के वियोग में व्यथित राधा को एक समाज–सेविका के रूप मे प्रस्तुत किया है, वह विरहविधुरा है परन्तु परिस्थिति से समझौता करती है।[6] वह आत्मोत्सर्ग की भावना रखती है और अपने द्वारा जनहित की प्रेरणा देती है।[7] उसका स्वयं का परिणय निश्कामी और शुचि–सात्विक है। राधा यशोदा और नन्द को, गोप और गोपी को, बच्चों को, ढाढस और सहयोग देती है। यह स्त्री का युगीन स्वरूप है। इसी में समाज सेवा के अनेक भावो को कवि ने भर दिया है –

'वे सेवा थीं सतत करती वृद्ध–रोगी जनो की।
दीनो हीनों, निबल विधवा आदि को मानती थी।[8]

द्विवेदीयुगीन कवियों में गुप्त जी का महत्वपूर्ण स्थान है। उनकी नारी भावना बहुत चर्चित और प्रशंसित रही। उनकी यह कला रही है कि उन्होने उपेक्षित नारियों के चरित्रो को उभारकर अपनी नारी विषयक स्वस्थ दृष्टि का परिचय दिया है। उर्मिला, यशोधरा और विष्णुप्रिया (चैतन्य महाप्रभु की पत्नी) ऐसी ही उपेक्षित नारियाँ हैं। यो तो गुप्त जी ने स्त्री–पुरूष संबंधों की

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

परम्परावादी दृष्टि अपनायी है, किन्तु नारी जागरण के फलस्वरूप उन्होने नारी जागरण के रूपो को भी अंकित किया है। 'यशोधरा' में यशोधरा का स्वाभिमानिनी रूप प्रदर्शित किया गया है।[9] वह रूपवती, मानवती, पुत्रवती, प्रेमिका और कुलवधु के रूप में होते हुए भी एक स्वाभिमानी पत्नी के रूप में अभिव्यक्त हुई है और स्वयं बुद्धदेव को भी यशोधरा से ये कहना पड़ा है –

'मानिनि मान तजो लो, रही तुम्हारी बान।
दानिनि, आया स्वयं द्वार पर यह तब–तत्रभवान।'[10]

साकेत में गुप्त जी ने उर्मिला को देश की चिंता से युक्त दिखला कर युगीन परिवेश के अनुकूल चित्रित किया है।[11] और साकेत मे सीता जी को परिश्रम करते हुए दिखलाया है। पौधों में पानी देते हुए दिखलाया है, भोली–भाली किरात भील बालाओं को कातने और बुनने का उपदेश देते हुए दिखाया है।[12] गुप्त जी ने युगीन स्त्री समर्थन को इतिहास में चित्रित करके नारी शक्ति की पहचान प्रस्तुत की है। 'सिद्धराज' में उन्होने स्त्रियों की सेना का वर्णन किया है –

'वामाएं अनेक, दीर्घ शूल लिये दाहिने
हाथ में, लगाम धरे बांये हाथ में, करसे
क्षीण कटि जटित विचित्र कटि–बंधो से,
पीठ पर बाल छोडे ढाल के–से ढंग से।'[13]

इस तरह द्विवेदीयुगीन नारी दृष्टि आगामी नारी–स्वतंत्रता का एक चरण है।

छायावादी कविता मे नारी अच्छी दृढ भूमिका पर अवतरित होती है। कल्पना के रंग में रंगी इस कविता में अतीत के आलोक में नारी के नये रूपों का विकास देखने मे आता है। जयशंकर प्रसाद की कामायनी स्त्री–पुरूष के पुराने युगल 'श्रद्धा और मनु' को लेकर चली है। कवि ने श्रद्धा के माध्यम से नारी के युगीन परिवेश–सम्पृक्त रूप को प्रस्तुत किया है। इस संबंध में डा0 बच्चन सिंह ने ठीक ही कहा है –

'कामायनी की धुरी जिस श्रद्धा पर आधारित है, वह बदले हुए युग की देन है।'[14]

प्रसाद जी ने श्रद्धा को काम गोत्रजा होने का कथन किया है– 'श्रद्धा कामगोत्र की बालिका है।'[15] कवि ने श्रद्धा के प्रेम, दया, सहानुभूति आदि गुणों के विकास को अभिव्यक्त किया है। श्रद्धा महान नारी है जो मनु को आनन्द की ओर ले जाती है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कामायनी की श्रद्धा के विषय में अपना अभिमत देते हुए कहा है – 'कवि ने श्रद्धा को मृदुता, प्रेम और करूणा का प्रवर्तन करने वाली और सच्चे आनन्द तक पहुॅचाने वाली चित्रित किया है।'[16]

'मै बैठी गाती हूॅ तकली के
    प्रतिवर्तन में स्वर विभोर
चल री तकली धीरे धीरे
    प्रिय गये खेलने अहेर।'[17]

'कामायनी' में इड़ा की भूमिका एक बुद्धिवादिनी स्त्री के रूप में की गई है। 'अमरकोश' में इड़ा शब्द पृथ्वी, बुद्धि और वाणी के लिए आया है।[18] 'प्रसाद' ने इड़ा को तर्क जन बुद्धि के रूप में प्रस्तुत किया है –

'बिखरी अलकें यो तर्क जाल' कहने में प्रतीकात्मक शैली में नारी को यानि इड़ा को बुद्धि गुणों से युक्त दिखलाया है। डॉ0 बच्चन सिंह ने मान कि इडा के वर्णन से सामाजिक सिलसिला टूट जाता है – ''इससे व्यक्ति की मनोवैज्ञानिकता का विकास तो चित्रित हो जाता है लेकिन सामाजिकता का सिलसिला टूट जाता है।''[19] संक्षेप में इड़ा का चित्रण कामायनी में साहित्य के स्त्री–पुरूष संबंधों की विविधता का एक अंग है।

छायावादी कवि निराला ने 'राम की शक्ति की पूजा' में स्त्री के शक्ति स्वरूपा रूप का चित्रण किया है।[20] महादेवी वर्मा छायावादी ऐसी कवयित्री है जिन्होने स्त्री–पुरूष के लौकिक प्रेम चित्रण को आध्यात्मिकता की आँखों से देखा है। इतना ही नहीं उन्होने नारी को पुरूष की सहायता के रूप में वर्णन करके नारी के महत्व को बढा कर नारी जागरण को एक कदम और बढा दिया है। दीपशिखा की भूमिका में अपना अभिमत देते हुए उन्होने कहा है–

''नारी केवल मांसपिण्ड की संज्ञा नहीं है। आदिमकाल से आज तक विकास–पथ पर पुरूष का साथ देकर, उसकी यात्रा को सरल बनाकर उसके अभिशापों को स्वयं झेलकर और अपने वरदानो से जीवन में अक्षय शक्ति भरकर, मानव ने जिस व्यक्तित्व, चेतना और हृदय का विकास किया है उसी का पर्याय नारी है।''[21]

छायावादोत्तर कविता प्रगति की कविता है और उसमें सामाजिक द्वंद्व को अधिक मुखरित किया गया है, फिर भी दिनकर की उर्वशी नामक रचना 'पुरूरवा' और 'उर्वशी' के प्रेम की कहानी प्राचीन स्त्री–पुरूष संबंधों को आधुनिक दृष्टि से देखने की कहानी है।

प्रयोगवादी कविता और नई कविता पश्चिम के प्रभाव से अनुरंजित कविता है उसमें स्त्री–पुरूष प्रेम में काम की अकुंठ अभिव्यक्ति देखने में आती है। यों 'भवानीप्रसाद मिश्र' की 'कालजयी' जैसी रचना पति–पत्नी प्रेम के परम्परावादी उदाहरण भी कहे जा सकते है।

इस संदर्भ में अज्ञेय का नाम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अनुभूति और अभिव्यक्ति दोनों ही उनके काव्य में नूतनता की चाह से सम्पृक्त है। स्त्री के रूप की परम्परावादी दृष्टि को उन्होने नकारा है। उनकी 'कलगी बाजरे की' नामक कविता इस संबंध में उदाहरण देने योग्य है। वे अपनी प्रेयसी को बिछली घास बाजरे की कलगी कहकर स्त्री सौन्दर्य बोध का नया रूप प्रस्तुत करते है। इस संबंध में वे कहते हैं –

''ये उपमान मेले हो गये है
देवता इन प्रतीकों के कर गये है कूच
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।
मगर क्या तुम नहीं पहचान पाओगी
अगर मैं यह कहूॅ–
बिछली घास हो तुम''
लहलहाती हवा में कलगी छरहरे बाजरे की।''[22]

अज्ञेय के काव्य में प्रकृति के माध्यम से अभिव्यक्त की गई यौन –कुण्ठा और सैक्स वर्णन भी कम नहीं है। इस तरह का एक उदाहरण दृष्टव्य है –

''स्नेह से आलिप्त
बीज के भवितव्य से उत्फुल्ल
बद्ध
वासना के पंक सी फैली हुई थी
धारयित्री सत्य–सी निर्लज्ज, नंगी
औ समर्पित।''[23]

स्त्री–पुरूष के प्रेम और सैक्स का उदाहरण गिरिजाकुमार माथुर की 'चूड़ी का टुकडा' नामक कविता में मिलता है।''[24] प्रयोगवादी कवियों की अनेक रचनाओं में स्त्री–पुरूष के प्रेम के, सैक्स के, विवाहेत्तर संबंधों के, पति–पत्नी के बनते बिगडते संबंधो के उदाहरण मिलते हैं। इन संबंधो में स्त्री–पुरूष के बहुत से मीठे–कड़वे चित्र भी मिल जाते हैं। जैसे–

''मोती के सौदागर नभ की,

स्वस्थ युवा अनब्याही बेटी,
उषा कुमारी
इक्के वाले सूरज के संग
हिरन हो गई।
हवा हो गई।
सुना आपने?''[25]

सारांश यह है कि कविता के साठोत्तरी युग में स्त्री-पुरूष संबंध बदलाव की ओर बढ़े। प्रेम की उदात्तता की जगह मांसलता, विवाहेत्तर संबंध काम और सैक्स, रूप-लिप्सा अपने व्यक्तित्व की रक्षा और पुरानी मान्यताओं के प्रति नाकारात्मक दृष्टि देखने में आती है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि - प्रेम एक ऐसा भाव है जो प्रत्येक हृदय में वास करता है इसके अनेक रूप हैं- ममता, मित्रता और दाम्पत्य। आज के मशीनीकरण युग में मनुष्य भी एक यंत्र के समान हो गया है, उसके हृदय के कोमल भाव भी बंजर भूमि के समान हो गये है, प्रेम के त्याग, समर्पण, विश्वास, आस्था, लगाव जैसे तत्वों का स्थान अब स्वार्थ, अविश्वास, धोखा, विस्मृति ने धारण कर लिया है। आज नारी घर की चारदिवारी से निकलकर बाहरी समाज से जुड़ी है और अन्य पुरूषों के सम्पर्क में भी आयी जिससे उसका पति ही उसे संदेह की दृष्टि से देखने लगा, तो मनुष्य का मनुष्य पर विश्वास कैसे हो सकता है। प्रेम का सीधा संबंध स्त्री और पुरूष के पवित्र दाम्पत्य से है। प्रेम व विश्वास की मजबूत डोर ही दोनों को एक दूसरे से जोड़ती है। किन्तु आज के अविश्वासी युग में इसकी जकड ढ़ीली होती जा रही है। एक-दूसरे के बीच अविश्वास, स्वार्थ-सिद्धि, अहं, बाहरी आकर्षण दोनों को एक-दूसरे से अलग कर रहे हैं। आज के बदलते युग और परिवेश में स्त्री-पुरूष के पांव की जूती बनने को तैयार नहीं है उसने अपनी युग-सापेक्ष पहचान बनाई है वह कहीं मारग्रेट अल्वा है, कहीं किरण बेदी, कहीं पी0टी0 उषा है, कहीं फूलन देवी, कहीं माधुरी दीक्षित, कहीं सुष्मिता सेन है, कहीं शोभा डे, कहीं अमृता प्रीतम है, कहीं लता मंगेशकर, कहीं मदर टेरेसा। लेकिन आज नैना साहनी और निर्भया जैसी कुछ बदनसीब भी हैं जो पुरूष की हवस और पाशविक वृत्ति का शिकार हो जाती है। उसमें स्त्री का कार्यक्षेत्र अत्यन्त व्यापक हो गया है वह क्षेत्र चाहे कला का हो, सौन्दर्य, राजनीति, अथवा साहित्य का - किसी से भी वह अछूती नहीं रही है। अपनी पहचान बनाने के साथ पुरूष के प्रति दृष्टिकोण में भी अंतर आया है, वह पुरूष का स्वामी रूप नकार देना चाहती है। वह उसकी सहभागिनी, सहयोगिनी, बनना चाहती है। जिस घर में पुरूष स्त्री को समझ गया है, वहाँ पूर्ण संतोष है लेकिन जहॉ स्त्री पर आज भी वह अपना फैसला थोपना चाहता है, वहॉ आक्रोश और असंतोष पनपने लगते हैं।

निष्कर्षत: कह सकते है कि आज स्त्री बुद्धि और चेतना के आलोक में न केवल अनन्त ऊँचाइयों का स्पर्श कर रही है बल्कि पुरूष के कंधे से कंधा मिलाकर उसकी सहयोगिनी व सहगामिनी बनकर हाशिए नहीं बल्कि विकास की मुख्य धारा में अपना सहयोग दे रही हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ0 बच्चन सिंह, पृ0 38
2. वही, पृ0 121 '---'
3. वही पृ0 132 '---'
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास, सं0 नगेन्द्र, पृ0 488
5. हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास, आचार्य चतुरसेन, पृ0 503
6. छू के प्यारे कमलपग को पयार के साथ आ जा।
   जी जाऊँगी हृदयतल में मै तुझी को लगा के।।
   प्रियप्रवास 6/82, हरिऔध।
7. वही, 16/46 हरिऔध।
8. प्रियप्रवास, हरिऔध 16/63
9. वही पृ0 268
10. यशोधरा, मैथिलीशरण गुप्त, पृ0 143
11. 'पूछी थी सुकाल दशा मैने आज देवर से,
    कैसी हुयी उपज कपास, ईख, ध्यान की?'
    वही पृ0 306
12. साकेत, मैथिलीशरण गुप्त, पृ0 227
13. सिद्धराज, मैथिलीशरण गुप्त, पृ0 7
14. आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ0 बच्चन सिंह, पृ0 149
15. कामायनी (आमुख) प्रसाद, पृ0 5
16. हिन्दी साहित्य का इतिहास, आ0 रामचन्द शुक्ल, पृ0 685
17. कामायनी, जयशंकर प्रसाद, पृ0 115
18. गो भू वाचस्त्विड़ा इला : (उमर) दे, कामायनी, आमुख, पृ0 7
19. आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ0 बच्चन सिंह, पृ0 184
20. राग-विराग, निराला, पृ0 106
21. दीपशिखा (चिंतन के कुछ क्षण), महादेवी वर्मा, पृ0 49
22. दे, काव्य बिंब, डॉ0 नगेन्द्र, पृ0 68
23. इत्यलम्, सावनमेघ, अज्ञेय, पृ0 155
24. तार सप्तक, संपा0 अज्ञेय, पृ0 129
25. तार सप्तक, रामविलास शर्मा, पृ0 240

****

Mutual Funds Sector in India

Dr. Rajesh Shroff *

Abstract - A Mutual Fund is an investment vehicle which pools money from investor with common investment objectives. It then invests their money in various assets to gain certain financial goals. The mutual fund is trusts which pool the savings of large number of investors and then reinvests those funds for earning profits and then distribute the dividend among the investors. The investments are made by an assets management company or AMC. Each AMC investment plan managed by a fund manager with the help of his team of professionals. Mutual Fund in India have came a long way since 1964. In 1993 private and foreign investors entered the industry. The securities and exchange board of India (SEBI) formulated the mutual fund regulation in 1996. Since then several mutual funds have been set up by the private and joint sectors. SEBI regulations for mutual funds have made the industry very transparent.
Key Words- Investment, AMC, SEBI, Fund, Transparent.

Introduction - The mobilization of saving is most necessary for the development on any county. A mutual fund is a trust that pools the savings of a number of investors who share a common financial goal. The money thus collected in invested in capital market. Instruments such as shares, debentures, and other securities. The income earned through these investments is shared by its unit holders in proportion to the number of units owned by them. Thus a mutual fund is the most suitable investment for the common man as it offers an opportunity to invest in a diversified, professionally managed basket of securities at a relatively low cost. Invetors interests were safeguarded by SEBI and the government offered tax benefits to the investors in order to encourage them. SEBI (Mutual Funds) regulations, 1996 was introduced by SEBI that set uniform standareds for all mutual funds in India.

Objective of Study :-

1. To know about the history of mutual funds in India.
2. To know about the current scenario of mutual funds sector in India.
3. To know about the various of mutual funds.

Data and Research Methodology - These study based on secondary data which were collected from SEBI Reports, RBI Reports, Various Journals, Related Books, News Paper etc. The analysis above data and find out the conclusion.

History of Mutual Funds in India - The mutual fund industry in India started in 1963 with the formation of Unit Trust of India, at the initiative of the Government of India and Reserve Bank of India. The history of mutual funds in India can be broadly divided into five distinct phases -

1. **First Phase - 1964-1987 -** Unit Trust of India (UTI) was established in 1963 by an Act of Parliament. It was set up by the Reserve Bank of India and functioned under the Regulatory and administrative control of the Reserve Bank of India. In 1978 UTI was de-linked from the RBI and the Industrial Development Bank of India (IDBI) took over the regulatory and administrative control in place of RBI. The first scheme launched by UTI was Unit Scheme 1964. At the end of 1988 UTI had Rs. 6,700 crores of assets under management.

2. **Second Phase - 1987-1993 (Entry of Public Sector Funds) -** 1987 marked the entry of non-UTI, public sector mutual funds set up by public sector banks and Life Insurance Corporation of India (LIC) and General Insurance Corporation of India (GIC). SBI Mutual Fund was the first non-UTI Mutual Fund established in June 1987 followed by Can bank Mutual Fund (Dec 87), Punjab National Bank Mutual Fund (Aug 89), Indian Bank Mutual Fund (Nov 89), Bank of India (Jun 90), Bank of Baroda Mutual Fund (Oct 92). LIC established its mutual fund in June 1989 while GIC had set up its mutual fund in December 1990.At the end of 1993, the mutual fund industry had assets under management of Rs. 47,004 crores.

3. **Third Phase - 1993-1996 (Entry of Private Funds) -** A new era in the mutual fund industry began in 1993 with the permission granted for the entry of private sector funds. This gave the Indian investors a broader choice of 'fund families' and increasing competition to the existing public sector funds.

4. **Fourth Phase - 1996-1999 (Growth and SEBI Regulation) -** Since 1996, the mutual fund industry scaled newer heights in terms of mobilization of funds and number of players. Deregulation and liberalization of the Indian economy had introduced competition and provided impetus to the growth of the industry. A comprehensive set of regulations for all mutual funds operating in India was introduced with SEBI (Mutual Fund) Regulations, 1996.

5. **Fifth Phase – Since 1999 (Growth and SEBI**

*Principal, Indore Indira School of Career Studies, Indore (M.P.) INDIA

Emergence of a Large Industry) - The year 1999 marked the beginning of a new phase in the history of the mutual fund industry in India, a phase of significant growth in terms of both amount mobilized from investors and assets under management. Between 1999 and industry has doubled in terms of AUM which have gone from above Rs. 1,50,000 Crore.

Types of Mutual Funds - Mutual Funds can be classified into various categories under the following heads:-

1. Base Of Type Investments : While launching a new scheme, every Mutual Fund is supposed to declare in the prospectus the kind of instruments in which it will make investments of the funds collected under that scheme. Thus, the various kinds of Mutual Fund schemes as categorized according to the type of investments are as equity funds / schemes, debt funds / schemes (also called income funds), diversified funds / schemes (also called balanced funds), gilt funds / schemes, money market funds / schemes, sector specific funds, index funds

2. Base Of The Time Of Closure Of The Scheme : While launching new schemes, Mutual Funds also declare whether this will be an open ended scheme (i.e. there is no specific date when the scheme will be closed) or there is a closing date when finally the scheme will be wind up. Thus, according to the time of closure schemes are classified as open ended schemes and close ended schemes. Open ended funds are allowed to issue and redeem units any time during the life of the scheme, but close ended funds cannot issue new units except in case of bonus or rights issue. Therefore, unit capital of open ended funds can fluctuate on daily basis (as new investors may purchase fresh units), but that is not the case for close ended schemes. In other words we can say that new investors can join the scheme by directly applying to the mutual fund at applicable net asset value related prices in case of open ended schemes but not in case of close ended schemes. In case of close ended schemes, new investors can buy the units only from secondary markets.

3. Base Of Tax Incentive Schemes : Mutual Funds are also allowed to float some tax saving schemes. Therefore, sometimes the schemes are classified according to this also, tax saving funds and not tax saving funds / other funds

4. Base Of The Time Of Payout : Sometimes Mutual Fund schemes are classified according to the periodicity of the pay outs (i.e. dividend etc.). The categories are as Dividend Paying Schemes, Reinvestment Schemes

Present Scenario of Mutual Funds in India - Today mutual funds in India have entered all the portfolio of capital markets be it equity, debts markets, money market etc. The present scenario of mutual fund in India shows in following tables – The assets under management (AUM) is important indicator the present scenario of mutual fund in India.

Table 1

Year	**Amounts in Thousand Crores**
2009-10	614
2010-11	592
2011-12	587
2012-13	701
2013-14	825

Assets Under Management Rs. Thousand Crores



Source – AMFI

Investment in Mutual Funds :-

Table 2

Year	**Amounts in Crores**
2010-11	More than 700000
2011-12	685000
2012-13	803000
2013-14	900000
2014-15	1190000

Investment in Mutual Funds in India Rs. Crores



Source – SEBI

Investment in Mutual Fund increase by 70% from 2010-11 to 2014-15. Assets Under Management (AUM) increase by 34% from 2009-10 to 2013-14. The mutual fund industry in India run most successful phase in the last 5 year. Retail investors have put thousands of crores of money into funds and have reaped handsome rewards from the market. The

confidence of investors in the market has increased a large number of private investors.

Conclusion - There is a large scope in the future for the expansion of the mutual funds industry in India. A number of foreign based assets management companies are venturing into Indian markets. The securities exchange board of India (SEBI) has allowed the introduction of commodity mutual funds. Mutual funds invest in a broad range of securities. This limits investment risk by reducing the effect of a possible decline in the value of any one security. Mutual fund investors can benefit from diversification techniques usually available only to investors wealthy enough to buy significant position in a wide variety of securities. According to Mr. Sanskaran Naren "We are comfortable with sectors where we are sure of the quality of business"

References :-

1. Various Publication of SEBI.
2. Various Reports of AMFI.
3. 'Appraisal of Mutual Fund in India' - Jaspal and Singh.
4. Related Research Journal.
5. Newspapers.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

माननीय सांसदों-विधायकों की गिरफ्तारी एवं कानून व्यवस्था एवं पुलिस की भूमिका

आशीष श्रीवास्तव *

प्रस्तावना –जब किसी माननीय सांसदों एवं विधायकों की गिरफ्तारी होती है तो जनता में आक्रोश उत्पन्न हो जाता है, एवं कानून व्यवस्था बिगड़ जाती है कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

भारतीय संविधान संघात्मक है एवं उसे लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया गया है। लोकतांत्रिक शासन में विधानमंडल अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। उसका निर्वाचन और प्रवर्तन न्यायपालिका का महत्वपूर्ण कृत्य हैं। इस प्रकार विधानमंडल महत्वपूर्ण निर्णायक भूमिका निष्पादित करते हैं। वे जनता की भावना की अभिव्यक्ति करते हैं और इस कारण होने 'जन इच्छा का भंडार' कहा जाता है। अत: विधानमंडल की एवं उसके सदस्यों की गरिमा और शालीनता की रक्षार्थ तथा निर्भीक रूप से कार्य संपादन करने हेतु कुछ विशिष्ट प्रकार के विशेष अधिकारों की आवश्यकता होती है। इसी कारण सांसदों को जो विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं, वे उनके संसदीय दायित्वों के संपादन एवं कर्तव्यों के निर्वाहन हेतु अनिवार्य प्रकार के हैं।

अत: विशेषाधिकार की उत्पत्ति एवं विकास का मूलाधार संसद की कार्यवाहियों को सामान्य विधि की परिधि से बाह्य करके सांसदों एवं विधायकों की संसदीय कार्यवाहियों में भयमुक्त होकर संसदीय दायित्वों एवं कर्तव्यो की ओर कार्यशील करना है। उसके संसदीय कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप या बाधा डालना विशेषाधिकार की सीमा के अंतर्गत होता है। इस प्रकार विशेषाधिकार के शस्त्र के द्वारा सदन अपने सदस्यों कर्मचारियों एवं अन्य व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है परंतु यह तब जब वे संसद की कार्यवाहियों से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन का कार्य करते हैं। **बोदा वरिश मिश्र विरुद्ध नंद किशोर दास ए- आई- आर- 1953 उड़ीसा ।।। के प्रकरण में यह अभिव्यक्त किया गया है कि** : 'यह एक सुस्थापित संसदीय परिपाटी प्रतीत होती है सदन की कार्यवाही संसद के वास्तविक सत्र के दौरान की कार्यवाहियों तक ही सीमित नहीं है, अपितु इसमें प्रश्नों की सूचना देना या संकल्प की सूचना देना आदि जैसी कुछ प्रारंभिक कार्यवाहियाँ भी सम्मिलित है। संभवत: उक्त शब्दों का अर्थ इस धारणा पर आधारित है कि जब किसी प्रश्न की सूचना दी जाती है और अध्यक्ष महोदय उसके पूछे जाने की स्वीकृति और स्वीकृत कर देते हैं तो सिद्धांत यह मानना चाहिए कि प्रश्न वस्तुत: संसद के सत्र में पूछे गए थे और उनको यथास्थिति स्वीकृति दी गई थी।'

सदन की कार्यवाही शब्दावली को व्यापक अर्थ प्रदान करने का संभवत कारण यह है कि जब किसी प्रश्न की सूचना दी जाती है और अध्यक्ष उसे स्वीकार या अस्वीकार कर देता है तो यह समझना चाहिए कि वह प्रश्न संसद के सत्र में वास्तव में पूछे गए हैं और उन्हें स्वीकार या अस्वीकार कर दिया गया है।

इसी संबंध में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 212 पठनीय है जो निम्नांकित है:न्यायालय द्वारा विधानमंडल की कार्यवाहियों की जांच ना किया जाना।

1. राज्य के विधानमंडल की किसी कार्यवाही की विधिमान्यता को प्रक्रिया की किसी अभिकथित अनियमितता के आधार पर प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।
2. राज्य के विधान-मंडल का कोई अधिकारी या सदस्य, जिसमें इस संविधान द्वारा या इसके अधीन उस विधान-मंडल में प्रक्रिया या कार्य-संचालन का विनियमन करने की अथवा व्यवस्था बनाए रखने की शक्तियां निहित हैं, उन शक्तियों के अपने द्वारा प्रयोग के विषय में किसी न्यायालय की अधिकारिता के अधीन नहीं होगा।

भारतीय संविधान में सांसद तथा विधायकों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के संबंध में कोई उपबंध नहीं दिए गए हैं इस संबंध में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 सांसदों को और अनुच्छेद 194 विधान मंडलों के सदस्यों को विशेषाधिकार प्रदान करते है।

डॉ. बी. आर. अंबेडकर के मतानुसार संसदीय विशेषाधिकारों को दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है।

विशेषाधिकार में सम्मिलित हैं:

1. प्रथमत: जो सदस्यों को व्यक्तिगत रुप से प्राप्त हैं जैसे वाक् स्वतंत्रता
2. द्वितीय अपने कर्तव्यों के पालन के समय गिरफ्तारी से उन्मुक्ति।

उक्त दोनों प्रकार के विशेषाधिकारो का संविधान में उल्लेख करना सरल था। अत: उन्हें संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के उपबंध प्रथम एवं द्वितीय मैं उल्लिखित किया गया है।

उक्त मूलभूत जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत के संविधान में अनुच्छेद 105 एवं अनुच्छेद 194 की रचना की गई है। उक्त दोनों अनुच्छेद भाषा एवं भाव की दृष्टि से एक रस है। अत: किसी एक अनुच्छेद के उल्लेख में दूसरा अनुच्छेद अंतर्निहित है।

अन्य विशेषाधिकार- मूल अनुच्छेद 105 में अन्य विशेषाधिकारो के विषय में यह उपबंध ही था कि वह ऐसे होंगे जो संविधान लागू होने के समय ब्रिटिश संसद के सदस्यों को प्राप्त थे। 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा अनुच्छेद 105 के खंड 3 में संशोधन कर दिया गया है जो अब यह उपबंधित करता है कि अन्य बातों में संसद के प्रत्येक सदन की और प्रत्येक सदन के सदस्यों और समितियों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ ऐसी होंगी जो संसद, समय-समय पर, विधि द्वारा, परिनिश्चित करे और जब तक वे इस प्रकार परिनिश्चित नहीं की जाती हैं तब तक वही

* शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

होंगी जो 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 की धारा 15 के प्रवृत्त होने से ठीक पहले उस सदन की और उसके सदस्यों और समितियों की थीं।

44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा अनुच्छेद 105 के खण्ड 3 को उसी रूप में कर दिया गया है जिस रूप में वह 44वें संशोधन के पूर्व था। किंतु प्रस्तुत संशोधन द्वारा अनुच्छेद में संशोधन करके यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस मामले में अब ब्रिटिश संसद का कोई हवाला नहीं दिया जाएगा संशोधित अनुच्छेद 105 का खंड 3 यह उपबंधित करता है कि अन्य बातों में संसद के सदन की और सदन के सदस्यों की और समितियों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ वही होंगे जो संसद समय - समय पर विधि द्वारा निश्चित करें और जब तक यहां निश्चित नहीं हो जाता तब तक वही होंगी जो 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 के ना होने से ठीक पहले सदनो या सदस्यों को प्राप्त थी। इसके पश्चात अब स्थिति इस प्रकार है-

1. वर्तमान सभी विशेषाधिकार वही होंगे जो संविधान लागू होने पर या 44वें संविधान संशोधन के पूर्व तक प्राप्त थे यह सब वही विशेषाधिकार है जो ब्रिटिश संसद के सदस्यों को उक्त समय पर प्राप्त थे।
2. अन्य बातों में प्रत्येक सदन के विशेषाधिकार वे होंगे जो संसद विधि द्वारा विहित करें अनुच्छेद 194 के खंड 3 में भी जो राज्य विधान मंडलों से संबंधित है इसी प्रकार का संशोधन किया गया है।

44 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के लागू होने के पूर्व भारत में विधान मंडल तथा उसके सदस्य को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त थे।

अनुच्छेद 105 का मनन करने से प्रकट होता है कि -

क - उपबन्ध 1

1. संविधान के उपबंधों के और संसद की प्रक्रिया का विनियमन करने नियमों और स्थाई आदेशों के अधीन रहते हुए।
2. संसद में वाक् स्वतंत्रय होगा।

ख - उपबन्ध 2

1. संसद में उसकी किसी समिति में संसद के सदस्य द्वारा कही गई बात या किए गए किसी मत के संबंध में उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।
2. किसी व्यक्ति के विरूद्ध संसद के किसी सदन के प्राधिकार द्वारा या उसके अधीन किसी प्रतिवेदन, पत्र, मतों या कार्यवाहियों के प्रकाशन के संबंध में इस प्रकार दायी नहीं होगा।

ग - उपबन्ध 3- अन्य बातों में संसद के प्रत्येक सदन की और प्रत्येक सदन के सदस्यों और समितियों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ ऐसी होंगी

1. जो संसद, समय-समय पर, विधि द्वारा,परिनिश्चित करे।
2. तब तक वही होंगी जो 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 की धारा 15 के प्रवृत्त होने से ठीक पहले उस सदन की और उसके सदस्यों और समितियों की थीं।

घ- उपबन्ध 4 - जिन व्यक्तियों को इस संविधान के आधार पर संसद के किसी सदन या उसकी किसी समिति में बोलने का और उसकी कार्यवाहियों में अन्यथा भाग लेने का अधिकार है, उनके संबंध में खंड 1, खंड 2 और खंड 3 के उपबंध उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे संसद के सदस्यों के संबंध में लागू होते हैं।

भारतीय संविधान में कुछ अनुच्छेद ऐसे हैं जो विशेषाधिकार के द्योतक हैं। जैसे अनुच्छेद 122 एवं 212।

अनुच्छेद 122 के अनुसार - न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाहियों की जाँच न किया जाना।

अनुच्छेद 212 के अनुसार - न्यायालयों द्वारा विधानमंडल की कार्यवाहियों की जाँच न किया जाना।

प्रजातंत्रीय शासन का मूलभूत सिद्धांत यह है कि विधि की दृष्टि में सभी व्यक्ति समान होते हैं, परंतु प्रजातांत्रिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एवं विधि द्वारा प्रदत्ता शक्तियों के विधिवत निष्पादन हेतु कुछ विशेष अधिकारों की आवश्यकता होती है और इन विशेषाधिकारों को विशेषाधिकार की संज्ञा दी गई है।

अत: जो कर्तव्य या दायित्व सामान्य नागरिको के लिए बंधानकारी है उनसे किसी विशेष कर्तव्यो या दायित्वों से मुक्ति को विशेषाधिकार कहा जाता है।

गिरफ्तारी से स्वतंत्रता - इंग्लैंड में एक सुस्थापित विशेषाधिकार है कि संसद का कोई भी सदस्य संसद के सत्र काल में और आरंभ होने के 40 दिन पूर्व और उसके समाप्त होने के 40 दिन पश्चात गिरफ्तार या कारावासित किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य उक्त स्थितियों में गिरफ्तार किया गया हो तो उसे उन्मुक्त कर दिया जाए।

यह संरक्षण इसलिए प्राप्त है ताकि संसद का प्रत्येक सदस्य संसद की कार्यवाही में भाग ले सकें। यह विशेषाधिकार केवल सिविल मामलों में गिरफ्तारी और कारावास के विरुद्ध प्राप्त है। यह संरक्षण आपराधिक आरोप, न्यायालय अवमानना, निवारक निरोध विधियों के विरुद्ध प्राप्त नहीं है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई संसद का सदस्य अपराध करता है तो वह साधारण नागरिक की ही भांति बंदी बनाया जाएगा।

गिरफ्तारी प्रपत्र का प्रारूप भी जब तक विशेषाधिकार एवं उसकी प्रक्रिया संहिताबद्ध नहीं होती है तब दंड प्रक्रिया संहिता में उल्लिखित प्रारूपों के सदृश्य निश्चित नहीं है। इंग्लैंड में सभा के सदस्य के हस्ताक्षर से प्रसारित वारंट का निर्वाह उन्हीं सिद्धांतों के आधार पर होता है जैसा उच्च न्यायालय अथवा मैजिस्ट्रेट के द्वारा प्रसारित वारंट का होता है।

भारत में भी यही सिद्धांतों प्रभाव शील है।

बंबई उच्च न्यायालय ने इस संबंध में होमी डी- मिस्त्री विरुद्ध नफीसुल हसन एवं अन्य में यह अभिव्यक्त किया है कि सभा के अध्यक्ष के द्वारा जारी किए गए वारंट के अवलोकन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि वह सामान्य प्रकृति का वारंट है।

जिस में उल्लिखित है कि इस व्यक्ति की सदन में उपस्थिति अवमान संबंधी कार्यवाही में आवश्यक है और इसी कारण किसी न्यायालय को ऐसे किसी वारंट का परीक्षण करने और उस पर निर्णय देने का क्षेत्राधिकार नहीं है कि वह वारंट उचित तथा विधिवत है या नहीं।

यह सदन का विशेषाधिकार है कि वह उसे अपने आदेशों और निर्देशों का पालन करने हेतु बाध्य कर सके। वारंट के निर्वाह हेतु सदन की शक्ति उच्च न्यायालय की शक्ति से अल्प नहीं है। वारंट के निर्वाह में अधिकारियों को सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित भी किया जा सकता है और शासन के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का वारंट के पालन में उचित सहायता प्रदान करना अनिवार्य कर्तव्य है।

यह ध्यान देने योग्य है कि अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए वारंट का पालन करने वाले अधिकारी को पूर्ण संरक्षण प्राप्त होता है। उन पर हमला करना या उनके साथ दुर्व्यवहार करना अथवा उनके कर्तव्य के पालन में

अवरोध उत्पन्न करना सदन की अवमानना है उन्हें अवैध गिरफ्तारी के आरोप से पूर्ण संरक्षण प्राप्त है।

उच्च न्यायालय द्वारा जिस प्रकार क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जारी किए गए वारंट विधि सम्मत होते हैं और उन्हें क्रियान्वित करने वाले अधिकारियों को संपूर्ण संरक्षण प्राप्त होता है उसी प्रकार अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए वारंट को भी मान्यता प्राप्त है। इसका कारण यह है कि अधिकारियों को सदन के निर्देशों के अंतर्गत कर्तव्यों का पालन करना पड़ता है और उन्हें यह परीक्षण करने का अधिकार नहीं है कि वारंट विधि की दृष्टि से वैध है या नहीं।

होमी डी– मिस्त्री मामले में बम्बई उच्च न्यायालय ने यह अधिमत किया है कि हित के निर्देशों का पालन करने वाले सभी अधिकारियों एवं सहायता प्रदान करने वाले सभी व्यक्तियों को संरक्षण प्राप्त होता है। असैनिक शासन के प्रत्येक विभाग का यह उत्तरदायित्व है कि जब भी आवश्यकता हो तब वह सदन के वारंटो अथवा पालन में सहायता दे।

लोकसभा एवं विधानसभा का अधिकांश कार्य शासन के माध्यम से ही निष्पादित होता है। उनके सम्मन, चिट्ठीयाँ आदि शासन के माध्यम से ही भेजी जाती है। जब कभी किसी साक्षी को आहूत किया जाता है तो उसके सम्मन की एक प्रति संबंधित व्यक्ति को डाक द्वारा और दूसरी प्रति शासन के माध्यम से भेजी जाती है। इसी प्रकार विशेषाधिकार भंग के दोषी व्यक्ति को विशेषाधिकार समिति अथवा सदन के समक्ष उपस्थित होने के लिए भेजे जाने वाले संबंध के निर्वाह हेतु उक्त प्रक्रिया का सामान्यत: अनुसरण किया जाता है।

सदस्यों की गिरफ्तारी, नजरबंदी आदि के बारे में सूचना –विधान सभा के सदस्यों की गिरफ्तारी नजरबंदी आदि के बारे में सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 135क के अंतर्गत नियम निम्नानुसार है–

सदन के सत्र के दौरान और सत्र के आरंभ होने के 40 दिन पहले और सत्र के समाप्त होने के 40 दिन पश्चात सिविल मामलों में गिरफ्तारी से छूट का विशेषाधिकार दिया गया है। किंतु आपराधिक मामलों में अथवा संविहित प्राधिकार के अंतर्गत कार्यपालक आदेश द्वारा निरोध पर गिरफ्तारी से छूट का विशेषाधिकार लागू नहीं होता है। अंशमलिम मजूमदार एवं अन्य बनाम पश्चिम बंगाल राज्य ए–आई–आर– 1952 संवत 1632, आनंद बनाम मद्रास राज्य ए–आई–आर– 1952 संवत 1217 एवं वेंकटेश्वर बनाम मद्रास राज्य ए–आई–आर– 1952 संवत 272 में भी यही निर्धारित किया गया एवं संसद के नियम 22 व 230 तथा मध्यप्रदेश विधानसभा के नियम 171 एवं 172 के अंतर्गत यह उपबंध है कि, जब कोई सदस्य किसी दंड दोषारोपण पर या किसी दंड अपराध के लिए बंदी बनाया जाता है या उसे किसी न्यायालय द्वारा कारावास का दंड आदेश दिया जाता है या किसी कार्यपालक आदेश के अधीन निरुद्ध किया जाता है तो यथास्थिति न्यायाधीश या दंडाधिकारी या कार्यपालिका प्राधिकारी तुरंत ऐसे किसी तथ्य की सूचना समुचित प्रपत्र में यथास्थिति बंदीकरण निरोध या दोषसिद्धि के कारण तथा सदस्य के निरोध या कारावास का स्थान भी दर्शाते हुए अध्यक्ष को किया जाना आवश्यक इस नियम की रचना का आधार रेमसे का मामला हा–आ–का 164 1939–40 पृष्ठ 8 है। जिसमें यह अभनिर्धारित किया गया कि ब्रिटेन के संसद ने इस बार पर जोर दिया है कि सदस्यों की गिरफ्तारी, नजरबंदी या जेल में भेजने की तत्काल सूचना प्राप्त करने का अधिकार है कि उन्हें किस कारण से सेवा से वंचित किया गया है निरोध या दोष सिद्धि के क्या कारण है उन्हें किस स्थान पर निरूद्ध किया गया है अथवा कारावास में रखा गया है।

जब कोई सदस्य बंदी बनाया जाता है और दोषसिद्धि के बाद अपील लंबित होने पर जमानत पर रिहा किया जाता है या अन्यथा रिहा किया जाता है, तो तथ्य की सूचना भी संबंधित प्राधिकारी द्वारा समुचित प्रपत्र में अध्यक्ष को दी जानी चाहिए।

उपरोक्त अनुसार निर्दिष्ट सूचना प्राप्त होने पर यथासंभव शीघ्र अध्यक्ष उसे सभा में पढ़कर सुनाता है यदि सभा सत्र में हो या यदि सभा सत्र में ना हो तो निर्देश देता है कि वह सदस्यों की जानकारी के लिए इसे पत्रक में प्रकाशित कर दिया जाए।

परंतु यदि सदस्य की जमानत पर रिहाई या अपील पर मुक्ति की सूचना सभा की मूल बंदीकरण की सूचना दी जाने से पहले प्राप्त हो जाता है तो उसके बंदी करण या उसके बाद में भी रिहाई या मुक्ति का तथ्य अध्यक्ष चाहे, तो सभी को सूचित ना करें।

सभा के परिसर में वैद्य आदेश के निर्वाहन और बंदी करण के बारे में प्रक्रिया –सभा के परिसर में अध्यक्ष की अनुज्ञा प्राप्त किए बिना किसी भी सदस्य का कोई बंदी कारण नहीं किया जाता है।

प्रक्रिया– सभा के परिसर में अध्यक्ष के अनुज्ञा प्राप्त किए बिना किसी सिविल वैद्य आदेश का निर्वहन नहीं किया जाएगा जहां तक आपराधिक अपराध है। उसका कोई विशेषाधिकार किसी सदस्य को नहीं है अध्यक्ष की अनुमति का प्रश्न तब आता है जब कि सभा भवन के अंतर्गत कोई सदस्य गिरफ्तार किया जाए। सड़क सभा भवन के अंतर्गत नहीं आती। अत: उक्त गिरफ्तारी के लिए माननीय अध्यक्ष की अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में श्री रामचंद्र अनंत सरवटे का प्रसिद्ध मामला है जब एक पुलिस उप अधीक्षक का सदस्य श्री रामचंद्र अनंत सरवटे को मध्य प्रदेश विधानसभा के समक्ष 29 सितंबर 1959 को जब वे शक्कर के अभाव के संबंध में एक स्थगन प्रस्ताव रखने आ रहे थे। इस प्रकरण में यह विकसित किया गया कि उप पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अध्यक्ष की अनुमति के गिरफ्तार किया गया जो कि सदस्य के विशेषाधिकार का उल्लंघन है। माननीय अधयक्ष ने विशेषाधिकार भंग के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान नहीं की।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पीवी नरसिम्हा राव बनाम राज्य सी–बी–आई एस–पी–आई ए–आई–आर 1998 एस–सी– 2120
2. अंशुमाली मजूमदार बनाम पश्चिम बंगाल राज्य ए–आई–आर– 1952 कोलकाता
3. बोदा वारिश मिश्र बनाम नंद किशोर दास ए–आई–आर– 1953 उड़ीसा
4. होमी डी– मिस्त्री विरुद्ध नफीसुल हसन एवं अन्य का मामला
5. के– आनंद नाम्बियार बनाम मुख्य सचिव मद्रास सरकार ए–आई–आर– 1996 एस– सी– 657
6. इंदिरा नेहरू गांधी बनाम राज नारायण ए–आई–आर– 1965 एस–सी– 2299
7. मध्यप्रदेश विधानसभा पत्रक भाग–2 क्रमांक 78 दिनांक 7 सितम्बर 1976 द्वारा प्रतिस्थापित
8. डॉ. जय नारायण पांडे भारत का संविधान सेंट्रल लॉ एजेंसी 2006
9. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल पूर्व अधयक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा प्रश्न काल से शून्य काल तक राम प्रसाद एंड संस आगरा भोपाल 1991

उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन

डॉ. सतीशपाल सिंह *

प्रस्तावना – मानसिक स्वास्थ्य की सबसे सरल परिभाषा यह है कि 'मन के अंदर शांति हो और दूसरों के प्रति सद्‌भाव हो।' विश्व स्वास्थ्य संगठन की विशेषज्ञ समिति (1956) ने मानसिक स्वास्थ्य के सन्दर्भ में कहा है 'मानसिक स्वस्थ व्यक्ति में ऐसी क्षमता होती है, जिससे वह दूसरों के साथ सम्यक् सद्‌भावपूर्ण सम्बन्ध स्थापित कर लेता है तथा अपनी सहभागिता देता है या सामाजिक पर्यावरण के परिवर्तन में सृजनात्मक योगदान प्रदान करता है' अर्थात मानव व्यक्तित्व के विभिन्न रूप या अवयव इस प्रकार सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करें कि व्यक्ति जीवन की परिस्थितियों का बड़ी सूझबूझ एवं प्रसन्नता के साथ सामना कर सके। अत: स्पष्ट है कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ – बौद्धिक तथा भावात्मक क्रियाओं का कुशलता से सम्पन्न होना है। आधुनिक युग में असंगत रूप से बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा, भोग विलास की ओर अधिक झुकाव, जीवन मूल्यों में अधिक तीव्र गति से परिवर्तन, जनसंख्या से दबाब का प्रभाव, अनावश्यक रूप से अधिक महत्वाकांक्षा तथा प्रदूषण आदि अनेक ऐसे विषय हैं जिन्होनें व्यक्ति के जीवन को दुश्चिंता तथा अवसाद से ग्रस्त कर दिया है और आज के व्यक्ति ने इसे जीवन का एक भाग मान लिया है, परंतु मानसिक स्वास्थ्य के प्रति चेतना अभी भी जाग्रत नहीं हुई है। सर्वप्रथम मानसिक स्वास्थ्य के इतिहास की नींव रखने वाले जन्मदाता फिलिप पाइनेल (1745-1826) एवं क्लिफर्ड बियर्स (1876-1943) ने सर्वप्रथम मानवीय दृष्टिकोण अपनाने के लिये कहा और उन्होंने पागल जैसे शब्द के स्थान पर मानसिक रोगी शब्द का प्रयोग किया। बियर्स ने सन् 1903 में स्टेट चिकित्सालय से मुक्त होकर अपनी पुस्तक ए माइंड देट फाउंड इट सेल्फ के माध्यम से समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित किया। बियर्स के द्वारा प्रारम्भ किये गये आन्दोलन को अडोल्फ मेयर ने सन् 1904 में मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान नाम दिये जाने का सुझाव दिया। बियर्स ने सन् 1908 में चौदह संभ्रान्त व्यक्तियों की मदद् से द क्नेक्टिकट सोसाइटी ऑफ मेंटल हाईजीन की स्थापना की, जिसका उददे्श्य मानसिक रोगियों की देखभाल पर जोर देने के अलावा मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा करना था। अल्मा अटा घोषणा के अन्तर्गत, जिसमें सन् 2000 तक प्रत्येक के लिये स्वास्थ्य की बात कही गई है, भारतवर्ष में भी इस ओर अनेक प्रयास किये गये हैं।

भारत की कुल आबादी का लगभग तीन प्रतिशत 3.5 करोड़ लोग मानसिक रोगों के शिकार हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो प्राय: साधारण मानसिक व्याधियों जैसे– तनाव, उन्माद या पागलपन और मनो शारीरिक विकृतियों से बीमार रहते हैं तथा जिन्हें मानसिक चिकित्सा की आवश्यकता होती है। करेण्ट हेल्थ प्रोफाइल रिर्पोट (2012) के अनुसार देश में 36 प्रतिशत व्यक्ति गंभीर हताशा की स्थिति में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्ययन में यह पाया गया कि नौ प्रतिशत भारतीय लम्बे समय से जीवन में निराशाजनक स्थिति से गुजर रहे हैं, यद्यपि उनका शारीरिक इलाज अन्य चिकित्सकों द्वारा किया जाता है, फिर भी उन्हें मनोचिकित्सक की आवश्यकता होती है। मानसिक रोगों की पहचान है कि व्यक्ति उदास, खिन्न तथा शोकाकुल रहने लगता है, वह सदैव धीमी आवाज में बात करता है, किसी काम में रूचि नहीं रहती है, भूख नहीं लगती है, सामाजिक कार्यो तथा मनोरंजन में निरूत्साहित पाता है, चित्त की एकाग्रता एवं निर्णय लेने की शक्ति भी कमजोर हो जाती है, उसका आत्मविश्वास समाप्त हो जाता है, वह अपनी समस्याओं में ही उलझा रहता है, उन्हीं की चिन्ता करता रहता है। ऐसा रोगी बात-बात में दूसरों के सामने अकेला होने पर भी रोने लगता है, उसे नींद नहीं आती, कभी कभी व्यक्ति निरर्थक जिन्दगी से ऊबकर आत्महत्या तक करने का निर्णय ले लेते हैं। मानसिक स्वास्थ्य तथा इससे सम्बन्धित समस्याओं के प्रति भारत में जागरूकता स्तर अत्यंत निम्न है। व्यक्ति प्रारंभिक स्तर पर कभी भी परामर्श नहीं लेते हैं। साथ ही चिकित्सक भी उनकी समस्याओं का कारण न जानकर इलाज प्रारंभ कर देते हैं, जो उनकी समस्याओं को गंभीर स्तर पर पहुँचा देता है। भारतीय संस्कृति में नारी घरेलू वातावरण में जन्म से जीवन के अंतिम पड़ाव तक विभिन्न रूपों में तनाव, चिंता, अवसाद, विषाद को सहती हैं।

अध्ययन का औचित्य – फरहाबक्श एस. (2004) ने माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के मानसिक स्वास्थ्य का विविध व्यावसायिक चरों के सम्बन्ध में अध्ययन किया। जेबाराज, आर., प्रभु शंकर, एस. (2006), ने सुनामी पीडित अनाथ किशोर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। कौर, कुलजीत (2006), ने लुधियाना जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालयी शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव के मध्य अध्ययन किया। सिंह एवं सिंह (2006), वाराणसी शहर के मध्य आयु वर्ग की महिला शिक्षिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य स्तर का अध्ययन किया। गुप्ता एवं सुजीत कुमार (2007), ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रशासकों पर व्यावसायिक दबाव और उनका मानसिक स्वास्थ्य विषय पर शोध किया। दुधाता एवं जोशान (2012), कार्यरत तथा अकार्यरत महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य कार्यरत तथा अकार्यरत महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य तथा अवसाद के मध्य पाये जाने वाले अंतर को ज्ञात करना था। ग्रोसी, चन्द्रकान्ता, पवार नीरज एवं कुमार संदीप (2015) ने शासकीय विद्यालय के शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। अध्ययन में शासकीय विद्यालय के महिलाएं पुरूष शिक्षकों के लिंग में भिन्नता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध की जाँच की गयी। सारेस अमंदा जी.एस. (2014), ने पब्लिक स्कूल के

* एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। राम बाबु डी. (2014) ने आंध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र में शिक्षक प्रशिक्षुओं में मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। बोस्टनी (2013), के शोध के मुख्य उदद्देश्य एथलेटिक एवं नॉन एथलेटिक की शैक्षिक निष्पत्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध का अध्ययन करना था। नंदकिशोर (2013) ने विद्यालय जाने वाले किशोरों के लिंग एवं पारिवारिक वातावरण का उनके मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में अध्ययन किया एवं निष्कर्ष स्वरूप पाया कि विद्यालय जा रहे किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक वातावरण में सार्थक संबंध था। नंदौलिया एच.के. (2013) ने उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिंग आदतों एवं विद्यालय के प्रकार एवं कर्मचारियों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। कौर, जगबीर एवं अरोड़ा (2014), ने पंजाब के लुधियाना एवं मोगा जिले के रहने वाले किशोरों को शैक्षिक उपलब्धि एवं मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध पर अध्ययन किया। पच्चयापन पी. एवं उषाल्या डी. (2014), ने माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का विश्लेषण किया। कावेरी (2015) ने माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन किया। अध्ययन के उदद्देश्य माध्यमिक विद्यालय शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का लिंग, विद्यालय स्थान, विद्यालय के प्रकार, विद्यालय के माध्यम तथा शिक्षण के सन्दर्भ में अध्ययन किया गया।

प्रस्तुत अध्ययन माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय शिक्षक एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याथियों, अध्यापकों एवं प्रशासकों मानसिक स्वास्थ्य पर अन्य चरो जैसे विविध व्यावसायिक चरों शैक्षिक उपलब्धि, लिंग, विद्यालय स्थान, विद्यालय के प्रकार, विद्यालय के माध्यम सामाजिक बुद्धि, लिंग, परिवेश एवं परिवार के प्रकार, एथलेटिक एवं नॉन एथलेटिक की शैक्षिक निष्पत्ति कार्यरत तथा अकार्यरत महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, व्यावसायिक तनाव, शिक्षकों के लिंग आदतों, किशोरों के लिंग एवं पारिवारिक वातावरण, शिक्षक प्रशिक्षुओं, प्रशासकों पर व्यावसायिक दबाव के साथ हुए लेकिन अभी तक माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण के विद्यार्थियों मानसिक स्वास्थ्य पर अध्ययन नही किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं और नगरीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर क्षेत्र जहा विद्यार्थी निवास करते हैं। इस आधार पर निवास क्षेत्र एवं लिंग वार छात्र एवं छात्राओं पर मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता। इसलिए प्रस्तुत अध्ययन की आवश्यकता प्रतिपादित होती हैं।

उद्देश्य :

1. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
2. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
3. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
4. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
5. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय छात्राओं क्षेत्र की के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
6. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
7. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्रो एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
4. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
5. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय छात्राओं क्षेत्र की के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
6. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
7. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्रो एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध का सीमांकन – प्रस्तुत शोध अध्ययन बागपत जनपद के उच्चत्तर माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों तक सीमित है।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में बागपत जनपद के उच्चत्तर माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत समस्त विद्यार्थी शोध की जनसंख्या है। प्रस्तुत शोध में महात्मा गांधी इन्टर कालेज, बडौत एवं दिगम्बर जैन इन्टर कालेज, बडौत के विद्यार्थियों को लिया गया । न्यादर्श चयन हेतु यादृच्छिक प्रतिचयन की लाटरी विधि का प्रयोग किया गया ग्रामीण एवं नगरीय परिवेश से अध्ययनरत 80–80 छात्र एवं छात्राओं को न्यादर्श हेतु चयनित किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा शोध उपकरण प्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्यो के एकत्रीकरण हेतु मैंटल हैल्थ बैटरी (2000) अरूण कुमार सिह एवं अल्पना सैन गुप्ता निर्मित उपकरण का प्रयोग किया किया गया है यह उपकरण प्रमाणिक है।

प्रदत्तों का संकलन एवं अंकन – न्यादर्श के रूप में लिये गये उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को निर्देशित करने के उपरान्त मैटल हैल्थ बैटरी को उपकरण में मानसिक स्वास्थ्य के छह घटकों जैसे भावात्मक स्थिरता, स्व–अनुशासन, स्वायतता, सुरक्षा–असुरक्षा, आत्मप्रत्यय,एवं बुद्धि पर 130 कथन भरवा कर आंकडों को एकत्रित किया गया। प्रत्येक सही कथन पर एक अंक और गलत पर कथन पर शून्य अंक प्रदान किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकी – प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यमान, मानक–विचलन, तथा टी–परीक्षण सांख्यिकीय प्रविधियो का प्रयोग किया गया है।

तालिका-1: उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का टी-अनुपात दर्शाने वाली तालिका -1

समूह	N	M	SD	टी-अनुपात	सार्थकता स्तर
नगरीय	80	90.78	4.86	1.86	0.05सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
ग्रामीण	80	92.35	5.74		

तालिका संख्या 1 में परिगणित टी-अनुपात का मान 1.86 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.98 से कम है। 'अतः शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नहीं है' को स्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में कोई अन्तर नहीं होता है। दोनो परिवेश मे निवास करने का विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर परिवेश का कोई प्रभाव नहीं पडता है।

विवेचना- इसका कारण यह हो सकता है कि माता-पिता चाहे वे ग्रामीण परिवेश के हों या नगरीय परिवेश के हो अपने बच्चों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते हैं तथा उनकी उचित परवरिश करते हैं, जिससे की बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ साथ दोनो परिवेश के पालक (माता-पिता) यह प्रयास करते हैं कि उनके पाल्यों (बच्चो) को अच्छा पारिवारिक वातावरण मिले, जिनसे उनका मानसिक स्वास्थ्य दोनो ही क्षेत्र के छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा पाया गया।

तालिका-2: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों का टी-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी-अनुपात	सार्थकता स्तर
नगरीय छात्रों	40	89.42	4.52	3.30	0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक
ग्रामीण छात्रों	40	92.65	4.21		

तालिका संख्या 2 में परिगणित टी-अनुपात का मान 3.30 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.61 से अधिक है। अतः उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। को अस्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में सार्थक अन्तर है।

विवेचना- इस आधार पर कहा जा सकता है कि नगरीय परिवेश की अपेक्षा ग्रामीण परिवेश के बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर पाया गया क्योकि आजकल ग्रामीण क्षेत्र मे स्वास्थ्य बेहतर सुविधाए उपलब्ध हैं। परम्परागत साधन खेल के लिए खेल का मैदान शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। लेकिन ये सुविधाए नगरीय परिवेश कम उपलब्ध हैं। इसके साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र छोटे छोटे काम करने मे शारीरिक कार्य पर बल दिया जाता हैं। जबकि नगरीय परिवेश तकनीकी साधनो का प्रयोग पर बल दिया जाता हैं। साथ ही नगरीय परिवेश के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने मे मोबाइल एवं तकनीकी साधनो का प्रयोग भी एक कारण है।

तालिका-3: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य टी-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी-अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण छात्राओं	40	91.71	5.65	3.51	0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक
नगरीय छात्राओं	40	87.56	4.87		

तालिका संख्या 3 में परिगणित टी-अनुपात का मान 3.51 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.61 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। को अस्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर है।

विवेचना- इस आधार पर कहा जा सकता है कि नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर पाया गया क्योकि आजकल ग्रामीण क्षेत्र मे स्वास्थ्य बेहतर सुविधाए उपलब्ध हैं। परम्परागत साधन खेल के लिए खेल का मैदान जो शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। लेकिन ये सुविधाए नगरीय परिवेश कम उपलब्ध हैं। इसलिए नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य उच्च पाया गया साथ ही नगरीय परिवेश के छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने मे मोबाइल प्रयोग भी एक कारण है।

तालिका-4: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य टी-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी-अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण छात्रों	40	92.65	4.21	5.00	0.01सार्थकता स्तर पर सार्थक
ग्रामीण छात्राओं	40	87.56	4.87		

तालिका संख्या 4 में परिगणित टी-अनुपात का मान 5.00 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.61 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। को अस्वीकृत किया जाता है इससे स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों के मध्य में कोई सार्थक अन्तर है। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य असमानता होती है।

विवेचना- इस आधार कहा जा सकता है कि ग्रामीण परिवेश के माता-पिता बालक बालिकाओ से समानता का व्यवहार करते है। वे अपने बच्चों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते हैं तथा उनकी उचित परवरिश करते हैं, जिससे की बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ साथ पालक (माता-पिता) यह प्रयास करते हैं कि उनके पाल्यों (बच्चो) को अच्छा पारिवारिक वातावरण मिले, जिनसे ग्रामीण छात्रों - छात्राओ के मानसिक स्वास्थ्य मे कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

तालिका-5: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का टी-

अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी–अनुपात	सार्थकता स्तर
नगरीय छात्रों	40	89.42	4.52	1.96	0.05सार्थकता NS स्तर पर असार्थक
नगरीय छात्राओं	40	91.71	5.65		

तालिका संख्या 5 में परिगणित टी–अनुपात का मान 1.96 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.00 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं है को स्वीकृत किया जाता है इससे स्पष्ट होता है कि नगरीय छात्रों एवं नगरीय छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अंतर नहीं है। उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य समानता होती है।

विवेचना – इस आधार कहा जा सकता है कि नगरीय परिवेश के माता–पिता बालक बालिकाओं से समानता का व्यवहार करते है। वे अपने बच्चों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते हैं तथा उनकी उचित परवरिश करते हैं, जिससे की बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ साथ पालक (माता–पिता) यह प्रयास करते हैं कि उनके पाल्यों (बच्चों) को अच्छा पारिवारिक वातावरण मिले, जिनसे नगरीय छात्रों–छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मे कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

तालिका–6: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमानों का टी–अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी–अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण छात्र	40	92.65	4.21	0.84	0.05सार्थकता NS स्तर पर असार्थक
नगरीय छात्राओं	40	91.71	5.65		

तालिका संख्या 6 में परिगणित टी–अनुपात का मान 0.84 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.98 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नही होता है को स्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि नगरीय क्षेत्र के छात्रो एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अंतर नही पाया गया। अत: कहा जा सकता है कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य समानता होती है।

विवेचना– इस आधार पर कहा जा सकता है कि नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्रो का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर पाया गया क्योकि आजकल ग्रामीण क्षेत्र मे स्वास्थ्य बेहतर सुविधाए उपलब्ध हैं। परम्परागत साधन खेल के लिए खेल का मैदान जो शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। लेकिन ये सुविधाएं नगरीय परिवेश कम उपलब्ध हैं। इसलिए नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्रो का मानसिक स्वास्थ्य उच्च पाया गया साथ ही नगरीय परिवेश की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने मे फेशन, आधुनिकता तकनीकी एवं मोबाइल साधनों का प्रयोग भी एक कारण हो सकता है।

तालिका–7: उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों के मध्य टी–अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	टी–अनुपात	सार्थकता स्तर
नगरीय छात्र	40	89.42	4.52	1.77	0.05सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
ग्रामीण छात्राओं	40	87.56	4.87		

तालिका संख्या 7 में परिगणित टी–अनुपात का मान 1.77 है जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.98 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नहीं है' को स्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर पाया नहीं गया। अत: कहा जा सकता है कि उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य समानता होती है।

विवेचना– इस आधार कहा जा सकता है कि नगरीय एवं ग्रामीण परिवेश के माता–पिता बालक बालिकाओ से समानता का व्यवहार करते है। वे अपने बच्चों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते हैं तथा बालक बालिकाओ मे किसी तरह का भेदभाव कर उनकी उचित परवरिश करते हैं, जिससे की बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ साथ नगरीय एवं ग्रामीण परिवेश के पालक (माता–पिता) यह प्रयास करते हैं कि उनके बालक–बालिकाओ को अच्छा पारिवारिक वातावरण मिले इसलिए नगरीय एवं ग्रामीण परिवेश छात्रों – छात्राओ के मानसिक स्वास्थ्य मे कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

निष्कर्ष:

1. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
2. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मध्य में सार्थक अन्तर पाया गया है।
3. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्राओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्य में सार्थक अन्तर पाया गया है।
4. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अन्तर पाया गया है।
5. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
6. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों एवं नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्य में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
7. उच्चत्तर माध्यमिक स्तर के नगरीय क्षेत्र की छात्रो एवं ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

नगरीय परिवेश एवं ग्रामीण परिवेश के बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य मे अन्तर नहीं पाया गया क्योकि आजकल ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र मे स्वास्थ्य बेहतर सुविधाए उपलब्ध हैं। परम्परागत साधन खेल के लिए खेल

का मैदान शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। लेकिन ये सुविधाए ग्रामीण नगरीय परिवेश समान रूप से उपलब्ध हैं। इसके साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र छोटे छोटे काम करने मे शारीरिक कार्य पर बल दिया जाता हैं। जबकि नगरीय परिवेश तकनीकी साधनो का प्रयोग पर बल दिया जाता हैं। साथ ही नगरीय परिवेश के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने मे मोबाइल एवं तकनीकी साधनो का प्रयोग भी एक कारण है। उपरोक्त परिणामों के साथ साथ यह भी ज्ञात होता है कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य अधिक प्रभावी पाया गया क्योंकि भारतीय परिवेश में छात्रो को शिक्षा, सुविधायें आदि सभी प्राप्त होते हैं। किंतु आज भी कुछ पुरानी मानसिकता बदल रही है। पालक छात्र एवं छात्रा में भेद नही करते हैं, जिनसे की छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर पाया जाता है।

नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्रो का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर पाया गया क्योकि आजकल ग्रामीण क्षेत्र मे स्वास्थ्य बेहतर सुविधाए उपलब्ध हैं। परम्परागत साधन खेल के लिए खेल का मैदान जो शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। लेकिन ये सुविधाएं नगरीय परिवेश कम उपलब्ध हैं। इसलिए नगरीय परिवेश की छात्राओं अपेक्षा ग्रामीण परिवेश छात्रो का मानसिक स्वास्थ्य उच्च पाया गया साथ ही नगरीय परिवेश की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने मे फेशन, आधुनिकता तकनीकी एवं मोबाइल साधनो का प्रयोग भी एक कारण हो सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. गुप्ता एवं कुमार सुजीत (2007). मानसिक विद्यालयों के प्रशासकों पर व्यावसायिक दबाव और मानसिक स्वास्थ्य, पीएच.डी. शोध स्तरीय शोध अध्ययन, जैन विश्वभारती संस्थान, मान्य विद्या विश्वविद्यालय, लाडनू राजस्थान, दिसम्बर 2007।
2. कुमारी, मुन्नी. (2018). ए स्टडी ऑफ एकेडिमिक एन्जाइटी इन रिलेशन टू मेन्टल हैल्थ इन एडालसेन्टस, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ करेन्ट रिसर्च एण्ड रिव्यू, 10(6), 26-28।
3. कुमारी, एस., जाफरी, एस. (2014). उत्तर प्रदेश बोर्ड के उच्च माध्यमिक विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य एवं शैक्षिक उपलब्धि, जर्नल ऑफ कम्युनिटी गाईडेन्स एण्ड रिसर्च, 31(2), 187-199।
4. नंदौलिया, एच.के. (2013). ए स्टडी ऑफ मेंटल हैल्थ ऑफ हायर सैकण्डरी स्कूल टीचर्स इन रिलेशन टु सैक्स हैबिट, जर्नल ऑफ मल्टी डिसिप्लनरी रिसर्च, 1(4), 23-40।
5. पच्चयापन, पी.एवं उषाल्या, डी. (2014). टीचर्स एनालेसेस मेन्टल हैल्थ ऑफ सैकण्डरी एण्ड हायर सैकण्डरी स्कूल, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च, 3(2), 117-119।
6. पाराशर, कावेरी. (2015).माध्यमिक विद्यालय शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन, एम.एड. लघु शोध प्रबन्ध, शिक्षा संकाय, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान।
7. रामबाबू डी. (2014). तेलंगाना क्षेत्र मे शिक्षक प्रशिक्षुओं में मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन, जनरल ऑफ रिसर्च, 31(4), 52।
8. सारेस, अमंदा जी.एस.(2014). पब्लिक स्कूल टीचर्स परसेप्शन अबाउट मेन्टल हैल्थ, आर्टिकल रिव्यू, 84(6), 940-948।
9. सिंह एवं सिंह (2006). महिला शिक्षिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य स्तर का अध्ययन, रिसर्च इन एजूकेशन, 41(5), 36।
10. शर्मा, सुधा कुमारी (2013). उच्च माध्यमिक स्तर के कला वर्ग के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवार के वातावरण, मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतों व आत्म-विश्वास का अध्ययन, पी.एचडी. स्तर शोध, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, उत्तार प्रदेश।
11. कौर, कुलजीत (2006). आक्युपेशनल स्ट्रैस ऑफ हायर सैकण्डरी स्कूल टीचर्स इन रिलेशन टु मैन्टल हेल्थ, पी.एच.डी शोध अध्ययन, पंजाब विश्वविद्यालय, पंजाब।
12. ग्रोसी, चन्द्रकान्ता., पंवार, नीरज एवं कुमार, संदीप. (2015). मेन्टल हैल्थ अमंग गवरमेन्ट स्कूल टीचर्स, द इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इण्डियन साइक्लोजी, 3(1), 117-124।
13. चौधरी, नंदकिशोर (2013). ए स्टडी ऑफ मेन्टल हैल्थ इन रिलेशन टू फैमिली इनवायमेंट एण्ड जेन्डर ऑफ स्कूल गोइंग एडोलोसेण्टस, पेरिपेक्ष्य, इंडियन जनरल ऑफ रिसर्च, 3(4), 61-62।
14. जेबाराज, आर., प्रभु शंकर, एस., (2006). मेंटल हैल्थ ऑफ सुनामी अफैक्टेड एडोलसेंटस ऑरकन चिल्ड्रन, एडुट्रैक्स, न्यू दिल्ली, VI(2) 38-40
15. बोरस्टनी एवं अन्य (2013). ए स्टडी ऑफ द रिलेशन विटबिन मेन्टल हैल्थ एण्ड एकेडमिक परफोरमेन्स ऑफ स्टूडेन्टस ऑफ द इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी अहवाज ब्रांच, प्रोसिडिया सोशल एंड बिहेवियर साइंस, 116, 163
16. वर्षा चौधरी (2018) उच्च माध्यमिक स्तर के महिला एवं पुरूष अध्यापकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन 2018 IJRAR December 2018, Volume 5, Issue 4 www.ijrar.org (E-ISSN 2348-1269, P- ISSN 2349-5138)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

भारत की आंतरिक सुरक्षा के सामने नक्सलवाद की चुनौती: एक अध्ययन

डॉ. (लेफ्टिनेंट) कनिया मेड़ा* डॉ. सुशील कुमार**

शोध सारांश – भारत की आंतरिक सुरक्षा के सामने नक्सलवाद को एक गंभीर समस्या माना जाता है। नक्सली गतिविधियों ने भारतीय समाज के जीवन को प्रभावित किया है। भारत में, समस्या केवल कानून और व्यवस्था से नहीं है, बल्कि राजनीतिक विफलताओं के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से भी है। जहां नक्सलवाद एक गंभीर समस्या है, वहीं यह स्थापित व्यवस्था के खिलाफ मानसिकता का परिणाम है। आज नक्सलवाद का प्रभाव बहुत बढ़ गया है। भारत के 22 राज्यों में 220 जिलों को नक्सली हिंसाओं ने प्रभावित किया है। नक्सलवाद का प्रसार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। भारत की 80 प्रतिशत भूमि, 19 प्रतिशत जंगल और 35 प्रतिशत जनसंख्या नक्सलवाद के प्रभाव में है। छत्तीसगढ़ में पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा नक्सली हमले हुए हैं और इसमें 614 लोग मारे गए हैं। इस शोध पत्र में पिछले 10 वर्षों के नक्सली हमलों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है और राज्यवार नक्सली हमलों में मरने वालों की संख्याओं का वर्णन किया गया है। 2009-2013 से 2014-2019 तक नक्सलियों का प्रभाव कम हुआ है। 2009 के दौरान-2013 में नक्सल प्रभावित राज्यों में कुल 9332 हमले हुए और 3069 लोग मारे गए। हालांकि, 2014-2019 के दौरान अनुपात में कमी आई है, इस अवधि के दौरान 4838 हमले हुए हैं। नक्सल प्रभावित राज्यों में 1354 लोगों की मौते हुई।
शब्द कुंजी – नक्सलवाद, आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक असमानता।

प्रस्तावना – भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जनता को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। क्योंकि जनता ही संप्रभु है। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया। यहां लोगों के राज्य-निर्माण की एक प्रणाली बनाई गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य साम्राज्यवाद के दौरान भारतीय समाज के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान कर यहाँ सामाजिक न्याय की स्थापना करना था। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने चेतावनी दी थी कि वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता निरर्थक है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के दौरान भारतीय समाज की संरचना असमानता पर आधारित थी। पिछड़ी जनजातियों और किसानों के विद्रोह की भूमिका कई बार आई। उत्पादन के साधनों को न्याय देकर समाज के स्वामित्व का निर्माण करने वाली समाजवादी व्यवस्था पिछड़े और हाशिए के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आगे आई। भारत में, शोषित और वंचितों की आवाज कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा उठाई गई थी। साम्यवादी विचारधारा के लोगों ने जोर देकर कहा कि भारत को गरीबी, आर्थिक असमानता और उत्पादन के साधनों के असमान वितरण की व्यवस्था को समाप्त करके सामाजिक न्याय पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए। जिन आंदोलनों ने इसे आगे बढ़ाया, उन्हें नक्सली आंदोलन कहा गया। भारत में नक्सलवाद का उदय सामाजिक पुनर्निर्माण के आधार पर हुआ। नक्सलवाद वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए एक आंदोलन के रूप में उभरा। जब अधिकारियों ने वंचितों को न्याय नहीं दिया, तो नक्सलियों ने संघर्ष का रास्ता स्वीकार कर लिया। आज नक्सलवाद का प्रभाव बहुत बढ़ गया है।[1] नक्सल ने भारत के 22 राज्यों के 220 जिलों को प्रभावित किया है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे की कमी है। नक्सलवाद का प्रभाव भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। लेकिन वामपंथी लोग नक्सली आंदोलन को न्याय और अधिकारों का आंदोलन बताते हैं। भारतीय संविधान ने लोकतांत्रिक तरीके से समाजवाद के निर्माण की नीति अपनाई है। लेकिन 70 साल बाद भी आर्थिक विषमता कम नहीं हो पायी, इसलिए नक्सली आंदोलन ने हॉट लाइन ले ली है।

अध्ययन का उद्देश्य: भारतीय संविधान ने एक लोकतांत्रिक समाजवाद को अपनाया लेकिन हमारी व्यवस्था ने आर्थिक असमानता को कम नहीं किया। इसलिए, नक्सली आंदोलन स्थापित राजनीतिक व्यवस्था का विरोधा करने के लिए आगे आया। वामपंथी लोग इस आंदोलन को एक वैचारिक आंदोलन के रूप में देखते हैं। हालांकि, नक्सली हिंसा से देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा है। इसलिए, इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य नक्सली आंदोलन की वर्तमान वैचारिक पृष्ठभूमि को समझना और इस आंदोलन की हिंसा को रोकने के उपायों का प्रस्ताव करना है।

नक्सलवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: भारत की आंतरिक सुरक्षा के सामने नक्सलवाद को एक गंभीर समस्या माना जाता है। नक्सली गतिविधियों ने भारतीय समाज के जीवन को प्रभावित किया है। जाने-माने राजनीतिक विश्लेशक प्रताप अस्बे कहते हैं, *'नक्सलवाद भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाली कई प्रवृत्तियों में से एक है। भारत में समस्या केवल कानून-व्यवस्था की नहीं है, बल्कि राजनीतिक विफलताओं के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से भी है।'* जबकि नक्सलवाद एक गंभीर समस्या है, यह स्थापित व्यवस्था के खिलाफ मानसिकता का परिणाम है। नक्सलवाद को

* सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, राजनीति विज्ञान, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

कार्ल मार्क्स के वर्ग संघर्ष के सिद्धांत पर आधारित एक समाजवादी आंदोलन माना जाता है।[2] इस आंदोलन को भारत में साम्यवादी विचारधारा की स्थापना प्राप्त हुई है। नक्सली आंदोलन माओ त्से तुंग के विचारों की पृष्ठभूमि है कि सत्ता का निर्माण गोलियों से किया गया था। 1964 में भारत में कम्युनिस्ट पार्टी के विभाजन के बाद, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने चीन का समर्थन किया। इस पार्टी के नेताओं ने चीन जैसी क्रांति लाने के लिए सशस्त्र किसान संघर्ष शुरू किया। सशस्त्र क्रांति के माध्यम से लोकतंत्र की स्थापना करने का चारु मुजुमदार का दृष्टिकोण उनकी पार्टी से अलग था। उनके द्वारा शुरू किए गए सशस्त्र संघर्ष ने उन्हें पार्टी से हटा दिया। लेकिन फिर उन्होंने विवाद को तेज कर दिया। यह मानते हुए कि संसदीय तरीके से परिवर्तन संभव नहीं था, उन्होंने किसानों और श्रमिकों को उनके अधिकार देने के लिए जिस सशस्त्र संघर्ष का रास्ता चुना था, वह नक्सलवाद के रूप में जाना जाने लगा। 1967 से नक्सलवाद शब्द भारत में अधिक प्रचलित हो गया। नक्सलबाड़ी की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गाँव में हुई थी। 2 मार्च 1967 को नक्सलबाड़ी गांव में एक अमीर जमींदार ने एक गरीब किसान की पिटाई कर दी। नतीजतन, किसान आंदोलनकारियों द्वारा आंदोलन शुरू किया गया था। इसके विरोध में पुलिस ने किसानों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। इसके जवाब में 25 मई 1967 को चारु मुजुमदार और कानू सान्याल ने पुलिस पर सशस्त्र हमला किया।[3] आंदोलन में शामिल सभी किसानों ने सरकारी कार्यालय के कागजात जलाकर आंदोलन में भाग लिया। संघर्ष ने राज्य में कानून और व्यवस्था को समाप्त कर दिया। पुलिस स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पाई। नक्सलियों ने अपना ध्यान सरकारी कार्यालयों, कर्मचारियों, धनी जमींदारों और पुलिस की ओर खींचा और सरकार का ध्यान आर्थिक असमानता, गरीबी और किसानों के शोषण पर केन्द्रित किया। चारु मुजुमदार, कानू सान्याल और जंगल संथाल ने बेरोजगार युवाओं और किसानों को पकड़कर कम समय में भारत के व्यापक क्षेत्र पर प्रभाव डाला।[4]

पश्चिम बंगाल में शुरू हुआ यह आंदोलन आज देश के 22 राज्यों के 220 जिलों में फैला है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे भारतीय राज्य नक्सलवाद से अधिक प्रभावित हैं। इस आंदोलन के उदय की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक और नकारात्मक दोनों स्तरों पर चर्चा की जाती है, लेकिन इससे होने वाली मानवीय हिंसा उचित नहीं है। यह आंदोलन गरीबों को भी बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। जबकि उनका सामाजिक परिवर्तन का हिंसक तरीका सही नहीं है, उनके प्रति राज्य की उपेक्षा सामाजिक न्याय के लिए उचित नहीं है।

नक्सलवाद के उदय के कारण: नक्सली ऑपरेशन के जरिए हिंसा भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत की 35 प्रतिशत आबादी नक्सलवाद के प्रभाव में है। उन्हें संविधान और सरकार पर भरोसा नहीं है। वे स्वयं अपने क्षेत्र में समानांतर सरकार चलाते हैं। यह उन लोगों को लक्षित करता है जिन्हें समस्या है। नक्सलवाद का आधार विषम आर्थिक व्यवस्था है।[5] देश में नक्सली हिंसा इस मानसिकता के साथ शुरू हुई कि इस व्यवस्था में संघर्ष के बिना न्याय नहीं होगा और मार्क्सवाद, माओवाद को प्रेरित किया। इसलिए जरूरत है कि बल के आधार पर देश में नक्सलवाद के प्रभाव को कम करने की बजाय यह पता लगाने की जरूरत है कि इनके प्रभाव का कारण क्या है और इस पर स्थायी उपाय करने की जरूरत है। यहां भूमि सुधार कानून को लागू न करने का कारण भारत में नक्सलवाद के प्रभाव को बढ़ाना है। भूमि कार्यकाल भारत में आर्थिक असमानता के मुख्य कारणों में से एक है। आदिवासी क्षेत्रों में जमींदारों के उच्च स्तर और उनके शोषण के कारण, नक्सलियों ने उनसे छुटकारा पाने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में जमींदारों से हाथ मिलाना शुरू कर दिया। सरकार द्वारा भूमि को मिटाने का कोई ईमानदार प्रयास नहीं है और सरकार इसकी उचित देखभाल नहीं करती है, इसलिए भारत में नक्सलवाद का प्रभाव बढ़ गया है।

मार्क्सवादी विचार की धारा से नक्सली आंदोलन को बौद्धिक प्रतिष्ठान प्राप्त हुआ। कार्ल मार्क्स ने पूंजीवाद के खिलाफ क्रांति में श्रमिकों की मुक्ति के मार्ग का नेतृत्व किया। इसी आधार पर माओ ने चीन में क्रांति ला दी। इस धारा से नक्सलियों को विश्वास हो गया कि परिवर्तन शांति से नहीं बल्कि बंदूक की शक्ति से संभव है। इसके अलावा, सरकार की पूंजीवादी ध्रुवीकरण नीति नक्सलवाद के लिए एक गंभीर चुनौती है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने स्वीकार किया कि भारत की आंतरिक सुरक्षा के सामने नक्सलवाद एक गंभीर समस्या है। जिन राज्यों में जातिवाद बढ़ रहा है, वहां गरीबी अधिाक प्रचलित है।[6] नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकार ने काफी हद तक अनदेखी की है। परिणाम गरीबी में वृद्धि है। नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध है। इसमें लोहे, बॉक्साइट, हीरे और सोने की खानों के साथ वनस्पति है। फिर भी, गरीबी अधिक है। यह स्थिति झारखंड, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल राज्यों में भी मौजूद है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई के कारण नक्सलवाद बढ़ रहा है।

नक्सल क्षेत्रों के लोगों का उनकी आर्थिक स्थिति और शैक्षिक पृष्ठभूमि के कारण हर स्तर पर शोषण किया जाता है। कोई विकास कार्य नहीं है। जब विरोधा करने वाले अपनी हद तक पहुंच जाते हैं तो लोगों के प्रति असंतोष बढ़ जाता है। इस बढ़ते असंतोष ने जातिवाद को जन्म दिया है। जिन राज्यों में नक्सलवाद का प्रभाव बढ़ा, वहां भी हमारी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो रही थीं। लेकिन विकसित राज्यों में लोग समृद्धि का जीवन जीते हैं। क्षेत्रीय विवादों की इस भावना से अविकसित राज्यों के लोगों में असंतोष पैदा हुआ। वहां लोकतंत्र की जगह नक्सलवाद का विकास हुआ। नक्सलियों के बढ़ते प्रभाव ने भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है।[7]

भारत में नक्सली हिंसा: स्थापित राजनीतिक व्यवस्थाएं गरीबों को वहन नहीं कर सकतीं और आदिवासी लोगों को उनके अधिकार, इसलिए नक्सली हिंसक तरीके से सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए लोकतंत्र विरोधी रास्ता अपनाते हैं। भारत की 80 प्रतिशत भूमि, 19 प्रतिशत जंगल और 35 प्रतिशत जनसंख्या नक्सलवाद के प्रभाव में है। नक्सलवाद की पृष्ठभूमि के बौद्धिक और सकारात्मक पहलू भले ही जायज हैं, लेकिन इसके परिणामस्वरूप मानवीय हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता।

2001 से 2013 तक 13 वर्षों के दौरान, 6000 से अधिक आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में नक्सली हमलों में लोग मारे गए। निम्न तालिका 2014 से 2019 तक विभिन्न राज्यों में नक्सली हिंसा की व्यापकता को दर्शाती है।[8]

तालिका क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 नक्सलवाद की गंभीरता को दर्शाती है। इन माओवादी हमलों में निर्दोश नागरिकों के साथ-साथ पुलिस, सुरक्षा गार्ड और अधिकारी मारे गए हैं। नक्सली अपने कैडरों को हथियार चलाने, विस्फोटक विस्फोट करने का प्रशिक्षण देते हैं। बिहार, झारखंड, मधय प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। वे अपनी जरूरतों को पूरा करने के

लिए उद्योगपतियों, ठेकेदारों, व्यापारियों, अधिकारियों से फिरौती वसूलते हैं। हालांकि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई आंदोलन आर्थिक असमानता और शोषण के खिलाफ है, वे जिस तरह की हिंसा को अपनाते हैं, वह अस्वीकार्य है। पिछले पांच वर्षों में राज्यवार नक्सली हमलों और मौतों की संख्या को ऊपर तालिका संख्या 1 में दिखाया गया है। भारत में पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में सबसे अधिाक नक्सली हमले हुए हैं और 614 लोग मारे गए हैं। झारखंड दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। पिछले पांच वर्षों में 348 नागरिक मारे गए। हालांकि इन दोनों राज्यों को नव निर्मित किया गया था, लेकिन अभी भी कोई विकास नहीं हुआ है।

तालिका क्रमांक 2

राज्य	2014-2019		2009-2013	
	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु
आन्ध्र प्रदेश	112	28	299	68
बिहार	582	118	1094	295
छत्तीसगढ़	1722	614	2082	971
झारखण्ड	1515	348	2390	770
मध्य प्रदेश	22	3	28	1
महाराष्ट्र	357	106	1820	238
ओडिसा	452	126	875	250
तेलंगाना	50	11	निरंक	निरंक
उत्तर प्रदेश	0	0	16	3
पश्चिम बंगाल	0	0	703	461
अन्य	26	0	25	12
कुल	**4838**	**1354**	**9332**	**3069**

(स्त्रोत: रिपोर्ट 2018-19 व 2013-14 गृह मंत्रालय, भारत सरकार)

उपर्युक्त तालिका संख्या 2 से स्पष्ट किया गया है कि पिछले 10 वर्षों के नक्सल हमलों और राज्यवार नक्सल हमलों में मौतों की संख्या का तुलनात्मक अध्ययन दिखाता है कि वर्ष 2009-2013 से 2014-2019 तक नक्सली हमले व प्रभाव कम हुआ है। 2009-2013 के दौरान नक्सल प्रभावित राज्यों में कुल 9332 हमले हुए और 3069 लोग मारे गए। हालांकि, अनुपात में कमी आई है। 2014-2019 के दौरान, इस अवधि के दौरान नक्सल प्रभावित राज्यों में 4838 हमले हुए, जिसमें 1354 लोग मारे गए।

निष्कर्ष : उपरोक्त चर्चा से ऐसा लगता है कि नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक चुनौती बन गया है। नक्सलवाद कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है, यह एक सामाजिक और आर्थिक समस्या है। इसे वंचित और आदिवासी समुदायों के मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है। उन्हें लोकतंत्र में विश्वास पैदा करने की जरूरत है। जनजातीय क्षेत्रों के लोगों का विश्वास बनाने के लिए सड़क, बिजली, पानी के साथ-साथ संबंधित मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है।[9] नक्सली क्षेत्रों के आदिवासियों को एकीकृत कर समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए एवं उन्हें समान अवसर एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाए। जिसके लिए भारत के संविधान में आदिवासी समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। इस समाज को शोषण से बचाना सरकार की जिम्मेदारी है। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार, लोकतंत्र शासन प्रणाली है कि लोगों के आर्थिक और सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। बहुसंख्यक लोकतंत्र के नाम पर हमें गारंटी देनी चाहिए कि अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय नहीं होगा। जब उन्हें पता चलता है कि उनके जीवन की किसकी को कोई परवाह नहीं है या स्थापित व्यवस्था उनके अन्याय और शोषण के खिलाफ कुछ नहीं करती है, तब नक्सली स्थापित व्यवस्था से बदला लेने की भावना जागने लगती हैं। आजादी के 70 साल बाद भी एक वर्ग सामाजिक न्याय से वंचित है। यदि ऐसी हानियों को रोकना है, तो संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना ही स्थापित व्यवस्था का एकमात्र उपाय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च, वॉल्यूम 5 अंक.6, जून 2016, पृ. सं. 408.
2. रिसर्च हब-इंटरनेशनल मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च जर्नल, वॉल्यूम 1, अंक 4, नवंबर, 2014, पृ. सं. 2
3. www.pravakta.com
4. प्रियंका वोरा और सिद्धांत रॉय, *'हाशियाकरण और हिंसा: भारत में नक्सलवाद की कहानी'*, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिमिनल जस्टिस साइंस, वॉल्यूम 6 दिसंबर, 2011
5. रिसर्च रिव्यू-इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी वॉल्यूम 4, अंक 2, फरवरी, 2019, पृ.सं. 880
6. रिपोर्ट 2013-14, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
7. रिपोर्ट 2018-19, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
8. हर्ष कुमार सिन्हा और अश्विनी कुमार पांडे, *'नक्सलवाद: भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक खतरा'*, डिफेन्स स्टडीस रिसर्च एण्ड डेवलेपमेन्ट, वॉल्यूम 1, जनवरी, 2009
9. ज्ञानोबा धोबले, *'भारत की आंतरिक सुरक्षा से पहले नक्सलवाद की चुनौती: एक अधययन'*, जर्नल ऑफ इंर्फोमेशन एण्ड कम्प्यूटेशनल सांइस, फरवरी 2020, 10 (2), पृ. सं. 251-256

तालिका क्रमांक 1

राज्य	2014		2015		2016		2017		2018		2019(31 मार्च 2019)	
	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु	घटना	मृत्यु
आन्ध्र प्रदेश	18	04	35	08	17	06	26	07	12	03	04	00
बिहार	163	32	110	17	129	28	99	22	59	15	22	04
छत्तीसग़ढ़	328	112	166	101	395	107	373	130	392	153	68	11
झारखण्ड	384	103	310	56	323	85	251	56	205	43	42	05
मध्य प्रदेश	03	00	00	00	12	02	03	01	04	00	00	00
महाराष्ट्र	70	28	55	18	73	23	63	16	75	12	21	09
ओडिसा	103	26	92	28	86	27	81	29	75	12	15	04
तेलंगाना	14	05	11	02	07	00	05	02	11	02	02	00
उत्तर प्रदेश	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
पश्चिम बंगाल	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
अन्य	08	00	10	00	06	00	01	00	00	00	00	00
कुल योग	1091	310	1089	230	1048	278	908	263	833	240	175	33

(स्रोत: रिपोर्ट 2018-19 गृह मंत्रालय, भारत सरकार)

****

Health Status of Women in India

Dr. Santosh Kumari*

Introduction - In an in-depth study of the human life expectancy across the world, studies have shown that women generally have a higher life expectancy at birth than their male counterparts. However, India is one of the few countries in the world where women and men have an almost equal life expectancy at birth. The lack of a regular benefit for women during life in India indicates that women's health is a systematic problem. Indian women have a high mortality rate, especially in their teens and middle years.

The lives of Indian women are inseparably linked to their social status. According to research on the status of women, the contributions that Indian women make to their families are often overlooked, and instead are considered economic debts. In India, sons are loved as they are expected to care for their parents as they grow up. This choice of sons, along with the high cost of female genital mutilation, could lead to the abuse of daughters. In addition, both formal education and employee participation are inferior to Indian women. They usually have a measure of independence, as they are ruled by their fathers first, then their husbands, and finally their sons. Therefore, there are many factors that contribute to the decline in the health status of women in India.

It has been said that the current culture and practices in India cause the health of Indian women and the state of healthy eating to deteriorate. Indian women are often at risk as their mothers are malnourished and sick. Breastfeeding women were found to have the highest rates of anemia, followed by pregnant women and adolescent girls. According to epidemiological studies, half of all pregnant women have anemia, and at least 120 million women in developing countries are underweight. In South Asia, 60 percent of women are considered underweight.

Unequal poverty of women, low levels of economic well-being, gender discrimination, and the role of reproduction expose women not only to many diseases, but also to access to health care and employment. Women's productivity, independence, quality of life, and physical and emotional well-being are all affected by sexual violence such as domestic violence, rape, and sexual abuse. According to shocking research, widowed women are often forced into prostitution to support themselves. Men spread the virus to women four times more often than women to men. When women receive blood transfusions to treat anemia or pregnancy-related bleeding, they can become infected with HIV. Sexual abuse in childhood increases the risk of depression and reproductive disorders later in life, which can lead to infertility in a woman. Daughters are often victimized because of sexual harassment (son-in-law) and the cost of lobola for their daughters. Educational bias and the formal participation of workers, as well as living the lives controlled by fathers, spouses, and their sons, may have a negative impact on the health concerns of Indian women.

Gender Discrimination in India Leading to a Declined Health Status of Women - Discrimination against women and girls is a widespread and long-standing phenomenon that pervades Indian society at all levels. Despite its relatively rapid economic growth, India's progress towards gender equality was disappointing given its position in rankings such as the Gender Development Index. India's GDP has increased by about 6% over the last decade, while female labor force participation has dropped dramatically from 34% to 27%. The wage gap between men and women is constant at 50%. (A recent survey found a 27% gender pay gap for white-collar jobs). Women's imbalanced poverty, low socio-economic levels, gender discrimination and the role of reproduction expose women to a variety of illnesses and limit access and access to health services. Women's productivity, autonomy, quality of life, and physical and mental well-being are adversely affected by domestic violence, rape, and sexual assault. According to shocking research, women who have lost their male spouse are often forced into prostitution to earn a living. Men are four times more likely to transmit the infectious virus to women than women to men. When a woman receives a blood transfusion to treat anemia or pregnancy-related bleeding, she can become infected with HIV. Childhood sexual abuse increases the risk of developing depression and genital infections in later years and can lead to infertility in women. The son is preferred over the daughter for a variety of reasons, including financial support, retirement safety, property inheritance, and dowry. Meanwhile, the Government of India has made the necessary efforts to address current gender inequality. Unwanted illegal pregnancies terminated by unsafe abortions can have

*Associate Professor & Head (Sociology) J.K.P.P.G.College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA

serious health consequences for women. Decreasing fertility in Indian women can usually improve overall health. Torture and violence inflicted on women by their husbands and mothers-in-law may be a contributing factor to Indian women's poor health and mental well-being. Nutritional issues affect children born to moms with a low level of education twice as much as children born to mothers with a higher level of education.

Income Disparity as a Determinant - Caste hierarchy is linked to income inequity, and it's crucial to understand how it affects women's health. Deshpande (2000) believes that, while caste inequality is lower in Kerala than in other areas of the country, inter-group disparity in terms of consumption expenditure on basic requirements such as food and clothing is higher between SCs/STs and other backward or poor groups. As a result, as their food intake decreases, they become more susceptible to disease. Women from scheduled castes, scheduled tribes, and Muslims, in particular, are malnourished at a higher rate than other groups of society in India. According to Borooah et al. (2012), malnourished women are more prone to illnesses than other groups, which is reflected in mortality rates. When compared to Sikhs, Christians, and non-Scheduled Caste and non-Scheduled Tribe Hindus, Dalits, Adivasis, and Muslims have a shorter mean age at death. If Adivasis and Scheduled Tribe Christians become ill before dying, they are less likely to receive medical attention than Dalits and Muslims. Because low-income rural women rely mostly on agricultural labour and small landholdings, they frequently suffer from hunger as a result of insufficient income and material deprivation such as shelter and sanitation.

Conclusion - A fundamental quality that leads to human well-being and economic growth is good health. Appropriate nutrition for women would enable them to contribute as productive members of society, resulting in healthier generations. The government should implement essential and mandatory regulations to boost literacy rates and education quality, as well as create enough employment possibilities for women, which could have a good impact on women's health problems. Women's health can also be improved by the government enhancing and expanding basic health services, as well as providing regular counselling on safe sex, educational and nutritional needs, and gender-based violence.

References :-

1. **Raju Kowsalya and Shanmugam Manoharan, 2017** :Health Status of the Indian Women - A Brief Report, Med Crave Advances in Plants & Agriculture Research, Volume 5, Issue 3, 2017
2. **Kushwah,Vandana, 2013 :**The Health Status of Women in India ,Research Journal of Chemical and Environmental Sciences, Volume 1 Issue 3 (August 2013);66-69.
3. **Kumar,Ashok,M.E. Khan, 2010 :**Health Status of Women in India: Evidences from National Family Health Survey-3 (2005-06) and future outlook, Research and Practice in Social Sciences , Vol. 6 No.2 (August 2010)1-21.
4. **Sarojini N.B. & others, 2006 :**Women's Right to Health, National Human Right Commission, New Delhi.

****

भारतीय राजनीति में स्त्रियों की स्थिति

डॉ. अवधेश कुमार *

प्रस्तावना - विश्व भर में स्त्रियों की स्थिति सुधारने के लिए किये गये आन्दोलनों में शिक्षा को समाज में स्त्रियों की दलित स्थिति को बदलने के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण साधन माना गया है। 19वीं शताब्दी के भारतीय समाज सुधारक भी ऐसा ही मानते थे। परन्तु उनका ध्येय शिक्षा का उपयोग स्त्रियों को उनके पत्नी और माता के परम्परागत कर्तव्यों का पालन करने में अपेक्षाकृत अधिक योग्य बनाना था, न कि उन्हें सामाजिक आर्थिक अथवा राजनीतिक विकास की प्रक्रिया में अधिक दक्ष और सक्रिय सदस्य बनाना। उपनिवेशी सत्ताधारियों ने स्त्रियों के लिए शिक्षा विषयक इस सीमित दृष्टिकोण का सामान्यत: समर्थन किया। 20वीं शताब्दी में स्वतन्त्रता प्राप्ति और संविधान द्वारा प्रदत्ता समानता के अधिकारों ने राजनीति अर्थव्यवस्था और समाज में बहुविध भूमिका निभाने के लिए महिलाओं का आह्वान करके उनकी स्थिति सुधारने के लिए नये-नये आयाम प्रस्तुत किया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षो में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भी एक ऐसे उपकरण के रूप में शिक्षा की भूमिका पर बल दिया, जो नई समाज व्यवस्था का निर्माण करने के लिए स्त्रियों को सक्षम बना सके। इसके बावजूद भी भारत में स्त्रियों की शिक्षा के प्रति जो विचारधाराएँ अपनाई गईं, उनमें एक ओर पारम्परिक सीमित दृष्टि और दूसरी ओर इस उदार नवीन संकल्पना के बीच स्पष्ट रूप से वैध वृत्ति प्रकट होती है। जिसने समाज के मूल्यों के विकास को प्रभावित किया है।

यह सच है कि पूर्व स्वातन्त्र्य काल से स्त्री शिक्षा की प्रगति की तुलना में स्वातन्त्र्योत्तर काल में स्त्री शिक्षा का असाधारण विकास हुआ है। 1973-74 तक आते-आते विभिन्न स्तरों पर नामांकित लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या की तुलना में उनका अनुपात आश्चर्यजनक रूप से बढ़ गया।[1] लेकिन इसके साथ ही स्त्री शिक्षा विषयक राष्ट्रीय समिति द्वारा लिये गये सर्वेक्षण के आंकड़े विपरीत स्थिति का अर्थात् स्त्री शिक्षा की दिशा में ह्रास का संकेत भी करते हैं।[2] व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में स्वतन्त्रता से पूर्व की तुलना में स्त्रियों की सफलता उल्लेखनीय मानी जा सकती है। हालांकि आज भी इसका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। इसी प्रकार अनुसंधान के क्षेत्र में स्त्रियों का प्रवेश मुख्य रूप से स्वतन्त्रता के बाद का विकास है। विभिन्न परीक्षाओं में लड़कों की तुलना में लड़कियों ने अपार सफलता प्राप्त कर इस पूर्व धारणा को ध्वस्त कर दिया है कि उनमें अभिरूचि और प्रतिभा कम होती है। स्त्री शिक्षा का मुद्दा नारी का सबसे प्रधान मुद्दा रहा। 1917-20 के बीच स्त्री-दर्पण में इस पर कई लेख निकले। बदलते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक सन्दर्भ में शिक्षित पुरूष और अशिक्षित स्त्री के बीच की खाई ने सामाजिक और पारिवारिक ढाँचे में संकट पैदा कर दिया था। राष्ट्रीय आन्दोलन ने भी स्त्री शिक्षा का सवाल खड़ा कर दिया। स्त्रियों ने अपने ऊपर होने वाले अत्याचार और अपमान का एक बड़ा कारण स्त्री-शिक्षा की कमी को माना। स्त्री-शिक्षा के लिए उन्होंने बाल विवाह और पर्दे की प्रथा का विरोध किया क्योंकि ये दोनों प्रथाएँ स्त्री-शिक्षा की राह में रूकावट थीं। उस समय के स्त्री आन्दोलन ने इस तथ्य को समझा और उसने स्त्री-शिक्षा के सवाल को स्त्री-मुक्ति के सवाल के साथ जोड़ दिया। स्त्री-शिक्षा उस वक्त सिर्फ एक बहस ही नहीं एक सामाजिक आन्दोलन भी था। पिछली शताब्दी के अन्त में ही स्त्री-संगठनों ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले थे। प्रथम विश्वयुद्ध के दौर में ऐनी बेसेन्ट ने बनारस में लड़कियों का प्रसिद्ध स्कूल खोला जो आज बसन्त कन्या महाविद्यालय है।

लड़कियों की शिक्षा के प्रति सामाजिक रवैया स्वीकृति से लेकर निपट उदासीनता तक तरह-तरह का है। शहरी क्षेत्रों के मध्य वर्ग में लड़कियों की शिक्षा के प्रति स्वीकृति सबसे अधिक है। समृद्ध परिवारों में एक छोटा वर्ग परम्परिक कारणों से आज भी इसका विरोध करता है, किन्तु अन्य वर्ग इसे एक उपलब्धि और आधुनिकीकरण का प्रतीत मानते हैं। निम्न-मध्यम वर्ग में अधिकाधिक लोग आर्थिक आवश्यकताओं के कारण लड़कियों की शिक्षा के लिए पर्याप्त त्याग करने के लिए तैयार हैं। किन्तु एक बहुत बड़ा वर्ग अब भी आर्थिक तथा सामाजिक कठिनाईयों के कारण ऐसा करने में अपने को असमर्थ पाता है। लड़कियों की शिक्षा के लिए सबसे प्रबल सामाजिक समर्थन विवाह के बाजार में इसकी बढ़ती माँग से मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार 64.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शिक्षा से लड़कियों के विवाह में बेहतर घर बर मिलने में सहायता मिली है। तथापि विवाह की सम्भावनाओं और शिक्षा के बीच यह सम्बन्ध विभिन्न दिशाओं में काम करता है और कई अन्तर्विरोधात्मक स्थितियाँ यहाँ भी हैं, जैसे लड़कियों की शिक्षा दहेज की माँग को और भी बढ़ाने में योग देती है।[3] स्त्री-पुरूष की समानता के लिये नये मूल्यों को स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध सुविचारित शैक्षिक प्रणाली के लिए सतत् प्रयत्न करना ही होगा।

सामाजिक दृष्टि से नारी की मुक्ति का एक सबसे अधिक उल्लेखनीय परिवर्तन रहा है- गृहस्थी के संकुचित घरौंदे से बाहर निकलकर उसका बाहरी दुनियाँ की गतिविधियों के क्षेत्र में आना। भारत में स्त्री की आर्थिक सहभागिता पहले भी थी। परम्परागत ग्राम्य अर्थव्यवस्था में महिलाओं ने उत्पादन और विपणन दोनों में स्पष्ट और सर्वस्वीकृत भूमिकाओं का निर्वाह किया था, और आज भी जहाँ-जहाँ अर्थव्यवस्था के परम्परागत रूप प्रचलित हैं, वहाँ-वहाँ कर रही है। स्वतन्त्रता के बाद बदली हुई सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से मध्यम वर्ग की स्त्रियों के लिए आवश्यक हो गया है कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने। उच्च वर्ग की स्त्रियाँ स्वेच्छया काम करना चाहती हैं। परिणामस्वरूप मध्यम तथा उच्च वर्ग की स्त्रियों ने ऐसे कई

* सहा0 प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

व्यवसायों में प्रवेश किया है, जिनपर अब तक पुरूषों का एकाधिकार था। स्वातन्त्र्योत्तर काल में परम्परागत सेवाओं और व्यवसायों में स्त्रियों के उभरने के लिए जो प्रत्यक्ष कारण उत्तरदायी हैं, वे निम्नलिखित हैं-

1. रोजगार के मामलों में भेदभाव न बरतने और अवसर की समानता का संवैधानिक आश्वासन।
2. स्त्री-शिक्षा का विकास और इसके फलस्वरूप शिक्षा तथा रोजगार के उन क्षेत्रों में उनका प्रवेश जिनमें अब तक पुरूषों का एकाधिकार था।
3. बढ़ते आर्थिक दबाव के कारण शहरी मध्यवर्ग के बीच स्त्रियों में सवेतन रोजगार से संबंधित सामाजिक मूल्यों में क्रमिक परिवर्तन।
4. स्वातन्त्र्योत्तर काल में विकास के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में तृतीयक क्षेत्र का विस्तार।[4]

इस दिशा में तस्वीर का दूसरा रूख चिंताजनक है जो इसी सरकारी समिति की सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है। ग्राम्य और कुटीर उद्योगों के ह्रास और तद्जनित वैकल्पिक रोजगारों और कौशल की समाप्ति के परिणामस्वरूप एक प्रकार की व्यवसायिक रोजगार गतिहीनता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह स्त्रियों के लिए एक निर्योग्यता है। इसके परिणामस्वरूप खेती के कार्य से स्त्रियों का क्रमिक विस्थापन हो रहा है, और उनके क्रियाकलाप सीमित होते जा रहे हैं।[5] स्त्रियों की आर्थिक भूमिकाओं और आर्थिक क्रियाकलापों में उनकी सहभागिता के अवसरों का कोई भी मूल्यांकन समाज के विकास की अवस्था परिवार तथा उससे अपेक्षाकृत बड़ी इकाई समाज में स्त्रियों की भूमिका के प्रति सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोणों और उनकी स्थिति के आधारभूत घटकों से सम्बद्ध सामाजिक विचारधारा को ध्यान में रखे बिना नहीं किया जा सकता।

मतदान और अन्य तमाम नागरिक अधिकारों के बावजूद आर्थिक स्वतन्त्रता के अभाव में स्त्री की स्वतन्त्रता सिर्फ अमूर्त और सैद्धान्तिक रह जाती है। पुरूष और अपनी आर्थिक निर्भरता की स्थिति में स्त्री अपनी किसी भी भूमिका में स्वावलम्बी नहीं हो पाती। अर्थ ही व्यक्ति को वह अधिकार देता है जिसके द्वारा वह अपनी परियोजनाएँ पूरी कर सके। अनेक स्त्रियाँ चाहे वे बहुत साधारण व्यवस्था में क्यों न हों, आर्थिक अधिकारों से मिलने वाली सुविधाओं का महत्व जानतीं हैं। यह बात पूरे विश्व की किसी भी स्त्री पर लागू होती है। भारतीय स्त्री ने इस दृष्टि से अपनी स्थिति को समझना शुरू कर दिया है। निम्नवर्ग की स्त्रियों का स्वयं कमाई करना तो कोई नई बात नहीं है लेकिन उच्च वर्ग की महिलाएँ भी धीरे-धीरे यह महसूस करने लगी हैं कि इंसान के रूप में उनका भी एक निजी व्यक्तित्व है तथा उनके जीवन का लक्ष्य एकमात्र अच्छी पत्नियाँ और समझदार माताएँ बन जाने से पूरा नहीं हो जाता, बल्कि वे यह भी मानने लगी हैं कि वे सब भी नागरिक समुदाय और संगठित समाज की सदस्याएँ हैं। इतनी संख्या में विवाहित मध्यवर्गीय हिन्दू महिलाओं का बिना विरोध के नौकरी कर सकने का मुख्य कारण है कि आज मध्य वर्ग की आर्थिक समस्या को सभी समझने लगे हैं और यह भी कि परिवार के रहन-सहन का स्तर बनाये रहने के लिए पत्नी की कमाई बहुधा अनिवार्य हो जाती है। परिवार को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण पहलू स्त्रियों का नौकरी करना है जो शिक्षा द्वारा तथा आज के आर्थिक दबावों के कारण संभव हो सका है। परिवार के पुरुष सदस्यों का स्त्रियों की नौकरी के के सम्बन्ध में दृष्टिकोण भी परिवर्तित हुआ है। अधिकांश परिवार स्त्री के व्यावसायिक जीवन में प्रवेश के समर्थक हैं। इसके द्वारा न केवल परिवार का स्तर उन्मतशील हुआ बल्कि स्त्रियों की परिवार में स्थिति भी परिवर्तित हुई है।

राजनीति में स्त्रियों की तीव्रता से घुसपैठ खासकर 1919 के बाद भारतीय इतिहास की अत्यन्त आश्चर्यजनक घटना है। महात्मा गांधी और कांग्रेस राष्ट्रीय हित के प्रयास के लिए उनका आह्वान कर रहे थे। जब 1936 में कांग्रेस की सरकार बनी तो कुछ औरतें ने मन्त्री, अवर सचिव और प्रान्तीय विधायिका सभाओं के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया। भारतीय औरतें स्थानीय बोर्डों और म्युनिस्पाल्टी की सदस्या भी हुई। इस तरह भारतीय महिलाओं में जागरण की एक नयी लहर आयी। स्त्रियों की राजनीतिक स्थिति इस बात से जानी जा सकती है कि सत्ता के स्वरूप निर्धारण और इसमें भाग लेने के मामले में उन्हें कितनी समानता और आजादी प्राप्त है और इस सन्दर्भ में उनके योग को समाज कितना महत्व देता है। भारतीय संविधान में स्त्रियों की राजनीतिक समता को मान्यता दिया जाना न केवल परम्परागत भारतीय समाज से विरासत में प्राप्त प्रतिमानों की तुलना में एक बिल्कुल नया कदम था, अपितु उस समय के सर्वाधिक उन्नत देशों के राजनीतिक आदर्शों से भी बढ़कर था स्त्रियों की राजनीतिक समता की प्रगति में जिन दो प्रमुख शक्तियों ने उत्प्रेरकों का कार्य किया, वे थीं राष्ट्रीय आन्दोलन और महात्मा गाँधी का नेतृत्व।

विश्व के अनेक देशों में स्त्रियों को अपनी राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा है। फ्रांसीसी महिलाओं को अन्त में 1945 में मतदान का अधिकार मिल गया। अंग्रेज स्त्रियों को काफी संघर्ष के बाद यह अधिकार 1928 में मिला क्योंकि उन्होंने प्रथम महायुद्ध में काफी सहयोग दिया था। अमेरिका में स्त्रियों को वोट का अधिकार 1933 में मिला, लेकिन इतालवी फासिस्ट सरकार ने चर्च की सहायता से औरत को हमेशा दमित रखा। औरत वहाँ दोहरे बंधन में थीं, सरकारी प्रतिबन्ध तथा पारिवारिक बन्धन। सोवियत रूस में नारी मुक्ति आन्दोलन काफी जोरों से बढ़ा-महान नेता लेनिन ने स्त्री और मजदूर वर्ग दोनों की मुक्ति का आसन किया, दोनों को एक बताया। 1936 के सोवियत संविधान की धारा 122 लिखती है। 'सोवियत रूस में स्त्री को आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक सारे अधिकार पुरुष के बराबर प्रदत्ता किये जा रहें हैं। अन्त में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 1945 तक आते-आते दुनिया के सारे स्त्रियों और पुरुषों के समान अधिकार का एलान किया। और अधिकतर देशों ने स्त्रियों को वोट का अधिकार राजनीतिक जीवन में देकर राजनीति में प्रवेशाधिकार दिया।'[6]

स्वतन्त्रता के बाद के वर्षों में स्त्री के इन अधिकारों के प्रभाव की जाँच करते समय तथा स्त्रियों की राजनीतिक स्थिति का निर्धारण करने के लिए तीन प्रमुख कसौटियाँ हैं- चुनावों में मतदाताओं और उम्मीदवारों की हैसियत से सहभागिता-चुनाव आँकड़े महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि की सामान्य प्रवत्ति सूचित करते हैं। उनकी प्रतिशतता 1962 में 46.6 थी जो 1967 में बढ़कर 55.4 हो गई और 1971 में जबकि सभी मतदाताओं की संख्या में आमतौर पर कमी हुई थी उनकी प्रतिशतता 49.1 रही। उम्मीदवारी के मामले में स्त्रियों की संख्या कभी भी 6 प्रतिशत से अधिक नहीं रही। हालांकि समय-समय पर सत्ता के राजनीतिक दल सहित अन्य दल भी राजनीति में स्त्रियों की सक्रिय भागीदारी के लिए उनका आसन करते रहते हैं।

1993 के आम चुनावों के पूर्व भी सभी राजनीतिक दलों को एकाएक महिलाओं को अपने चुनावी घोषणापत्र में प्राथमिकता की श्रेणी में दर्ज करने का स्मरण हो आया और सभी नेता अपनी चुनावी जनसभाओं में तरह-तरह से महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकृष्ट करने के प्रयास में जुट गये।

देश के कर्णधारों को चुनाव के पूर्व ही सबसे तीव्र ढंग से यह आभास होने लगता है। कि समस्त जनसंख्या की आधी आबादी महिलाएँ हैं और इस आये चोट बैंक को अपने हिस्से में करने के लिए तमाम वायदे किये जाते हैं। स्त्रियों की राजनीतिक सजगता के स्तर अलग-अलग प्रदेशों, वर्गो और समुदायों में अलग-अलग होते हैं। शिक्षा तथा राजनीतिक सजगता भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अधिक अंतर्सम्बन्ध एवं सहभागिता को प्रदर्शित नहीं करती। कुल मिलाकर कामकाजी महिलाओं में जिनमें व्यवसायिक महिलाएँ भी शामिल हैं, राजनीति के प्रति सजगता तो अपेक्षाकृत अधिक दिखाई देती है, किन्तु इसका परावर्तन हमेशा सहभागिता में नहीं होता, अर्थात् वे राजनीति के प्रति सजग होते हुए भी उसमें अधिक सक्रिय रूप से भाग नहीं लेतीं। न ही उच्चतर सामाजिक, आर्थिक स्थिति और राजनीतिक सजगता के बीच कोई निश्चयात्मक सम्बन्ध है। समकालीन भारतीय राजनीति में स्त्रियों की स्थिति यद्यपि निराशाजनक तो नहीं है, लेकिन बहुत उत्साहवर्द्धक भी नहीं है। राजनीति में भाग लेने से स्त्रियों को रोकने वाले अनेक कारण हैं। जैसे चुनावों का बढ़ता हुआ खर्च, हिंसा की धमकियों अथवा डर और चरित्र हनन। इनमें से अंतिम दो कारण हाल ही में बढ़े हैं और उन्होंने स्त्रियों को प्रभावित किया है।

पिछले कुछ समय से साहित्य समीक्षकों एवं विद्वानों में साहित्य को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि में देखने की अभिरूचि में बड़ी वृद्धि हुई है। साहित्यिक अध्ययन ने सदैव उस ओर प्रबल अभिरूचि व्यक्त की है, जिसे कभी-कभी 'ऐतिहासिक पृष्ठभूमि' अथवा 'बौद्धिक वातावरण' या अधिक सरलता पूर्वक 'संस्कृति' का नाम दिया जाता है। साहित्य संश्लिष्ट ढंग से समाज का अंग होता है। वह समाज का रूप निर्धारण आता है उससे स्वयं निर्धारित होता है। साहित्य जितना उत्कृष्ट होगा यह संश्लिष्टता उतनी ही अधिक होगी। मुक्तिबोध तो यहाँ तक कहते हैं कि जब तक हम समीक्ष्य साहित्य के मनोवैज्ञानिक सौन्दर्यान्वयन विवेचन का समाजशास्त्रीय विश्लेषण नहीं करते तब तक हम उसके अन्त:स्वरूप का, उसकी क्षमताओं तथा सीमाओं का पूरा विवेचन तथा मूल्य यापन भी नहीं कर सकते हैं।[7]

साहित्य फोटोग्राफ के अर्थ में जीवन की प्रतिष्ठवि नहीं होता और न ही रचनाकार अपने समाज का आइना मात्र होता है। वह अपनी समकालीन समाज व्यवस्था का विरोध भी कर सकता है, उसकी हिमायत या कटु आलोचना भी कर सकता है, पर उससे निर्लिप्त नहीं रह सकता। रचनाकार के साहित्य में सम्बन्धित सामाजिक एवं नैतिक संस्कृतियाँ अपनी संश्लिष्ट अर्न्तक्रियाओं में व्यक्त होती है। साहित्य में समाज जिस रूप को धारण करके भी आए लेकिन एक तथ्य निश्चित है। 'लेखक की भावदृष्टि से समन्वित जीवन अनुभव जो उसकी अनुभूति के माध्यम से कला के तत्व बन जाते हैं, अपनी प्रारम्भिक मूल अवस्था में जीवन तथ्य होने के कारण समाजशास्त्रीय तथा ऐतिहासिक विशेषताओं से युक्त होते हैं।'[8] इसलिए रिचर्ड हागर्ट बहस करते हैं। 'बिना श्रेष्ठ साहित्य के आस्वाद के वस्तुत: कोई भी समाज की प्रकृति को नहीं समझेगा। अमेरिकी समीक्षा एक चिर सम्मत उदाहरण बी. एल. पैरिंगटन की पुस्तक 'मैन करेन्ट्स इन अमेरिकन थाट' है, जिसमें साहित्य सम्बन्धी विचारों को, धार्मिक विचारों को और राजनीतिक विचारों के सम्बन्ध से देखने का प्रयत्न किया गया है। विचार और कला आर्थिक एवं सामाजिक तत्वों द्वारा निर्धारित होते हैं और उन निर्धारक तत्वों के विषय में लेखक की कुछ जागरूकता पैरिंगटन की दृष्टि में साहित्य की उत्कृष्टता के मापदण्डों में से एक है।'[9]

वैज्ञानिक दृष्टि से देखने पर हमारे सामने यह महत्वपूर्ण तथ्य उपस्थित होता है कि साहित्य की समाजशास्त्रीय ऐतिहासिक व्याख्या वस्तुत: उतनी बाहरी नहीं है जितनी समझी जाती है। वह बाहरी और भीतरी दोनों से युक्त और दोनों के परे है। कला के भीतरी रूप से पृथक (हम मात्र विश्लेषण की सुविधा के लिए यह पृथकता मान रहे हैं रूप और तथ्य कभी एक दूसरे से पृथक् नहीं रह सकते) तत्त्व की आलोचना समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक भी हो सकती है, भले ही हम समाजशास्त्र और ऐतिहासिक विकासशास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली का उपयोग न करें (न यह हमेशा जरूरी होता है) किन्तु हमारी आलोचना को वास्तविकता पर आधारित होने के लिए समाज रचना के ऐतिहासिक विकास के स्तर आलोच्य वस्तु के समय प्रचलित भाव परम्परा लेखक वर्ग परिवार तथा व्यक्तिगत विकासावस्था, तत्कालीन सांस्कृतिक विकास आदि बातों के अध्ययन के साथ ही लेखक की उस समस्त स्थिति परिस्थिति से की गई प्रतिक्रिया का अध्ययन भी नितांत आवश्यक है। और इस अध्ययन के अंतिम गर्भितार्थ समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक ही हो सकते हैं।[10]

साहित्य सामाजिक अनुभवों को प्रकट करता है। आधुनिक कविता में यह रूप सांकेतिक संक्षिप्त और शब्दानुगत होता है। जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ता है, उसकी समूची अवधारणाओं में विकास होता है, उसके सोचने के तरीके में भी विकास होता है और उसके निष्कर्षों के प्रभाव में भी। और इसी के साथ साहित्य भी उप प्रभावों को ग्रहण करता है। अनेक प्रमुख साहित्यकार अपने साहित्य के सन्दर्भ में इस तथ्य को स्वीकार करते हैं। गिरिजा कुमार माथुर अपनी कविताओं के लिए कहते है। उसके पीछे एक पूरा मनोसामाजिक भावात्मक संसार है जो जिस तेजी से बदला है उससे टकराने की प्रतिध्वनियाँ मेरी कविता में व्यक्त हुई है।[11] इसके अतिरिक्त कविता के सन्दर्भ में लिखते हैं 'कविता सामाजिक, वस्तुगत और बृहत्तर जीवन से जोड़ने की प्रक्रिया होती है अपने समय को बदलने में कवि का यह हस्तक्षेप ही उसे सार्थकता प्रदान करता है, लेकिन यह प्रचार के स्तर पर नहीं आदमी के गहरे मनोभावों और संवेदनाओं को परिवर्तन में साझेदारी की प्रेरणा देती है।'[12]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 239
2. वही, पृ. 242-43
3. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 263
4. वही, पृ. 201
5. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 167
6. सीमोन द वोऊवार, स्त्री उपेक्षिता, पृ. 64
7. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 79
8. सीमोन द बोऊवार, स्त्री उपेक्षिता, पृ. 177
9. प्रमिला कपूर, भारत में विवाह और कामकाजी महिलाएँ, पृ. 11
10. वही, पृ. 411
11. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 63
12. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 76

आधुनिक जीवन-द्वन्द्व और मोहन राकेश के नाटकों की कथावस्तु

डॉ. जयराम त्रिपाठी *

प्रस्तावना - हिन्दी नाट्य साहित्य में भारतेन्दु और प्रसाद के बाद यदि लीक से हटकर कोई नाम उभरता है तो मोहन राकेश का। हालांकि बीच में और भी कई नाम आते हैं जिन्होंने आधुनिक हिन्दी नाटक की विकास-यात्रा में महत्तवपूर्ण पड़ाव तय किए है; किन्तु मोहन राकेश का लेखन एक दूसरे ध्रुवान्त पर नजर आता है। इसलिए ही नहीं कि उन्होंने अच्छे नाटक लिखे, बल्कि इसलिए भी कि उन्होंने हिन्दी नाटक को अंधेरे बन्द कमरों से बाहर निकाला और उसे युगों के रोमानी ऐन्द्रजालिक सम्मोहन से उबारकर एक नए दौर के साथ जोड़कर दिखाया। वस्तुत: मोहन राकेश के नाटक केवल हिन्दी के नाटक नहीं हैं। वे हिन्दी में लिखे अवश्य हैं, किन्तु वे समकालीन भारतीय नाट्य प्रवृत्तियों के द्योतक हैं। उन्होंने हिन्दी नाटक को पहली बार अखिल भारतीय स्तर ही नहीं प्रदान किया वरन् उसके सदियों के अलग-थलग प्रवाह को विश्व नाटक की एक सामान्य धारा की ओर भी अग्रसर किया।

'विश्व नाटक' शब्द का प्रयोग यहाँ जान-बूझकर किया गया है। दरअसल, जब हम आधुनिक नाटक की बात करते हैं तो नाटक न किसी भाषा का रह जाता है, न देश का। सारे आस्पदों और उपाधियों से मुक्त वह सिर्फ नाटक है-सार्वजनिक और सार्वदेशिक; अभिन्न और अविभाजित। इस अभेद के मूल में आज के युग की बढ़ती हुई अन्तर्राष्ट्रीयता है जो जब निरन्तर कलाओं का आधार बनती जा रही है। इसीलिए अनेक कलात्मक प्रवृत्तियाँ और चिन्तन धाराएँ निरन्तर आदान-प्रदान के माध्यम से एक विश्वजनीन रूप धारण करती जा रही हैं। आज का नाटक विश्व-भर में इसी आधार पर विकसित हो रहा है। हिन्दी नाटक भारतेन्दु युग में पहली बार अपनी लक्ष्मण-रेखा से बाहर निकला। उसके बाद पुनरूत्थानवादी प्रवृत्तियों और स्वच्छन्दतावादी आग्रह के कारण पौर्वात्य और पाश्चात्य नाट्य शिल्प में समन्वय की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। किन्तु कालान्तर में जिस विश्वजनीन साहित्य-दौर ने हिन्दी नाटक को विश्व नाटक की समकालीन परिस्थितियों से सबसे अधिक जुड़ा पाया, वह था-यथार्थवाद। और फिर उसके बाद यथार्थवाद की प्रतिक्रिया में विश्व-भर में नाटक के जो विविध रूप उभरे और जो-जो तेवर बदले, हिन्दी नाटक ने उन भंगिमाओं को ग्रहण करने में देर जरूर लगाई, किन्तु वह उससे सर्वथा अनजान नहीं रहा। इस दिशा में भी, कालक्रम से नई नाटककार आगे आए-उन आगे आनेवालों में अब तक सबसे आखिरी नाम मोहन राकेश का कहा जा सकता है जिन्हें नए नाटक की पहल करने का श्रेय प्राप्त है। राकेश ने हिन्दी नाटक को एक नई जमीन पर खड़ा किया। सोचने की बात इतनी है कि यह जमीन कहाँ तक उन्होंने स्वयं तोड़कर बनाई थी, और कहाँ तक उन्हें बनी-बनाई मिल गई थी? वैसे हर प्रयोगधर्मा लेखक को अपनी पूर्ववर्ती परम्परा और चिन्तन का एक दाय अपने-आप ही हाथ लग जाता है जिस पर वह अपने लेखन को टिकाता है; और फिर उस बिन्दु से वह आगे बढ़ता है। राकेश के लिए वह बिन्दु था-हिन्दी नाटक का एक विश्वजनीन चेतना की ओर अग्रसर होता विकास-क्रम। इसमें लक्ष्मीनारायण मिश्र, जगदीशचन्द्र माथुर, उपेन्द्रनाथ 'अश्क', लक्ष्मीनारायण लाल, धर्मवीर भारती आदि पहले ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर चुके थे। राकेश ने इस धारा को एक नया मोड़ ही नहीं दिया, वरन् उन्होंने विश्व के समकालीन नाट्य लेखन के समानान्तर ऐसी नाट्य रचना भी की जो आधुनिक भाव-बोध के नए आयाम प्रस्तुत करती है।

आधुनिक भाव-बोध पश्चिम में उन्नीसवीं शती के मध्य से बड़ी तीव्रता से जागा और देखते-ही-देखते चारों ओर फैल गया जिससे अनेक कला-आन्दोलन और चिन्तन प्रस्फुटित हुए। फलत: यथार्थवाद, प्रकृतवाद, प्रतीकवाद, अभिव्यक्तिवाद, एपिक थिएटर, अतियथार्थवाद, असंगतवाद आदि अनेक मतवादों ने समय-समय पर नाट्य लेखन और मंचन की अन्याय प्रयोगधर्मिताओं और विविधताओं को जन्म दिया। इनके कारण नाटक की क्षेत्रीय और देशीय सीमाएँ टूटीं और विश्व-भर में वे समानान्तर प्रवृत्तियाँ उभरीं, जिनमें नाटक की समस्त जीवनानुभूतियों और मानवीय स्थितियों के बीच नाटक ने एक ऐसा सामान्य स्वरूप ग्रहण किया जिसने सारे पाश्चात्य जगत् को आकर्षित किया और कालान्तर में जिसका प्रभाव भारत पर भी पड़े बिना न रहा।

पारस्परिक निर्भरता और एकता का यह माहौल जिन साहित्यिक और कला-आन्दोलनों के माध्यम से बना था उसके पीछे सामाजिक परिवर्तन और वैज्ञानिक चिन्तन का विशेष हाथ रहा है। उन्नीसवीं शती ज्ञान-विज्ञान, सामाजिक परिवर्तन और वैचारिक क्रान्ति की शती रही है। डार्विन, फ्रायड और मार्क्स के सिद्धान्तों के प्रसार के साथ नए वैचारिक वातावरण का निर्माण हुआ; ईश्वर के सम्बन्ध में विचार बदले; आस्थाएँ समाप्त हुईं तथा मानव की नियति और सहज प्रवृत्तियों के घेरे में उसकी दुर्बलताओं-विशेषताओं की चर्चा आम हुई। यही नहीं, मध्यम वर्ग के उदय के साथ समानता का भाव जागा और औद्योगिक क्रान्ति के साथ पुरातन जीवन-पद्धति का खाका ही नहीं बदला, बल्कि नई समस्याएँ भी उभरीं। इस प्रकार, अस्तित्व की जागरूकता को लेकर आधुनिक नाटक की जो शुरूआत हुई उसमें इब्सेन (1828-1906) ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इब्सेन ने अपने नाटकों में नए प्रश्न उठाए और अपने सारे कृतित्व को प्राचीन नाटक की रूढ़ियों के अस्वीकार में प्रतिफलित किया। उसकी महानता इस बात में है कि उसने नाटक को स्वच्छन्दतावादी प्रवृत्तियों के बीच से उठाकर यथार्थ के धरातल पर खड़ा किया और अन्नत: उसे यथार्थ जीवन और जगत् से, उसके त्रासद अनुभवों तथा जीवन्त समस्याओं से संयुक्त किया। उसने अपने नाटकों को

* सहा0 प्रोफेसर, हेमवती नंदन बहु0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

अन्तर्जातीय, अन्तर्राज्य विवाहों को अपनाइयें। व्यवसायों का एकाधिकार तोड़िये। सबको अपनी योग्यता अनुसार व्यवसाय और कार्य करने दीजिये। पूँजी और संसाधनों के वितरण सब में हर तरीके से होने दीजिये ताकि प्रत्येक भारतीय की न्यूनतम आवश्यकतायें तो पूरी हों। होने दें वितरण पूँजी का और कृषि भूमि का सभी लोगों में सेवा करने वाला दु:ख पाये, जबकि उसे तो माँ का स्थान दिया जाना चाहिये। उसके साथ होने वाला सदियों का शोषण समाप्त हो। शोषण करने वाला समाप्त हो। पोषण करने वाले आयें। मजदूर और किसान का सम्मान बढ़े। वो हालत बने तब आरक्षण की व्यवस्था समाप्त करें। उससे पहिले नहीं। ये आरक्षण की व्यवस्था योग्यता पर ही आधारित है। सक्षमता के कारण ही चल रही है इसे समाप्त करने का प्रयास सफल नहीं होगा। वी.पी. सिंह, अर्जुन सिंह, महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध अपने-अपने तरीके से भारत के सड़े-गले समाज में नवीनीकरण करके रहेंगे। इसमें किसी को कोई सन्देह नहीं होना चाहिये।

लेकिन विरोध थमने का का नहीं ले रहा है। एक्सपर्टस कमेटी आरक्षण की क्रियान्विति को मोनिटर करने के लिये, केन्द्र सरकार के मंत्रियों का समूह सर्वसम्मत निर्णय के लिये सुझावों को देने के लिये अगड़ों, सवर्णो के हितों पर कुठाराघात नहीं हो, इसलिये शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण में जाने वाली सीटों के बराबर अतिरिक्त सीटों के बढ़ाने के लिये केन्द्र सरकार ने लिखित में आश्वासन दिया है। यूथ फोर इक्विलिटी नामक आरक्षण का विरोध करने वाले संगठन को स्वयं प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने उनके हितों की अनदेखी नहीं करने का आश्वासन दिया है। लेकिन ओ.बी.सी. को उच्च शिक्षण संस्थाओं में दिये जाने वाले आरक्षण पर आरक्षण खत्म करों। एस.सी., एस.टी. के भी क्रीमीलेयर वाले लोगों को आरक्षण देना बन्द करों। पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया जाये। आरक्षण का आधार जाति न होकर गरीबी माना जाये। उच्च शिक्षा संस्थान और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के बजाए, पिछडे लोगों को योग्यता और औरों के समकक्ष लाने के लिये सकारात्मक कार्यक्रम वृहद् स्तर पर चलाये जायें।

उच्च शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश और उच्च श्रैणी की सेवाओं, उच्च न्यायालयों के पदों पर, भारतीय फौजों में उच्च पदों पर भर्ती योग्यता और केवल योग्यता के आधार पर ही हो। अन्यथा इन सेवाओं में कुशलता और समक्षता का स्तर गिर जायेगा। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में भी आरक्षण नहीं लाया जाये, अन्यथा वहाँ की कुशलता, उत्पादकता और लाभांश का स्तर बहुत नीचे गिर जायेगा। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर प्रतियोगी नहीं रह पायेगी। 'देश के सुप्रसिद्ध पूंजीपति और कारपोरेट जगत की नामवर

हस्तियों ने सरकार के निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने के विचार का इन ऊपर वर्णित तर्कों के आधार पर विरोध किया है।'

ये सारे तर्क अर्द्धसत्य से आच्छदित है। वास्तविकता ये है कि आरक्षण का विरोध करने वाले सवर्ण जातियों के कुछेक मुट्टी भर वे लोग है जो सदियों से उच्च वर्ण में जन्म लेने के कारण पूर्व स्थापित विशेषाधिकार पूर्ण अघोषित आरक्षण व्यवस्था से जिसे सामाजिक व सांस्कृतिक मान्यता मिली हुई है, जो आज भारतीय जन मन-मानस में घर की हुई है, और रातदिन पूरे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक कच्छ से आसाम तक व्यवहार में है- ये सर्वाधिक लाभान्वित हैं। इन सवर्ण वर्ग की जातियों के ये लोग जो भारतीय ही हैं- का उच्चाधिकार प्राप्त राजनैतिक, राजनीतिक व आर्थिक पदों पर आधिपत्य हजारों सालों से है। धन-सम्पदा, स्थावर सम्पत्ति, जिन्स बाजार, शेयर मार्केट, सर्राफा बाजार, विदेशों से होने वाले आयात-निर्यात व्यापार पर इनका ही तो एकाधिकार हैं ये निर्विवाद सत्य है कि संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था लोकशाही की व्यवस्था को भारत में अपनाने के कारण स्थान पा सकी है। ये आरक्षण व्यवस्था राजनैतिक उठा-पठक की देन है। इसलिये सभी राजनैतिक दल इसका समर्थन करते हैं। नीतिगत स्तर पर इसका विरोध कोई नहीं करेगा।

ऊपर से आरक्षण की व्यवस्था समानता के सिद्धान्त के प्रतिकूप दिखाई पड़ती है। इसलिये न्यायपालिका में इस व्यवस्था के विरोधी, याचिकाओं के माध्यम से इसे समाप्त करने के लिय, उसका दरवाजा खटखटाते हैं। लेकिन वस्तुत: भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के अनुपूरक के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को प्रतिपादित किया गया है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनेकों बार अपने निर्णयों में आरक्षण की व्यवस्था को संविधान-सम्मत माना है। आरक्षण के विरोधियों का एक कट्टरपंथी समूह ऐसा भी है जो वर्तमान भारतीय संविधान को ही बदल देना चाहता है।

वर्तमान गणतन्त्रीय लोकतान्त्रिक संसदीय व्यवस्था को ही समाप्त कर देना चाहता है। क्योंकि ये संविधान और संविधान प्रदत्त व्यवस्थायें मूलत: वर्ण व्यवस्था और भारत की जाति व्यवस्था को समाप्त करने वाली है इसलिये आरक्षण के विरोधी अल्प मत वाले लोग मुगालते में हैं कि वे आरक्षण व्यवस्था का विरोध कर रहे है। वस्तुत: ये वे लोग हैं जो वर्ण व्यवस्था की पुर्नस्थापना करना चाहते है, जाति व्यवस्था को समाप्त नहीं होने देना चाहते है।

आज जिधर देखिये उधर आम जनमानस को धार्मिकता की ओर मोड़ा जा रहा है। मण्डल आयोग के मन्सूबों को ठण्डा करने के लिये कमण्डलधारी लोगों को आगे कर दिया गया। विधायिका को पंगु बना दिया गया। न्यायपालिका का हस्तक्षेप कार्यपालिका और विधायिका के कार्यक्षेत्र में बढ़ा दिया गया। फिर भी यू.पी.ए. की सरकार ने वामपंथियों के समर्थन से ओ.बी.सी. को उच्च शिक्षा प्रतिष्ठानों में आरक्षण दे दिया है। आरक्षण विरोधी मुट्टी भर लोगों द्वारा बहुमत के हित में बनाई गई आरक्षण की व्यवस्था को यथास्थितिवाद के सहारे चले आ रहे अपने राजनय पदों, राजनैतिक पदों, मीडिया संसाधनों पर नियन्त्रण और आर्थिक संसाधनों की मजबूती के बल पर समाप्त करने के लिये जमीन-आसमान एक किया जा रहा हैं।

राजनैतिक दल सकते में है। कई सवर्ण नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन हम ऐसा करके देश के आम आदमी का, आम मजदूर किसान का और सदियों से आर्थिक तंगी भुगतने को मजबूर और सामाजिक मान-सम्मान से महरूम बहुमत भारतीय नागरिकों का भला नहीं कर रहे है। देश की गुलामी की ओर, आतंकवाद की ओर और आर्थिक दृष्टि से कमजोर करने की दिशा में धकेल रहे हैं। लेकिन ऐसा होगा नहीं।

इसलिये शोषण आधारित व्यवस्था को यदि समाप्त करना है तो सदियों से जिनका सभी प्रकार का शोषण किया है, उन्हें कुछ समय तो विशेषाधिकार आरक्षण की व्यवस्था से मिलने दो। देखिये कितनी जल्दी ये देश विश्व की महान शक्ति बनता है। ताजा हवा को अन्दर आने दो, खिड़की दरवाजों को खुला रहने दो। सड़ांध मार रही व्यवस्था को जितनी जल्दी हो, दफना दो।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. एम.एन. श्रीनिवास-कास्ट इन माडर्न इंडिया ऐंड अदर एजेज, एशिया पब्लिशिंग हाउस, बंबई 1962
2. क्षितिमोहन सेन- 'भारतवर्ष में जातिभेद' अभिनव भारतीय ग्रंथमाला, कलकत्ता, 1940
3. डॉ. मंगलदेव शास्त्री- भारतीय संस्कृति-वैदिक धारा, समाजविज्ञान परिषद।
4. डॉ. नगेन्द्र सिंह, दलितों के रूपान्तर की प्रक्रिया।
5. एम.एन., श्रीनिवास, आधुनिक भरत में जातिवाद तथा अन्य निबन्ध, दिल्ली 1992
6. रजत रानी मीनू, नवें दशक की दलित कविता, दलित सहित्य प्रकाशन, नयी दिल्ली, 1996
7. शरण कुमार लिंबाले,दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प. 76-77
8. सोहनपाल सुमनाक्षर- विश्व धरातल पर दलित साहित्य, भरतीय दलित सहित्य अकदमी, दिल्ली, 1999

****

प्राचीन भारत में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा और उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूप - एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

अनिता टाँक* डॉ. एच. एन. व्यास**

शोध सारांश – भारतीय समाज एक परम्परागत व पुरूष प्रधान समाज है। जहाँ सैद्धान्तिक रूप से नारी को भी देवी का दर्जा प्रदान किया गया है किन्तु व्यवहार में समाज के भीतर महिलाओं को सदैव दूसरी श्रेणी का दर्जा दिया जाता रहा है। विभिन्न कालों में नारी की स्थिति भिन्न-भिन्न रही है। जहाँ वैदिक, द्वापर व त्रेता युग में नारी की स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर थी वहीं मौर्यकाल, गुप्तोत्तर काल व मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति दयनीय हो गई। जहाँ उसे वस्तु के रूप में देखा जाने लगा था। इसी प्रकार महिलाओं के शोषण के रूप में भिन्न-भिन्न कालों में भिन्न-भिन्न रहे हैं। दासी प्रथा, देवदासी प्रथा, नियोग प्रथा आदि प्राचीन काल में नारी शोषण व उसके प्रति हिंसा के लिए उत्तारदायी थे। प्रस्तुत शोध पत्र में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं व नेट पर उपलब्ध सामग्री को द्वितीयक सामग्री के रूप में प्रयोग कर प्राचीन भारत के विभिन्न कालों में महिलाओं की स्थिति व महिलाओं के शोषण के विभिन्न स्वरूपों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण का एक लघु प्रयास है।

शब्द कुंजी – महिला उत्पीड़न, सती प्रथा, नियोग प्रथा, देव दासी प्रथा, दासी प्रथा, वेश्यावृत्ति।

प्रस्तावना – भारतीय समाज एक परम्परागत व पुरूष प्रधान समाज है, यद्यपि व्यवहार में जहाँ पुरूष को प्रधानता प्रदान की गयी है वहीं सैद्धान्तिक रूप से नारी को देवी का दर्जा प्रदान किया गया है। कहा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।' साथ ही गृहणी का शब्दार्थ निकाला जाता है – जिसके ऋण से घर कभी उऋण नहीं हो सकता। किन्तु व्यवहार में देखने को मिलता है कि समाज के भीतर महिलाओं को सदैव दूसरी श्रेणी का दर्जा दिया जाता रहा है, इस पुरूष प्रधान या पितृ सत्तात्मक समाज में महिला का स्थान स्पष्ट रूप से परिलक्षित नहीं होता है। इसका उदाहरण रामायण काल में माता सीता की अग्नि परीक्षा और महाभारत में भरी सभा में द्रोपदी के साथ दुर्योधन का दुर्व्यवहार जिसमें द्रोपदी को नारी के साथ-साथ वस्तु के रूप में देखा जाना इस बात की ओर संकेत है कि नारी के साथ आदि काल से ही दोहरा व्यवहार किया जाता रहा है।

विभिन्न युगों में नारी की स्थिति : प्राचीन भारत में महिलाओं की स्थिति को जानने के लिए हमने विभिन्न युगों के आधार पर विश्लेषण करने का प्रयास किया है जो निम्न प्रकार है :

1. वैदिक काल और महिलाओं की स्थिति : वेदों में नारी को सम्मानजनक उच्च स्थान प्रदान करते हुए उनकी तुलना ब्रह्मा से की है। वैदिक साहित्य में स्त्री और पुरूषों को एक दूसरे का पूरक समझा गया है, वैदिक काल में भी पुत्र के जन्म को महत्व दिया जाता था, किन्तु लड़कियों को भी उच्च शिक्षा का अधिकार प्राप्त था। उनका लालन-पालन पुत्रों के समान ही किया जाता था। उन्हें वेदों के अध्ययन का अधिकार था। उन्हें विविध ललित कलाओं की भी शिक्षा दी जाती थी। गार्गी, मैत्रेयी आदि अनेक विदूषी महिलाओं के उदाहरण हमें वैदिक युग में देखने को मिलते हैं।

2. त्रेता युग में में महिलाओं की स्थिति : त्रेता युग में महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ थी। रामायण काल में प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य मानी गई थी। पुरूषों के समान ही स्त्रियों को अधिकार प्रदान किये गये थे। इस काल में वास्तविक रूप में नारी को अपने पति की अर्द्धांगिनी मानी जाती थी। स्त्री भी अपने चरित्र व सद्गुणों को समृद्ध करने का प्रयास करती थी। कई महिलाऐं भक्ति और पाण्डित्य में पुरूषों से भी अधिक थी। वे बड़े-बड़े पण्डितों से भी शास्त्रार्थ करती थी।

3. आर्य काल में महिलाओं की स्थिति : आर्यकाल में महिलाओं को समानता का स्तर प्राप्त था। प्रत्येक धार्मिक, सामाजिक व भिन्न अनुष्ठाानों के साथ समानता से भाग लेने का अधिकार रखती थी। मौर्य युग में स्त्रियाँ स्वतन्त्र एवं संतुष्ट थी। महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को कठोर दण्ड दिया जाता था। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार प्राप्त था। शिक्षा के साथ-साथ उन्हें नृत्य व गायन की भी शिक्षा दी जाती थी। उन्हें अस्त्र-शस्त्र संचालन की शिक्षा का भी अधिकार प्राप्त था।

4. द्वापर युग और महिलाऐं : द्वापर युग वह युग था जब नारी को बराबरी का दर्जा प्राप्त था उसे योनि-शुचिता के आवरण से मुक्ति दिलाने के लिए श्री कृष्ण से पहला कदम उठाया था। कृष्ण ने उन सोलह हजार नारियों से विवाह किया जो राक्षस की कैद में थी। यह कृष्ण की उदारता एवं योनि आधार के विरूद्ध क्रान्ति थी। यही नहीं उन्होनें औरत के साथ मित्र का सा सम्बन्ध स्थापित किया।

5. बौद्ध काल में महिलाऐं : बौद्ध काल में स्त्रियों की दशा अत्यन्त ही शोचनीय थी। जैसे – नदी, पथ, शराब खाने आदि सबके उपभोग की वस्तुऐं हैं, वैसे ही स्त्रियाँ भी सब के उपभोग की वस्तु मान ली गई थी। इस काल में दासी प्रथा जोरों पर थी। स्त्रियों को सामान्य रूप से रहने का अधिकार समाप्त प्राय: था। इस प्रकार नारी को जो देवी का दर्जा दिया गया था, धीरे-धीरे उसमें गिरावट आने लगी थी। दासी प्रथा आदि कुप्रथाओं ने नारी का जीवन नरक बना दिया था। उसे केवल उपभोग की वस्तु के रूप में ही देखा जाने लगा।

7. मध्य काल में महिलाऐं : मध्यकाल में विदेशी आक्रमणकारियों के

*सहा. आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत
** सह आचार्य (समाजशास्त्र) मा.ला.व. राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

देश में आने के साथ ही स्त्रियों को पर्दे में रखा जाने लगा। उनकी शिक्षा भी बन्द कर दी गयी। उनको घर की चाहर-दीवारी के भीतर एक प्रकार से कैद कर लिया गया था। समाज में धीरे-धीरे इन कृत्यों को धर्म का नाम देकर स्त्रियों के जीवन को कष्टप्रद बना डाला। उसी समय बहुपत्नी विवाह, यौन शोषण, बाल विवाह, सती प्रथा एवं विधवा विवाह निषेध आदि अनेक कुप्रथाओं ने जन्म ले लिया था। महिलाओं को शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक कोई अधिकार प्राप्त नहीं थे।

8. **ब्रिटिश काल और महिलाऐं :** ब्रिटिश काल में शासन का उद्देश्य समाज सुधार, समाज कल्याण नहीं था। अतः स्त्रियों की स्थिति को सुधारने के लिए ब्रिटिश शासकों की विशेष रूचि नहीं रही। हालांकि राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, ज्योतिबा फूले आदि अनेक समाज सुधारकों ने महिलाओं की दशा सुधारने के लिए अनेक प्रयत्न किये। सन् 1829 में सती प्रथा निषेध अधिनियम, 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1929 में शारदा एक्ट जैसे कानून अस्तित्व में आये। किन्तु ब्रिटिश काल में औरतों के मामले में पश्चिमीकरण विशेष रूप से प्रभावी नहीं हो सका।

विदेशी आक्रमणकारी जब हमारे देश को छोड़कर गये और हमारा देश आजाद हुआ तब तक देश में अज्ञान, अशिक्षा, पिछड़ापन, छुआछूत आदि कुरीतियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका था। समाज में स्त्रियों की स्थिति चिंताजनक थी। पुरूषों के साथ समान रूप से काम करने के बाद भी परिवार में उसकी स्थिति महत्वहीन हो चुकी थी।

प्राचीन भारत में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के विभिन्न स्वरूप व प्रकार : जब हम महिलाओं के विरूद्ध हिंसा या शोषण की बात करते हैं तो देखते है कि यह तो प्राचीन काल से चला आ रहा है। रामायण, महाभारत काल में सीता की अग्नि परीक्षा व द्रोपदी का चीरहरण महिला के विरूद्ध हिंसा व उत्पीड़न का ज्वलन्त उदाहरण है। राजपूत महिलाओं द्वारा अस्मिता की रक्षा हेतु जौहर करना आदि महिलाओं के प्रति हिंसा को ही बताता है। प्राचीन काल में भारत में महिलाओं के साथ हिंसा और उत्पीड़न व शोषण के विभिन्न स्वरूप निम्न प्रकार हैं -

1. **दासी प्रथा :** प्राचीन काल से ही स्त्रियों की स्थिति दयनीय व शोचनीच थी। ऋग्वेद से भी पता चलता है कि दास आर्यो के शत्रु थे। जो आर्यो से पराजित होने के बाद आर्यो के अधीन हो गये। इन्हीं दासों की स्त्रियों को दासी कहा गया। दासियों को न केवल मूल्य लेकर या उपहार स्वरूप दिया जाता था अपितु उनके साथ मनमाना व्यवहार किया जाता था। प्राचीन काल में दासी रखना एक सामाजिक प्रथा थी और दास स्त्रियों को वस्तुओं की भाँति वैभव प्रदर्शन की आवश्यक वस्तु माना जाता था। दासी के रूप में भी महिलाओं को भिन्न प्रकार से रखा जाता था। जैसे सखी के रूप में राज प्रासाद में कन्याओं की देखभाल व सुरक्षा के लिए रखी जाती थी। मनोरंजन करने वाली दासी जो नृत्य में कुशल होती थी। जो राज-परिवार को गीत सुनाना, उनका मनोरंजन करने का कार्य करती थी। प्राचीन काल में उच्च वर्णो का व्यवहार दासियों के प्रति अमानवीय कठोर व कटु था। महिलाओं को दासी के रूप में अतिथियों के चरण धोने के लिए प्रयोग में लिया जाता था। दासियों को कई प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता था। उन्हें अपने स्वामियों को प्रसन्न करने के लिए उनके मन में असंतोष व क्रोध का भय बना रहता था। दासियों के अपमान या शील भंग का विरोध नहीं होता था। दासियों से भी सभी प्रकार की सेवाऐं ली जाती थी। दासियों के जीवन में शील रक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं था। वेस्टर मार्क के अनुसार वैदिक काल में मध्य एशिया एवं पूर्वी यूरोप की अनाथ स्त्रियाँ वेश्याओं के रूप में देखी जा सकती थी। इन्हें पणि व दस्यु वहाँ से पकड़कर दासी बनाकर यहाँ ले जाते और स्वर्ण मसाले आदि उनके बदले ले जाते थे। वे दासी के रूप में बेच दी जाती थी या वेश्याऐं उन्हें खरीद लेती।

2. **वेश्यावृत्ति :** प्राचीन भारत में स्त्रियों की दशा को और बदतर बनाने वाली कुछ अन्य विशेष कुरीतियाँ व कुप्रथाऐं थी, जिन्होनें स्त्री के जीवन को नरक बना कर उन्हें केवल उपभोग की वस्तु तक सीमित कर दिया था। ऋग्वेद में वेश्यावृत्ति के विषय में कोई असंदिग्ध प्रमाण नहीं मिलता, किन्तु उत्तर वैदिक ग्रन्थों में इसके उल्लेख व संकेत हैं। मौर्य युग में वेश्याओं एवं गणिकाओं के व्यवसाय को नियन्त्रित करने का प्रयास किया गया है। प्रशासक वर्ग तथा धार्मिक व्यापारियों के अतिरिक्त सम्पन्न व प्रतिष्ठित ब्राह्मण भी गणिका के लिए अपना सर्वस्व लुटा देते थे। गुप्तोत्तार तथा पूर्व मध्यकाल में वेश्या व्यसन का व्यापक रूप से प्रचलन रहा। वेश्याऐं एवं गणिकाऐं राजदरबार का अभिन्न अंग होती थी। रूपवती व गुणवती गणिकाऐं अवश्य बहुत धन उपहार तथा मान-सम्मान आदि प्राप्त करती थी। किन्तु समाज में उन्हें भी हेय दृष्टि से देखा जाता था और कोई भी वेश्या अपने व्यवसाय को अच्छा नहीं मानती थी।

सामाजिक एवं धार्मिक व्यक्ति वेश्याओं को घृणा की दृष्टि से देखते थे। उनका समाज में आना जाना प्रायः निषिद्ध था। वे स्नानादि कार्य के लिए नदी या तालाब में एक साथ ही जाती थी। वेश्या की संतान को प्रायः वेश्यावृत्ति से ही जीवनयापन करने के लिए विवश होना पड़ता था। वेश्याऐं धार्मिक कृत्यों से भी दूर रखी जाती थी। सामान्य वेश्याओं को न केवल भिक्षु संघ में प्रविष्ट किया जाता था, अपितु उनसे भिक्षुओं को बचने के लिए भी कहा जाता था। मनु ने वेश्याओं की हत्या करने पर साधारण दण्ड का विधान किया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि पुरूष की अर्द्धांगिनी व देवी तुल्य स्त्रियों को समाज किस प्रकार अपनी काम पिपासा तृप्ति के लिए वेश्या व गणिका बना देता था और उसी को समाज द्वारा घृणा की दृष्टि से देखा जाता था। उसे सामान्य स्त्री की तरह घर-गृहस्थी व परिवार बसाने का अधिकार नहीं दिया जाता था।

3. **विधवा पुनर्विवाह निषेध प्रथा :** ईसा पूर्व 200 तक विधवा के पुनर्विवाह की प्रथा काफी प्रचलित रही, इसलिए उनकी स्थिति अधिक खराब नहीं थी। किन्तु इसके बाद से विधवाओं के विवाह की निन्दा की जाने लगी और यह प्रथा धीरे-धीरे कम होती गई। परिणामस्वरूप विधवाओं की स्थिति दयनीय हो गई। शुभ अवसरों पर उनकी उपस्थिति अवांछनीय थी। क्योंकि उन्हें शुभ नहीं माना जाता था। विधवाओं को अत्यधिक संयम नियम एवं सादगीपूर्ण कठोर जीवन व्यतीत करना पड़ता था। वे सांसारिक सुखों तथा भौतिक जीवन की सुविधाओं से वंचित कर दी गयी थी। परिवार के सदस्यों का उनके प्रति व्यवहार आमतौर पर स्नेह व सहानुभूतिपूर्ण नहीं होता था। विधवाओं को कताई, बुनाई एवं मासिक कर्म द्वारा जीवन यापन करने की अनुमति थी। दूसरा विवाह न करने वाली कम उम्र की तथा रूपवती विधवाओं का शारीरिक शोषण होता था और अधिक आयु वाली विधवाओं से अधिकतम काम लिया जाता था।

यद्यपि प्राचीन समय में पुनर्विवाह निषिद्ध नहीं था, किन्तु कालान्तर में पुरूषों के पुनर्विवाह को तो समाज ने स्वीकार लिया किन्तु महिलाओं को पुनर्विवाह के अधिकार से वंचित कर दिया और विवाह के धार्मिक व सांस्कारिक पक्षों की निष्ठा व नैतिकता की रक्षा का सम्पूर्ण भार केवल

महिलाओं पर ही डाल दिया गया।

4. नियोग प्रथा : प्राचीन भारत में दासी, वेश्या व विधवा विवाह निषेध के साथ ही एक विशेष प्रथा नियोग थी। पति की मृत्यु के पश्चात पत्नी के सामने तीन रास्ते थे - एक संयम, दूसरा सती प्रथा व तीसरा शास्त्रों के अनुसार नियोग प्रथा द्वारा पुत्र को जन्म देना। आर्यो के पुरूष प्रधान समाज में पुत्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान होना स्वाभाविक था। अत: प्राचीन भारतीय शास्त्रकारों ने पुत्रहीन व्यक्ति की मृत्यु के उपरान्त विधवा के देवर और देवर के अभाव में निकटतम सपिंड, सगोत्र, समान प्रवर वाले या अपनी ही जाति के पुरूष के साथ बड़ों की आज्ञा लेकर विवाह करने का प्रावधान किया। इसी प्रथा को नियोग कहा गया। पुत्रहीन व्यक्ति अपने जीवन काल में भी नियुक्त पुरूष के द्वारा पुत्र उत्पन्न करा सकता था। परन्तु यहाँ यह उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा कि नियोग प्रथा के प्रचलन का मात्र उद्देश्य पुत्र प्राप्त करना था। विधवाओं की स्थिति को सुखद बनाना नहीं। यह प्रथा कम से कम प्राचीन धर्म सूत्रों के काल तक तो काफी प्रचलित रही, किन्तु उसका दुरूपयोग होने पर सूत्रकारों ने इसे नैतिक एवं धार्मिक दृष्टि से कुत्सित मानते हुए इसकी निन्दा की और निषेध किया। इसके ह्रास के लिए आर्थिक कारण भी उत्तरदायी थे। नियोग प्रथा के कम या समाप्त होने का विधवाओं की स्थिति पर निश्चय ही बुरा प्रभाव हुआ।

इस तरह हम देखते हैं कि नियोग प्रथा विधवा स्त्री के जीवन में सुधार के लिए नहीं अपितु पुरूष प्रधान समाज में पुत्र प्राप्ति के एक साधन के रूप में प्रयुक्त करने का माध्यम थी।

5. देवदासी प्रथा : प्राचीन भारत में धर्म और आस्था के नाम पर एक और प्रथा थी - देवदासी। जिसके अनुसार परिवार अपने मन्नत के पूर्ण होने पर अपनी एक कन्या मन्दिर को दान कर देते थे। सामान्यत: जो कन्याऐं रजस्वला को प्राप्त नहीं होती थी। उन्हें मन्दिर में दान किया जाता था। अर्थात् बहुत कम उम्र की कन्याओं को मन्दिर को सौंप दिया जाता था। उनका विवाह देवता से काल्पनिक रूप से कर दिया जाता था। इन देवदासियों को विवाह करने एवं सामान्य पारिवारिक जीवन व्यतीत करने का अधिकार नहीं था। इनका कार्य मन्दिर की देख-रेख करने, अनुष्ठाान करने व पूजा व धार्मिक अनुष्ठानों में नृत्य करना होता था।

प्रारम्भ में देवताओं से विवाह के कारण इनकी सामाजिक प्रतिष्ठा उच्च मानी जाती थी। कालांतर में पुजारियों, मन्दिर के ट्रस्ट के अधिकारियों व उच्च आर्थिक व सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्तियों द्वारा इनका यौन-शोषण आरम्भ कर दिया गया और देखते ही देखते धर्म की आड़ में देवदासी प्रथा वेश्यावृत्ति का नया रूप बन गई।

सामाजिक रूप से उनका महिमामण्डन कर वास्तविक रूप में उनका शारीरिक शोषण किया जाता था। इस प्रकार प्राचीन भारत में भी नारी का शोषण विद्यमान था। जिसे धार्मिक व सामाजिक स्वीकृति प्राप्त थी। अत: उसे नारी का शोषण भी नहीं माना जाता था। जबकि वास्तविक रूप से देवदासी प्रथा में नारी की स्थिति लगभग मौर्य व गुप्तकाल में विद्यमान नगर-वधु की ही परिवर्तित स्थिति थी। इस तरह प्राचीन भारत में महिलाओं के प्रति हिंसा व उत्पीड़न व्याप्त था।

6. सती प्रथा : प्राचीन भारत में नारियों की दुर्दशा के लिए उत्तरदायी कुप्रथाओं में एक वीभत्स प्रथा सती-प्रथा भी रही है। इस प्रथा के अनुसार पति की मृत्यु हो जाने पर पत्नी को उसकी चिता के साथ जल कर प्राण त्याग देने होते थे। यह प्रथा भारत में महिलाओं के प्रति क्रूर, निन्दनीय एवं जघन्य अपराध था। इसमें पत्नी को सुन्दर वस्त्रों व आभूषणों से सुसज्जित कर सुहागन स्त्री के सभी श्रृंगार कर पति की चिता के साथ ही जला दिया जाता था। पत्नी को अपनी स्थिति से बेखबर करने के लिए उसे पहले से अफीम या धतूरे जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करवा दिया जाता थे। ढोल-नंगाड़ों, बाजों की आवाज के साथ पत्नी को पति की चिता पर बिठा दिया जाता था। गाजे बाजों की आवाज में उसकी चीख-पुकार को दबा दिया जाता था।

इस प्रकार देवी का स्थान देकर भारतीय समाज में धर्म के नाम पर उसे जिन्दा जला दिया जाता था। महिलाओं के प्रति इस जघन्य अपराध को राजा राम मोहन राय के प्रयासों द्वारा लॉर्ड विलियम बैंटिक ने सती प्रथा निषेध अधिनियम-1829 द्वारा कानून रूप से समाप्त कर दिया।

निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा और उत्पीड़न ऐतिहासिक काल से चली आ रही है। दासी प्रथा, देवदासी प्रथा, सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह निषेध प्रथा, वेश्यावृत्ति के साथ-साथ बाल विवाह, दहेज प्रथा, घूंघट प्रथा, महिला-अशिक्षा, सामाजिक, आर्थिक व पारिवारिक निर्णयों में यस्त्री को महत्व न देना आदि प्राचीन काल से ही महिला-उत्पीड़न व हिंसा के लिए उत्तरदायी रहे हैं। इस प्रकार प्राचीन काल में स्त्रियों की दशा विभिन्न कालों में देखने से हमें विदित होता है कि महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा की बात जो वर्तमान समय में चर्चित है उसका इतिहास काफी प्राचीन है। सिर्फ पहले और आज के उत्पीड़न व शोषण के स्वरूप में भिन्नता और परिवर्तन आ गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शरण. देवेन्द्र कुमार 2012 नारी सशक्तिकरण का इतिहास क्लासिकल पब्लिशिंग हाउस कम्पनी, नई दिल्ली।
2. शोभा राजोरिया - 2011 महिला और कानून
3. https://www.pennaukri.com – 31 March, 2017.
4. https://www.bbc.com – 10 Dec., 2012
5. https://www.drishtiias.com – 15 Jan, 2019
6. https://www.naidunia.com – 11 June, 2016
7. https://www.amarujala.com – 12 Dec, 2012
8. गढ़वी नैनेश व राम सौन्दर्वा (2013) 21 वीं सदी में महिलाओं का बदलता स्वरूप, पैराडाईज पब्लिशर्स
9. जैमन, सुषमा (2009) भारतीय समाज और महिलाऐं, साहित्यागार, जयपुर।
10. गुप्ता, कमलेश कुमार (2005) महिला सशक्तिकरण, बुक एनक्लेव, जयपुर।
11. राउत, एन. यू. (2013) महिला सुरक्षा एवं समाज, सत्यम पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर।
12. गौड़ संजय (2006), आधुनिक महिलाऐं और समाज, उत्पीड़न, अत्याचार व अधिकार, बुक एनक्लेव, जयपुर।
13. पटेल, कल्पना (2013) भारतीय संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण, पेराडाइज प्रकाशन, जयपुर।
14. शर्मा नीरजा (2013) महिला सशक्तिकरण, आस्था प्रकाशन, जयपुर।

****

Anti-Competitive Agreements

Dr. Kiran Yadav*

Introduction - Competition law is a rapidly burgeoning subject and has grown enormously in recent years, especially since the early 1990s. An increasing number of countries have undertaken economic reforms and embraced the market economy as a result of which competition law has been introduced in order to promote and maintain competition. Although there is some controversy as regards the objective of competition law, there is broad agreement that the principal objective is to make the market economy work better by stopping private power from obstructing markets. Competition law regulates market power in order to promote competition, thereby enhancing economic efficiency and increasing social welfare. The starting point for an understanding of the rationale behind competition law is to understand the microeconomic concept of 'market', the perceived benefits of market efficiency, the role of competition and their causal inter-relationship. 'Economic efficiency' refers to the optimal use and allocation of resources by markets, thereby maximizing 'social welfare'.

The Competition Commission of India (C.C.I.) has till date not come out with any guidelines or regulations for either cooperative or concentrative joint ventures. In fact, it has until now not had an opportunity to analyse or taken an opportunity *suo moto* to analyse the anti-competitive effects, if any, of such ventures. Therefore, any discussion on cooperative joint ventures under Indian competition law shall have to be limited to the Act itself. Though relatively short in terms of life span, the Competition Law is hugely significant as a building block for economic development and rising levels of economic welfare.UK Office of Fair Trading's introduction to the 'substantial lessening of competition' test under the Enterprise Act 2002 is:

Anti-Competitive Agreements: Cooperative Joint ventures (or Contractual Joint Ventures, as they are also known) are a vexatious issue under competition law. They may and often do combine defining aspects of both a regular combination (which can be analysed by a competition regulatory authority to determine whether the combination would inhibit competition in the relevant market), as well as an agreement (which would require the competition regulatory authority to determine whether the agreement is anti-competitive or an abuse of dominant position under the respective competition law of that particular jurisdiction). The European Commission has defined the term under Article 3(2) of the Regulation on the Control of Concentration between Undertakings of 19893 (herein after referred to as the Merger Regulation) which states that an operation, including of a joint venture, which has as its object or effect the coordination of the competitive behaviour of undertakings which remain independent shall not constitute a concentration within the meaning of paragraph 1(b).4 Similarly in the U.S., the Federal Trade Commission (FTC) has defined such agreements under the term competitor collaboration and defines such an agreement which comprises a set of one or more agreements, other than mergers agreements, between or among competitors to engage in economic activity, and the economic activity resulting there from Competitors encompasses both actual and potential competitors. Competitor collaborations involve one or more business activities, such as research and development (R&D), production, marketing marketing, distribution, sales or purchasing. Information sharing and various trade association activities also may take place through competitor collaborations. Under European Competition law today, cooperative joint ventures are primarily evaluated under Article 101 of the Treaty of the Functioning of the European Union (TFEU). Other than the above, they are also partially regulated under the Regulation on the Control of Concentration between Undertakings of 1989.

Article 81(1) EC prohibits agreements with an anticompetitive object or effect, but does not define 'agreement'.

Failure to comply with UK or EU competition law can have very serious consequences.

Firms involved in anti-competitive behaviour may find their agreements to be unenforceable and risk being fined up to 10% of group global turnover for particularly damaging behaviour as well as exposing themselves to possible damages actions from customers. Furthermore, individuals could also find themselves facing director disqualification orders or even criminal sanctions for serious breaches of competition law.

In the UK two sets of competition rules apply in parallel. Anti-competitive behaviour which may affect trade within

*Associate Professor (Zoology) Maharaja Bijli Pasi Govt P.G. College, Lucknow (U.P.) INDIA

the UK is specifically prohibited by Chapters I and II of the Competition Act 1998 and the Enterprise Act 2002. Where the effect of anti-competitive behaviour extends beyond the UK to other EU-Member states, it is prohibited by Articles 101 and 102 of the Treaty on the Functioning of the European Union (TFEU).

UK and EU competition law prohibit two main types of anti-competitive activity:

1. Anti-competitive agreements (under the Chapter I and Article 101 prohibitions); and
2. Abuse of dominant market position (under the Chapter II / Article 102 prohibitions).
3. Chapter I / Article 101.
4. Both UK and EU competition law prohibit agreements, arrangements and concerted business practices which appreciably prevent, restrict or distort competition (or have the intention of so doing) and which affect trade in the UK or the EU respectively.

Examples of agreements which can be anti-competitive include:

1. Price-fixing (agreeing with any other business on a minimum price to sell goods or services at).
2. Limiting production to drive up prices.
3. If 2 contracts are put out to tender, agreeing with your competitor to only bid on 1 each.
4. Agreeing not to sell to a competitor's customers or compete against them in a certain area.

If 2 or more competitors make agreements like these, it might constitute a 'cartel'.

1.Cartels and Collusion: Companies in cartels that control prices or divide up markets are protected from competitive pressure to launch new products, improve quality and keep prices down. Consumers end up paying more for lower quality.

Cartels are illegal under EU competition law, and the Commission imposes heavy fines on the companies involved. Since cartels are illegal, they are generally highly secretive and evidence is hard to find.

The Commission's 'leniency policy' encourages companies to provide inside evidence of cartels. The first company in a cartel to do so will not have to pay a fine. The policy has been very successful in breaking up cartels.

Although firms have incentives to engage in explicit coordination, this does not mean that firms will necessarily do so. Even absent competition laws preventing such behavior, the characteristics of many industries imply that firms will not be able to engage in sustained explicit coordination.

A. Incentive to Collude: The potential benefit of setting up a cartel is also related to the level of competition in the absence of the cartel. The fiercer is competition, and lower are prices, in the absence of a cartel, the greater is the likely benefit from setting up a cartel. Four factors that are important in determining the level of competition in the absence of collusion are the number of firms in the market, the level of spare capacity in the industry, the cost structure of the firms and how homogeneous the products are. Competition tends to be fiercer when there are more firms in a market, although this relationship is by no means perfect. The level of spare capacity affects the incentives that firms have to lower prices to win additional sales. If a firm has no spare capacity, then it has no incentive to lower its price as its lack of spare capacity means that it cannot sell more units. The relationship between marginal costs and average costs is also relevant to the likely level of competition in the absence of the cartel. Where marginal costs are low relative to average costs (or, equivalently, fixed costs are high), prices tend to be bid down to below average costs. In such circumstances, the difference in profitability between a collusive outcome and a competitive outcome is likely to be large. Finally, when products are relatively homogeneous, this tends to increase the intensity of competition because it means the products are close substitutes to each other. Conversely, competition is often less intense when products are differentiated from each other. The worldwide vitamins cartel was a good example of an industry with high fixed costs, low marginal costs and homogeneous products.

B. Characteristics of an Industry that Aid the Creation of a Cartel: Even where the benefits of establishing a cartel are clear, these may still be outweighed by the costs and difficulties of setting up a cartel. In particular, a cartel agreement needs to set the cartel price and to divide the benefits from colluding between the various firms. There are a number of factors that affect how easy it is to set up a cartel.

One of these is how heterogeneous the firms' products and cost structures are. It is easier for firms to agree on prices when there are few differences between firms, both in terms of the products they sell and in their cost structure or operating efficiency. Firms are more likely to have difficulty in agreeing on relative prices when each firm's product has different qualities or properties, especially where some of the differences cannot be resolved objectively.

Conversely, where products are homogeneous, it is easier for firms to agree on the appropriate cartel price. This explains, in part at least, why many of the major cartel decisions taken by the European Commission have concerned industries producing such products as steel beams, cement, PVC, vitamins, zinc phosphate and so on. Products in all of these industries are to a large extent homogeneous.

C. Sustaining Collusion: As noted above, firms in a cartel have an incentive to undercut the cartel price. This has an important implication for the stability of cartels: they are frequently unstable. The firms in a cartel have an incentive to cheat i.e., to undercut the cartel price. By slightly undercutting the cartel price, firms can potentially dramatically increase their sales and hence profits. However, before a firm does this it needs to weigh up the potential benefits of cheating against the possibility that the

other firms in the cartel will discover that it is cheating and "punish" it.

2. Vertical Restraints: Vertical agreements are agreements between firms at different levels in the production and supply chain and include agreements between manufacturers and retailers, manufacturers and distributors, distributors and retailers and so on. Vertical agreements in general contain restrictions imposed by one party on another. On occasion, these restrictions can fall foul of competition law.

Although vertical restraints are usually pro-competitive, they can be anti-competitive. Whether a given vertical restraint turns is anti-competitive or not turns largely on the question of whether the vertical restraint reduces competition at the horizontal level. Vertical restraints can be used to reduce both inter-brand competition (competition between different brands) and intra-brand competition (competition between the same brand sold in different outlets). When vertical restraints reduce the level of inter-brand or intra-brand competition significantly, they may be anti-competitive. A loss of inter-brand competition is usually more concerning than a loss of intra-brand competition.

Conclusion: Competition Law in India has been enacted for a good and it is hoped that it will be successful in long run. Anti Competitive Agreements are one of the most harmful activities for competition in market. This collusion leads to large scale adverse effect on competition thus leading a scene of monopoly which will destroy the democratic character of market. Thus, is can be said the efforts made by legislature in framing competition law and giving requisite importance to prevention of Anti Competitive Agreements has been and will be beneficial to the economy of the country.

References:-

1. S.M. Dugar Commentary on the MRTP Law, Competition Law and Consumer Protection Act (Law, Practices and Procedures) (4rth edn Wadhwa and Company New Delhi 2006).
2. D.P.Mittal Competition Law and Practice (3rd edn Taxmann Publications (P.) Ltd. New Delhi 2011).

Footnotes:

1. https://www.gov.uk/competition-law-unfair-pricing-agreements.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

भारतीय प्रशासन में सुशासन का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

महेश कुमार रचियता*

प्रस्तावना – प्राचीन काल कौटिल्य, चाणक्य के समय में ही सुशासन के तत्वों को देखा गया है जो कि वर्तमान समय में समस्त विश्व के प्रशासनों सरकारों में लक्षित होता है।

सुशासन का सामान्य अर्थ है 'अच्छे तरीके से शासन करना अर्थात् किसी सामाजिक राजनैतिक इकाई को इस प्रकार संचालित किया जाये कि अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सके।' सुशासन शब्द का प्रचलन 1990 के दशक में तेजी से देखा गया इस दशक में विश्व की अनेक संस्थानों एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस शब्द का व्यापक प्रयोग किया गया है, भारतीय परम्परा में रामराज्य की कल्पना सुशासन को ही इँगित करती है।

वर्ष 1992 में विश्व बैंक ने सुशासन की अवधारणा का प्रतिपादन करते हुये यह स्पष्ट किया कि सुशासन का मूल्य सापेक्ष अवधारणा है क्योंकि प्रत्येक शासन सुशासन नहीं होता बल्कि कुछ निर्धारित विशेषताओं से सम्पन्न शासन को ही सुशासन कहा जा सकता है।

वर्तमान समय में सुशासन का महत्व इस बात से समझा जा रहा है कि अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थायें विकासशील देशों को आर्थिक सहायत देते समय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सुशासन की शर्त रखती है और यह जानने का प्रयास करती है कि कितने प्रभावी रूप में किया गया है।

सुशासन शब्द का प्रयोग एक ऐसी प्रक्रिया रूप में लिया गया है जिसमें शासन के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक सँसाधनों का उपयोग राष्ट्र की उन्नति एवँ विकास हेतु किया जाता है। अत: सुशासन विकास हेतु एक आवश्यक शर्त है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में भ्रष्टाचार की समस्या में निरन्तर वृद्धि हुई है। इस कारण से सरकार की विकास योजनाओं का पूर्ण लाभ आम जनता तक नहीं पहुँच पाया पाया। इसलिये भारत की प्रशासनिक व्यवस्था में सुशासन को बढ़ावा देकर समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

सुशासन से विकेन्द्रीकृत शासन का लक्ष्य भी पूर्ण होता है और स्थानीय संसाधनों का कुशलतम उपयोग किया जा सकता है। इससे सीमित समय में गुणवतापूर्ण सेवा में प्रदान की जा सकेगी और आम जनता में सुधार आयेगा।

सुशासन के लिये आवश्यक तत्व– संयुक्त राष्ट्र सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के पूर्व महासचिव अन्नान कोफी के अनुसार सुशासन मानवाअधिकारों तथा विधि के शासन के लिये सम्मान सुनिश्चित कर रहा है, लोकतन्त्र को सशक्त बना रहा है तथा लोक प्रशासन में पारदर्शिता तथा क्षमता को प्रोत्साहन दे रहा है।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये सँयुक्त राष्ट्र में सुशासन के 8 सिद्धान्त निर्धारित किये है:

1. सहभागिता
2. विधि का शासन
3. सर्वसम्मति उन्मुख
4. समानता एवँ समावेशन समाज
5. प्रभावकारिता एवं कार्यकुशलता
6. उत्तरादायित्व
7. पारदर्शिता
8. अनुक्रियाशीलता

भारतीय संविधान में सुशासन की झलक – सुशासन के लिये जो मापदण स्थापित किये गये है यदि उन मापदण्डों के आधार पर भारत में सुशासन की स्थिति का विश्लेषण किया जाये, तो भारत में सुशासन की स्थिति ना तो बहुत उच्च दिखाई पड़ती है ना ही बहुत निम्न। विधि के शासन आदि क्षेत्रों में भारत में बहुत प्रगति हुई है लेकिन सामाजिक न्याय, राजनैतिक एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्व तथा प्रशासन की प्रभावशीलता के क्षेत्रों ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

भारत में सुशासन को प्रोत्साहन एवँ सुनिश्चित करने हेतु समय–समय पर निम्न कदम उठाये गये।

73 व 74वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के द्वारा लोकताँत्रिक विकेन्द्रीकरण तथा शासन प्रक्रिया में लोगों की सहभागिता।

समतामूलक एवं समावेशी विकास के विभिन्न वैधानिक निकायों का गठन किया गया जैसे–

1. राष्ट्रीय महिला आयोग 1952.
2. राष्ट्रीय अल्पसँख्यक आयोग 1992.
3. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 1993.

प्रशासनिक कार्यो में सुधार हेतु 1968 व 2005 में क्रमश: प्रथम व द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया।

सुशासन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है इस रिपोर्ट में सूचना का अधिकार, शासन में नैतिकता, स्थानीय स्वशासन तथा ई–गर्वेनेंस के विषय ठोस कदम उठाये गये है।

वर्ष 2001 में एक कम्प्यूटरीकृत लोक प्रशासन शिकायत उपचार एवं निगरानी प्रणाली स्थापित की गई।

संविधान के प्रारम्भ में केवल अनुसूचित जाति के लिये एक आयोग

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) महारानी सुदर्शन राजकीय कन्या महाविद्यालय, बीकानेर (राज.) भारत

का प्रावधान किया गया था, जो अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित मामलों की भी देख-रेख करता था। परन्तु 89 में संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के द्धारा सँविधान में अनुच्छेद - 338 (क) जोड़ा गया है, जो अनुसूचित जनजाति आयोग से सम्बन्धित है।

26 जुलाई 2014 को सुशासन के लिये जन-भागीदारी बढ़ाने हेतु 'मेरी सरकार' नामक एक पहल की शुरूआत की गई।

भारत में सुशासन के समक्ष चुनौतियाँ - भारत में सुशासन के समक्ष अनेक चुनौती विद्यमान है, जो प्रशासन में जनभागीदारी की व उसकी प्रभावकारिता को सीमित करती है। कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्नलिखित है-

1. लोक शिकायत का प्रभावी समाधान।
2. नौकरशाही में लाल फीता शाही की प्रवृत्ति।
3. प्रशासन में राजनैतिक नकारात्मक हस्तक्षेप।
4. महिलाओं की शिकायत का निवारण।
5. प्रशासन में भ्रष्टाचार तथा सदस्यों की भूमिका।
6. स्वच्छ भारत के लिये व्यवहार परिवर्तन।
7. भारत में नागरिक घोषणा पत्र का विकास।
8. त्रुटिपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण अनावश्यक विलम्ब।
9. निभर्रता, अशिक्षा, जातिवाद एवं सम्प्रदाय जैसी सामाजिक-आर्थिक बाधायें[1]।

प्रशासन द्धारा भ्रष्टाचार के निवारण हेतु किये गये महत्वपूर्ण प्रयास

भ्रष्टाचार, समाज एवं राष्ट्र के नैतिक पतन का परिणाम एवं कारण दोनों है। भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण। सामान्य रूप से वे कार्य या व्यापार जो फरेब धोखा एवं बेईमानी पर आधारित होते हैं, इस श्रेणी में आते हैं।

परिभाषित दृष्टि से भ्रष्टाचार की भारतीय दण्ड सँहिता की धारा 161 में व्यक्त की गई है।[2]

भारत में भ्रष्टाचार रोधी कार्य तन्त्र:

1. लोक सेवक जाँच अधिनियम 1850.
2. भारतीय दण्ड सँहिता - 1860.
3. विशेष पुलिस अवस्थापन - 1941.
4. भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम - 1947.
5. अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम-1954.
6. केन्द्रीय लोक सेवा (आचरण) नियम-1955.
7. रेलवे सेवा (आचरण) नियम-1956.
8. केन्द्रीय जाँच ब्यूरों - 1963.
9. केन्द्रीय सतर्कता आयोग-1964.
10. राज्य सतर्कता आयोग-1964.
11. राज्यों में लोकायुक्त।
12. जिला सतर्कता अधिकारी।
13. प्रशासनिक ट्रिब्यूनल
14. संसद और उसकी समितियाँ।[3]

पारदर्शिता जबाव देही एवं सूचना का अधिकार - जबावदेही एवं पारदर्शिता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधार-शिला होती है। प्रशासन में जबाव देही एवं पारदर्शिता व्यवस्था में जनता के विश्वास को सबलता प्रदान करती है तथा साथ ही व्यवस्था में भी सकारात्मक गतिशीलता बनी रहती है। साथ ही एक सभ्य समाज के दृष्टिकोण से ही भी यह आवश्यक है कि प्रशासनिक जवाबदेही एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाये। इसी परिवेश में वर्ष 1992 में विश्व बैंक से अपना दस्तावेज अभिशासन और विकास में जबाव देहिता को अच्छे अभिशासन के लिये अति आवश्यक माना है भारतीय प्रशासन इस सन्दर्भ में वचनबद्ध है।[4]

भारतीय सुशासन की दिशा में सूचना का अधिकार:

1. 12 अक्टूबर 2005 से जम्मू कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में प्रभावी है।[5]
2. भारत सरकार ने सदैव अपने नागरिकों के जीवन को सुचारू व सुद्धढ़ बनाने पर बल दिया है।
3. आर.टी.आई का अर्थ है सूचना का अधिकार इसे संविधान की धारा 19 (1)के अन्तर्गत एक भूल-भूत अधिकार बना दिया गया है।
4. धारा 19(1) के अन्तर्गत प्रत्येक नागरिक को बोलने, विचार अभिव्यक्ति , शासकीय कार्यो के सार्वजनिक सूचना प्राप्ति का अधिकार प्राप्त है।
5. प्रत्येक नागरिक को भुगतान के रूप में दी गई राशि के बारे में जानने का अधिकार है कि उनके द्धारा दी गई राशि का उपयोग कैसे किया जा रहा है।
6. ये सरकार से प्रश्न पूछने का अधिकार देता है और इसमें टिप्पणियां, सारांश अथवा दस्तावेजों या अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां या सामग्री के प्रमाणित नमूनों की माँग की जाती है।
7. प्रशासन नागरिकों द्धारा माँगे जाने वाली सूचना देने के लिये विलम्ब या मना करती है तो नागरिकों इसका जबाव माँगने का अधिकार है।[6]

अधिनियम के प्रमुख उद्देश्य:

1. लोक प्राधिकारियों के कार्यकरण में पारदर्शिता लाना तथा उनके उत्तरदायित्व में संवर्धन करना।
2. लोक प्राधिकारियों के नियंत्रणाधीन सूचना तक पहुँच सुनिश्चित करना।
3. नागरिकों के सूचना के अधिकार की व्यावहारिक शासन पद्धति स्थापित करना।
4. केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोगों का गठन करना।
5. भ्रष्टाचार उन्नमूलन का प्रयास।
6. शासन तथा उसके उपक्रमों को उत्तरदायी करना।
7. संस्कारों का दक्ष प्रचालन सुनिश्चत करना।
8. सीमित राज्य वित्तीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना।
9. संवेदनशील सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखना।
10. विरोधी हितों के बीच सामंजस्य स्थापित करना।[7]

नागरिकों के अधिकार पत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना:

1. आर्थिक एवं सामाजिक सतत् विकास के लिये सुशासन आवश्यक है सुशासन के लिये तीन आवश्यक घटक है प्रशासन में पारदर्शिता, जबाव देही और उत्तरदायित्व। सर्वप्रथम ब्रिटेन में नागरिक अधिकार पत्र का प्रारम्भ 1991 में जारी एक श्वेत पत्र के माध्यम हुआ जो कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री जॉन मेजर के विचारों की उपज थी।
2. 1991 में जारी श्वेत पत्र के अनुसार इस में सार्वजनिक सेवा के 06

सिद्धांत सम्मिलित थे। मापदण्ड का खुलापन, पारदर्शिता, सूचना, विकल्प या स्वैच्छिक चुनाव, निष्पक्षता एवं सुलभता। ये सभी तत्व भारतीय प्रशासन में लक्षित होते हैं।

3. नागरिक अधिकार पत्र नागरिकों के प्रति संगठन के प्रतिबद्धता पर केन्द्रित एवं व्यवस्थित प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है, जो सेवाओं की गुणवत्ता, सूचनाओं विकल्प और परामर्श गैर भेदभाव और पहुँच शिकायत, निवारण, शिष्टाचार से सम्बन्धित है।
4. भारतीय प्रशासन में नागरिक अधिकार पत्र के माध्यम से जन जागरूकता और प्रशासनिक पारदर्शिता को सुनिश्चित किया गया है।
5. 1996 में नई दिल्ली में राज्यों के मुख्य सचिवों के सम्मेलन में पहली बार प्रशासन को पारदर्शिता एवं जबावदेही बनाने का निर्णय लिया गया इसके कुछ समय अन्तराल में 24 मई 1997 को मुख्यमंत्रियों का एक सम्मेलन 'प्रभावी तथा उत्तरदायी प्रशासन' विषय पर आयोजित किया था।[8]

सरकार द्वारा सुशासन लाने के लिये नागरिकों के नौ सूत्रीय कार्यक्रम:

1. नागरिकों के लिये अधिकार पत्र एवं जबावदेही प्रशासन बनाया गया।
2. ग्रामीण एवं शहरी निकायों को अधिक से अधिक सत्ता विकेन्द्रित की गई।
3. प्रवर्तित कानूनों और प्रक्रियाओं की समीक्षा और सरलीकरण किया गया।
4. प्रशासन में पारदर्शिता को अपनाने का पूर्ण प्रयास किया गया।
5. लोक सेवकों के लिये आचार संहिता का प्रावधान किया गया है।
6. कार्मिकों के कार्यकाल का स्थायित्वकरण किया गया है।
7. सेवाओं का विकेन्द्रीकरण किया गया।
8. प्रभावी एवं त्वरित लोक शिकायत निवारण का प्रभावी प्रावधान।
9. लोक सेवा पाने का अधिकार।

सुझाव:

1. मंत्रियों, अधिकारियों एवं राजनीतिज्ञों के द्वारा आचार संहिता पालन में नैतिक मूल्यों का संचार किया जाये।
2. गरीबी, बेरोजगारी, विषमता को दूर करने की परम आवश्यकता है।
3. भ्रष्टाचार का उन्मूलन कर, संस्कारों के विकास एवं आदर्शो की स्थापना कर दैनिक जीवन में अपना कर सुशासन का विकास की पहल की जा सकती है।
4. प्रशासनिक पद्धतियों का सरलीकरण किया जाये ताकि भ्रष्टाचार, अधिकारों का रूखा व्यवहार का निवारण सम्भव हो सके।
5. भ्रष्टाचार विरोधी कानून में विनिर्धारित कठोरात्मक दण्ड की व्यवस्था का ईमानदारी से पालन किया जाये।
6. न्याय प्रक्रिया को विलम्बकरण से बचाया जाये।
7. भ्रष्टाचारी नेताओं व अधिकारियों के साथ कठोर दण्ड की व्यवस्था के साथ-साथ उनमें सामाजिक व्यवस्था के प्रति सद्भावना नैतिक मूल्यों का विकास किया जाना चाहिये
8. नैतिकता को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष योग्यता के आधार पर नियुक्तियां की जायें।
9. प्रत्येक नागरिकों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों का सद्ज्ञान होना चाहिये।

उपसंहार- स्पष्ट है कि स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम व द्वितीय प्रशासनिक सुधार क्रमश: 1964, 2005, राज्यों में लोकायुक्त जिला सतर्कता अधिकारी, सेवाओं के प्रदान की गांरटी अधिनियम आदि अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है जिनकी प्रभाव की विफलता को भी देखा गया है किन्तु सुझावास्थास्वरूप अन्य जिन सुझावों में ध्यान दिलाया गया है आम नागरिक, अधिकारी वर्ग, नेता वर्ग उन सुझावों को अपनाकर सुशासनात्मक व्यवस्था को राज्यों और देश को अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है, साथ ही साथ प्रशासन को कठोर कानून बनाने चाहिए और इनके उत्लखंन करने वाले को दण्ड व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाये, पुन: जिससे देश में सुशासन फलीभूत हो सकता है जबकि प्रत्येक नागरिक का देश में सुशासन स्थापन, भ्रष्टाचार निवारण, सामाजिक जीवन में आपराधिक प्रवृत्तियों की जगह नैतिक मूल्यों का संचार, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, सरकार का विकाकात्मक योजनाओं का अधिक प्रयोग करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महेश कुमार वर्णमाला, 'भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था ' NCERT" OSMOS प्रकाशन TM No. 01181859 दिल्ली - 110009
2. डॉ. बी.एल., फाडिया, 'राजनीति विज्ञान' प्रश्नपत्र-02, प्रतियोगिता साहित्य सीरिज, प्रकाशन साहित्य भवन, आगरा-28007 उत्तरप्रदेश।
3. राजेश मिश्रा 'राजनीति शास्त्र' एक समग्र अध्ययन प्रकाशन सरस्वती खअड दिल्ली - 110009.
4. अरूण दत्त शर्मा, कुमार आशुतोष व नवीन विनीत,'राजनीति विज्ञान' प्रश्न पत्र II व III प्रकाशन अरिहंत पब्लिकेशन (इण्डिया) लिमिटेड, नई दिल्ली, 110002
5. श्वेता मिश्रा, नागरिक नीति और प्रशासन, मनोज सिंह (सम्पादक), 'प्रशासन एवं लोक नीति', पृष्ठ 274.
6. 'सामान्य ज्ञान', किरण प्रकाशन दिल्ली- 110034.
7. डॉ. जे.सी.जौहरी,'राजनीति विज्ञान' नवीन संस्करण, प्रकाशक - एस बी पी डी पब्लिकेशन, आगरा - 282002.
9. Net RAS MAINS, Chenal नागरिक अधिकार पत्र Smart Student.
10. डॉ. बी.एल. फड़िया,'लोक प्रशासन' प्रकाशन साहित्य भवन, 2015, 22वाँ संस्करण आगरा-282007.

****

मानवतावाद और नीतिपरक राजनीति

डॉ. सोमवती शर्मा *

शोध सारांश – नीति और राजनीति आत्मा एवं शरीर की भाँति परस्पर सम्बद्ध हैं। 'नीति' राजनीति को दिशा, ऊर्जा एवं प्राण-तत्त्व प्रदान करती है। नीतिविहीन राजनीति प्रज्ञाहीन होकर दुष्चरित्र लोगों के हाथ पड़ जाती है। नैतिक मूल्यों से विहीन राजनीति समाज का केवल अहित ही कर सकती है, कल्याण नहीं। मानवीय मूल्यों-प्रेम, सत्य, सेवा, सद्कार्य, विवेक एवं संवेदनशीलता से प्रेरित एवं ओत-प्रोत होकर ही राजनीति समाज के लिए समृद्धकारी हो सकती है। मूल्यहीन राजनीति समाज को विनाश की ओर ले जाती है। जिस राजनीति में मानवीय समता, भ्रातृत्व, स्वतन्त्रता एवं सद्भावना का उद्धोष नहीं होता, वह समाज में केवल शोषण, अपराध, भेदभाव, साम्प्रदायिक वैमनस्य को ही जन्म दे सकती है क्योंकि उसकी नींव सत्य और सेवा पर नहीं रखी जाती है।

भवाई नाट्य– भवाई नाट्य अनूठे नाट्य माने जाते हैं। इसमें पात्र व्यंग्यवक्ता होते हैं। सामयिक समस्याओं पर चोट करना एवं तात्कालिक सवाल–जवाब करना इनका प्रमुख कार्य होता है। इन खेलों के पात्र स्थानीय एवं सामयिक समस्याओं पर व्यंग्य करते हैं। ये खेल परम्परा पर आधारित होते हैं। इनका कोई रंगमंच नहीं होता परन्तु इनके संवाद बहुत ही कुशाग्र होते हैं। इन नाट्यों में मूल लेख बदलते रहते हैं। इनमें गायन, भवाइयों के हंसी–मजाक और संवाद बहुत ही मनोहर होते हैं।

गवरी– मेवाड़ में लोक संस्कृति के प्रतीक के रूप में गवरी प्रचलित है। इस नाट्य में शिव, पार्वती और भस्मासुर की कथा कही जाती है। यह सबसे लम्बा चलने वाला नाट्य होता है।

कठपुतली कला– कठपुतली अरडू की लकडी की होती है जो उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और जयपुर की प्रसिद्ध है। भारत में छाया पुतली, धागा पुतली, दस्ताना पुतली प्रसिद्ध है। आज यह कला विलुप्तिप्राय: है और तिरस्कार का सामना कर रही है किन्तु प्राचीन समय में इस कला द्वारा शासकों ने भी अपना मनोरंजन किया है। भगवान ब्रह्मा को कठपुतली कला का जन्मदाता बताया गया है।[6]

लोकचित्र – प्राचीन काल से ही भारत में लोकपर्वों को अत्यधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इन लोकपर्वों पर लोकचित्रों को बनाने की परम्परा रही है। लोगों में आज भी इन चित्रों के प्रति निष्ठा दिखाई देती है। इन चित्रों में विभिन्न प्रतीकों को माध्यम बनाया गया है। जैसे दीवाली पर रंगोली, माण्डना आदि, मांगलिक कार्यक्रमों में स्वास्तिक, लक्ष्मी गणेश आदि का चित्रण किया जाता है। हमारी संस्कृति में संख्या सात को भी महत्ता दी गई है। सात को शुभ माना गया है। जैसे सात फेरे, सात सोपान, सात गांठ आदि। प्राचीन काल से ही आड़ी तिरछी रेखाओं से चित्र बनाने की परम्परा रही है। लोकचित्रों में रेखाओं के प्रयोग से मानवीय आकृतियाँ बनायी गई है जो कि अनोखे सौंदर्य को दर्शाती हैं। लोकचित्रों के अन्तर्गत कुछ प्रमुख विधाऐं:–

रंगोली– भारत में प्राचीन काल से ही भूमि की उर्वरता के रहस्य के कारण भू अलंकरण की परम्परा रही है। मिट्टी, चावल का चूर्ण, गोबर, फूल, रंगों आदि से रंगोली बना भू–अलंकरण किया जाता है। रंगोली का प्रचलन महाराष्ट्र में अधिक है। गुजरात में भी रंगोली प्रसिद्ध है जिसे कलोटी कहा जाता है। रंगोली मंगल कामना से निहित होती है और इसमें शंख, स्वास्तिक, देवी–देवताओं, चक्र आदि की आकृतियाँ बनायी जाती है।

माण्डना– माण्डना का सर्वाधिक प्रयोग राजस्थान में होता है। इसमें भूमि पर, दीवारों पर, चौक में, महराबों पर गीले रंगों के प्रयोग से चित्र बनाए जाते हैं। प्रमुख रंगों में सफेद व गेरू रंग का प्रयोग किया जाता है। चित्रों में दीपक, हाथी, केले का वृक्ष, गणेश जी आदि की आकृतियां प्रमुख रूप से बनाई जाती है।

अहोई– अहोई अष्टमी के पर्व पर लघु आकृतियों के संयोजन से अहोई देवी का रूप बनाकर पूजा की जाती है। पुत्रवती स्त्रियाँ अपने पुत्रों के लिए व्रत रख उनकी मंगल कामना करती हैं।

सांझी– नवरात्रि के समय सांझी बनाकर देवी का रूप मानकर पूजा की जाती है। दीवार पर गोबर की सहायता से मनोहारी अंकन कर उसमें रंगों का प्रयोग किया जाता है। यह वृंदावन में अत्यधिक प्रचलित है।

गोदना– यह लोककला आदिवासी जनजातियों और ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें सूई अथवा किसी नुकिले यंत्र से शरीर पर चित्रण किया जाता है। चित्रों में किसी का नाम, पशु–पक्षी, अराध्य देवी–देवता, आभूषण आदि प्रमुख होते हैं।

बंगाल की पट चित्रकला– यह बंगाल की लोककला का प्राचीनतम् उदाहरण है। यह लगभग तीन हजार वर्षो पुरानी है और व्यापारिक कला है। इसे कपडे अथवा पटुआ नामक कागज पर बनाया जाता है। पटुओं में मानवाकृतियाँ और प्राकृतिक चित्रण प्रमुखता से किया जाता है। अब यह कला विलुप्ति के कगार पर है।

करवा चौथ– अवध में इसे कला गौरी बाग के नाम से जाना जाता है। इसमें दीवार को लीपकर तुरई के पत्तों से भूरे रंग से सीढी, इमली, बुढिया, देवरानी–जेठानी आदि के चित्र बनाये जाते हैं। भूमि पर चन्द्रमा की आकृति बनाकर स्त्रियाँ पति की मंगल कामना हेतु पूजा करती हैं।

लोकनृत्य– भारतीय लोकसंस्कृति में लोकनृत्यों का प्राचीन काल से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है। लोकनृत्य विभिन्न त्यौहारों एवं मांगलिक अवसरों पर किए जाते हैं। इन नृत्यों में कोई नियम नहीं होते। ये नृत्य मनोंरंजन के लिए किए जाते हैं। कुछ नृत्य व्यवसायिक भी होते हैं और कुछ जनजाति विशेष के द्वारा किए जाते हैं। भारत में प्रचलित प्रमुख लोक नृत्यों में गुजरात का गरबा और डांडिया नृत्य जो कि नवरात्रि के समय किया जाता है, राजस्थान का घूमर नृत्य, तेरहताली नृत्य, कालबेलिया नृत्य, पणिहारी नृत्य, गीदड़ नृत्य, चरी नृत्य आदि, पंजाब का भांगडा नृत्य, केरल का छाउ, उत्तारांचल का छोलिया, चोचंरी, हिमाचल का छम्म नृत्य, उत्तारप्रदेश का लाठी नृत्य,आदि प्रमुख है।

लोकगीत– लोगों को प्रसन्न करने एवं अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए जो राग गाया जाता है उसे लोकगीत कहा जाता है। लोकगीत प्राचीन भारतीय सभ्यता को अपने में जीवन्त बनाए हुए है। लोकगीतों में ग्रामीण क्षेत्रों की परम्पराऐं सुनाई देती हैं। लोकगीत अल्हड़ व उन्मुक्त होते हैं। प्रमुख लोकगीतों में भोजपुरी, राजस्थानी, अवधी, ब्रज, गढ़वाली, बुन्देली आदि आते हैं। लोकगीतों के प्रकारों में संस्कार गीत, शिशुक्रीडा गीत, ऋतु गीत आदि आते हैं। अवध के लोकगीतों में ढोला, निरगुन, कजरी, होरी आदि के गीत, ब्रज में सांझी के गीत, युगल गीत, ख्याल, कर्नाटक में यक्षगान, बुन्देलखण्ड में संस्कार, फाग, गोट आदि, राजस्थान में गोरबन्द, काजलियो, बन्ना–बन्नी, लावणी, घोडी, हिचकी आदि प्रमुख हैं। बुन्देलखण्ड में विवाह के अवसरों पर गाए जाने वाले विदाई गीत अत्यन्त मार्मिक होते हैं।[7]

लोकगाथाएँ– लोकगाथाओं को महाराष्ट्र में पवाडा, राजस्थान में गीतकथा और गुजरात में कथागीत कहते हैं। डॉ. शंकरलाल यादव ने इन्हें लोकमहाकाव्य के समान बताया है। प्रो. गूमर ने इनका वर्गीकरण प्राचीन, कौटुम्बिक, शोकपूर्ण, अलौकिक, निजंधरी, सीमान्त व आरण्यक के रूप में किया है।[8]

लोक कथाऐं– पीढ़ियों से लोगों में प्रचलित कहानियाँ लोक कथाएँ कहलाती हैं। यह काल्पनिक और मनोरंजक होती हैं। ये आदर्शों व सिद्धान्तों के अनुसरण की शिक्षा देने वाली एवं मर्मस्पर्शी होती हैं। पौराणिक, जादूगर, व्रत, परी, नाग, अप्सराऐं आदि विषय इनमें सम्मिलित होते हैं।[9]

लोककलाऐं लोकसंस्कृति की धारा को प्रवाहित कर प्राचीन परम्पराओं को जीवित रखने वाली होती हैं। लोककलाऐं समाज की धरोहर हैं तथा मान्यताओं में भिन्नता होने के पश्चात् भी एकत्व का भाव प्रदर्शित करती है। यह सशक्त व प्रभावी रूप से निरन्तरता को दर्शाती है। यह रूढ़िवादिता को दर्शाती है अर्थात् जो अभिप्राय लोक में एक बार प्रचलित हो जाते हैं उनका

अनुसरण पीढी दर पीढी किया जाता है।

लोकसंस्कृति में जीवन का प्रवाह दिखाई देता है। लोक संस्कृति स्वयं में अनेकों गुण, रूप और रंगों को समाहित किए हुए है। लोक संस्कृति ने मानव जीवन को आत्मीयता और ऊर्जा प्रदान कर परम्पराओं से घेरे रखा है। मांगलिक अनुष्ठानों में श्रद्धा व भक्ति के साथ लोकसंस्कृति दिखाई देती है। इसी के अनुसार सोलह संस्कार जैसे जन्म संस्कार, अन्नप्राशन, मुण्डन, कर्णभेदन, शिक्षा, विवाह आदि की विधि-विधान पूर्वक पुष्टि की जाती है।[10] लोक कलाऐं समय के अनुसार परिवर्तित हुई हैं किन्तु भाव सदैव एक सा रहा है। कला किसी भी बन्धन में ना बंधकर स्वतन्त्र है किन्तु स्वयं राष्ट्रीय परम्परा को एक सूत्र में बांधे रखती है। अपने में सजीवता लिए हुए लोककलाऐं मनुष्य को संस्कार सम्पन्न बनाती है। ये माधुर्यता व उल्लास का अक्षय स्त्रोत हैं।[11] विलुप्त होती सांस्कृतिक परम्पराओं को बचाने हेतु इनके अत्यधिक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी इन लोककलाओं से अनजान ना रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गीता : (3/22), (3/24), (3/25), (8/92), (9/33)
2. लोक : अर्थ स्वरूप, शैलेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, पृ. 19
3. 43/36, महाभारत उद्योग पर्व, पूना
4. ए हैण्डबुक ऑफ फॉकलोर, लोक संस्कृति विशेषांक, सं. 2010, पृ. 65
5. लोक-नाट्य परम्परा और प्रवृत्तियाँ, प्रस्तावना, देवीलाल सांभर, पृ. 12
6. रामलीला, दयाप्रकाश सिन्हा, पृ. 70
7. लोकगीत : कालातीत धरोहर, सुरेश गौतम, पृ. 34
8. लोकागाथा : परिचय व स्वरूप, पवन अग्रवाल, पृ. 50
9. राजस्थान का लोक साहित्य, रविन्द्र भारती, पृ. 54
10. लोकसंस्कृति की अवधारणा, त्रिभुवननाथ शुक्ल, पृ. 26
11. रंगोली एक राष्ट्रीय परिदृश्य, वीणा श्रीवास्तव, पृ. 64

****

अभिव्यक्ति का अधिकार

डॉ. अमित मेहता *

प्रस्तावना - उदारवादी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में विभिन्न की स्वतंत्रायें प्रदान की जाती है, उन सभी के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का महत्वपूर्ण स्थान है व साथ ही मानव अधिकारों के क्षेत्र में अहम स्थानहै। वर्तमान समय में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा जन-संचार माध्यमों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया औ रइंटरनेट इत्यादि इस स्वतंत्रता का व्यापक स्तर पर प्रयोग भी करते है।

राजनीतिक सिद्धांत के अंतर्गत अभिव्यक्ति और भाषण की स्वंतत्रता का महत्वपूर्ण स्थान है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताना केवल स्वतंत्रताओं की पूर्व शर्त है बल्कि यह लोकतंत्र के मूल्यों में महत्वपूर्ण में मूल्यों में महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, इसे अन्य सभी स्वतंत्रताओं की जननी है। आधुनिक युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को स्वतंत्र समाज में ना केवल स्वीकृति प्रदान की गयी है व इसके संरक्षण को महत्व दिया गया है। अपने विचारों को बिना किसी बाधा के व्यक्त करना प्रत्येक समाज व राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ ही भाषण की स्वतंत्रता का लोकतंत्र में अहम स्थानहै। भाषण या वाक् स्वतंत्रता में बोलने वाले से अधिक सुनने वाले व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है व साथ ही यह सत्य की खोज में अहम स्थान पर स्थित है। इसे मौलिक अधिकारों की श्रेणी में भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समुदाय और राज्य के विकास में भी सहायक है। (हेनरी:17-19)। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से उदारवादी लोकतांत्रिक देशों के द्वारा स्वीकार कर लिया गया है अर्थात् इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति प्राप्त है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की पूर्व शर्त है क्योंकि यह विविधता और बहुलता को बनाये रखता है जो लोकतांत्रिक समाज के लिए आवश्यक है। यह एक लोकतांत्रिक समाज को समझने व अध्ययन करने का माध्यम भी है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के साथ ही उस पर व्यक्तिगत नैतिक दायित्व भी होता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ व्यापक चुनौतियाँ भी अस्तित्व में विद्यमान रहती है जैसे-निजता, गरिमा और सम्मान की सुरक्षा बनाये रखना, आतंकवाद के युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, इंटरनेट के युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व अधिकार के रूप में इसका स्वरूप इत्यादि (अर्सलान 1-7)। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निरंतर वृहत होर ही है (रिडडी हौ 2008: 1781) यद्यपि किसी भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु अधिकारों का अहम स्थान है। किन्तु व्यक्ति के इस अधिकार क्षेत्र में राज्य का हस्तक्षेप होना चाहिए अथवा नहीं अथवा किस सीमा तक यह अधिकार प्रासंगिक है।

भारत का संविधान अपने नागरिकों विभिन्न प्रकार के मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जो उन प्रमुख अधिकारों में एक प्रमुख है अनुच्छेद 19 में वर्णित स्वतंत्रता का अधिकार जिसके अंतर्गत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, निशस्त्र शांतिपूर्ण रूप से एकत्र होने का अधिकार, संगठन व संघ बनाने की स्वतंत्रता भारतीय भू-भाग में कहीं भी स्वतंत्र रूप से घूमने की आजादी, भारतीय भू-भाग में कहीं भी बसने की स्वतंत्रता कोई भी व्यवसाय, व्यापार व उद्योग स्थापित व उसे संचालित करने की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता इत्यादि भारत के लोगों ने स्वयं को भारत का संविधान प्रदान किया है।

भारतीय लोकतांत्रिक समाज में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को स्थान प्रदान किया है जो अन्य सभी स्वतंत्राओं का अंग है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार अंतर्निहित किया गया है व इस स्वतंत्रता को सुरक्षित किया गया है। (अध्याय 2 : 43)।

भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारत में संविधानिक रूप से सुरक्षित की गई है किंतु यह सीमित है तथा इस पर कुछ सीमाएं भी निश्चित की गयी है। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता और अधिकार का विषय है और विचारों की स्वतंत्रता और जानने का अधिकार ही अभिव्यक्ति स्रोत है। भाषण की स्वतंत्रता का संबंध लोकतंत्र से है।

जार्ज बर्नाड शॉ ने कहा है कि भाषण की स्वतंत्रता और सभी नागरिकों के विचारों का सिद्धांत इस पर निर्भर नहीं करता कि सभी सही है बल्कि यह स्पष्ट करता है कि सभी व्यक्ति किसी ना किसी स्तर पर गलत है और दूसरा व्यक्ति सही है, इसलिए यदि किसी भी व्यक्ति की बात को अनसुना किया जाना लोक अहितकारी है (अध्याय : 41-43)

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को उदारवादी लोकतांत्रिक देशों द्वारा व्यापक रूप से स्वीकार कर लिया गया है, किंतु इसकी सीमाओं के विषय में निरंतर बहसें चलती रहती है। क्योंकि कई बार स्वतंत्र अभिव्यक्ति से समस्त उत्पन्न होती है। द्वेष भाषण मुख्यत: अपने विरोधी के प्रति आक्रामक रूप में होती हैं। उनसे विभिन्न समूहों और समुदायों की भावनाओं को आघात पहुंचता है व उससे रोष की भावनाएं उत्पन्न होती है। यह कई बार राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समस्याएं भी उत्पन्न करते है जो द्वेष भाषण व द्वेष अभिव्यक्ति के रूप में विवाद बढ़ाते हैं (स्मिट्स 2009 : 152-153)

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार कुछ स्थितियों में नकारात्मक रूप में हो जाता है। ऐसी घटनाएं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार उनकी सीमाओं, कमियों व अपवादों को दर्शो है। यदि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से किसी दूसरे व्यक्ति को प्रत्यक्ष रूप से हानि पहुंचती है तो ऐसी स्थिति हिंसा को जन्म देती है तो ऐसी स्थिति में इसे उदारवादी परिप्रेक्ष्य से

* इतिहास विभाग, राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

सही नहीं कहा जा सकता इसका एक कारण यह है कि उदारवादी लोकतंत्र का मूल उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षा और बचाव प्रदान करना है जबकि द्वेष व रोष से उत्पन्न स्थिति उस मार्ग में बाधक है (स्मिट्स 2009 : 160)।

द्वेष भाषण वह भाषण है जो दूसरे व्यक्ति, समुदायों के लिए घृणा, क्रोध, हानि पहुँचाने की भावनाओं से लिप्त होती है। नस्लीय और नृजातीय टिप्पणी करना तथा किसी दूसरे व्यक्ति, समूह या समुदाय के लिए घृणा पूर्ण विचारों का प्रतिनिधि करना, लैंगिक दृष्टि से किये गए टिप्पणी भी इसी श्रेणी का ही भाग है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को निम्न स्तर का मानना शामिल है (वैलेंटाइन 2013 : 1-2)।

इस अधिकार का एक लम्बा दार्शनिक-नैतिक और विधिक-राजनीतिक इतिहास रहा है। बीसवीं शताब्दी में अधिकार अति महत्वपूर्ण हो गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार माव अधिकारों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यह व्यक्तिगत विचारों की स्वतंत्रता का संचार और व्यवहारिक रूप भी है। आधुनिक लोकतांत्रिक जगत में मीडिया की भूमिका अति महत्तवपूर्ण हो गई है और यह विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में स्थित है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में सूचना और विचारों को जानने उन्हें प्राप्त करने व सूचनाओं को प्रदान करने का अधिकार भी सम्मिलित व इसका व्यापक दायरा है।

भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार का रूप में है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उदारवादी लोकतांत्रिक देशों द्वारा अपनाया गया है। इसकी महत्ता इसी बात से स्पष्ट होती है कि इस स्वतंत्रता के बिना अन्य स्वतंत्रताओं का अस्तित्व में बने रहना कठिन है। यह सामान्य कानून के रूप में व्याप्त है। सरकारी और राजनीतिक विषयों को संचार के माध्यम से समाविष्ट करता है (एडिटोरियल 2015 : 21)।

आधुनिक युग में यह विभिन्न संचार के माध्यमों के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग किया जाता है। इन सभी माध्यमों से व्यक्ति अपनी बात स्पष्ट करता है व जानकारियों, सूचनाओं का आदान प्रदान करता है। कई बार ऐसी अप्रिय घटनाएं व दुर्घटनायें उत्पन्न हो जात है जो शांति और व्यवस्था को हानि पहुंचाती है। ऐसी घटनाएं इस अधिकार हेतु कुछ सीमित प्रतिबंधों की अनिवार्यता को उजागर करती है।

वर्तमान उदारवादी लोकतांत्रिक देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक महत्वपूर्ण आयाम के रूप में विद्यमान है तथा यह सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास का एक अभिन्न अंग भी बन गया है।

भारत के संविधान के द्वारा मौलिक अधिकारों के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का विस्तृत रूप से उल्लेख किया गया है। आधुनिक लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दृष्टि से भी अति-महत्वपूर्ण है। इस अधिकार की प्रासंगिकता वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है व भावी राजनीतिक लोकतांत्रिक पृष्ठभूमि को सशक्त रूप प्रदान करने का महत्वपूर्ण साधन व माध्यम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हेनरी, पी., चौप्टर 2, कांसेप्ट, मीनिंग एंड स्कोप ऑफ फ्रीडम स्पीच एंड एक्सप्रेशन, पृष्ठ 16-24
2. अर्स्लान, जेड., (2015). फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन,ड डेमोक्रेसी एंड चलेंजेस, पृष्ठ. पृष्ठ 1-8. http://anayasa.gov.tr/en/inlinepages/press/NewsAndEvents/detail/pdf/fullte0t.pdf.
3. रिडडी हौ, जी. बेवर्ली ए, एंड जॉनट्रेविस, (2008). 'फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन', अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस, साइंस न्यूसीरीज, वोल. 319, न. 5871 (28).
4. अध्याय.2 (ब), फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड एक्सप्रेशन अंडर इंडियन कांस्टीटयूशन विद स्पेशल रेफेरेंस टू इलेक्ट्रॉनिक मीडिया. http://shodhganga.infibnet.ac.in/bitstream/10603/36776/11/11_chepter%202.pdf
5. स्मिट्स, के., (2009). शुड ओफ्फेंसिवे स्पीच बीरिगुलेटेड, अपलाइंग पोलिटिकल थ्योरी : इश्यूज डिबेटस, पेल्ग्रेव मैकमिलन: न्यूयॉर्क. पृष्ठ. 152-170.
6. वैलेंटाइन, पी.(2013),'फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, हेटस्पीच एंड सेंसरशिप', वीसीयू, अप्रैल 6. पृष्ठ. 1-4- http://klinechair.missouri.edu/docs/freedom_of_e0pression.pdf.
7. एडिटोरियल, (2015). 'फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड एक्सप्रेशनइज ए राईट: द सुप्रीम कोर्टस रूलिंग स्ट्राईकिंग डाउन सेक्सन' 66। वेंचर्स टू प्रोवाइड ए लार्जर प्रोटेक्शन टू फ्री स्पीच-, इकनोमिक एंड पोलिटिकल वीकली, वोल. 50, न. 13, मार्च 28, 2015.
8. कानवन, (2014). एफ0, जे.एस. मिल ऑन फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, मॉडर्न ऐज, पृष्ठ. 362-369-http://isi.org/wp&content/uploads/2014/10/canavan.pdf/066229-
9. मेंडेल, टी., (2010). रेस्ट्रिक्टींग फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन: स्टैंडर्ड्स एंड प्रिंसिपल्स, सेंटर फॉरलॉ एंड डेमोक्रेसी-http://www.lawdemocracy.org/wp&content/uploads/2010/07/10.03.Paper&on&Restrictions&on&FOE.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) January To March 2019, E-Journal, Issue XXV, Vol. IV

कुटीर एवं लघु उद्योगों में रोजगार की संभावनायें

डॉ. प्रवीण पंड्या *

शोध सारांश – भारतीय अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी एक प्रमुख राष्ट्रीय समस्या है। प्रतिवर्ष बेरोजगारी में होने वाली वृद्धि ने अर्थव्यवस्था के सामने चुनौती खड़ी कर दी है, साथ ही आर्थिक विकास की नियोजित प्रक्रिया पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही केन्द्र एवं राज्य सरकारें इस समस्या के समाधान हेतु प्रत्यनशील है। विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा भी रोजगार वृद्धि की कोशिश की गई हैं, लेकिन अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही।

प्रस्तावना – 1991 में भारत सरकार द्वारा आर्थिक उदारी करण नीति को अपनाया गया पर इससे बेरोजगारी की समस्या और अधिक जटिल हो गयी है। क्योंकि एक ओर शासकीय उपक्रमों में निजीकरण को बढ़ावा तथा सरकारी व्यय में कटौती करके सरकारी नौकरियों में कमी की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ आधुनिकी करण व कम्प्यूटरीकरण के कारण निजी क्षेत्र में भी नौकरियों की कमी होती जा रही है। ऐसी स्थिति में स्वरोजगार ही स्वरोजगार का एकमात्र विकल्प हो सकता है। देश में जो विभिन्न तरह की बेरोजगारी पाई जाती हैं जैसे चक्रीय बेरोजगारी मौसमी बेरोजगारी, प्रच्छन्न बेरोजगारी इनका समाधान भी स्वरोजगार या ग्रामीण उद्योगों द्वारा ही संभव हो सकता है। इस संदर्भ में योजना आयोग के अनुसार –'ग्रामीण उद्योगों को विकसित करने का प्राथमिक उद्देश्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना, आय एवं रहन–सहन के स्तर को ऊँचा उठाना तथा एक संतुलित एंव समन्वित अर्थ–व्यवस्था का निर्माण करना है।'

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भी कहा था कि–'भारत का मोक्ष उसके कुटीर उद्योगों में ही निहित है।'

उपर्युक्त विचारों से स्पष्ट है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिये या अधिकाधिक रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु ग्रामोद्योगों को पर्याप्त व समुचित संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिये। तभी इस क्षेत्र की रोजगार संभावनाओं का पूर्ण उपयोग किया जा सकेगा।

ग्रामीण क्षेत्र के उद्योगों की अवधारणा को स्पष्ट करना होगा। लघु उद्योगों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है –पारंपरिक लघु उद्योग एवं आधुनिक लघु उद्योग।

पारंपरिक लघु उद्योगों में खादी व हथकरघे, हस्तशिल्प, रेशम उद्योग व नारियल उद्योग शामिल किये जाते है जबकि आधुनिक लघु उद्योगों में परिमार्जित वस्तुएं, टी.वी सेट, इलेक्ट्रानिक उपकरण विभिन्न इंजीनियरिंग वस्तुएं आदि शामिल हैं।

पारंपरिक लघु उद्योग या ग्रामोद्योग अधिक श्रम–प्रधान हैं जबकि आधुनिक लघु उद्योग बहुत ही परिमार्जित मशीनरी व उपकरणों का प्रयोग करते हैं। एक अनुमान के अनुसार 1990–91 में पारंपरिक लघु उद्योगों द्वारा कुल उत्पादन का 13 प्रतिशत उपलब्ध कराया गया तथा कुल रोजगार में इनका योगदान 56 प्रतिशत था जबकि आधुनिक लघु उद्योगों का कुल उत्पादन में 74 प्रतिशत तथा कुल रोजगार में केवल 33 प्रतिशत का योगदान रहा।इससे स्पष्ट है कि इन उद्योगों की उत्पादकता अपेक्षाकृत अधिक है।

पारंपरिक ग्रामीण उद्योगों की कुछ विशेषताएं है–

1. सबसे बड़ी विशेषता यह कि ग्रामीणों को सहायक रोजगार उपलब्ध करा सकते है।
2. ग्रामीण उद्योगों का संचालन उन व्यक्तियों द्वारा किया जाता है जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते है।
3. ग्रामीण क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रच्छन्न व मौसमी बेरोजगारी के समाधान का प्रभावपूर्ण विकल्प है।
4. ग्रामीण उद्योगों द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पूर्ण रोजगार के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर गतिमान किया जा सकता है।

भारत में जिस आर्थिक सुधार प्रक्रिया को लागू किया गया उसके कारण ग्रामीण उद्योगों की उपेक्षा हुई परिणाम स्वरूप बेरोजगारी व मँहगाई में लगातार वृद्धि हुई।खाडसारी व गुड़ निर्माण उद्योगों के कम होने से चीनी पर निर्भरता बढ़ी।

दीर्घकाल में ग्रामीण बेकारी को कम करने तथा ग्राम उद्योगों की गति को तेज करने हेतु आधुनिक लघु उद्योगों के विस्तार में तेजी लाना होगी। निष्कर्ष यह निकलता है कि परंपरागत ग्राम या लघु उद्योगों एवं आधुनिक लघु उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है।

ग्रामोद्योग क्षेत्र में कौन–कौन सी तथा किस तरह की वस्तुओं का उत्पादन हो सकता है इस पर विचार करना आवश्यक है। इन उद्योगों को स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता दी जाती है और प्रशिक्षण विपणन व अन्य सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाती है।

इन उद्योगों को निम्नलिखित वर्गो में रखा जा सकता है–

1. खाद्य सामग्री से संबंधित उद्योग –अनाज व दाल प्रशोधन उद्योग, ताड़ एवं ताड़ वस्तु उद्योग, गुड व खांडसारी उद्योग, ग्रामीण तेलधानी उद्योग, मधुमक्खी पालन व फल प्रशोधन उद्योग।
2. खनिज व रसायन आधारित उद्योग –आखाद्य तेल व साबुन उद्योग, ग्रामीण कुम्हारी उद्योग, हाथ कागज, कुटीर चूना उद्योग, दिया सलाई उद्योग, अगरबत्ती उद्योग।
3. वनोपज आधारित उद्योग–लाख उत्पादन गोंद उत्पादन, कत्था, चिरोंजी उत्पादन, बांस व बेत का उद्योग तथा औषधीय प्रयोजनों के लिए जंगली जड़ी–बूटियों एवं फलों का संचय।
4. अन्य वस्त्र उद्योग – सूती, ऊनी, रेशमी एवं पोली नाज।

* सह आचार्य (अर्थशास्त्र) राजकीय कन्या महाविद्यालय, खेरवाड़ा (उदयपुर) (राज.) भारत

5. अन्य उद्योग - चर्मोद्योग, जैव गैस, लुहारगिरी व बढ़ईगिरि, बर्तन उद्योग आदि।

ग्रामोद्योगों में उत्पादित की जाने वाली वस्तुओं के उपरोक्त वर्गीकरण से यह स्पष्ट होता है कि ये सभी वस्तुएं श्रम प्रधान हैं व सामान्य उपभोग की हैं। श्रम प्रधान होने के कारण इन उद्योगों में रोजगार की संभावनायें अधिक हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की अनंत संभावनाओं व पूंजी की कमी को ध्यान में रखते हुये ग्रामीण औद्योगिकरण की नीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें इनके विस्तार पर अधिक बल/जोर हो क्योंकि ये उद्योग श्रम प्रधान होते हैं तथा कम पूंजी एवं सामान्य प्रशिक्षण के बाद किसी भी उद्यमी /व्यक्ति द्धारा शुरू किये जा सकते है। ये औद्योगिक इकाईयाँ अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होती है। आज सारे विश्व में इन ग्रामीण/कुटीर / लघु उद्योगों का महत्व निर्विवाद रूप से स्थापित हो चुका है एवं माना जा चुका है कि भारी निवेश पर आधारित उद्योगों की बजाये अल्पनिवेश पर आधारित छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि 'हर हाथ को रोजगार एवं हर मुख को आहार' की परिकल्पना चरितार्थ की जा सके। ग्रामोद्यागों के विकास से एक ओर जहाँ रोजगार के अधिकाधिक अवसरों का सृजन होता है नहीं दूसरी ओर इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है। अतएव रक्षा संबंधी वस्तुओं के उत्पादन को छोड़कर अन्य वस्तुओं के उत्पादन के लिए लघु व कुटीर उद्योग क्षेत्र को ही प्रोत्साहन देना सही होगा।

ग्याहरवी पंचवर्षीय योजना कुटीर/सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र को उद्योग का एक महत्वूपर्ण अंग मानती है। क्योंकि इसके द्धारा कुल औद्योगिक का 40 प्रतिशत एवं कुल निर्यात का 34 प्रतिशत योगदान है। 2003-2004 में इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत भाग था। पिछले 5 वर्षो में कुटीर एवं लघु उद्योग क्षेत्र में वृद्धि दर 12 प्रतिशत रही है। निम्नलिखित तालिका से सूक्ष्म/कुटीर उद्योगों का अर्थव्यवस्था में उत्पादन एवं रोजगार में योगदान की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी-

विभिन्न वर्षो में सूक्ष्म/कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन एवं रोजगार

वर्ष	उत्पादन(चालू कीमतों पर करोड़ रूपयों में)	रोजगार (लाख व्यक्ति)
2006-2007	5,85,112	312.5
2007-2008	6,82,613	322.3
2008-2009	8,16,705	338.4
2009-2010	9,77,144	355.3
2010-2011	11,69,112	373.1
2011-2012	13,98,803	391.7

स्त्रोत-योजना आयोग, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना 2007-2012

रोजगार में वृद्धि के साथ -साथ ग्रामोद्योगों के विकास से सामाजिक /आर्थिक असमानता हटेगी और देश को समग्र आर्थिक समृद्धि की दिशा में आगे बढने में सफलता हासिल होगी। इन उद्योगों के विकास के महत्व को नि.लि. तर्को से स्पष्ट किया जा सकता है-

1. रोजगार-इन उद्योगों में श्रम प्रधान तकनीक का प्रयोग किया जाता है अत: देश में उपलब्ध प्रचुर जनसंख्या का सार्थक उपयोग हो सकता है । इनकी स्थापना में बहुत कम पूंजी की आवश्यकता होती है। स्थापना के तुरंत बाद ही लोगों को रोजगार उपलब्ध हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या का समाधान होता है।
2. भारत में 1991 में लघु व कुटीर उद्योगों में 61.4 लाख लोग कार्यरत थे, मार्च 2007 में यह आंकडा 3.12 करोड तक पहुंच चुका था।
3. कम पूंजी में अधिक उत्पादन -इन क्षेत्रों की उत्पादकता इसमें विनियोजित पूंजी के अनुपात में बहुत अधिक होती है। भारत में लघु उद्योग क्षेत्र का उत्पादन वर्ष 1994-95 में 122,210 करोड़ रू.था जो कि वर्ष 2006-07 तक बढ़कर 471,663 करोड रू हो गया। वर्तमान में कुल उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत इसी क्षेत्र से आता है।
4. आर्थिक समानता -ग्रामोद्योग समाज की आर्थिक असमानता को दूर करने में बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। ये उद्योग छोटे पैमाने पर चलाये जाते है। इसलिए लाभ की मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है लेकिन इससे आर्थिक केन्द्रीकरण नहीं होता।
5. अर्थव्यवस्था का विकेन्द्रीकरण-लघु व कुटीर उद्योग देश में विकेन्द्रीकरण का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं क्योंकि ये स्थानीय कच्चे माल एवं आवश्यकतानुसार देश के कोने -कोने में फैले होते हैं।
6. कलात्मक वस्तुओं का उत्पादन -इन वस्तुओं का उत्पादन ग्रामोद्योग में ही संभव है।वर्तमान मे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी वस्तुओं के विशाल बाजार उपलब्ध है।
7. छिपे हुये संसाधनों का उपयोग लघु व कुटीर उद्योगों में अपसंचित धन व छुपे हुए कौशल का उपयोग भी होता है। इन उद्योगों द्धारा संसाधनों एवं संपदा का प्रकटीकरण व समुचित उपयोग होता है।
8. शहरी करण एवं औद्योगीकरण के दुष्प्रभावों से मुक्ति-लघु व कुटीर उद्योग छोटे-छोटे क्षेत्रों में स्थापित होते हैं इसलिए शहरीकरण व औद्योगिक प्रदूषण की समस्याएं उत्पन्न नही होती।

उपर्युक्त तथ्यों /तर्को से लघु व कुटीर उद्योगों का महत्व पूर्णत: स्पष्ट है। इस संबंध में प्रसिद्ध राजनीतिक व सामाजिक चिंतक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था -'भारत गाँवों का देश है अत: सरकार को संतुलित अर्थव्यवस्था की दृष्टि से कुटीर व लघु उद्योगों के विकास को सर्वाधिक महत्व प्रदान करना चाहिये।'

लघु व कुटीर उद्योगों का महत्व होने के बाबजूद इन उद्योगों को बहुत-सी समस्यायों का सामना करना होता है उनमें मुख्य है कच्चे माल की अपर्याप्त उपलब्धता, कम उत्पादकता, उत्पादन लागत का अधिक होना, पूंजी की कमी, निर्मित वस्तुओं के विपणन में कठिनाई, बडे उद्योगों से प्रतिस्पर्धा तथा इस क्षेत्र मे कार्यरत श्रमिकों के लिए पर्याप्त कानूनी व्यवस्था का अभाव आदि।

इन समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल करके ग्रामोद्योगों विकास की गति को तेज किया जा सकता है। वर्तमान वैश्विकरण के परिदृश्य में इन ग्रामोद्योगों के विकास की रणनीति में निम्नलिखित तत्वों को शामिल करना आश्यक हो जाता है-

1. ग्रामोद्योगों को ऐसी प्रौद्योगिकी/तकनीक उपलब्ध कराई जाए जिससे परंपरागत उद्योगों को पुनर्जीवित किया जा सके तथा नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एक व्यवस्थित नियोजन नीति के अतंर्गत संभव हो सके।
2. कुटीर व लघु उद्योगों की मुख्य समस्या पूंजी की है अत: इस क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा मे एवं प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए कम ब्याज दर पर पूंजी उपलब्ध कराई जानी चाहिए ।
3. कच्चे माल की खरीदी व उत्पादन का विपणन इनकी स्वयं की सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना चाहिए। इस प्रकार इनकी लागत में पर्याप्त रूप से कमी आ सकती है।

4. लघु व कुटीर उद्योगों के लिए आवश्यक होगा कि उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार आवे तथा इस पर नियंत्रण हेतु प्रत्यन किये जाये जिससे ये उद्योग भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अपना हिस्सा प्राप्त कर सकेंगे।
5. लघु व कुटीर उद्योगों को अनुसंधान व अन्वेषण पर व्यय करना चाहिए जिससे उत्पादन का उन्नयन हो व लागत में कमी आये।
6. लघु व कुटीर उद्योगों के प्रबंधकों व कारीगरों के लिए शासकीय व अर्द्धषासकीय संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर चलाये जाये ताकि एक ओर उत्पादक की गुणवत्ता में सुधार हो और इन्हें बाजार की तकनीक का भी ज्ञान हो सके।
7. बहुत आवश्यक है कि लघु उद्योगों व वृहद उद्योगों का कार्यक्षेत्र अलग-अलग हो जिससे दोनों अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण करें तथा राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समन्वित विकास में हो सके।
8. बहुत आवश्यक है कि लघु उद्योगों को बडे उद्योगों की सहयोगी इकाई के रूप में कार्य करना चाहिए ताकि व्यर्थ की प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय संसाधनों का दुरूपयोग न हो।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास हेतु बनाई गई रणनीति में यदि उपर्युक्त तत्वों का समावेश किया जाये तो ग्रामोद्योग देश के संतुलित एवं रोजगारोन्मुख विकास में अपनी सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकते है। इसके अतिरिक्त ग्रामोद्योग क्षेत्र को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों के सृजन प्रक्रिया में रोजगार विषयक रणनीति को उन क्षेत्रों मे निर्धनता एवं बेरोजगारी के समाधान/निवारण हेतु चल रहे अन्य कार्यक्रमों के साथ भी जोड़ना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ.व्ही.सी.सिन्हा -औद्यौगिक अर्थशास्त्र
2. रूद्रदत्त एवं सुदंरम-भारतीय अर्थव्यवस्था
3. मिश्र व पुरी भारतीय अर्थव्यवस्था
4. गंगाधर कराले-ग्रामीण विकास के लिए समन्वित प्रयास कॉन्सेप्ट पब्लिकेशिग कंपनी, नई दिल्ली
5. डॉ.वीणा पाणि सिंह - ग्रामीण स्वास्थ संरक्षण, क्लासिकल पब्लिकेशिंग कंपनी, नई दिल्ली।

****

मध्यप्रदेश में वन और सुरक्षा

डॉ. पन्नालाल कटारा*

शोध सारांश – मानव जीवन के तीन बुनियादी आधार शुद्ध हवा, ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी मुख्य रूप से वनों पर ही आधारित है। इसके साथ ही वनों से कई प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ भी है। खाद्य पदार्थ, औषधियाँ फलफूल, ईधन, पशु आधार, इमारती, लकडी, वर्षा सन्तुलन भू-जल संरक्षण, और मिट्टी की उर्वरता, आँक्सीजन की उपलब्धता आदि प्रमुख हैं। जिसके बिना मानव जीवन का अस्तित्व ही नही हैं मनुष्य के जीवन में वनों की महत्वता चारो दिशाओं में फैली है। हम यह कह सकते हैं, कि जिस प्रकार मानव शरीर में रक्त का प्रवाह होता है। जिसके बिना मानव जीवन सम्भव ही नही हैं। वही कार्य वनों का है।

शब्द कुंजी –(1) सचेत करना = जागरूकता करना (2) संरक्षण = सुरक्षा (3) संर्वधन = विकास (4) सदासेवक = सदैव सेवा करने वाला (5) अनछुए = जिसे छुआ न गया हो

प्रस्तावना – भारत के केन्द्र में स्थित मध्य प्रदेश देश का हृदय स्थल है। मध्य प्रदेश में वन क्षेत्र देश में सर्वाधिक है। जैव विविधता में समृद्ध होने तथा अनेक महत्वपूर्ण नदियों का जलग्रहण क्षेत्र होने के कारण प्रदेश के वन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मध्य प्रदेश में भौगोलिक क्षेत्रफल 3,08,245 वर्ग किमी, एवं वन क्षेत्र 94,689 वर्ग किमी, तथा वन प्रतिशत 30.71 प्रतिशत हैं जो प्रति व्यक्ति वन क्षेत्र 0.51 हेक्टेयर है। अत: प्रदेश के पर्यावरणीय एवं पारिस्थिकीय सन्तुलन तथा जल संरक्षण में प्रदेश के वनों का विशिष्ट योगदान है। यह लाभ हमें निरन्तर तभी प्राप्त होगा, जब 'वनों को सुरक्षित रखते हुए उनसे प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभ के बारे में जन साधारण को शिक्षित एवं संचेत करने से ही हम उन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य की पूर्ति करने में सफल होगे। स्थानीय जन – साधारण को वनों के संरक्षण एवं उनके विकास के महत्व को हृदयगम करने की आवश्यकता है।' वनों का संरक्षण एवं संर्वधन करने के लिए जंगल के विनाश के खिलाफ मुहिम चलाने की आवश्यकता है 'हालाकि हमें इस बात को लेकर स्पष्ट रूख रखना चाहिए, कि म0प्र0 या कोई भी प्रदेश अपनी 22 फीसदी भूमि विकास के लिए इस्तेमाल किए बिना ऐसे ही नहीं छोड़ सकता है। जंगल के विनाश के खिलाफ मुहिम चलाने वाले इस भूमि को देने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन यह बदलाव का समय हैं।'

उद्देश्य:

1. वनों की महत्वता को समझाना।
2. वनों के विकास करने का प्रयास करना।
3. वनों की अनिमितताओं को समझाने का प्रयास करना।

शोध विधि – मध्य प्रदेश में वन और वन सुरक्षा में द्वितीयक स्त्रोत जैसे – पुस्तक पत्रिका, इन्टरनेट बेवसाइट का प्रयोग किया गया है।

विश्लेषण – ' प्रतिवर्ष विश्वभर में तकरीबन 1.3 करोड हेक्टेयर वन नष्ट कर दिये जाते है। इसका जलवायु एवं मनुष्य दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि वर्तमान स्थिति में वनों का विनाश रोका गया तब भी इन्हें पुन: पल्लिवित होने में कम से कम आगामी तीन सौ वर्ष लगेंगे। वैसे पुनर्वनीकरण ने जोडर तो पकडा हैं, लेकिन हम सभी जानते है, कि जंगल नहीं बगीचे लगाये जाते है।' लोग वास्तविकता से परे होकर दिखावा करते है। मगर वास्तविक रूप से वृक्षारोपण नहीं हो रहा हैं। इसमें लोगों की गलती नहीं है। क्योकि आज पाश्चात सभ्यता का समय है लोग दिखावे में ही विश्वास करते है। उसके पीछे उनकी अच्छाइयों और बुराइयों को पृथक नहीं करते है। हम वनों के महत्व को अभी भी नहीं समझ पा रहे हैं।

इसे बहुत बडी विडम्बना कहा जा सकता है, क्योंकि जो आपकी सेवा में दिन-रात लगा है। जिसका उद्देश्य ही जीव प्राणियों की सेवा करना है हम उसको नुकसान पहुँचा रहे है। भारतीय सभ्यता में ऐसे व्यवहार का कोई स्थान नहीं है। चाहे वह निर्जीव क्यों ना हो। हमें ऐसे सदासेवक वृक्षो को बढावा देना चाहिए। लेकिन अफसोस की बात है, कि 'देश का अधिकारी वर्ग अपने दामन को पाक-साफ बनाये रखने के लिए वन विनाश के दो कारण गिनता रहता हैं। एक तो प्राकृतिक दावानल, दूसरे लकडी काटकर बेचने के व्यवसाय से जुडे गरीब लोग। इस कारोबार से करीब 23 लाख लोगों की रोजी-रोटी चलती है। बहुधा अब प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग बहुत कम लगती है, लगती है, तो उस पर काबू पा लिया जाता है।' वनों की महत्वता को समझने की आवश्यकता हैं। इन्हें अपने जीवन का एक अंग मानते हुए, इनके विकास का प्रयास करना ही हमारा उद्देश्य है।

मनुष्य के अस्तित्व के लिए वन उसी प्रकार आवश्यक है, जिस प्रकार आर्थिक विकास उन्नत जीवन के लिए। अत: जब आर्थिक विकास के प्रयासो के इस बुनियादी तथ्य को ध्यान में नहीं रखते तो ये प्रयास वस्तुत: विकास को नहीं, अपितु विनाश को आमन्त्रित करते हैं। हम तथ्यों को नजर अन्दाज कर अपने व्यक्तिगत तुरन्त की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु दोहन नहीं शोषण करते जा रहे हैं।

'वानिकी विशेषज्ञ जुरगेन ब्लासेर एवं हेंस ग्रेगसन का अनुमान है, कि वर्षा वनों का अनियन्त्रित कटाव अभी अगले 50 वर्षो तक अनियन्त्रिततौर पर जारी रहेगा, क्योंकि इन अनहुए वनों में अभी लकडी और कच्चा माल मौजूद हैं। यह प्रवृत्ति तभी रूक सकती है, जबकि वन

* सह आचार्य (भूगोल) वीकेबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत

संरक्षण को कठोरता से लागू किया जाएगा। इसके 300 वर्ष पश्चात् ही विश्व के वन पुनर्जीवित हो पाएगे।' इससे कई वर्षो के आकलन से ज्ञात होता है, कि वनों का विनाश दिन प्रति दिन बढता ही जा रहा है। प्रदेश के वनों पर बढते जैविक दबाव के कारण वन संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। जन भागीदारी एवं क्षेत्रीय इकाइयों की सक्रियता से वन अपराधो पर नियन्त्रण के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा विगत तीन वर्षो में पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरणो का विवरण तालिका क्रमांक - 1 में दर्शित है -

तालिका क्रमांक -1

वर्ष	**अवैध कटाई**	**अवैध शिकार**	**अतिक्रमण**	**अन्य**	**योग**
2008	49,912	628	773	9,882	61,195
2009	58,025	740	1017	11,258	71,040
2010	43,382	818	1380	7,312	2,892

www.mpforest.org

'मानव जीवन के तीन बुनियादी आधार शुद्ध हवा ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी मुख्य रूप से वनों पर ही आधारित है। इसके साथ ही वनों से कई प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ भी है। खाद्य पदार्थ, औषधियाँ फलफूल, ईधन, पशु आधार, इमारती, लकडी, वर्षा सन्तुलन भूजल संरक्षण, और मिट्टी की उर्वता, आँक्सीजन की उपलब्धता आदि प्रमुख हैं।' जिसके बिना मानव जीवन का अस्तित्व ही नहीं हैं मनुष्य के जीवन में वनों की महत्व चारो दिशाओं में फैला है। हम यह कह सकते हैं, की जिस प्रकार मानव शरीर में रक्त का प्रवाह होता है। जिसके बिना मानव जीवन सम्भव ही नहीं हैं। वही कार्य वनों का है, लेकिन इसे प्रवाहित करने का कार्य हमारा है। तभी यह हमें रक्त की भाँति सेवाऐं प्रदान करेगा। वनों से अनेक उद्योगों अथवा उद्यमो से लाखो लोगों को रोजगार प्राप्त होता है तथा राष्ट्रीय आय में भी सहायक होते है।

'इससे यह सिद्ध होता हैं कि पेड़ प्रकृति के देवदूत है, जो प्रकृति चक्र के बदलाव के साथ फल-फूल से शोभायमान होते है। पृथ्वी के जन जीवों को प्राणवायु प्रदान कर कार्बनडाइ ऑक्साइड को ग्रहण करते हैं। पेड़ो के फेफडो उसकी पत्तियां है जो दूसरे जीव जन्तु के लिए भी कार्य करता है। जब की मानव फेफड़ा अपने लिए ताजी हवा को खून तक पहुँचाता हैं। पेड़ो की पत्तियां हवा पानी के साथ भोजन बनाती है। श्वसन क्रिया में पत्तियां कार्बनडाइ ऑक्साइड को वातावरण से सोखती है। पेड़ अपनी पत्तियां से पानी उड़ा कर अपना ताप नियन्त्रित करते है। इससे वातावरण में नमी बनी रहती है। पेड़ो की यह सारी प्रक्रिया प्रकृति को यथास्थित बनाये रखने में सहायक सिद्ध होती है।' यह सम्पूर्ण कार्य मानव हित में होता है, लेकिन लोग वनों को बचाने के बजाय उसे दिन - प्रतिदिन नष्ट ही करते जा रहे है। वनों के विकास की बात तभी बनेगी जब हम वृक्षो को वृक्षारोपण के द्वारा वनों की पूर्ति कर सके। कुछ हद तक वृक्षारोपण बीज बोबाई का कार्य किया जाता है। विगत वर्षो में किये गए वृक्षारोपण की जानकारी तालिका **क्रमांक -2** में दर्शित हैं -

वर्ष	ग्रामों की संख्या	रोपित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
2007-08	577	13,934
2008-09	227	3,973
2009-10	126	2,826
2010-11	223	10,403

www.mpforest.org.

उपसंहार - 'राष्ट्र की अद्वितीय व अटूट प्राकृतिक सम्पदा और आदिम जातियों की जिजीविषा के प्रमुख साधन रहे जंगल समूचे भारत में तेजी से लुप्त हो रहे है। देश का वन विभाग अब यह दावा कर रहा था। कि भारत के कुल भू-भाग में 19 प्रतिशत जंगल है।' अगर वनों का इसी तरह विनाश होता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब सम्पूर्ण पृथ्वी प्रलय की गोद में समा जाए।

इन समस्याओं का अगर समय रहते समाधान नहीं किया गया तो शायद, हमें भविष्य में सोचने का मौका न मिले, इसलिए हमें वनों का संरक्षण और संवर्धन करना होगा। क्योकि 'वन क्षेत्रो का बढ़ना वन उत्पादो की जरूरतो को पूरा करना जड़ी-बूटियों से बनी दवाओं का निर्यात, रोजगार के अवसर उत्पन्न करना वन क्षेत्रो के निवासियों की गरीबी को दूर करना पर्यावरण संरक्षण को स्थायी रूप देना, लकड़ी से भिन्न अन्य संसाधनों, नीति, विधायी उपायों और बजटीय सहायक को मजबूत करना आज समय की मांग हैं।'

सुझाव - प्रत्येक व्यक्ति को प्रण लेना चाहिए कि वह वृक्षो की सुरक्षा व विकास का पूर्ण प्रयत्न करेगें। क्योंकि वह तभी हमारा साथ देगें जब हम उन वनों के साथ होगें। वृक्षों को लगाना है। वनों को बचाना है। इस प्रण के साथ हमें यह प्रयत्न करना है कि अधिक-अधिक वनों का विकास हो सके। किन्तु हमें इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की मानसिकता को बदलना होगा। उन्हें वनों की प्रति सकारात्मक विचार देना होगा।

वनों को नया जीवन देने के लिए अनोखे उपाय का समाचार कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से मिला यह प्रयास विशेषकर उन वनों के लिए अनुकरणीय है। जहाँ वृक्षो का व्यापारिक कटान तो हुआ है। पर इन वृक्षों का कुछ (ढूंढ) हिस्सा बचा हुआ है। यहाँ नागवा पंचायत के आदिवासियों ने कटान के क्षेत्र में वन को नव जीवन देने के लिए समितियों का गठन किया। जितने भी पेड़ काटे थे, उनके कल्ले निकालने के लिए मई व जून माह में स्थानीय स्तर पर मिलने वाली जडी-बूटीयों का लेप लगाकर बोरो से बांध दिया गया पूरे चार माह तक बोरे बंधे रहने के बाद इन पेड़ो में से नए कल्ले निकलने शुरू हो गए इस तरह दो-तीन वर्षो तक कटे पेड़ो की रक्षा करने पर बहुत उत्साह वर्धक परिणम मिले है।'

परन्तु चिन्ता का विषय यह है कि जहाँ 'हम एक विरोधाभाषी समय के साक्षी है। एक ओर सारी दुनिया में हरियाली बचाने के लिए जोर-शोर से प्रचार हो रहा है। वही दूसरी ओर जिस तरह जंगलो और शहरो में पेड़ो को काटा जा रहा है। उससे यह लगता है, कि आने वाले वर्षो में हमने कृतिम प्राणवायु पर रहने की तैयारी कर ली है।'

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. सिंह, नीता 'पर्यावरणीय शिक्षा एवं वन संरक्षण' पर्यावरण विकास जुलाई 2006 पेज नं.- 18
2. सुनीता नारायण 'वन सुरक्षा हो साथ तो बने विकास की बात' पर्यावरण विकास जुलाई 2011 पेज नं.- 5

****

Community-Based Interventions to Combat Mental Health Stigma in India

Dr. Gouri Shanker Meena*

Abstract - Mental health stigma remains a significant barrier to accessing and providing adequate mental health care in India. In India, where mental health stigma remains a pervasive issue, community-based interventions play a crucial role in fostering understanding and support. These initiatives focus on education, awareness, and destigmatization at the grassroots level. Community workshops and seminars are organized to provide accurate information about mental health, debunk myths, and address misconceptions. Local leaders, influencers, and healthcare professionals collaborate to create a supportive environment, emphasizing that mental health is as important as physical well-being.Peer support groups within communities offer a safe space for individuals to share their experiences and challenges, reducing isolation and fostering a sense of belonging. Additionally, cultural and religious leaders are involved to integrate mental health discussions into community practices, helping reshape traditional attitudes.Through collaborative efforts involving government agencies, non-profit organizations, and local communities, these interventions aim to dismantle the deeply ingrained stigma surrounding mental health in India, promoting a more inclusive and compassionate society.
Keywords: stereotypes, Cultural beliefs, mental health, Cultural Sensitivity, Awareness Campaigns.

Introduction - Mental health stigma, characterized by negative attitudes, stereotypes, and discrimination against individuals with mental health conditions, remains a pervasive and formidable obstacle in India. The consequences of this stigma extend beyond the individual to affect families, communities, and society as a whole. While mental health issues are a global concern, their impact is particularly significant in the Indian context, where cultural norms, societal expectations, and misconceptions often contribute to the perpetuation of stigma.India, a country of remarkable diversity and cultural richness, is home to a vast and heterogeneous population. However, mental health conditions and the individuals who experience them often face misunderstanding, prejudice, and discrimination. Cultural beliefs, superstitions, and inadequate knowledge about mental health contribute to the perpetuation of stigma. This is evident in the reluctance to seek treatment, the isolation of individuals with mental health conditions, and the challenges they face in educational and workplace settings.

The need to address mental health stigma in India is paramount. Stigmatization not only exacerbates the suffering of individuals with mental health conditions but also hampers the effectiveness of mental health programs and the country's broader development. In India, where mental health stigma remains a pervasive challenge, community-based interventions play a crucial role in combatting misconceptions and fostering a more inclusive society. Stigma surrounding mental health issues often leads to discrimination, isolation, and a lack of appropriate care for those in need. To address this, community-driven initiatives are essential to promote awareness, education, and destigmatization.

One effective approach involves organizing community workshops and awareness campaigns. These events can provide accurate information about mental health, debunk common myths, and facilitate open discussions. Engaging local leaders, influencers, and healthcare professionals as speakers can enhance the credibility of these interventions, encouraging community members to actively participate and seek reliable information.Moreover, the use of culturally sensitive communication strategies is vital. Tailoring messages to resonate with the cultural context of diverse Indian communities helps in breaking down resistance to mental health discussions. Utilizing local languages, traditions, and storytelling can make the information more accessible and relatable, contributing to a better understanding of mental health issues.

Community-based interventions should also focus on integrating mental health education into existing community platforms, such as schools, religious institutions, and community centers. By incorporating mental health awareness into routine activities, these interventions can reach a broader audience and create sustained impact over time. Training community leaders and teachers to identify signs of mental health struggles and provide appropriate support further strengthens the grassroots efforts to combat stigma.Additionally, leveraging technology for outreach,

*Assistant Professor (Sociology) S. B. P. Govt. College, Dungarpur (Raj.) INDIA

especially in a digitally connected era, can enhance the reach and effectiveness of interventions. Social media campaigns, webinars, and mobile applications can serve as powerful tools to disseminate information, share personal stories, and connect individuals with mental health resources.

Mental health encompasses the holistic well-being of an individual, encompassing emotional, psychological, and social dimensions. It plays a pivotal role in shaping cognition, perception, and behavior, influencing how a person manages stress, navigates interpersonal relationships, and makes decisions. Disruptions in mental health significantly impact an individual's cognition, perception, and behavior. These disturbances can have profound effects on various aspects of their daily life. In India, as per data from the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, over 80% of the population faces barriers preventing access to mental healthcare services. These barriers are diverse and contribute to the widespread lack of mental health support for a significant portion of the population.

The National Mental Health Program (NMHP) was adopted by the government in 1982 in response to the large number of mental disorders and shortage of mental health professionals.District Mental Health Programme (DMHP), 1996 was also launched to provide community mental health services at the primary health care level. Mental Health Act as part of the Mental Health Care Act 2017, every affected person has access to mental healthcare and treatment from government institutions.

In conclusion, combating mental health stigma in India requires multifaceted, community-based interventions that embrace cultural sensitivity, utilize existing community structures, and leverage modern communication channels. By fostering open conversations and promoting accurate information, these initiatives can contribute significantly to reducing stigma and creating a more supportive environment for individuals grappling with mental health challenges.

Objectives: This research paper has several primary objectives:

1. To explore the forms and manifestations of mental health stigma in India.
2. To investigate the existing community-based interventions designed to combat stigma.
3. To assess the effectiveness of these interventions in altering public perceptions, attitudes, and behaviors.
4. To provide recommendations for enhancing the impact of community-based initiatives in addressing mental health stigma in the Indian context.

The significance of this research extends to various stakeholders, including policymakers, mental health professionals, advocacy organizations, and individuals and families affected by mental health conditions. The potential impact of this research lies in its capacity to shed light on innovative strategies to reduce stigma, foster empathy, and create more inclusive and understanding communities. This research aspires to contribute to the broader efforts to enhance the mental well-being of individuals across India by giving voice to the often unheard and marginalized.

